GYANODAYA NOV 1962 G K I

Digitized by Arya Samaj Foundation

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
077990

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

STOCK VERIFICATION
Central Library
2024-25 G.K.D.U., Hdr.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

RT-058

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

STOCK VERIFICATION
Central Library
2024-25 G.K.D.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोकप्रियता में सर्वोपरि

क्यों कि

गुण में सर्वोत्कृष्ट

गुण और स्वाद
में अतुलनीय
विभिन्न किस्मों में प्राप्य।

लिलि बिस्कुट कम्पनी प्राइवेट लि० कलकत्ता-४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल कांगड़ी
12 NOV 1962
077990

GROWING WITH THE TIMES



A child prodigy ! Ah ! indeed he looks it. Let's hope he blossoms into a genius. He is the coming man—a man of mark. The marks he makes on paper, the way his pencil is poised, and the speed with which he learns his three R's all point to his bright future.

There are millions of such hopefuls whose destiny will be written on paper. It is paper indeed that counts.

We are also growing with the times. With every year that passes we are growing bigger and are trying to serve the millions in the country with the much needed paper for education, commerce and industry.

077990

SHREE GOPAL PAPER MILLS LIMITED

BALLARPUR PAPER & STRAW BOARD MILLS LIMITED

... Agents: KARAM CHAND THAPAR & BROS., PRIVATE LT...

THAPAR HOUSE, 25, BRABOURNE ROA...

CALCUTTA.

K.2.ENG.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

TRADE MARK OF QUALITY PIGMENTS

ASSOCIATED PIGMENTS
APL
TRADE MARK

1 RED-LEAD NON-SETTING & ORDINARY
2 WHITE LEAD DRY
3 ZINC OXIDE WHITE SEAL, RED SEAL & B. P. QUALITY
4 LITHARGE
5 ZINC DUST (ACTIVE)
6 LEAD SUB-OXIDE (ACTIVE)
7 LEAD CHROMES

BEST SUITED FOR

The Manufacture of:-
PAINTS & DYES • STORAGE BATTERY
RUBBER • GLASS • POTTERIES
CERAMICS • LUBRICATING GREASE ETC.



LONG LIFE FOR STEEL STRUCTURES
PAINT THEM WITH

RED LEAD

BEST ANTI-CORROSSIVE PRIMER

MANUFACTURED BY

ASSOCIATED PIGMENTS LTD.

14 Netaji Subhas Road, Calcutta.

ALSO
Distributors And Agents
of
NATIONAL STARCH PRODUCTS Inc—U.S.A
&
TROY CHEMICAL COMPANY—U.S.A.
For
Fungicides — Driers — Dispersing Agents — Anti-Skins. Anti-Float. Anti-Sag, Resins for V[illegible] Copolymer Paints and Sealers.

ENQUIRIES SOLICITED.
Prompt Delivery — Competitive Prices.

Telegram : "SYNOXIDES"
Phone : [illegible]4

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Universal Fire &
General Insurance
Company Limited

Phone : 252227

TRANSACTS :

FIRE, MOTOR, MARINE, PERSONAL ACCIDENT, FIDELITY GUARANTEE, BURGLARY AND ALL OTHER FORMS OF MISCELLANEOUS INSURANCE BUSINESS.

UNIVERSAL INSURANCE BUILDING,
SIR P. M. ROAD, BOMBAY-1.
Chairman & Managing Director :
P. U. PATEL, B.A., B.COM. (Lond.)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मशीनों से तेल अधिक सस्ता

- शूगर फैक्ट्रीज़
- सीमेन्ट फैक्ट्रीज़
- कॉटन मिल्स
- जूट मिल्स
- पेपर मिल्स
- स्टील वर्क्स
- कोल माइन्स
- पावर स्टेशन्स
- ट्रैक्टर्स
- मोटर गाड़ी के प्रत्येक पार्ट्स

लूब्रिकेशन की समस्याओं या आवश्यकताओं के लिए मिलें

VEEDOL
OILS & GREASES

टाइड वॉटर ऑयल कं० इंडिया लि०

कलकत्ता : बम्बई : मद्रास

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

PROTOS ENGINEERING CO. PRIVATE LTD.

173, JAMSHEDJI TATA ROAD, CHURCHGATE, BOMBAY 1
PHONES: 246040, 246047 GRAMS: PROTODYN

CONSULTING ENGINEERS
CONTRACTORS • MANUFACTURERS • REPRESENTATIVES

KRUPP
Industrial Plants
Cranes • Extruders
Machinery • Steel
Ship Building

Sugar Machinery
Briquetting Plants
Steam Power Plants
Boilers
BUCKAU WOLF

PUMPS
Industrial Pumps
Chemical Pumps
Acid Valves
Compressors

Water Turbines
Steam Turbines
Hydro Power Plants
Storage Dam Equipment

WE COMPILE SUPPLIES FROM INDIAN AND FOREIGN MANUFACTURERS AND UNDERTAKE TURNKEY JOBS UNDER MAKERS AND OUR GUARANTEE

LURGI
PLANTS
Chemical Plants
Metallurgical-Industries
Fuel Technology

Kloeckner-Humboldt-Deutz
All Types of
Diesel Engines
DEUTZ
DIESELS

WERNER & PFLEIDERER
Chemical Mixers
Apparatus
Chemical Equipments
Etc.

Machinery • Automats
Precision Instruments
Refrigeration
Nautical Equipment
PROTOS

TECHNICAL OFFICES ALSO AT

NEW-DELHI
P. O. BOX NO. 431

CALCUTTA
P. O. BOX NO. 2549

MADRAS
P. O. BOX NO. 375

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

For all your marine requirements

Consult :

THE CONCORD OF INDIA INSURANCE CO., LTD.

(INCORPORATED IN INDIA)

Head Office :
8, CLIVE ROW,
CALCUTTA.

Branch Office :
16, VEER NARIMAN ROAD,
FORT, BOMBY.

Transacts Fire, Marine, Motor, Worksman Compensation, Cash in Transit, Burglairy, Fidelity, Guarantee, Machinery Breakdown and all other types of Engineering Insurances.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ROHTAS

ROHTAS INDUSTRIES LTD.

DALMIANAGAR, BIHAR

Sole Distributors of :

PAPER & BOARDS OF

ROHTAS INDUSTRIES LTD.,

For HYDERABAD

LARGEST STOCKIST :

BOARDS	FOR EVERY USE
DIAMONDS	FOR MULTICOLOURS
SULPHITE	POSTERS & BEEDIES LABELS
RIBBED KRAFT	FOR ALL KINDS OF PACKING PURPOSES
OFFSET PRINTING	FOR POSTERS, CALENDARS & MAPS

Hyderabad Paper Syndicate

1140, OSMANIA BAZAR,

HYDERABAD-2, A. P.

Phone : 5705 Gram : BABJEE

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Manufacturers & Stockists of :

'Jute Mills' every type of Bobbins, Shuttles and all kinds of Wooden Stores.

also

- We manufacture Highly Improved Bobbins with Synthetic Rubber top and bottom for New Spinning Frames.

- Our Shuttles are manufactured on Modern Automatic Machines from well seasoned imported persimmon Wood and fitted with all imported component parts.

Hindusthan Bobbin Industries

Office & Factory :

15 & 35, CANAL (EAST) ROAD,
CALCUTTA-4.

Phone : 35-2461 & 35-3228

Sub Office :

138, CANNING STREET,
CALCUTTA-1.

Phone : 22-3662

 CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Calcutta Insurance Ltd.

(Estd. 1923)

Transacting all classes of
General Insurance Business

FIRE, MARINE, ACCIDENTS, AVIATION, ENGINEERING, ALL RISKS, PUBLIC LIABILITY, PROFESSIONAL INDEMNITY ETC.

Regd. Office :

24, CHITTARANJAN AVENUE,
CALCUTTA-12.

Principal Branches in India :

BOMBAY * DELHI * MADRAS
AHMEDABAD * KANPUR * MEERUT

CC-0. In Public Domain, Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

FOR ALL CLASSES OF INSURANCES

FIRE

MARINE

MOTOR

FIDELITY

BURGLARY

ALL RISK

LOSS OF PROFITS

WRITE

FOR FULL

PARTICULARS

Managing Director

Advance Insurance Co., Ltd.

251, DR. DADABHAI NAOROJI ROAD,

FORT, BOMBAY-1.

Phone—262207—264996

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुक्रम

१. व्यंग्य-रेखाएँ : बिम्ब-प्रतिबिम्ब : सम्पादकीय ३
२. सरस्वती के वरद पुत्र : अष्टावक्र की दृष्टि में ७
३. एनार्की का राज : रामधारी सिंह 'दिनकर' ८
४. बीटनिक अड्डे में एक रात एक दिन : डॉ० प्रभाकर माचवे १७
५. कुछ अनर्थवादी कविताएँ : भारत भूषण अग्रवाल २३
६. मुंशीजी : कुँवर नारायण २५
७. ढाई अच्छर के विश्वविद्यालय : भिक्खु २६
८. सेवक-बॉसीयम : रमेश बक्षी ३५
९. एक बिजूका इक्कीसवीं सदी का : आनन्दप्रकाश जैन ४३
१०. अन्धा—माई-बाप—लाचार : शरद जोशी ५७
११. चन्दू बाबू का सफ़रनामा : विनोद रस्तोगी ६६
१२. पर-निन्दा : शान्ति मेहरोत्रा ७३
१३. अष्टग्रही संकट : रा० वीलिनाथन् ७८
१४. एक प्यारा दोस्त—आंचलिक प्लाट की तलाश में : शंकर नेगी ८१
१५. ? : ज्योतिन्द्र दवे ८६
१६. हास्य के ये रोचक आलम्बन : डॉ० बरसानेलाल चतुर्वेदी ९२
१७. क़ाज़ीजी : शौक़त थानवी ९६
१८. मूर्खों का मनोविज्ञान : श्रीलाल शुक्ल १०१
१९. शायर की आख़िरी मंज़िल : ज़फ़र अहमद १०८
२०. जब स्टेज पर इतिहास मुस्कुराता है : सत्यदेवनारायण सिन्हा ११३
२१. काँटों से भी निबाह किये जा रहा हूँ : फ़िक्र तौंसवी ११७
२२. एक नेक पड़ोसी की आप-बीती : अरुण १२१
२३. कैमरा और कैमरेबाजी : रविरंजन सिन्हा १२५
२४. आप खुद अपने मुन्ने : आनन्द भैरव शाही १२६
२५. चीनी शायरी : कन्हैयालाल कपूर १३५
२६. गुदगुदी-विज्ञान—एक गम्भीर लेख : शशिबन्धुभ १४१
२७. तिम्म के तीन अनुभव : बी० ची० १५२
२८. अगर गधे के सिर पर सींग होते : गोपालप्रसाद व्यास १५५
२९. साहित्यकार के प्रति एक नेता की श्रद्धांजलियाँ : श्रीकान्त वर्मा १६१

हास्य-व्यंग्य विशेषांक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३०. जाग मरघटी का : पी० रामेश्वरन् १६९
३१. एक शराबी से वार्त्तालाप : फ्रांज़ काफ़्का १७५
३२. बदहवासियाँ——मेरी और उनकी : हंसराज रहबर १८१
३३. तिरिया-चरित्तर : राजेन्द्र अवस्थी १९०
३४. स्वामी झाँसानन्दजी : रामसरन शर्मा २०३
३५. जंगल और ज़मीन——एक मंत्री, एक बाबा : राजाराम शास्त्री २११
३६. चन्द हसीनों के ख़तूत उर्फ़…… : अहमद सलीम २२३
३७. जी, यह हज़रतगंज है : राजेन्द्र नागर २३५
३८. वसन्त-वेदना : देवेशदास २४१
३९. भूमिका की भूमिका : र० श० केलकर २५७
४०. समझौता : एक इण्टेलेक्चुअल कलाभ्यास : केशवचन्द्र वर्मा २६१
४१. एक बड़ी-सी टेढ़ी रेखा : राधाकृष्ण २६७
४२. सन् २०६२ ई० : बेढ़ब बनारसी २७७
४३. हास्य और व्यंग्य के छींटे : एक सिंहावलोकन : लक्ष्मीशंकर व्यास २८
४४. काग़ज़ प' रख दिया है कलेजा निकालकर : घनश्याम सेठी २९९
४५. आधुनिक परिकर : ६ व्यंग्य कविताएँ : दिनकर सोनवलकर ३१४
४६. मुस्कानें : ६ मिलीमीटर : राजनारायण बिसारिया ३२२
: भैयाजी बनारसी ३२३
: चन्द्रकान्त सोनवलकर ३२३
४७. और अन्त में ये तुक्तक : भारतभूषण अग्रवाल, डॉ० प्रभाकर माचवे ३२

सम्पादक :
लक्ष्मीचन्द्र जैन : शरद देवड़ा

संचालक :
भारतीय ज्ञानपीठ, कलकत्ता

कार्यालय :
१८ए, ब्रेबोर्न रोड, कलकत्ता-१

सोल सेलिंग एजेण्ट्स : बेनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लि०, बम्बई-१.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यंग्य-रेखाएं

बिम्ब-प्रतिबिम्ब

जब लगभग वर्ष-भर पहले हमने यह घोषणा की थी कि 'ज्ञानोदय' का नवम्बर, १९६२ का अंक 'हास्य-व्यंग्य विशेषांक' होगा; और जब डेढ़ मास पूर्व हमने अंक की सामग्री प्रेस में भेजी, और, यहाँ तक कि, जब दस दिन पूर्व इस अंक के लिए सम्पादकीय लिखा जा चुका तब तक भी हमें पता नहीं था कि वह सम्पादकीय प्रकाशित नहीं होगा क्योंकि अवसर की माँग एक दूसरा वक्तव्य चाहेगी और यद्यपि अंक की नियोजित सामग्री वही रहेगी, अंक पाठकों के हाथों पहुँचते-पहुँचते व्यंग्य के उन तमाम आयामों, स्थितियों, रंगों और अर्थों को नया संदर्भ देगा जो आज समूचे राष्ट्र की यथार्थ अनुभूति है—कसैली और कसकती और दारुण !

इधर हमारे घरों में दीपावली के दीवट सँजोये जा रहे थे और उधर दुश्मन हिमालय की सीमा को पार करके हमारी धरती पर हमारे जवानों के साथ रक्त की होली खेल रहा था। दीवाली के त्योहार पर हमने अपने जवानों के लिए मनों मिठाई इकट्ठी की और खुश हुए कि ऐसी उद्दात्त भावना, ऐसा अद्भुत राष्ट्र-प्रेम दर्शानेवाले हम लोग कितने धन्य हैं ! और, मिठाई पहुँचने भी न पाई कि मोर्चे से आवाज़ आई—'हमें कम्बल चाहिए, हमें गर्म कपड़े चाहिए, हम तक खाना पहुँचाने के लिए हमें हैलिकौप्टर चाहिए, हमें नये क़िस्म के हथियार चाहिए, हमें रक्त चाहिए'। मिठाई के खाली थाल हमारे हाथों में झनझना उठे !

और, हमने करुण दृष्टि से देखा अपने प्यारे नेता की तरफ़; और हमारे प्यारे नेता ने दरियाफ़्त किया अपने शासक-साथियों से, और साथियों ने जवाब दिया, और नेता ने समर्थन किया कि हमने आपके लिए, राष्ट्र के लिए, क्या-क्या नहीं किया……

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तब हम में से हर एक ने सोचा और पाया कि हमारे स्वाधीन राष्ट्र ने सचमुच बहुत कुछ किया है :

● हमने संसार के नैतिक नेतृत्व का भार उठाया ; हमने संसार को अपने प्रवचनों से परितृप्त किया ; हमने पंचशील के अमृत-मंत्र का उद्घोष करके भगवान बुद्ध की परम्परा को अक्षुण्ण रखा ।

● हमने अशोक-चक्र के धार्मिक प्रतीकों को राज-मुद्राओं में अंकित किया । हम कैसे भूल सकते हैं कि हमारे राष्ट्र का बीज-मंत्र है 'सत्यमेव जयते' । और यह कि हमारे ये वर्तमान नेता गान्धी की अमृत-सन्तान हैं—गान्धी, जिसने सत्य और अहिंसा की आँच में तपाकर इन्हें खरा सोना बनाया और इन लोगों ने उस सोने को तत्काल नक़द भुना लिया ! हमने गान्धी को गोली मार दी, और एक विदेशी लेखक ने जब इसी पृष्ठभूमि पर उपन्यास लिखकर गोली मारने वाले को 'हीरो' का 'रोल' दिया तो हमने हत्या-स्थल की फ़िल्म बनवा दी और उपन्यास को ज़ब्त कर लिया !

● और हमने विश्व की राजनीति में तहलका मचा दिया। बांडुंग-कान्फ्रेंस में हम प्रमुख गुरु थे और हमारा प्रवचन—क्या कहने ! अब हम नेतृत्व के मार्ग पर इतने आगे बढ़ आये हैं कि दूसरी बांडुंग-कान्फ्रेंस के संयोजक पीछे गर्दन मोड़कर दूरबीन से हमें देखने का प्रयत्न कर रहे हैं। हमने अपने छोटे भाई नासर को अपनी सरपरस्ती के साये में पनाह दी और स्वेज़-कैनाल के मामले में अंग्रेज़ों के दाँत खट्टे किये। आज हमारा नेतृत्व 'सार्थक' हुआ कि प्रतिदान का समय आ पहुँचा । अब हमारा बड़ा भाई कोशिश कर रहा है कि चीन के हमारा मामला निमट जाये । और, से हमें आशा है कि वह हमें हथियार 'छोटे' हथियार ही सही, यदि न हों तो !

● हमने डचों के पंजों से छुड़ाकर सुक को रातोंरात अपने हवाई जहाज़ द्वारा रक्षा के स्थल पर पहुँचाया था – सुक हमारे प्यारे नेता का छोटा-सा प्यारा भा और, जब हमारे सोंधी ने जकार्ता के के मैदान में न्याय की दुहाई दी, जब हमारी एम्बेसी पर पत्थर फेंके और जब हमारे खिलाड़ियों के दल एशिया के राष्ट्रों के सामने 'हूट' कि गया, और जब जकार्ता के एक अद से मंत्री ने भारत-इन्डोनीसिया की व्यापा सन्धि को तोड़ देने की धमकी दी, तो हम प्यारा छोटा भाई 'सुकर्ण', अपने नाम रक्षा में दत्तचित्त था—कानों में तेल कर !

● हमने नेपाल को राणाओं चंगुल से छुड़ाया; राजघराने को आज़ की साँस दिलाई; वहाँ की जनता को उत्त दायी शासन दिलाया; सड़कें बनवाईं, ह अड्डे बनवाये, करोड़ों रुपये की सहा दी क्योंकि छोटा-सा नेपाल सदा अपना तो रहा है । और, देखते-देखते ने गिरगिटा गया । हमारी 'बात' पहले 'आदेश' मानी जाती थी, अब 'अ की औक़ात से भी नीचे उतर आयी । काठमंडू से लासा तक सड़क बन गई । ने ने चीन को गले लगाया क्योंकि चीन हिन्दुस्तान की छाती में छुरा घोंप दिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

● हमारे नेताओं ने राष्ट्र को नया नारा दिया था—'हिन्दी-चीनी भाई-भाई'। चीनी, जिन्हें हमने मिठाई-सा मधुर माना, यद्यपि जानते थे, जानना चाहिये था, कि उस क़ौम की सर्व-भक्षी भूख असीम है क्योंकि हर चीनी आदमी हर चीज़ खाता है—उड़ने वालों में 'पतंग' को छोड़कर और चौपायों में 'चारपाई' को छोड़कर !

कौटिल्य-अर्थशास्त्र, चाणक्य-नीति और बृहस्पति-नीति के उत्तराधिकारी हमारे 'कूटनीतिज्ञ' इतना न समझ पाये कि राजनीति में पड़ोसी की स्थिति मुँह-बोले मित्र और मन-घोले शत्रु की होती है। चाऊ-एन-लाई का भव्य स्वागत भारतीय इतिहास का अविस्मरणीय विद्रूपण है। जिस दिन इस तानाशाह की सेवा में हमने चाँदी की तश्तरी में तिब्बत को रखकर पेश कर दिया, उसी दिन हमने विश्व के इतिहास में चेम्बरलेन के एक जोड़ीदार का नाम भी दर्ज कर लिया !

हमने आत्म-प्रवंचना को चरम सीमा तक पहुँचा दिया, जब हमारे एक नेता ने घोषणा की कि यदि हम पर आसमान टूट पड़े और मौत सामने मुँह-बाये खड़ी हो, तब भी हम अपनी तटस्थ नीति को क़ायम रखेंगे और किसी दल में शामिल न होंगे; और जब एक दूसरे नेता ने कहा कि संसार यदि अपनी फौजें विघटित नहीं करता तो हम अकेले ही अपनी सब सेना भंग कर दें। विश्व-शान्ति के स्वप्न ने और अहिंसा के खोखले वैचारिक दम्भ ने हमारी आँखों पर कुछ ऐसी पट्टी बाँधी कि हमने युद्ध का सामान बनाने वाले कारखानों में कौफ़ी-पर्क्यूलेटर बनाने की योजना चालू कर दी !

और, आज हमें याद आता है हमारे नेता का वह आश्वासन-वाक्य कि हिमालय की उतनी ऊँचाई पर तो घास का तिनका भी नहीं उगता !

कैसे साबुनी भाषण-वीर हैं हम कि यूनाइटेड नेशन्स के मंच पर दो-मिनिट के तथ्य को दो घंटे की वाग्धारा में घोलकर झागों के अम्बार लगा देते हैं ! आत्मा की तूलिका से जिन स्वर्णिम कल्पनाओं की रेखाएँ खींच-खींच कर हम उन्हें 'आस्थाओं' का नाम देते रहे, हास्य और व्यंग्य का देवता उन्हें शिशु-कलाकारों की कृतियाँ मानकर अपने एलबम में सजाता रहा। हम, जिनके देश ने एक शख़्स पैदा किया था जिसका नाम सरदार पटेल था।

●

विश्व की राजनीति के संदर्भ में हम अपनी नाव खेते रहे, खेते रहे, और सोचते रहे कि हम बड़ी दूर पहुँच गये हैं, अनेक तट और द्वीप और महाद्वीपों की यात्रा के अनुभव हम कर चुके हैं और अपने साहस की छाप सबके हृदय में अंकित करते गये हैं और विश्व के हर कोने में अपने मित्र बना आये हैं कि आज अचानक हमें तूफ़ान का एक झटका लगा है—हम होश में आये हैं और पाते हैं कि नाव तो हमारे ही तट से बंधी रही और पंद्रह वर्षों तक हम अपनी ही खाड़ी में चप्पू चलाते रहे !

ऐसा क्यों हुआ ? जब हम यह सवाल अपने प्यारे नेता से पूछते हैं तो वह अपने साथी-मित्र की ओर प्रश्न-वाचक दृष्टि उठाता है। याद आती है हालत उन दो मित्रों की जो नशे में धुत्त थे और मोटर भगाये लिये जा रहे थे कि एक चिल्लाया—"बचाओ,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बचाओ, गाड़ी को, वह देखो, खम्भा भागा चला आ रहा है !" तत्काल दूसरा मित्र बड़े भोलेपन से बोला—"लेकिन, मैं तो समझता था कि गाड़ी तुम चला रहे हो !"

इतिहास के इस भीषण व्यंग्य की चोट हमारे मर्म पर पड़ी है।

किन्तु प्राणवान राष्ट्र जानते हैं कि संकट के समय जो मुस्करा सकते हैं और अपनी कमज़ोरियों पर स्वयं ही हँस सकते हैं, और कटिबद्ध हो सकते हैं, वे ही वास्तविक वीर होते हैं।

यह अंक एक आईना है जिसमें हमारे वैयक्तिक, सामाजिक और राष्ट्रीय चरित्र की व्यंग्य-रेखाएँ अंकित हैं। इन प्रतिच्छवियों को देखकर हम चाहें तो आईने को दोष दे लें और चाहें तो अपनी रेखाएँ सँवार लें।

हमारी कामना है कि राष्ट्र के लिए चीनी आक्रमण का अभिशाप छद्मवेश में आया हुआ वरदान प्रमाणित हो। देश को जीवन्त बिजली का करंट छू गया है। युवक बलिदान के लिए अकुला रहे हैं। समाज का प्रत्येक वर्ग संकट का सामना करने के लिए कटिबद्ध है। हमारी राष्ट्र-नीति और पर-राष्ट्रनीति जीवन के नि[illegible] यथार्थों और कटु सत्यों का साक्षात्कार क[illegible] के बाद नये आयाम खोज रही है। न[illegible] चिन्तन नये जीवन को जन्म देगा। [illegible] नयी नीति और नये जीवन की अगवा[illegible] में यह अंक समर्पित है।

कितने युगों बाद हमारे स्वतन्त्र रा[illegible] के सामने यह चुनौती आई है कि वह अ[illegible] आत्मसम्मान की रक्षा के लिए विदेशी श[illegible] से युद्ध करे। इस चुनौती को हमने स्वीका[illegible] है। आज हम जानते हैं कि हमारे रा[illegible] का उच्चतम और ईमानदार नेतृत्व च[illegible] खाकर जागा है। शत्रु की इस चोट [illegible] प्रति-उत्तर देने का उत्तरदायित्व हमा[illegible] पीढ़ी का है। यह चुनौती हमारी पी[illegible] ने स्वीकार की है।

और हम कामना करें कि हमारी विज[illegible] के उपरान्त फिर एक दिन वह आयेगा ज[illegible] हमारे लेखक और कलाकार और चिन्त[illegible] इस स्थिति को इतिहास का व्यंग्य मान[illegible] पराजित और तानाशाही से मुक्त चीनि[illegible] को मानव-मूल्यों के नाम पर सभ्यता [illegible] नया पाठ पढ़ायेंगे।

—लक्ष्मीचन्द्र जै[illegible]

●

हास्य-व्यंग्य परिशिष्टांक

दिसम्बर, १९६२

ज्ञानोदय का अगला अंक इस विशेषांक का पूरक, परिशिष्टांक, होगा—ज्ञानोदय की भव्य परम्परा के अनुसार रोचक, मोहक और समान रूप से उत्कृष्ट। अपनी प्रति तत्काल सुरक्षित करा लें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरस्वती के वरद पुत्र

व्यंग्य-चित्रकार

'अष्टावक्र' की दृष्टि में









CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"अरे, अरे, दिन-दहाड़े ही जुल्म ढाता है,
रेलवे का स्लीपर उठाये कहाँ जाता है ?"
"बड़ा बेवकूफ़ है, अजब तेरा हाल है
तुझे क्या पड़ी है ? ये तो सरकारी माल है।"

"नेता या प्रणेता ! तेरा ठीक तो ईमान है ?
पर, दिया जाता अब देश में न कान है।
बन जाते पुल-कारख़ाने आलीशान भी,
साथ-साथ तेरे कुछ अपने मकान भी।"

"भाई, बकने दो उन्हें, तुम तो सुजान हो,
कविता बनाते हो, हमारे अभिमान हो।
मान लो, कभी जो चूर-घुन थोड़ी पाते हैं,
भारत से बाहर तो फेंक नहीं आते हैं।
जो भी बनवाये, अपना ही तो भवन है,
देश में ही रहता है, देश का जो धन है।"

*एनार्की का राज

*एनार्की=अराजकता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"और, अरे यार ! तू तो बड़ा शेर-दिल है।
बीच राह में ही लगा रखी महफ़िल है ?
देख, लग जाये नहीं मोटर के झटके,
नाचना जो हो तो नाच सड़क से हटके।"

"सड़क से हट तू ही क्यों न चला जाता है ?
मोटर में बैठ बड़ी शान दिखलाता है !
झाड़ देंगे, तुझमें जो तड़क-भड़क है,
टोकने चला है, तेरे बाप की सड़क है ?

सिर तोड़ देंगे, नहीं राह से टलेंगे हम,
हाँ, हाँ, जैसे चाहें वैसे नाच के चलेंगे हम।
बीस साल पहले की शेख़ी तुझे याद है।
भूल ही गया है, अब भारत आज़ाद है।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुनिये क्रोपाटकिन-गोरकी !
भारत में फैली है आज़ादी बड़े ज़ोर की।
सुनता न कोई फ़रियाद है।
देखिये जिसे ही वही ज़ोर से आज़ाद है।

लोग हैं आज़ाद बिललाने को।
नेता हैं आज़ाद जहाँ चाहें, वहाँ जाने को।
अफ़सर परम स्वतन्त्र हैं।
मंत्रीजी हज़ार पढ़ें, लगते न मंत्र हैं।

साहब भी खुद परीशान हैं।
चपरासी देते उन्हें पानी न तो पान हैं।
अजब हमारा यह तन्त्र है।
नक़ली दवाइयों का व्यापारी स्वतन्त्र है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुलिस करे जो कुछ, पाप है।
चोर का जो चचा है, पुलिस का भी बाप है।
अख़बार मुक्त हैं चुपाने को,
विज्ञापनदाताओं का मरम छुपाने को।

और छात्र बड़े पुरज़ोर हैं।
कालिजों में सीखने को आये तोड़-फोड़ हैं।
कहते हैं, पाप है समाज में।
धिक् हम पै! जो कभी पढ़ें इस राज में।
अभी पढ़ने का क्या सवाल है?
अभी तो हमारा धर्म एक हड़ताल है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोई नहीं क़ैद है कपाट में।
हाट में जो आया नहीं, होगा अभी बाट में।
देखिये जहाँ भी, वहाँ स्लम है।
लेकिन, किसी को न तो दर्द, न तो ग़म है।

हाथ में हो केक या कि रोटी हो,
सूट में हो लैस या कि पहने लँगोटी हो,
कवि हो कि नेता हो कि छात्र हो,
या कि ठेला हाँकता हो, करुणा का पात्र हो।

एक बात में सभी समान हैं
दूसरों की बात पै न देते कभी कान हैं।
ज़ुल्म पर ज़ुल्म सहे जाते हैं,
लेकिन, जो चाहते, बेख़ौफ़ कहे जाते हैं।

हलचल बड़ी है बाज़ार में,
कोई पाँव-पैदल, चढ़ा है कोई कार में।
लेकिन, सभी की यह टेक है,
अब किसी में भी नहीं बुद्धि या विवेक है।
सरकार से न यदि ऊबेगा,
डूबेगा, अवश्य यह सारा देश डूबेगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सोच-सोच आनन मलीन है,
एक ओर पाकिस्तान, एक ओर चीन है।
समझ न पड़ता चरित्र है,
रूस-अमरीका में से कौन बड़ा मित्र है।

दोस्त ही है, देख के डरो नहीं।
कम्यूनिस्ट कहते हैं, चीन से लड़ो नहीं।
चिंतन में सोशलिस्ट गर्क है,
कम्यूनिस्ट और कांगरेसी में क्या फ़र्क है?
जनसंघी भारतीय शुद्ध हैं।
इसीलिए, आज महा-वीर बड़े क्रुद्ध हैं।

और कांगरेसी भी तबाह है।
ठीक-ठीक जान ही न पाता, कौन राह है।
दायाँ या कि बायाँ? कौन ठीक है?
पूछता है, यार, गाँधीजी की कौन लीक है?

(४)

एक कहता है, "चलो रूस को।"
दूसरा है चीखता कि "मारो मनहूस को।
वाणी की स्वतन्त्रता प्रमुख है।
चुप रहने से बड़ा और कौन दुख है?"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
"तो फिर अमरिका की बात हो ?"
"लोभी, तेरे मस्तक पै भारी वज्रपात हो।
गाँधीजी की बात नहीं याद है ?
आदमी को यंत्र कर देता बरबाद है।"

"तो फिर चलायें, चलो, तकली।"
"हम गाँधीजी के भक्त होंगे नहीं नक़ली।
दवा नहीं अपने को पायेंगे;
गाँधीजी के पास हरगिज़ नहीं जायेंगे।"

"तब तुम्हीं बोलो, हम क्या करें ?"
चाय पियें और जी में आये जो, बका करें।
बकना ही असली स्वराज है ?
बाक़ी तो जहाँ भी देखो, डाकुओं का राज है।

भोर में पुकारो सरदार को,
जीत में जो बदल देते थे कभी हार को।
तब कहो, ढोल की य' पोल है,
नेहरू के कारण ही सारा गण्डगोल है।

फिर ज़रा राजाजी का नाम लो।
याद करो जे० पी० को, विनोबा को प्रमाण दो।
तब कहो, लोहिया महान है,
एक ही तो वीर यहाँ सीना रहा तान है।

ऊपर बढ़े जो और गरमी,
एकबारगी दो छोड़ बची-खुची नरमी।
कहो, राम, तिमिर में राह दो
डिमोक्रेसी दूर करो, हमें तानाशाह दो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जहाँ भी सुनो, वहीं आवाज़ है,
भारत में आज , बस, जीभ का स्वराज है ।
और मंत्री भी न अप्रमुख हैं,
एक कैबिनेट के अनेक यहाँ मुख हैं ।

एक कहता है, हाहाकार है,
दाम पै लगाम कसो, देश की पुकार है ।
दूसरे की मति अति शुद्ध है,
कहता है , नीति यह धर्म के विरुद्ध है ।

गाँधीजी की याद नहीं टेक है ?
पूँजीपति और जनता का भाग्य एक है ।
आज़ादी की धार हहराने दो,
जो भी चाहता हो, उसे छूट के कमाने दो ।

चिंतकों में अजब उमंग है ।
जनता चकित और सारा विश्व दंग है ।
एक कहता है, किस बात में
हम हैं स्वतन्त्र यदि लाठी नहीं हाथ में ?

घूम रहा देश किस ध्यान में,
बकरी का दूध पीके शेरों के जहान में ?
वही है स्वतंत्र जो समर्थ है,
परमाणु-बम जो नहीं तो सब व्यर्थ है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूसरा है रोता, विधि वाम है।
सेनाओं का गाँधीजी के देश में क्या काम है ?
अहिंसा का तत्व यदि जानते,
हाय नेहरू जो गाँधीजी को पहचानते,

सीमा पर शत्रु कोई आता क्यों ?
आँखें दिखला के हमें कोई धमकाता क्यों ?
भीति युद्ध-बीज सदा बोती है।
शस्त्र जहाँ रहते हैं, हिंसा वहीं होती है।

(६)

राम जानें, भीतर क्या बल है ?
तब भी बखूबी यह देश रहा चल है।
गण, जन, किसी का न तंत्र है।
साफ़ बात यह है कि भारत स्वतन्त्र है।
भिन्नता सँभाले तार-तार की,
राज करती है यहाँ चैन से 'एनारकी'।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



बीटनिक अड्डे में १ रात २ दिन

डॉ० प्रभाकर माचवे

●

ये आधुनिक अघोरपंथी—बीटनिक ! जिन्होंने इस बार सभ्यता के उच्चतम शिखर पर आबाद अमरीका को अपनी लीला-भूमि चुना है। उनकी मां : में लेखक के अजीबोग़रीब अनुभव के चौबीस घंटे !

●

मेरे एक नीग्रो कवि-मित्र हैं। नाम बतलाना व्यर्थ है। वे 'बीटों' के बीच ले जाने वाले एक 'कनेक्शन' थे। उनकी चिट्ठी सात समुन्दर पार से आई है। उसका अनुवाद असंभव है; फिर भी हिन्दी में कुछ यों बनेगी :

"कैसे हो यार ? बहुत दिनों से ख़बर नहीं ! बीच में एक मोटर-एक्सीडेंट में मेरा दाहिना हाथ टूट गया था। पहली बीवी मुझे छोड़कर भाग गई। पर उसकी पाली हुई बिल्लियाँ, और उसके बच्चे सब यहीं हैं। मेरा सूखी हुई लकड़ियों और समुद्र किनारे बहकर आई हुई लकड़ियों का संग्रह इतना बड़ा हो गया कि मुझे दीवानखाने में रहने को जगह ही नहीं रही। बाहर गराज में अपना टाइपराइटर ले आया। वो साला....कवि था न, वह पागलखाने में भर्ती कर दिया गया। दूसरी वह अपनी मित्र....इतना ज्यादा शराब पीती है कि ख़ुदा ख़ैर करे। नाच का उसका शौक़ भी ख़त्म हो गया। वह जो जॉज़ बजानेवाला—हम लोगों ने उस रात भर उसे सुना था, आखिर फेफड़े के रोग से मर गया। सब चूहे हैं, एक दिन पिंजड़े में धरे ही जानेवाले हैं। मगर हम गधे हैं कि अपने-आपको 'गणेश' समझते हैं। तुम्हारे देश आने की बड़ी तमन्ना है। वहाँ आऊँगा, तो किसी जंगल में 'योग' सीखूँगा। तुम अच्छे आनन्द में हो। यहाँ की तरह रोज़ टैक्सवाले तो तंग नहीं करते और कमाई का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इतना-बटा हिस्सा अॅटमी अस्त्रों के परीक्षण को तो नहीं देना पड़ता और तुम जानते हो—वह लड़की जो हमें वहाँ 'बीच' पर काफ़े में मिली थी, उसने आत्महत्या कर ली। और क्या करती बेचारी, बहुत अच्छी प्रतिभा पाई थी; लेकिन इस कम्पटीशन में कौन अपने कोण घिसवाये ! घिनौना है यह सब विज्ञापनीकरण. ..'' इत्यादि इत्यादि इत्यादि।

यह मेरा कवि-मित्र कभी 'बीट' था। अब अपने को 'बीट' नहीं कहता। कुछ दिन तक 'ज़ेन' बौद्ध धर्म के चक्कर में रहा, बाद में 'शुद्ध' में 'लाराहान' करने लगा। उसने कहा : 'मेरी आत्मा की तीसरी आँख खुल गई।'

यहीं मुझे सैनफ्रांसिस्को के 'बीच एरिया' में १९६० के ग्रीष्म में सिटी लाइट्स बुक डिपो में ले गया था। क्या-क्या किसिम-किसिम की कविताएँ बिकती थीं वहाँ ! एक पुस्तक 'आन्सर्स' (ई० वी ग्रिफिथ) का एक पेज सामने पृष्ठ पर द्रष्टव्य है।

अखबारों के विज्ञापनों से जोड़-काटकर ये कविताएं 'कोलाज' पेंटिंग की तरह लिखी जाती हैं। पोएट्री न्यूयार्क के तीसरे अंक में चार्ल्स अॅलसन ने अपना 'नया काव्य शास्त्र' दिया है 'प्रोजेक्टिव कविता बनाम नान-प्रोजेक्टिव कविता'। वह उसे 'खुली कविता' विरुद्ध 'बंद कविता' भी कहता है। उसमें यह स्पष्ट कहा गया है कि कविता को एक 'high energy construct' और 'high energy-discharge' होना चाहिए। कविता का बाह्य रूप या शिल्प उसके आशय का ही एक विस्तरण मात्र है। उसी में शब्दों और पंक्तियों के क्रम के बारे में लिखते हुए वह लिखता है :

"Is" comes from the Aryan root, *as*, to breathe. The English "not" equals the Sanscrit *na*, which may come from the root na, to be lost, to perish. "Be" is from *bhu*, to grow............

और उस कवि-आलोचक ने आदेश दिया है कि कवि को चाहिए कि वह व्युत्पत्ति-शास्त्र पढ़े और शब्दों की धातुओं का अध्ययन करे. . . .

ऐसे मज़ेदार कलाकार-कवियों की औघड़ मंडली में क़रीब एक माह में कई शाम और रात सैनफ्रांसिस्को में मैंने बिताये; और एक सप्ताह न्यूयार्क के पास की साहित्यिक बस्ती 'ग्रीनिच विलेज', जिसे 'दि विलेज' कहते हैं, में १९६० की क्रिसमस में बिताया। उसी के आधार पर नीचे का क़िस्सा है। कई स्मृतियों की कड़ियों को मिश्रित करके लिख रहा हूँ। इसका व्यंग्य या विनोद यही है कि ये सब कवि-कलाकार आदि अपनी सब अद्भुत असामाजिक जीवन-पद्धति को गम्भीरतापूर्वक ग्रहण करते हैं और जिसे हम सभ्य-संस्कृत सुनियोजित जीवन कहते हैं, उसे गालियाँ देते हैं। कहते हैं कि यह सब ग़लत है। ये सब चिकने-चुपड़े घड़े जो हैं, जो झूठ और दम्भ और पाखंड को चुपचाप सहन करते हैं, सब 'स्क्वेअर' हैं।

एक रात

'ज़रा शोर कम करो। चुपके से चलें।'

'क्यों ?'

'पुलिस हमारे पीछे भी लग जायगी !'

'पुलिस ? क्यों ? क्या ये लोग राजनैतिक विद्रोही हैं ?'

'नहीं, यहाँ मेरुआना का अड्डा पकड़ा गया था। परसों ही सब माल यहाँ से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THIS IS HOW YOU WILL DIE

They'll Hunt You Down

"I'll raise you decent !"

THEY'LL HUNT
YOU DOWN

"Everybody in town hated his guts."

THEY'LL HUNT YOU DOWN

he held a gun on the kids

The last thing I remembered was the huge steel ball

SSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSS
SS THEY'LL HUNT SS
SSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSS
SS YOU DOWN SS
SSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSSS

['बीट-कवि' ई० बी० ग्रिफिथ के
कविता-संग्रह, 'आन्सर्स' का एक पृष्ठ]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उठा लिया गया।'

'पर भाई, यह मेरुआना या कोकम या ऐसे नशों से बीटनिकों का क्या सम्बन्ध ?'

'बीट लोग सब तरह के अ-सामाजिक कार्यों में विश्वास करते हैं। वे 'पाप' की समाजमान्य परिभाषा नहीं मानते। जो चीज सामान्य-जन अनैतिक समझते हैं, 'बीट' ज़रूर उसे करेंगे। जैसे भीख माँगना इस देश में बुरा माना जाता है, 'बीट' वही करेंगे।'

'अच्छा, वह आदमी बंदर कंधे पर क्यों ले जा रहा है ?'

'वह कवि... है। और अपनी रोज़ी वह बंदर का तमाशा और कविता-पाठ के सहारे कमाता है। उसने यह विद्रूप व्यंग्य लिखा है कि इस युग में साहित्य-व्यापार बंदर के तमाशे की तरह हो गया है।'

'ओ हो हो ! काले स्लैक्स और काले जीन्स पहने वह मुक्त-कुंतला लड़की कौन है ?'

'बीटों की भाषा में वह 'चिक' है। यानी चूज़ा। कोई इस संप्रदाय में नवागता है, वर्ना इतने सलीके से कपड़े नहीं पहनती। जो लड़की 'बीट' हो जाती है, वह 'नीट' नहीं रहती।'

हमारे गाइड से हम सीखते जा रहे थे कि उसकी परिचिता एक पुरानी स्टेज-ऐक्ट्रेस मिल गई। और यह तै हुआ कि बीच एरिया के 'आर्टिस्ट्स वर्क शॉप' में जो नया प्रयोगवादी नाटक है वह देखा जाय। 'द मैरेज आफ मिस्टर मिसिसिपी' उसका नाम था। नाटक क्या था, पचमेल था। उसमें मिस्ट्री और क्राइम-फ़िक्शन, सरकस, बर्लेस्क, सिनेमा के टुकड़े, स्टेज पर दंगा, दर्शकों में से कई लोगों का उठकर उसमें शामिल होना, लम्बे-लम्बे गद्य के व्यंग्यात्मक भाषण, पीछे पर्दे की खिड़कियों में ऐतिहासिक घटनाओं का व्यंगचित्रात्मक रूप (जैसे हिटलर सिर के बल खड़े हैं, मुसोलिनी उनके ... अंगों का निरीक्षण कर रहे हैं, आदि) सब-कुछ उस नाटक में था। प्रायः हर स्त्री पुंश्चली और कुल्टा दिखाई गई थी, हर पुरुष या तो एकदम नपुंसक या जघन्य !

इस नाटक के मालिक-दिग्दर्शक से बात हुई। बोले—'कला को आजकल कौन पूछता है ! चंदा करना पड़ता है !'

मैंने कहा—'अमरीका जैसे धनी देश में ? और जहाँ कला के मुक्ति-स्वातंत्र्य का इतना मूल्य है।....'

दिग्दर्शक बोले : 'थियेटर का धंधा मंदा पड़ गया। (उस स्टेज-एक्ट्रेस की ओर इशारा करके) नार्मा तो नार्मल नहीं रही। इतना पीने लगी कि उसे सँभालने वाले दो-चार चाहिए। और नये नाटक मिलते नहीं। 'कनेक्शन' अफ़ीम की चोरी पर एक नाटक लिखा था किसी ने, तो पुलिस ने उसे खेलने ही नहीं दिया।'

एक बार ऐसे ही 'बीटों' के एक कवि-सम्मेलन में हम फँस गये। उसे 'पोएट्री ओर्जी' कहते हैं। घोषणा की गई—"गिन्सबर्ग इसलिए नहीं आ सकेंगे कि वे बहुत धुत्त हैं, उन्हें उठाकर लाना मुश्किल है।" कविताएँ जो पढ़ी गईं उनमें भोंडे शब्द, अश्लील प्रतिमाएँ और घनघोर 'जॉज़' का व्यनिनाद अधिक था। कहीं-कहीं सामाजिक विद्रोह, मशीनी व्यवस्था के ख़िलाफ़ एकदम बगावत भी साफ़ थी। पर 'बीटों' के बीच रहना, काजल की कोठरी से भी बदतर है—ख़तरे से ख़ाली नहीं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक दिन

ग्रीनिच विलेज में एक महिला का कमरा मुझे सात दिन के लिए मिल गया था। वह रेडियो में काम करती थी और छुट्टी पर थी। उसने चिट्ठी में जो सब चीज़ें मेरे लिए लिख रखी थीं उनमें यह भी था : "कभी-कभी रात बे-रात घंटी बजेगी दरवाज़े की। खोलने मत उठिए। चोर-उचक्के चाकू दिखलाकर पैसा नहीं तो मेरी शराब की बोतलें ही उठा ले जा सकते हैं।" महिला का पुस्तक-संग्रह अद्भुत था। मेरा उसका कोई पूर्व-परिचय नहीं था। पूरा दो कमरे का मकान उसने मेरे हवाले कर दिया था, चाभी डाक से भेज दी थी।

मैंने यहाँ कई अद्भुत संग्रहालय देखे। कहीं पुरानी किताबों में चित्रों की किताबें, अश्लील किताबें, पुराने पाइप और हुक्के, एंटीक घड़ियाँ, फर्नीचर, क्राकरी की दूकानें—अपनी अजीबोग़रीब शिल्प-कृतियों और रचनाओं के (चित्रों, हस्तलिखित पत्रिकाओं के) प्रदर्शन। ऑफ़ ब्राडवे थियेटर और कई क़िस्म के होटल : यहाँ ओ० हेनरी खाना खाते थे, यहाँ ई-ई कमिंग्ज़ साहब पेड़ की गिरती पत्तियाँ गिनते खड़े रहते थे, यहाँ डिलैन टामस के पीछे लड़कियों का हजूम लग गया था।

बीट आख़िर क्या निरे प्रदर्शन-प्रिय हैं ? क्या 'सेक्स' का रहस्य वे रहस्य नहीं रहने देना चाहते ? वे शायद उससे अधिक कुछ कहना और करना चाहते हैं :

नार्मन मेलर ने 'ह्वाइट नीग्रो' में कहा है—

"But to be with it is to have grace, is to be closer to the secrets of that inner unconsious life which will nourish you if can hear it, for you are then nearer to that God which every hipster believes is

पढ़ाने के लिए

एक बार श्री आशुतोष मुखर्जी बहुत-सी पुस्तकें लेकर जब अदालत में हाज़िर हुए, तो जज ने कहा, "पढ़ने के लिए आप अपना पुस्तकालय यहाँ भी ले आये ?"

श्री आशुतोष मुखर्जी ने मुस्कराकर कहा, "माइ लॉर्ड, पढ़ने के लिए नहीं, आपको पढ़ाने के लिए।"

—शरद चन्द्र पेंढारकर

located in the senses of his body, that trapped, mutilated and nonetheless megalomaniacal God. Who is It, who is energy, life, sex, force, the Yoga's *prana*, the Reichian's orgone, Lawrence's "blood", Hemingway's "good", the Shavian life force ; "It" ; God ; not the God of the Churches but the unachievable whisper of mystery within the sex, the paradise of limitless energy and perception just beyond the next wave of the next orgasm"

To which a cool cat might reply, "Crazy man !"

'बीट' का अर्थ होता है 'पराजित'। पर वे पराजित मुझे बिलकुल नहीं लगे। उनमें से कुछ लोग अपने-आपको 'लॉस्ट जेनेरेशन' 'साइलैंट जेनेरेशन,' 'अनकॉमिटेड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

जेनेरेशन' कहते हैं। पर इतना सही है कि इन नये शाक्तों और अधुनातन तांत्रिकों के मन में गुस्सा बहुत है। उस दिन ऐसे ही एक 'बीट' से बहस हो गई। बोला :

'बस जगह है तो हिन्दुस्तान! वहीं जाकर बसेंगे। जंगल में गुफाएँ हैं, देवियाँ हैं जिनके घड़ों के बराबर स्तन हैं। (उसने और भी कुछ बखान हमारे मंदिरों पर के मिथुन-चित्र देखकर किया था, जो छपनीय नहीं) और भंग भी वहाँ काफ़ी मिल जायगी।'

मैंने कहा : 'भारत में ऐसा मुक्त जीवन नहीं। कई प्रदेशों में नशाबन्दी है; और स्त्री नामक पदार्थ ऐसा सहज सुलभ नहीं।'

वह बोला : 'बाबाजी के लिए सब कुछ सुलभ है, अलभ्य कुछ नहीं।'

आखिर मुझसे रहा नहीं गया। पूछा : 'तुम ज़िन्दगी में चाहते क्या हो?'

उत्तर मिला : 'शून्य।'

मैंने कहा : 'शून्य में से रचना कैसे करोगे?'

उसने उत्तर दिया : 'रचना करने से पहले शून्य ज़रूरी है। हम अपने नये भगवान खोज रहे हैं। मशीन - देवता से वह सुख नहीं मिलता; नहीं तो फ़िल्म-स्टार आज के हीरो लोग [illegible] से आजिज़ आ गये— उससे उल्टे किसी 'कबाला' (यहूदियों [illegible] प्राचीन रहस्यवादी गाने) में, किसी 'मंत्र' में, किसी 'कोआन' में शांति मिलेगी....

वह आदमी बेहद पढ़ा-लिखा था, प[illegible] शायद महीनों से बेनहाया था; पसीने के दाग़ फटे थेगरोंवाले मोटे कोट पर थे; दाढ़ी बेतरतीब बढ़ी हुई थी, एक 'हैवरसॅक' (बोरिये में बँधा ज़रूरी सामान) और 'मग' पीठ पर लटका था। बूटों का बुरा हाल था। घुमक्कड़ी में उनका विश्वास था— 'धर्मा बम्स' के कैरेक्टर की तरह। जहाँ जो मिल गया वहीं खा लिया, पी लिया। फ़क़ीर भी कम-से-कम कुछ करते हैं। यह सज्जन कुछ भी करना नहीं चाहते थे। मलूकदास के शिष्य —काफ़ी पढ़े-लिखे। जिस रिचमंड कॉलेज के ग्रेजुएट थे, वहाँ भी मैं गया था। ऐसा आज़ाद 'कैम्पस' मैंने कहीं नहीं देखा। वहाँ एक जगह साइनबोर्ड लगा था : 'कृपया जूते पहनकर आइये।' नकली सभ्यता के मुखौटे को उतारकर सहज समाधि की तलाश में ये उलटी गंगा बहा रहे थे। सन्त 'पापी' बन रहे थे, जानबूझकर (चूँकि 'पाप' इस सभ्यता में सन्तई कहलाता है)।

एक सावधानी : लुसिलियस

आलसी मारकोस ने स्वप्न देखा कि वह भाग रहा है,
भागता जा रहा है, भागता जा रहा है।
इसी डर से कि कहीं वह फिर भागने न लगे,
आलसी मारकोस फिर कभी बिस्तर के निकट ही नहीं गया!

[१०० ई० की एक ग्रीक व्यंग्य कविता]

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धुकपुकी आपके मन में भी कई बार ज़रूर मची होगी कि भावी कविता का स्वरूप क्या होगा ? लीजिये, भविष्यद्रष्टा कवि ने आपकी समस्या दूर कर दी। लेकिन सावधान रहिये, इन अनर्थवादी नमूनों को देखकर कहीं आपकी धुकपुकी और बढ़ न जाए !

●

ज्यों-ज्यों नई कविता पुरानी पड़ती जा रही है त्यों-त्यों हिन्दी-प्रेमियों के हृदयों में यह धुकपुकी बढ़ती जा रही है कि अगली कविता का स्वरूप क्या होगा ? और स्वरूप से भी अधिक यह कि उसका नामकरण क्या होगा ? काफ़ी चिन्तन-मनन के उपरांत मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि जिस प्रकार हमारा समाज सब प्रकार से जीवन को सार्थक बनाने की चेष्टा करते हुए भी निरन्तर अनर्थ की ओर अग्रसर हो रहा है, ठीक उसी प्रकार भविष्य की कविता भी अनर्थवादी होगी। इस दिशा में अपने कुछ प्रारंभिक प्रयास यहाँ पाठकों के लाभ के लिए प्रस्तुत कर रहा हूँ :

सड़क-सुरक्षा का अनर्थ

यदि कार चलाते समय
ड्राइवर
लगातार इस बात का ध्यान करता रहे
कि कार-एक्सीडेण्ट में घायल व्यक्ति
कितनी दयनीय दशा को प्राप्त होता है,
तो एक्सीडेण्ट अवश्यंभावी है !

कुछ अनर्थवादी कविताएँ : भारत भूषण अग्रवाल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देश-रक्षा का अनर्थ

यदि कभी
भारत और चीन में सचमुच
ठन ही गई
तो चीनी निश्चित ही भारतवासियों के
दाँत खट्टे कर देंगे,
क्योंकि भारत के सारे 'डेन्टिस्ट'
चीनी हैं !

षट्-ऋतु-वर्णन का अनर्थ

नाम है वासन्ती--
मिजाज में बला की गरमी है
पड़ोस की बस्तियों में रहती हैं
शरद के उपन्यास
और
हेमन्त-कुमार के गीत उन्हें प्रिय हैं,
शिशिर उनका बेटा है,
जो मौसमी का रस पीता है !



दृष्टि का अनर्थ

न जाने मैंने
अपना चश्मा कहाँ रख दिया है,
मिलता ही नहीं--
ढूँढ़ना भी संभव नहीं
क्योंकि ढूँढ़ने के लिए भी
चश्मा चाहिए।

आकाशवाणी का अनर्थ

आकाशवाणी कोरी कल्पना है,
देवताओं का आशीर्वाद
और कुछ नहीं
हमारी ही भावनाओं का विपर्यय है,
विश्वास न हो तो रेडियो खोल देखिए,
आकाशवाणी जो सुना रही है
वह मेरा ही गीत है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल कांगड़ी

थे साधारण मुंशी, लेकिन शतरंज खेलते समय बैठने की अदा और अकड़ देखिये, लगे गोया ख़ास लखनऊ के नवाब हों !

मुंशी रामबचन लाल मेरे बाबा के साथ बैठकर शतरंज खेल चुके हैं—यह बात मुझे उस दिन मालूम हुई जिस दिन मुंशीजी अपने लड़के के दाखिले के सिलसिले में मेरे पास आये। बहुत सँभाल-सँभालकर वो एक-एक शब्द मेरे सामने इस तरह रख रहे थे गोया कि हर शब्द मुझसे इजाज़त ले-लेकर कह रहे हों। घटिया बात को भी झाड़-पोंछ-चमकाकर कुछ इस तरह पेश करते थे जैसे चालाक दुकानदार गृहणियों को बरतन परखाते हैं, या जैसे घिसे हुए मदारी देहातियों को दाद की दवा बेचते हैं।

अदालतों में इस्तेमाल होने वाली उर्दू के चंद चुनिन्दा अलफ़ाज़ के ज़रीअः मुंशीजी मुझे यह समझाने की कोशिश कर रहे थे कि उनका लड़का आठवें में दो बार फेल ज़रूर हो चुका है लेकिन इसका तअल्लुक़ लड़के की ज़ेहनीयत से न होकर उसकी बदक़िस्मती से है। पढ़ने-लिखने में निहायत तेज़ होते हुए भी वह दोनों बार ऐन सालाना इम्तेहान के वक्त बीमार पड़ गया, वरना वो अपनी जमाअत में अव्वल आता। तरक्क़ी उसे फिर भी दी जानी चाहिए थी, लेकिन चूंकि प्रिंसिपल लड़के से किसी बात पर नाखुश थे इसलिए लड़के को पढ़ानेवाले मुदर्रिसों ने उसके दरख्वास्त की सिफ़ारिश करना मुनासिब न समझा। अब इस बार जुलाई में उसके दाखिले में बिलावजह दिक्क़तें डाली जा रही हैं। चूंकि प्रिंसिपल साहब मेरे नजदीकी दोस्तों में से हैं, लिहाज़ा, अपने बाबा के शतरंजी मुलाक़ातियों का खयाल करते हुए, मेरा फ़र्ज़ हो जाता था कि मैं मुंशी रामबचन लाल के बरख़ुर्दार रामखिलावन लाल के दाखिले के सिलसिले में ज़रूरी दिलचस्पी लूं।

मुंशी जी | कुँवर नारायण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुंशीजी की बात से ज़्यादा बात की पालिश क़ाबिले ग़ौर थी। उसे कुछ देर और सुनने का लोभ न रोक सका। बाबा से उनके पुराने परिचय के प्रति पूरा आदर दिखाते हुए मैंने उस परिचय के लिए अपने को भी बधाई दी जिसका सौभाग्य मुझे आज प्राप्त हुआ था। मन में सोचा, पुराने लोग भी खूब चीज़ें चुनकर पास रखते थे कि उठते-बैठते चलते-फिरते भी मनबहलाव होता रहे। बूढ़े लतीफ़ मियाँ की याद आई--बाबा के यहाँ आया-जाया करते थे। क्या पुरमज़ाक आदमी थे! सड़क से ही आदाब झुकाए बैठक में दाखिल होते : बाबा छेड़ते—"क्यों लतीफ़ मियाँ--सब ठीक-ठाक ? कब कूच कर रहे हैं ?"

लतीफ़ मियाँ बाअदब सधा हुआ जवाब देते, "यह कौन कह सकता है हुज़ूर, कि पहले पुराने छप्पर में आग लगेगी या नये में ?" कैसा ही बेतुका सवाल कीजिए मियाँ लतीफ़ से, जवाब हमेशा माक़ूल और शिष्ट।

और सोचिए ज़रा लाला रामबचन लाल के साथ बैठकर शतरंज खेलने का सुख, जिससे मैं अपनी व्यस्तता के बावजूद भी थोड़ी देर और बातचीत करने का मौक़ा ढूंढ़ रहा था।

"लड़के से क्या करवाने का इरादा है, मुंशी जी ?"

"चाहता तो हूँ कि वह मुन्सिफ़ हो—आगे ईश्वर की मर्ज़ी। कुदरत के इरादों के आगे इन्सान के इरादों की औक़ात ही क्या—देखिए न, आठवाँ पास करने में ही कितनी दिक्क़तें पड़ रही हैं! अक्ल और मिहनत के बावजूद भी हालात क़ाबू से बाहर हैं। तक़दीर से तदबीर बराबर मात खाती चली जा रही है।"

सहसा मुझे लगा कि मुंशीजी के सुपुत्र के भविष्य से कहीं अधिक मुंशीजी का अपना अतीत रोचक हो सकता है। उनके वर्तमान के रास्ते उनके अतीत तक पहुँचने की ग़रज़ से मैंने पूछा, "आप आजकल क्या कर रहे हैं ?"

मुंशीजी को शायद ऐसा कुछ सन्देह हुआ कि मैं उनके वर्तमान की उनके लड़के के भविष्य से तुलना कर रहा हूँ। उन्होंने मुझे ग़ौर से,उस चश्मे के नीचे से एक बार--और एक बार ऊपर से--ऊपर से नीचे तक देखा, जो एक ओर कमानी और दूसरी ओर फाइलें बाँधने के धागे से कान पर बँधा हुआ था, और उस ज़माने की याद दिलाता था जब मुंशी जी मेरे बाबा के साथ बैठकर शतरंज खेले होंगे।

"देखिए, मेरा वक्त दूसरा था। लड़का जिस ज़माने में...."

"न, न, मेरा यह मतलब नहीं था। आप कुछ ग़लत समझे," मैंने बीच ही में बात काटते हुए कहा, "मैं तो केवल आपकी मौजूदा ज़िन्दगी के बारे में पूछ रहा था—एक शुभचिन्तक की हैसियत से।"

मुंशीजी आश्वस्त हुए। शुक्रिया अदा करते हुए तथा अपनी ग़लतफ़हमी के लिए शर्मिन्दगी ज़ाहिर करते हुए मुंशीजी ने अर्ज़ किया कि वे आजकल अदालत के सामने तख़्त डालकर बैठते हैं और स्टाम्प-पेपर बेचते हैं।

"उससे क्या आमदनी होती होगी !" मैंने हमदर्दी से उस पेशे के सारे दुर्भाग्य को एक वाक्य में रखकर मुंशीजी के सामने पान की तरह बढ़ाया। मुंशीजी ने मेरे समझ की बुनियादी सहानुभूति से सन्तुष्ट होते हुए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसे स्वीकार किया, और अपनी मजबूरियों की दर्दनाक तसवीर मेरे सुनते-सुनते कानों के सामने खींचकर रख दी।

"रिटायर्ड होने के पहले क्या करते थे मुंशीजी ?"

"पटवारी था।" उन्होंने गर्व से उत्तर दिया, और उस छोटे-से उत्तर के सारे वज़न को एकाएक मेरे ऊपर छोड़कर वे इतमिनान से मेरे ऊपर उसका असर देखने लगे। यह सत्य कि मुंशीजी हमेशा स्टाम्प-पेपर ही नहीं बेचते थे बल्कि एक ऐसे सरकारी मुलाज़िम भी रह चुके हैं -जिसके हाथ में खतियौनी जैसी ताक़त होती है, एक ऐसे अतीत की ओर संकेत करता था जिसमें मुंशीजी सैकड़ों गाँववालों के लिए किसी दबंग ज़मींदार से कम रोब-दाब नहीं रखते थे।

मैंने मुंशीजी की आशाओं से कहीं अधिक प्रभावित होते हुए उनके अतीत गौरव पर महान् आश्चर्य प्रकट किया, और यह भी ज़ोर देकर कहा कि उनका लड़का मुन्सिफ़ क्या, चाहे सुप्रीम कोर्ट का जज हो जाय लेकिन आज के युग में वह इतना प्रतापी कभी नहीं हो सकता जितना अतीत में मुंशीजी पटवारी होते हुए भी थे! असल में बात यह है कि भारतवर्ष, जैसा सब जानते हैं, एक कृषि-प्रधान देश है और असली ताक़त उसी के हाथ में होगी जिसके हाथ में न्याय नहीं, किसान होंगे!

मुंशीजी गर्व से फूल उठे--जैसे ख़िज़ाँ में बहार आई हो। उनको प्रसन्न देखकर मैंने डरते-डरते ज़रा एक नाज़ुक सवाल पूछने की अनुमति चाही। मुंशीजी इस समय अत्यन्त उदारमना हो रहे थे--निःसंकोच प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया।

"वहाँ कैसी आमदनी थी ?"

"अरे, पटवारी की भी तनख्वाह तो कोई ख़ास होती नहीं। हाँ, इज्ज़त ...."

"मैं तनख्वाह नहीं, आमदनी की बात पूछ रहा हूँ।"

मुंशीजी एकदम चौकन्ने हो गये। सवाल में एक ख़तरनाक पैंतरा है, यह भाँपते मुंशीजी को देर न लगी। ऐसे न जाने कितने पैंतरों से मुंशीजी वाकिफ़ रहे होंगे।

अतीत गौरव के सिंहासन से उतरकर मानो अदालत की कुर्सी के सामने हाथ उठाकर शपथ ले रहे हों, मुंशीजी बोले, "देखिए जनाब, मैं घूस के सख्त ख़िलाफ़ हूँ। इसे मैं इंसानियत के ख़िलाफ़ सबसे बड़ा जुर्म मानता हूँ। ईश्वर जानता है, मैंने आज तक किसी से एक पैसा नहीं माँगा। भगवान ने जो दिया उसी में ख़ुश रहा : और उसकी कृपा से आज तक कभी कमी महसूस नहीं की। मैंने कभी किसी को शिकायत का मौक़ा नहीं दिया। मेरे मातहत में जो लोग रहे, उन्हें भी ख़ुश रखा और अपने हाकिमों को भी। एक बार गाँव के ज़मींदार साहब के मुख्तार रहमतअल्लाह मेरे पास हज़ार की थैली लेकर आये थे और घोटई पासी के खेत के सिलसिले में कुछ उलट-फेर कराना चाहते थे, लेकिन यह जानते हुए भी कि घोटई गाँव का सबसे बड़ा गुण्डा और बदमाश है, मैंने उस तक के हक़ में वही फैसला किया जो क़ानूनन जायज़ था, साथ ही आयन्दा के लिए रहमतअल्लाह को आगाह भी कर दिया कि ऐसी नामुनासिब हरकतों का नतीजा काफ़ी ख़तरनाक साबित हो सकता है। और आप मुझ पर शक़ कर रहे हैं... आपकी भी क्या ग़लती, यह जगह ही ऐसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है. . . ।"

"नहीं-नहीं, मुंशीजी, मेरा यह मतलब हरगिज नहीं कि हर पटवारी बेईमान ही होता है। मैंने सिर्फ़ आपकी माली तंगी का खयाल करके ही यह सवाल पूछा था, बुरा न मानियेगा। अक्सर ऐसी ज़रूरतें आ पड़ती हैं कि न चाहते हुए भी आदमी को अपने उसूलों से डिगने पर मजबूर होना पड़ता है। आखिर हम सब इन्सान ही हैं, भगवान तो हैं नहीं। हममें से कौन ऐसा है जो ईमानदारी से अपनी छाती पर हाथ रखकर कह सकता है कि वह अपने उसूलों से कभी नहीं डिगा। मैं तो समझता हूँ कि आदमी अगर सोलहो आना अपने उसूलों पर ही चलने की कोशिश करे तो या तो वह नहीं चल पायेगा, या यह दुनिया नहीं चल पायेगी। चाहे नौकरी-पेशा आदमी हो, चाहे व्यापार-पेशा, भाई, थोड़ी-बहुत बेईमानी तो जायज़ है, क्योंकि ज़रूरी है! क्या विलायत में बेईमानी नहीं होती? बड़े-बड़े देश हड़प जाते हैं और डकार नहीं लेते; आपस में चाहे एक-दूसरे का गला न काटें—आपस में तो चोर-डाकू भी एक दूसरे का गला नहीं काटते! हमारे देश की-सी ग़रीबी होती तब हम देखते कि वे कितनी ईमानदारी निभा पाते हैं. . . . वगैरह, वगैरह. . . . "

मुंशीजी कुछ पसीजे। मुझसे बिलकुल सहमत थे और मेरी समझदारी के क़ायल हो चुके थे। मुझे तो डर था कि मुंशीजी मेरे क़ाबू से बाहर चले गये, पर बात ऐसी नहीं थी। ईमानदारी के प्रति मेरी ईमानदार बहस ने उन पर गहरा प्रभाव डाला। इतनी कम उम्र में ही दुनियादारी की इतनी पेचीदा बात समझ लेना, उनके खयाल से मेरी तीव्र बुद्धि का द्योतक था—लेकिन अन्दर से मुंशीजी यह मानने को हरगिज तैयार नहीं थे कि उनकी बुद्धि से ज्यादा तेज भी कोई बुद्धि हो सकती है! मैंने एक कोशिश और की। मुंशीजी की नाज़ुक भावनाओं का पूरा ध्यान रखते हुए पूछा, "फिर भी, मुंशी जी, रुपया, आठ आना. . . . कभी-कभी . . . . तो . . . . कोई ऐसी खास बात नहीं. . . . अगर कोई ज़बरदस्ती. . . . अपनी खुशी से. . . . ?"

मुंशीजी धीरे-से मुस्कराये, मगर वाह मुंशीजी की खोपड़ी! बोले :

"देखिए जनाब, जैसा कि मैं अभी अर्ज़ कर चुका हूँ, मैं उसूलन घूस के सख्त खिलाफ़ हूँ, और उसूलों के मामले में मैं काफ़ी सख्त आदमी हूँ; चाहे तकलीफ़ उठा लीं मगर अपने दामन पर कभी दाग़ नहीं लगने दिया। कह दे कोई माई का लाल कि मैंने आज तक उससे घूस कभी माँगी। . . . "

"मुंशीजी, ... मगर. . . . " मैंने लगभग दीन होते हुए—और यह मान लेते हुए कि मैं उनकी होशियारी का पार नहीं पा सकता—उनकी ओर मिन्नत भरी नज़रों से देखा, मानो सचाई से निराश अब मैं सचाई की भीख माँगने पर उतर आया था। मुंशीजी को भी शायद कुछ दया आई—

"लेकिन हाँ, अगर कोई बिल्कुल अपनी खुशी से ज़बरदस्ती कभी कुछ दे ही गया तो मना करने की ऐसी ज़रूरत भी नहीं समझी. . . लेकिन, जनाब, उसूलन मैं घूस के सख्त खिलाफ़ हूँ. . . . !"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भिक्खु

जी हाँ, यही हैं हमारी शिक्षा-संस्थाएँ ।

प्रिय भाई , न जाने आपने क्यों मुझे इस विषय के लिए चुना ! खैर, जब आपने मुझे इस योग्य मान ही लिया तो मुझे आपकी आस्था का निर्वाह करना ही होगा । इस विषय पर सोचते-सोचते हठात् मुझे उस सामग्री का ध्यान आ गया जो मेरे पास संकलित है । उसी में से एक पत्र उद्धृत कर रहा हूँ । मन में तो आ रहा है कि मूल पत्र ही आपके पास भेज दूं । पर सोचा आप ही कौन-सी उसकी फोटो-स्टेट कॉपी देंगे, छापना ही तो है । हाँ, तो पत्र इस प्रकार है :

(प्रथम वर्ष के एक छात्र का पत्र---एम० ए० के अंतिम वर्ष की छात्रा के नाम । सम्बोधन के शब्द मैंने जानकर छोड़ दिये हैं ।)

"तुम नियति को नहीं मानतीं, पर मैं मानता हूँ । नहीं, तुम्हें भी मानना होगा । ऐसा न होता, तो भला मैं इतनी यूनिवर्सिटियाँ छोड़कर यहीं क्यों पढ़ने आता ! वह कौन-सा चुम्बक था जो मेरे लौह-मन को इस सुदूर दिशा में खींच रहा था ? तुम आज तक मुझसे नहीं मिलीं, तुम आज तक मुझसे नहीं बोलीं, तुमने आज तक मेरे मन के भाव को नहीं जाना, पर इससे मेरा प्यार थोड़े ही बदल जाएगा । सच मानो, मुझे अपना टाइम-टेबुल नहीं मालूम, पर तुम्हारा टाइम-टेबुल मुझे कंठस्थ है । इसी से अपने 'क्लासेज' छोड़-छोड़कर भी, तुम्हारी अगवानी के लिए मैं सदा विश्वविद्यालय के गेट पर उपस्थित रहता हूँ । मेरा विश्वास है कि कभी तो वह महाद्वार मेरे जीवन में प्रणय के मुक्तद्वार क ।ऽ र्त.क

ढाई अचछर के विश्वविद्यालय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बनेगा। तुम अक्सर कार में आती हो। मैं सदा साइकिल पर होता हूँ। पर इससे क्या : तुम्हारी कार की उड़ाई धूल मेरे लिए प्रणय का गुलाल है। मेरी आँखों में वह प्यार के अंजन-सी बेहद सुखद लगती है। मेरे रूखे-सूखे बालों में वह प्यार की रागिनी-सी लीन हो जाती है। और कभी-कभी मेरी यह साधना अनुपम ढंग से पुरस्कृत भी हो जाती है। ऐसा तभी होता है, जबकि तुम रिक्शे में आती हो। रिक्शे में आने से तुम्हारे कोमल शरीर को कष्ट तो होता होगा; पर देवि, अपने भक्त के लिए इतना कष्ट तो तुम्हें कृपापूर्वक स्वीकार करना ही होगा और बस तब मैं अपनी साइकिल से तुम्हारे रिक्शे की लीक पकड़कर बढ़ चलता हूँ। मन-ही-मन ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूँ कि अगले जन्म में तुम्हारा रिक्शेवाला बनने का ही सौभाग्य प्राप्त करूँ।

(पत्र काफ़ी लंबा है, अतः मैं उसके प्रेमोद्गार से भरे पृथुल अंशों को छोड़कर उसका संक्षेप ही दे रहा हूँ––)

सुनो, मैंने आज एक प्रतिज्ञा की है। आज जब मैं अपने क्लास में अनमना-सा बैठा अपने फाउन्टेन पेन से तुम्हारे नाम के तीन अनादि अक्षरों को बारंबार अपने डेस्क पर लिख रहा था तभी मुझे इस बात का ध्यान आया, और तभी मैंने यह प्रतिज्ञा भी कर डाली। विश्वविद्यालय के जितने भी विद्यालय और विभाग हैं सबके डेस्कों पर इन तीन अनादि अक्षरों को अंकित करूँगा। क़लम से लिखे अक्षर तो मिट जाएँगे, अतः मैं एक तेज़ चाकू ले आया हूँ। मेरी योजना का आरम्भ भी हो चुका है। क्या अभी तक तुमने किसी ऐसे डेस्क को नहीं देखा जिस पर तुम्हारा नाम उत्कीर्ण हो? आज नहीं तो कल देखोगी। कल नहीं तो फिर कभी देखोगी। तुम नहीं तो तुम्हारी वे सब भावी पीढ़ियाँ अनंत होकर अपनी अनंत आँखें देखेंगी। मेरी यह जीवन-योजना है। मैंने अपना समूचा जीवन इसी योजना को अर्पित कर दिया है। जानता हूँ, तुम इस वर्ष के बाद ही विद्यालय छोड़ दोगी। तुम्हारे पिता अफ़सर हैं। उन्होंने तुम्हारे लिए कोई अफ़सर ही वर सोच रखा होगा। जो हो, मेरा प्यार निर्लोभ - निर्मोह है। मैं तो - तुम्हें सर्मपित हो चुका हूँ। वह तेज़ चाकू निरन्तर मेरी जेब में पड़ा रहता है। जिस दिन अपनी इस योजना को पूरी करने की अक्षमता से भर उठूंगा, उसी दिन, विश्वास मानो उसी दिन इस चाकू से अपने वक्ष पर तुम्हारे नाम के ही ये तीन अक्षर लिखकर अपने ही रक्त से अपनी तड़पती आत्मा का तर्पण करूँगा।

इस मूल योजना की मेरी एक सहायक योजना भी है। विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में कोई ढाई लाख पुस्तकें हैं। इनमें से हर पुस्तक पर भी तुम्हारा नाम अंकित करके रहूँगा। झूठ नहीं कहता, डींग नहीं मारता, यह न कर पाया तो मेरा जीवन अभिशप्त हो उठेगा। एक बार तो सोचा कि तुम्हारे नाम की एक मुहर बनवा लूं और जितनी जल्दी हो सके, इस योजना को तो पूरा कर डालूं। पर इस प्रकार तो अपनी लेखिनी से तुम्हारा नाम बार-बार अंकित करने के सुख से ही वंचित हो जाऊँगा। तो मैंने रबर की मुहर का विचार त्याग दिया है। मूर्ख लोग राम-नाम के बैंक खोलते हैं। बिल्व-पत्रों पर 'शिव' नाम लिखकर शिवरात्रि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

को शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। [illegible] ढोंगी हैं। राम कल्पना हैं। शिव अंध-विश्वास हैं। पर तुम मेरी जीवन-ज्योति, दिन-सी यथार्थ, रात-सी स्वप्नमयी हो।"

(पत्र और भी लम्बा है। पर आगे का अंश विस्तारभय से नहीं दे रहा हूँ।)

तो भाई, यह तो मैंने एक प्रणयी-छात्र की दृष्टि प्रस्तुत की। अब इसी समस्या का एक एकेडेमिक विश्लेषण सुनिए। मैंने

भी सुना भर है, अतः नहीं कह सकता कि कितना प्रामाणिक है। फिर भी विचारणीय है:

क—क्यों, तुम भी लॉन में चले आए!

ख—क्या करूँ। पढ़ने में मन ही नहीं लगता।

ग—अच्छा हुआ, तुम आ गए। हम दोनों एक गंभीर समस्या पर विचार कर रहे थे।

ख—कौन-सी समस्या?

ग—यही लड़कियों की। हमारी समझ में आज तक यह नहीं आया कि यदि ये लड़कियाँ अपने आप लड़कों से बात करती हैं तो कोई लड़का इसका बुरा नहीं मानता। सज्जनता से बात करता है। पर अगर कोई लड़का इनसे कभी कोई सीधी-सच्ची बात भी पूछ बैठे, तो ये चप्पल से ही बातें करती हैं!

क—तुमने सुना भी होगा। वह पागल लड़का उस लड़की का नाम डेस्कों, लाएब्रेरी की किताबों पर लिखता फिरता था। उस लड़की को जाने कैसे पता लग गया। बस एक दिन उसकी क्लास में धड़धड़ाते घुसी और सबके सामने ही लगी बेचारे पर चप्पलें बरसाने।

ख—यह तो बेहद बुरी बात है! ये लड़कियाँ जाने अपने आपको क्या समझती हैं! भूलती हैं। जब पढ़कर बाहर निकलेंगी, तब पता चलेगा। माँ-बाप वर ढूंढेंगे और निकम्मे-से-निकम्मा लड़का अपने को सोने में तौलकर शादी करना चाहेगा। तब इन्हें अपनी असलियत का पता लगेगा।

क—तुम तो ऐसा मत कहो। तुम्हारे ऊपर तो उसकी काफ़ी मेहरबानी है। साथ-साथ नाव पर जाते हो, सिनेमा देखते हो। प्रॉक्टर को पता चल गया तो तबियत खुश हो जायगी।

ख—प्रॉक्टर की चिन्ता नहीं, भई! मैं तो आजकल एक और मुसीबत में फँस गया हूँ। पैसे की तंगी है।

ग—तुम्हें और पैसे की तंगी?

ख—क्या करूँ, ट्यूशन-फ़ी तक कई महीने से नहीं दे पाया। वह कपड़ों की शौक़ीन है। जब कभी किसी पिक्चर में जाती है तो लौटकर मुझसे यही कहती है कि उस हीरो को फलाँ ड्रेस बड़ी फब रही थी। तुम भी वैसी ही बनवा लेना। बस हालत यह है कि किताबों के बजाय

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कपड़ों की तादाद बढ़ रही है। मेरा तो दिवाला निकाल दिया उसने। ख़ुद की भी हालत वैसी ही है। लगता है, उसका बाप साड़ियों का व्यापारी है। जो साड़ी वह एक दिन पहन लेती है, दुबारा पहनती ही नहीं।

क—भले आदमी, बाप ड्राइ-क्लीनर भी तो हो सकता है!

ख—यह तो तुम उसकी बेइज्ज़ती करते हो। जानते हो, होस्टल में रहती है, फिर भी दो-दो नौकर।

ग—सच?

ख—और क्या, उस दिन उसने जो पत्र लिखा, लगता है, इत्र की पूरी शीशी ही उस पर उड़ेलकर भेजा था। एक दिन अपना रूमाल मेरे पास छोड़ गई। कोई रिश्तेदार अमरीका गया था, वहाँ से पाँच डॉलर का लाया था।

क—तब भले आदमी, तुम किससे जा भिड़े! ऐसी लड़की तो तुम्हें शौहर के बजाए शोफर ही बनाकर छोड़ेगी।

ख—बको मत जी!

ग—पर, यार आज तक तुमने उसकी कोई चिट्ठी तक नहीं दिखाई!

ख—प्रेमिका की चिट्ठी कोई दूसरों को पढ़वाता है?

ग—तब तो तुम सच्चे प्रेमी नहीं हो। प्रेमिका की चिट्ठी के प्रचार में जो तृप्ति मिलती है, वह किसी और बात में नहीं मिल सकती।

क—सुना है, तुम्हारी 'वे' पढ़ाई समाप्त करके फ़िल्म में चली जाएँगी। किसी कंपनी के डायरेक्टर ने उन्हें पहले से ही पसन्द कर लिया है!

ख—तुम मुझे [illegible] को कह रहे हो?

ग—तुम तो बड़े मोनोपालिस्ट हो प्यारे!

इस पर तीनों हँस पड़े। चर्चा प्रेमिकाओं से फ़िल्मों पर आ गई। नई-पुरानी, देसी-विलायती फ़िल्मों का विश्लेषण होने लगा। हर कोई अपनी-अपनी पसन्द की हीरोइनों का बखान करने लगा। एक का मत था कि हालीवुड की हीरोइनों में लाइफ़ है। हिन्दुस्तानी हीरोइनें सिर्फ़ फ्लेश पर टिकी हैं। आर्ट के नारे यहाँ काफ़ी लगते हैं पर आर्ट की क़द्र विलायत में ही है। घंटों यही चर्चा चलती रही और अन्त में काफ़ी रात गए सोने के लिए अलग हुए तो हर किसी की कल्पना में उसकी प्रिय हिरोइन ही विलास कर रही थी; और उनकी रूप-कल्पना उनकी नींद को आधी रात से भी परे ढकेलती रही।

(भाई, पता नहीं आप इससे किसी निष्कर्ष पर पहुँचे? अब मैं आपको उसी रात को वीमेन्स होस्टल में ले चलता हूँ। इतनी रात गये, प्रवेश निषिद्ध है। पुरुषों का प्रवेश तो दिन में भी वर्जित है। पर आप साहित्यकार हैं। अतः कल्पनाक्षेपण करके वहाँ पहुँच ही सकते हैं। अथक्षेपकम्:)

कणिका से कंचना ने पूछा—"क्यों री, इतनी ख़ुश क्यों है? क्या कोई लड़का प्यार करने लग गया?"

कंचना ने जवाब दिया—"इसमें कौन-सी भारी उपलब्धि है। जितने कहो उतने प्रेमी बटोर लाऊँ। कोई किताब माँगने के बहाने, तो कोई कॉलेज के नोट्स के बहाने तो कोई काव्य-रसिक होने के नाते निछावर होने को तैयार ही रहता है। एक बार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक महाशय मुझसे किताब ले गए। जब मैंने लौटाई तो प्रणय-पत्र के साथ। जब मैंने उस पत्र की कोई प्रतिक्रिया उन तक नहीं पहुंचायी, तो एक दिन बोले—माफ़ करना, मेरी एक चीज़ भूल से आपके पास पहुँच गई है। जाने आप भी क्या सोचती होंगी! वह वस्तुतः आपके लिए नहीं थी। मैं ... किसी और को ...उफ़, आप भी क्या सोचती होंगी! आप मुझे वापिस कर दें तो बड़ी कृपा हो।

"मैं सब समझ रही थी। फिर भी कहा—आखिर वह चीज़ क्या है? कोई पुस्तक, या कापी, या...

"इस पर वह बोल उठा—एक चिट्ठी थी।

"ओह चिट्ठी!—मैंने नाटकीय ताव से कहा—वह तो मैंने पढ़ते ही फाड़ दी थी। उस वक्त बेहद गुस्से में थी। एक बार तो मन में आया कि प्रॉक्टर से आपकी शिकायत करूँ। भला वैसा पत्र लिखने की आपकी हिम्मत कैसे हुई! खैर, किसी तरह मैंने स्वयं को शांत किया। आपने भी अच्छा ही किया जो सत्य बता दिया। नहीं तो मैं आपके बारे में हमेशा बुरा ही खयाल रखती ... और जानती हो, इस पर वह रो पड़ा था।"

"सच ... ?"

"हाँ।"

"अरी, उस बेवकूफ़ को तो थोड़े दिन हिलाए रखती!"

"चल हट, यह तेरी आदत है।"

●

अब क्षेपाकान्तर। दूसरे कक्ष में चलें। आप ठिठकें नहीं। इस तल्लीन तरुणी को देखकर आप सोच रहे होंगे कि पढ़ने में व्यस्त है, बाधा पहुँचाना ठीक नहीं। पर आप 'लांगशाट' से 'क्लोजअप' पर आ जाएँ। आप कहेंगे कि मैं व्यर्थ ही फ़िल्मी भाषा का प्रयोग कर रहा हूँ। नहीं, सर्वथा व्यर्थ नहीं। ये मिस रश्मि हैं। फ़िल्मी मैगज़ीनों के गंभीर अध्ययन में व्यस्त हैं। अपने प्रिय नायकों के चित्रों का एक दुर्लभ एल्बम भी इनके पास है जो इन्होंने फ़िल्मी मैगज़ीनों की सहायता से बनाया है। इसी से जब

मैगज़ीन पढ़ने बैठती हैं तो छोटी कैंची लेकर ही।

पर भाई, आप भी बड़े ही संकोची हैं। यहाँ नहीं ठहरना चाहते? अच्छा मत ठहरिए! क्षेपक की दूरबीन तो आपके हाथ में है ही। अब उसी से एक दूसरे कमरे का नज्ज़ारा लीजिये!

ये!...हाँ, ये भी मिस ही हैं। मिस... नाम छोड़िये। नामों से ग़लतफ़हमी हो जाती है। क्या सोचने लगे आप? ओह नहीं, ऐसा नहीं। ये फ़िल्मी मैगज़ीनें क़तई नहीं पढ़तीं। ये पढ़ती हैं लेटेस्ट फ़ैशनों और ब्यूटी-एड्स के बारे में पाश्चात्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक्सपर्ट्स की मंगाई[illegible] है—भारतीय वेष-विन्यास को पश्चिमी अंगन्यास देना। ईश्वर ने इन्हें सुन्दर तो बनाया ही है, फिर उसी सौंदर्य का श्रृंगार क्यों न करें। इनके बारे में यह प्रसिद्ध है कि एक भी अध्यापक इनकी ओर देखकर पढ़ाने की क्षमता नहीं रखता। इनकी क्लास में प्रवेश के साथ ही उनके स्वरों में षड्ज पैदा हो जाता है। एक तरुण अध्यापक के बारे में तो यह भी प्रसिद्ध है कि जब वह पहली बार इनकी कक्षा में पहुँचा तो अपना लेक्चर भूलकर लव-लिरीक्स सुनाने लगा था। आप हँस रहे हैं? यक़ीन नहीं होता? अच्छा मत कीजिए यक़ीन। पर मुझे गोपनीयता की शपथ देकर यह तो बता दीजिए कि इन्हें देखकर क्या प्रतिक्रिया हुई?

लीजिए, आप रुके ही नहीं! पर ठहरिये तो! क्षेपक-द्वार अभी वापसी के लिए बंद है। तब तक एक कक्ष में और चले चलें। यह रोमिला का कक्ष है। उसकी प्रगाढ़ सखि है नीला। दोनों में बातें हो रही हैं। बाहर से ही सुनाई दे रही हैं। अतः आप बाहर ठहरकर ही सुन लें। कौन जाने इस समय वे दोनों किसी पुरुष की उपस्थिति योग्य वस्त्र भी पहने हों या नहीं।

हाँ, यह नीला का स्वर है। सुनिये :

"सुना तुमने रोमिला, तुम्हारे मजनुओं में एक और बढ़ा!"

"कौन है वह?"

"मेरे भैया का दोस्त। वे यह तो जानते नहीं कि तुम मेरी रूम-मेट हो, बस ऐसे ही बात-बात में तुम्हारा ज़िक्र आ गया। मैं कहती थी, लड़के पढ़ाई से ज्यादा लड़कियों को आकृष्ट करने के फेर में रहते हैं। वे कहते थे कि यह सब काम लड़कियाँ करती हैं। तुम्हारे ही होस्टल की एक लड़की है—रोमिला, बेचारे तपन को बेकार कर दिया। उस रोमिला को यही पसन्द है कि वह नित्य नए-नए हीरो-कट सूट पहने। नतीजा यह कि बेचारा फ़ीस न जमा करके भी कपड़े बनवाता है। खुद तो वह लड़की है ही फ़िज़ूलख़र्च। उसे एक दिन इत्र में बसा रूमाल दे आई। दाम भी कई डॉलर! अब बदले में उससे भी क़ीमती उपहार देना होगा। सोच ही नहीं पा रहा कि क्या दे! बस आजकल पढ़ाई-लिखाई चौपट, सिर्फ़ रोमिला-ही-रोमिला!"

"पर मैंने तो उसे देखा भी नहीं।"

"इससे क्या, उसने तो तुझे देखा है।"

"यह ख़ूब रही। अच्छा बेवकूफ़ है। लगता है, मेरी ओर से उपहार ख़रीदकर ख़ुद को देता रहता है। और लड़कों में तारीफ़ पाने के लिए डींगें हाँका करता है।"

"अच्छा चल, अब सोएँ भी। यह कोई नई बात है। मेरे अपने ही साथ जाने कितनी बार ऐसा हो चुका है।"

इतिक्षेपकम् :

तो अब मैं भी समाप्त करूँ। क्षेपक-दर्शन के बाद कुछ कहने को शेष नहीं। रात भी लगभग बीत चली। जल्दी से विश्वविद्यालय के गेट से बाहर हो चलें। कोई ताज्जुब नहीं कि कोई निराकार-निर्गुण का उपासक विरही छात्र इकतारे पर प्रभाती फेरी देता हुआ गाता फिर रहा हो :

पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ पंडित भया न कोय।
ढाई अक्षर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय॥

● ● ●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आधुनिक युग की बाइबिल का एक उपयोगी अध्याय।

रमेश बक्षी ●

एक रात दर्शन दिये सर्वविद्याज्ञानी पंडित-प्रवर विष्णु शर्मा ने। मैंने प्रणाम किया, चाय-कॉफ़ी, पान-सिगरेट के लिए पूछा। बोले—"मैं बड़े कष्ट में हूँ कथाकार!" मैंने अपनी नम्र सेवा के दान का निवेदन किया तो उन्होंने प्रसन्न हो कहा—"ईंट-रोड़े मैं देता हूँ, कुनबा तू जोड़ दे!" मैंने जिज्ञासा की—"कैसा कुनबा?' वे बोले—"मैंने महादानी प्रतापी राजा अमरशक्ति के पाँच अविनीत, उच्छृंखल और मूर्ख राजकुमारों को शिक्षा देने के लिए पंचतंत्र की रचना की थी। उनकी मूर्खता के लॉन का घास काटकर सारे मैदान को मैंने तरतीब दी थी। अब वे पाँचों राजकुमार राजा अमरशक्ति का राज्य 'मर्ज' हो जाने पर चुनाव लड़े; एम० एल० ए० बने और मंत्री-पद पर राजा की गरिमा से ही आसीन हो गए हैं, परन्तु....।" मैं शर्माजी का आशय ताड़कर बोला—"तो क्या उन भूतपूर्व राजकुमारों को शिक्षा देने के लिए आप मुझे कह रहे हैं?" वे गद्‌गद् होकर बोले—"हाँ कथाकार....और खासकर तुझे इसलिए कह रहा हूँ कि तू मुदर्रिस भी है। मेरी टेकनीक की ईंटें ले और खबरों के रोड़े..." मैंने प्रणाम कर भार सिर-माथे लिया और ज़रा हकलाते हुए पूछा—"लेकिन पा.... पारिश्रमिक क्या मिलेगा पंडितजी?" पंडित शर्मा ने हँसकर मेरे कान में कहा—"तेरा प्रमोशन करवा दूंगा।" इतना कहकर वे अंतर्ध्यान हो गए। मैंने पेन में स्याही भरी और प्रिपेरेशन शुरू की

● सेवक की समस्या, बॉस का मेमो और रिटायर्ड एल० डी० सी०

जम्बू द्वीप के मध्य देश में एक कोई ज़िला था। उस ज़िले में एक तहसील

सेवक बॉसीयम्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थी। तहसील में एक गाँव था। गाँव समाज-कल्याण का विकास-खण्ड था। उस खंड के विकास के लिए एक ग्राम-सेवक की नियुक्ति की गई। इस सेवक के बॉस थे विकास-खण्ड-अधिकारी। अधिकारीजी एक-से-एक ग़ज़ब की योजना बनाते थे। गाँवों के विकास की गजब की योजना वह कहलाती है जो विदेशों में चर्चा का विषय बने, देश में नेता लोग जिस पर चार मिनिट से चार घंटे तक भाषण दे सकें, ज़िले के बेकारों को जिससे नौकरी मिले, गाँव वालों को स्वर्ग के सपने आने लगें, अधिकारीजी का प्रमोशन हो, ग्राम-सेवक को पुरस्कार मिलने का चान्स मिले, सबको लगे कि अपने गाँव की ट्रेन चल रही है लेकिन चले दूसरी पटरी वाली और कोई ट्रेन ही। ग्राम-सेवक में काफ़ी जोश था, वह बात-बात पर 'भारत माता की जय' जैसे नारे लगाने के मूड में आ जाता। कभी सड़कें साफ़ करवाता, कभी बीज बँटवाता, कभी परती ज़मीन तुड़वाता, कभी बच्चों को पढ़ाता, कभी बूढ़ों को अक्षर-ज्ञान करवाता। सुबह, दुपहर, शाम, लगती रात, मध्य रात, जाती रात—हमेशा जनवरी से दिसम्बर तक व्यस्त और बेहद व्यस्त। सारे साल सप्ताह मनाने का दौर चलता रहता। गाँव वाले अखंड कीर्तन सात दिन का करते थे, भागवत् सात दिन बँचती थी और ऐसे शुभ दिनों को वे आदर से 'सप्ताहजी' कहते थे, जैसे सिक्ख धर्म-ग्रंथ को 'ग्रंथ साहब' कहते हैं। अधिकारीजी आज इस सप्ताह को मनाने का आर्डर भेजते तो कल उस सप्ताह को मनाने का। इत्यादि से पहले सप्ताहों के नाम ये हैं: वृक्षारोपण सप्ताह, वन्य-पशु-रक्षा सप्ताह, सफाई सप्ताह, सज्जनता सप्ताह, मुर्गीपालन सप्ताह, पशु-पालन सप्ताह, बालक सप्ताह, माता सप्ताह, अग्निरक्षा सप्ताह, तेलघानी सप्ताह, कोल्हू सप्ताह, आधा सीसी उन्मूलन सप्ताह, बाढ़-रोको सप्ताह, बुवाई सप्ताह, हलाई सप्ताह, कटाई सप्ताह, अक्षर-ज्ञान सप्ताह, अंगूठा लगाना छोड़ सप्ताह, कपड़े-धो सप्ताह, बुनियादी तालीम सप्ताह, सब काम हाथ से सप्ताह, आराम-हराम सप्ताह, सत्य बोलो सप्ताह.... इत्यादि। यह इत्यादि मेरी है, अधिकारीजी की नहीं। उन्हें इसकी तभी ज़रूरत पड़ सकती है जब 'इत्यादि सप्ताह' मनाने की कोई बात सूझ जाए। हर सप्ताह का सप्ताह भर शोर रहता। प्रभात फेरी, झंडावंदन, वंदेमातरम, भाषण, नारे, जन-गण-मन सभी कुछ होते। गाँव वाले सप्ताहों के इतने आदी हो गए कि वे 'भोजन सप्ताह' और 'नींद सप्ताह' जैसी योजना भी बनाने लगे। अधिकारीजी का एक बार भाषण डेढ़ घंटे से ज़रा लम्बा हो गया तो लोग परेशान हो गए कि कहीं इनका 'भाषण सप्ताह' न चल रहा हो। विकास-पथ पर एक पूरे वर्ष का छकड़ा सप्ताहों की गरवट बनाकर जब गुज़र गया तो ग्राम-सेवक ने अधिकारीजी को सालाना रिपोर्ट भेजी। उसने जितने भी सप्ताह मनाए उनकी तफ़सील दी, लोगों के उत्साह का ज़िक्र किया और अख़बार में छपने की दृष्टि से सारी ज़रूरी चीज़ें उसमें दर्ज कीं। जैसा कि हर सेवक करता है, वह भी बेचारा प्रमोशन की प्रतीक्षा करने लगा। एक सप्ताह गया, दूसरा सप्ताह गया और तीसरे सप्ताह जब लिफ़ाफ़ा आया तो उसे इतनी खुशी हुई कि उतनी खुशी से वह सप्ताह भर खुश रह सकता था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेकिन लिफ़ाफ़ा खोलते ही उसे पसीना आ गया। वह मेमो था। 'मेमो' उसे कहते हैं जिसे मीरा ने चुनरी में दाग़ कहा है, यह बॉस की लिखित नाराज़गी का प्रतीक माना जाता है, यह वह पत्र है जिसका सेवक अगर उत्तर दे-दे तो वह कष्ट में पड़ जाता है और उत्तर न देने पर उसे वार्निंग मिलता है। सेवक के नाम उस मेमो में लिखा था—'विकास खण्ड की आज्ञा के अनुसार आठ ऐसे 'सप्ताह' बाक़ी रह गये जिन्हें आपने गाँव में नहीं मनाया है। स्पष्टीकरण देते हुए बताइए कि अधिकारी की आज्ञा के उल्लंघन के लिए आप पर आवश्यक कार्यवाही क्यों नहीं की जाए? . . .'

बेचारे की आँखों में आँसू आ गए। सेवा का यह प्रतिफल मिलेगा इसकी उसे कल्पना नहीं थी। वह पंचांग, केलेंडर सब लेकर बैठा कि उससे ग़लती कहाँ हुई है। चार आफ़िस-टाइम (बग़ैर सेकंड सटरडे और सण्डे) की बैठक में उसने मेमो का उत्तर तैयार किया। उत्तर भेजने से पहले उसने गाँव में आकर बस गए एक रिटायर्ड एल० डी० सी० से सलाह लेना ठीक समझा। इन एल० डी० सी० की विशेषता यह थी कि वे नियुक्ति से पेंशन तक एल० डी०सी० ही रहे हैं, इससे यह अंदाज़ हर नौकरीपेशा सेवक लगा सकता है कि उन्हें हमेशा मेमो मिलते रहे होंगे और हर मेमो का उन्होंने उत्तर भी दिया होगा। मेमो का उत्तर देने वाले एल डी० सियों को उन पौधों की श्रेणी में रख सकते हैं जिनकी जड़ों के नीचे पत्थर आ जाएँ। ग्राम-सेवक ने मेमो का उत्तर सुनाया—'पूरे वर्ष में, कई बार हिसाब लगाने पर भी, केवल बावन सप्ताह ही होते हैं और विकास-खंड-अधिकारी ने वर्ष भर में मुझे साठ सप्ताह मनाने की आज्ञा दी है। बावन सप्ताहों के बाद जो आठ सप्ताह शेष रह गए उनके लिए मैं उत्तरदायी नहीं हूँ, वे लोग उत्तरदायी हैं जिन्होंने केवल बावन सप्ताहों का वर्ष बनाया . . .।'

एल० डी० सी० ने सुनकर कहा—"उत्तर है तो ठीक लेकिन यह तो ऐसा ही है जैसी यह कहावत कि आ बैल मार सींग। पहल करने से बड़ी तकलीफ़ में पड़ जाने का डर है। हो सकता है, मेमो के इस उत्तर से तुम्हारी दशा उस चित्रकार के परिवार-सी हो जाए, जिसने सरकार को पत्र लिखा था।"

ग्राम-सेवक ने पूछा, "कौन चित्रकार और कैसा पत्र?"

प्रश्न सुनकर रिटायर्ड एल० डी० सी० ने यह कहानी सुनाई:

१—सुध अपील करने का फल :

उत्तर प्रदेश में एक चित्रकार एक नगर में रहता था। उसकी कूची में जादू था। चित्रकला के ऐसे-ऐसे प्रयोग उसने किये कि उसका नाम सारे जम्बूद्वीप में विख्यात हो गया। बड़े-बड़े नगरों में उसके चित्रों की प्रदर्शनी हुई। देश में ही नहीं, विदेश में भी उसने बड़ा सम्मान पाया। कलानगरी पेरिस के चित्रकारों ने भी उसकी प्रशंसा की। कई कवियों ने उसके चित्रों को देखकर उठनेवाली भावनाओं पर कविताएँ लिखीं। दुर्भाग्य यह कि बेचारे को केन्सर हो गया। केन्सर एक तरह का गिरफ्तारी का वारंट ही है—अस्पताल में साल-छः महीने अण्डरग्राउण्ड रहा जा सकता है लेकिन आजन्म नहीं। सो वह चित्रकार एक दिन गिरफ्तार हो ही गया। सिपाही उसे ऊपर की जेल में ले गए। उस चित्रकार का अपना परिवार भी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था—बीबी, चार-पाँच बच्चे, विधवा बहन, बूढ़े चाचा, पागल माँ, पढ़ने वाला भाई। चित्रकार ने कमाया तो खूब था लेकिन मनमौजी आदमी था, सो हाथ पर लाता था, हथेली पर खाता था। चंचल लक्ष्मी आती थी लेकिन चित्रकार को क्लोरोफार्म सुंघाकर भाग जाती थी। परिवार वालों ने सोचा कि जिस चित्रकार की प्रशंसा में बड़े-बड़े पुल बाँधे जाते थे, उसका दर्द सभी के मन में होगा। चित्रकार ने छोटी-सी टपरिया बनवा ली थी लेकिन वह बरसात में टपकती रही और एक दिन एक दीवार जब धँस गई तो उस परिवार ने सरकार को एक पत्र लिखा कि उस महान चित्रकार का परिवार बड़े संकट में है, यदि सरकार टूटी हुई दीवार को बँधवाने और टपकती छत को ठीक करवाने का रुपया दे-दे तो कृपा होगी। सरकार ने पत्र पाते ही समिति बना दी। समिति वाले उस टूटे घर में आए। उस चित्रकार के दर्द में सब डूबे हुए थे। उस घर की धूल उठाकर उन लोगों ने सिर पर लगाई। बोले—"वह चित्रकार महान था। उसका यह घर भी महान् है। यह घर तो कला-प्रेमियों का तीर्थ है।" परिवार वालों को बड़ी आशा बँधी। सरकार का उत्तर एक शाम डाकिया दे गया—'उस महान चित्रकार की स्मृति को चिरस्थायी और अक्षुण्ण बनाये रखने का समिति ने निश्चय किया है। उस चित्रकार का घर कला-प्रेमियों का तीर्थस्थान है। जो लोग भी जम्बूद्वीप की यात्रा पर आएँ उन सबको वह घर अवश्य दिखाया जाना चाहिए, अतः उस महान् चित्रकार के घर में जो लोग भी रहते हैं उन्हें एक सप्ताह के अंदर चित्रकार के निवास-स्थान को खाली करने की आज्ञा दी जाती है। वह टूटा घर हमेशा अब इसी अवस्था में सुरक्षित रहेगा।....' बेचारे परिवार वालों को खुद होकर अपील करने का ऐसा फल मिला कि सबने सिर पीट लिया।

●

यह कहानी सुनकर ग्राम-सेवक बोला, "तो फिर मुझे अब क्या करना चाहिए?"

अनुभवी रिटायर्ड एल० डी० सी० ने उसे धीरज बँधाते हुए कहा—"डरने की बजाय साहस से काम लेना पड़ेगा।"

सिर पर जूता
पैर में टोपी
बीच कमर में उल्टी ऐनक
माथे पर टाई की पट्टी
नाक-कान में रूई ठूंसे

ग्राम-सेवक को कोई आशा नज़र नहीं आई। वह बोला, "मैं तो सच्ची सेवा करता रहूँगा। किसी-न-किसी दिन तो कोई मुझे पहचानेगा ही।"

रिटायर्ड एल० डी० सी० हँसकर बोला, "ऐसा कभी नहीं होगा। इस जम्बूद्वीप में तो परखने का तरीक़ा पत्थर फेंककर, सिपाही पकड़ने का है।"

ग्राम-सेवक ने पूछा—"यह कैसे?"

रिटायर्ड एल० डी० सी० ने तब यह कथा सुनाई :

२. भीड़ पर पत्थर फेंको :

एक बार सांस्कृतिक मंत्रालय को यह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ज़रूरत पड़ी कि मध्यप्रदेश के ईशानकोणीय नगर में कितने कवि रहते हैं। एक क्लर्क को नियुक्त कर दिया गया कि लिस्ट बना डालो। वह लिस्ट बनाता तो कैसे, रास्ता चलते एक कवि जैसे महानुभाव से उसने पूछा, "बंधु, नगर में कितने कवि हैं?" बंधु ने त्यौरी चढ़ाकर उत्तर दिया, "तुम यह पूछकर नगर का अपमान कर रहे हो! बरसों से इस नगर की यह परम्परा रही है कि यहाँ का हर निवासी कवि है।" क्लर्क ने परेशान होकर पूछा, "तो क्या जन-गणना-विभाग से लिस्ट लेकर सबको कवि

> **पेन्सलीन की, सीबाज़ोल की**
> **विटासिन्स की**
> **टिकिया, बोतल लादे-फाँदे,**
> **घायल-घायल बेसुध, अनमन**
> **वह देखो आया सन् तिरपन।**
>
> —लक्ष्मीकान्त वर्मा

बतला दूँ?" बंधु ने उत्तर दिया—"यही ठीक है।" लेकिन क्लर्क ने भी कच्ची गोटी नहीं खेली थी। बोला, "क्षमा करें बंधु, चाहता हूँ इस बात की परख लूँ।" बंधु ने स्वीकृति में सिर हिला दिया—"भले ही परख लो, लेकिन सबको परखना मुश्किल है, इसलिए जैसे हँडिया में से एक चावल परखा जाता है वैसे ही चौराहे की भीड़ में से एक आदमी को परख लो।" क्लर्क को इस तरीके का गुर जान प्रसन्नता हुई। बंधु ने एक और तरकीब बतलाई—"चौराहे पर खड़े हो जाओ, हाथ में एक छोटा-सा पत्थर ले लो और उसे भीड़ पर फेंक दो, पत्थर जिसे भी लगेगा वही कवि होगा।" क्लर्क को यह बात बहुत पसंद आई। वह तत्काल चौराहे पर एक छोटा-सा पत्थर हाथ में लेकर खड़ा हो गया। जब भीड़ कुछ अधिक हुई तो उस पर धीरे-से उसने पत्थर फेंक दिया। वह उत्सुक आँखों से देखने लगा कि पत्थर किसे लगा? लेकिन जिस व्यक्ति को पत्थर लगा था उसे देखकर क्लर्क का खून सूख गया। वह एक सिपाही था। उस सिपाही ने इसे घूरकर देखा और उसके पास आया। सिपाही ने कसकर क्लर्क का हाथ पकड़ लिया और पूछा, "यह पत्थर तुमने फेंका?" क्लर्क ने हाथ छुड़ाते हुए 'हाँ' कहा—"जी, यह मैंने ही फेंका है लेकिन मैंने नहीं सोचा था कि यह आपको जा लगेगा।" सिपाही की भौंहों में बल पड़ गए—"फिर क्यों फेंका पत्थर? अभी थाने ले जाकर तुम्हारी मरम्मत करवा देता हूँ।" बेचारा क्लर्क घबरा गया। बड़ी नम्रता से बोला, "मैं तो सांस्कृतिक मंत्रालय का आदमी हूँ। मुझे किसी ने बतलाया है कि भीड़ में पत्थर फेंकोगे तो वह किसी कवि को ही लगेगा.... और मुझे कवियों की लिस्ट तैयार करनी है।...." सिपाही ने क्लर्क का हाथ छोड़कर उस पर दया दिखाई और बोला, "तो ठीक ही कहा गया है यह इस शहर के बारे में। अब मुझे ही लो, जब कहीं नौकरी नहीं मिली तो पुलिस-विभाग में आ गया हूँ, लेकिन हूँ कवि ही। एक समय था कि कवि-सम्मेलन और मुशायरे दोनों में वाह-वाही, सफ़र-खर्च और सिगरेट की एकाध डिब्बी कमाकर लाता था। लिस्ट में तुम मेरा नाम मत छोड़ देना।...."

..."तो ग्राम-सेवकजी, यह तो आशा ही छोड़ दीजिए कि कोई कभी आपके गुणों से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोहित होकर आपको सम्मान देगा। अच्छे ग्राम-सेवक की खोज के लिए भी अधिकारी जी पत्थर ही फेंककर परीक्षा लेंगे और पत्थर किसी गधे को ही लगेगा, तुम्हें नहीं लगेगा।"

रिटायर्ड एल० डी० सी० की बातें सुनकर ग्राम-सेवक बड़ा दुःखी हो गया। बोला, "तो, आप जो कहें, वही करने को तैयार हूँ मैं !"

"बॉस होते हैं सेवकों के दुश्मन। पहले ज़माने में दुश्मन के साथ में संधि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय, द्वैधीभाव आदि उपायों का प्रयोग किया जाता था। संधि यानी बॉस से समझौता कर लो और पोलसन लगाना शुरू करो। विग्रह यानी युद्ध—बॉस को मेमो का कड़ा जवाब दे दो जैसा कि तुमने तैयार किया है। यानी इस्तीफ़ा देकर और कहीं एम्प्लायमेंट एक्सचेंज में नाम दर्ज करवा लो। आसन यानी चुप हो जाओ, किसी बात का उत्तर ही न दो। संश्रय यानी बॉस के ख़िलाफ़ जो लोग हैं, उनका संघ बना लो ! हो सके, और दूर-पास का कोई नाता रिश्ता हो तो किसी एम० एल० ए० से उस संघ का उद्घाटन करवा दो। अंतिम है द्वैधीभाव, मतलब भेद-नीति। मुहावरे में जिसे 'मुंह में राम बग़ल में छुरी' कहते हैं। बॉस को लगे यह कि मक्खन है और मक्खन में तेज़ाब मिला हो !"

"तरकीबें तो बहुत सारी हैं।" ग्राम-सेवक बोला, "लेकिन किस तरकीब का आजकल सबसे ज्यादा चलन है ?"

"पोलसन-पंथ पर ही सारे सेवक चलना पसंद करते हैं !" एल० डी० सी० ने उत्तर दिया, "यह है सुगम और कमखर्च भी।"

"तो मैं अपने अधिकारीजी का, इस नियम का पालन करते हुए ही सामना करूँगा।" ग्राम-सेवक ने प्रसन्न होकर कहा।

"ठीक है",—एल० डी० सी० ने कहा, "लेकिन मुझे डर है कि मक्खन लगाते समय तुम्हारे हाल उस अण्डर-सेक्रेटरी जैसे न हो जाएँ, जो अख़बार के दफ्तर में असलियत कहकर मरा था।"

"कौन-सा अण्डर-सेक्रेटरी ? और कैसी असलियत ?"

ग्राम-सेवक ने पूछा और रिटायर्ड एल० डी० सी० ने कहा, "तो वह कहानी सुनो।"

३. तेलघानी केन्द्र का उद्घाटन :

जम्बू द्वीप के वायव्य प्रदेश में यह घटना घटी। एक कोई उपमंत्री एक किसी नगर में उद्घाटन करने गए। उनका सारा फौज-फाटा था ही साथ में। उद्घाटन करना था तेलघानी केन्द्र का। पहले यह केन्द्र किसी गाँव में स्थापित होना था, फिर सोचा कि गाँव वाले तो तेलघानी से परिचित हैं ही, अच्छा यह होगा कि यह केन्द्र किसी नगर में खोला जाए और वहाँ इसका ठीक से प्रचार किया जाए। उपमंत्री ने बैल को देखा, तेल को देखा, बैल की मार को देखा, तेल की धार को देखा और बैल को संटी मार उद्घाटन-विधि सम्पन्न कर दी। भाषण दिया। वे हमेशा अपने भाषण में अवसर के लिए आवश्यक सहजता ले आया करते हैं। साथ-साथ उन्होंने ज्ञान का पुट मिलाकर तेलघानी की तुक छेड़खानी, मेहमानी, जहाज़रानी, दुनिया आनी-जानी तक ले

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाकर जम्बूद्वीप के सर्वांगीण विकास तक बात पहुँचा दी। भाषण ओजस्वी रहा। वक्त ढूँढ़ते एक अण्डर-सेक्रेटरी भी आ पहुँचे थे। वे मौक़े की तलाश में थे कि मौक़ा मिले और लगाऊँ मक्खन। भाषण समाप्त होने पर अण्डर-सेक्रेटरी महोदय ने उपमंत्री जी को प्रभावित कर लिया। मंत्रीजी तो चले गए मगर अण्डर-सेक्रेटरी महोदय आए वक्त को छोड़ना नहीं चाहते थे, इसलिए एक अखबार के दफ्तर में जा पहुँचे। प्रूफ पढ़नेवाले सम्पादक को वह समाचार दिया जो उन्होंने स्वयं बनाया था। सम्पादक—वह चाहे प्रूफ़ पढ़नेवाला हो चाहे खबर गढ़नेवाला—थोड़ा बड़ा आदमी ही होता है। सो स्वभाव के अनुसार उसने खबर रद्दी के ढेर में डाल दी। अण्डर-सेक्रेटरी जी घबराए। बोले, "साहब, ज़रूरी खबर है, इसे छाप दीजिये। आपका अहसान जीवन-भर नहीं भूलूँगा।" प्रूफ पढ़नेवाले सम्पादक ने वह खबर उन्हें लौटा दी—"एक तो उपमंत्री की खबर, दूसरे यह हमारे गुट का आदमी नहीं, तीसरे प्रधान मंत्री की प्रेस-कान्फरेंस से सारे पृष्ठ भर चुके हैं।" अण्डर-सेक्रेटरी हारनेवाला आदमी नहीं था। वह उस अखबार के प्रधान संपादक से जा टकराया—"यह ज़रूरी खबर है। इसे छाप दीजिये।"

प्रधान संपादक ने खबर लेकर रख ली—"आज तो नहीं जा सकेगी, लेकिन कल ज़रूर चली जाएगी।"

अण्डर-सेक्रेटरी ने फिर जी-जी किया—"बड़ी मेहरबानी होगी यदि इसे आप आज दे दें।"

"क्यों—?" प्रधान संपादक नाराज़ होकर बोले, "आज ही क्यों? कोई यह उद्घाटन आपने किया है?"

"मैंने तो नहीं किया, उद्घाटन तो उपमंत्रीजी ने किया है।"

"फिर आपने क्यों तकलीफ उठाई?"

प्रधान संपादक के इन शब्दों से अण्डर-सेक्रेटरी को ताव-सा आया। वे बोले, "मैं तो नहीं आता साहब, कभी नहीं आता लेकिन खुद उपमंत्रीजी ने मुझसे कहा कि ज़रा खबर आज ही निकलवा देना प्रेस जाकर.... नहीं तो उद्घाटन हुआ है तेलघानी का, कोई मेरे बेटे का ब्याह हुआ है!"

"सुना।" एल० डी० सी० ने कहा—"जो मक्खन लगाने के माहिर नहीं होते उनकी हालत ऐसी ही होती है, क्या कहना चाहिए और क्या कह जाते हैं!"

"बात तो ठीक कही आपने और मैं तो नीम हकीम हूँ। मक्खन तो क्या, मैंने किसी को दूध भी नहीं लगाया। अब क्या करूँ?"

"मेरी सलाह तो यह है कि बॉस को सैयाँ और सैयाँ को कोतवाल समझो और खूब इधर-उधर से खाओ-पीओ!" एल०डी० सी० ध्यानमग्न कह रहे थे, "ऐसा करोगे तभी द्रौपदी-नाटक के निर्देशक की तरह तरह-तरह के ऐश कर सकोगे।"

ग्राम-सेवक ने पूछा—"किस तरह?"

रिटायर्ड एल० डी० सी० ने तब द्रौपदी-नाटक के निर्देशक की यह कहानी सुनाई:

४. द्रौपदी का चीर-हरण:

जम्बूद्वीप के नागर और ग्रामीण जनों में संस्कृति का प्रचार करने के लिए विभिन्न क़दम उठाए जा रहे थे। संगीत, साहित्य, कला-विहीन साक्षात पशु न कहलाएँ अतः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सबको ही संस्कृति के सींग और कला की पूँछ पहनने का मौक़ा देना निश्चित् किया गया : एक नाटक-कम्पनी बनाई गई जिसे गाँव-गाँव, शहर-शहर नाटक खेलने की आज्ञा दी गई। नाटक चुना गया द्रौपदी-चीर-हरण। नाटक चुनने वाले ने मॉडर्न थीम के नाटक इसलिए नहीं लिये कि वे किसी को समझ में नहीं आएँगे। द्रौपदी-चीर-हरण सबका जाना-पहचाना सब्जेक्ट है, इसलिए इसी को चुन लिया गया। नाटक का दल बना, निर्देशक का चुनाव हुआ—रिहर्सल हुई। अरदे-परदे बनवाए गए। यूँ कहो कि असल चीर-हरण में जो-जो टीम-टाम नहीं होंगे वे सभी प्रस्तुत किये गये। चीर-हरण के लिए कपड़ा ख़रीदा गया—साड़ियों में साड़ियाँ जोड़ी गईं—थान-के-थान उसमें लग गए। जगह-जगह द्रौपदी-चीर-हरण होता। लोग वाह-वाह करते। निर्देशक को बधाइयाँ मिलतीं। निर्देशक बड़ा सुन्दर आदमी था, छींट के तरह-तरह के बुश्शर्ट पहना करता। तनख्वाह और डी० ए० से किसका घर चला है, अतः वह हर बार द्रौपदी की साड़ी में से तीन गज़ का चीर-हरण कर लेता और एक अपना बुश्शर्ट सिलवा लेता। बीवी-बहन की साड़ियाँ, भाई-बच्चे के बुश्शर्ट सभी उस चीर में से लूट लाता।.... और चीर की माया अपरम्पार है ही, वह कभी घटे तो दुष्ट दुःशासन द्रौपदी को भरे नाटक (या भरी सभा) में नंगा न कर दे! चीर-बढ़ैया तो हैं लीला-पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण! सोचने की बात है कि द्रौपदी के शरीर पर से खींचे गए चीर का कौरवों ने क्या किया होगा....?

"तुम मतलब समझ गए होओगे इस कहानी का कि जो चीर-हरण करे वही सुखी रहे।" रिटायर्ड एल० डी० सी० ने निष्कर्ष निकालते हुए समझाया।

"मतलब तो समझ गया, लेकिन मैं तो द्रौपदी-चीर-हरण के नाटक का निर्देशक नहीं हूँ न! मैं किसका चीर-हरण करूँ और किस साड़ी के कपड़े का मनीला बनवाऊँ?" ग्राम-सेवक फिर दुःखी हो गया।

"इस तरह दुःखी होने से काम नहीं चलेगा।" एल० डी० सी० ने समझाया, "असल बात है कि चीर तो हर जगह होता है, चाहिए उसे हरण करने वाला।"

"लेकिन मैं दुःशासन नहीं बन पाऊँगा। मैं तो एक छोटा-सा सेवक हूँ।"

"दुःशासन बनने की ज़रूरत भी तो नहीं है। किसी को पेड़ पर चढ़ा दो और उसे पेड़ हिलाने को कहो। वह पेड़ हिलाता रहेगा और तुम फल बीनते रहो।" एल० डी० सी० की आँखें दिव्य ज्ञान से चमकने लगीं।

"मतलब यही न कि दूसरों को बेवकूफ़ बनाऊँ?" ग्राम-सेवक ने पूछा।

"लेकिन उसमें भी अक्ल की आवश्यकता है", रिटायर्ड एल० डी० सी० ने कहा, "उसके लिए तुम्हें फटी-पुरानी चप्पलें ख़रीदकर लानी पड़ेंगी, जैसा कि एक चोर-बाज़ार वाले ने किया और शरत्चन्द्र चटर्जी से उनका संबंध जोड़ दिया था।"

"कैसे?" ग्राम-सेवक ने पूछा।

तब रिटायर्ड एल० डी० सी० ने जो कहानी सामने रखी, वह फिर कभी।

● ●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आनन्द प्रकाश जैन

•

स्त्री चरित्रम् पुरुषस्य भाग्यम् की रहस्यात्मक व्यंग्य-कथा; किस्सा तोता मैना की बीसवीं और इक्कीसवीं दास्तान।

•

उन्नीसवीं दास्तान के बाद भी जब मैना न पसीजी, और रात भी आधी ही गुज़रकर रह गई, तो तोते ने कहा, "मेरी प्यारी मैनाजी, अपनी इस ज़िद के बावजूद तुम कितनी सुन्दर हो यह बात अपने चाहने वाले से यानी मुझसे पूछो !"

"हमको पूछने की कोई जरूरत नहीं", मैना ने कहा, "आपको हमसे सच्ची प्रीत हो गई है, इसका पता न चला न चले, क्योंकि मरदों की प्रीत का कोई ठिकाना नहीं। इतने किस्से मैंने आपको सुनाए, पर आपकी अक्कल में दो-चार भी न आए !"

तोते ने कहा, "ज़ालिम, तैंने किस्से सुना-सुनाकर बड़ा पिधाया। तेरे फिर एक किस्सा सुनाने की जी में आई है, पर मैं भी कम नहीं ! सुना तू किस्सा, तब तक मैं भी अपना किस्सा याद करता हूँ।"

मैना ने कहा, "प्यारेजी, आप नाराज़ न होओ। लोग आपको सुन्दर कहते हैं और मुझे असुन्दर कहते हैं। इसीलिए तुम्हारी मुँहदेखी बात का विश्वास हमको नहीं हुआ। जो आप मेरे किस्से का जवाब आखिरी बार देओ, तो मैं जानूं कि आपको हम सुन्दर लगती हैं।"

तोता बड़ा कुढ़ा। अब यह कमबख्त फिर किस्सा छेड़ेगी और मुझे लाजवाब करेगी ! अच्छी बात है, मैं भी सेर का सवा सेर हूँ, इसका किस्सा कम सुनूंगा, अपना याद ज्यादा करूँगा और आखिर में इसको लाजवाब करूँगा। इसलिए उसने यह दोहा पढ़ा :

एक बिजूका इक्कीसवीं सदी का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नारी जो किस्सा कहे, नर सुन ले दो कान,
ना तो बिस्तर गोल कर, छोड़े तुरत मकान !

मैना ने कहा, "मैं इन चिकनी-चुपड़ी बातों में नहीं आने की। किस्सा सुनो और बताओ कि मरद लोग बेवफ़ा होते हैं कि नहीं ? सुनो :

● अथ बीसवीं दास्तान मैना की

आज से हज़ारहाहज़ार साल पहले, जब इक्कीसवीं सदी का ज़माना था, तभी की दास्तान है कि शहर बम्बई में एक औरत रहा करती थी। वह औरत जवान थी, ब्याहता थी और अपने मरद की ख्वाहिश के मुताबिक कम-से-कम कपड़े पहना करती थी। उस पर तुर्रा यह कि वे बहुत कम कपड़े भी एकदम कसे हुए होते थे। वह अपने खाविंद को बहुत-बहुत चाहती थी और उससे मुहब्बत करती थी। पर उसमें एक सबसे बड़ा ऐब यह था कि उसे कलदार खिलौनों का बड़ा चाव था। उसका हज़्बैंड भी उसके इस अजीबोग़रीब शौक पर जी-जान से फ़िदा था, क्योंकि उसने अपना हज़्बैंड एक मशहूर हज़्बैंडरी से चुना था, इसलिए वह कामधंधे की परवाह छोड़ रात-दिन उसके लिए अजब-अजब करतब करने वाले कलदार खिलौने ढूंढा करता था। उसने अपनी प्यारी के लिए ऐसे-ऐसे विचित्र खिलौने लाकर दिए कि और कोई होती तो उसका जी भर जाता; पर उस पट्ठी का जी कभी भरता ही नहीं था। उसने एक दिन अपने भरतार से कहा, "प्यारेजी, अब तो मेरा जी ऐसे खिलौनों को करता है, जो इन्टेलीजेन्ट हों........"

यह सुन बेचारा भरतार बड़े चक्कर में पड़ा। उसने पूछा, "भला ये इन्टेलीजेन्ट खिलौने कैसे होते हैं ? कहीं आपके जी का मतलब रॉबटों से तो नहीं ? जल्दी बताओ, नहीं तो मेरा हार्ट तुम्हारी ख्वाहिश पूरी न होने से अभी फ़ेल हुआ जाता है !"

नार-नवेली फ़ौरन अपने भरतार का हाथ पकड़कर कोप-भवन में ले गई और वहां फसकड़ा मारकर बोली, "इन्टेलीजेन्ट खिलौने इतने सस्ते मिलते हैं, फिर भी तुम पूछते हो कि कैसे होते हैं ! या तो तुम मुझे आज ही एक अच्छा-सा खिलौना ला दो, नहीं तो मैं नहीं जीने की..." और इतना कहते ही वह तुरन्त हाई ब्लड-प्रेसर से बेहोश हो गई और लुढ़क गई।

खाविंद के सामने पहेली टेढ़ी हो गई। उसने फटाफट कई जगह फोन मारे और सैंकड़ों अंगरेज़ी वैद्यों की डॉज और प्लाई-माउथ दरवाज़े पर आकर लग गईं। जिस वैद्य ने भी देखा, उसने यही कहा कि हो-न-हो कुछ गड़बड़ है, इसलिए एक्स-रे कराओ, खून टेस्ट कराओ, वगैरह-वगैरह सब कराओ और इसके बाद हम अपनी रपट देंगे कि क्या मामला है। मरता क्या न करता, मरद ने सब कराया। सबकी रपट देखने के बाद सब डाक्टरों ने मिलकर सलाह की और कहा कि हो-न-हो यह औरत चार महीने की गर्भवती है और इसकी जो भी इच्छा हो, पूरी होनी चाहिए और इसको वही मिलना चाहिए जो यह चाहे। और यह कहकर उन सबने अपने-अपने बिल पेश कर दिए जिनको देखकर खाविंद को ग़श आ गया। डाक्टरों ने फ़ौरन अंगरेज़ी लखलखा सुंघाया और खाविंद एकदम राम-राम करता उठ बैठा और बोला कि भई आज तो बहुत सोए। लेकिन डाक्टरों ने फिर मिलाजुलाकर अपने बिल पेश किए और इस बार खाविंद से बेहोश होते भी न बना, क्योंकि उन्होंने जो लखलखा सुंघाया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था उसका भी एक चौकस बिल उन बिलों के आख़ीर में लगा हुआ था !

सबके जाने के बाद उस स्त्री के पति ने अपनी बेहोश नार की नाक में अपनी नाक की साँस छोड़नी शुरू की, क्योंकि वह स्वयं काफ़ी इंटेलीजेन्ट था। चूँकि उसने डटकर लखलखा सूँघा था, इसलिए उसकी साँस की गंध से बेहोश नार की बेहोशी दूर हो गई और वह भी राम-राम करती उठ बैठी और यह शेर पढ़ा:

खिलौने बहुत हैं दुनिया में,
दुनिया एक खिलौना है,
कि कल घटती नहीं जिसकी
वही कल का खिलौना है।

यह शेर सुनते ही पतिराम के हिये की खुल गई और वह बोला, "प्यारी जी, अब मेरी इंटेलीजेन्स भी काम कर रही है, सो तुम फिकर ना करो। आपको ऐसा खिलौना दरकार है जिसमें कि कल कभी खत्म न हो और जिसमें आज की कल नहीं बल्कि कल की कल लगी हो। इसलिए हे प्राणप्यारी, अब जब तक ऐसा खिलौना नहीं मिलेगा, तब तक मैं 'व्हाइट स्टार' की एक बूंद भी चखने का नहीं और इस बंगले में कदम भी नहीं धरूँगा। अगर तुम कोई संदेश देना चाहो, तो 'होटल मूनलाइट' में 'थ्री स्टार नाइन' पर बात कर लेना। नहीं तो, प्यारीजी, हमेशा-हमेशा के लिए विदा..."

यह सुनकर पहले तो अलबेली नार रोई, फिर हँसी और हँसना मुनासिब न समझकर फिर रोई, क्योंकि वह अपने पति को जी-जान से चाहती थी। उधर पति ने अपने कारोबार के सब नौकरों-चाकरों, क्लर्क-गुमाश्तों को बुला भेजा और उनसे अपने लिए 'होटल मूनलाइट' में इंतज़ाम करने की ताकीद की और सबको आगाह किया कि उस वक्त तक कोई भी अपने काम पर वापस न आए, जब तक एक निहायत इंटेलीजेन्ट, न घटने वाली कल की कल का खिलौना न ढूँढ लाए। फ़ौरन टेलीफून और टेलीमून से चारों तरफ़ विज्ञापन-एजेन्सियों को विज्ञापन भेज दिया गया कि जल्द-से-जल्द वह खिलौना, बना-अधबना, अमुक-अमुक आदमी को धरती पर स्थित भारत के बंबई शहर में भेजा जाए या हवाला दिया जाए। ख़िदमतगार ऐसे स्वामीभक्त कि रोज़ एक बार देहरी पर मत्था टेककर दफ्तरों को जाएँ और एक बार घर जाते वक्त मत्था टेकें जिससे तीन बार देहरी का पत्थर घिस जाने के कारण बदलवाना पड़ा और चौथी बार सख्त ताक़ीद की गई कि या तो इस मालिक-परस्ती में कमी करो, नहीं तो सबकी तनख्वा में से पाँच-पाँच स्टार काट लिए जाएँगे।

नौकरों-चाकरों, खिदमतगारों और सारे एम्प्लाइयों ने रात-दिन एक कर दिया। धरती और चाँद पर कोई जगह ऐसी न बची जहाँ बिजली के बल्ब की तरह रात के अँधेरे में चमकने वाले पोस्टर न लगे हों और 'कमर्शियल सरविस टी.वी. मून एंड अर्थ' से पाँच-पाँच मिनिट के बाद स्पेशल विज्ञापन ब्राडकास्ट न किया जाता हो।

इसी प्रकार एक महीना बीत गया। उधर 'मूनलाइट' होटल में ख़ाविंद अपनी नार की याद में तड़प-तड़पकर मटन चाप खाता रहा, इधर अलबेली नार विरह की खुश्की को खीर और हलुवे से दूर करने की कोशिश करती रही। आखिर सबकी मेहनत का नतीजा फला और एक दिन एक सौदागर-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बच्चे ने 'मूनलाइट' होटल के उस कमरे का दरवाज़ा खटखटाया, जिसमें रात-दिन सर्द आहों की रोशनी बिजली के लट्टुओं की शक्ल में जला करती थी। खाविंद ने पूछा कि तुम कौन? तो वह बोला कि मैं चाँद से आया हूँ, कि खिलौने बनाने में मेरा नाम दो-जहान में मशहूर है। आपको जो खिलौना दरकार है वह मैं दे सकता हूँ, लेकिन क़ीमत क्या मिलेगी पहले यह जानने की ख्वाहिश है। इस पर मर्द-बेक़रार ने कहा कि अपनी आधी सम्पत्ति दे सकता हूँ, लेकिन खिलौना इंटेलीजेन्ट साबित होने पर। इस पर सौदागर-बच्चा एक विचित्र-सी मुसकराहट से बोला, "मैं इस बात में एकदम खरा हूँ। न मुझे आधी संपत्ति की दरकार है, न तुरन्त स्टार चुकाने की। मैं तो सिर्फ़ इतना चाहता हूँ कि मेरा मिशन कामयाब हो।" इस पर जब उससे पूछा गया कि उसका क्या मिशन है, तो वह बोला कि आम जनता के दिमाग़ की हालत खस्ता हो गई है और वे लोग ऊँची क़िस्म की चीज़ों में दिलचस्पी नहीं लेते और संसार को खिलौना समझना उन्होंने छोड़ दिया है। इसीलिए वह ऐसे इंटेलीजेंट खिलौने संसार भर में फैला देना चाहता है, जो सचमुच के इंटेलीजेंट हों।

सो, हे तोते, उस खाविंद की समझ में कुछ न आया, मगर वह इसी से खुश हो गया कि उसकी मुराद बर आई। लेकिन वह चूंकि किसी को ठगने वाला इनसान न था, इसीलिए उसने पूछा कि फिर तुम क़ीमत के बारे में क्यों जानना चाहते थे। सौदागर-बच्चे ने कहा कि क़ीमत तो हर चीज़ की होती है, इसीलिए क़ीमत का कोई-न-कोई नाम धर दिया जाना चाहिए। मेरी ख्वाहिश है कि मैं भी अपनी औलाद के लिए कुछ छोड़ मरूँ। इस पर उस दौलतमंद इनसान ने पूछा कि क्या छोड़कर मरना चाहते हो, तो वह बोला कि पहले आप वचन दो कि आप बुरा न मानेंगे। धनी ने वचन दिया तो सौदागर-बच्चे ने कहा कि अगर कभी दैवयोग से आपकी धन-संपत्ति लावारिस हो, तो वह मुझे या मेरे वारिसों को मिलनी चाहिए। इस पर वह धनिक पहले तो बहुत बिगड़ा, फिर बहुत हँसा और फिर राज़ी भी हो गया, क्योंकि यह माँग कोई बेवकूफ़ ही कर सकता था। फिर भी वह बोला कि अरे सौदागर, तू इतना जान ले कि मेरी स्त्री गर्भवती है और शीघ्र ही उसके संतान होगी, जो मेरी सारी संपत्ति की स्वामिनी या स्वामी होगी! इसलिए तू अपनी इस मूर्खतापूर्ण माँग को छोड़कर कुछ ऐसी क़ीमत मुझसे ले-ले, जो वाजिब हो। पर सौदागर-बच्चा बोला कि ना, मैं लूंगा तो यही लूंगा। चूंकि धनी अपनी बीवी को बेहद चाहता था, इसलिए वह राज़ी हो गया और शहर अदालत में इस

वह देखो,
नारों की अर्थियाँ उठाए आ रहा है
वह जुलूस कार्टूनों का
बासी अखबारों में लपेटे हुए शव को
फटे गुब्बारों-से जिनके सिर
झूलते हैं कन्धों पर
कैमरे के लेन्स-सी हैं आँखें बुझी हुईं
बिगड़े कम्बख्त लाउड स्पीकर-से
जिनके मुख निश्शब्द खुले हैं।
रिपटों से ठुकी हुई निश्चल उँगलियाँ है
दाँतेदार पहिया-सा दिल घूमे जाता है,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तरह का इक़रारनामा दोनों के बीच हो गया, गोकि धनी के कम इंटेलीजेंट नौकरों-चाकरों ने उसे बहुत मना किया कि ऐसा करना ठीक नहीं—कि आजकल इक्कीसवीं सदी

वार्निश से पुते हुए चेहरों पर
रेडियो-एक्टिव धूल की पर्तें जमी बैठी हैं।
टाइप राइटर की 'की' की तरह
सबके पैर बारी-बारी से उठते हैं
और सब एक ही जगह पड़ते हैं,
और फिर लौटकर तुरन्त बिखर जाते हैं।
—भारतभूषण अग्रवाल

का दौर-दौरा है और तरह-तरह के बेहूदा वाद निकल पड़े हैं, जिनसे कभी भी नुक़सान पहुँच सकता है। मगर जो नीली छतरी वाले की मरज़ी थी वही होकर रहा।

इधर, हे तोते, अलबेली नार के पेट में बच्चा छः महीने का भी न हुआ था कि उस नायाब खिलौने की डिलीवरी उस सौदागर-बच्चे ने कर दी। एक बहुत बड़ा आदमक़द पुतला प्लास्टिक का बना हुआ था। देखते ही जिसे तबीयत अश्-अश् कर उठती थी। ऐसे उस पुतले के नाक-नक्श थे और उसे बहुत उम्दा क़िस्म के कपड़े पहनाए गए थे। उसके होठों की दोनों कोरें कुछ इस अन्दाज़ से ज़रा-सी फैली हुई थीं, जैसे बहुत बड़ा विद्वान् इस संसार की निस्सारता को देखकर भीतर-ही-भीतर मुस्करा रहा हो और इस दुनिया के प्राणियों पर दया के फूल बरसा रहा हो। उसके नेत्र आधे मुंदे हुए थे और खूब लँबे थे, जिससे मालूम होता था कि नेत्रों में ज्ञान का प्रकाश इस क़दर है कि आँखें उससे चौंधिया गई हैं और पूरी खुलने में

उन्हें आपत्ति... सौदागर बच्चा उसे स्वयं लिवाकर लाया था और धनिक पति के सामने उसकी खासियतें बयान कर रहा था। उसने बताया कि यह पुतला आपको सारे दर्शनों का सार बताएगा। यह मानस-शास्त्र का पंडित है, मनोविज्ञान में तह तक दख़ल रखता है और एक-एक आदमी की नस-नस को पहचानता है। खाविंद ने पूछा कि किस तरह बताएगा, तो सौदागर-बच्चे ने कहा कि इसके हाथ-पैर नहीं हिलेंगे, लेकिन जिस व्यक्ति को देखकर इसकी आँखें पूरी मुंद जाएँगी वह इसे खूब पसंद होगा! लेकिन जिस व्यक्ति के पीठ फेरते ही इसकी आँखें अपनी स्वाभाविक अधमुंदी मुद्रा छोड़कर पूरी खुल जाएँ, मानों अपने नेत्रों से उसे जला देना चाहता हो, वह इसके स्वामी का घोर शत्रु होगा और उसे हटा देने में ही कल्याण है। इसी प्रकार जब किसी प्रश्न के पूछने पर यह अपनी आँखें पूरी बन्द कर ले, तो प्रश्न का उत्तर 'हाँ' समझिए। यदि मुद्रा वही बनी रहे तो समझिए कि आपकी अक्ल पर तरस खा रहा है। यह चूंकि विशुद्ध ज्ञान का, अल्टीमेट इंटेलीजेन्स का पुतला है, इसलिए यदि आपने कभी इसका निर्देश पालन नहीं किया तो आपका सर्वनाश होगा।

यह बात सौदागर बच्चे ने धनिक के सेक्रेटरी के सामने कही थी, जो इत्तफ़ाक से पुरुष था। क्योंकि धनी को अपनी बीवी से बहुत मुहब्बत थी, सौदागर-बच्चे की यह बात सुनकर सेक्रेटरी ने अपने स्वामी के कानों में फुसफुसाया कि यह पुतला बहुत खतरनाक है, इसे कभी भी घर में नहीं रखना चाहिए! उसने कहा कि मुझे तो ऐसा लगता है कि अगर यह पुतला आपने रख लिया,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तो यही सर्वनाश कर देगा। सौदागर बच्चा समझ गया कि मालिक के कानों में क्या ज़हर ऊँड़ेला गया है। उसने कहा कि जो कोई अल्टीमेट इंटेलीजेन्स का आनन्द लेना चाहता है उसे इस प्रकार के अंधविश्वास में नहीं फँसना चाहिए और हमेशा विशुद्ध बुद्धिमत्ता को प्रोत्साहन देना चाहिए। धनी को तो अपनी बीवी का दिल रखना था, इसलिए उसने तुरंत सेक्रेटरी को बाहर जाने की आज्ञा दी और इक़रारनामे के साथ नत्थी डिलीवरी फ़ार्म पर हस्ताक्षर कर दिए !

जब दस्तख़त हो गए, तो सौदागर ने बताया कि उसे इस खिलौने को बनाने में बहुत मेहनत करनी पड़ी है और बहुत-से जीवकोषों का निर्माण करके इसके ब्रेन में उन्हें पालना पड़ा है, जिनके केमिकल कम्बीनेशन से मिलकर इसका दिमाग़ बना है। यह दिन के आठ घण्टे आपके सवालों का जवाब दे सकेगा और हमेशा उसके लिए तैयार रहेगा। इसके बाद और पहले चार-चार घंटे केवल खड़ा-खड़ा निरीक्षण करेगा और अपनी सफ़ाई और कपड़े बदलवाई कराएगा और आठ घंटा इसका मस्तिष्क विश्राम यानी आराम करेगा। हे तोते, सौदागर-बच्चे की यह बात सुनकर उस धनी ख़ाविंद को बड़ी हैरानगी हुई कि यह खिलौना है या जीवित हाड़-मांस का पुतला ? उसने ग़ौर से पुतले को देखा और उसके पास पहुँचकर उसे टटोला। वह निखालिस ठोस प्लास्टिक का पुतला था। उसका चेहरा भी ठोस प्लास्टिक का बना हुआ था और उसके मुख पर जो मनोहारी, विद्वतापूर्ण मुस्कुराहट थी वह अपनी समस्त करुणा और दया-माया सहित स्थायी रूप से निर्मित थी। धनी को फिर भी संशय था, इसलिए उसने अपनी उँगली पानी से गीली करके उसके नथुनों के पास रखी तो पता लगा कि यह साँस भी नहीं लेता ; उस ठोस पुतले की खोपड़ी के भीतर से भी कानों में कोई आवाज़ नहीं आ रही थी। मात्र उसकी पुतलियाँ हाथ लगाने से ऊपर या नीचे की ओर सिकुड़ और फैल सकती थीं, लेकिन हाथ हटा लेने पर फिर अपनी विद्वत्तापूर्ण स्थिति में आ जाती थीं।

हे तोते, ऐसे नायाब खिलौने को पाकर वह अलबेली नार तो फूली न समाई। अगले दिन दस बजे उस खिलौने के जागने के टाइम पर उसका बाक़ायदा एक चाय-पार्टी में एक अति क्रूर इन्कम-टैक्स आफ़िसर के हाथों उद्घाटन कराया गया। लेकिन सौदागर-बच्चे ने किसी भी भाव उस पार्टी में आना स्वीकार न किया, क्योंकि वह इन सांसारिक व अर्थहीन समारोहों में रस लेने वाला आदमी नहीं था और इसे निरा बचपना समझता था। इसके अलावा उसे अपनी प्रयोगशाला में बड़े-बड़े क़ीमती खिलौनों पर प्रयोग करने थे और वह अपने समय का बड़ा पाबंद था।

इन्कम टैक्स-आफ़िसर ने ठीक दस का घंटा बजने पर खिलौने के सामने पड़ा परदा हटा दिया और उद्घाटन हो गया। दर्शकों ने चाय पीते-पीते तालियाँ बजाईं, अलबेली नार ने प्रसन्न होकर एक स्पीच दी, जिसमें उसने इस नायाब पुतले की विशेषताओं की चर्चा की और दर्शकों में से मुख्य-मुख्य व्यक्तियों को लक्ष्य करके कहा कि वे कोई इंटेलीजेन्ट सवाल उस पुतले से करें और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देखें कि उसका क्या चमत्कार है। इस पर एक दैनिक-पत्र के सम्पादक ने उठकर प्रश्न किया : "मिस्टर अर अर...... अल्टीमेट इंटेलीजेन्स, क्योंकि आपसे ऐसे ही प्रश्न पूछे जा सकते हैं, जिनका उत्तर 'हाँ' या 'नहीं' में हो, तो क्या मैं पूछ सकता हूँ कि आप विवाहित हैं या नहीं ?"

पुतले ने प्रश्न पूछनेवाले की अक्ल पर तरस खाया और वहाँ मौजूद मर्द और औरतों में ठहाकों के बाजार गरम हो गए। सिद्ध हो गया कि विवाह करना कोई इंटेलीजेन्स का सबूत नहीं है, और अगर ग़लती से कर भी लो, तो जल्दी-से-जल्दी इस ग़लती को करेक्ट कर लेना चाहिए। सब लोग पुतले की आँखों में उस हल्की नीली रोशनी को देखने लगे, जो स्पष्ट रूप से उसकी अधमुंदी आँखों की विद्वत्ता से उपजी मालूम होती थी। सो, हे तोते, तूने समझा कि नहीं—विवाह करना निरी बुद्धिहीनता है।

खैर, एक दूसरे साहब उठे और उन्होंने एक राजनीतिक सवाल पूछा, "मिस्टर अल्टीमेट इंटेलीजेन्स, यह बताइए कि तीसरे विश्व-युद्ध की अब भी कोई गुंजाइश रह गई या नहीं, क्योंकि इसकी आशंका लिये-लिये एक सदी गुज़र गई है ?"

पुतले ने इस प्रश्नकर्ता की बुद्धि पर भी उसी भाँति तरस खाया।

अलबेली नार खुश थी, बहुत खुश थी और गर्व से सबकी ओर देख रही थी, क्योंकि, हे तोते, आज तक ऐसा खिलौना न किसी औरत को मिला था, न मिलने की संभावना थी ! लोग बहुत-से सवाल पूछना चाहते थे, लेकिन खिलौने के कल-पुर्ज़े ढीले हो जाएँगे, इस डर से उसके आगे परदा खींच दिया गया।

अलबेली नार ने उस पुतले को अपने ड्राइंग रूम में एक कोने में प्रतिष्ठित किया। वह उसे रोज़ अपने हाथों से प्लास्टिक-पालिश से साफ़ करती, उसके कपड़े बदल देती—और लो, इसके अलावा तो उस अल्टीमेट इंटेलीजेन्स के पुतले को कोई गंभीर आवश्यकता थी ही नहीं। लेकिन फिर भी जहाँ तक होता, वह नार उसे अपनी नज़रों के सामने रखती और हमेशा इस बात का ध्यान रखती कि उसे कोई तकलीफ़ न होने पाए। वह उससे तरह-तरह के सवाल पूछती और हरेक का उत्तर उसे सही मिलता। कुछ ही समय बीतते-न-बीतते उसके सही होने की परख हो जाती। उसने अपने पति को भी इस बात के लिए मजबूर किया कि वह अपने व्यवसाय के मामले में भी उस पुतले से सलाह लिया करे। पति ने भी पाया कि ऐसी सलाह लेने से उसका व्यवसाय दिन-दूना रात-चौगुना बढ़ता जा रहा है। जो कोई मेहमान घर में आता, वह उस खिलौने को ज़रूर देखता और उसकी मधुर मुस्कुराहट की तारीफ़ करता। अख़बारों में उसकी तसवीरें छपीं और उसके ऊपर लेख लिखे गए ! इलेक्ट्रोनिक ब्रेन, सिंथेटिक ब्रेन, ऑटोमेटिक ब्रेन—न जाने क्या-क्या नामों से वैज्ञानिकों ने उसके हवाले दिए और चर्चाएँ कीं।

लेकिन इसका असर उस पुतले पर कुछ न हुआ। उसके कार्यक्रम में एक भी मिनिट-सेकिंड का अंतर नहीं आया। दिन के आठ घंटे वह अत्यन्त आज्ञाकारी सेवक की तरह अपनी ड्यूटी बजाता।

एक दिन चाँद पर सरकारी जल-उत्पादन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

योजना के बहुत-से हिस्से ख़रीदने के बारे में उस धनिक को भर दोपहरी उस खिलौने की सलाह की ज़रूरत पड़ी। उसके हाथ में बहुत-सा काम था, इसलिए उसने अपने सेक्रेटरी को अपनी बीवी के पास भेजा कि सलाह लेकर फ़ौरन वापस आए। अलबेली नार उसे साथ लेकर पुतले के सामने गई और पुतले ने अपनी करुणामयी मुस्कुराहट के साथ 'हाँ' में जवाब दिया। सेक्रेटरी आश्चर्य प्रकट करता हुआ पीठ मोड़कर चलने लगा, तो सहसा ही अलबेली नार क्या देखती है कि आँखें पूरी-की-पूरी खुल गईं और उसका मुंह ज़रा-सा तिरछा हो गया, जिससे आँखों की दिशा बिल्कुल सेक्रेटरी की पीठ की तरफ़ हो गई। सेक्रेटरी तो अपनी धुन में था, इसलिए वह कमरे से बाहर निकल गया, लेकिन अलबेली नार को बहुत डर लगा और उसने तुरंत टेलीवीवर से अपने पति को इस घटना का समाचार दिया और बोली कि जल्दी-से-जल्दी इस सेक्रेटरी को अपनी फ़र्म से हटाओ, नहीं तो न जाने क्या हो! 'अल्टीमेट इंटेलीजेन्स' ने इससे पहले यह हरकत कभी नहीं की थी।

जिस समय बेचारा सेक्रेटरी दफ्तर वापस पहुँचा, उसके नाम मेज़ पर चिट थी कि वह एकांउन्ट्स में जाए और अपना हिसाब कर ले। वह चकित रह गया! यह क्या हुआ? उसने अपने मालिक से मिलना भी चाहा, लेकिन धनी ने मिलने से इन्कार कर दिया। वह उसकी शक्ल भी देखने से घबराने लगा। इस सेक्रेटरी के भीतर कोई-न-कोई अवगुण ऐसा होना ही चाहिए, जिसका पता उस पुतले को हो सकता है। वह तो सिर्फ़ 'हाँ' या 'ना' में जवाब देता है, इसलिए उससे बात खोल कर पूछी भी नहीं जा सकती। ख़ैर, ऐसे ख़तरनाक आदमी से जान बची, लाखों पाए।

इस घटना को अभी महीना भर भी पूरा न बीता था कि धनी का एक अंतरंग मित्र जिसके सहयोग से चाँद पर धनी का एक बहुत बड़ा उद्योग था, पृथ्वी पर महज़ उस पुतले को देखने के लिए आया! उसकी मधुर मुस्कुराहट से वह बहुत प्रभावित हुआ और मौज में आकर उसने मिलाने के लिए अपना हाथ पुतले के आगे बढ़ा दिया, हालाँकि वह जानता था कि पुतला एकदम बेजान है। लेकिन उसके पीठ फेरते ही वही घटना फिर घटी! उस करुणामयी मुस्कुराहट के साथ वे विस्फारित नेत्र मिलकर न जाने कैसी भयंकर मुद्रा प्रस्तुत करते थे कि धनी तो एकबारगी हड़बड़ा ही गया और उसके मुंह से निकल पड़ा—'एं!' इसके साथ ही उसके मित्र ने भी यह समझकर कि शायद पुतले ने कोई विचित्र हरकत की हो, मुड़कर उसकी ओर देखा। लेकिन हे तोते, वह पुतला मुद्रा बदलने में इतना प्रवीण था कि उसकी वही सौम्य मुस्कुराहट, वही अधमुंदे नेत्र, वही धीर-गंभीर रूप उसके मित्र को दिखाई पड़ा। उसने धनी के आश्चर्य पर आश्चर्य प्रकट किया और अपनी धुन में फिर पीठ मोड़कर चलने लगा—और पुतले ने फिर वही रौद्र रूप धारण कर लिया। धनी का मित्र पुतले से कोई सवाल पूछना चाहता था, लेकिन धनी ने बड़ी सावधानी से अगले दिन के लिए टाल दिया। इसके बाद उसने अपने वकील को बुलाया और रात के बारह बजे तक उससे न जाने क्या-क्या मशवरा करता रहा। अगले दिन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसके मित्र को पृथ्वी के अपने बंगले में एक टेलीग्राफ़िक नोटिस मिला, जिसके ज़रिए धनी के साथ उसकी साझेदारी खत्म हो गई। इसके बाद वह भागा-भागा धनी के दफ्तर में आया, लेकिन धनी ने भीतर-ही-भीतर से कहला भेजा कि वह हर क़िस्म का हरजाना देने को तैयार है, लेकिन मिलने की कोई ज़रूरत नहीं।

रात के वक्त धनी ने अपनी बीवी को बतलाया कि भविष्य इसीलिए अदृश्य माना जाता है। ज़रूर इन दोनों व्यक्तियों के भीतर कोई ऐसा दोष था, जिससे भविष्य में मेरी हत्या तक की नौबत आ सकती थी। यह अच्छा ही हुआ कि उनसे छुटकारा मिल गया। इससे लोकप्रियता में थोड़ी ठेस तो लगेगी, मगर जान बची लाखों पाए। बीवी ने भी उसकी हाँ-में-हाँ मिलाई, क्योंकि उसे अपने इंटेलीजेंट खिलौने पर अगाध श्रद्धा थी।

समय आने पर एक आठ पौंड का स्वस्थ बालक उस अलबेली नार की कोख से जन्मा। हे तोते, उस बालक के सारे अंग इतने कोमल और साँचे में ढले हुए थे कि उसकी तसवीरें अखबारों में छपीं। लोगों ने कहा कि यह आदर्श बालक है और बुद्धि में भी कम नहीं होगा। क्यों न हो, उसकी माँ का इतना विचित्र और अजीबोग़रीब दोहला जो पूरा हुआ था। स्वस्थ होने पर अलबेली नार अपने बालक को गोदी में लिये अपने प्रिय खिलौने के पास आई और उससे उसके लिए आशीर्वाद माँगा! आशीर्वाद तो वह क्या देता उसी अपनी मन्द-मन्द अदा से मुस्कुराता रहा, मानो बालक पर अपनी करुणा के फूलों की बरखा कर रहा हो, फिर नेत्र मूंद लिए।

इस बीच ताज्जुब यह रहा कि चन्द्रमा पर उस कारोबार में आश्चर्यजनक उन्नति हुई, जिसमें धनी के मित्र की साझेदारी थी। दम्पति ने समझा कि उसके हाथ एक कल्पतरु लग गया है। इसी पुतले के कारण दूर-दूर तक उनकी रसाई हो गई! इन्कम-टैक्स में भी अनुपात से कमी हो गई। यह सब इन्कम-टैक्स के उच्च अधिकारी के द्वारा पुतले के उद्घाटन के कारण था, क्योंकि इससे इन्कम टैक्स अधिकारी के बहुत-से पाप भी छिप गए थे।

जब तक वह बालक घुटनियों चलने लायक़ हुआ, तब तक उस घर में मानो उस पुतले की पूजा होने लगी। लेकिन इस बीच सभी पुराने संगी-साथियों और नौकरों-चाकरों पर 'अल्टीमेट इंटेलीजेन्स' के स्वामी उस पुतले की कृपा हो चुकी थी और धनी ने उनको निकाल बाहर किया था। पुतले को दिखाना तो हरेक के लिए संभव नहीं था, लेकिन वह औरत समाज में सबसे अधिक बुद्धिमती और उसका खाविन्द सबसे ज्यादा अक्लमंद माने जाने लगे।

तभी एक दिन उस पुतले ने एक नया कारनामा किया। जिस तरह दो तलवार एक म्यान में नहीं समा सकती, उसी तरह दो बुद्धिमान एक ही घर में रहें, यह इंटेलीजेंस के बाहर की बात है—सुपर इंटेलीजेंस की तो बात ही दूसरी है। पुतले की आँखें एक दिन स्वयं घर के स्वामी की पीठ पर जलने लगीं। निगाह पड़ते ही स्वामिनी सनाका खा गई। चेहरा पीला पड़ गया! हाथ-पैर थर-थर काँपने लगे। उसने फिर ध्यान से पुतले को देखा, फिर देखा.... नहीं, उसकी आँखें धोखा नहीं खा रही थीं। उसका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खाना-पीना बन्द हो गया। आँखों की नींद उड़ गई—हाय! कितना प्यार करती थी वह अपने पति को! अब भी तो करती ही है, हालाँकि उसका प्यार उस छोटे-से बालक ने बाँट लिया है—लेकिन इसी से किसी पति का महत्व कम थोड़े ही हो जाता है!

समाज में इज्जत थी, तो सहेलियाँ भी बहुत-सी थीं। इसलिए, हे तोते, उस अलबेली नार को जब अनीमिया हो गया और दिन में दो-दो, तीन-तीन बार बेहोश होने लगी, तो उसकी एक प्रिय सहेली ने इसका कारण पूछा। उस सहेली से उसने कभी अपने हिये की बात नहीं छिपाई थी। पर यह बात अपने मुंह से कहे तो क्योंकर? परन्तु छिपाए भी तो क्योंकर? सहेली बहुत विदुषी थी। अपने पति को भी कभी का छोड़ चुकी थी, इसलिए इंटेलीजेंट भी कम नहीं थी। हे तोते, पुरानी बात है, पतियों के रहते पत्नियों की इंटेलीजेन्स दबी ही रहती है। इसीलिए मुझे तेरे साथ ब्याह का तेरा प्रस्ताव स्वीकार नहीं।

खैर, किस्सा-कोताह, उसने सारा माजरा सहेली को बता दिया। सुनकर वह बोली, "बस, इतनी-सी बात के लिए तू परेशान है! अरी पागल, संसार में इतने वाद प्रचलित हैं। किसी वाद के सहारे देश-देश में किसी व्यक्ति का ढिंढोरा पिट गया, तो किसी के सहारे देश स्वतंत्र व परतंत्र हो गये। किसी वाद के कारण लोगों ने उत्साह के साथ अपने अस्तित्व को तिल-तिल करके गँवाया और अंत तक प्रसन्न रहने की चेष्टा की, किसी के कारण जीवन भर उदास बने रहे। तुझे अपना वाद चुनने में क्या अड़चन है! तू व्यक्तिवाद को पकड़, अपने कल्याण को देख! माता, पिता, पति ये सब किसी के नहीं होते। तेरे त्रिकालदर्शी पुतले ने जो संकेत दिया है वह अचूक है, अविचल है और कठोर भविष्य का संकेत है। अगर तू नहीं चेतेगी, तो ज़रूर किसी दिन तेरा पति ही तेरी हत्या कर डालेगा।"

अलबेली नार के मन में बात जंच गई। वाद का ही सहारा लेना पड़ेगा। बिना इसके दिल मज़बूत नहीं होगा। बिजिनेस तो सारे आजकल ऑटोमेटिक हो गए हैं। इसलिए समृद्धि में कोई कमी तो आएगी नहीं। उसने अपने दिल को मज़बूत किया। एक दिन सुबह-ही-सुबह धनी का पार्थिव शरीर उसके शयनकक्ष में प्राण-रहित पाया गया। तहक़ीकात हुई। सिर्फ़ इतना ही मालूम हुआ कि विटामिन-द्रव का पेय लेते समय उसने नींद की गोलियाँ आवश्यकता से बहुत अधिक मात्रा में खा ली थीं। यह बात जानने का कोई साधन नहीं था कि नींद की गोलियाँ एक-एक करके निगली गई थीं या द्रव में पीसकर मिलाई गई थीं। चारों ओर कोहराम मच गया। अखबारों में धनी के कारनामे और जीवनी

ओ दुर्घटना!
तू महाकाल की नतिनी है या
विधि-विधान की एक पंजिका
तू अदृश्य है
जो रहती भविष्य के गर्भ में,
कब क्या, किससे क्योंकर, कैसे,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छपी और हज़ारों लोगों ने उसके पास सहानुभूति व संवेदना के तार भेजे।

पुतले की मनमोहिनी मुस्कुराहट में न कोई बढ़ोतरी हुई, न कमी। वह वैसे ही निर्विकार भाव से प्रत्येक दर्शनार्थी पर अपनी करुणा के फूल बरसाता रहा।

चन्द्रमा पर वायुमंडल की स्थायी तह जमाने के लिए मशीनरी बैठाने की योजना का प्रारूप तैयार हुआ। पुतले की सलाह ली गई, स्वीकृति मिली। अलबेली नार की पूछताछ समाज में और देश में और भी अधिक बढ़ गई। अब सबको उसी के मुंह की ओर ताकना था। कुछ दिन बीतते-न-बीतते लगा कि जो हुआ उसका कोई साइकोलौजिकल इफैक्ट भी मन पर रखना बेवकूफ़ी है—अच्छा ही हुआ! हाँ, उसकी सहेली की क़द्र बढ़ गई और बच्चे के प्रति लाड़-प्यार भी, जो कि अब अपने छोटे-छोटे पैरों से खूब भागा-भागा फिरने लगा था।

तब एक दिन अलबेली नार अपने ड्राइंग रूम में बैठी एक अत्यन्त आधुनिक पुस्तक का अध्ययन कर रही थी। बालक खेलता फिर रहा था। कभी-कभी नज़र उठाकर वह उसके खेल को देख लेती। इधर-उधर घूम-फिरकर वह बालक एकबारगी उस पुतले के पास भी पहुँचा। फिर, हे तोते, एक भयंकर चमत्कार घटा। पुतले की ओर से पीठ फेरकर बालक अभी कुछ क़दम ही गया होगा कि पुतले की आँखें भयंकर मुद्रा बनाती हुई चौड़ी हो गई, गरदन ज़रा-सी तिरछी हो गई और नेत्रों की दिशा बालक की पीठ से टकरा-टकराकर लौटने लगी। और उसी समय पुस्तक से अलबेली नार की दृष्टि पुतले की ओर गई और उसके मुंह से एक चीख निकल गई—पुस्तक हाथ से छूटकर ग़लीचे पर आ रही। उसकी चीख को सुनकर बालक ने समझा कि अम्माँ उसी की तरह किलकारी भरकर कोई तमाशा कर रही हैं—इसीलिए वह भी किलकारी भरकर अपनी अम्मा की गोद में छिपने को भागा।

माँ ने बच्चे को अपने पैरों में भर लिया। उसके मुँह को जंघाओं में दबा लिया, उसे समेट लिया। किंतु, हे तोते, स्त्री के मनोविज्ञान को उस पुतले ने ग़लत नहीं पढ़ा था। देखते-ही-देखते औरत की आँखें फट गईं और वह बालक से इस तरह दूर जा खड़ी हुई, जैसे वह कोई सँपोला हो। लेकिन उस समय बालक पुतले की ओर देख रहा था, और पुतले की मुस्कुराहट उसी भाँति मानो इस नए शिकार पर करुणा की बरखा कर रही थी—आँखें विद्वत्ता के भार से आधी झुकी हुईं। मुख पर वही तेज, वही ओज। वह पुतला परम पुरुष का प्रतीक लग रहा था।

हे तोते, तू मन-ही-मन कहता होगा कि स्त्री के चरित्र का क्या ठिकाना! समझता होगा कि इस किस्से से तो तेरा कहना ही फलता है और स्त्री बेवफ़ा ही साबित होती है। पर अगर तू हिये की खोलकर देखेगा, तभी

किस पर, किसके लिए कड़ककर
तू आ धमकेगी, चमकेगी
तेरे लिए कहीं दूर है
दिल्ली, कलकत्ता, लखनऊ,
बम्बई, मद्रास, बनारस या पटना,
ओ दुर्घटना!!

—बेधड़क बनारसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुरुष जाति के चरित्र को समझ सकेगा और तू इसमें भी देख कि उस अलबेली नार ने उस बिजूके के लिए क्या-क्या नहीं किया, पर वह ऐसा कृतघ्न निकला कि कुछ न पूछ।

हे तोते, किस्सा यह है कि अपनी ही कोख से पैदा हुए उस बालक को देखते-देखते अलबेली नार को ऐसा लगने लगा जैसे वह कोई बालक न होकर भस्मासुर का अवतार हो। सुना भी था कि कभी-कभी राक्षस भी बालक के रूप में जन्म ले लेते हैं और सारे परिवार को खा जाते हैं। ऐसे सँपोलों का मुँह जितनी भी जल्दी कुचल दिया जाए उतना ही अच्छा। इसलिए वह उस बालक को छत पर ले गई और तीसरी मंज़िल की अटारी से उसे नीचे सड़क पर धक्का दे दिया। फिर नीचे की मंज़िल पर आकर खिड़की से सिर बाहर निकालकर शोर मचा दिया—"हाय, मैं तो लुट गई ! हाय, मैं तो मर गई !—हाय मेरा इकलौता बेटा मुझसे रूठ गया !" आदि-आदि।

जब बेटा मर गया तो अलबेली नार को लगा कि यह उसने क्या कर डाला ! अब तो वह हर वक्त अपना आपा पीटने लगी। उसे अपनी मूर्खता का कुछ-कुछ भान होने लगा। कभी-कभी वह अत्यन्त विश्वास के साथ उस इंटेलीजेंट खिलौने को देखती और उसे उस पर विश्वास करना पड़ता। उसी की टिप्स से तो उसका यानी उसके मृत पति का सारा कारोबार दुगुना फला-फूला था ! वह ग़लत कैसे हो सकता था ? हे तोते, फिर भी वह उदास-उदास रहने लगी और उसका दिमाग़ अपने ठिकाने से डिग गया। हर वक्त सवाल दीगर, जवाब दीगर।

लेकिन, तोते, उस दिन तो वह एकदम पागल ही हो गई, जब उसी ड्राइंग-रूम में खिलौने के सामने लगे शीशे में उसे दिखाई दिया कि अब वह ज़ालिम पुतला उसी की पीठ पर अपनी क्रूरतापूर्ण आँखें निकाल रहा था। यह देखते ही उसे लगा कि अब तक पुतले ने जो कुछ भी कहा था वह महज़ एक धोखा था और उसे सर्वनाश के गड्ढे में धकेलने का प्रयत्न था। यह जानते ही अपने निरीह पति व पुत्र की भोली सूरतें उसके सामने नाचने लगीं। अपनी ही मूर्खता पर उसे इतना क्रोध आया कि वह आपा खो बैठी और उसने पिस्तौल निकाल कर पुतले के सिर का निशाना बाँधा और घोड़ा दबा दिया। गोली खाते ही पुतले का सिर सैकड़ों फाँकों में खुल गया और उसके भीतर तारों व कंडेन्सरों, वाल्वों व सरकिटों का एक जाल पूरा नज़र आया ! भेद इस तरह खुल जाने पर भी पुतले के मुंह पर वही सौम्य और दयामयी मुस्कुराहट छायी हुई थी, मानो उस औरत की हालत पर तरस खाना उसने अब भी न छोड़ा हो।

फिर हे तोते, उस औरत के देखते-ही-देखते उस यंत्र-जाल में से एक भयंकर लपट उठी और सारे यंत्र की धातुएँ उसमें पिघल कर एक गोला बन गईं। वह पुतला भी धू-धू करके जल उठा और उसकी प्लास्टिक पिघलकर फ़र्श पर बहने लगी।

यह सब माया-जाल देखकर औरत की आँखें फटी-की-फटी रह गईं। हे तोते, बस, मेरी दास्तान इतनी ही थी। अब तू समझ ले कि मरदों की जात का कोई भरोसा नहीं !"

तोता यह दास्तान सुनकर और भी कुढ़ा। मन-ही-मन उसने सोचा कि यह मैना किस्से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहते-कहते बावली हो गई है और उसका दिमाग़ फिर गया है, वरना यह इस किस्से को कहकर अपना पक्ष किस तरह सिद्ध करने की चेष्टा करती ? उसने कहा, "हे प्यारी मैनाजी, ज़रा इस दोहे को सुनो—

"आरसी पै मक्खी रीझे,
मुंह तो देख लजावा का,
चित भी मेरी पट भी मेरी
अंटा मेरे बाबा का।

हे मैनाजी, तुमने भी वही मसल दिखाई और किस्सा भी अधबीच में छोड़ दिया। अरी मेरी बावली मैनाजी, उस अलबेली नार की आँखें फटी-की-फटी नहीं रह गईं, बल्कि बहुत करके खुल गईं। अपने सेक्रेटरी को बुलाकर वह दो दिन तक उनसे न जाने क्या मिसकौट करती रही! उन्होंने भी आने-जाने का ऐसा चक्कर बाँधा कि पैरों में मोटर के पहिए लगा लिए। सैकड़ों काग़ज़ों पर दस्तखत करवाए और जब सारे काग़ज़ खतम हो गए, तो अलबेली नार ने स्नान करके अपने सबसे सुन्दर वस्त्र पहने और अपने ड्राइंग रूम में ठीक उसी जगह पर बैठकर, जहाँ वह उस पुतले को देखा करती थी, शांति के साथ पिस्तौल कनपटी पर लगाकर घोड़ा दबा दिया।

मैनाजी, इस खानदान के बरबाद होने का हाल चाँद और अभी दुनिया के कोने-कोने में ब्राडकास्ट हुआ और छपा और सप्ताह भर भी न बीता था कि सौदागर-बच्चा आ मौजूद हुआ। सालिसिटर का पता उसने अखबारों में पढ़ ही लिया था, इसलिए वह सीधा उसी के पास पहुँचा और कहा कि शर्तनामे के मुताबिक़ अब अलबेली नार के वंश की सारी संपत्ति का वही हक़दार है। यह सुनकर सालिसिटर मुस्कराया और कहा कि बेशक वही है। यह कहकर उसने अपनी मेज़ की एक दराज़ खोली और उसमें से एक रसीद निकाली और उस पर उसके हस्ताक्षर कराए। फिर एक सीलबन्द लिफ़ाफ़ा निकाला और उसे पकड़ा दिया कि जाओ जो कुछ वह अपने पीछे तुम्हारे लिए छोड़ गई हैं, वह इस लिफ़ाफ़े में बन्द है।

सौदागर बच्चे ने समझा कि इसमें न जाने कितनी मूल्यवान वस्तुएँ हों। इसलिए उसने फ़ौरन सालिसिटर के सामने ही लिफ़ाफ़ा फाड़ डाला और देखा, उसके भीतर एक ख़त रखा हुआ था। खोल कर पढ़ा, तो उसमें यह लिखा पाया— 'ए ज़ालिमों के सरताज़, तूने अपनी नापाक इंटेलीजेन्स का अच्छा जादू चलाया और उसमें खूब कामयाब हुआ। हाय फ़लक, मैं समझी भी तो तब जब सारा खेल ही खतम हो चुका था! जिस दिन से तेरे साथ शर्तनामा हुआ, उसी दिन से तू अपनी लेबोरेटरी में बैठा टेलीवीज़न पर आठ घण्टे रोज़ हमारे ड्राइंग रूम की लीला देखा करता था, जिसका एक छोटा-सा लेकिन ताकतवर कैमरा तूने उस पुतले के दिमाग़ में फ़िट कर रखा था। इसी से जैसा जवाब तू चाहता था वैसा दिया करता था, जिस पर तेरी कुदृष्टि होती थी, उसकी पीठ को घूरा करता था। हाय, तेरे चक्कर में आकर मैंने अपनी दुनिया अपने हाथों से मिटा दी! मैं अपनी सारी सम्पत्ति अपने जीते-जी सार्वजनिक संस्थाओं को दान दिए जा रही हूँ और क़ानून किसी तरह भी तेरा तरफ़दार न होगा, क्योंकि जीते-जी अपनी संपत्ति की मैं ही स्वामिनी हूँ, तू नहीं। फिर भी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मरते-मरते मैं तेरी इंटेलीजेन्स पर फ़िदा हूँ और तुझे निराश नहीं करना चाहती क्योंकि दुनिया में मैंने सिर्फ़ तेरी इंटेलीजेन्स का ही लोहा माना। हमारे घर में जा और सेफ़ रूम की चावी, जो इसी लिफ़ाफ़े में है, उससे सेफ़-रूम का ताला खोलकर भीतर से बंद कर ले और फिर इसी चाबी से सेफ़ खोलकर वह हीरा निकाल ले, जिसे कभी पश्चात्ताप होने पर समूचे-का-समूचा निगल लेना। हे सौदागर-बच्चे, तेरी बेवफ़ाई पर मैं फ़िदा—अलविदा, अलविदा, अलविदा!'

हे मैनाजी, चिट्ठी पढ़कर सौदागर-बच्चे ने लिफ़ाफ़ा टटोला तो उसमें चाबी मिली। वह उस चाबी को लेकर भागा-भागा अलबेली नार के महलनुमा मकान में गया, जो एकदम सुनसान पड़ा था। वहाँ जाकर उसने सेफ़-रूम का ताला खोला और फिर भीतर से सावधानी से बन्द करके सेफ़ खोला। उसमें सामने ही वह पिस्तौल रखी थी, जिससे अलबेली नार ने आत्महत्या की थी और जिसे वहाँ रखने की वसीयत वह कर गई थी। उसी के बराबर में एक हीरा रखा था, जो नकली था। मगर सौदा बच्चे ने उसे असली ही समझा और उठा कितनी ही देर तक उसका बड़ा आ और कटिंग देखकर प्रसन्न होता र फिर जब वह पिस्तौल को वहीं छोड़ वा दरवाज़े पर पहुँचा और उसे खोलने ल तो वह नहीं खुला। उसने घबराकर व ज़ोर लगाया, फिर भी नहीं खुला—फि वह चिल्ला-चिल्लाकर जोर लगाने ल लेकिन बेकार—दरवाज़ा न खुलना न खुला—क्योंकि उस चाबी से वह केव बाहर से ही खुल सकता था। हे मैं उस सेफ़-रूम की दीवारें भी पक्के स्टील थीं और वहाँ से आवाज़ बाहर नहीं सकती थी।

सो, मेरी प्यारी मैनाजी, तुम मे इंटेलीजेन्स को दाद दो कि यह क़िस्सा औ इसका पूरा नतीजा जानकर भी मैं एक और से शादी करने की दरख़्वास्त कर रहा हूँ मेरी दरख़्वास्त मंजूर हो!"

आखिर मैना को तोते पर प्यार आ और दोनों की लव-मैरिज हो गई। •



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



शरद जोशी

जी, यह फ़िल्म नहीं है, कहानी है जो जिन्दगी का सही प्रतिबिम्ब होती है।

"तो शुरू कीजिए।"

"जी, एक लड़की थी।"

"ख़ैर, कहानी आप कह रहे हैं इसी से साफ़ ज़ाहिर है कि कहीं-न-कहीं एक लड़की होगी। इसी रील पर तागा लिपटता है।"

"लड़की सुन्दर, नाक-नक्श ओ-के, रंग गोरा और उम्र.... !"

"सोलह।"

"जी नहीं, चौदह।"

"'आय एम सॉरी !"

"और एक लड़का था।"

"मेरे ख़याल से हम कहानी वहाँ से आरम्भ करें कि ये दोनों मिल चुके हैं, और प्रेम हो चुका है।"

"क्यों ? वे कैसे मिले इसमें आपकी रुचि नहीं ?"

"बिलकुल नहीं। कोई बस से अपोलो बन्दर पहुँचा, ट्राम, ट्रेन या टैक्सी

अन्धा माई-बाप लाचार !

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से पहुँचा, कोई अन्तर नहीं पड़ता। वह पहुँच गया। इसी तरह से मानिये कि ये लोग मिले और प्रेम हो गया।"

" जी हाँ, पर यदि कोई पैदल घिसटता पहुँचा हो तो अंतर पड़ता है।"

"क्या पड़ता है ?"

"यही कि वह थककर चूर हो चुका होता है और तब किसी काम का नहीं रहता।"

"आप यह कहना चाहते हैं कि जब तक आपके हीरो का उस लड़की से प्रेम हुआ तब तक वह ढेर हो चुका था।"

"काफ़ी हद तक।"

"तो सुनाइये !"

"हीरो, जिसका नाम मैं महेश रखूंगा...!"

"महेश, पुराना-सा नाम है, आप कुछ नया-सा नाम रखिए, जैसे 'बादल' या 'अंतरिक्ष' या 'आकाश' वगैरह !"

"जी नहीं, महेश, क्योंकि वह एक मजदूर है, ग़रीब वर्ग से आया है।"

"मज़दूर हीरो होता है तो कई बातें सुलझ जाती हैं जैसे कि सभी पाठक यह समझ जाते हैं कि उसका शरीर ताक़तवर होगा, सीना चौड़ा और हाथ-पैर मज़बूत होंगे। है ना ?"

"हाँ, कोई व्यक्ति ग़रीब भी हो और उसका स्वास्थ्य भी ख़राब हो तो लड़की के लिए कोई कारण नहीं है कि वह प्रेम करे। सो, महेश मिल में मज़दूर है, स्वस्थ है, सुन्दर है, माँ का इकलौता बेटा है और.... !"

"माँ विधवा है ?"

"जी।"

"वाह प्यारे ! अपने हीरो के लिए पाठक की सारी सहानुभूतियाँ आप केन्द्रित कर रहे हैं।"

"सिर्फ़ यही नहीं, वह एक कवि है, मज़दूर-नेता है, जब चाहे तब, जहाँ चाहे वहाँ स्ट्राइक करवा सकता है। और उस पर कविता भी लिख सकता है।"

"माफ़ करना, यह कहानी बड़ी लचर लगती है। यही कि लाठी-चार्जिंग होगा, हीरो का सिर फूटेगा और वह लड़की गोद में उसका सिर रखकर टिसुए बहाएगी।"

"नहीं, ऐसा नहीं होता। आधी रात को पुलिस मज़दूरों के नेताओं को गिरफ्तार करती है और जब तक लड़की सोकर उठी, जनाब जेल में बन्द थे।"

"यानी आप विरह पर उतर आए। प्रतीक्षा करवाएँगे, पत्र भिजवाएँगे और कहानी लम्बी करने के सभी पुराने नुस्खों का इस्तेमाल करेंगे ?"

"ग़लत समझे। मैं इस मौक़े का फ़ायदा लेकर लड़की की शादी दूसरी जगह करवा दूंगा। वह जेल में बंद है और इधर शहनाइयाँ बज रही हैं। बाप, बेटी को पराये के हाथ विदा कर देता है। वह रोती-धोती अपने प्रेमी को याद करती-भुलाती ससुराल चली जाती है।"

"अर्थात् आप लड़की के पिता को एक ज़ालिम की तरह पेश करेंगे ? और उसके पति को अत्यन्त विलासी, पैसेवाला दुश्चरित्र आदि ?"

"कोई आवश्यकता नहीं। उसका पिता एक आम हिन्दुस्तानी बाप की तरह है जो चौदह साल की लड़की ब्याहना जरूरी समझता है और पति एक साधारण व्यक्ति है जिसे नौकरी लगने पर शादी की सूझती है ताकि होटल में खाने की चकल्लस न रहे और वे सभी फ़ायदे हों जो घर में औरत आ जाने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर होते हैं।"

"तो आप लड़की का जीवन दुखी करेंगे; सारे सुख होने पर भी उस महेश मजदूर की याद में वह दुबली रहेगी। घर में गाय होने पर भी दूध नहीं पीयेगी, बाग़ होने पर भी फूल नहीं तोड़ेगी और हारमोनियम होने पर भी नहीं बजाएगी ?"

"नहीं, मेरी कहानी आम कहानी से यहीं अलग होती है कि मेरी हीरोइन. . . . "

"बाई द वे, लड़की का नाम क्या है ?"

"बिन्दो ! तो बिन्दो दूध भी पीती है, फूल भी सूंघती है और हारमोनियम भी बजाती है।"

"यानी बच्चे की माँ हो जाती है !"

"आप ठीक समझे। कोई कारण नहीं कि मैं उसे निपूती रखूँ।"

"ठीक है, पर उस मजदूर महाशय को सरकार ने स्थायी रूप से तो जेल में बन्द किया नहीं होगा। वह छूटे कि नहीं छूटे ?"

"छूट गये।"

"बड़े रोये होंगे बिन्दो की शादी की सुनकर। कवि भी तो हैं। कोई दर्द-भरा गीत लिखा होगा जिसकी तुकें आँसू और हिचकियों के बावजूद बराबर ठीक रही होंगी।"

"हाँ, दुखी तो वह है ही। जेल से छूटा और यह खबर ! गीत वगैरह भी लिखता पर इसी क्रम में मैं आपको बतादूँ कि मैं कहानी को यहाँ ज्यादा देर न उलझाकर महेश की शादी करवा देता हूँ।"

"वह शादी नहीं करेगा।"

"करेगा क्यों नहीं, जब मैं करवाऊँगा !"

"मेरा मतलब बिन्दो से पत्र वगैरह डलवाओ कि हे प्राणप्यारे ! अब मुझ अभागिन को भूल जा और तुरत किसी से शादी करले और सुख से जी।"

"बेकार है। मैं तो सीधे शादी करवाता हूँ। माँ कहती है कर शादी और वह कहता है, हाँ, जो तेरी मरजी।"

"प्रेम से अधिक आप बेवफ़ाइयों के उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं—दोनों ओर से। कम-से-कम एक को आपको कुँवारा रखना ही चाहिए।"

"देखिए, यह फ़िल्म नहीं है, यह ज़िन्दगी है। दोनों की पटरी अलग-अलग हो जाती है और समानान्तर चलती है।"

"पर पाठक इस पटरी पर अब नहीं चलेगा। उसके पास बेकार समय नहीं है। वह आपकी कहानी को बोर समझकर छोड़ देगा और दूसरी पढ़ेगा।"

"नहीं, वह यही पढ़ेगा क्योंकि यहीं से, इसी स्थिति से मेरी कहानी आरंभ होगी।"

"और इसके पहिले जो घोटाले हुए, वे ?"

"वे सब फ्लैशबैक के रूप में आवेंगे। कहानी शुरू होती है कि महेश घर आता है, बच्चे उससे झूल जाते हैं।"

"महेश के अपने बच्चे या मोहल्लेवालों के बच्चे ?"

"उसके अपने बच्चे, जो शादी के बाद पत्नी से हुए।"

"खैर, झूम जाते हैं, फिर ?"

"पत्नी चाय लाती है और वह डाक देखता है।"

"मेरे खयाल से डाक में बिन्दो की चिट्ठी होगी।"

"है। लिखती है कि मुझे आशा है, मुझे भूले नहीं होगे। कल एक पत्रिका में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुम्हारा गीत पढ़ा तो तुम्हारी याद आ गई। दिल ने कहा लिखूं, तो लिख रही हूँ। पता पत्रिका में दिया था। आशा है, तुम अच्छे-भले-प्रसन्न हो। मैं अब तीन बच्चों की माँ हूँ और मेरे पति रेलवे में हैं। मैंने तुम्हारे बारे में उन्हें बताया और कविता भी दिखाई। वे भी तुम्हारे दर्शन को उत्सुक हैं। तुम कैसे हो, क्या हो, लिखो और कभी मिलने आओ। उत्तर की प्रतीक्षा में तुम्हारी ....''

"बिन्दो।"

"हूँ।"

"पत्र लम्बा है, महेश की चाय ठण्डी हो रही होगी।"

"क्या किया जाये ?"

"पत्नी से याद दिलाओ कि चाय ठंडी हो रही है !"

"याद दिला भी दें, तो क्या होगा !"

"अतीत और वर्त्तमान का मिलन। पूर्व-प्रेमिका का पत्र और इधर पत्नी की दी हुई चाय।"

"समझो कि वह पत्र पढ़ रहा है और सिप भी लेता है।"

"मैं यही चाहता हूँ। यहीं उसका चरित्र खुलकर आवेगा और आगे भी वह पत्नी और प्रेमिका दोनों से उलझे रहने में समर्थ है— यह स्पष्ट हो जावेगा।"

"पर इसी के साथ-साथ वह सारी घटनाएँ, बिन्दो के प्रेम की—जो महेश के जीवन में घटी हैं—उसकी आँखों में घूम जाती हैं।"

"एक चलचित्र की तरह ना सिर्फ़ पन्द्रह-बीस पंक्तियों में, क्योंकि ज्यादा जगह लेने पर याद रखना, पाठक के बोर होने का खतरा है।"

"हाँ कुछ ही पंक्तियों में सब हो जावेगा और इधर चाय समाप्त हो जावेगी।"

"पत्र पढ़ते समय महेश के चेहरे पर जो भाव उठ रहे हैं, क्या पत्नी उन्हें ध्यान से देख रही है ?"

"देख रही है।"

"तो उससे कुछ कहलवाओ। प्रश्न करवाओ कि किसका पत्र है।"

"करवाऊँगा, जल्दी क्या है ! कहानी मेरी है और हर बात को उठाने का मेरा अपना टेकनिक है।"

"खैर, चलिए।"

"रात हो जाती है, महेश को नींद नहीं आ रही है। पत्नी पूछती है कि आखिर बात क्या है ? तुम इतने परेशान क्यों हो ? महेश कहता है, कुछ नहीं यों ही। पत्नी कहती है कि आज यह किसका पत्र आया है जिसे पढ़ने के बाद से तुम उदास हो ? क्या प्रकाशक तुम्हारा गीत-संग्रह छापने से इन्कार कर रहा है ? महेश तब सारी बात उसे सुना देता है और विवाह के पूर्व की अपनी प्रेम-कहानी कह देता है।"

"यह है आपका टेकनिक !"

"जी हाँ, आपको एतराज है ?"

"अरे, औरत, औरत होती है। डाकिया

बेच-बेचकर गान्धीजी का नाम
बटोरो वोट
हिलाओ शीश
निपोड़ो खीस
राजघाट में बापू की वेदी के आगे
अश्रु बहाओ।
वैसे घी के चह - बच्चों में,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जब चिट्ठी डाल गया था वह तभी भाँप लेती है कि पते की लिखावट किसी लड़की की है। महेश के आने के पहले वह पत्र पढ़ चुकी होती है और रात को बच्चों के सो जाने के बाद वह साफ़ शब्दों में पूछती है कि बताओ, यह बिन्दो कौन है ? और महेश को बताना पड़ता है।''

"नहीं। महेश और पत्नी के बीच परस्पर गहरा विश्वास है, प्रेम है, और मैं उसमें अभी कोई दरार नहीं डालना चाहता। महेश स्वयं ही पत्नी को सारी बात सुनाता है। पत्नी उससे कहती है कि वह पत्र का जवाब दे; लिख दे कि उसके तीन बच्चे हैं और पत्नी है। वे सुखी हैं और मिलने को उत्सुक हैं।''

"ऐसा क्यों ?''

"पत्नी, जो महेश के प्रति आश्वस्त है, अपनी सहज नारी-सुलभ जिज्ञासा के कारण बिन्दो को देखना चाहती है, मिलना चाहती है और अपने सुखी संसार का चित्र दिखाकर बिन्दो को जलाना चाहती है। पत्नियाँ इस स्थिति में अपने को बड़ा सुखी अनुभव करती हैं कि पति उनकी बाँहों में है। और दूर से देखती प्रेमिका आहें भर रही है।''

"आह ! पति भी-तो ऐसे होते हैं जो अपनी पत्नी के प्रेमी को इसी तरह जलाते हैं। खैर, तुम आगे कहो।

"तो महेश पत्र का जवाब देता है। बिन्दो फिर पत्र लिखती है, वह फिर जवाब देता है। वह फिर पत्र लिखती है, वह फिर जवाब देता है।''

"एक चिड़िया आई, दाना ले गई..फुर्र ! एक और चिड़िया आई, दाना ले गई...फुर्र ! एक और चिड़िया आई, दाना ले गई · फुर्र ! आखिर यह कब तक चलेगा ? आप पत्र और लिखकर कहानी लंबी करते चले जावेंगे, उसमें क्या फ़ायदा ?''

"लम्बी कहानी का सबसे बड़ा फ़ायदा यही है कि उसमें पारिश्रमिक ज्यादा मिलता है।''

"कहानी एक कला है, धंधा नहीं।''

"कला लिखते समय है, छपाते समय धंधा है।''

"मैं यही कह रहा हूँ जनाब। आप पत्र-व्यवहार ज्यादा न करवाइये।''

"ठीक है, मैं सिर्फ़ कहानी में यह लिख भर दूंगा कि पत्र आये और गये। पर मैं यह बताना चाहता हूँ कि बिन्दो महेश से मिलने को पागल हो रही है। वह एक बार फिर अपने खोये हुए अतीत को पकड़ना चाहती है, अधूरी प्यास बुझाना चाहती है।''

"कहानी अश्लीलता की ओर प्रवृत्त हो रही है, सावधान !''

"मैं मजबूर हूँ। कुछ नहीं कर सकता। एक दिन महेश को उसी नगर से कवि-सम्मेलन का निमंत्रण आता है जहाँ बिन्दो रहती है। वह बिन्दो को लिखता है, मैं आ रहा हूँ और पहुँच जाता है।''

"और महेश की पत्नी उसे सरलता

अमृत की हौदी में,
बाबू, खूब नहाओ।
हमें छोड़ दो राम-भरोसे
जिएँ तो भले,
मरें तो भले,
क्या बिगड़ेगा अजी, तुम्हारा !

—नागार्जुन

अन्धा माई-बाप लाचार : शरद जोशी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से जाने देगी ? क्या वह रोकेगी नहीं ?"

"नहीं, उसे अपने पति पर विश्वास है। वह महेश को जाने देती है और साथ में बिन्दो के बच्चों के लिए खिलौने भी भिजवाती है।"

"ताकि बच्चे खिलौने खेलते रहें और प्रेमी-प्रेमिका की निर्विघ्न मुलाक़ात हो सके। उफ्, संसार की हर ट्रेजेडी के मूल में सदैव किसी स्त्री का कोई मूर्खतापूर्ण क़दम रहा है।"

"महेश बिन्दो के यहाँ जाता है। उससे मिलता है, उसके बच्चों से मिलता है, उसके पति से मिलता है। बिन्दो का पति एक साधारण हैसियत का व्यक्ति है, रेलवे में नौकर है और घर-गृहस्थी चलाता है। वह महेश के कवि-व्यक्तित्व से प्रभावित है और उसका सम्मान करता है।"

"करेगा क्यों नहीं, उसी पर तो कहानी की दारोमदार है। न वह प्रभावित होता और न महेश बिन्दो के पास फटक पाते।"

"प्रभाव तब बढ़ जाता है जब बिन्दो और उसका पति कवि-सम्मेलन में जाते हैं और महेश की प्रशंसक पागल जनता को देखते हैं। महेश गाता है और सब झूमते हैं।"

"बिन्दो भी झूमती है ?"

"क्यों नहीं झूमेगी ! आखिर महेश के गीतों में उसके प्रेम की कहानी छिपी हुई है। वह रुआँसी हो जाती है और महेश के समीप पहुँचने को आकुल।"

"गीतों के कारण स्त्रियों का चरित्र किस प्रकार भ्रष्ट होता है यह इसका अनुपम उदाहरण है।"

"चुप रहो और सुनो ! तब एकान्त में महेश बिन्दो से पूछता है—निष्ठुर, चली गई ना दूसरे से विवाह कर ? मेरी प्रतीक्षा नहीं कर सकी ! बिन्दो कहती है—मैं मजबूर थी। मैं क्या करती ! पिताजी ने मुझे बाँध दिया। पर तुम भी कैसे हो, जेल से लौटकर मुझसे मिलने भी नहीं आये ! मुझे बिलकुल भुला बैठे ! महेश कहता है—मैं तुम्हारे सुखी संसार में हलचल नहीं लाना चाहता था ! बिन्दो कहती है—मैं तुम्हे कबसे खोज रही...।"

"यानी कुछ इसी क़िस्म के डायलॉग चलते रहते हैं। पर महाशय, यह बताइये कि बाद में क्या होता है और कब होता है ?"

"बाद में, बरसों से सुप्त प्रेम की धारा फिर फूटती है। राख ढके अंगारे फिर चमकने लगते हैं और ...महेश और बिन्दो प्यार के पाश में बँध जाते हैं।"

"यू मीन इललीगल रिलेशंस ! एक अनैतिकता ! पर-स्त्री से पर-पुरुष का संबंध ?"

"हाँ, तुम जैसा कहो, पर यह होता है। इसके मूल में एक मनोवैज्ञानिक भूमिका है।"

"है तो ! पर मेरे यार, ज़रा ग़म खाओ, सबर खाओ ! पहली ही मुलाक़ात में बंटमार मत करवाओ। महेश को अभी प्यासा रिटर्न कर दो। देखो, इससे कहानी की डिगनिटी बनी रहेगी।"

"प्यासा लौटा दूँ, और कुएँ के पास से ? असंभव !"

"मरे जाते हो यार ! ज़रा ठहरो तो। कहानी का आनंद तो तब है जब कुआँ प्यासे के पास जावे।"

"यानी कुछ दिनों बाद बिन्दो महेश के यहाँ जाती है ? ठीक है, ऐसा ही सही। तो महेश लौट आता है। बिन्दो और उसके पति को घर आने का निमंत्रण देकर। बिदाई के समय वह बिन्दो को सीख देता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि मैट्रिक के बाद से वह जो पढ़ना-लिखना छोड़े बैठी है, वह बुरी बात है। बिन्दो कहती है, मैं पढ़ूँगी।"

"ढाई अक्षर प्रेम के तो पढ़ चुकी, अब साढ़े तीन अक्षर ज़िन्दगी के पढ़ेगी!"

"महेश को बिन्दो रह-रहकर याद आती है। वह खोया-खोया, उदास रहता है और उसके गीतों में वह पीड़ा झलकने लगती है। इधर बिन्दो भी हर बार जब महेश को पत्र लिखती है, उसका मन मिलने को उतावला हो जाता है।"

"मिलने का कोई बहाना खोजिए जनाब!"

"खोजा है।"

"क्या?"

"साहित्य-रत्न की परीक्षा में बैठने के लिए बिन्दो उसी नगर का सेन्टर माँगती है जहाँ महेश रहता है।"

"क्यों, क्या वहाँ सेन्टर नहीं था?"

"था, महेश जैसा साहित्य का उपयुक्त शिक्षक कहाँ मिलता!"

"हो चुकी पढ़ाई फिर तो।"

"मुझे परीक्षा से खास मतलब नहीं। मुझे बिन्दो को महेश के यहाँ लाना है। बिन्दो आती है। पति के पास बच्चों को छोड़कर वह परीक्षा के कई दिन पूर्व महेश के यहाँ आ जाती है।"

"पाइन्ट आफ इन्फ़ार्मेशन!"

"क्या?"

"महेश की माँ मर चुकी है या नहीं, स्पष्ट कीजिए।"

"नहीं मरी।"

"उसे मरवाइये।"

"क्यों?"

"मेरे ख़याल से उसका मर जाना ही बेहतर है। इसके पूर्व कि वह अपने पुत्र को बहू के अलावा किसी और स्त्री से उलझा हुआ देखे, अच्छा है कि वह मर जाय।"

"मगर मैं उसे नहीं मारूँगा।"

"ख़ैर, जैसी आपकी मर्ज़ी। आपके पात्र हैं, मारिये या जिलाइये।"

"महेश की पत्नी देखती है कि उसका पति बिन्दो की तरफ़ तेज़ी से खिंच रहा है। वह उसी से बातें करता रहता है, उसी में डूबा रहता है।"

"उसका माथा ठनका होगा!"

"माथे से बड़ी समस्या है पेट की। उसे बच्चा होने वाला है। वह बीमार है। माँ देख-भाल करती है और बिन्दो घर सँभा-लती है। पत्नी डिलीवरी के लिए अस्पताल जाती है और इधर महेश और बिन्दो एक दूसरे के और निकट आ जाते हैं।"

"वर्षों की दमित कुंठित वासनाएँ फूट पड़ती होंगी।"

"हाँ।"

"साहित्य-रत्न के इम्तहान का क्या हुआ?"

"परीक्षा होती है, बिन्दो के पेपर अच्छे जाते हैं।"

"पेपर कैसे भी जाएँ, उसका कहानी पर असर नहीं पड़ता।"

"यह तो है ही। तो मैं कह रहा था कि बिन्दो और महेश एक दूसरे के और निकट आ जाते हैं। महेश की पत्नी जब मैटरनिटी होम से लौटती है तो देखती है कि माजरा बदला हुआ है, पर वह कुछ नहीं कहती। वह कमज़ोर है और बिन्दो उसकी सेवा करती है। महेश और उसकी पत्नी के प्रेम में रत्ती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भर की कमी नहीं है।''

"अर्थात् महेश भाई बड़ी ख़ूबी से दोनों नावों पर पैर रखते हुए चल रहे हैं। यह सरकस आख़िर कब तक चलेगा?''

"यहीं म समझ नहीं पा रहा कि यह आख़िर कब तक चले और अब कहानी को किधर मोड़ा जाय?''

"सोचिए, सोचिए!''

"मैं आपसे सलाह चाहता हूँ।''

"सब गुड़गोबर करके रख दिया और अब मुझसे सलाह माँगते हो? एक तो तुमने बिल्कुल सतही क़िस्म की, छिछली कहानी गढ़ी है और उसका भी हल नहीं निकाल पा रहे हो! अच्छा, ऐसा करो, उस रेल्वे वाले आदमी को बुलाओ जो बिन्दो का पति बना बैठा है और उसके साथ बिन्दो को रवाना कर दो।''

"प्रेम की गुत्थी ऐसे नहीं सुलझेगी। मैं चाहता हूँ, समस्या का हल निकले।''

"महेश के मन में बिन्दो के लिए नफ़रत पैदा करा दो।''

"असंभव। महेश बिलकुल मूर्ख है। वह पत्नी से भी प्रेम करता है और बिन्दो उसकी कमज़ोरी है। अन्धा हो गया, अन्धा! आपने वह शेर सुना है :

'इश्क तो अन्धा था ही था,
आशिक भी अंधा हो गया।
थामे जिगर सुने कोई,
अंधा माई-बाप लाचार था।

वह अंधा माई-बाप लाचार है।''

"फिर तीसरा रास्ता यह है कि कोई ऐसी छोटी-सी घटना करवाओ जिससे बिन्दो को अपने कर्तव्य का ध्यान आ जाए और वह लौट जावे।''

"यह आदर्शवादी फार्मुला पुराना हो गया है। कोई नया रास्ता बताइये।''

"हूँ, नया रास्ता चाहिए। पुरानी समस्या को नया हल चाहिए। पर मैं आपको साफ़ बतला दूँ कि आपकी यह रचना नई कहानी नहीं मानी जावेगी। नई कहानी में केवल एक मन: स्थिति का चित्रण होता है और आपने यहाँ बाक़ायदा कोर्ट-केस खड़ा कर दिया है। अब बेहतर यही है कि आप सारे क़िस्से की कोतवाली में रिपोर्ट करा दें और उस 'अंधे माई-बाप लाचार' को सज़ा दिलवाएँ।''

"एँ हूं! यह कोई बात हुई। कहानियों की समस्याएँ क्या कोतवाली में रिपोर्ट करने से सुलझती हैं!''

"कुछ भी हो, सरकार की मदद आपको लेनी ही पड़ेगी। हाँ, आपका महेश मज़दूर-नेता है ना, ज़रा हड़ताल करवाके उसे गिरफ्तार करवा दीजिये। फिर देखिए, दूध-का-दूध, पानी-का-पानी हो जाएगा। बिन्दो घर लौट जाएगी। पत्नी प्रतीक्षा करेगी और हैप्पी एंडिंग होगा।''

"जेल में बन्द करवाने के बजाय पागलख़ाने में नहीं बन्द करवा दूँ?''

"एक और तरीक़ा है। बिन्दो को घर वापिस भेजकर आत्महत्या करवा दो।''

"हिश! आत्महत्या करने वाली होती तो तभी कर लेती जब उसका दूसरे से विवाह हो रहा था। तब नहीं मरी तो अब क्या मरेगी!''

"हद है! किस मुसीबत में फँसाया है मुझे तुमने! अच्छा, ख़ैर महेश की पत्नी से आत्महत्या करवा दो।''

"नहीं, नहीं! उसकी पत्नी दुःखी है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर जीवन से निराश नहीं। वह जानती है, सुबह के भूले की तरह उसका पति सांझ को लौटकर वापिस आ जावेगा।"

"तो तुम मर जाओ ना, अगर और कोई तैयार नहीं है।"

"कहानी का हल खोजने का यह कोई तरीक़ा नहीं है। सुनो, मैं उस बिन्दो के पति को मरवा देता हूँ एक दुर्घटना में। मरने के पहिले वह महेश को कह जावे कि बिन्दो को तुम देखना। वह तुम्हारी है।"

"ऐं!"

"हाँ। मुझे यही व्यक्ति बिलकुल व्यर्थ नजर आता है। यह मर जाय तो सब ठीक हो जाय।"

"क्या होगा?"

"इस्तमरारी बन्दोबस्त, परमानेन्ट सैटिलमेन्ट, स्थायी व्यवस्था। बिन्दो आगे महेश के यहाँ ही रहती है।"

"महेश दो पत्नी रखेगा?"

"अन्धा...माई-बाप...लाचार! बेचारा दो कंधों पर हाथ रखकर चले तो क्या हर्ज है? आज की कहानी समस्या का नया पहलू सामने रखती है, नये हल खोज रही है। बिलकुल नये पर्स्पेक्टिव से मैंने इसे देखा है। पुराना कहानीकार बिन्दो को मरवाता, उसकी पत्नी को मरवाता या हद-से-हद यह करता कि बिन्दो को कर्तव्य के मार्ग पर वापिस लौटा देता और महेश को भूलकर वह पति के चरणों में लिपट जाती। पर नहीं, मैंने ऐसा कुछ नहीं किया बल्कि सह-अस्तित्व के आधार पर कहानी की समस्या सुलझाई है। क्या खयाल है आपका?"

"यह हल नहीं हलवा है। और जब इसे ताजा गरमागरम शिल्प देकर लिखोगे तो विश्वास रखो, नई कहानी के ड्राइंगरूम्स में इसकी सुगंध फैलेगी।"

"तो पिलाओ इस बात पर एक सिगरेट।"

• • •

भूल और भूल

सीधी-सादी श्रीमती आइन्स्टीन औपचारिक दावतों के तौर-तरीकों से बिलकुल नावाकिफ थीं परन्तु पति के कारण उन्हें भी मजबूरन उनमें भाग लेना पड़ता था। लोगों से उनकी शिकायत थी—"अगर ऐसी औपचारिक दावतों में मेरा पति कोई भूल करता है, तो सभी कहते हैं, यह तो बड़ा वैज्ञानिक है!" और अगर मुझसे कोई भूल हो जाए तो कहते हैं: "कितनी असभ्य और अशिष्ट है!"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विनोद रस्तोगी

जब चन्दू बाबू अपनी 'वुड बी' ससुराल में 'वुड बी वाइफ़' का 'इण्टरव्यू' लेने घर से निकले तो बजाय कानपुर के वाराणसी का टिकट ले बैठे !



चन्दू : ओ हो हो ! यानी कि रामू का बच्चा... अभी तक ताँगा नहीं लाया आने दो उसे ! डिस...मिस कर दूँगा—यानी कि एकदम डिसमिस समझता क्या है अपने को ।

ममी : (पास आता स्वर) क्यों आसमान सिर पर उठाये है चन्दू ?

चन्दू : यानी कि दो बज गये हैं, ममी ! रामू अभी तक ताँगा लेकर न आया ! न जाने कहाँ मर गया जाकर ? यानी कि...

ममी : (बीच में ही) तूने अभी से ताँगा मँगा लिया ? अरे बेटा, गाड़ी चार बजे जाती है ।

चन्दू : यानी कि जल्दी भी जा सकती है । देखिये न, परसों चार बजे गा कल चार बजे गयी, इसका मतलब...यानी कि यह तो नहीं कि अ भी चार बजे जायेगी !

ममी : (लाड़ से) तेरा तो सिर फिर गया है । सुबह से ही क्यों नहीं च गया ?

चन्दू : यानी कि आइडिया बुरा नहीं, ममी ! लेकिन... खैर, फ्यूचर में करूँगा । यानी कि यह सफ़र 'लाइफ़' का 'लास्ट' सफ़र थोड़े ही है

ममी : गाड़ी कानपुर आठ बजे पहुँच जायेगी । बेटा, स्टेशन से सीधे लाल के घर ही जाना ।

चन्दू बाबू का सफ़रनामा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चन्दू : यानी कि सीधे कैसे जा सकता हूँ ? सड़क के साथ मुझे भी तो मुड़ना पड़ेगा! यानी कि....

(ताँगा आकर रुकता है)

ममी : लो, ताँगा आ गया ! रामू, सामान ताँगे पर रख दो !

चन्दू : यानी कि ताँगा भी मिला तो सेन्ट-पर सेन्ट फटीचर ! दो घण्टे तो स्टेशन पहुँचने में ही लग जायेंगे ! (दूर जाता स्वर) यानी कि जल्दी रख सामान, रामू !

(क्षणिक विराम के बाद चलते हुए ताँगे का प्रभाव)

चन्दू : यानी कि तेज़ करो घोड़े की चाल ! मुझे ट्रेन पकड़नी है ! अगर गाड़ी मिस हो गयी तो.... यानी कि.... जनवासे की चाल से काम नहीं चलेगा।

ताँगेवाला : कहाँ जाना है सरकार ?

चन्दू : यानी कि सरकारी काम से नहीं जा रहा हूँ। लड़की देखने जा रहा हूँ जनाब, लड़की देखने !

ताँगेवाला : (हँसकर) तभी उतावले हो रहे हैं, हजूर !

चन्दू : यानी कि बावले होंगे आप और आपका यह घोड़ा। मैं तो भला-चंगा हूँ— यानी कि सेन्ट-पर-सेन्ट 'सेन'।

ताँगेवाला : बावला नहीं मालिक, उतावला ! खैर, हाँ किधर जायेंगे ?....पूरब की तरफ़ या....

चन्दू : यानी कि आपसे मतलब ? किधर भी जाऊं ! आप मुझे समझते क्या हैं ? यानी कि देखिये, मैं आपको यह हरगिज़ नहीं बता सकता कि मुझे कानपुर जाना है। **(ताँगेवाला हँसता है)** यानी कि, आप हँस रहे हैं ! घोड़े को चाबुक जमाइये। मेरी गाड़ी....

ताँगेवाला : गाड़ी नहीं छूटेगी, सरकार ! चार बजे जाती है।

चन्दू : यानी कि आपके पास इसका कोई प्रूफ़ है कि चार बजे ही जाती है ? यानी कि क्या यह 'पासिबिल' नहीं कि आज जल्दी चली जाये ?

ताँगेवाला : ज़रूर जायेगी मालिक ! आज आप जो जा रहे हैं।

(ताँगे की आवाज़ दूर जाती है। प्लेटफार्म का प्रभाव उभरता है)

चन्दू : यानी कि यह खड़ी ट्रेन। मैं जानता था, आज जल्दी जायेगी। अबे, उधर कहाँ भाग रहा है कुली ? यानी कि इसी डिब्बे में रख दे सामान हाँ—हाँ— सँभालकर। यानी कि अगर कोई सामान टूटा तो फाइन कर दूँगा। हाँ ! ले—यह ले चवन्नी !

एक पुरुष स्वर : बाबूजी, कहाँ जाना है आपको ?

चन्दू : यानी कि जहन्नुम ! आपसे मतलब ?

एक पुरुष : आप नाराज़ क्यों होते हैं ? मैंने तो ऐसे ही पूछ लिया।

चन्दू : यानी कि क्यों पूछा आपने ? आप मेरे साथ चलेंगे ? यानी कि मैंने तो नहीं पूछा आपसे !

(ट्रेन स्टार्ट होती है। पृष्ठभूमि में चलती ट्रेन का प्रभाव बराबर बना रहता है)

सामान बेचने वाला : हाँ तो मेहरबान ! ज़रा इधर दीजिये ध्यान !

एक पुरुष स्वर : वाह ! क्या तुक मिली है !

सामान बेचनेवाला : मैं आप लोगों का ज्यादा वक्त नहीं लूँगा। साहबान, दो मिनट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के अन्दर ही अपनी बात खत्म कर दूँगा।

चन्दू : यानी कि दो मिनट से तीसरा मिनट हुआ तो मैं जंजीर खींचकर आपको उतार दूँगा।

एक पुरुष : खामोश रहिये जनाब ! डिब्बा आपने खरीद नहीं लिया है !

सामान बेचनेवाला : मेरी वजह से न लड़िए बिरादरान ! हाँ तो भाइयो, बिजली तीन तरह की होती है। एक तो वह जो आसमान में चमकती है; दूसरी वह जो आपके घरों को रोशन करती है और तीसरी वह....

चन्दू : (बीच में ही) यानी कि जो टार्च में जलती है !

एक पुरुष स्वर : टार्च में बिजली जलती है ? कमाल है साहब ! यह सूट-बूट और अक्ल के नाम पर....

चन्दू : (बीच में ही) यानी कि आपसे कौन बात कर रहा है ?

सामान बेचने वाला : ज़रा ध्यान से सुनिये, भाई जान ! तीसरी बिजली वह है जो होंठों पर कौंध जाती है !

चन्दू : यानी कि यह क्या 'जोक' है ?

एक पुरुष स्वर : जोंक पानी में होती है, यहाँ कहाँ ? (लोगों की हँसी)

चन्दू : यानी कि शट-अप !

सामान बेचने वाला : मैं ठीक कह रहा हूँ मेहरबान ! एक बिजली होंठों में भी खेलती है। वह मोती की तरह सफ़ेद चमकते हुए दाँतों की बिजली है।

एक पुरुष स्वर : कुछ समझ में आया ?

चन्दू : यानी कि...देखिये, मैं आपसे बात करना नहीं चाहता।

सामान बेचने वाला : और दाँत तभी चमक सकते हैं जब उनकी ठीक से सफ़ाई हो। देखिये साहबान, ज़रा ग़ौर से देखिए ! इस छोटी-सी शीशी में वह बिजली क़ैद है। सुबह-शाम इस मंजन से दाँत साफ़ कीजिये और फिर इसका जादू देखिए !

चन्दू : जादू....यानी कि मैजिक ?

सामान बेचनेवाला : जी हाँ, मैजिक। मसूड़ों में सूजन हो, दाढ़ में पीड़ा हो, दाँतों में दर्द हो, कैसा भी पुराना पायरिया हो, दो दिन में छू-मंतर हो जायेगा।

एक पुरुष स्वर : एक शीशी इन साहब को दीजिये। मुँह से इतनी बदबू आ रही है कि पास बैठना मुश्किल है।

चन्दू : यानी कि बदबू आती होगी आपके मुँह से ! मेरे मुँह से तो खुशबू आती है।

एक पुरुष स्वर : गोया आपका मुँह नहीं गुलाब का फूल हो गया ! (लोगों की हँसी)

एक प्रोफेसर छात्रों को सिखा रहे थे कि चिन्तन के द्वारा किस प्रकार व्यक्तित्व को ऊँचा किया जा सकता है। लिंकन, एडिसन, गाँधी, आदि महापुरुषों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा—"विद्यार्थियो, यह हमेशा स्मरण रक्खो कि तुम जिस बात की चिन्ता करते हो, उसी से तुम्हारा व्यक्तित्व गठित होता है।"

यह सुनकर, एक छात्र ने खड़े होते हुए कहा—"अगर ऐसी बात है, सर, तो मेरा व्यक्तित्व या तो कैडिलक-कार से गठित होता है या फिल्म-अभिनेत्री नूतन से !"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान बेचनेवाला : एक शीशी की क़ीमत सिर्फ़ चार आना। चार आना—चार आना। जिस भाई-बहन को चाहिये—आवाज़ दें। एक शीशी की क़ीमत चार आना—सिर्फ चार आना।

चन्दू : यानी कि ज़रूरत तो नहीं है लेकिन ख़ैर, तुम्हारी बोहनी कराये देता हूँ। लाओ, एक शीशी दे दो।

सामान बेचनेवाला : यह लीजिये, साहब! और किसी को चाहिये? चार आना—सिर्फ़ चार आना—पच्चीस नये पैसे। कोई ख़रीदार नहीं? ख़ैर! यह तो था जादुई मंजन, अब देखिये, तिलस्मी अंजन! हमारे बुज़ुर्ग कह गये हैं कि 'दाँत में मंजन आँख में अंजन, नित कर नित कर नित कर।'

एक पुरुष स्वर : एक डिब्बी अंजन की भी दीजिये इन्हें!

चन्दू : यानी कि आप क़ाज़ी हैं या दलाल?

एक पुरुष स्वर : जी....मैं तो एक मुसाफ़िर हूँ। क्या आपकी आँख इतनी कमज़ोर है जो ...(लोगों की हँसी)

सामान बेचने वाला : इस अंजन में चौंसठ मसाले पड़े हैं, मेहरबान! आँखों में लाली हो, दर्द हो, जलन हो, पानी आता हो, रतौंधी हो, जाला हो, मोतिया-बिन्द हो, ग़रज़ यह कि कैसी भी तकलीफ़ हो, इस अंजन के इस्तेमाल से काफ़ूर हो जायेगी। इस डिब्बी की क़ीमत है सिर्फ़ दो आना! जिस भाई-बहन को दरकार हो, आवाज़ दें।

एक पुरुष स्वर : जिसे मंजन दिया है उसी को अंजन भी दीजिये।

चन्दू : यानी कि आप हद से ज्यादा बढ़ रहे हैं, साहब! मुझे ऐसी 'जोक' पसन्द नहीं।

सामान बेचनेवाला : किसी को दरकार नहीं? तो अब पेश करता हूँ आख़िरी तोहफ़ा! सैंकड़ों जड़ी-बूटियों से बना यह केशवर्द्धक तेल! कहते हैं, ख़ुदा गंजे को नाख़ून नहीं देता! लेकिन साहबान, यह तेल गंजे को बाल देता है।

चन्दू : यानी कि अपनी बकवास बन्द कीजिये। सर में दर्द होने लगा।

समान बेचने वाला : तब तो ज़रूर आपको यह तेल लेना चाहिये! सिर में दर्द होना बीमारी की निशानी है, भाई जान!

(हँसी)

चन्दू : यानी कि बीमार होंगे आप और आपके घरवाले!

एक भिखारिन : (दूर से) अंधी को एक पैसा मिल जाये मालिक।

एक पुरुष : (ऊँचे स्वर में) इधर आ भिखारिन, यहाँ कलजुगी कर्ण बिराज रहे हैं! मुँहमाँगा मिलेगा!

सामान बेचनेवाला : तो एक शीशी तेल की हाज़िर करूँ?

चन्दू : (बिगड़कर) मेरा सिर न खाइये। यानी कि बहुत बड़ा डिब्बा है। दूसरी तरफ़ तशरीफ़ ले जाइये।

भिखारिन : (पास आकर) एक पैसा मालिक!

चन्दू : ओह! अन्धी है क्या? मेरे पैर पर पैर रख दिया। यानी कि....

भिखारिन : अन्धी तो हूँ ही मालिक!

एक पुरुष : लेकिन यह विचारे समझते थे....

भिखारिन : तो क्या बाबूजी भी मेरी तरह....

(लोगों की हँसी)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चन्दू : यानी कि न जाने किस मनहूस घड़ी में घर से निकला था कि ऐसे लोगों से वास्ता पड़ा !

एक पुरुष : किसी पंडित से जन्म-पत्री दिखाकर चलते !

नोबेल पुरस्कार पाने वाले एलेक्सिस केरल के मत में दुनिया का शासन डाक्टरों के हाथ में रहना चाहिए। एच० जी० वेल्स चाहते थे, यह काम इन्जीनियर करें। दूसरी तरफ़ नेपोलियन जैसे व्यावहारिक व्यक्ति का यह मत था कि बिना कल्पना के मानवता शासित नहीं होती और इस कल्पना का शासक होता है लेखक। इसलिए दुनिया का शासन लेखकों के हाथ में रहना चाहिए।

चन्दू : यानी कि देखिये मैं समझता था, आप जेन्टिलमैन हैं—इसीलिए आपके पास बैठा, बट नाउ आई थिंक....

एक पुरुष : अच्छा....। आप सोचते भी हैं?

(लोगों की हँसी)

भिखारिन : एक पैसा मिल जाये बाबूजी ! आपकी घरवाली की गोद भरेगी.... आँगन में....

चन्दू : यानी कि यह क्या 'नानसेन्स' है। मेरी अभी शादी नहीं हुई है।

भिखारिन : जल्दी हो जायेगी, बाबूजी ! एक पैसा मिल जाय।

एक पुरुष : दीजिये भी साहब ! एक पैसे में शादी हो रही है। इससे सस्ती....

चन्दू : (बीच में ही) आप क्यों नहीं दे देते ! यानी कि....

एक पुरुष : मैं शादी-शुदा हूँ। चार बच्चे भी हैं आपकी दुआ से।

चन्दू : (खीझकर) देखिये महाशय जी ! मैं... यानी कि बड़े शुभ काम के लिए यात्रा पर निकला हूँ। मेहरबानी करके मेरा मूड खराब न कीजिए !

एक पुरुष : तीर्थ-यात्रा पर जा रहे हैं ?

चन्दू : यानी कि नहीं।

एक पुरुष : परीक्षा-यात्रा पर ?

चन्दू : जी नहीं।

एक पुरुष : (हँसकर) तब ज़रूर ससुराल - यात्रा पर निकले होंगे !

चन्दू : यानी कि ससुराल-यात्रा पर नहीं, 'बुड बी' ससुराल-यात्रा पर !

एक पुरुष : ओह—तो आप लड़की देखने जा रहे हैं ?

चन्दू : यानी कि आपको कोई शक है ?

एक पुरुष : नही साहब, शक क्यों होगा ! अंजन और मंजन खरीदने का रहस्य अब समझ में आया !

चन्दू : यानी आप सेन्ट-पर-सेन्ट झूठ बोल रहे हैं। मैंने सिर्फ़ मंजन खरीदा है।

एक पुरुष : तो अंजन भी खरीद लीजिये।

चन्दू : क्यों ?

एक पुरुष : लड़कियाँ अपने असली चेहरे को मेक-अप से छिपाये रहती हैं। अंजन के तिलिस्म से आप असली रूप देख लेंगे और फिर धोखा नहीं खायेंगे।

चन्दू : यानी कि 'आर यू श्योर' ?

एक पुरुष : सेन्ट-पर-सेन्ट 'श्योर' !

सामान बेचनेवाला : (दूर से) आँखों में दर्द हो, जाला हो, लाली हो....

चन्दू : (ऊँचे स्वर में) यानी कि....अरे अंजनवाले जवान ! एक डिब्बी देना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ज़रा !

सामान बेचनेवाला : (पास आता स्वर) यह लीजिये बाबूजी ! दो आना, सिर्फ़ दो आना ! (दूर जाता स्वर) आँखों में दर्द हो, पानी आता हो, लाली हो...

चन्दू : यानी कि आपकी सिफ़ारिश पर ही मैंने यह अंजन खरीदा है ! अगर....

एक पुरुष : 'डोन्ट वरी, मिस्टर ! ' हाँ, एक चीज़ आपको और बता दूँ ! यह अंजन बड़ा तिलस्मी है—एकदम कैमरे की तरह ।

चन्दू : यानी कि मैं समझा नहीं आपका मतलब !

एक पुरुष : कैमरे के 'निगेटिव' की तरह यह अंजन भी उल्टी तस्वीर पेश करता है । इसलिए भाई जान, बड़ी सावधानी बरतियेगा ।

चन्दू : यानी कि 'यू मीन काशन'.. ?

एक पुरुष : जी हाँ । अगर लड़की गोरी, और सुन्दर दिखाई दे तो समझ लीजियेगा कि वह निहायत बदसूरत है और रिश्ता नामंजूर कर दीजियेगा ।

चन्दू : अच्छा !

एक पुरुष : और अगर वह काली और भद्दी नज़र आये तो समझ लीजियेगा कि वह स्वर्ग की अप्सरा है और रिश्ता चटपट मंजूर कर लीजिएगा !

चन्दू : यानी कि 'वन्डरफुल' अंजन ! अगर मोटी दिखाई दे तो समझूँ कि पतली है, पतली दिखाई दे तो ....

एक पुरुष : समझ लीजिये, मोटी है ।

चन्दू : अगर लम्बी दिखाई दे तो समझूँ कि नाटी है और नाटी दिखाई दे तो..

एक पुरुष : समझ लीजिये लम्बी है । अब आप सब कुछ समझ गये । शान से 'वुड बी' ससुराल जाइये और 'वुड बी वाइफ़' का मुआइना कीजिये ।

चन्दू : यानी कि थैंक यू फ़ार दिस एडवाइस । आई मीन शुक्रिया—धन्यवाद ! नाउ कोई लड़की मुझे चीट नहीं कर सकती !

(लोगों की हँसी)

चन्दू : नानसेन्स । यानी कि ठीक से हँसने का भी शऊर नहीं इन लोगों को !

एक पुरुष : असल में जब शऊर का 'डिस्ट्रीब्यूशन' हो रहा था तब ये लोग सो रहे थे । मुझे अच्छी तरह याद है, आप उस 'क्यू' में सबसे आगे थे ।

चन्दू : यानी कि आप मज़ाक तो नहीं कर रहे हैं ?

एक पुरुष : मज़ाक नहीं साहब, सेन्ट-परसेन्ट सही कह रहा हूँ ! मुझे अच्छी तरह याद है क्योंकि आपके ठीक पीछे मैं था ।

चन्दू : रियली ?

एक पुरुष : 'ऑफ कोर्स' ।

चन्दू : यानी कि 'वन्डरफुल मेमोरी' है आपकी!

टिकट-चेकर : (दूर पर) टिकट दिखाइये साहब !

एक पुरुष : टिकट-चेकर आ रहा है । आपके पास टिकट है न ?

चन्दू : यानी कि आप समझते हैं कि मैं डब्ल्यू० टी० चलूँगा ?

एक पुरुष : आप भागते-भागते आये थे ! मैंने समझा, शायद जल्दी में टिकट न ले सके हों !

टिकट-चेकर : (और समीप) आपका टिकट ? आपका टिकट ?... ऐ भाई,.... टिकट देना ! (पास आकर) आपलोगों का टिकट ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक पुरुष : लीजिये !

टिकट-चेकर : और आपका ?

चन्दू : यह लीजिये ! यानी कि ज़रा ठीक से पंच कीजियेगा ! नम्बर न कट जाये !

टिकट-चेकर : यह टिकट तो कानपुर का है !

चन्दू : यानी कि आप तो ऐसे कह रहे हैं गोया मैंने आपके हाथ में पैरिस या लन्दन का टिकट रख दिया हो !

एक पुरुष : आपकी बात का जवाब नहीं !

टिकट-चेकर : आप कहाँ तशरीफ़ लिए जा रहे हैं ?

चन्दू : यानी मैं तो बैठा हूँ अपनी सीट पर !

टिकट-चेकर : मेरा मतलब है, आप कहाँ जा रहे हैं ?

एक पुरुष : ससुराल जा रहे हैं । आपसे मतलब ?

(लोगों की हँसी)

चन्दू : यानी कि ससुराल नहीं, 'वुड बी' ससुराल ! 'वुड-बी-वाइफ़' का इन्टर-व्यू लेने ! आपको एतराज है, यानी कि !....

टिकट-चेकर : **(चिढ़े स्वर में)** मज़ाक छोड़िये साहब ! आप कानपुर जा रहे हैं न ?

चन्दू : यानी कि इरादा तो यही है ।

एक पुरुष : कानपुर.... !

टिकट-चेकर : आपका इरादा फ़िलहाल पूरा नहीं होगा ।

चन्दू : 'ह्वाई' ? यानी कि 'यू कान्ट डिटेन मी' ! मैंने टिकट खरीदा है ! पूरे पैसे देकर—कोई 'कन्सेशन' नहीं लिया है । **(लोगों की हँसी)** इसमें हँसने की क्या बात है ? यानी कि आपलोग समझते क्या हैं...

टिकट-चेकर : बिगड़ते क्यों हैं, जनाब ? बात यह है कि यह गाड़ी वाराणसी जा रही है ।

चन्दू : यानी कि... तो क्या हुआ ! **(चौंककर)** क्या कहा ? वाराणसी जा रही है ? 'यू मीन'...

टिकट-चेकर : यस ! आप ग़लत गाड़ी में बैठ गये हैं !

चन्दू : यानी कि अब क्या होगा ? **(रुँआसे और पथराये स्वर में)** ज़ंजीर खींचो ! किधर है चेन.... यानी कि चेन....

टिकट-चेकर : चेन खींचेंगे तो आफ़त में पड़ जायेंगे । अगले स्टेशन पर उतर जाइयेगा । **(दूर जाता स्वर)**—टिकट....

चन्दू : यानी कि आपने भी नहीं कहा कि यह गाड़ी कानपुर नहीं जायेगी !

एक पुरुष : **(हँसकर)** आपने भी तो नहीं बताया था कि आप कानपुर जायेंगे ! पूछने पर आपने कहा—जहन्नुम ! मैं क्या जानता था कि आपकी डिक्शनरी में जहन्नुम का मतलब है कानपुर ।

(लोगों की हँसी के बीच समाप्त) ●

●

मधु

प्रशंसा करना सर्वोत्तम गुण है ! और मीन मेख निकालना घृणा का आरम्भ है । किंतु पड़ोसियों की द्वेषपूर्वक चर्चा करने में तो आह, मधु का आनन्द मिलता है ।

[४०० ई० की एक ग्रीक व्यंग्य कविता]

पँडेलस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



शान्ति मेहरोत्रा

पर-निन्दा

कौन कहता है कि पर-निन्दा दुर्गुण है ! राम राम कहिये जी, आज के युग में तो इस जैसी हर मर्ज की रामबाण दवा दूसरी नहीं ! विश्वास न हो तो आजमा कर देखिये !

"मैंने कहा, वह जो अपने दफ्तर के मिस्टर पटेल हैं न, आज उन्हें अच्छा सबक़ मिला !...बच्चू बहुत बनते थे ! बात यह हुई कि.... अच्छा जाने दो; बहुत कॉन्फ़िडेन्शल बात है !...."

"नारायणी चाची दुनिया भर की लड़कियों के बारे में तो बखान करती फिरती थीं, लेकिन अब जब उनकी लड़की.... खैर, हमें क्या पड़ी है। रोवे चोर पराये धन को !"

"शीला ! रेखा बता रही थी कि उसकी .... इधर आओ, कान में बताने की बात है !"

"दीदी ! तुम्हारी मिस वोहरा तो बड़ी नम्बरी हैं ! जानती हो क्या किया ?"

"भई किसी से कहना नहीं। सुना है कि ...."

"देखो भई, अपने तक ही रखना। वैसे सच पूछो तो एक की बात दूसरे से कहने की मेरी आदत ही नहीं है.... लेकिन तुम्हारी बात दूसरी है।"

बातचीत की रूपरेखा जब कुछ इस प्रकार की हो तो आप निश्चित होकर चप्पलें खोल डालिये और बाहर जाने का आकर्षक-से-आकर्षक कार्यक्रम स्थगित कर दीजिए ! आराम से तख्त पर बैठिये, चाय मँगवाइये, पान का प्रबन्ध कीजिए और यह विश्वास रखिये कि आज की शाम बड़े आनन्द से बीतेगी !....

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...क्या फ़रमाया आपने ?...पर-निन्दा है यह ! इसे आप बुरा काम समझते हैं ? यह तो जनाब सत्य-भाषण का नवीन संस्करण है। निन्दा कैसी और किसकी ? जो जैसा करेगा, वैसा सुनेगा। समाज का व्यक्ति के प्रति क्या कोई दायित्व ही नहीं है ? मेरे विचार से तो पर-निन्दा शब्द ही ग़लत है; इसे पर-चर्चा कहना चाहिये। ऐसी बारीक कला है यह कि हर ऐरा-ग़ैरा इसमें पारंगत नहीं हो सकता। जिसका मन निर्मल होता है, जो खरी बात कहने का आदी होता है, जिसे किसी से लाग-लगाव नहीं होता वही पर-निन्दा करने का साहस कर सकता है। जिसके मन में नीर-क्षीर विवेक नहीं वह क्या खाकर दूसरों के बारे में कुछ कहेगा ! कहेगा वह जिसने दुनिया देखी होगी। जो ऊँच-नीच समझता होगा। यह तो जनाब धर्म-निष्ठ, कर्तव्य-परायण व्यक्ति की जन-जीवन में अटूट आस्था है ! दूसरे की विवेचना कोई सिनेमा-थियेटर की कहानी सुनाना नहीं है। इसके लिए बड़ी सूझ-बूझ, दृढ़ता और आत्म-विश्वास की ज़रूरत है। मन को निर्विकार बनाने में पर-निन्दा सोडे का काम करती है। जो कुछ है, सो जुबान पर; भीतर मन साफ़ !

देखिये, यह दुनिया है ! (जैसे आप नहीं जानते !) अगर आपको यहाँ टिकना है और ढंग से टिकना है तो आप नौकरी भी करेंगे, पदोन्नति भी चाहेंगे, चार भले लोगों के बीच घर लेकर रहेंगे। ठीक कह रही हूँ न ? फिर नौकरी पाने के लिए जिन महा-जनों से सम्पर्क स्थापित करना होगा, बिना पर-निन्दा का फ़र्राटे से अभ्यास किये उनके स्वजन बन सकेंगे ? मान लीजिये कि केवल सेवा-भाव के बल पर निकट पहुँच गये और नौकरी मिल गई, तो भी क्या, आगे तो बढ़ने से रहे। सारी उम्र वहीं के वहीं बने रहेंगे ! आपको मेरी बात का विश्वास नहीं हो रहा है ? अभी हुआ जाता है। मित्रा साहब को जानते हैं आप ? ख़ैर, न जानने से भी कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। एक बड़े दफ्तर के बॉस हैं, निहायत स्नॉब हैं और अपने-आपको बहुत योग्य समझते हैं। डर के मारे कोई उनके पास नहीं फटकता। एक पुराने खिलाड़ी से नहीं रहा गया। बोला कि साहब का मन बस में करके न दिखाया तो मेरा नाम त्रिलोचन नहीं। (वैसे नाम उनका त्रिलोचन न होकर घसीटे हो तो भी औरों को क्या अन्तर पड़ता है !) बस उसने एक दिन साहब का मूड अच्छा देखकर भूमिका बाँध दी :

"साहब, दुनिया में लोग किसी के बारे में इम्प्रेशन क्या देते हैं और वह होता क्या है ! आपके बारे में तो हम सबको इतना डरा दिया गया था कि आपके ज्वाइन करते ही हममें से कई छुट्टी लेकर घर बैठ रहे। वैसे सेवक की गर्वोक्ति न समझें, मैंने तो पहले दिन ही साथियों से कह दिया कि अब असली काम की वक़त होगी; चापलूसी के दिन गये !"

"कौन ने क्या बोला था ?" साहब ने हिचकिचाते हुए जिज्ञासा प्रकट की।

"अरे साहब, कोई बात हो तो बतायें। कहनेवाले तो कहा ही करते हैं, लेकिन इससे आप जैसे योग्य व्यक्तियों का कुछ न बिगाड़ थोड़े ही सकते हैं।"

"तब पर भी क्या बोलता है ?" साहब से रहा नहीं गया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"बोलता है नहीं साहब, बोलता था। हमारे भूतपूर्व बड़े साहब। क्या नहीं कहा उन्होंने आ के बारे में!"

बस जनाब, क़िस्मत पलट गई। फिर तो जो मित्रा साहब आधे-आधे घंटे खड़ा रखने के बाद तिरछी निगाह से देखकर सिर्फ़ 'हूँ?' कहते थे, वही अब वर्मा को देखते ही खिलकर कहते हैं :

"टेक योर सीट, वर्मा! तुमको कुछ जरूरी बात बोलना है।"

नये संबंध बनाने और टूटे संबंध जोड़ने में पर-निंदा का सानी नहीं। इस संबंध में मेरा अपना अनुभव आपके काम आ सकता है। एक दिन मेरे और मेरे पति के बीच बोलचाल बन्द हो गई। (देखिये, आप 'पति' शब्द आते ही इस तरह व्यंग्य के साथ न मुस्कराइये। मैं जानती हूँ कि 'पति' का उदाहरण आजकल हास्य-व्यंग्य के फ़ील्ड में 'आउट आफ़ डेट' माना जाता है। लेकिन मैंने यह उदाहरण तीन कारणों से दिया है—पहला, विज्ञापन घर के ही व्यक्ति का हुआ। दूसरा, पतियों के दो-चार गुण बाइ-द-वे कह डालने का पुण्य-लाभ हुआ। तीसरा, यह संबंध पर-निन्दा के क्षेत्र से बाहर है।) मतभेद किस बात पर था—यह बताना मुश्किल है, क्योंकि यह हमारी खुद ही समझ में नहीं आ रहा था। हर सुयोग्य पत्नी की भाँति मैं जो कुछ कह रही थी ठीक कह रही थी, और हर कुशल पति की भाँति वे मेरी बातों को काट रहे थे। समझौते की इच्छा दोनों तरफ़ थी, झुकना कोई नहीं चाहता था। पहला क़दम मैंने उठाया, क्योंकि एक तो महिलाएँ स्वभाव से समझदार होती ही हैं, दूसरे भारतीय पत्नी के आदर्शों पर मैंने एक लेख हाल ही में पढ़ा था।

"श्रीकान्तबाबू की देवीजी आज फिर तीस रुपये उधार माँग रही थीं।"

मेरी बात से चौंककर उन्होंने पूछा, "दे तो नहीं दिये?"

"नहीं।"

उन्हें पुनः मेरी बुद्धिमत्ता पर विश्वास हो गया। हम दोनों ने श्रीकान्त बाबू और उनके परिवार पर एकमत होकर विचार प्रकट किये और हमारा झगड़ा खत्म होकर, प्रेम-भाव पूर्ववत् हो गया।

पर-निन्दा से दो व्यक्ति ही नहीं पास आते, दो राष्ट्रों के मिलन का भी यह अचूक नुस्खा है। मान लीजिये, आपको अपने किसी पड़ोसी देश से मैत्री करनी है तो यह नहीं कि आप उसकी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परम्परा, उसके आश्चर्यजनक विकास और उसके मैत्रीपूर्ण व्यवहार की दुहाई देने लगें। तब तो वह अकड़कर कहेगा, "हाँ, हम बड़े अच्छे हैं। आपसे मतलब?"

और आप मुँह बाये ताकते रह जायेंगे। करना वास्तव में यह होगा कि आप उससे एक तीसरे देश की जी भरकर बुराई कीजिये और यह प्रमाणित कर दीजिये कि वह उसका घोर शत्रु है। बस, शेष कार्य अपने-आप हो जायगा। सच पूछिए तो राजनीति हो चाहे साहित्य, बिना पर-निन्दा के कहीं गुज़ारा नहीं। आपको लिखने का शौक़ है? लिखे जाइये। 'हॉबी' अच्छी है। लेकिन आप जो चाहें कि चारों तरफ़ आपका यश फैले और संपादक-प्रकाशक आपकी रचनाओं को हाथों-हाथ ले जायें तो उसके लिए सिर्फ़ क़लम घिसने से काम नहीं चलेगा।

देखिये, फिर आप दक़ियानूसी बातें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करने लगे कि साधना करेंगे और प्रतिभा होगी तो सब खुद ही लोहा मान लेंगे। कौन मान लेगा? पाठक घर-बैठे काहे को आपका लोहा मानने लगे! उन्हें एक आप ही लेखक मिले हैं पढ़ने को? अरे, उनसे तो ज़बरदस्ती लोहा मनवाना पड़ेगा। इसके लिए पैसे खर्च कीजिए, दौड़-धूप कीजिये, जगह-जगह एजेन्ट छोड़िये। सारा मामला कन्वेंसिंग पर है। या फिर, एक काम और कर सकते हैं—एक साहित्यिक संस्था खोल लीजिए जिसमें आपको निजी आलोचक, प्रकाशक, पाठक, संपादक—सब मिल सकें। बस, ज़रा मेम्बर काम के चुन लीजिये जो नये-नये स्टन्ट उछालने में तेज़ हों; फिर क़िला फ़तह है। और हाँ, एक बात का ध्यान रखिये—आप साहित्य रचने का चक्कर फ़िलहाल छोड़िये। इसके लिए सारी उम्र पड़ी है। अभी तो आप ऐसे चौंकानेवाले लेख लिखिये और भाषण दीजिये जिससे यह साबित हो जाय कि भारतीय साहित्य का भूत और वर्तमान सर्वथा अंधकारपूर्ण है। जो लेखक हैं भी, वे सब नक्क़ाल हैं, बौने हैं, कुण्ठाग्रस्त हैं। इतना कर चुकने के बाद आप ठाठ से मंच पर प्रतिष्ठित हो जाइये और यह घोषित कर दीजिये कि असली लेखक जनता के सामने है।

पर-निन्दा किसी की बलता नहीं, एक दैनिक आवश्यकता है! आप ही सोचिये कि जब शरीर थक चुका हो, आँखें कमज़ोर हों, जीवन की सारी आशाएँ पूर्ण हो चुकी हों या मिट चुकी हों—ऐसे में आप अपने बारे में क्या बातें कर सकते हैं? अगर अपनी सफलताओं या संघर्षों का क़िस्सा ले बैठे तो सुननेवाला ऊँघने लगेगा और जो वह अपने बारे में कुछ बताने लगा तो आप 'बोर' हो जायेंगे। इसलिए सबसे अच्छा यही है कि किसी तीसरे व्यक्ति की चर्चा की जाय। आप भी प्रसन्न, सुनने वाला भी प्रसन्न। वैसे, इस समय बात मेरे और आपके बीच हो रही है। अतः यदि आप आज्ञा दें तो एक घटना मैं बयान कर दूं: उन दिनों बनवारीलाल मृत्यु-शैया पर पड़े थे। बड़े आदमी हैं, इसलिए देखने आने वालों का ताँता बँधा था। पंडित राजाराम का उनसे सात पुश्त का बैर था, लेकिन ऐसे समय वह भी आये। बनवारीलाल को बहुत बुरा लगा कि ऐसा मौक़ा आना ही था तो अच्छा होता कि राजाराम को वह देखने गये होते। खैर, अब तो कोई चारा न था। राजाराम पास के सोफे पर बैठे उनके सुपुत्र को यह समझा रहे थे कि उन्होंने जो धन सिर्फ़ अपने दोनों लड़कों के नाम जमा करा रक्खा है वही बनवारीलाल की कुल संपदा से अधिक है।

बनवारीलाल भले ही चेतना-शून्य थे, फिर भी कान में जब यह बातें पड़ीं तो वे तिलमिला उठे। कुछ ही देर में यमराज के कर्मचारी आये और उनसे विमान में बैठने का अनुरोध करने लगे। बनवारीलाल ने झुंझलाकर पूछा कि उन्हें कहाँ चलना होगा?

"स्वर्गधाम!" उत्तर मिला।

"नहीं, नहीं! स्वर्ग जाकर मैं क्या करूँगा? मुझे तो आप प्रेत बना दीजिये, जिससे इस राजाराम की अक्ल ठिकाने कर सकूँ।"

यमराज के कर्मचारियों ने बहुत मिन्नतें कीं, लेकिन बनवारीलाल टस-से-मस न हुए!

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह समाचार पाकर यमराज बेचारे भी बड़े असमंजस में पड़े। उनका रजिस्टर बनवारीलाल के पुण्यों से रँगा पड़ा था, फिर भला उसे प्रेत कैसे हो जाने देते ? बहुत सोच-विचार के बाद उन्होंने यह आदेश दिया कि बनवारीलाल को दस साल की आयु और प्रदान की जाय जिससे इस बीच वे राजाराम से निपट लें।

अब आप मुझे भी आज्ञा दीजिए, क्योंकि मैं यह जानने के लिए उत्सुक हूँ कि बनवारीलाल और राजाराम के बीच क्या घटनाएँ घटीं। चलते-चलते इतना फिर कहे देती हूँ कि यदि सुख की चरम सीमा का अनुभव करना चाहते हैं तो पर-निन्दा कीजिये। यदि आप पर-निन्दा नहीं कर सकते तो जीवन में कुछ नहीं कर सकते !

परीक्षा

एक बार बर्लिन में एक मेडिकल प्रोफ़ेसर रहते थे, जिनसे छात्रों को बहुत डर लगता था। वे छात्रों से अत्यन्त कठिन प्रश्न पूछते थे और बहुधा ही उन्हें फ़ेल कर देते थे। परन्तु यदि कोई छात्र उनके द्वारा पास कर दिया जाता था तो उसका भविष्य सुरक्षित था, क्योंकि किसी भी चिकित्सक को उससे अच्छा प्रमाण-पत्र नहीं मिल सकता था।

एक बार प्रोफ़ेसर साहब परीक्षा ले रहे थे। छात्र भयभीत-सा उनकी ओर देख रहा था और वे अपने संक्षिप्त और कठिन प्रश्न पूछ रहे थे। पहले तो इन्होंने उससे एक विशेष रोग का वर्णन करने को कहा। जब उसने उस रोग के सारे लक्षण ठीक बता दिये तो उसकी औषधि के बारे में पूछा। इसका भी ठीक उत्तर मिलने पर प्रोफ़ेसर ने पूछा, "अच्छा ! आप उस रोगी को कितनी मात्रा में औषधि देंगे ?"

"खाने का एक चम्मच भर, प्रोफ़ेसर महोदय।" उत्तर मिला।

जब वह छात्र परीक्षा-कक्ष के बाहर परिणाम की प्रतीक्षा कर रहा था तो उसे अचानक याद आया कि उसने भूल कर दी है। खाने का एक चम्मच तो बहुत अधिक था। उसने उत्तेजित हो परीक्षा-कक्ष का दरवाज़ा खोला और दहलीज पर से ही कहा, "प्रोफ़ेसर महोदय, मैंने भूल कर दी है। खाने का एक चम्मच भर तो रोगी के लिये बहुत अधिक है। उसे दवा की सिर्फ़ पाँच बूँद ही दी जानी चाहिये।"

"मुझे अफ़सोस है", प्रोफ़ेसर ने बात काटते हुए संक्षेप में कहा, "आपका रोगी तो पहले ही मर चुका है।"

(एक जर्मन लोक-कथा : मूल जर्मन से उषा जैन द्वारा प्रस्तुत)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस अष्टग्रही संकट के बारे में आपने पृथ्वी-वासियों के मुँह से तो बहुत-कुछ सुना, अब सुनिये स्वयं अष्टग्रहों की बात, और तब विचारिये कि संकट का असली कारण कौन है !

हे भगवान् ! हमें न जाने किन ग्रहों से पाला पड़ा है कि इन मनुष्यों के मुँह पड़कर तरह-तरह की बातें सुननी पड़ती हैं ! न तो हम इन्हें साँप मानकर लाँघ सकते हैं और न रस्सी मानकर पाँव ही लगा पाते हैं । इनके जीभ एक है या दो, अथवा अनगिनत ? हमें तो ऐसा ही लगता है कि इनकी जीभ दोधारू तलवार है और जैसी चाहे वैसी चलती है !

सच पूछो तो जिस भगवान् ने इन्हें बनाया, उन्हीं ने हमें भी बनाया; जिन्होंने इनमें प्राण फूँककर गति प्रदान की, उन्होंने हमें भी गतिशील बनाया है।'कर्मण्येवाधिकारस्ते'--'तुम्हारा काम अपना कर्तव्य करते जाना है ।' गीताचार्य ने मर्त्य-लोक को जो संदेश दिया, वही हमारे लिए भी लागू है । हम भगवान का नाम लेकर उन्हीं के बताये रास्ते पर चल रहे हैं । हमें अपनी कर्म-गति से फ़ुरसत ही नहीं मिलती । न जाने हम किस दिन के बिछुड़े अब मिलने जा रहे हैं । वह भी तो अपनी इच्छा से नहीं, पूर्व-योजना के बल पर नहीं – भगवान ने जो नियति बनाई है, उसके आधार पर ।

इस पर भी ये मनुष्य अपना गुस्सा हम पर क्यों उतारना चाहते हैं ? भूलकर भी हम इनके रास्ते पर नहीं जाते । 'दुष्टों से दूर रहो !' बड़ों की इस आज्ञा का हम अक्षरश: पालन करते हैं । इनसे दूर, बहुत दूर रहते हैं, फिर भी ये हमें नहीं छोड़ते ।

सर्जनहार की नियति है, या हमारी काल-गति, सूर्य-कुल में उत्पन्न हम सब भाई आपस में मिले बिना ही, वर्ष के वर्ष गुज़ार देते हैं ! मिलने की कोशिश में एक-दूसरे के पीछे होड़ लगाकर चलते हैं; पर मिल नहीं पाते । अपने प्रयत्न में असफल रहने पर भी

अष्टग्रही संकट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने कामों से हम बिलकुल विमुख नहीं होते। फिर इन मनुष्यों को क्या पड़ी है कि हम पर पानी उलीचें ?

मान लो कि मर्त्य-लोक में गृह-कलह है। लोग एक-दूसरे का मुँह नहीं देखना चाहते। भाई-भाई आपस में झगड़ा ठान कर मनमुटाव पालते हैं। पत्नी एक कोना देखती है तो पति-देवता दूसरा कोना देखते हैं, और ३६ का संबंध पालते हैं। लेकिन हमारी समझ में यह नहीं आता कि हम इसके जवाबदेह कैसे हैं ? दिल पर हाथ रखकर कहिये, पति-पत्नी के झगड़े का कारण क्या सचमुच हमी हैं ?

और हमने यह पूछा नहीं कि ये मनुष्य झट जन्म-कुंडली निकालकर ताश की तरह फैला देते हैं और समझाने लगते हैं कि छठवें गृहवाला आठवें घर की ओर ताक-झाँक करे तो झगड़ा क्योंकर नहीं होगा ? बुध नीचा है, शुक्र ऊँचा है तो झगड़ा अवश्यंभावी है। इस तरह अकारण ही दोष हमारे सिर पर मढ़ा जाए तो हम क्या करें ?

दरअसल, यह मनुष्य जाति ही ऐसी है। ये मनुष्य स्वयं मन में कोप-ताप पालते हैं, अहंकार और आत्म-श्लाघा को स्थान देते हैं और आचार-हीन झगड़े खड़े करते हैं, फिर दोष सारा हमारे सिर पर मढ़ देते हैं। लेकिन हमारे सिर दोष मढ़ने वाले इन मनुष्यों की भला हम कोई शिकायत कर सकते हैं ? और यदि करें भी तो उसका फल हमीं को भोगना पड़ता है। कह देते हैं—'सब ग्रह-दोष है भाई, ग्रह-दोष !'

लेकिन मनुष्यों की तरह हम ग्रह व्यर्थ आग्रह कैसे ठानें ? विग्रह कैसे खड़ा करें ? अतः हम पत्थर की प्रतिमा बन चुपचाप मुँह पर ताला लगाये बैठ जाते हैं। हमारा वह मौन उनके लिए अनुकूल हवा सिद्ध हो जाता है। मनुष्य कहते हैं कि अगर हमारी बात ठीक नहीं है तो ये ग्रह क्यों आपत्ति नहीं करते, मौन क्यों धारण किये हुए हैं ?

मान लो कि कोई मनुष्य रोग-ग्रस्त है। बहुत दिन हो गये, पर चंगा नहीं हो पाता। तो निकालो उसकी जन्म-कुण्डली और देखो कि शनि, शुक्र, राहु, केतु—सब कहाँ हैं, और मढ़ो उनके सिर पर सारे दोष !

वास्तव में, उस मनुष्य के शय्या पकड़ने का असली कारण कौन है ? वह मनुष्य अपनी जीभ पर क़ाबू नहीं रखता, अपनी पंचेन्द्रियों पर अंकुश नहीं रखता और अपथ्य पर अपथ्य करता जाता है तो रोग-मुक्ति कहाँ से होगी ? पर लोग कहेंगे कि अपथ्य करने का खयाल ही उसे कहाँ से आया ? इन कुग्रहों के प्रभाव ही से तो. . . . !

पति-पत्नी झगड़ा करते हैं, और न जाने कहाँ से शनि और केतु को खदेड़ लाते हैं ! यदि पति-पत्नी दोनों समझदार हैं, एक-दूसरे का दिल समझते हैं और एक दूसरे के कामों में दस्तन्दाज़ी नहीं करते तो यह सारा बखेड़ा खड़ा ही क्यों होता ?

जब देश-विदेश की राजनीति में अणु-बम, जल-बम फूटने की स्थिति आ जाती है तब भी लोग अपने वाक्-बाण हमीं पर छोड़ते हैं।

दरअसल बात क्या है ? एक देश दूसरे देश पर हावी हो जाना चाहता है और अपना एक छत्र आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। उन देशों के नेता कहलाने वाले लोग अशांति को क़ायम रखने के लिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपनी खोपड़ी लड़ाते हैं तो टूटती है हमारी खोपड़ी। यदि कोई पूछे तो यह कहकर साफ़ कतरा जाते हैं कि तुम जानो और तुम्हारा ग्रह जाने ; सच पूछा जाए तो इन मनुष्यों को जो भगवान नचाता है, वही हमें भी नचाता है। उसके बग़ैर कोई अणु-परमाणु भी नहीं हिल सकता। इन मनुष्यों में ही जो महात्मा हुए हैं वे कह गए हैं कि तिथि, बार, नक्षत्र, ग्रह और उपग्रह कुछ नहीं कर सकते, सबके ऊपर भगवान है, वही सब कुछ करता है। पर ये मनुष्य मानते कहाँ हैं? अपनी करनी का दोष बराबर हमारे ऊपर थोप देते हैं।

हमने सोचा कि हम ग्रह एक-दूसरे से विमुख हैं इसीलिए हमारी मिट्टी-पलीद हो रही है। हमने प्रार्थना की कि हे भगवान्! क्या ऐसा दिन नहीं आयेगा कि हम सब भाई मिलकर एक घर में रहें, हमारा कलंक मिटे, हमारा नवग्रह दोष दूर हो?

लम्बे अरसे के बाद हमारा सपना साकार हुआ है। हम आठ भाई एक घर में मिले। खेद इस बात का है कि छोटा भाई राहु उस दिन हमारे बीच नहीं रह सका। पर इस बात से खुश हैं हम कि आठ भाइयों को ही सही, मिलने का सौभाग्य तो मिला, पर मर्त्य-लोक के मानव हमारा पिंड कहाँ छोड़ते हैं! उसके लिए भी तरह-तरह के क़िस्से गढ़े हैं। प्यादा फ़र्ज़ी बनकर टेढ़ा-टेढ़ा चलता ही है!

हम पूछते हैं कि अभी कुछ अरसे पहले इस मर्त्य-लोक के कुछ लोग अपने को सर्वेसर्वा मानकर शिखर – वार्ता का आयोजन जो करने लगे थे, उन्होंने क्या किया? दुनिया से युद्ध-भीति को भगाया क्या? दिल से दिल ने मिलने का रास्ता खोजा क्या? बाहर-भीतर, भिन्न-भिन्न विचार रखनेवाले लोग उच्च वार्ता से कोई सुफल ला सके? एक-दूसरे को दबाकर स्वयं ऊँचा उठने का प्रयत्न करने ही से तो सम्मेलन का आयोजन विफल हुआ!

ऐसी स्थिति में अबोध जनता डगमगाये तो उसका क्या दोष है? हमारी तो यही प्रार्थना है कि अपना उल्लू सीधा करनेवाले मनुष्य के सभी दुष्ट ग्रहों से भगवान भोली-भाली जनता को बचाये रखे। हमारे अलग रहने या साथ होने से कुछ नहीं होता। पर यह इनसान हर स्थिति में नुक़सान ही पहुँचाता है। स्वार्थी जो ठहरा!

भाइयो, नाराज़ न होओ तो एक बात पूछूं! अरसे बाद हम आठ भाई जब मिले, तब हमने इतने दिनों का वियोग भूलकर खुशी से रहना पसन्द किया या दूसरों का बुरा सोचते फिरे? सच मानो, मनुष्यों की तरह हम अपने दिल में बुरे विचारों को स्थान नहीं देंगे। हम अपने दिन खुशी से बितायेंगे और दूसरे भी सुख से रहें—इसी की प्रार्थना करेंगे। यक़ीन मानिये, अन्यथा न समझिये।

हमने अपनी बात पर ज़ोर देकर अपना कर्म निबाहा है। इतने पर भी आप कान न दें और अपने पुराने ढर्रे ही पर चलते रहें तो हमारे पास इसे छोड़ कोई चारा नहीं कि अपने कुग्रह को कोसें। कौन कह सकता है कि हमारा ग्रहाचार कैसा है?

[तमिल से अनूदित]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आंचलिक प्लॉट की तलाश में रहने वाले हर लेखक के लिए एक अचूक नुस्खा !

शंकर नेगी

प्रिय संपादक जी,

क्या बताऊँ ! मेरा एक लेखक दोस्त खो गया। बेचारा आंचलिकता का मारा हुआ था। इधर उसे अपने आंचलिक उपन्यास लिखने के लिए कोई अछूता प्रदेश नहीं मिला। इसी खोज में वह घर से निकल गया। अब उसका कहीं पता तक नहीं।

इधर मैंने मकान बदल लिया। इत्तिफ़ाक़ से जिस मुहल्ले में आया, वह आंचलिक निकला। अभी तक उस पर कोई आंचलिक उपन्यास नहीं लिखा गया है। नीचे लिखी चिट्ठी में आंचलिक सामग्री दे रहा हूँ। इसे छाप दें। वह जहाँ भी होगा, पढ़ लेगा और उपन्यास लिख लेगा।

आपका
शंकर नेगी

एक प्यारा दोस्त
आंचलिक प्लॉट की तलाश में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रिय आंचलिक दोस्त,

तुम्हें यह क्या धुन सवार हुई ! दोस्त, लेखक बनने से इन्कार नहीं, पर जो तुम पर यह आंचलिकता की सनक चढ़ी है, उसमें तुमने घर-परिवार तक छोड़ दिया ! आंचलिकता में क्या रखा है ? उसमें उपन्यास लिखने के लिए अब अंचल रह ही कहाँ गये हैं। हर एक अंचल पर तो दो-दो, तीन-तीन उपन्यास लिखे जा चुके हैं। अब क्यों चार-चार लिखे जाने की परम्परा स्थापित कर रहे हो ? भाई, तुम्हें उपन्यास ही तो लिखना है न ? भैंस की दुम तो नहीं बनानी है ! फिर लेखक तो बिना आंचलिक उपन्यास लिखकर भी बना जा सकता है। उदाहरण के लिए दूर क्यों जाते हो ? प्रेमचन्द जी को ही क्यों नहीं देख लेते ! क्या वे लेखक नहीं हुए ? क्या 'गोदान' आंचलिक उपन्यास है ? उन्होंने बिना हो-हल्ला के 'गोदान' उपन्यास लिखा और मर गये। तुम भी अपना कोई 'भूदान' वगैरह उपन्यास लिखते और मर जाते।

रही प्रसिद्ध होने की बात, यदि तुम्हारे भाग्य में प्रसिद्धि लिखी होगी तो आंचलिकता क्या, तुम चार लाइन की बे-सिर-पैर की कोई नई कविता लिख मारते और अमर हो जाते।

यदि तुमने मेरा कहना माना होता तो आज तक तुम कब के प्रसिद्ध लेखक बन कर मर भी गये होते। आज तो तुम्हारी स्मृति में स्मारक बन रहे होते ; क्योंकि प्यारे ! हमारे देश में जीवित लेखकों की कोई क़ीमत नहीं। अपनी रचनाओं का पारिश्रमिक तक उन्हें नहीं मिलता। लेकिन जब वे मर जाते हैं, तब स्मारक और स्मृति-गोष्ठियाँ आयोजित करके उन्हें सम्मानित किया जाता है !

सो, मैंने तो तुमसे कहा था कि यदि तुम्हें आंचलिक उपन्यासकार बनना ही है तो तुम अपना कोई भी रद्दी-सा उपन्यास उठा लेते। उसमें कुछ आंचलिक नाम डाल देते, कुछ आंचलिकनुमा झूठे शब्द गढ़ देते और उन्हें जगह-कुजगह फिट कर देते। हाँ, ज़रा भूमिका ज़ोरदार और जानदार होनी ही चाहिए। सो, मैंने कहा था कि न हो तो तुम कटियानी की 'भूमिका' ही चुरा लेते !

तुम्हें चाहिए था कि अपने किसी उपन्यास का नाम ही आंचलिक तौर-तरीके से रख देते और आंचलिक उपन्यासकार हो जाते। तुम्हें नया उपन्यास लिखने की क्या ज़रूरत थी ! पर तुम कब मानने वाले हो ! मुझे तो लगता है कि तुम अब कोई आंचलिक उपन्यास लिखकर ही दम लोगे।

सो मैंने सोचा, क्यों न तुम्हारे आंचलिक उपन्यास लिखने में सहायता कर दूँ। कुछ आंचलिक प्वाइन्ट्स तुम्हें भेज दूँ। वैसे मैं कूड़ा-करकट सब भेज रहा हूँ, क्योंकि मुझे खूब पता है कि उपन्यास कूड़ा-करकट खपाने के लिए ही लिखा जाता है। दूसरा उद्देश्य यह भी होता है कि किताब मोटी हो, जिससे उसकी अधिक क़ीमत रखी जा सके और खूब पैसे वसूल किये जा सकें।

आजकल के आलोचक भी आलोचना करेंगे तो यही कि उपन्यास कितने पेज का है ? क़ीमत कितनी है ? कहाँ से निकली ? कितने पेज की भूमिका है। सो तुम अपने उपन्यास की पृष्ठ-संख्या,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ज़रूर अधिक बढ़ा लेना, जिससे आलोचक तुम्हारी पुस्तक पर चूँ तक न कर सकें। क्योंकि आज का आलोचक उपन्यास को बाहर से देखकर आलोचना करता है, बाहर उसे पृष्ठ-संख्या और मूल्य के सिवाय खाक दिखाई देगा ?

अब मैं नये मुहल्ले को बदल गया हूँ। मेरा नया मुहल्ला बिल्कुल आंचलिक है। उसमें जो आंचलिक सामग्री है, उसे मैं सही-सही नीचे दे रहा हूँ। आशा है, तुमको यह आंचलिक सामग्री पसन्द आयेगी। यह सामग्री बिल्कुल मेरे ही मुहल्ले की है और अब तक इस मुहल्ले पर उपन्यास नहीं लिखा गया है। इसे अपने उपन्यास के लिए स्वीकार कर लेना। अपने निर्णय की सूचना लौटती डाक से दे देना।

हमारे मुहल्ले में एक आंचलिक औरत रहती है जो यह खूब जानती है कि किस तरह राजधानी में मैला-कुचैला रहकर आंचलिक जीवन बिताया जा सकता है। उसके नाक-नक्श और रंग-ढंग भी आंचलिक कट के हैं, उसके रूप-रंग के लिए तुम्हें शिल्प-'फिक्स' करने की कोई ज़रूरत नहीं। प्यारे दोस्त! कमाल तो यह है कि वह बच्चे भी आंचलिक ही पैदा करती है। इससे हमारे मुहल्ले में आंचलिक लोगों के फैलने के 'चान्सेज़' बढ़ गये हैं।

जिस प्रकार आंचलिक उपन्यासों में पात्रों की भरमार देखने को मिलती है, उसी प्रकार आंचलिक औरत के लिए यह ज़रूरी है कि उसके घर में बच्चों की भरमार हो। सो दोस्त! उस औरत को अपनी आंचलिकता निभाने के लिए अधिक बच्चे पैदा करने पड़ रहे हैं, परन्तु दिक्क़त यह है कि यहाँ उसे 'फेमिली-प्लानिंग वाले' बहुत तंग कर रहे हैं, कोस रहे हैं। प्यारे, वे तो उस औरत से साफ़ कहते हैं कि तुमने यह क्या मज़ाक किया है! भाई, वह औरत उन्हें कितना ही समझाती है कि यह मज़ाक नहीं है, महज़ बच्चे हैं, पर 'फेमिली प्लानिंग' वालों के दिमाग़ में यह बात न उठती है और न बैठती है; जबकि औरत स्पष्ट कहती है कि आंचलिकता में अधिक बच्चे पैदा करना स्वाभाविक और उचित ही है। वह अपनी ज़िद यह कहकर नहीं छोड़ती कि जैसे 'फेमिली-प्लानिंग' वालों के लिए ज़रूरी है कि कम बच्चे पैदा किये जायँ, उसी तरह आंचलिकता के लिए ज़रूरी है कि अधिक बच्चे पैदा किये जायँ। भाई, वह औरत जितनी काली और कम पढ़ी-लिखी है, उतनी ही होशियार है। वह अपने देश की काफ़ी कमज़ोरियों को जानती है। वह कई बार कहते पकड़ी गई कि हमारे देश में दो योजनाएँ आपस में टकरा जाती हैं, जैसे 'फेमिली-प्लानिंग' वाले एक तरफ़ तो कम बच्चे पैदा करने की सलाह देते हैं और दूसरी ओर अस्पतालों में लोगों को मरने से बचाते रहते हैं।

तुम उपन्यास में 'डॉयलाग' भरने में कमज़ोर हो, इसमें शक़ क्या करना! कोई बात नहीं। इस उपन्यास में तुम्हें 'डॉयलाग' पर सिर खपाने की ज़रूरत नहीं। वह औरत रोज़ हज़ारों गालियाँ देती रहती है। यदि तुमने उन गालियों को बिना शिल्प के भी अपने उपन्यास में रख दिया तो तुम्हारा उपन्यास बहुत ऊँचे उठ जाएगा।

वह औरत हरएक को आंचलिक दृष्टि से देखती है, जिससे हमारा मुहल्ला आंचलिक दृष्टि पा रहा है और इसलिए विशिष्ट होता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जा रहा है। हम सब उसकी आंचलिकता के क़ायल होते जा रहे हैं। मैं समझता हूँ कि यह औरत तुम्हारे उपन्यास में होरोइन के पार्ट के लिए ठीक बैठेगी। तुम अपने उपन्यास की भावी शक्ल देख कर कहो तो मैं उस औरत का नाम-धाम आंचलिक ढंग से नोट करके भेज दूँ।

उस औरत में एक नुक्स जरूर है। उसका पति आंचलिक नहीं है। बिल्कुल बैल है। एक भी गाली नहीं जानता। काला भी नहीं। झूठ कभी नहीं बोलता। जहाँ जाता है, सच बोलकर ही आता है। झगड़ा करना तो उसे आता ही नहीं। किये-कराये झगड़े को भी खो बैठता है। तब ऐसे पात्र को आंचलिक उपन्यास में रखकर क्या करोगे!

वैसे उस औरत ने अपने पति को आंचलिक बनाने की बड़ी कोशिश की। कई आंचलिक उपन्यास जलाकर उसे सुँघाये। कई रोज़ तक भूखा रखा, पर पति चूँ तक नहीं कर रहा है और अभी तक अनांचलिक ही बना हुआ है। उस औरत ने मेरे घर के तमाम उपन्यास जला दिये; अब मेरे पास एक भी आंचलिक उपन्यास नहीं। आंचलिक उपन्यास न होने के कारण मेरी आंचलिकता का दिन-रात ह्रास हो रहा है। अब मैं क्या करूँ, लोग आंचलिकता में उठ रहे हैं। और मैं बैठ रहा हूँ। मेरी खैर समझते हो तो मेरे लिए कुछ आंचलिक उपन्यास भेज देना। तुम्हारे पास अगर न हों तो चुरा लेना। आंचलिकता में चोरी का दोष नहीं। आंचलिक लेखक तो एक दूसरे के भावों को रोज़ चुराते हैं और प्रसिद्ध होते फिरते हैं।

इसके अतिरिक्त मेरे नये घर में आंचलिक चूहे भी हैं। मैंने तुम्हारे बारे में उनसे 'इंटरव्यू' ले लिया है। उन्होंने स्वीकार कर लिया है कि वे अपने ऊपर आंचलिक उपन्यास लिखवायेंगे और उसके बदले फूटी कौड़ी भी नहीं लेंगे। दोस्त! मेरे घर के चूहे खुद इस चक्कर में हैं कि कोई मुफ्तखोर उपन्यासकार ही सही, उन्हें मिले और उनके ऊपर आंचलिक उपन्यास लिखे। परन्तु भाई! मेरी भी बीच में एक शर्त है कि तुम मेरे घर के चूहों को नहीं ले जा सकते, क्योंकि चूहे मेरे हैं और उनके पैदाइश की कापी-राइट मैंने कब्ज़े में कर रखी है। मेरी बीवी इन चूहों को रोज गौर से देखती है। इन चूहों की हरकतों से उसका उद्देश्य एक आंचलिक माहौल पैदा करना है। मेरी पत्नी खुद तुम्हारे उपन्यास की भूमिका लिखने के लिए तैयार बैठी है।

घर के चूहों का बिल्लियों से आंचलिक मतभेद है, जो ठीक ही है और जिस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

पशुओं के प्रश्न को लेकर हमारे पड़ोस में एक भैंस भी है, जो बड़ी सीधी है, भावुक है और अपने को आंचलिक दिखाती फिरती है। जब वह भावुक होती है तो अधिक दूध देती है। कुछ लोग कहते हैं कि उस भैंस का दूध आंचलिक है जब कि मैं कहता हूँ कि दूध आंचलिक नहीं, सफ़ेद है। भैंस का दूध हर एक आदमी मुफ्त पी सकता है, चाहे वह आदमी आंचलिक हो या न हो। इसमें भैंस को तो कोई आपत्ति नहीं, पर भैंस का मालिक मुफ्त देने से इन्कार करता है।

दोस्त! भैंस कुछ कहती तो हम भैंस को डंडा मारते। हमें तो भैंस को बेक़सूर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डंडा मारते शरम आती है। भैंस के मालिक को आदमी होने के नाते हम कुछ नहीं कहते ; चुपके-से दूध के पैसे दे देते हैं।

बिना भैंस की सलाह से हम जो पैसे देते हैं, वह एक प्रकार से घूस ही है। घूस देने में शरम क्या करनी ! घूस-फूस तो तब तक चलती रहेगी जब तक मनुष्य की जगह आंचलिक भैंसें नहीं आ जातीं और मनुष्य भैंसों की जगह नहीं घेर लेते।

पर दोस्त, हमको घूस के चक्कर में पड़ने की क्या ज़रूरत ! हमको दूध मिल रहा है और तुमको आंचलिक सामग्री मिल रही है। यही गनीमत है। कुछ चंट, चालाक और स्वार्थी तो बनना ही पड़ेगा। यदि भैंस की तरह सीधे-सादे बने रहोगे तो प्यारे, एक दिन ऐसा आयेगा जब लोग तुम्हारे सामने बीन बजाने लगेंगे और तुम पगुरा जाओगे।

उत्पादन की व्याख्या

इस निठल्ले देश में 'उत्पादन बढ़ाओ !' का शोर सुनते-सुनते लोगों का दिमाग़ ख़राब हो गया है। आख़िर किसका उत्पादन बढ़ाये ? इसीलिए तो इस बात का अर्थ निकालते समय गड़बड़ी पैदा हो गयी। आख़िर ट्राम कम्पनी वालों ने इसकी व्याख्या अपने ढंग से करके सबों को राह दिखाई। उसके विचार से 'उत्पादन बढ़ाओ !' का अर्थ हुआ--- भाड़ा बढ़ाओ ! जनता भी चुप नहीं रही। उसने व्याख्या की ---प्रतिरोध बढ़ाओ ! फिर पुलिस अपनी व्याख्या लिये आगे आयी। पुलिस वालों की व्याख्या थी---लाठी बढ़ाओ जिसका अन्त होता है १४४ धारा में लेकिन यह १४४ धारा होती है ख़तरनाक। इसमें क्या-क्या संभावनाएँ छिपी हुई हैं, यह हमें छोड़ कर आज तक कोई नहीं समझ पाया है। अकेले १४४ धारा ही सहस्त्र-धार संकट उपस्थित कर सकती है, इसका पता हमें भी न चलता यदि संवाददाताओं के सिर पर लाठी न बरस पड़ती ! सौभाग्य ही समझिए कि लाठी बरस पड़ी थी !

काश अब भी पुलिस अपनी भूल समझ पाती ! जाने किस मोहवश, पुलिस की धारणा है कि देश में शान्ति और अनुशासन उन्हीं के द्वारा क़ायम है। किन्तु उन्हें जानना चाहिए कि यह बात केवल आंशिक रूप से ही सत्य है। सम्पूर्ण देश के लोगों का मन अख़बारों के सुर में बंधा हुआ है--- पुलिस के सुर में नहीं क्योंकि उनके पास सुर है ही नहीं; तभी तो उनका एक और भी नाम है---असुर !

---परिमल गोस्वामी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिह्न तो और भी बहुत-से हैं, जैसे विराम-चिह्न, आश्चर्यबोधक चिह्न, उद्धरण चिह्न, पूर्ण विराम, कोष्ठक आदि-आदि लेकिन इन सभी में सर्वाधिक भयंकर है प्रश्नचिह्न !

● ● ●

लगता है, मनुष्य के आकार में अलग-अलग विराम-चिह्न संसार में घूमते हुए दिखाई देते हैं। प्रत्येक मनुष्य के विशिष्ट-लक्षण की तुलना किसी विराम-चिह्न के साथ सरलता से की जा सकती है। कितने ही महानुभाव तो मूर्त्तिमंत आश्चर्य के चिह्न ही होते हैं। उनका स्वभाव, बातचीत, अस्तित्व, सभी कुछ हमें आश्चर्यजनक लगता है। जिस प्रकार भगवद्गीता में परमतत्व के लिए कहा गया है—'आश्चर्यवत् पश्यति कश्चिदेनम्' उसी प्रकार इन महानुभावों के लिए भी कहा जा सकता है कि ये लोग आश्चर्य के रूप में ही जाने जाते हैं।

कार्य को आरंभ कर अधूरा छोड़ देने वाले—आरंभ-वीर सज्जनों तथा केवल संकल्प कर उसकी फल-सिद्धि के लिए उद्यम न करनेवाले सभी पुरुषों को अर्द्धविराम कहा जा सकता है। कोष्ठक में रखे जाने जैसे लोगों की भी कमी नहीं है। स्वयं का एक समूह बनाकर उसी में बँधे रहकर एक क़दम भी आगे न चलनेवाले कूपमंडूक उच्च-वर्ग में रखे जा सकते हैं। वस्तुतः इस विशाल-जगत में धर्म, जाति, न्याय, राष्ट्र आदि कोष्ठक के रूप में हैं। यह कोष्ठक प्रयत्नपूर्वक प्रजाओं तथा जातियों को अपने दायरे में स्थिर रखकर बाहरी संसार से अधिकाधिक विमुख रखने की कोशिश करता है।

अवतरण-चिह्नों की कमी पूरी करनेवालों की भी कमी नहीं है। नक़ल किये बिना जिनका चल नहीं सकता ऐसे लेखक, दूसरे के विचारों की प्रतिध्वनि

प्रश्न-चिह्न



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करनेवाले, वीर-पूजा के तत्वों को समझे बिना
महापुरुषों के नाम तथा शब्दों का स्थल-स्थल
पर उच्चारण करनेवाले तथा स्वयं की
बहुश्रुतता दिखाने के लिए शिष्ट या अशिष्ट
व्यक्तियों के वाक्यों को बोल-बोलकर सामान्य
वार्तालाप को भी निबन्ध रूप बनाने वाले
सभी लोग अवतरण-चिह्न माने जा सकते हैं।
जो लोग यह मानते हैं कि हमने अपने सभी
कर्त्तव्य पूरे कर लिये हैं, अब हमारे लिए
कुछ भी प्राप्य शेष नहीं है, ऐसे सभी लोग
पूर्ण विराम हैं।

इन सभी चिह्नों में अधिकाधिक
भयंकर प्रश्न-चिह्न है। सौभाग्य से पहले
मुझे प्रश्न-चिह्न का अनुभव नहीं हुआ था,
पर अभी-अभी कुछ दिन हुए, इस चिह्न से
मेरा परिचय हो गया। अनुभव होने के बाद
ही मेरी समझ में आया कि मेरी तरह किसी
और ने ऊबकर इस चिह्न के सिर पर
जोर से घूंसा मारा होगा। तभी तो इसके
ऊपरी सिरे का स्थान टेढ़ा हो गया है।

भारत अतिथि-सत्कार की भावना के
लिए अत्यन्त प्रसिद्ध है। मैं इस सम्बन्ध में
भारतीय की अपेक्षा एक सामान्य व्यक्ति
अधिक हूँ। लगता है, अतिथि-सत्कार की
भावना का अंकुर मुझमें पूर्णतः विकसित भी
नहीं हुआ होगा कि मुरझा गया। यही कारण
है कि जब मेरे स्वर्गीय काका के एक मित्र
(जिन्हें मैं नहीं जानता था) का इस आशय का
पत्र आया कि वे कुछ समय के लिए मेरे यहाँ
पधार रहे हैं, तो मुझे कोई खुशी नहीं हुई।
मेरे साथ रहनेवाली वृद्धा काकी के कारण
मुझे प्रसन्न होने का बहाना करना पड़ा।

किसी ने कहा है कि पहली बार देखते
ही किसी व्यक्ति के बारे में जो राय बँध
जाती है, वहीं अंत में [illegible] भी होती है।
मुझे यह सूत्र सत्य प्रतीत नहीं होता।
कारण यह है कि जब मैंने पहले-पहल इन
महाशय को स्टेशन पर देखा तो वे बड़े
सज्जन दिखाई दिये। मिलते देर नहीं
हुई कि उन्होंने इस प्रकार बात-चीत आरंभ
की जैसे जन्म-जन्मान्तरों से हमारी जान-
पहचान रही हो। उन्होंने मेरी, मेरे माता-
पिता की, धर्मपत्नी की और यहाँ तक कि
कल्पना-प्रदेश से दूर अस्तित्वहीन संतानों
की खबर तक पूछी। ऐसे कुत्ते, बिल्ली,
तोताराम आदि की खबर भी पूछी जिन्हें न
मैंने कभी पाला-पोसा था और न कभी
ऐसा करने का विचार था।

रास्ते में जो लोग मिलते गये उनके संबंध
में, उनके रिश्तेदारों, स्वभाव, शारीरिक,
मानसिक, आध्यात्मिक अवस्था, आर्थिक,
नैतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक
स्थिति आदि के बारे में अनेकानेक प्रश्न पूछते
गये और मैं प्रश्नों की संख्या और प्रकार के
भार से मुश्किल में पड़ उत्तर देने के लिए
बगलें झाँकने लगा।

घर पहुँचने पर उन्होंने मेरे मुहल्ले, मेरे
घर और घर के कमरों, कपाटों, उनमें रखी
वस्तुओं, वस्तुओं के बनानेवालों, उनके
मूल्यों आदि से लेकर — संक्षेप में कहूँ तो
मेरे घर से लेकर मेरे गाँव, गाँव के बाजार की
दूकानों, दूकानों की वस्तुओं आदि का गहन
अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त की
उन्होंने मुझसे और मेरी काकी से असंख्य
प्रश्न पूछे। यदि मैं उन सब प्रश्नों को याद
कर लिखने लगूं तो मेरे साथ-साथ पाठक
गण भी उन सबसे ऊबकर आत्मघात
करने का विचार करने लगेंगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुर्भाग्य ही समझिये कि इन महाशय के पधारने के दो दिन बाद ही मेरी जन्म-तिथि पड़ती थी। उस दिन मैंने इनसे पिंड छुड़ाने की लाख कोशिश की, पर सब व्यर्थ ! उस दिन शाम को मैंने अपने संबंधियों तथा मित्रों को निमंत्रण दिया था। सभी समय पर आ गये। कुछ ही देर में मेरे अतिथि महाशय ने अपना असली रूप दिखाया। मैं किसी मित्र के साथ बातचीत करते समय थोड़ी देर के लिए भी रुकता तो वे प्रश्नों की झड़ी लगा देते :

"यह सामने कौन बैठा है ? क्या नाम है इसका ? इसके पिताजी का नाम क्या है ? क्या करता है यह ? बाप क्या करता है इसका ? शादी-शुदा है या कुँवारा ?"

इस प्रकार जब मैं प्रश्न-बाणों से बिंध-सा गया और अपने मित्रों से औपचारिक बातचीत भी नहीं कर पाया तब वे बिचारे आपस में ही बातें करने लगे। अंत में ऊबकर मैं सीढ़ियों के पास जाकर एक कोने में बैठ गया। बारहवें के बाद जैसे तेरहवाँ आता है, वैसे ही मेरे अतिथि भी मेरे पास आकर बैठ गये। सब लोगों से दूर होने पर उन्हें प्रश्न पूछने में विशेष सुविधा हो गई :

"वह जो झूले पर बैठा है, वह उस कुर्सी पर बैठनेवाले का कोई रिश्तेदार है क्या ?"

"नहीं !"

"तब दोनों की सूरत मिलती-जुलती क्यों लगती है ?"

"सूरत को इस बात की परवाह नहीं होती कि किसके साथ मिलना चाहिए और किसके साथ नहीं !"

"भला ऐसा क्यों ?"

"ऐसा है ! उसका कारण यह है ऐसा होने के सिवा दूसरा कोई मार्ग न है।"

"क्यों ?"

"ऐसे ही !"

"अभी-अभी आपके साथ जो सज्जन बातें कर रहे थे, वे पढ़े-लिखे हैं क्या ?"

"जी हाँ !"

"क्या पढ़े हैं ?"

"क, ख, ग, घ, बारहखड़ी, पहाड़े आदि"

"क्या वे धनवान हैं ?"

"पता नहीं।"

"उनके पिता जीवित हैं क्या ?"

"अभी तक उनके मरने की खबर न आई है।"

"अच्छा यह बताइये कि सामने ... की तरह यह कौन बैठा है ?"

"देखिये जनाब ! मेरे मित्र के ... ऐसा न कहिये।"

किंचित् भी हताश न होकर उन्होंने गाड़ी आगे बढ़ाई, "वह मोटे शरीरवाला..."

दाँत पीसते हुए मैंने बीच ही में ... "हाँ, कहिये, उस मोटे शरीरवाले ... क्या बात है ?"

"इसका शरीर इतना मोटा क्यों है ?"

"कारण यह कि पतला नहीं है।"

"पतला क्यों नहीं ?"

"क्योंकि मोटा है।"

"इसने कोई दवा खाई थी ?"

"जी हाँ !"

"कौन-सी ?"

"क्विनाइन और जुलाब।"

"क्या वह कसरत करता है ?"

"जी हाँ।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"कौन-सी ?"

"सीढ़ियाँ चढ़ना-उतरना, हिलना-डुलना और बात करना।"

"अरे हाँ वह, जो मरियल की तरह. . . ."

"देखिये, आप फिर भूल गये हज़रत ! मैंने अभी कहा था कि मेरे मित्रों के लिए जैसे-तैसे शब्दों का प्रयोग न कीजिये।"

"आपने कहा था ?"

"जी, हाँ !"

"कब ?"

"अभी, कुछ देर पहले।"

"किसको कहा था ?"

"आपको जनाब।"

"क्या कहा था ?"

अत्यन्त धीरज के साथ मैंने उनको एक-एक शब्द अलग कर बताया—"मेरे. . . . मित्रों. . . . के बारे में. . . . . जैसे-तैसे. . . शब्दों का . . . . उपयोग . . . . न. . . . क. . . . रें ! समझे, या फिर से समझाऊँ ?"

"फिर से क्यों समझाएँगे ?"

"यदि आप न समझे हों तो......"

"मैं समझूँ क्यों नहीं ?"

"कारण यह कि...कारण यह कि...तुम बहुत-कुछ नहीं समझ सकते।"

"आप ऐसा समझते हैं ?"

"जी हाँ।"

"क्यों भला ?"

"इसलिए कि मेरा और तुम्हारा नसीब ही ऐसा है।"

"नसीब कैसा है ?"

एकाएक उनकी गर्दन की ओर निगाह पड़ी और एक भयंकर विचार मस्तिष्क में घूम गया। हाथों में पैशाचिक खुजली होने लगी। क्षण भर ऐसा लगा कि भविष्य ने मुझे फाँसी के तख्ते पर लटका दिया है। सोचा, सिर पर अतिथि-हत्या का कलंक लगेगा ! इस विचार ने मन को शांति प्रदान की। सन्निपात के रोगी की तरह मैं भी शान्त हो गया, शिथिल हो गया।

ऐसे ही कई दिन बीत गये। फिर भी मैं जीवित रहा और वे हज़रत भी रहे। अनेक युक्तियाँ आज़मा देखीं मैंने, किन्तु आकार में ही नहीं प्रकार में भी हँसिये जैसा यह प्रश्न-चिह्न हृदय को घास की तरह काटता ही रहा। जब उन्हें कोई दूसरे प्रश्न नहीं मिलते तो पूछते,—"क्यों उठे ?", "दाँत साफ़ किये ?" "चाय पीते हैं ?" "नहाते हैं ?" आदि।

संसार के प्रति मेरे मन में तिरस्कार उत्पन्न हो गया। मुँह पर विषाद और ऊब की रेखाएँ खिच गईं, मुँह पर और हृदय में ऐसे भाव उत्पन्न हुए मानों कई दिन से हँसी नसीब न हुई हो। वेदांतियों का कहना है कि जगत में वैराग्य लाने के लिए शम, दम, तितिक्षा, भुभुक्षा, अभ्यास, विवेक आदि जरूरी हैं। मुझे लगता है कि वेदान्ती लोग ऐसे प्रश्न-चिह्नों के समागम में नहीं आए होंगे अन्यथा संसार में वैराग्य लाने के लिए उन्होंने ऐसे मनुष्यों की सत्संगति का ही ज्ञान दिया होता।

अंत में हार कर मैंने निश्चय किया कि मौन रहकर, बिलकुल न समझे जा सकने वाले संकेतों में उत्तर देकर इनका प्रश्न पूछना ही बन्द करना चाहिये। किन्तु इस युक्ति में मुझे सफलता नहीं मिली। दिन भर किसी से समझ में न आने वाली चेष्टाएँ करते रहना बड़ा कठिन है, इसलिए ऐसा करना छोड़कर मैंने उनके प्रश्नों की ओर से एकदम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उदासीनता धारण कर ली। जब वे प्रश्न पूछते तब मैं मुंह पर आश्चर्य के चिह्न प्रकट कर जड़ भरत की तरह उनकी ओर देखा करता। संकेत इस प्रकार के होते—?,!,?

लेकिन इस प्रकार द्वार बन्द कर देने से ही यमदूत चले नहीं जाते हैं। जब उन्हें इससे तसल्ली न हुई तो काग़ज़-पेन्सिल ले आये और मेरे हाथ में देते हुए कहने लगे :

"बोलते क्यों नहीं? लिखकर बताइये।"

मैंने लिखा : "जीभ कुचल गई है। बोलना कठिन है।"

"जीभ क्यों कुचल गई?"

"दाँतों का आक्रमण ज़ोर से हो गया, इसलिए।"

"डाक्टर को दिखाया?"

"जी हाँ।"

"कौन-सा डाक्टर? क्या नाम है?"

"मैं नाम नहीं जानता।"

"क्या अनुमान करते हैं?"

"अनुमान किसका? यमराज का या ईश्वर का?"

"आपके विचार से उसका नाम क्या हो सकता है?"

"मैं कुछ भी विचार नहीं करता। यह विषय कल्पनातीत है।"

"अच्छा, उसके बाप का ही नाम बताइये।"

"मैं बाप का नाम भी नहीं जानता।"

"क्यों भला?"

"मैं प्रश्न पूछ-पूछकर दूसरों को दुःख देना नहीं चाहता। यह मेरी आदत नहीं है।"

"दूसरे किसी को ऐसी आदत होती है?"

"जी हाँ।"

"किसे?"

"बहुतों को।"

"मैंने एक भी ऐसा आदमी नहीं देखा। बिना वजह के कोई प्रश्न पूछ सकता है?"

"पूछ सकता है।"

"लेकिन क्यों?"

"केवल पूछने के लिए?"

"पूछने के लिए भी कोई पूछता होगा?"

"हाँ भाई, हाँ।"

"ऐसा संभव है?"

"है।"

"व्यर्थ के प्रश्न कौन पूछता है?"

"गधा।"

"आदमी पूछ सकता है?"

"अब यदि एक भी प्रश्न पूछा तो तुम्हारा गला घोंट दूंगा।" मैंने काग़ज़ पर लिखा, पर काग़ज़ दिया नहीं और कुछ देर तक आँखें बन्द कर पड़ा रहा। परन्तु इस युक्ति से भी काम नहीं चला। कुछ ही देर हुई नहीं कि उन्होंने पूछा, "अब कैसा लगता है?"

मैंने कह दिया, "अच्छा लगता है।"

पुनः प्रश्नों की लाइन लग गयी। मुझे एक युक्ति सूझी। युक्ति यह थी, कि जब कभी वे प्रश्न पूछते तब मैं अपने मुँह की आकृति एकदम व्यग्र कर लेता। फटी आँखों से उनकी ओर देखता, घूरता; फिर कुछ बेवकूफ़ी और पागलपन के साथ उत्तर देता। इसका एक ही उदाहरण काफ़ी होगा।

हमारे रिश्ते में किसी के यहाँ संवत्सरी का प्रसंग था। वहाँ मुझे अपने माननीय मेहमान को लेकर भोजन के लिए जाना था। वहीं मैंने इस युक्ति को आज़माया। भोजन कर लेने के बाद उन्होंने मेरे संबंधियों के बारे में प्रश्न पूछना आरंभ किया :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"वे जो आपके पास बैठे थे, कौन थे ?"

"क्या पूछा ?" मैंने आँखें चढ़ाकर कहा। उन्होंने भयभीत होकर मेरी ओर भयपूर्ण दृष्टि से देखते हुए प्रश्न को दोहराया: "जो आपके पास बैठे थे, कौन थे ?"

"मेरे काका की बकरी।" मैंने उत्तर दिया। क्षण भर के लिए वें दिग्मूढ़ हो गये।

"और जो आपके सामने था, वह ?"

"वह मेरे दादा का घोड़ा था।" मैंने शून्य दृष्टि से आकाश की ओर देखते हुए कहा और ज़ोर-से उनका हाथ दबाया। एक ही झटके में हाथ छुड़ाकर वे घर की ओर भागे। पिण्ड छूटा !

●

मेरी काकी ऐसा मानती हैं कि हमारे अतिथि बहुत कम दिन ठहरकर ही वापस चले गये। वे यह भी सोचती हैं कि मेहमान प्रसन्न होकर नहीं गये हैं। उनका कहना है कि मैं ही इन सबका कारण हूँ। अब कोई सत्य को समझने के लिए तैयार ही न हो, तो उसका क्या उपाय है, विवश हूँ।

[गुजराती से अरविन्द जोशी द्वारा अनूदित]

कलकत्ता : आधा पुलिस-आधा चोर

कलकत्ता में प्रत्येक तीन व्यक्तियों के मध्य एक व्यक्ति चोर है। बात साधारण नहीं है। सचमुच में इतने चोरों पर नियंत्रण रखना असम्भव-सा है। नियंत्रण रखना हो तो प्रत्येक तीन व्यक्तियों में एक व्यक्ति को पुलिस होना पड़ेगा। यानी कलकत्ते में यदि तीस लाख व्यक्ति रहते हों, तो उनमें दस लाख व्यक्ति हुए चोर; उन पर नियंत्रण रखने के लिए पुलिस की भी संख्या दस लाख ही होनी चाहिये।

बाकी बचे दस लाख भद्र पुरुष। ये न तो पुलिस ही हैं, न चोर ही। सिर्फ़ भद्र पुरुष हैं। पुलिस एक शक्ति होती है; चोर की भी एक शक्ति होती है, इसलिए सिर्फ़ भद्र पुरुष बनकर रहना असम्भव है। अर्थात् भविष्य में कलकत्ता के निवासी दो ही भागों में विभक्त हो जायेंगे : आधा भाग पुलिस, आधा भाग चोर।

—परिमल गोस्वामी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डा० बरसानेलाल चतुर्वेदी

हँसना तो सभी को अच्छा लगता है, लेकिन ज़रा उन बेचारों की भी सोचि जो आपके लिए हँसी का सामान जुटाते हैं।

असंगति में हास्य का निवास रहता है। विकृत आकार, विकृत वाणी विकृत वेश-भूषा एवं विचित्र आदतें हास्य-रस का आधार मानी गई हैं। प्राची समय में कवियों ने असंगत मनुष्यों की असंगत कृतियों को हास्य-रस का आलम्ब बनाया है। आलम्बन जितना मज़ेदार होगा, हास्य-काव्य में उतना ही अधि आनन्द आयेगा। संस्कृत काव्य एवं नाटकों में अधिकतर पेटू ब्राह्मण त कायरों को ही हास्य का आलम्बन बनाया गया है। हिन्दी में हास्य के आलम्ब की एक लम्बी परम्परा है जिसमें विभिन्न प्रकार के आलम्बनों को हास्य आधार बनाया गया है। यहाँ कुछ नमूने प्रस्तुत हैं :

• कंजूस

एक दिन सपने में कंजूस जी कि कवि की कविता सुनकर ऐसे प्रसन्न ह गये कि उसे एक रुपये का पुरस्का देने का विचार कर लिया। यदि उनक स्वप्न टूट न गया होता तो वे उस रु को दे भी देते! कितना महान अनर्थ ह हो जाता। सुबह होने पर सूम महोद पत्नी को यह समाचार सुनाते हैं :

हास्य के ये रोचक आलम्बन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूम पत्नी सों कहे, सुन सपने की बात,
रात के समय में हाय बरबस हारो हो ।
चाँदी में खरो हो, जोर-जोर से करों हो,
खोद भुस में धरो हो, फिर हाथ में निकारो हो ।
'ग्वाल कवि' ताही समय एक कवि आयो तहाँ
कवित्त पढ़ो हो, कछु देवो अनुसारो हो ।
होतो कुल दाग, बड़े जेठन को भाग,
अरी जाग ना परों तो रुपया दे डारो हो ।

● डाक्टर-वैद्य

पुरानी किंवदन्ती है कि यमराज केवल प्राण लेता है किन्तु चिकित्सक महोदय प्राण तथा धन दोनों ही लेते हैं, किन्तु हास्य के आलम्बन केवल 'नीम हकीम खतरे जान' वाले वर्ग में आने वाले ही हैं । ऐसे ही एक वैद्यराज को हास्य का आलम्बन बनाकर श्री "बचनेश" जी ने लिखा :

गोली बन गोली लगे, चूरन बारुद बन,
रस विष होके आसव, तिजाब हो ।
रोगी साध्य तबलौं, परख औषधि की करे
कवि "बचनेश" हो अजाब या सबाब हो ।
शतमार वैद्य हो, सहस्त्र मार वैद्यराज,
लाख मार लेवे तो धनवन्तरी खिताब हो ।

● फ़ैशन-परस्त

पाश्चात्य सभ्यता में रँगे युवक-युवतियों पर भी हास्य कवियों ने कृपा की है । भारतेन्दु-काल से ही फ़ैशनपरस्त युवक-युवतियों को हास्य का आलम्बन बनाया गया है । कवि देहाती जी लिखते हैं :

कारे मुख पर पाउडर की शोभा सरसाई ।
मनो धुंवाना भीति पे, कलई दीन पुताई ।

सचमुच सुन्दर बनने के चक्कर में जब मनुष्य असुन्दर बन जाता है, तब वह स्वयं में हास्यास्पद हो जाता है । श्री "चोंच" द्वारा आधुनिक युवक के मन की याचना को चित्रित किया गया है :

मानुष हों तो वही कवि "चोंच"
बसों सिटी लन्दन के किसी द्वारे ।
जो पशु हों तो बनों बुलडाग,
चलों चढ़ि कार में पोंछ निकारे ।
पाहन हों थियेटर हाल को,
बैठे जहाँ 'मिस' पाय पसारे ।
जो खग हों तो बसेरो करों,
किसी ओक पै 'टैम्स' नदी के किनारे ।

● प्रेम

विश्व-साहित्य में प्रेम को आधार मानकर महाकाव्य रचे गये हैं, जो अमर हैं । हास्य-रस के कवियों ने इसे भी नहीं छोड़ा । देखिये, "बेधड़क बनारसी" की यह एक चतुष्पदी :

किसी पर हुस्न की जब भांग चढ़ती है,
प्रकृति उसको बनाती मूर्ख गढ़ती है ।
मुहब्बत को समझ लो 'बेधड़क' दाढ़ी,
हजामत होने पर भी रोज बढ़ती है ।

● गंजी खोपड़ी

भारतीय और पाश्चात्य दोनों ही प्रकार के हास्यकारों ने गंजी खोपड़ी को हास्य का आलम्बन बनाया है । "बेढब बनारसी" की 'गंजी खोपड़ी' शीर्षक रचना का एक अंश

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देखिये :

इस तरह है यह चमकती खोपड़ी
देख सकते आप अपना रूप हैं।
चाँद पर है चाँदनी मानो पड़ी,
आइना इसको लगे हैं मानने।
है बनाया हाथ से भगवान ने,
हाथ अपने आप जाता है इधर,
बैठ जाता हाथ तब तत्काल है,
जिस तरह सम पर ध्रुपद की ताल है।

● खटमल

अली मुहीबर खाँ "प्रीतम" ने तो इन पर पूरी "खटमल बाईसी" ही लिख डाली थी। ज़रा इनका एक छन्द तो देखिये :

बाघन पै गयो, देखि बनन में रहे छिपि
साँपन पै गयो ते पाताल ठौरि पाई हैं
गजन पै गयो धूल डारत हैं सीस पर
बैदन पै गयो काहू दारू ना बताई है।
जब हहराइ हम हरि के निकट गए
हरि मोसों कही तेरी मति भूल छाई है।
कोउ ना उपाय, भटकत जनि डोले, सुनि,
खाट के नगर खटमल की दुहाई है।

● खुशामदी

आजकल की भाषा में इसे 'पौलसन' लगाना कहते हैं। द्विवेदी-काल के पंडित शिवनाथ शर्मा ने खुशामद करने वालों को आलम्बन बनाकर लिखा :

देखते साहब को हो जावे खड़ा,
टोपी-जूता फेंक के होवे बड़ा।
खैरख्वाही में फुँके जिस तरह घास,
लौट जाये दण्डवत कर बने लास।

● नया पैसा

हमारी सरकार ने बड़े-बड़े परिवर्तन किये हैं। 'नया पैसा' भी उसका एक नमूना है। 'नया पैसा' का भाग्य देखिये कि वह भी प्रकट होने के साथ-साथ हास्य का आलम्बन बन गया। कविवर "मुकुन्द" कहते हैं :

माथे की गेंदी है कि टोपी है पटाखेन की,
हींगबटी गोली है कि सिलमा-सितारो है।
मेढक की आँख है कि दाँतन को चौंप है कि
खटमल कौ पिता कि है बेर फल झारो है
मुदित 'मुकुन्द' चाचा को चना जोर गरम,
नग है अँगूठी को कि भूतन कौ मारो है।
वाह रे तकदीर ! ताँबे हूँ में परो आज टोटो,
पैसा देख ठोको खेतवारे ने कपारो है।

● मिनिस्टर

कुछ लोग इसे देवता की तरह पूजते भी हैं, कुछ नास्तिक क़िस्म के लोग नफ़रत भी

करते हैं। खैर, ये तो दुनिया है, सब चलता ही रहता है। नागार्जुन का "अभी-अभी उस दिन" शीर्षक एक व्यंग देखिये :

अभी अभी उस दिन मिनिस्टर आये थे!
बत्तीसी दिखलाई थी, वादे दुहराये थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाखा लटपटाई थी, नैन भर आये थे,
छपा हुआ भाषण भी पढ़ नहीं पाये थे,
जाते वक्त हाथ जोड़ कैसे मुस्कुराये थे !
अभी-अभी उस दिन......

● सम्वाद-दाता

सम्वाद-दाता आज के युग में महामानव की शक्ति रखता है। तिल का पहाड़ बना देना तथा हाथी को चींटी बना देना इसके बाएँ हाथ का खेल है। कविवर कुंज विहारी पांडेय के 'सम्वाददाता' की ये पंक्तियाँ देखिये :

खाली हल्ला सुनकर 'तीन मरे
नौ घायल" लिख सकता हूँ,
ज्ञात हुआ विश्वस्त सूत्रजी से
जब उतर रहे थे 'बस' से :
छंगू की औरत ने पीटा
एल० पी० शर्मा को चप्पल से
कितनी उजली खादी पहनो
पर मैं धूल झाड़ सकता हूँ।

● प्रोफेसर

प्रोफेसर साहब अपनी दुनियाँ के बादशाह होते हैं। किताबों की दुनियाँ में उनका विश्व निहित रहता है। जीवन घड़ी की मानिन्द चलता रहता है। अजित कुमार ने 'प्रोफेसर साहब' पर एक व्यंग लिखा है :

परीक्षण, निरीक्षण
सुतीक्षण आँखें
कट गईं पाँखें,
हम उड़ते तो कैसे।
कालेज से कमरे
कमरे से कालेज,
घूमा किये भाई,
फिरकी के जैसे।

● अन्यान्य

सिनेमा, कवि-सम्मेलन, मुशायरा, अभिनन्दन-समारोह आदि को आलम्बन बना कर भी अनेक कविताएँ लिखी गई हैं, जिनके कि स्थानाभाव के कारण यहाँ उदाहरण देना संभव नहीं है।

आज का युग निहित स्वार्थ का है। इस लेख के लेखक के एक तुक्तक से इस प्रकरण को समाप्त करते हैं जिसमें निहित स्वार्थ वृत्ति को आलम्बन बनाया गया है :

रेडियो में काम करते मोहनलाल काले,
साप्ताहिक-सम्पादक उनके थे साले,
काले के लेख छपते
साले के गीत गवते
दोनों की तिजोरियों में अलीगढ़ के ताले।

● ● ●

कार्य और कारण

फिजिक्स की कक्षा में एक बार एक शिक्षक ने विद्यार्थी से पूछा : "कृपया ताप और शीत की विशेषतायें बताओ।"

छात्र ने बिना सोचे तुरन्त उत्तर दिया, "ताप से तत्व फैल जाता है और शीत से सिकुड़ जाता है।"

"ठीक", शिक्षक ने कहा, "इसे प्रमाणित करने के लिये कोई उदाहरण दो।"

छात्र ने फिर उतनी ही शीघ्रता से उत्तर दिया, "सर्दी में ठण्ड के कारण दिन सिकुड़कर छोटे हो जाते हैं और ग्रीष्म में गर्मी के कारण फैल कर बड़े हो जाते हैं"

[एक जर्मन लोककथा]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शौक़त थानवी

फ़िल्म-कम्पनी खोलने के लिए और चाहिए भी क्या? कहानी और गाने लिख डालो। बुढ़ापे में काज़ीजी ने भी ऐसा ही किया था पर बेचारे क़ाज़ीजी!....

● ● ●

(दरवाज़ा खटखटाने की आवाज़)

अजमल : जनाब क़ाज़ी साहब! क़ाज़ीजी तशरीफ़ रखते हैं?

क़ाज़ीजी की बीवी : कौन अजमल भाई? मैं आ रही हूँ दरवाज़ा खोलने।

अजमल : (अन्दर जाते हुए) आदाबअर्ज़ भाभी! कहिये, कैसे याद किया आपने मुझे, और हमारे क़ाज़ीजी कहाँ तशरीफ़ ले गये?

बीवी : क्या बताऊँ अजमल भाई, मेरी समझ में नहीं आता कि आखिर मैं उनको समझाऊँ किस तरह! अब ये धुन सवार हुई है कि किसी फ़िल्म-कम्पनी पर क़ब्ज़ा मिल जाये।

लेखक

अजमल : फ़िल्म-कम्पनी पर क़ब्ज़ा? उनको क्या मालूम कि फ़िल्म का सर किधर होता है और दुम किधर!

बीवी : यही तो मैं भी कहती हूँ कि फ़िल्म-कम्पनी तो दूसरी चीज़ होती है। ज़िन्दगी भर में मुश्किल से दो-तीन तमाशे देखे होंगे, मगर दावा ये है कि फ़िल्म-कम्पनी अगर मिल गयी तो जैसे दुनिया ही उलट देंगे!

अजमल : मगर ये फ़िल्म-कम्पनी की सूझी कैसे?

बीवी : अल्ला जाने फ़िल्म-कम्पनी निगोड़माड़ी का दौरा कैसे पड़ गया! दो दिन से न जाने क्या-क्या उटपटांग लिख रहे थे। अब ये रट है कि फ़िल्म-कम्पनी लेकर छोड़ूँगा, खुदा जाने क्या-क्या खयाली पुलाव पकाया करते हैं!

अजमल : और तशरीफ़ कहाँ ले गये हैं?

बीवी : जाते कहाँ, अन्दर कमरे में बैठे कुछ लिख रहे हैं। आओ, तुम ही कुछ

क़ा ज़ी जी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समझाओ ! ख़ुदा करे, तुम्हारी ही बात समझ में आ जाये ।

(दोनों जाते हैं)

क़ाजीजी : अख़्ख़ाह ! अजमल साहब हैं ! भई ख़ूब आये ! इधर आओ, मेरे पास बैठो, बहुत ज़रूरी बातें करनी हैं तुमसे, बल्कि अब तो ये तय है कि या तो हम दोनों बन गये, नहीं तो जहाँ सत्यानास वहाँ साढ़े सत्यानास सही । मगर दोस्त, फड़क उठोगे सुनकर—वह बात ज़ेहन में आयी है ! क़सम ख़ुदा की, सोने की खान समझो—सोने की खान !

अजमल : अल्लाह मुबारक करे ! मगर कुछ मालूम तो हो कि बात क्या है ?

बीवी : फ़िल्म-कम्पनी खुल रही है !

क़ाजीजी : खुल रही है या ये समझो कि बस खुल गयी । ख़ुदा जानता है कि इससे ज्यादा नफ़ा किसी कारबार में नहीं है । मिट्टी से सोना बना लो । देख लेना, ये दलिद्दर धुल जायेंगे, दिन पलट जायेंगे । मोटरें उड़ाये फिरोगे, मोटरें ! अमाँ, मैं तो ये कहता हूँ अजमल भाई कि ज़िन्दगी तो मैंने बरबाद कर दी और ये बात अब समझ में आयी है जब क़ब्र में पाँव लटक चुके । मगर ख़ैर, जो देर से होता है वह अच्छा ही होता है ।

अजमल : ये तो ठीक है मगर जनाब आपसे और फ़िल्म-कम्पनी से क्या लगाव ? आपको उसका क्या तजरबा ?

क़ाजीजी : भई, फिर वही बच्चों की-सी बात की तुमने ? मेरे अज़ीज़, बहुत-सी अच्छाइयाँ आदमी में ऐसी हुआ करती हैं, जिनका उसे पता नहीं होता । अगर मुझ कमबख़्त को अपनी इस अच्छाई का पहले से पता होता तो आज भला मैं जूतियाँ चटख़ाता फिरता । मगर इस ख़याल के ज़ेहन में आते ही मेरी तो जैसे आँखें खुल गयीं । और अब मैंने जाना कि सच पूछो तो मैं बना ही था इस काम के लिए । आपको तअज्जुब होगा कि दो ही दिन में कितना बड़ा काम मैंने कर लिया है ! कहानी पूरी लिख डाली, गाने भी ।

अजमल : यानी आपने लिखे हैं गाने और कहानी ?

क़ाजीजी : मैं तो पहले ही जानता था कि तुमको हैरत होगी । अरे साहब, मुझको तो ख़ुद यक़ीन नहीं आता कि मैं ऐसा क़ाबिल हो सकता हूँ, मगर. . . . मगर मुझको तो ये कुछ ख़ुदा का फ़ज़्ल नज़र आ रहा है । हमारी कम्पनी के पहले फ़िल्म का नाम होगा...अस्तग़फ़िरुल्लाह !

अजमल : अस्तग़फ़िरुल्लाह ?

क़ाजीजी : नहीं साहब, यह तो मैं बेगम के चेहरे को देखकर कह रहा हूँ, ... मैं तो फ़िल्म-कम्पनी की बातें कर रहा हूँ और वह इस तरह मुँह बनाये हुए है जैसे मैं घास खा गया हूँ, मैं मूर्ख हूँ, मैं पागल हो गया हूँ ! अरे साहब, अब तक तो ख़ैर मेरे बारे में ये जो कुछ भी कहतीं वह एक तरह से ठीक था; मगर अब तो उनको ख़ुदा की क़सम नाज़ करना चाहिये कि ऐसा क़ाबिल उनका शौहर है !

बीवी : मैं तो कहती हूँ कि ख़ुदा जाने मेरी क़िस्मत में लिखा क्या है ? तुम दिन पर दिन बहकते ही जाते हो ! भला बताओ, ये बातें मेरे डरने की हैं या नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि तुमने फ़िल्म के लिए कहानी लिख ली है, तुमने गाने लिख डाले हैं। मैं तो सचमुच तुम्हारी ओर से बहुत परेशान हो गयी हूँ कि ख़ुदा जाने मेरे नसीब में क्या लिखा है ?

क़ाज़ीजी : ख़ैर तुम मुझको पागल ही समझो। जिस वक्त लोग तुमको मेरी बीवी समझकर सर-आँखों पर जगह देंगे, उस वक्त तुमको इस पागल, सिड़ी शौहर की ऊँचाई का पता चलेगा ! हाँ, तो अजमल भाई, हमारी फ़िल्म-कम्पनी के पहले फ़िल्म का नाम होगा 'इत्तफ़ाक़'।

अजमल : 'इत्तफ़ाक़' से आपका मतलब मेल-जोल से है ?

क़ाज़ीजी : यही तो ख़ूबी है इस नाम में कि यह मतलब भी है और वह मतलब भी जो तुम नहीं समझे। कहानी मैंने इस तरह शुरू की है कि एक रबर-टायर ताँगा है जिस पर पर्दा बँधा हुआ है। यानी उसमें ज़नानी सवारियाँ हैं और वह ताँगा बहुत तेज़ी से एक सुनसान सड़क से गुज़र रहा है और ताँगे वाला गाता जा रहा है :

लम्बी-चौड़ी सड़कों पर;
हाँ पर; हाँ पर
मेरा ताँगा फ़र-फ़र जाये !
मेरा ताँगा फ़र-फ़र जाये !
मेरा घोड़ा हण्टर खाये !
दुम लहराये, चाल दिखाये,
लम्बी-चौड़ी सड़कों पर;
हाँ पर ; हाँ पर
मेरा ताँगा फ़र-फ़र जाये।
फूल-सी हल्की-हल्की सवारी
में बारी !

बीवी : (हँसकर) भई वाह ! बस ख़ुदा ही तुम पर रहम करे !

क़ाज़ीजी : लाहौलवलाक़ूवत ! अगर इस तरह सुनोगी तो मैं सुना चुका ! समझने की तमीज़ है नहीं और 'भई अल्लाह' और 'ऊई अल्लाह' शुरू कर दिया ! तुम क्या जानो, फ़िल्म के गाने इसी तरह के होते हैं। यही गाना जब साज़ों के साथ चलती हुई धुन के रूप में आयेगा तो देखियेगा कि क्या क़यामत होती है !

अजमल : भाभी, ज़रा सुन लेने दीजिये, मुझे तो बड़ा मज़ा आ रहा है। क़ाज़ीजी की ये अच्छाइयाँ तो आज ही मुझ पर खुली हैं।

क़ाज़ीजी : अरे साहब, अभी आपने सुना ही क्या है ! दम साधकर रह जाओगे आगे सुनकर। ख़ैर, इसके गानों को जाने दो, उनका मज़ा तो संगीत के साथ ही आयेगा। मगर कहानी सुनो, किस क़यामत की है ! तो साहब, वह ताँगे वाला उसी तरह गाता हुआ जा रहा है कि एक मोड़ पर एक मोटर से टक्कर हो जाती है और ताँगे की सवारी निकल कर सड़क पर गिर पड़ती है। क़यामत की ख़ूबसूरती है। मोटर चलानेवाला नौजवान उसको देखकर दंग रह जाता है और अपनी कोठी में ले आता है और उसकी देखभाल करने लगता है। वहाँ साहब, होता ये है कि उसको होश आ जाता है।

बीवी (हँसकर) लो और सुनो, ये भी कोई बात हुई !

क़ाज़ीजी : ख़ैर, ख़ैर, तुमको तो बस हर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चौथ में ऐब ढूँढने [illegible] खुदा के लिए कहानी के लुत्फ़ को गारत न करो। ये बड़ा दिलचस्प मौक़ा है। तो जनाब, वह होश में आते ही कहती है--मैं कहाँ? वह जवाब देता है–आप यहाँ। वह कहती है--खुदाया, ये बेदारी है या ख्वाब? वह कहता है–मैं मोटर पर आ रहा था! वह कहती है–मैं ताँगे पर जा रही थी। वह कहता है—मैं मोटर पर आ रहा था। वह कहती है--ताँगे वाला गा रहा था! वह कहता है—मैं सीटी बजा रहा था। वह कहती है—फिर ताँगा लड़ा। वह कहता है--आपको बिलकुल ठीक याद पड़ा।

बीवी : तो क्या पूरी कहानी सुनाओगे इस वक्त?

क़ाज़ीजी : लीजिये, ये हुई है हिम्मत-अफ़ज़ाई! मैं समझ रहा था कि अब तुम पर मेरी क़ाबिलीयत का सिक्का जमना शुरू हो गया होगा। मगर वह कहावत कि भैंस के आगे बीन बजायी, भैंस ने कहा यानी भैंस बोली....जैसे भैंस ने कोई ग़लत-सा जवाब दे दिया। खैर, तुमसे तो मुझको कुछ इसी तरह की उम्मीद थी लेकिन इन मियाँ अजमल से पूछो कि सच कह दें कितना बहाव है! इतनी तालियाँ बजेंगी इस डायलॉग पर कि तुम ही सदक़ा उतरवाओगी मुझ पर से कि खुदा मुझको बुरी नज़र से बचाये रक्खे।

अजमल : ये तो ठीक है क़ाज़ीजी, मुझको तो इस कहानी पर न कोई एतराज़ है, न मैं गाने के सिलसिले में कुछ कहना चाहता हूँ। मगर फ़िल्म-कम्पनी इन्हीं दो चीज़ों पर तो खत्म नहीं हो जाती। सवाल फिर यही पैदा होता है कि आपने कभी ऐसा काम या इससे मिलता-जुलता कोई काम शुरू से किया ही नहीं है।

क़ाज़ीजी : न सही, अरे भई नहीं किया है तो न सही। अब करेंगे और देख लेना, ऐसा करेंगे इस काम को कि दुनिया मुँह देखकर रह जायेगी। और मान लो कि, शैतान के कान बहरे, न चली ये कम्पनी तो भी अपनी गिरह से क्या गया?

बीवी : हाँ, और क्या! तुम्हारे लिए तो एक तमाशा हो गया और जो लोग इस काम को कर सकते थे उनका हक़ मारा गया!

अजमल : अच्छा, इजाज़त दें तो एक बात अर्ज़ करूँ!

क़ाज़ीजी : कहिये, कहिये, आपके लिए तो ज़रूरी है कि अपनी भावज की तरफ़दारी करें। बहरहाल, आपको जो कुछ कहना है, कह दीजिए : 'मैं सुनने के लिए पैदा हुआ हूँ।....' वह-वह, हाय-हाय कितना लाजवाब शेर था! इस वक्त बिलकुल याद नहीं आ रहा है।

अजमल : क़ाज़ीजी, भाभी का और मेरा मतलब ये है कि ये फ़िल्म-कम्पनी आपके बस का रोग नहीं है। आपको अगर कुछ करना ही है तो ऐसा काम कीजिये जिसकी आपको कुछ पहले से जानकारी हो। जिसकी कामयाबी का आपको यक़ीन हो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बीवी : और क्या, करना ही चाहिये वह काम जिससे अपने आपको भी फ़ायदा पहुँचे और देश और क़ौम को भी फ़ायदा पहुँचने की उम्मीद हो।

क़ाजीजी : ख़ुदा के लिए कभी तो मुझसे इस तरह की बातें किया करो, जिससे मैं समझूँ कि मेरी बीवी बातें कर रही है। मैं तो काँप जाता हूँ तुम्हारी ज़ुबान से 'मुल्क' और 'क़ौम' जैसे अल्फ़ाज़ सुनकर। अरे साहब, आप मेरी बीवी हैं, मेरी ज़िन्दगी और मेरे दुखों की साथी हैं; लेकिन आपकी इस तरह की बातों से लगता है जैसे बीवी के बजाए या तो आप अखबार बन गयी हैं या कोई बहुत बड़ी लीडर। और फिर ये कि बात जो भी करती हैं वह एकदम बे-सर-पैर की। जो काम मैं कर चुका हूँ, जिसकी मुझे जानकारी है वह क्या खाक कर सकता हूँ? थानेदारी की है ज़िन्दगी भर। अब बताइये, मैं थानेदारी कैसे कर सकता हूँ?

बीवी : अच्छा तो सवाल ये है कि तुम डॉक्टरी क्यों नहीं करते?

क़ाजीजी : डॉक्टरी! (**क़हक़हा लगाकर**) भई, क्या अक्ल की पोट बीवी मिली है हमको भी! यानी मैं डॉक्टरी भला कैसे कर सकता हूँ? जिसको ये भी पता न हो कि आदमी की नब्ज़ गुद्दी में होती है या बग़ल में, उसको जनाब डॉक्टरी की सलाह [दे] रही हैं!

बीवी : बस ठीक है। इसी तरह तुमको भी नहीं पता कि फ़िल्म किस चिड़ि[या] का नाम है? फिर तुम फ़िल्म कम्पनी के पीछे क्यों पड़े हो?

क़ाजीजी : ये तो साहब, मनवाने का व[ह] भोंडा तरीक़ा है कि मिसालें दे[कर] मुझे कोई बात मनवायी जाये। लेकि[न] तुम खुद ही देख लो कि आखिर मैं[ने] कहानी लिखी है कि नहीं, गाने तैया[र] किये हैं कि नहीं?

बीवी : ख़ुदा के लिए ये कहानी या गा[ने] किसी को सुनाना भी नहीं, लोग मज़ा[क] उड़ायेंगे!

क़ाजीजी : क्या मतलब? यानी इतने बेका[र] और ऐसे ग़लत हैं! जब तुम अपनी... यानी मेरा मतलब ये है कि ख़ास अप[नी] बीवी होकर ऐसी बातें कह रही [हो] तो मुझको किसी और से क्या शिकाय[त] हो सकती है? वही 'सादी' वाली बा[त] हुई कि सादी अपने हाथ...न...[?] वह तो फ़ारसी में है। ख़ुदा न क[रे] कोई आदमी अपने घर में ही कमीन[ा] समझ लिया जाय! मेरा क्या है, लान[त] भेजो फ़िल्म-कम्पनी पर! आज [से] अगर किसी फ़ायदे की बात भी करूँ त[ो] थू है मेरी ज़िन्दगी पर!

[उर्दू से अहमद सलीम द्वारा अनूदित]

•

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीलाल शुक्ल

●

आप कहेंगे मूर्ख--मूर्ख ही हैं। किन्तु नहीं, मूर्खों में भी 'प्रकार' होते हैं। इन विविध प्रकार के मूर्खों की एक आकर्षक प्रदर्शनी !

●

मूर्खता में स्वाभाविक दिलचस्पी होने के कारण मैंने कई मूर्खों का वैज्ञानिक समीक्षण किया है। इस विषय पर मैं एक शोधपूर्ण ग्रंथ भी लिखने वाला हूँ। पर अंग्रेज़ी में वैसा ही ग्रंथ अब तक उपलब्ध न होने के कारण मैंने यह काम अब तक आरम्भ नहीं किया है। तब तक इस प्रारंभिक प्रयास से ही सर्वव्यापी मूर्खता के प्रति अपनी पराजयपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

परिभाषा :

मनोविज्ञान की पुस्तकों में, मेरा अनुमान है, मूर्खता की कोई परिभाषा नहीं पायी जाती। मानसिक अपर्याप्ति, मानसिक पृष्ठगामिता, मानसिक पक्षाघात और मानसिक शून्यता आदि का विशद वर्णन तो हमें मिल जाता है पर मूर्खता की परिभाषा करने का साहस अभी तक शायद किसी ने नहीं किया। कहावत है कि जहाँ देवता भी क़दम रखते हिचकते हों वहाँ मूर्ख एकदम-से कूद पड़ते हैं। यह देखते हुए मूर्खता की स्पष्ट परिभाषा करने का मैं कोई प्रयास नहीं करूँगा। मुझे हिचक मालूम देती है।

परिभाषा देने का एक पैंतराबाज़ी वाला तरीक़ा यह भी है कि उसे निषेधात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाय। इस दृष्टि से कुछ लोग मूर्खता को बुद्धिमत्ता का विपर्यय मानते हैं। पर यह बात सही नहीं है। जिस प्रकार बुद्धि का अस्तित्व भर बुद्धिमत्ता का द्योतक नहीं, वैसे ही बुद्धि का अभाव-मात्र मूर्खता का द्योतक नहीं हो सकता। बुद्धि किस देश-काल में किस मात्रा और पद्धति से प्रयुक्त होती है, इसी से मूर्खता और बुद्धिमत्ता का निर्णय होता है। किस सीमा पर जाकर बुद्धिमत्ता पिघलते-पिघलते मूर्खता हो जाती है, यह बताना कठिन है।

मूर्खों का मनोविज्ञान

एक प्रारंभिक प्रयास

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उस गँवार का क़िस्सा सभी जानते हैं जो शहर में बिजली का लैम्प बुझाने के लिए बल्ब पर फूंक मारने लगा। रोशनी बुझाने के लिए फूंक मारना एक पुराना और आज़मूदा सिद्धांत है पर इस निर्दोष पद्धति को मूर्खतापूर्ण बनाने के लिए चिराग़ वाले गाँव से शहर में आना पड़ेगा। देश के परिवर्तन से बुद्धिमत्ता भी मूर्खता बन जाती है।

उसी प्रकार काल का प्रभाव पड़ता है। इतिहास में हमें अनेक समझदार मिलेंगे जिन्हें काल-चक्र ने मूर्ख बना दिया। मुहम्मद तुग़लक़ का नाम तो आज सभी आदर से लेते हैं। अकबर द्वारा दीन-इलाही का प्रवर्तन भी कालचक्र से ही उस समय मूर्खता की परिधि में डाल दिया गया था। नये उदाहरणों में पं० जवाहरलाल नेहरू का नाम ले सकते हैं। १९६२ के आरम्भ में अष्टग्रह-योग के अवसर पर भजन-कीर्तन, दान-पुण्य, वसीयत-वरासत के वातावरण में उन्होंने घोषणा की कि अष्टग्रह के प्रकोप की बात वाहियात है। परिणाम क्या हुआ? लोग उनकी बात पर हँसने लगे। एक नेता ने खुलकर उनके रवैये का विरोध किया और थोड़ी देर के लिए प्रधान-मंत्री की बुद्धि के बारे में लोग सतर्क हो गये। यह काल का प्रभाव था।

मूर्खता के कारण

(क) वंश-परंपरा

रिचर्ड आर्मर ने एक स्थान पर कहा है कि कुछ व्यक्ति पैदायशी मूर्ख होते हैं, कुछ स्वयं मूर्खता अर्जित करते हैं और कुछ पर मूर्खता का निक्षेप किया जाता है। उसने यह भी माना है कि मूर्खों में अधिकतर वही हैं जिन्होंने अपने पुरुषार्थ से ही मूर्खता अर्जित की है।

मेरा पहला शोध पैदायशी मूर्खों के विषय में है। इनमें 'ज्ञ' का केस काफ़ी महत्वपूर्ण है। 'ज्ञ' एक दफ़्तर में बाबू था। उसकी मूर्खता का उसी दिन अनुमान लग गया जब उसने बड़े बाबू की डाँट खाकर रोना शुरू कर दिया। उसे अनुभवी लोगों ने समझाया कि नौकरी में ऊपरवालों की गाली का बुरा मानना मूर्खता है। पर बात-बात पर उसके रोने और शोर मचाने की घटनाएँ बढ़ती ही गयीं।

यह भी पता चला कि 'ज्ञ' कविताएं लिखता है, पर उसकी कविताओं से विद्रोह की लपटें उठती थीं और वह वहाँ 'क्रांति क्रांति' चिल्लाया करता था। जब तक वह मेरे सामने आये, तब तक वह अपनी मूर्खता के लिए काफ़ी बदनाम हो चुका था। मैंने पहले उसे स्नायविक प्रकाशन (न्यूराटिक मेनिफ़ेस्टेशन) का केस समझा। यह स्पष्ट था कि उसका अति-अहम् असाधारण रूप से विकसित था। फिर भी जब उसके अतीत के अध्ययन से उसकी मूर्खता के विकास का कोई स्पष्ट कारण नहीं दिखा—तब मुझे उसके पारिवारिक इतिहास में जाना पड़ा।

पता चला कि उसका बाप अंग्रेज़ी ज़माने में एक रायसाहब था; बाहर प्रभावपूर्ण होते हुए भी वह अपनी पत्नी के हाथों पिटता और रोता रहता था।

मैंने निष्कर्ष निकाला कि जिस प्रकार तब की समसामयिकता से प्रभावित होकर 'ज्ञ' के बाप ने रायसाहबी पायी थी, उसी प्रकार आज की सामयिकता से प्रभावित होकर 'ज्ञ' 'क्रांति-क्रांति' की पुकार अपनी कविताओं में झोंक रहा है। साथ ही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पत्नी के सामने रोने की भावुकता का प्रभाव 'ज्ञ' के साथ दफ़्तर में रोने के रूप में प्रकट हो रहा है। वंश-परम्परा के गुण उसमें हैं पर उसका प्रदर्शन विपरीत परिवेशों में हो रहा है।

ज्ञातव्य है कि मूर्खता का तत्व वस्तुतः व्यक्तिगत तत्व है। वंश-परम्परा केवल उसके प्रकाशन को विशिष्टता देती है, किन्तु उसके प्रकाशन की दिशा का निर्धारण नहीं करती।

> साँप !
> तुम सभ्य तो हुए नहीं
> नगर में बसना
> भी तुम्हें नहीं आया।
> एक बात पूछूँ--उत्तर दोगे ?
> तब कैसे सीखा डसना ?
> विष कहाँ पाया ?
>
> —अज्ञेय

कुछ ऐसा ही निष्कर्ष सिरिल बर्ट ने बाल-अपराधियों के बारे में निकाला है, पर सका और उल्लेख करके मैं मूर्खों को उनके समकक्ष नहीं लाना चाहता। मूर्खों की उदात्त वर्गता पर आक्षेप करना मेरा उद्देश्य नहीं।

रिचर्ड आर्मर का पैदायशी मूर्खों वाला वक्तव्य बड़ा ही निराशाजनक है। यदि कोई पैदायशी मूर्ख है तो फिर उसके उपचार की क्या कोई संभावना रह जायगी ? वास्तव में स्थिति बिल्कुल ऐसी नहीं है। प्रजातंत्र में हम बहुत-से ऐसे व्यक्तियों को, जिन्हें पैदायशी मूर्ख कहा जाता था, बुद्धिमानों का मुकुट-मणि बना हुआ देखते हैं। अतः मूर्खता के परम्परागत तत्वों को हमें उपर्युक्त निष्कर्ष की दृष्टि से ही देखना चाहिए और मूर्खता के संबंध में दूसरे कारणों की खोज करनी चाहिए।

(ख) परिवेश (इन्वायर्नमेंट)

परिवेश मूर्खता को प्रकार एवं विभिन्नता की दृष्टि से सम्पन्न बनाता है। खेत और खलिहान के वातावरण में सीधे-सादे, सच्चे, निर्दोष, मूर्ख निकलते हैं। विश्वविद्यालय और पुस्तकालय दाम्भिक मूर्खों का सृजन करते हैं। निरंकुश मूर्खों का जन्म-स्थान दफ्तर और नौकरशाही है। सच तो यह है कि नौकरशाही पर शिथिलता और मंदगामिता का चाहे जैसा, आरोप लगाया जाय पर मूर्खता के विकास में वह बड़ी ही तेज़ी से काम करती है। इस मूर्खता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह कर्ता को नहीं, कर्म को ही बाधित करती है। वैसे यह बात प्रायः सभी मूर्खों पर लागू होती है।

चुटकुले सुनाना मेरा अभीष्ट नहीं, पर दो उदाहरण देकर दफ्तरी मूर्खता के रूप का निरूपण करना चाहता हूँ :

प्रसिद्ध है कि एक पेंशन-भोगी व्यक्ति को हर तीन महीने बाद अपने जीवित रहने का प्रमाण-पत्र देना पड़ता था। उसने एक बार प्रमाण-पत्र देने में नागा कर दिया। जून के अन्त में प्रमाण-पत्र देकर उसने पिछले तीन महीने की पेंशन पा ली। जब उसने उससे पहले के तीन महीनों की पेंशन के लिए प्रार्थना की तो उसे जवाब मिला, "आप पिछले मार्च में भी अपने जीवित रहने का प्रमाण-पत्र दें !"

पिछली लड़ाई के दिनों कार चलाने में असुविधा होती थी, क्योंकि पेट्रोल कूपनों से मिलता था और कूपन कठिनता से मिलते थे। एक आदमी को उसके दफ्तर पहुँचने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के लिए समय से बा[illegible] नहीं मिलती थी। बहुत लिखा-पढ़ी करने पर उसे पेट्रोल के कुछ कूपन दिये गये। पर राशनिंग-कार्यालय से यह आदेश भी मिला, आफ़िस जाने के समय बस की व्यवस्था न होने के कारण आफ़िस जाने में आप रोज़ कार का प्रयोग कर सकते हैं। उसके लिए पेट्रोल-कूपन भेजे जा रहे हैं। पर खेद है. कि वापसी के लिए पेट्रोल नहीं दिया जा सकता, क्योंकि उधर से लौटते समय बस की व्यवस्था है। आप उसका प्रयोग कर सकते हैं।"

नौकरशाही की दुनिया से ऐसे सैकड़ों उदाहरण लाये जा सकते हैं। अगर मूर्खता के लिए नोबेल प्राइज़ की व्यवस्था होती, तो निश्चय ही हम इनके सहारे सिर्फ़ दो नोबेल प्राइज़ लेकर ही चुप न बैठते।

(ग) बौद्धिक स्थिति

बौद्धिक अपर्याप्ति, स्वाभाविक मूढ़ता और अशिक्षा—मूर्खता में काफ़ी योग देती हैं। स्वाभाविक मूढ़ता से सम्पन्न मूर्ख का लक्षण मेरे बुज़ुर्ग श्री महादेव प्रसाद वर्मा ने निम्नलिखित छंद द्वारा व्यक्त किया है :

सर में बस गोबर ही है भरा,
कुछ राइटो रांग का सेंसै नहीं।
चहै कोई मजाक करै कितना,
सिवा खीस के कोई डिफेंसै नहीं।
चहै गालियाँ कोई सुनावै हजार,
पै लेते कभी ये अफेंसै नहीं।....

प्रेस-स्वतंत्रता की लज्जालु सीमाएँ देखते हुए मैं इस छंद का एक अमुद्रणीय चरण उद्धृत किये बिना ही कहूँगा कि कवि ने निरपराध और निर्दोष मूर्ख के बारे में जो कहा है, बिल्कुल सही कहा है।

मूर्खता का एक विषम रूप बौद्धिक उत्कटता में भी मिलता है। प्रसिद्ध ही है कि 'सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्धं त्यजति पंडितः' पढ़कर एक पंडित ने अपने एक डूबते हुए साथी का सर काटकर उसे समूचा डूबने से बचा लिया था। एक मेरे डाक्टर-मित्र सम्पर्कजन्य कीटाणुओं से घबड़ाकर अपनी प्रेयसी से मिलने जाते समय डिटॉल के पानी से मुँह-हाथ धोकर कुल्ला कर लेते हैं। फौजदारी के एक वकील अपने ऊपर गाली-गलौज के अपराध पर धारा ५०० दंड-विधान के अन्तर्गत मुक़दमा चल जाने के डर से अपने साले को भी साला नहीं कहते।

मूर्खता के क्षेत्र में बौद्धिक उत्पादन दो प्रकार से प्रयोग में आता है। एक तो बुद्धि का विकास विस्तारपरक हो, अर्थात् रबर की तरह खिचते-खिचते ज्ञान के सभी क्षेत्रों पर वह इतना फैल जाय कि अंतर्निहित मूर्खता पारदर्शक होकर सर्वत्र झलकने लगे। दूसरा प्रकार यह है कि बुद्धि ज्ञान के एक विशेष क्षेत्र को इतना सघन रूप से ढक ले कि और क्षेत्र नंगे ही रह जायें। पहला प्रकार मूर्खता के अनुप्रस्थ प्रकाशन (हॉरिज़ेन्टल मेनिफ़ेस्टेशन) और दूसरा उसके लम्बरूप प्रकाशन (वर्टिकल मेनिफ़ेस्टेशन) का है।

अनुप्रस्थ प्रकाशन के सर्वोत्तम उदाहरण पत्रकारिता में मिलते हैं। वहाँ किसी झील की सतह पर जमी हुई बर्फ़ की हल्की पर्त जैसी विद्वत्ता बड़ी ही मोहक दिखाई देती है पर किसी जगह से बर्फ़ के टूटते ही तरलता का दिव्य प्रदर्शन होने लगता है। लम्बरूप प्रकाशन में आने वाली मूर्खता वह है जो आँख के आगे तो सब कुछ बढ़ाकर दिखाती है, पर दायें-बायें कोण पर बिल्कुल अँधेरा ही छोड़ देती है। इसका उदाहरण भी देखिए :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फ्रेंच विद्वान फ़ंटेनेल ने एक बार फ्रेंच एकेडेमी के कई सम्मानित सदस्यों को खाने पर बुलाया। खाने के बाद वे लोग बाग़ में टहलने लगे। सहसा फ़ंटेनेल ने उनका ध्यान एक शीशे के गोले की ओर आकृष्ट करते हुए कहा, "सज्जनो, इसे देखो। इसके ऊपर इतनी धूप पड़ रही है, पर आश्चर्य है कि इसका ऊपरी सिरा ठंडा है, पेंदा गरम है। पता नहीं क्या बात है।"

विशेषज्ञों में ज़ोरदार बहस होने लगी और शीतोष्णता के गहन सिद्धान्त खींचे जाने लगे। अंत में फ़ंटेनेल ने ऊबकर कहा, "सज्जनो, मैं इसका कारण बता सकता हूँ। कुछ क्षण पहले मैं यहाँ आया था। तब धूप से इस गोले का ऊपरी हिस्सा गरम था, पेंदा ठंडा था। मैंने इसे उलट दिया है। अब इसका पेंदा गरम है, ऊपरी हिस्सा ठंडा है।"

(घ) प्राकृत

बौद्धिक स्थितियों से उत्पन्न मूर्खता पकड़ में आ जाती है, पर प्राकृत अर्थात् स्वभावगत स्थिति का मूर्खता पर कितना प्रभाव है, यह समझने में देर लगती है। उस एक प्रोफ़ेसर का आख्यान प्रसिद्ध ही है जिसने शाम को घर आकर बीवी को नौकरानी समझकर उसे कॉफ़ी बनाने का आदेश देकर बीवी के धोखे नौकरानी को प्यार करना शुरू कर दिया था। यह मूर्खता में लम्बरूप प्रकाशन का उदाहरण हो सकता है। पर साथ ही यह स्वभावगत मूर्खता भी हो सकती है, जिसमें व्यक्ति पत्नी को अचेतन रूप में कॉफ़ी से और नौकरानी को प्रेम की क्रिया से सम्बद्ध करता है। स्वभावगत मूर्खता के कई उत्कृष्ट उदाहरण कवियों और कलाकारों में भी मिलते हैं।

मूर्खता के कुछ विचित्र रूप :

आनुषंगिक मूर्खता :

एक ऐसा भी वर्ग है जो भूल से, अकल्पित और अयाचित रूप से, ऐसी मूर्खता कर बैठता है जो बुद्धिमत्ता का आनुषंगिक रूप है। एक विशेष पद के लिए कुछ योग्य महिलाओं की आवश्यकता थी। कई संस्थाओं से उसके लिए नाम माँगे गये। बाद में काफ़ी नाम आ जाने पर संस्थाओं को एक पत्र मिला, "अब तक हमारे समक्ष कई स्थानों से कई महिलाएँ प्रस्तुत की जा चुकी हैं। अब कृपया और महिलाएँ समर्पित करने का कष्ट न करें।" निश्चय ही पत्र भेजने वाले का तात्पर्य यह था कि और महिलाओं के नाम उनके पास अब न भेजे जायँ; पर इस पत्र से हरिषेण की वह प्रशस्ति याद आ जाती है जिसमें समुद्रगुप्त के आगे युद्ध-भीत राजा लोग आत्मनिवेदन और कन्या-समर्पण के प्रबंध के साथ उपस्थित होते थे।

चपरासी कसे बेल्ट,
सेक्रेटरी लिए डायरी।
गेट पर कार खड़ी,
लोगों का इन्तजार।
कौन आ रहा है ?
लीडर आ रहा है !

—शकुन्त माथुर

परिवार - नियोजन के एक प्रचारक नियोजित परिवार का बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर भाषण दे रहे थे। उनके चार बच्चों में पहले दो बच्चे केवल साल भर के अंतर से पैदा हुए थे। उनके दयनीय स्वास्थ्य की ओर इशारा करके उन्होंने नियोजनहीन परिवार की निन्दा की। बाक़ी दो बच्चे नियोजत पद्धति के अन्तर्गत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तीन-तीन साल के बाद हुए थे। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कृत्रिम विधियों का हवाला देते हुए पहले यह भी बता चुके थे कि वे अब अपना ऑपरेशन करा चुके हैं। एक युवक जो प्रचारक की बात से स्पष्टतः बहुत प्रभावित हुआ था, उनका अनुमोदन करने के लिए उत्साह से कहने लगा, "सचमुच परिवार-नियोजन से बच्चे बहुत ही तन्दुरुस्त हो जाते हैं। इन्हीं दो बच्चों को देखिये। खास तौर से सबसे छोटे बच्चे का स्वास्थ्य कितना अच्छा है। यह ऑपरेशन के बाद जो पैदा हुआ है!"

सैद्धान्तिक मूर्खता :

कुछ लोग किसी सिद्धांत के पीछे पड़कर व्यावहारिकता को बड़ी मामूली चीज़ मान लेते हैं और उसे छोड़ते-छोड़ते मूर्खता की सीमा में घुस जाते हैं। यह एक प्रकार से मूर्खता को सिद्धान्त रूप में अपनाना है। सैद्धांतिक मूर्खता के उच्चतम उदाहरण इंग्लैण्ड के उच्चवर्गीय इतिहास में और किसी भी स्थान की फ़ौजी छावनियों में बड़ी ही प्रचुर संख्या में मिल सकते हैं। जहाँ कहीं भी सिद्धांत को अभ्यासगत बनाकर छोड़ दिया जायगा वहीं वह प्रवृत्ति के रूप में हमें मूर्खता के कीचड़ में लपेटता रहेगा। शारीरिक मलिनता पर हस्तक्षेप किये बिना ही जाड़ों में एक लोटे पानी से नहाकर फिर गर्म कपड़ों में घुस जाना, पर-स्त्री की नाड़ी का स्पर्श न करना पड़े इस सिद्धान्त के पीछे डाक्टरी छोड़कर साइकिल-मरम्मत की दूकान खोलना, नैत्यिक पूजन के आवेश में मील के पत्थर पर फूल चढ़ाकर उसके आगे आँख मूँदे, हाथ जोड़े बैठे रहना—सैद्धा[न्तिक] मूर्खता कभी-कभी ऐसा ही रूप ग्रहण करती [है।] एक सिद्धान्त-प्रेमी ने अपनी पत्नी को [...] मित्र के बाहुपाश में देख लिया था। उ[...] चले जाने पर उन्होंने अपनी पत्नी से ज[वाब] तलब किया। वह बोली, "इतना [...] लगा था, तो तुमने अपने दोस्त को मारा [क्यों] नहीं?"

वे बोले, "प्रिये, मेरा सिद्धान्त है [कि] जब दो आदमी बात करते हों तो मैं उ[नके] बीच हस्तक्षेप नहीं करता। पर तु[मने] उसकी बदतमीज़ी कैसे सह ली?"

वह बोली, "प्राणनाथ, मेरा सिद्धान्त [है] कि मैं शरीर को अधम और क्षणिक [...] समझती हूँ। उसके लिए किसी से झ[गड़ा] नहीं करती।"

मूर्खता का उपचार :

मूर्खता का उपचार इस विषय का स[...] विवादग्रस्त अंग है। प्रायः मूर्खता पेट [...] दर्द की तरह स्वयं मूर्ख को कष्ट नहीं देत[ी।] अतः मूर्ख स्वयं अपने उपचार में क[...] दिलचस्पी नहीं लेता। फिर भी दूसरों [के] प्रयास से मूर्खता की स्थिति कुछ बदली [जा] सकती है। मूर्खता बिल्कुल ही जड़ से [...] सकती है, ऐसा आशावादी दृष्टिकोण [...] हमारे सामने नहीं आया। पर वि[...] परिस्थितियों में वह दब सकती है [...] मार्गान्तरीकरण की पद्धति से [...] काफ़ी दबाया जा सकता है। [...] नामक कवि अपनी प्रत्येक कविता में वि[...] और मरण का ज़िक्र करता था और सा[हित्य] में मरघटवाद का प्रवर्त्तक बनने वाला [था।] बाद में वह मलेरिया-इंस्पेक्टर बन ग[या।] मच्छर मारते-मारते उसने मरण के [...]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवरोध (एलर्जी) प्राप्त कर लिया और उसकी कविता का रूप बदल गया। यह मार्गान्तरीकरण का प्रभाव था।

मूर्खता को दबाने का एक यह भी उपाय है कि उसका सामना वृहत्तर मूर्खता से करा दिया जाय।

मूर्खता को झुठलाने की एक मनोविश्लेषणात्मक पद्धति यह भी है कि मूर्ख प्रवृत्तियों का उदात्तीकरण या शोध (सब्लिमेशन आफ़ इंस्टिंक्ट) करा दिया जाय। उदाहरणार्थ, चीख-चीखकर बोलने वाले को राक'न रोल सिखा सकते हैं। पब्लिक में हाथ और सर झटक-झटककर व्याख्यान देने वाले के हाथों में मृदंग पकड़ा सकते हैं। लम्बे-लम्बे प्रेम-पत्र लिखने वालों को नक़ल-नवीसी का ओहदा दे सकते हैं और यदि उनमें कोई अपने को बौद्धिक स्तर पर देखता हो तो उसे सूक्ष्म चित्रण (ऐब्स्ट्रेक्ट पेंटिंग) के दरजे में भरती करा सकते हैं। फिर भी हमें सतर्क रहना चाहिए कि मूर्खता का पूरा उपचार कभी नहीं हो सकता और प्रवृत्तियों के शोध के बाद भी मूर्खता 'शोधी हुई मूर्खता' के रूप में कभी भी उभर सकती है।

● ● ●

कुछ प्राचीन ग्रीक व्यंग्य कविताएँ

● खरीदारी : लुसिलियस

देवीजी, आप बाजार गईं,
और केश, सुर्खी, मधु, मोम और दाँत खरीद लाईं,
इतने ही मूल्य में आपने,
एक चेहरा ही खरीद लिया होता! [१०० ई०]

● जादुई दाढ़ी : लौकियानस

यदि बकरे की-सी दाढ़ी बढ़ा लेने से ही तुम
बुद्धिमान होने की प्रत्याशा रखते हो,
तो मेरे बुद्धिमान मित्र, कोई भी दुर्गंधी बकरा
तो साक्षात् प्लेटो है! [१२० ई०]

● डरफिन का दुर्भाग्य : लुसिलियस

डरफिन को सूली पर चढ़ाया जा रहा था,
किन्तु जब उसने अपने निकट एक और व्यक्ति को
अपने से ऊँचे क्रास पर देखा,
बेचारा ईर्ष्या से ही मर गया! [१०० ई०]

[अरुण चोपड़ा द्वारा प्रस्तुत]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ज़फ़र अहमद

मियाँ अफ़रोज़ को जो शायरी की धुन सवार हुई, तो वे चढ़ते-चढ़ते उसकी आख़िरी मंज़िल तक ही जा पहुँचे और उसके बाद हालत यह हुई कि दोस्तों के लिए उनसे पीछा छुड़ाना मुश्किल हो गया !

दुनिया में अगर शायर के बाद में किसी से डरता हूँ तो वह गप्पबाज़ है, मगर मुसीबत यह है कि कोई ऐसा शायर नहीं जो गप्पबाज़ न हो और न ही कोई ऐसा गप्पबाज़ है जो शायर न हो। दरअसल दोनों के बीच चोली-दामन का रिश्ता हो या न हो, मगर गप्पबाज़ और शायर का एक ऐसा अटूट संबंध अवश्य है जिसके बिना एक-दूसरे की कल्पना तक असंभव है । फिर समझ में नहीं आता कि लोग चोली-दामन की जगह गप्पबाज़ और शायर की मिसाल क्यों नहीं देते ? मगर इसके पूर्व कि आप इस महत्वपूर्ण समस्या पर विचार करें, इसकी भी एक मिसाल दे दूँ, ताकि आपको भी अगर ख़ुदा-न-ख़ास्ता यक़ीन न हो तो यक़ीन आ जाये कि हर शायर स्वभावतः खतरनाक हद तक गप्पबाज़ होता है। मगर यह विश्वास रखिये कि मैं हर शायर को मिसाल कदापि नहीं दूँगा। चूँकि यह तो आप भी जानते होंगे, खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग पकड़ता है । और फिर साहब ! मैंने तो अच्छे-भले कई ऐसे लोगों को भी देखा है जो केवल शायरों की संगति में रहकर या केवल शेर सुन-सुनकर शायर और गप्पबाज़ बन गए हैं। इसलिए डर है कि अगर मैंने हर शायर के पूरे नहीं सिर्फ आध-आध शेर यानी एक-एक पंक्ति भी सुनायी तो आप, जो ख़ुदा के फ़ज़्लोकरम से बड़े मज़े में मेरी बातें सुन रहे हैं, कहीं अचानक शायर बनकर गप्पबाज़ न बन जाएँ ! और आप जानते हैं कि मैं ऐसी दुश्मनी कभी नहीं कर सकता। अतः केवल एक शेर ही सुनाने पर बस करता हूँ। हाँ, तो उर्दू के प्रसिद्ध शायर हज़रत ज़ौक़ फरमाते हैं :

हम रोने पे आ जायें तो दरिया ही बहाएँ
शबनम की तरह से हमें रोना नहीं आता ।

शायर की आख़िरी मंज़िल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अब भला आप ही सोचिये! अगर इस शेर में ज़रा-सी भी सच्चाई होती तो शाह आलम इनसे अपनी ग़ज़लों पर इस्लाह लेने के बजाय निस्संदेह अपनी पहली फुर्सत में इन्हें राजस्थान रवाना फ़रमा देते। और आज वहाँ ऊँट और मरुस्थल की जगह लह-लहाते खेतों-बैलों की जोड़ी चहल-क़दमी करती नज़र आती। मगर इतिहास साक्षी है कि ऐसा नहीं हुआ। और यह केवल गप्प था। और यही वजह है कि मैं इनसे बेहद डरता हूँ। मगर ख़ुदा-न-ख़ास्ता इस डर के माने यह न लगा लीजिये कि मुझे उनके ऐसे शेर कहने पर कोई आपत्ति है, चूँकि यह उनका व्यक्तिगत मामला है और किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता में टांग अड़ाना कभी किसी शरीफ़ आदमी को शोभा नहीं देता। डर तो केवल उनके उस 'इल्हाम' से लगता है जो समय-समय पर शेरों और नज़्मों के रूप में उन पर नाज़िल होता रहता है।

मेरे भी एक ऐसे ही मेहरबान हैं मियाँ अफ़रोज़। देखने-वेखने में तो शायरों वाली कोई बात नज़र नहीं आती। न कभी दामन चाक देखा और न ही हजामत से बेपरवाह बाल, और न ही चेहरे पर अनाथपन का कोई चिन्ह, लेकिन आप हैं पक्के शायर! यानी पक्के गप्पबाज़! और इसी बिना पर अपने आपको सबसे बेहतर शायर और अपनी निकृष्ट-से-निकृष्ट नज़्म को बेहतरीन नज़्म मनवा लेने की दैवी शक्ति रखते हैं।

एक बार आपका किसी बुज़ुर्ग शायर से झगड़ा हो गया—शायद 'ग़ालिब' के किसी शेर की व्याख्या के सिलसिले में। दोनों अपनी-अपनी व्याख्या को सही साबित करने में एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाते रहे। और जब बिल्कुल थक गये और कोई किसी को क़ायल न कर सका तो बुज़ुर्ग शायर ने अंतिम प्रयास के तौर पर अफ़रोज़ मियाँ को नसीहत करनी चाही:

"देखो साहबज़ादे! तुम्हें मेरी बात तसलीम कर लेनी चाहिये। चूँकि मैं तीस साल से शायरी कर रहा हूँ, और इस लिहाज़ से तुम अभी बच्चे हो!"

अफ़रोज़ मियाँ झट बोल पड़े, "नहीं क़िबला! इस लिहाज़ से भी मेरी ही बात मानी जायगी, चूँकि मैं पचास साल से शायरी कर रहा हूँ।"

वाक़या यह है कि यह सरासर झूठ था। अफ़रोज़ मियाँ मुश्किल से कोई पचीस साल के रहे होंगे। अतः बुज़ुर्ग शायर का आपे से बाहर हो जाना स्वाभाविक था—"क्या बकते हो मियाँ? त—त—तुम्हारी उम्र...?"

अफ़रोज़ मियाँ उनका वाक्य पूरा करते हुए फ़ौरन बोल पड़े, "पच्चीस साल हुई तो क्या हुआ हुज़ूर? मैं ओवर-टाइम जो शायरी कर रहा हूँ!"

अब भला इसका क्या जवाब हो सकता था। वह बुज़ूर्ग तो अपना-सा मुँह लेकर चले गए। लेकिन एक हम ग़रीब हैं जो अब तक उनसे पीछा न छुड़ा सके। अतः समय-असमय उनके ऐसे तर्कों और इससे भी बढ़कर 'नज़्मों' से पाला पड़ता रहता है।

एक रात का ज़िक्र है। लगभग तीन बजे होंगे। अचानक अनुभव हुआ कि कोई ज़ोर-ज़ोर-से दरवाज़ा पीट रहा है। मैंने घबरा कर आँखें खोलने से पहले दरवाज़ा खोल दिया। देखा, सामने अफ़रोज़ मियाँ खड़े हैं; बिल्कुल बदहवास-बदहवास से।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूछा, "या हज़रत ! ख़ैरियत तो है ?"

आपने फ़रमाया, "हद हो गई ! भई, सुबह होने को आई और आप हैं कि अभी तक सो रहे हैं ?"

क़ब्ल इसके कि मैं अपनी इस ग़लती की माफ़ी चाहूँ, ख़ुद को अच्छी तरह चींटी काटकर इत्मीनान कर लिया कि अब जाग रहा हूँ। फिर बोला, "नहीं, अब तो वाक़ई जाग रहा हूँ। फ़रमाइए !"

अफ़रोज़ मियाँ बोले, "अभी-अभी एक बिल्कुल अछूती नज़्म कही है। सोचा, तुम्हें सुना आऊँ।"

मैंने सब्र के बजाय सिरहाने पड़े गिलास से पानी का घूँट पीते हुए दिल-ही-दिल में कहा, "तो फिर देर काहे की है ? यह एहसान भी कर डालिए।"

आपने जेब से काग़ज़ का एक टुकड़ा निकाला। फिर बड़ी विजयी मुस्कान के साथ नज़्म सुनाने लगे, जो कुछ इस प्रकार थी—

टन
टन टन
टन टन टन
टन टन टन टन
टन टन टन
टन टन
टन

'नज़्म' सुनाने के बाद पूछने लगे, "कहो, कैसी रही ?"

अब मैं क्या करता ? सर पकड़े बैठा रहा। आपको शायद यह हरकत बहुत बुरी लगी। तरस खाकर फरमाने लगे, "यही तो नई शायरी के साथ मुसीबत है कि लोग समझते नहीं। ख़ैर मैं फिर सुनाता हूँ। मगर अबके ज़रा ध्यान से सुनना !"

चुनांचे फिर नज़्म सुनाकर सवा[ल] किया गया—"कहो, अब कुछ समझ [में] आई ?"

जवाब में मुझे बेक़सूर मुजरिम [की] तरह सर हिलाते देखकर आप आपे से बा[हर] हो गए। मगर बड़ी सहनशीलता से का[म] लिया। अतः हुक्म मिला—"फिर सोचो !"

मैंने हुक्म की तामिल में फिर प[ाँच] मिनट लगाये। मगर ख़ाक कुछ समझ [में] न आया।

आपने एक बार फिर तरस खा[कर] कहा, "अच्छा, एक आख़िरी मौक़ा [और] देता हूँ।"

और मैंने उस आख़िरी मौक़े को ग़[नी]मत जानकर शेक्सपियर के 'हैमलेट' की त[रह] सोचना शुरू कर दिया कि आत्महत्या ज्या[दा] अच्छी रहेगी या मौत—? मगर अभी कि[सी] निष्कर्ष पर पहुँचा भी न था कि अचान[क] आपने रहस्योद्घाटन किया।

"लाहौल-बिला-क़ूवत ! इतना [भी] नहीं समझे ! अरे भई, साफ़ तो ज़ाहिर है [कि] मैंने नज़्म में गोशाला के वातावरण [का] चित्रण किया है। अब भला बताओ, हो[गा] कोई ऐसा शायर जो केवल एक ही शब्द [के] प्रयोग से इतनी प्यारी नज़्म पेश कर सके ?"

और बस यही वह दिन था, जिस दि[न] मैं इस बात पर ईमान ले आया कि अ[गर] दुनिया का कोई सबसे बड़ा गप्पबाज़ [हो] सकता है तो वह हमारे शायर दोस्त मि[याँ] अफ़रोज़ ही हो सकते हैं। चुनांचे उस दि[न] से मैं उनसे भागता रहा और वह मेरे पी[छे] भागते रहे। मगर मैं शराफ़त में आ[कर] उन्हें अपना मकान दिखलाने की हिमाक़[त]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर चुका था। अतः मुझे सोते-जागते कभी-न-कभी आ ही दबोचते। और फिर अपनी 'टन टन', 'झन-झन' और 'भन-भन' वाली नज़्म सुना-सुनाकर अधमुआ कर डालते।

ख़ुदा-ख़ुदा करके किसी तरह उनकी शायरी का यह 'प्रयोगवादी काल' समाप्त हुआ; और एक दिन सुबह-सुबह उन्होंने सूचना दी कि वे अब बस रोमांटिक शायरी किया करेंगे।

यह भी कुछ कम भयानक बात न थी। डरते-डरते बोला, "ख़ुदा ख़ैर करे! एक तो वैसे ही दुनिया इश्क से बेज़ार रहती थी, अब क्या उसे रोमांटिक शायरी से भी बेज़ार कर देने का इरादा है?"

आप शायद समझे नहीं या फिर मेरी बात ही को समझने योग्य नहीं समझा। अतः मुस्कुराते हुए बोले, "इसकी भी एक बड़ी रोमांटिक वजह है। दरअसल कल मुझे एक लड़की से इश्क हो गया।"

मैं चौंके बिना न रह सका—"आखिर यह हादसा पेश कैसे आया?"

अफ़रोज़ मियाँ बड़े इत्मीनान से मुस्कुराये। फिर गला साफ़ करते हुए बोले कि कल शाम जब वह प्रदर्शिनी के पूर्वी कोने में बैठे कॉफ़ी पी रहे थे, तो दूर पश्चिमी कोने के स्टॉल पर कोई हसीना कुछ ख़रीद रही थी; और जिसे उन्होंने लगभग चार सौ गज़ की दूरी के बावजूद अपनी ओर मुस्कुराती देख कर यह अनुमान लगा लिया कि हो-न-हो यह उनकी बेमिसाल शायरी की दीवानी है, और अपने सामने अपने प्रिय शायर को देखकर ख़ुशी से मुस्कुरा पड़ी है। अतः तरस खाकर आप भी फ़ौरन अपना दिल दे बैठे। और उस लड़की की मुहब्बत में बेताब होकर लिखी गई अपनी पहली रोमांटिक नज़्म 'पहली नज़र' मुझे सुनाने चले आए थे।

इसी प्रकार दूसरी, तीसरी और चौथी नज़्में उस काल्पनिक प्रेमिका को केवल तीन सौ, ढाई सौ और दो सौ गज़ की दूरी से देखे जाने पर लिखी जाती रहीं। लेकिन साहब! हर चीज़ की एक हद होती है। इस ख़याली मुहब्बत की दास्तान कब तक सुनता! आख़िर एक दिन तंग आकर कह ही बैठा, "हज़रत, आप नाहक ग़लतफ़हमी में किसी शरीफ़ज़ादी को बदनाम करने पर तुले हुए हैं। बेचारी को न आपकी शायरी का पता है और न ही वह आपको जानने की क़ुसूरवार है। ख़ुदा के लिए कोई दूसरा नेक काम कीजिये और इस इश्क से बाज़ आ जाइए।"

आपको बेहद ग़ुस्सा आया। नाराज़ भी बहुत हुए। यहाँ तक कि अपनी शायरी की जादूबयानी का हवाला देते हुए यह क़सम तक खा ली कि जबतक वह माशूक़े-हक़ीक़ी उनके क़दमों पर न आन गिरेगी, उस वक्त तक वह नज़्म सुनाना तो दूर रहा, मुझे अपनी शक्ल तक नहीं दिखलायेंगे।

मैंने इसे शुभ शगुन जाना, और ख़ुदा का लाख-लाख शुक्र बजा लाया कि चलो, किसी तरह पीछा तो छूटा। मगर दूसरे ही दिन फिर सवेरे-सवेरे उन्हें दरवाज़ा पीटते देखकर आश्चर्य से अधिक क्रोध की सीमा न रही। ग़ुस्से से थर-थर काँपते हुए पूछा, "आपको अपना वादा याद है?"

"बिल्कुल!" अफ़रोज़ मियाँ ने अपने खास अन्दाज़ में जेब से नज़्म निकालते हुए कहा, "लेकिन पहले इसे तो सुन लो! सच, बेहद दर्दनाक नज़्म कही है।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैंने कहा—"नज़्म दर्दनाक हो या वहशतनाक, उस वक्त तक हरगिज़ नहीं सुनी जा सकती जब तक कि आप यह साबित न कर दें कि वह वाक़ई आपसे इक़रारे-मुहब्बत फ़रमा चुकी है।"

आपने कहा, "खुदा की क़सम, यक़ीन करो, यह उसी इक़रारे-मुहब्बत पर लिखी गई एक ऐसी दर्दनाक नज़्म है जिसकी मिसाल शायद सारी दुनिया की रोमांटिक शायरी में कहीं नहीं मिलेगी। मगर हाय, वह ट्रेजेडी ! जिससे मुझे दो-चार होना पड़ा। और इतना कहकर आप अचानक रोने लगे। यहाँ तक कि मुझे भी उनके क़सम खाने पर तरस आ गया कि खुदा जाने क्या बात है। बड़ी मुश्किल से किसी तरह उन्हें चुप कराया। खुदा-खुदा करके जब हिचकियाँ कुछ थमीं तो आपने रुक-रुककर कहना शुरू किया, "यह कल रात की बात है। मैं उसी के खयाल में खोया कमरे में पड़ा था कि अचानक किसी के दरवाज़ा खटखटाने की आवाज़ सुनाई पड़ी। खोल कर देखा—वहीं माशूके-दिलरूबा सामने खड़ी थीं। मुझे देखते ही क़दमों पर आन गिरी। रो-रोकर कहने लगी—मुझे माफ़ कर दो; मैंने तुम्हें बहुत सताया है। लेकिन मैं सिर्फ़ तुम्हारी नज़्मों के सहारे ज़िन्दा रह सकती। मैं सिर्फ़ तुमसे मुहब्बत भीख माँगने आई हूँ। खुदा के लिए न करना। लेकिन...लेकिन ठीक उसी ..." और इतना कहकर आप रोने लगे।

"क्या हुआ उस वक्त?" मैं आगे वाक़या जानने के लिए बेताब हो उठा।

"बस उसी ट्रेजेडी का तो इस में ज़िक्र है।" कहते हुए उन्होंने तह काग़ज़ को खोलना चाहा। मगर मैंने ही में उन्हें रोक दिया—"खुदा के जल्दी बताओ, फिर क्या हुआ?"

"फिर...?" उन्होंने एक लम्बी हिचकी लेकर ग़म से आँखें मूँदते हुए दर्दनाक आवाज़ में कहा, "फिर मेरी टूट गई!"

और अचानक मुझे ऐसा लगा जैसे नीचे से ज़मीन निकल गई। और इसके कि गप्पबाज़ अपनी आँखें खोलते, वहाँ से ऐसा नौ-दो-ग्यारह हुआ कि फिर मकान का मुँह तक नहीं देखा।

●

गप्प : लुसिलियस

कुछ लोग कहते हैं, कि तुम अपने केश रँगती हो,
झूठे हैं वे, ओ प्रिय निकिला !
क्योंकि तुमने तो सरे बाज़ार
काले स्याह केश खरीदे थे !

[१०० ई० की एक ग्रीक व्यंग्य कविता]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्यदेव नारायण सिन्हा

आपने नाटक तो देखे ही होंगे। पर नाटक में अप्रत्याशित नाटक भी देखे हैं आपने? लीजिए, कुछ नमूने हाजिर हैं।

एक नाट्य संस्था की ओर से 'भरत मिलाप' नामक नाटक खेलने की योजना बनी। नाटक के रंगमंच पर अभिनीत होने के कुछ दिन पूर्व अपने को अभिनय-कला में पारंगत समझनेवाले एक युवक ने निर्देशक से अनुनय करते हुए कहा, "इस नाटक में कोई भी पार्ट दे दीजिए। बस जनता के सामने एक बार स्टेज पर खड़ा होने का मौक़ा तो दीजिये, वह तहलका मचाऊँगा कि बस पूछिए मत। आपकी संस्था के नाम में चार चांद न लगाया, तो कहिएगा।" निर्देशक ने अपनी असमर्थता प्रकट की और कहा, "भाई, अब कुछ नहीं होने का। सबको अपना-अपना पार्ट दे दिया गया है, इसलिए इस बार छोड़ो। अगली बार तुम्हें एक अच्छा-सा रोल दिया जायगा।" पर वह युवक आसानी से माननेवाला न था। अन्त में निर्देशक ने कहा, "अच्छा, एक काम करो। इस बार नाटक में भाग लेनेवाले अभिनेता-अभिनेत्रियों को चाय पिलाने की ज़िम्मेदारी ले लो।" निर्देशक के इतना कहते ही युवक खुशी से खिल उठा।

निश्चित समय पर नाटक आरंभ हुआ। स्टेज पर सीताजी अशोक-वाटिका में राक्षसियों से घिरी बैठी थीं। तभी वह युवक हाथ में एक प्याला चाय लिए स्टेज पर ही पहुँच गया और सीताजी के हाथ में ज़बर्दस्ती प्याला पकड़ाते हुए बोला, "पी लीजिए, नहीं तो ठंडी हो जायगी। स्पेशल चाय है।"

दर्शकों ने वह ठहाका लगाया कि देखते ही बनता था।

जब स्टेज पर इतिहास मुस्कुराता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

●

एक दूसरी घटना भी कम रोचक नहीं : 'कृष्ण-विजय' नामक नाटक की तैयारी ज़ोरों पर थी। सभी अपने-अपने 'पार्ट' याद कर रिहर्सल में लगे थे। मुहल्ले के एक पहलवान को न जाने क्या सूझा कि वह नाटक के निर्देशक के पास पहुँचा और नाटक में एक रोल देने का अनुरोध करने लगा। निर्देशक ने अपनी असमर्थता प्रकट की, तो पहलवान ने चैलेंज दे दिया, "देखता हूँ कौन साला 'पार्ट' नहीं देता है! हाथ-पैर तोड़कर रख नहीं दिया तो कहना।" अन्त में पहलवान के इस चैलेंज से भयभीत होकर नाटक-दल के एक सदस्य ने उसे 'रुक्मिणी' का 'रोल' दे दिया और साथ-ही-साथ यह भी कह दिया कि पहनने के लिए साड़ी और ब्लाउज़ का प्रबंध उसे ही करना होगा।

जिस दिन नाटक खेला जा रहा था, उस समय अभिनय करते समय जब रुक्मिणी-वेशधारी उस पहलवान ने आकाश की ओर हाथ उठाकर 'हाय मेरे प्रियतम-प्यारे!' कहा, तो बाँह उठाते ही 'मसल्स' फूल जाने से उसका ब्लाउज़ फट गया। ब्लाउज़ के फटते ही उसकी भौजाई—जिससे वह ब्लाउज़ और साड़ी माँगकर लाया था—महिला-दर्शकों के बीच से उठीं और लगीं वहीं से अपने पहलवान देवर को गालियाँ देने। अन्य दर्शकों को जब पूरी बात समझ में आयी, तब हँसते-हँसते उनके पेट में बल पड़ गये।

●

महाभारत के एक अंश पर नाटक अभिनय किया जानेवाला था। नाटक में एक दृश्य था—द्रौपदी-चीर-हरण का। नाटक के निर्देशक ने दुःशासन को हिदायत कर दी थी कि तुम्हें १५ साड़ियाँ खींचनी हैं और कृष्ण को समझा दिया था कि तुम्हें १५ साड़ियाँ बढ़ानी हैं। इस काम के लिए पहले से ही एक महिला से साड़ियाँ माँगकर रख ली गयी थीं। परन्तु ऐन नाटक के दिन ही उस महिला ने अपने पति के साथ सिनेमा जाने का प्रोग्राम बनाया। पर सभी अच्छी साड़ियाँ तो वह नाटक में दे चुकी थी। तुरत नौकर को भेजकर उसने अपने लिए एक साड़ी मँगवा ली। अब १५ साड़ियों के स्थान पर सिर्फ १४ साड़ियाँ ही रह गयी थीं।

निश्चित समय पर 'द्रौपदी-चीर-हरण' शुरू हुआ। कृष्ण ने साड़ियाँ बढ़ानी शुरू कीं और दुःशासन दनादन खींचने लगा। १४ साड़ियाँ बढ़ाने के बाद कृष्ण ने दुःशासन को इशारा किया, पर उसे तो नाटक के निर्देशक की आज्ञा पालन करना था, कृष्ण के इशारे का नहीं। दुःशासन ने जब १५ वीं साड़ी खींची, तो द्रौपदी की 'ओरिजनल' साड़ी खिंच गई। अब स्टेज पर ब्लाउज़ और जांघिया पहने द्रौपदी दर्शकों के सामने खड़ी थी। लोग तालियाँ बजा रहे थे।

●

'जयद्रथ-वध' नामक नाटक खेला जा रहा था। दर्शकों की भारी भीड़ थी। नाटक के अन्तिम दृश्य में जयद्रथ का वध अर्जुन के हाथों होना था। कौरव-पांडव आदि योद्धा रंग-मंच पर उपस्थित हुए। श्रीकृष्ण ने अपनी माया से सूर्य को ढँककर अर्जुन को प्रतिज्ञा-पूर्ति की याद दिलाई। अर्जुन ने तरकस से एक बाण निकालकर धनुष पर चढ़ाया और जयद्रथ को ललकारते हुए उसकी छाती पर बाण चला दिया। संयोग की बात, अर्जुन का बाण सींक का बना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था और हल्का होने के कारण धनुष से छूटने पर जयद्रथ को न लगकर दर्शकों की ओर गिरा। अपनी नाटक-मंडली की नाक रख लेने के विचार से घबड़ाहट में जयद्रथ अपने ही तरकस का एक बाण अपने हीं हाथों छाती पर लगाकर धड़ाम से गिर पड़ा और इस प्रकार उसने अर्जुन की प्रतिज्ञा पूरी की। इस दृश्य को देख गंभीर मुद्रा में बैठे दर्शकों में ज़ोर का ठहाका लगा।

●

'लंका-विजय' नाटक के एक दृश्य में स्टेज पर लक्ष्मणजी मेघनाद के बाण से आहत हो मूर्छित पड़े हैं। शोकातुर राम अपने अनुज लक्ष्मण को टकटकी लगाये निहार रहे हैं। सुषेण वैद्य ने लक्ष्मण की नाड़ी-परीक्षा करके बताया—'सूर्योदय के पहले हिमालय-पहाड़ से संजीवनी बूटी मँगायी जा सके, तो लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं. . . .'' राम अश्रुपूर्ण नेत्रों से हनुमान की ओर देखते हैं और हनुमानजी संजीवनी बूटी लाने चल पड़ते हैं।

पर हनुमान को गये काफ़ी देर हो गई। अधीर होकर जनता शोर-गुल करने लगती है। राम रह-रहकर ऊपर की ओर देखते हैं और बेचैनी से इधर-उधर टहलने लगते हैं। हिमालय पहाड़ लाने के बाद हनुमानजी के नीचे आने की व्यवस्था रस्सी द्वारा की गयी थी। पर, रस्सी के अटक जाने से हनुमान जी भी अटके हुए थे। विलंब होते देखकर किसी ने प्रत्युत्पन्नमतित्व होने का परिचय देते हुए रस्सी को चाकू से काट दिया और पीठ पर पहाड़ लिये-दिये हनुमानजी धड़ाम-से कटहल की तरह स्टेज पर गिरे।

इधर राम ने समझा कि हनुमान का वास्तविक अभिनय हो रहा है। करुणातुर हो राम ने हनुमान के कंधे पर हाथ रखकर कहा, "वत्स हनुमान! बड़ी देर लगा दी। मेरे तो प्राण अटक रहे थे!"

हनुमान वेशधारी व्यक्ति को चोट आ गई थी। अतः वे राम का हाथ झटककर अपनी कमर पकड़े क्रोध से बोले, "वत्स हनुमान जाय अपनी ऐसी की तैसी में, पहले यह बताओ रस्सी किसने काटी?"

●

'सीता-स्वयंवर' नामक नाटक का अभिनय होने वाला था। नाटक शुरू होने से पहले संचालक ने अपने सभी कलाकारों को मिठाइयाँ खिलायीं। रावण वेशधारी महाशय थे पेटू, अतः उन्हें ऐसा लगा कि पक्षपात किया गया है और इसी कारण वे नाटक के संचालक से रुष्ट हो गये। जानकी-स्वयंवर का दृश्य स्टेज पर उपस्थित हुआ। शिव-धनुष के रूप में एक छोटा-सा बाँस का धनुष रखा था। जब देश-देशांतर के राजा-राजकुमार उसे टस-से-मस न कर सके, तो रावण के उठने की बारी आयी, रावण महाशय तो गुस्से में भरे थे ही, उन्होंने चट-से धनुष उठाकर उसके दो टुकड़े कर दिये और जनक से कहा, "राजन! शिव-धनुष मैंने तोड़ डाला। अब मेरे साथ जानकी के विवाह की तैयारियाँ कीजिए।"

सभी दर्शक और अभिनेता चकित हो उठे। नाटक का संचालक परदे के पीछे क्रोध से दाँत पीसने लगा। लेकिन करता क्या! रामायण की सारी कथा ही रावण वेशधारी व्यक्ति ने चौपट कर दी थी। दर्शकों में कोलाहल मचा। तभी जनक का अभिनय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करने वाले अभिनेता ने ज़ोर से पुकारकर कहा, "मूर्ख भृत्यो ! गुरु गंभीर शिव-धनुष के स्थान पर यह क्या उठा लाये ? यह तो मेरे कुमार की क्रीड़ा का धनुष है ? जाओ, असली धनुष उठा ले आओ ।"

नाटक के संचालक ने संतोष की सां[s] ली। जनक का अभिनय करने वा[ले] ने अपनी चतुराई से स्टेज पर बदल[ते] इतिहास की धारा में कसकर ब्रे[क] लगा दिया था ।

●

वस्त्र : फ्रांज़ काफ्का

बहुधा मैं सुन्दर शरीरों पर सजे हुए, फ़ैशनेबिल भड़कीले वस्त्र देखता हूँ तो सोचता हूं कि ये देर तक ऐसे नहीं रहेंगे, इनमें सलवटें पड़ जायेंगी, धूल पड़ जायेगी जो कि इनके सुन्दर कसीदे में इस तरह रम जायेगी कि कभी हट नहीं सकेगी। ऐसी स्थिति में कौन है जो अपने आपको इतना हास्यास्पद और दुःखी बनाना चाहेगा कि प्रति दिन सुबह वही मूल्यवान वस्त्र पहने और शाम को मैले हो जाने पर उन्हें उतार दे।

तब भी मैं ऐसी युवतियों को देखता हूं जो वास्तव में सुन्दर हैं, जिनके मोहक नाज़ुक कलाई, सुन्दर मुख और कोमल बाल हैं और जो दिन-प्रति-दिन स्वाभाविक रूप से इस नक़ाबपोशाक में सजती हैं और सदा वही चेहरा उसी तरह हथेली पर रखे शीशे में उसी तरह प्रतिबिम्बित होती रहती हैं।

केवल कभी-कभी रात को, जब किसी उत्सव के पश्चात् वे देर से घर लौटती हैं तो उन्हें शीशे में जो दीखता है, वह होता है थका हुआ, अस्त-व्यस्त और मैला-कुचैला वस्त्र जो अब व्यवहार में आने के योग्य भी नहीं होता।

[मूल जर्मन से उषा जैन द्वारा प्रस्तुत]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फूलों के बीच तो सभी जी लेते हैं, कमाल तो तब है जब कोई काँटों से निबाह कर ले ! इन्हें ही देखिये, पग-पग पर काँटे चुभते हैं इन्हें, और ये हैं, कि उन्हें चुन-चुन कर दामन में रख लेते हैं।

०

मेरे घर में एक मेज़ है। वह बहुत भौंडी है, डल है, बेडौल है, लेकिन वह मेरी पत्नी को दहेज में मिली थी, इसलिए मैं उस मेज़ को उठाकर बाहर नहीं फेंक सकता, अलबत्ता स्वप्न में कई बार उसे उठाकर बंगाल की खाड़ी में डुबो आया हूँ लेकिन न जाने कैसे वह बंगाल की खाड़ी से वापिस आ जाती है और मेरे कमरे के सौन्दर्य और शृंगार को बर्बाद कर देती है।

मेरी पत्नी प्रायः कहा करती है, "कितनी सुन्दर मेज़ है ! जब मैं इसे देखती हूँ, मुझे अपनी माँ याद आ जाती हैं !"

और मैं आँसुओं की पूरी बंगाल की खाड़ी पीकर अर्ज़ करता हूँ, "तुम्हारे मैके

काँटों से भी निबाह किये जा रहा हूँ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से दो ही चीज़ें काम की आई हैं, एक तुम और एक यह मेज़।"

समस्या यह है कि जब मैं पैदा हुआ था तो यह मेज़ पैदा नहीं हुई थी। न केवल मेज़, बल्कि कई और चीज़ें भी पैदा नहीं हुई थीं। उदाहरणतया भारतीय संविधान पैदा नहीं हुआ था, डा० नेमत राय, आई स्पेस-लिस्ट पैदा नहीं हुआ था, वनस्पति घी पैदा नहीं हुआ था, मेरी खाँसी पैदा नहीं हुई थी—यह और दूसरी अनगिनत चीज़ें मेरे बाद पैदा हुईं और शायद इसलिए पैदा हुईं, ताकि मेरी परीक्षा लें, मुझे अपनी कसौटी पर कसें। जन्म लेने में यह सबसे बड़ा नुक्स है कि मनुष्य दूसरों की खातिर जन्म लेता है मगर उसे यह बात पहले बताई नहीं जाती।

उदाहरण के तौर पर डा० नेमत राय को लीजिए। वह आँखों का प्रसिद्ध और अनुभवी डाक्टर है मगर बहुत सनकी, चिड़-चिड़ा और घमण्डी भी है। ऐसी परिस्थिति में आप क्या कहेंगे? या तो अंधा हो जाना उचित समझेंगे या डाक्टर के चिड़चिड़ेपन को अंधा हो जाने पर तरजीह देंगे। मुझे दूसरा ढंग पसंद है। मैं जब भी डाक्टर के क्लीनिक में पाँव धरता हूँ तो यूँ जैसे फाँसी की ओर बढ़ रहा हूँ। अपने सारे गुनाहों को याद करता हूँ जिनके फलस्वरूप डाक्टर मुझे क़त्ल करेगा। कोई गुनाह याद नहीं आता, सिवाय इस एक गुनाह के कि मैं पैदा हो चुका हूँ और मेरे पीछे मौक़ा पाकर डा० नेमत राय ने भी जन्म ले लिया है। गुनाहों के बोझ से लदी हुई बेबस धड़कनों के साथ मैं चुपचाप कुर्सी पर बैठ जाता हूँ। इतने में डाक्टर की खुश्क, सुती हुई काँटेदार आवाज उभरती है, "गूँगे हो क्या, मुँह में ज़बान नहीं थी तो करने क्या आये थे यहाँ?"

"आपने फ़रमाया था, कल आना।"

"तो क्या मैं कहता, परसों आना?... सुनो, तुम हिन्दू लोग सब मक्कार हो! जब मेरा क्लीनिक लाहौर में था तो एक वज़ीर साहिब अपनी मूँछें अकड़ाये बड़े ठस्से से बिना रिसेप्शनिस्ट की आज्ञा लिये अन्दर घुस आया। मैंने कहा, तुम कौन हो? बोला, मैं वज़ीर हूँ। मैंने कहा, यह गवर्नमेंट सेक्रेटेरिएट नहीं है, डा० नेमत राय का क्लीनिक है। वह हाथ जोड़ने लगा। मैंने कहा, हाथ जोड़ना मक्कारी है और मैं मक्कारों का इलाज नहीं किया करता, बाहर चले जाओ।"

"वन्डरफुल!"—तोते की तरह मेरे मुँह से निकल जाता है। मुझे इससे ज्यादा हानि-रहित शब्द और कोई नहीं सूझता लेकिन यह हानि-रहित शब्द भी मैं बहुत डरते-डरते कहता हूँ। क्योंकि डा० नेमत राय आपके हर शब्द को आपके नहीं बल्कि अपने अर्थ पहना देता है। मैंने जीवन भर जितने हानि-रहित शब्द मुँह से निकाले हैं वे सब डा० नेमत राय के सामने ही निकाले हैं और हानि-रहित शब्द को अगर हानिकारक बनते देखा है तो डा० नेमत राय के यहाँ। चुनांचे मेरे 'वण्डरफुल' कहने पर वह भड़क उठता है और कहता है:

"मुझे तुम्हारी झूठी प्रशंसा की ज़रूरत नहीं है! क्या तुम्हारे 'वन्डरफुल' कहने से मैं तुम्हारी आँखों का इलाज ज्यादा अच्छी तरह करने लगूँगा? क्या मैं बेईमान हूँ? याद रखो, मैं डाक्टर हूँ—हिन्दुओं की तरह गिरगिट नहीं हूँ।"

मैं डा० नेमत राय से यह नहीं कह सकता कि यह वज़ीर वाला क़िस्सा आप मुझे साठवीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बार सुना रहे हैं और कभी-कभी यह क़िस्सा मेरी बजाय किसी और को भी सुना दिया कीजिये ! मैं यह नहीं कह सकता और न यह कह सकता हूँ कि आप मुझे 'ग़ालिब' का जो शेर सुनाते हैं, वह भी आधा 'ग़ालिब' का और आधा आपका होता है। क्योंकि आप 'ग़ालिब' के शेर को अपनी ओर से कुछ घटा-बढ़ाकर कुछ-का-कुछ बना देते हैं। डा० नेमत राय 'ग़ालिब' की सारी ग़ज़लों को तोड़-मोड़ चुके हैं और यह सारी मुड़ी-तुड़ी ग़ज़लें मुझ पापी को सुना चुके हैं। कई बार जी चाहा 'ग़ालिब' की लाज रखने के लिए अपनी आँखों का इलाज छोड़ दूँ। लेकिन फिर ख़याल आता है, आँखों के मुक़ाबले पर हिन्दू जाति, वज़ीर, मक्कारी, डाक्टर का चिड़चिड़ापन, 'ग़ालिब' की मुड़ी-तुड़ी ग़ज़लें सब चीज़ें गौण हैं। आँखें फूल हैं, शेष सब काँटे हैं; फूल के लिए काँटों को सहन करो।

प्रातः मैं घर से निकलता हूँ तो पड़ोसी का कुत्ता भूँकने लगता है। मेरा पड़ोसी अनपढ़ व्यक्ति है। उसका कुत्ता भी अनपढ़ है। एक बार मैंने इस कुत्ते को पढ़ने की प्रेरणा दी, सभ्यता का पाठ पढ़ने की। इस पर मेरा पड़ोसी बड़े तैश में आ गया और बोला, "तुम मेरे कुत्ते को क्यों पढ़ा रहे हो? क्या इसे अनाथ समझ रखा है? शरम नहीं आती तुम्हें?"

उसके बाद मैंने कुत्ते से बोलचाल बंद कर दी, अगरचे उसने भूँकना बंद नहीं किया (अपना-अपना सामाजिक रोल है)। मुझे विश्वास है कि मैं कुत्ते को समझा-बुझाकर चुप करा सकता हूँ, लेकिन उसकी चुप्प मेरे पड़ोसी को पसन्द नहीं और मैं पड़ोसी से बिगाड़ नहीं चाहता, इसलिए कुत्ते से मेरा बिगाड़ चल रहा है। चुनांचे जब कुत्ता भूँकता है तो मैं यूँ चुपचाप निकल जाता हूँ, जैसे कुत्ता मुझ पर नहीं, सामने मुंडेर पर बैठे हुए कौवे पर भूँक रहा है।

घर से बाहर निकलते ही मुझे बूट का कील चुभने लगता है। यह बूट मैंने दो महीने पहले ख़रीदे थे। मैंने दुकानदार से 'प्रोटेस्ट' किया तो वह बोला, "यह बूट आप उधार ले गए थे और पैसे अभी अदा नहीं किए तो 'प्रटेस्ट' कैसा?" मैंने उसे समझाया कि कीलों का उधार से कोई संबंध नहीं, मगर वह यह बात नहीं समझ सका, चुनांचे इससे पहले कि वह इर्द-गिर्द की सभी दुकानों को सूचित कर देता, मैंने 'पेमेंट' कर दी। उधार चुकाने के बाद मुझे यह लाभ हुआ कि कील चुभते ज़रूर रहे मगर उनकी चुभन का एहसास जाता रहा। वास्तव में हर चुभन एहसास से पैदा होती है। एहसास मर जाए तो चुभन भी मर जाती है। एक बहुत दबंग क़िस्म की झगड़ालू स्त्री रहती है। दुर्भाग्य से वो बदकारी का अड्डा चलाती है। सारा मुहल्ला जानता है, लेकिन घूसखोर पुलिस और रंगीन मिज़ाज अमीरज़ादों के बलबूते पर उस स्त्री को कोई कुछ नहीं कह सकता! वह स्त्री मेरे बूट के कील की तरह है। सारे मुहल्ले के दिमाग़ों में चुभ रही है, लेकिन धीरे-धीरे मुहल्ले का एहसास मर गया। इसलिए अब वह चुभने के बावजूद किसी को नहीं चुभती। यहाँ तक कि पिछले आम चुनाव में वह औरतों के एक जलसे में भाषण तक देती देखी गई, अर्थात् काँटा फूल बनकर सामने आ गया। मैं सोचता हूँ, जब एहसास मरता है तो पूरे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाज के सीने में पूरा समाज मर जाता है और फिर उस समय काँटे और फूल में कोई अन्तर नहीं रहता। उसका पति भी उसे बदचलन नहीं समझता। पति ही क्यों, मेरे अपने अन्दर भी वह एहसास मर चुका है कि वह बदचलन है। मैं जब भी उधर से गुज़रता हूँ, वह मुझे हाथ जोड़कर नमस्ते करती है और मैं भी पूरी श्रद्धा के साथ उसके सलाम का जवाब देता हूँ, बल्कि कभी-कभी यह भी पूछ लेता हूँ कि तुम्हें बुखार आ रहा था, अब कैसी हो?

●

नुक्कड़ के इस घराने से आगे लाला चम्पाराम मिलता है। वह रिटायर्ड हेड-क्लर्क है ... "ज़रा ठहरिये," वह दीवार की तरह उभरकर कहता है, "क्यों जी, यह जो शब्द है 'टैक्स' इसका टैक्सी से क्या संबंध है? और यह जो बुरे चाल-चलन वाली स्त्रियों के लिए टैक्सी शब्द का प्रयोग किया जाता है, इसका क्या कारण है?"

लाला चम्पाराम हर रोज किसी-न-किसी नए शब्द को दीवार मेरे रास्ते में खड़ी कर देता है। वह 'रिसर्च-स्कालर' नहीं है। केवल अपने रिटायर्ड जीवन के शून्य को भरने के लिए उसने शब्दों को खोजकर व्यर्थ धंधा शुरू कर दिया है और मुझे रोके खड़ा रहता है। एक बार तो मुझे एक अर्थी के साथ शामिल होना था लेकिन मैं चम्पाराम के पंजे में गिरफ्तार रहा; कसमसाता रहा, मगर फिर भी बड़ी गम्भीरता से उसके कोरे शब्दकोश को अर्थों से भरता रहा।

जिस दिन चम्पाराम के दिल की धड़कन बंद होगी, उस दिन मेरा रास्ता कोई नहीं रोकेगा; और मैं हैरान हूँ कि मैं क्या करूँगा? मैंने जो अपने जीवन के कुछ पल हर रोज़ चम्पाराम की भेंट कर रखे हैं उनका प्रयोग कहाँ करूँगा? चम्पाराम लाख व्यर्थ और 'बोर' व्यक्ति सही, लेकिन मुझमें जो उसकी हाँ-में-हाँ मिलाने की आदत पैदा हो गई है! चम्पाराम के मरने के साथ यह आदत भी मर जाएगी, क्योंकि जब काँटे मर जाते हैं तो फूल भी मर जाते हैं। चम्पाराम की मौत मेरी मौत है और सच तो यह है, मैं मरना नहीं चाहता! ० ०

दयालु पत्नी : जुलियनस

तुम्हारा प्रिय पति, रोडो, तुम्हारी पुण्यात्मा
की स्मृति में संगमरमर की समाधि बनवा रहा है;
निधनों को धन बाँट रहा है; क्योंकि—
ओ, सब पत्नियों से अधिक दयालु पत्नी, तुमने शीघ्र ही
मृत्यु से आलिंगन कर
उसे मुक्त किया, प्रसन्न किया।

[६०० ई० की एक ग्रीक व्यंग्य कविता]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अच्छे पड़ोसी आप तभी कहे जायेंगे जब पड़ोस के लोग आप से चीजें माँगकर ले जायें और वापस न करें या करें भी तो खस्ता हालत में। देखिए, जो व्यक्ति आपको अपनी आप-बीती सुना रहे हैं, उन पर 'एक नेक पड़ोसी' की मुहर लग चुकी है।

मेरे सब पड़ोसी कहते हैं कि उनका पड़ोस बहुत अच्छा है। मित्र ने आकर प्रसन्नतापूर्वक बताया—"तुम्हारा पड़ोसी अपने पड़ोस की बड़ी तारीफ़ कर रहा था।" भई, वह क्यों न करेगा तारीफ़! बुद्धू और दब्बू पड़ोसी सब चाहते हैं।

परसों की बात है। शर्माजी का नौकर मेरी खाट वापिस कर गया है। एक साल, दो मास, चार दिन बाद भी वह इसलिए वापिस आई थी क्योंकि उसमें जान नहीं रही थी। बान उधड़े पड़े थे और अदवायन नदारद थी। शर्माजी ने उसे अपने घर में मेहमान आने के उपलक्ष में पिछले साल मँगाई थी। उस समय पत्नी ने कहा था—टूटी खाट भिजवा दो। परन्तु मैं लड़ पड़ा था—मेहमान क्या कहेंगे! सबसे अच्छी खाट जानी चाहिये। वह खाट अखबार के विज्ञापनों में 'इस्तेमाल से पहले' का चित्र थी, और जो परसों लौटकर आई है, वह 'इस्तेमाल के बाद' की प्रतिरूप थी। मैंने दबी ज़बान से पूछा भी, "भई, इसकी अदवायन की रस्सी कहाँ गई?"

नौकर ने कहा, "बाबूजी से पूछूँगा।"

और मेरे पड़ोसी भी इतने भले हैं कि उसी समय नौकर से जवाब भिजवा दिया कि उनकी कपड़े सुखाने की बिलंग की रस्सी टूट गई थी, सो मेरी रस्सी ने उनकी बड़ी सहायता की है। एक-दो दिन में वे बाजार से नई रस्सी ले आयेंगे, तब मेरी अदवायन वापिस भेज देंगे।



एक नेक पड़ोसी की आप-बीती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बग़ल के हज़ली साहब को अखबार पढ़ने का शौक़ है। कहते वह यह हैं, "मेरे यहाँ 'स्टेट्समैन' और तुम्हारे घर 'हिन्दुस्तान टाइम्स' आता है। मैं जानता हूँ कि ये अखबारवाले बड़ी बेपर की उड़ाते हैं, लेकिन दोनों को साथ रखकर मैं सच को ढूँढ़ निकालता हूँ।" मैं जानता हूँ कि वे भी बेपर की उड़ा रहे हैं, उनके घर कोई अखबार नहीं आता। समय के पाबन्द इतने हैं कि अखबार आने के पूरे दो मिनट बाद उनकी आवाज़ आती है—"क्यों भई, अखबार आ गया क्या ?" अखबार उड़ जाता है और शाम को मेरे दफ्तर से लौटने के बाद ही वह लौटता है। मैं यही सोचकर दिल को मना लेता हूँ कि बहुत-सी जगहें ऐसी हैं जहाँ अखबार अगले दिन पहुँचता है और वहाँ के रहने वालों को एक दिन बासी खबरें पढ़ने को मिलती हैं।

आपको एक भेद की बात बताता हूँ, कहीं मेरे पड़ोसियों को न बता दीजियेगा। मेरी जितनी किताबें हैं सब पर मेरे दोस्तों का नाम लिखा हुआ है। इसका राज़ यह है कि किताबें खरीदकर मैं लाता हूँ और पढ़ता सारा मोहल्ला है। कई बार मैंने सोचा कि यह शौक़ छोड़ दूँ; लेकिन जिसकी तलब पड़ गई वह आदत कहाँ छूट सकती है।

आखिर इस बेवफ़ाई से बचने के लिए मैंने यह तरकीब लड़ाई है कि किताब खरीदते ही उस पर किसी दूसरे का नाम डाल देता हूँ, जिससे पड़ोसी लोग वापिस कर देते हैं और यदि वापिस नहीं भी कर रहे होते हैं तो मैं उन पर ज़ोर डाल सकता हूँ—"भई, दूसरे की किताब है, वह मेरी जान खा रहा है!" जिस दिन से यह युक्ति भिड़ाई है, असली प्रतिशत पुस्तकें मुझे वापि मिल जाती हैं।

चाय, चीनी माँग-माँग कर ले जाना न मालूम के बराबर हो गया है, मेरी बाल्टी और कढ़ाई भी मंगी चली जाती हैं और रोज़मर्रा की चीज़ देने का एक नुक़सान यह है कि उन्हें लौटाने कोई नहीं आता, मुझे ही उनके घर के पाँच - छः चक्कर काटने पड़ते हैं।

बाल्टी का उदाहरण लीजिये। बाल्टी रामकृष्ण माँगकर ले गये थे। पहली बार वापिस लेने गया तो द्वार में घुसते ही पता चला कि वे घर पर नहीं हैं। अगली बार वे नहा रहे थे। मैं पन्द्रह मिनट बैठा रहा, लेकिन उनकी पत्नी ने कहला भेजा कि नहाते ही वे पूजा-गृह में चले जाते हैं और एक घण्टे बाद निकलते हैं। अपनी बाल्टी लेनी थी, सो मैं भी ताक में लगा रहा। एक दिन उन्हें गली में घुसते हुए झाँका और झटपट नीचे उतरकर उन्हें अपनी बैठक में साइकिल रखते हुए जा पकड़ा। मुझे देखकर वे खिजा हँसी हँसे। खुद-बखुद उन्हें बाल्टी याद हो आई। नौकर को आवाज लगाकर बोले, "अरुणजी की बाल्टी दे जा।"

नौकर बाहर आया, "बहूजी कह रही हैं वह तेल में सनी पड़ी है। हम शाम को साफ़ करके अपने-आप भेज देंगे।"

मैं शिष्टाचार में मुस्कुराया, "भई, जरूरी काम है। मँगा दो, हम खुद साफ़ कर लेंगे।"

उन्होंने भी नौकर को घुड़का, "जा, ऐसे ही ला दे। उनकी बाल्टी है। बेचारे तंग हो रहे होंगे। तुम लोगों को चीज़ मँगाना तो याद रहती है..." अपनी डाँट के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधूरी छोड़कर वे मेरी ओर मुड़, "अरुणजी, रोज़ाना वापिस करने की सोच रहा था, लेकिन काम नहीं निपटा था। और सच्ची बात तो यह है कि काम अभी निपटा कहाँ है!"

ग़रज़ यह है कि बाल्टी वापिस आई जो बिल्कुल साफ़ थी और वापिस लेकर चलते समय उनकी बातों ने मुझे यह अहसास करा दिया कि केवल दस दिन में बाल्टी वापिस लेते हुए मैं उन पर बड़ा अन्याय कर रहा हूँ।

छोटी चीज़ों को मारिये गोली, मोटी चीज़ लीजिये। पिछले साल दिवाली से पहले मेरे घर पुताई चल रही थी। एक दिन सवेरे दस बजे बिलकुल लगे घर से भटनागर साहब की आवाज़ आई, "अरुण जी, आपके यहाँ सीढ़ी है?"

मैंने बग़ल में झाँका, वे बहुत शान्ति से मेरे राज़ को सीढ़ी पर चढ़े पुताई करते देख रहे थे। बोला, "जी हाँ।"

"ज़रा भेज दीजिए। मेरा पानी का बम्बा कचरे से भर गया है। उसे ठीक करने मिस्त्री आया है। थोड़ी देर में वापिस कर दूँगा।"

मैंने जवाब दिया, "मैंने भी आज-आज के लिए मँगाई है। शाम को राज के जाने के बाद आप ले लीजियेगा। कल सुबह मुझे वापिस भेजनी है। ऊपर की पुताई नहीं निपटी तो दिक्क़त हो जायगी।"

वे हँस पड़े, "आप भी कमाल करते हैं! आजकल मिस्त्री को पकड़ लाना हँसी-ठट्ठा नहीं है। दस दिन से चक्कर लगा रहा हूँ, आज पकड़ाई में आया है। कुल पन्द्रह-बीस मिनट लगेंगे।"

मैंने हार मान ली, "अच्छा, मँगवा लीजिये!"

मँगवाऊँ किससे? ज़रा मेहरबानी करके अपने राज के हाथ भेज दीजिये।"

तब का गया हुआ राज पूरे तीन घण्टे बाद लौटकर आया। पूछने पर पता चला कि उससे सीढ़ी पकड़ने को कहा गया था, कहीं सीढ़ी रपट न जाय।

दूसरी बार में इससे भी अधिक अच्छा पड़ोसी सिद्ध हुआ। राजपुताई कर रहा था कि इस बार शर्माजी पधारे—"आपके घर राज काम कर रहा है?"

"जी हाँ।"

"आज उसे मेरे घर भेज दीजिये। एक-दो छेद बन्द करवाने हैं। चूहों ने तंग कर रखा है। और भी मरम्मत करानी है।"

मैंने अच्छे पड़ोसी के नाते राज को आते ही उनके घर भेज दिया। पाँच मिनट बाद शर्माजी पधारे, "भाई साहब, आपके यहाँ सीमेण्ट होगा?"

सीमेण्ट का नाम सुनते ही औसान ढीले हो गये। दस दिन खड़े होकर दो बोरी सीमेन्ट मिला था।

"बात यह है कि...."

"आप चिन्ता न करें। मेरे साढ़ू का भतीजा सप्लाई में है। बस, एक तसला दे दीजिये। मेरा आज का काम निकल जायगा। एक-दो दिन में मैं आपको पूरी बोरी लाकर दे दूँगा।"

झक मारकर हाँ करनी पड़ी। एक-एक तसला करके मेरी एक बोरी ख़ाली हो गई। मुझे वही चुटकुला याद आ गया: "आपके पास माचिस होगी?" और माचिस लेने के बाद—"फिर तो सिगरेट भी होगी चाहिये!"

एक बोरी सीमेन्ट और राज की दो दिन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की मजदूरी खो... कर सकती है !
बनने से रोक सकता है ? पड़ोसियों को कुछ डर है तो मेरी पत्नी से। किन्तु वह भी बचपन से पड़ी बुरी आदतों को कहाँ तक

सारा पड़ोस कहता है कि मैं अ... पड़ोसी हूँ। मैं तथा पत्नी जल-भुन रह जाते हैं।

पकड़ना ठीक है या छोड़ देना

बिना टिकट के यात्रा करते हुए ३२ व्यक्ति पकड़े गये। इनमें एक व्य... चावलों की चोरबाजारी करता था। इन अपराधियों में २९ व्यक्तियों को ... दिन करके श्रम-हीन जेल की सजा हुई। बाकी ३ को २५–२५ रुपया जुर्मा...

इस दण्ड-विधान के अनुसार किसे अधिक लाभ हुआ ? जमा-खर्च ... हिसाब से यदि विचार किया जाये तो देखिये, क्या नतीजा निकलता है :

जमा

(१) तीन व्यक्तियों का जुर्माना : २५ रुपये के हिसाब से—— ७५.
(२) एक व्यक्ति का चोर बाजारी का जब्त किया चावल (अनुमान से) १५.

९०.

खर्च

(१) २९ व्यक्तियों का २१ दिनों तक खाने का खर्च—— प्रत्येक व्यक्ति पर एक जून के लिए कम-से-कम आठ आने के हिसाब से ३०४.
(२) न्याय-खर्च (अनुमान से) १५.
(३) अपराधियों का न्यायालय में आने-जाने का खर्च (अनुमान से) ५.
(४) ट्रेन भाड़ा जो अदा नहीं हो सका——अनुमानतः १ रुपया प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से ३२.

३५७.

खर्च से जमा निकाल देने पर कुल नुक़सान होता है २६७.०० रुपये। ... व्यक्तियों को नहीं पकड़ने से नुक़सान होता मात्र ३२ रुपये। अब जरा सोच... देखिये, पकड़ना ठीक था या छोड़ देना !

——परिमल गोरवा...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



बेहद नखरेबाज होते हैं ये कैमरेबाज भी.... लेकिन मुश्किल यह है कि खतरनाक भी कम नहीं होते ! विश्वास नहीं हो तो इसे पढ़ देखें ।

•

कैमरा और कैमरेबाज़ी

रविरंजन सिन्हा

•

कैमरा भी बड़े काम की चीज होता है। करने को और कुछ न हुआ तो तस्वीर ही उतार ली। वैसे तस्वीर उतारने का तरीक़ा एक ही होता है, मगर कैमरा ले चलने का अलग-अलग। कुछ लोग कैमरा इस तरह गले से लटकाते हैं गोया फ़ोटोग्राफ़र न हुए, अब थानेदार हो गये, पिस्तौल लटकाये चले जा रहे हैं! कुछ बड़ी बेफ़िक्री से कैमरे की पेटी हाथ में लिये इस अन्दाज में चलते हैं, जैसे कोई बड़ी अच्छी नस्ल का कुत्ता उनके पीछे चल रहा हो जो हर नजदीक जाने वाले को 'बख' कहकर डरा सकता है। कुछ ऐसे भी होते हैं, जो लॉकेट की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तरह उसे सीने पर लटकाये चलते हैं।

जिस तरह शास्त्रीय पद्धति के गायन में पहले अलाप आवश्यक है, वैसे ही तस्वीर उतारने के पहले कैमराबाज़ी आवश्यक है। जितना अंतर गायक और गलेबाज़ में होता है, वही अन्तर फ़ोटोग्राफ़र और कैमरेबाज़ में भी होता है और जिस तरह सब गानेवाले गलेबाज़ नहीं होते हैं, वैसे ही यह भी ज़रूरी नहीं है कि सभी तस्वीर उतारने वाले सौ-फ़ी-सदी कैमरेबाज़ हों ही।

कैमरेबाज़ी की परिभाषा अभी निश्चित नहीं हुई है; फिर भी कहा गया है (किसने कहा और कहाँ कहा—यह मुझे मालूम नहीं है) कि यह वह कला है जिसके द्वारा आस-पास के लोगों को यह विश्वास दिला दिया जाय कि कैमरे में सचमुच फ़िल्म है और इरादा वाक़ई तस्वीर उतारने का है, लेकिन या तो मौसम के साथ कुछ गड़बड़ी है या उस वस्तु के साथ जिसकी तस्वीर उतारी जा रही हो। इस कला की बारीकियाँ कलाकार अपनी-अपनी योग्यता और प्रतिभा के अनुसार दर्शकों पर प्रकट करते हैं। एक उदाहरण लीजिये : नदी का किनारा है; सामने एक नाव पाल खोले चली जा रही है; हमारा कलाकार इस दृश्य को देखकर अपने-आप को संयत नहीं रख पाता है। एक झटके के साथ वह कैमरे को अपनी आँखों के सामने लाता है। एकक्षण'व्यू फाइंडर' से देखने के बाद वह खीझकर आसमान की ओर देखता है। फिर वह नदी में जा रही नाव को आड़े होकर देखता है, कभी तिरछे होकर देखता है और अन्त में बिल्कुल सीधा खड़ा होकर देखता है। एक-ब-एक वह घुटनों के बल बैठ जाता है। धीरे-धीरे जब खड़ा होता है तब तक आसपास टहल रहे या घूम रहे लोग उसे बड़े ग़ौर से देखने लग जाते हैं। हमारा कलाकार आहिस्ते-से अपने बालों को सहलाता है और जाती हुई नाव को देखते हुए धीरे-धीरे वहाँ से हट जाता है। इसे ही कैमराबाज़ी कहते हैं।

किसी समारोह, सार्वजनिक सभा या खेलकूद के मैदान में कैमराबाज़ी के सर्वोत्कृष्ट नमूने देखने को मिलते हैं। इस फ़न के माहिर और कुछ नहीं तो अपने लिए आगे की पंक्ति में स्थान बना लेते हैं या संभव हुआ तो मंच तक पहुँच ही जाते हैं। अनुभवी व्यक्तियों की राय है कि नेतागण (या नेताओं के गण भी) समाचार-पत्रों के संवाददाताओं से घबड़ाते हैं मगर फ़ोटोग्राफ़र या हस्ताक्षर लेने वालों को देखकर अत्यधिक मुदित होते हैं।

कैमरेबाज़ी की कला जनोपयोगी कला है और इससे जनता को, समाज को बहुत फ़ायदा पहुँचता है। (इस नाटकीय वाक्य के लिए क्षमाप्रार्थी हूँ।) हस्तरेखा-विशारदों की तरह कैमरेबाज भी समाज में जल्दी ही बड़े लोकप्रिय हो जाते हैं। आज प्रचार के युग में यह सिद्धान्त सभी स्वीकार करते हैं कि केवल कोई काम करना ही आवश्यक नहीं है बल्कि उसके साथ यह भी आवश्यक है कि लोगों को यह बात समझा दी जाय कि काम हो रहा है। सच्चा कैमरेबाज़ इस सिद्धांत के उत्तरार्द्ध को अपनी सफलता का मूलमंत्र मानता है। यदि आपके कोई मित्र कैमरे के शौक़ीन हैं तो यह तय है कि वे आपको, आपकी श्रीमतीजी को (आपकी अनुमति से) या आपके नन्हें-मुन्ने को एक दिन पूरी वर्ज़िश करायेंगे। आप कभी धूप में खड़े होंगे, कभी छाया में। आपकी श्रीमतीजी कभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आपके बिलकुल पास खड़ा करायी जायेगा, कभी दूर। आपके मुन्ने को कभी मुस्कुराने को कहा जायेगा, कभी बिलकुल चुप होकर बैठने को। इन सबके बाद आपके मित्र-महोदय मुस्कुराते हुए आश्वासन देंगे कि तस्वीर ज़रूर अच्छी आयेगी। कुछ दिनों के बाद जब वे फिर आपके यहाँ आयेंगे तो ज़ाहिर है, आप उन्हें चाय पीने को कहेंगे। संभव है, तस्वीर देखने की उत्सुकता में आपकी श्रीमतीजी चाय के साथ कुछ नमकीन भी लेती आयें। मगर चाय की चुस्कियों के साथ आपके मित्र महोदय आपको बतायेंगे, "यार, पता नहीं क्या हो गया! लगता है, किसी ने मेरी अनुपस्थिति में कैमरा खोलने की कोशिश की और पूरी रील चौपट हो गई।" उनकी इस बात पर विश्वास करने के सिवा आपके लिए कोई चारा नहीं। मगर घबराइये नहीं, ऐसी घटना सिर्फ़ आपके साथ ही नहीं घटेगी। ऐसा बहुतों के साथ होता है।

कैमरेबाज़ी के शौक़ीन अक्सर "एक्सपोज़र, लेन्स, रौल, बैकग्राउण्ड, फोकस" आदि शब्दों का प्रयोग करते हैं। जो इन शब्दों का जितना ही अधिक प्रयोग करता है, वह उतना ही सधा हुआ कलाकार माना जाता है। यह बात और है कि इन शब्दों के बारे में उनने सही जानकारी हासिल करने की कभी कोशिश न की हो।

कैमरे के कुछ शौक़ीन ऐसे भी होते हैं, जो सच्चे अर्थ में कैमरेबाज़ नहीं होते, लेकिन कैमरे का इस्तेमाल कर लेते हैं। कभी-कभी उनके करिश्मे भी लोगों को हैरत में डाल देते हैं। एक ऐसे ही शौक़ीन अपनी पत्नी की कुछ आदतों से परेशान थे। उनकी पत्नी जब भी बोलतीं तो चेहरा विकृत कर लेतीं और मकान के एक कमरे से दूसरे कमरे में भी जाना हो तो लपककर चलतीं। वे सज्जन जब भी इसकी शिकायत करते, उनकी पत्नी नाराज़ हो जातीं। तंग आकर उन्होंने अपने मूवी कैमरे से श्रीमतीजी के चलने-फिरने, बात करने का एक चलचित्र उतार लिया। श्रीमतीजी ने जब फ़िल्म देखी तो बेतरह शर्मिन्दा हुईं और धीरे-धीरे उनकी ये ख़राब आदतें छूट गईं।

एक बड़े कारखाने के व्यवस्थापकों ने दुर्घटनाएँ रोकने के लिए एक नया तरीक़ा ढूँढ़ निकाला। लापरवाही के कारण हुई दुर्घटनाओं में जो कर्मचारी घायल हुए उनकी टूटी हुई बाँह, या कुचले गये पाँव या सिर पर लगे घावों के निशानों की तस्वीरें उतार ली गईं और कारखाने में सुरक्षा सम्बन्धी निर्देशों के साथ-साथ जहाँ-तहाँ टाँग दी गईं।

कहने की आवश्यकता नहीं कि इस प्रकार के कैमरे के शौक़ीन उपयोगितावादी हो जाते हैं, और उनके लिए कला-पक्ष गौण हो जाता है। ऐसे लोग कभी-कभी ख़तरे का कारण भी बन जाते हैं। मान लीजिये कि कोई अख़बारी कैमराबाज़ किसी मंत्री या किसी बड़े अफ़सर की तस्वीरें उस समय उतार ले जब वे अपने दफ़्तर में बैठे-बैठे ऊँघ रहे हों या इनाम जीतने के लिए किसी पत्रिका की वर्ग-पहेलियाँ भर रहे हों, और फिर अख़बारों में छाप दे तो जनता पर क्या असर पड़ेगा?

मगर जनता के बारे में क्या कहा जाय! आपने स्वयं देखा होगा, किसी बड़ी सभा में कोई बड़ा नेता किसी गम्भीर समस्या पर भाषण कर रहा है और कोई कैमरेबाज़ उनकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तस्वीर उतारने की कोशिश कर रहा है। ऐसी स्थिति में आगे की पंक्ति में बैठी जनता तो नेता को छोड़कर कैमरेबाज़ को ही देखना शुरू कर देती है।

इस प्रकार नेता से लेकर जनता तक, दोस्त से दुश्मन तक सभी आपको हसरत भरी निगाह से देखने लगते हैं, बशर्ते कि आपके पास सिर्फ़ एक कैमरा हो। कैमरा अगर गुलाब का फूल है तो कैमरेबाज़ी उसकी भीनी-भीनी खुशबू। आप तो जानते हैं, खुशबू यह बता देती है कि फूल कहाँ है।

● ●

एक मौन वार्तालाप : फ्राज़ काफ़्का

मैं जब एक सुन्दर युवती से मिलता हूँ तो उससे अनुरोध करता हूँ, 'कृपया मेरे साथ आओ' और वह चुपचाप गुज़र जाती है तो इसका मतलब होता है :

"तू कोई प्रसिद्ध रईस या जमींदार नहीं है, और न सुगठित अमरीकन ही है जिसका विशाल आकार होता है, क्षितिज-सी प्रशान्त आँखें होती हैं; न तूने उन अनजान सागरों की यात्राएँ ही की है! फिर तुम्हीं बताओ कि मैं, एक सुन्दर युवती, किस तरह तुम्हारे साथ जाने को तैयार हो सकती हूँ?"

"तू भूल करती है! मैं तो नहीं देखता कि तुझे कोई विशाल मोटर में सड़कों पर घुमाता हो या वर्दीपोश प्रजा तेरा गुणगान करती हुई ठीक अर्द्ध-वृत की दूरी पर तेरे पीछे चलती हो। तेरे वक्ष पर तो सुरुचिपूर्ण आवरण है, परन्तु तेरे कूल्हे और कमर नारी-सुलभ लज्जा की पूर्ण क्षति-पूर्ति कर देते हैं। तूने टफेटा की एक चुन्नट वाली वैसी ही पोशाक पहन रखी है जैसी कि पिछले वर्ष की शरद्-ऋतु में हम सबको भायी थी। और तब भी तू हँसती है—इस विकट परिस्थिति में भी!"

"हाँ, हम दोनों का ही कहना ठीक है, और इस प्रत्यक्ष को न जानने के लिये यही उत्तम है कि हम दोनों ही अकेले अपने-अपने घरों को लौट जायें।"

[मूल जर्मन से उषा जैन द्वारा प्रस्तुत]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यों तो आपके मुन्ने होंगे ही पर ये बातें उस समय की हैं जब आप खुद अपने मुन्ने बन जाते हैं। आइए, आपको उन हरकतों की याद दिलाई जाए जो आप खुद अपने मुन्ने बन कर किया करते हैं।

अजीब बात है! कोई मुन्ने का बाप हो सकता है—मुन्ने की माँ हो सकती है—अभिभावक हो सकता है—खुद अपनी नज़रों में कैसे मुन्ना बनेगा? इसका आखिर मतलब क्या? क्या यह नार्सिसस-नुमा आत्मप्रेम का वात्सल्य-रूपान्तर तो नहीं है? या यह 'पेटरपैन' जैसी चिर-कैशोर की आकांक्षा है?

गो यह ज़माना उलझी बातें करने का ही है लेकिन, हम खुद अपने साथ मुन्ने की तरह पेश आते हैं, इस उक्ति में कोई उलझाव नहीं! यह तो रोज़-रोज़ का अनुभव है। बशर्ते कि आप कोई काम, छोटा या बड़ा, एक बैठक में तै कर डालने के आदी हों—मलूकदास के अनुयायी न हों। यह बात ज़रा-सा साफ़ कर देने के बाद पूरी तौर पर समझ में आ जाती है।

आनन्द भैरव शाही

चाय या सिगरेट तो पीते होंगे आप? क्या कहा, नो थैंक्स? खैर, जाने दीजिए यह पान?.....अरे, यह भी नहीं! मतलब कि आपको कोई लत नहीं। यह कैसे हो सकता है? या तो आप मेरे सामने छिपा रहे हैं या कोई ऐसी लत है आपको, जो मुझे क़तई मालूम नहीं, अथवा आप खुद उससे वाक़िफ़ नहीं और इसी कारण इस समय आपको उसकी कोई 'आइडिया' भी नहीं।

जो भी हो, ये लतें अपेक्षाकृत जटिल हैं, खर्चीली भी हैं। दूसरी क़िस्म की लतों को लीजिये: मसलन्, लिखते समय सोचते या काग़ज़ के टुकड़ों पर लकीरें खींचना या चिड़िया की शक्ल बनाना, काग़ज़ की नाव बनाना (ध्यान रहे, मैं काम के वक्त की लतों की ही बातें कर रहा हूँ)—या, अपना ध्यान-परिवर्त्तन करने के लिए बीच में उठकर खिड़की से



प खुद अपने मुन्ने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्मुक्त आकाश की ओर देखने लगना, कैलेंडर पर छपी किसी आकर्षक नारी की तस्वीर पर ग़ौर फ़र्माने लगना, 'पेपरवेट' या 'कॉलवेल' को उठाकर गाल या गर्दन से सटाते हुए ठंढी सेंक लेना इत्यादि। इनकी संख्या सैकड़ों-हज़ारों हो सकती है।

शायद, आपने ध्यान न दिया होगा इस बात पर, कि ये आवश्यकताएँ अकारण नहीं हुई हैं। यदि इस पर ध्यान रखें और ग़ौर करें तो आप पाएँगे कि जब कभी आपको अपना काम जटिल मालूम हुआ है, किसी प्रकार की ऊब हुई है, एकरसता का अनुभव हुआ है, तभी इन जानी-मानी हरकतों में से कोई-न-कोई बिना बुलाये मेहमान की भाँति आप पर आ टपकी है। आपने न कभी बिला वजह सर खुजलाया है, न खिड़की खोली है, न डब्बे से सिगरेट निकाला है। बात दरअसल यह है कि जब कभी आप एक ओर तो काम से घबड़ाये हैं और दूसरी ओर आपकी कर्त्तव्य-भावना ने आपको दबोचा है, तो इस दुहरे चाप से आप बेचैन हो उठे हैं और आपके भीतर का छिपा शिशु काम से विरत होने को पाठशाला के छोटे बच्चे की भाँति छुट्टी पाने के लिए मचलने लगा है।

लेकिन उसी समय अभिभावक बनकर उस मुन्ने को ,जो आप खुद हैं, फुसलाते हैं—साम या दंड द्वारा नहीं, दाम (या ईमान) द्वारा—"देखो मुन्ने, रोते नहीं, काम ज़रूरी है बेटे! थक गए हो क्या? तो यह कहो ना! अच्छा लो सिगरेट, ज़रा-सी फूँक मार लो! अरे काम? वह तो हुआ ही जाता है आनन-फानन में। कौन-सी मुश्किल चीज़ है? देखो, मचलो नहीं। काम ज़रूरी है। न करने से नुक़सान होगा। ज्यादा काम है? अच्छा मुन्ने, आज शाम को सिनेमा भी देख 'कॉफ़ी हाउस' में वह छः आने कप वाली 'कॉफ़ी' भी पिला दूँगा। अब तो हुआ? लेकिन देखो मुन्ने, यह सारा काम ज़रूरी तीन घंटे की तो बात है, फिर मज़ा ही मज़ा अब तुम समझदार हुए, तीस बरस के। बड़े फ़र्म में काम करते हो। काम तो ही है।" और आप मुन्ने को पुचकार देते

देखा, कैसा फुसलाया आपने! आपका मुन्ना—जो कि आप खुद हैं—थोड़ी बाद ही काम में ऐसा मशग़ूल हो जाता है उसे पूरा करके ही दम लेता है।

बड़े-बड़े लेखकों की तरह-तरह ख़ाम-ख़यालियों (ईडियोसिंक्रेसीज) विषय में आपने सुना होगा, जिनके वे अपना लेखन-कार्य कर ही नहीं सक ये सभी अपने मुन्नों को खुश रखने के अपने अनुभूत तरीक़े हैं: कोई अगरब जला लेता है तो कोई टॉफ़ी चूसने के रख लेता है। चाय-सिगरेट तो आम बात किसी तरह आपका यह मुन्ना खुश रहे काम करे!

आख़िर क्यों, थोड़ी देर के लिए ही आप काम की उस दुनियाँ से निकल बाहर आ जाना चाहते हैं? क्या इससे का कोई वस्तुगत परिवर्त्तन अपने-आप हो जाय हर्गिज नहीं, काम ज्यों-का-त्यों है। थोड़ा-सा आप 'डिस्ट्रेक्ट' कर गए स्थिति से। उतनी ही देर में आपकी क्ष मानसिक 'पिकनिक' हो गयी। मुन्ने को की एक झलक दिखा दी और एक खु भी—चाहे वह पान हो या सिगरेट, लेमन या सादा पानी, या गुलदस्ते में खोंसा फूल ही हो, किसी भी शक्ल में हो (यह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आपकी उस 'बोरियत' या 'मोनोटोनी' की तात्कालिक तीव्रता से सापेक्ष है) उसके हाथों में थमा देते हैं, थोड़ी देर खुश हो लेने के लिए। फिर काम के प्रति आपका वह थकान वाला 'ऐटीच्यूड' नहीं रह जाता।

यूरोप का प्रसिद्ध चित्रकार मातिस्से (Matisse) भी अपने 'मुन्ने' को इसी भाँति प्रसन्न किया करता था। बेहद काम करने-वाला चित्रकार था वह। जब ऊबता था तो बाहर एक 'अँचिटोक' वृक्ष की छाया में चला जाया करता था। उसके पत्तों की हिलती छायाओं, रंग-बिरंगे फूलों को वह तब तक देखता रहता, जब तक कि अपने काम की थकान पूरी तौर से भूल नहीं जाता।

एक बार उसने अपने शिष्य को, जो सुदीर्घ कार्य-संलग्नता से बड़ा घबराया करता था, अपना उदाहरण देते हुए कहा कि तुम भी अपने जीवन में कोई 'अँचिटोक' ढूँढ़ लो। यह वाक्य उसके लिए जीवन-प्रदीप बन गया।........

मातिस्से का 'अँचिटोक' और आपका सिगरेट-केस या पान का डब्बा सब एक ही चीज़ हैं—अपनी उन स्थितियों में अपने मुन्ने को बहलाने का प्रयत्न। सभी मुन्ने सभी चीज़ों से नहीं बहल सकते। कुछ-न-कुछ अपनी विशेषताएँ रखते हैं। इसी वजह से आपके, अपने अलग-अलग ढंग, अलग-अलग 'एप्रोच' भी हैं।

कभी-कभी यह सुख की शर्त विचित्र ढंग की होती है। एक लेखक लिख रहा है। खुजलाहट हुई। लेखक अपने से कहता है: 'बस, यह वाक्य या पैरा पूरा कर लूँ, तब निश्चित होकर खुजलाना शुरू करूँ। वाक्य कम-से-कम इसी धुन में जल्दी लिख लिया जाता है, फिर तो खुजलाते हुए निश्चिन्तता-पूर्वक वाक्य-गठन पर ही विचारना शेष रहा, छोटे-मोटे सुधार हो जाते हैं बाद में। किन्तु यदि यह अवधि लम्बी हो जाती है, तो फिर झंझट है।

हिन्दी के एक प्रसिद्ध साहित्यिक पान के अनेक गुण बतलाते हैं। कहते हैं कि अपने को काफ़ी देर तक इससे बहलाया जा सकता है। लिखते समय मुँह में आते ही पहले तो 'मूड' बदल जाता है। फिर धीरे-धीरे चबाना, घुलाना आदि एक के बाद एक क्रियाओं में परिवर्त्तन भी होता चलता है और स्वाद में भी भिन्नता आती रहती है। और यों रफ़्ता-रफ़्ता काम भी आगे बढ़ता चलता है। ज़र्दा भी खाते हैं वे। अतः जब पान मुँह में देर तक रहने से विरति होने लगती है, मुँह भर जाता है, तो मुँह खाली करने से जो सुख होता है केवल उतने प्रलोभन से भी वे अपने मुन्ने को बहला लेते हैं और इस तरह एक पैरा, एक पेज अथवा एक टॉपिक पूरा कर लेते हैं। बिना बहलाये शायद वे इतनी द्रुत गति से काम न कर पाते।

लेकिन फ़र्ज़ कीजिये, यही बात देर तक चलती रह जाए, तो? देखिये, आपको मुन्ने के प्रति वफ़ादारी और वचन का पक्का रहना होगा वरना वह ठीक ढंग से काम करने से रहा। इनाम की लालच में आप जितनी देर तक काम करने का वचन दीजिये, बस, उतना ही काम लीजिये। देर करने से बेगारी होगी। काम ठीक न होगा। आप ठीक वक्त पर उसे इनाम दीजिये, और ज़रूर दीजिये।

व्यस्तता में आपका ध्यान बदल जाना एक स्वाभाविक कार्यगत मनोविज्ञान है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह तो तब भी होगा जब आप अपने को जान-बूझकर बैल की तरह जोते रहेंगे। लेकिन जब इसे आप स्वेच्छापूर्वक, स्वयं अपने को दिये पुरस्कार में बदल देते हैं तब यह क्षणिक पलायन या मानसिक स्थानान्तरण आपमें ताज़गी ला देता है। आप विधि को निषेध में बदल देते हैं। अभिशाप को वरदान बना लेते हैं।

यह पल भर का पलायन या क्षणिक मानसिक स्थानान्तरण—जिन क्षणों में आप सिगरेट सुलगाते हैं, रेडियो ऑन कर लेते हैं, नेल-कटर से नाखून साफ़ करने लगते हैं वह क्षण आपकी विरति का नहीं है, बल्कि शक्ति समेटने का है, अपने मचले हुए मन के मुन्ने को फुसलाने का है। यह सवाल दूसरा है कि आप नियंत्रण रखने में सक्षम हैं या नहीं। आपको खुद अपने से काम लेना है इसलिए जान-बूझकर थोड़ी छूट देने की कोशिश करते हैं, लेकिन शरारती बच्चे की तरह अवसर से लाभ उठाकर आप काम से भाग गये तो आप अच्छे अभिभावक नहीं हैं मुन्ने के—उस मुन्ने के, जो आप खुद हैं।

क्या आपको अपने 'मुन्नेपन' में संदेह है? फिर आप अपने को बहलाते क्यों हैं? क्या आप नहीं जानते कि आपकी चाय की यह सिप, सिगरेट का यह कश, आपको अपने काम से कुछ देर को ही सही, विरत कर दे रहा है? यों आपका दिमाग़ भी वही है और आपकी कार्यक्षमता भी बदली नहीं है, फिर भी आप ऐसा करते हैं। थोड़ा मचल गए हैं आप। अपने को दुलार लें। अपने सचमुच के मुन्ने को आप पढ़ने से जी चुराता देख भले ही डाँट पिला दें, लेकिन आप जो खुद अपने मुन्ने हैं, अपने को डाँटते नहीं, चुमकारते हैं, प्यार करते हैं और कभी-कभी ग़ैरज़िम्मेदार बाप की तरह पूरी तौर से बहक जाने का अवसर भी दे देते हैं।

वही व्यक्ति सुनियोजित प्रगतिवाला या 'कैलकुलेशन' का आदमी समझा जाता है जो अपने व्यक्तित्व को मुन्ने की भाँति पालता, पोसता, चुमकारता, दुलारता है, ग़रज़ कि उस पर हर तरह की एहतियात रखता है। अतीत के सुखद अनुभवों से हमें बड़ा बल मिला करता है, यह बात सभी जानते हैं। लेकिन इन सुखद अनुभवों का हम प्रतिक्षण सृजन करते हैं। यहाँ तक कि कटु अनुभवों के ऊपर भी किसी दिलचस्पी का मुलम्मा चढ़ा देना हमारी सहज क्षमता में निहित है। मुन्ने को मीठी 'सिरप' का लालच देकर कड़वी दवा की घूँट पिला दी जाया करती है।

हम जान-बूझकर भी अपने को बहला लेने में कैसे सफल हो जाया करते हैं, यह बात सचमुच किसी भी सामान्य बुद्धिवाले को हैरान कर दे सकती है। बहलाने वाले भी हम खुद, और बहलनेवाले भी हमीं। फिर झूठ-मूठ कैसे फुसलाया जा सकता है? आपका सचमुच का मुन्ना तो बहुत-सी सच्चाइयों से अपरिचित रह सकता है लेकिन आप खुद अपने से नावाक़िफ़ कैसे रह सकते हैं?

शायद यह रहस्य है प्रकृति का। सूनापन (वैकुअम) प्रकृति बर्दाश्त नहीं कर सकती। हमारे अरुचिकर विचार या कार्य निषेधात्मक होते हैं। 'निषेध' भाव नहीं है, अभाव है, सूनापन है। हम जब कभी कार्य करते हैं, तो वह अपने ढंग का एक सृजन होता है। उसमें व्यतिक्रम होने पर आप जो कोशिश उस बिखराव को समेटने के लिए करते हैं, प्रकृति

[शेष पृष्ठ १३९ पर]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चीनी शायरी

शायरी और वह भी चीनी शायरी ! क्या-क्या कमाल कर दिखाये हैं इन चीनी शायरों ने ! आइए, आप भी मुलाहजा फरमाइए—उनकी बेमिसाल उपमाओं का—अजब-अजब प्रयोगों का !

●

चीनी शायरी पर क़लम उठाने से पहले मैं आपको ये जता देना चाहता हूँ कि मैं चीनी भाषा नहीं जानता, मगर मुझे इस बात का कोई अफ़सोस नहीं, क्योंकि अगर मैं चीनी भाषा नहीं जानता, तो आप कब जानते हैं ? चीनी संस्कृति, चीनी साहित्य, चीन की सभ्यता से मेरी जानकारी केवल दो चीज़ों द्वारा हुई है। उनमें एक तो है चीनी का प्याला जो मैंने पिछले साल अखिल भारतीय प्रदर्शनी से खरीदा था और दूसरा है एक चीनी चित्र जिसमें एक चीनी राजकुमारी (मैं उसे राजकुमारी ही कहूँगा) एक कुत्ते की ओर आँख फाड़-फाड़कर देख रही है। लेकिन आपको उन चीज़ों से क्या मतलब ! आप तो यह जानना चाहते हैं कि चीन का सबसे बड़ा शायर कौन है ? और चीन में इस समय कितने शायर हैं ? तो लीजिये, चीन का सबसे बड़ा शायर 'शीन शे शक' है। और चीन में इस वक्त हज़ारों शायर हैं। चीन का बच्चा-बच्चा शेर कहता और समझता है। अगर मैं उन सारे शायरों के नाम लिख दूं तो आप हैरान रह जायें। और अगर उनमें, उनकी छपी हुई किताबों की सूची भी मिला दूं तो आपकी हैरानी

लेखक : कन्हैयालाल कपूर

परेशानी में बदल जाये। मगर मैं आपको हैरान या परेशान करना नहीं चाहता। मेरा मतलब तो आपका चीनी शायरी से परिचय कराना है। चीनी शायरों के नाम याद करने का बड़ा आसान तरीक़ा मुझे मालूम है। और वह यह है कि आप इन छः-सात शब्दों को याद कर लें :—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"पांग, शांग, टांग, शक, बक, टीन, शीन"

अब इन ही शब्दों के हेर-फेर और इनके मिलाने-जुलाने से चीन के हर एक छोटे और बड़े शायर का नाम बन सकता है। जैसे, अगर आपसे कोई पूछे कि चीन का सबसे बड़ा रोमान्टिक कवि कौन है? तो आप झट-से कह दीजिये कि—'टीन बक बक'। चीन का सबसे बड़ा इन्क़लाबी शायर कौन है?—'शीन टांग टांग' और छायावादी कवि?—'शक टीन टांग'।

अच्छा, आपकी एक मुश्किल तो आसान हुई। अब आगे चलिये।

अब आप यह जानना चाहते होंगे कि चीनी शायर, किन चीज़ों को अपनी कविता का विषय बनाते हैं और उनकी विशेषताएँ क्या हैं? तो सबसे पहली बात जो आपको समझनी चाहिये वह यह है कि चीनी शायर अधिकतर फूलों, झीलों, समुद्रों और साँपों के बारे में ही लिखते हैं। उदाहरण के लिए 'शीन टीन टांग' को ही लीजिये। अपने ताज़ा कविता-संग्रह में उसने साँपों के अलावा किसी और चीज़ की चर्चा तक नहीं की। उदाहरणस्वरूप इस कविता को लीजिये:

आहा, झील के पानी पर साँप नाच रहा है,
कैसा सुन्दर, कैसा मनोहर दृश्य है;
काश! हम सब साँप होते!

लेकिन आप यह न समझिये कि 'शीन टीन टांग' साँपों को छोड़कर किसी और चीज़ पर लिख ही नहीं सकता। उसने मेढ़कों, चूहों और मच्छरों पर भी अनगिनत कविताएँ लिखी हैं।

दूसरी बात चीनी शायरी के बारे में यह है कि चीनी शायर अजब-अजब उपमाएँ लाते हैं। जैसे 'शीन शांग' एक ... लिखता है:

मेरी प्रेमिका की आँखें,
हरी हैं—
शफ्तालू के पत्तों की तरह।
उसके दाँत,
तेज़ हैं—
तलवार की तरह।
उसके बाल काले हैं—
आँधी की तरह।
और उसका क़द ऊँचा है;
चीन की दीवार से भी ऊँचा!

आपने काली, नीली और पीली आँ... तो देखी और सुनी होंगी, लेकिन 'हरी आँ... केवल 'शीन शांग' की कविताओं में ही पाई जाती हैं और प्रेमिका के दाँतों को कि... चीज़ से जा मिलाया है? अल्लाह ख़ैर! यह चीन है चीन! और सुनिये; 'पांग पां... टीन' लिखती हैं:

सूरज की ठंढी-ठंढी किरणें
मुझे व्याकुल कर रही हैं।
पतझड़ आ गया,
रंग-बिरंगे फूल खिले,
बुलबुल गा रही है,
मगर उफ़!
मुझे कितनी भूख लग रही है!

हैरान होने की कोई बात नहीं। चीन ... यूँ कहिये—चीनी शायरी में हर चीज़ संभ... है। और यही तो चीनी शायरी की विशेषत... है। हमारे यहाँ वसंत में फूल खिलते हैं ... पर चीन के कवियों की कल्पना देखिए ... पतझड़ में फूल खिलवा दिये! और फि... सूरज की ठंढी किरणें! क़लम तोड़कर रख...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिया है !

चीनी शायर फूलों के बहुत रसिया हैं। एक शायर लिखता है :

मुझे कमल के फूल ला दो;
और हाँ ! नर्गिस, चमेली और गुलाब के भी।
क्या तुमने नहीं सुना–
मुझे कमल के फूल चाहिएँ !
कहीं सोसन न ले आना बेवकूफ़ !
मुझे चाहिएँ नर्गिस, चमेली और गुलाब !
अच्छा ठहरो, आज मत लाना !
मुझे आज ज़ुकाम है !

आखिरी मिसरे में शायर ने वास्तविकता को जिस ऊँचाई पर पहुँचाया है वह उसका ही काम था। काश ! हमारे नौजवान हिन्दुस्तानी शायर चीन के शायरों से कुछ सीखते। ज़रा ग़ौर फ़रमाइये; शायर फूल मँगवाना चाहता है पर अचानक उसे ख़याल आ जाता है कि उसे सर्दी है फिर फूल मँगवा कर फ़ायदा ही क्या ! 'फिर कभी सही' शायर कहता है और कविता को इस रंगीन टुकड़े पर कि 'मुझे आज ज़ुकाम है' ख़त्म कर देता है।

चीनी शायरों का भी कोई जवाब नहीं। वह बड़ी-से-बड़ी समस्या को इस तरह चुटकी बजाकर सुलझाते हैं कि बेचारे हिन्दुस्तानी शायर मुँह ताकते रह जायँ। 'शीन टांग शक' को ही लीजिये। लिखता है :

कल मैंने आत्महत्या करने की ठानी;
मैं समुद्र के किनारे गया,
मैंने अपने कपड़ों पर पिट्रोल डाला,
मैं ज़हर की गोली खाकर,
अपने कपड़ों में आग लगाकर
समुद्र में कूद जाना चाहता था––
कि मुझे अचानक ख़याल आया
कि वह मिठाई जो तुम्हारी बहन ने
तुमको भेजी थी,
मेरे मरने के बाद तुम अकेली ही खा जाओगी!
मैंने आत्महत्या का ख़याल छोड़ दिया––
और सीधा घर चला आया।

क्यों साहब ! देखा आपने चीनी शायरी का कमाल ! शायर आत्महत्या पर तुला था। उसने एक ही समय तीन अलग-अलग तरीक़ों से अपने-आपको मार डालने का इरादा कर लिया था। पर अचानक, जब वह दुनिया की सारी चीज़ों को छोड़कर, ज़हर खाकर, कपड़ों में आग लगाकर, समुद्र में कूद जाना चाहता था, उसे एक ऐसी चीज़ याद आयी, जिसने उसके दिमाग़ में अजीब खलबली-सी मचा दी। मिठाई ! और फिर उस पर यह परेशान कर देनेवाला ख़याल कि उसकी पत्नी उसे अकेली खा जायेगी ! यह है शायरी और उसका कमाल !

अब बस एक बात आपको समझ लेनी चाहिये, और फिर आप चीनी शायरी को अच्छी तरह समझ जायेंगे। और वह बात यह है कि चीन के शायर कभी अपने शेरों में और कभी अपनी ग़ज़लों में हिन्दुस्तानी शायरों की-सी ही बातें करते हैं। जैसे 'पोहांगली' एक जगह कहता है :

ऐ मेरी प्रेमिका !
तुम्हारी गली में आना कैसे छोड़ दूँ ?
यह तो एक उम्र-भर की आदत हो चुकी है।

अब आपमें से जिन्होंने उर्दू शायर 'हाली' को पढ़ा है वे अच्छी तरह जानते हैं कि यह शेर 'हाली' के इस शेर से ही लिया गया है कि:

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छुटते-छुटते ही छुटेगा उस [illegible]
आदत : और वह भी उम्र भर की आदत !

एक जगह यही शायर लिखता है :

"वही आदमी नींद का मज़ा उठा सकता है, जिसकी बाँहों पर तुम्हारी ज़ुल्फें बिखर जायें।"

अब आपको यह शेर 'ग़ालिब' की याद दिलाता है ; जिसने कहा है कि :

नींद उसकी है, दिमाग़ उसका है, रातें उसकी हैं;
जिसके बाज़ू पर तेरी ज़ुल्फें परेशाँ हो गयीं ।

लगता है, 'पोहांगली' 'ग़ालिब' से बहुत प्रभावित हुआ है। कम्बख्त 'टांग टांग' ने तो 'इक़बाल' की नज़्म 'उठो मेरी दुनिया के ग़रीबों को जगा दो!' का पूरा अनुवाद ही कर डाला है। लिखता है : "जिस खेत में से किसानों को रोटी नहीं मिलती, उसके हर दाने को जला डालो।"

इसी तरह चीन का प्रसिद्ध कवि 'भक-भक' अपने देश के जवानों की हँसी उड़ाता है, जब वह देखता है कि देश के नौजवान योरप की सारी अच्छी-बुरी बातों को ही अपना चुके हैं। वह कहता है :

"अफ़सोस कि चीन के नौजवान पच्छिम पर मर मिटे। उन्हें यह पता नहीं कि पच्छिम में प्याले बर्तन शीशे के होते हैं और हमारे यहाँ सब चीनी मिट्टी के।"

ग़ौर कीजिये, 'भकभक' की कल्पना 'इक़बाल' की कल्पना के कितना निकट उड़ रही है। जो बात 'भकभक' ने आज कही, वह हिन्दुस्तान के शायर ने बीस बरस पहले हमें सुझा दी थी। यही कि :

हम मशरिक के मस्कीनों का दिल मग़रिब में जा अटका है;
वाँ कन्टर सब बिल्लूरी हैं, याँ एक पुराना मटका है ।

मगर अब ज्यादा मिसालें देने का फ़ायदा ? आप मेरा मतलब तो समझ गये हैं। और अगर नहीं समझे तो आप मेरी किताब 'चीनी शायरी' (जिसमें 'भकभक' और उसके बड़े भाई 'बकबक' की भूमिका भी आप पढ़ेंगे) खरीद लें। आपकी आँखें खुल जायेंगी। आपका दिमाग़ चकरा जायेगा। और फिर आपको हिन्दुस्तानी शायरी चीनी शायरी के सामने इस तरह लगेगी जैसा हिन्दुस्तानी मिट्टी का प्याला चीनी प्याले के सामने; वह चीनी का प्याला जो मैंने अखिल भारतीय प्रदर्शनी से खरीदा था।

[उर्दू से अहमद सलीम द्वारा अनूदित]

[पृष्ठ १३३ का शेष : आप खुद अपने मुन्ने]

उसमें भरसक मदद देती है। आपके साथ हो लेती है और उस मुन्ने को समझाने में मदद करती है कि यह कार्य दुःसाध्य नहीं है, उसके साथ बहुतेरे सुखद अनुभव जुड़े हैं। साथ ही यह भी निगरानी रखती है कि आप अपने प्राप्त 'इंटर्वल' का दुरुपयोग न करने पाएँ— दिमाग़ी आवारापन के शिकार न हो जाएँ।

आप मानें या न मानें, आपके चौबीस घंटों में न जाने कितने क्षण ऐसे हैं जिनमें आप खुद अपने मुन्ने होते हैं; ऐसे मुन्ने जिसे दिया गया हर सुविचार-पूर्ण प्रशिक्षण उसके (यानी आपके) क़दमों को अधिक मजबूत बनाता है, हर काम को अधिक ख़ूबसूरती से करना और आगे बढ़ाना सिखलाता है।

देखिए ! आप उसे बहलाएँ ज़रूर, किन्तु भरमाइये नहीं। साथ ही 'शरारती बच्चों' की संगति से भी बचाइए, यह ध्यान रहे !

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



शशिबंधुभ

•

यह तो आपने भी महसूस किया होगा कि 'गदगुदी' शब्द पढ़ते-सुनते ही गुदगुदी-सी होने लगती है, लेकिन अब तक आप शायद यह नहीं जानते रहे होंगे कि गुदगुदी-विज्ञान पर गंभीर लेख भी लिखा जा सकता है !

•

यदि आप सड़क के किनारे खड़े हुए ताँगे में जुते किसी घोड़े को गुदगुदाते हुए मुझे देख लें तो क्या आप मुझे पागल नहीं समझेंगे ?...... लेकिन इन सब आशंकाओं के बावजद मैं एक दिन एक घोड़े को गुदगुदाते हुए न सिर्फ़ पकड़ा गया, बल्कि मुझे घोड़े की (गधे की नहीं) दुलत्ती भी खानी पड़ी—फलस्वरूप मैं कई दिन तक शरीर के कई भागों पर हल्दी-तेल लगा-लगाकर सेंक करता फिरा !

बात वास्तव में यह थी कि सन 'सत्तावन' में (अट्ठारह सौ सत्तावन नहीं, उन्नीस सौ–) मैंने एक बंगला फ़िल्म देखी, 'एक दिन रात्रे....' (जिसका हिंदी रूपान्तर था 'जागते रहो !'); उसके एक दृश्य में राजकपूर, जो फ़िल्म का नायक है, एक मोटे शरीरवाले अभिनेता को गुदगुदाता है और इतना गुदगुदाता है कि वह अभिनेता बेहोश हो जाता है। कहा जा सकता है कि वह तो अभिनय ही था, लेकिन मैं समझता हूँ कि अभिनेता लोग अभिनय भी तो वास्तविकता का ही करते हैं !

इस गुदगुदी के बारे में मेरी उत्सुकता बढ़ी : गुदगुदाये जाने पर अब तक मैंने लोगों को हँसते देखा है और कभी-कभी हँसी की चरम सीमा पर पहुँच जाने पर, उनकी आँखों से आँसू भी बहते देखे हैं, किन्तु इस बचकाना हरकत से बेहोश हो जाना ?—बात शायद मेरी समझ से बाहर थी। क्या गुदगुदी इतनी उत्पीड़क भी हो सकती है कि व्यक्ति चेतना खो बैठे ?....मैं सोचता रहा, सोचता रहा ....

गुदगुदी की गोद में छिपी इस 'पीड़ा और यातना' वाली कल्पना को मैं एक अभिनय मात्र' समझकर अपने मानस-पटल पर से पोंछने को ही था कि दिल्ली में एक हंगेरियन फ़िल्म 'व्हाट ए

गुदगुदी-विज्ञान : एक गम्भीर लेख

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाइट' देखने को मिली। इसके अध्यापक-नायक ने भी राजकपूर वाली हरकत की : एक हथियारबन्द स्थूलकाय डाकू से अपनी जान छुड़ाने के लिए गुदगुदी का सहारा लिया। ज़ाहिर है, धारणा मिटने की बजाय और भी गहरी हो गई होगी !........

इधर यौन-मनोविज्ञान की एक पुस्तक पढ़ते समय, गुदगुदी के गहन और महत्त्वपूर्ण प्रभाव का आभास मुझे तब हुआ, जब मैंने सरे (इंग्लैण्ड) के एक एंग्लिकन पादरी श्री ह्यू-मॉरिस हरबर्ट के ये विचार पढ़े—"विवाह के समय ली जानेवाली शपथ में 'प्यार करने और चाहने' (To love and to cherish) के बाद 'चिढ़ाने और गुदगुदाने' (To tease and to tickle) शब्द और जोड़ दिये जाने चाहिएँ। जब तक पत्नी हँसी की नक़ाब मुख पर चढ़ाये रखेगी, चाहे वह हँसी गुदगुदी का ही परिणाम क्यों न हो, तब तक पति महोदय उसका सान्निध्य पाने के लिए लालायित रहेंगे ही। ....अनेक विवाहितों की जीवन - नौकायें एकरसता (Monotony) की चट्टान से टकराकर चूर-चूर हो चुकी हैं।"...........

गुदगुदी के संबंध में कुछ इसी प्रकार के सन्दर्भ भारतीय कामशास्त्र में भी मिलते हैं।

अब मेरी जिज्ञासा चरमसीमा पर जा पहुँची। अनेक प्रश्न मेरे दिमाग़ में सिर उठाने लगे।......इन प्रश्नों के उत्तर खोजने की चेष्टा में कई बार बड़े-बूढ़ों को अकस्मात् मैंने गुदगुदा दिया और फलस्वरूप उनसे 'मूरख' की उपाधि पाई, 'बदतमीज़' का खिताब पाया; कई बार कालिज की लड़कियों से (गुदगुदा देने के ही कारण) सैंडिल खाते-खाते बचा, यद्यपि बाद में मैंने उनसे क्षमा-याचना भी की। मैं जानता हूँ कि यदि मैं उनसे अपनी इस 'वैज्ञानिक खोज' के बारे में बात करता तो वे लोग मेरे शोध-कार्य में सहयोग देने को तैयार हो जाते, लेकिन इस सच्चाई का चेहरा कैसे छिपाऊँ कि गुदगुदी का प्रभाव तभी होता है, जब वह अचेतनावस्था में एवं आकस्मिक रूप से की जाती है, अन्यथा नहीं। इसीलिए मुझे अपने 'शिकारों' पर अकस्मात् ये असभ्यतापूर्ण हमले करने पड़े।

गुदगुदी क्यों होती है ? गुदगुदी कुछ विशिष्ट स्थानों पर ही क्यों होती है ? गुदगुदी विभिन्न व्यक्तियों पर विभिन्न जलवायु, मानसिक परिस्थितियों और विभिन्न मुद्राओं में विभिन्न प्रतिक्रिया क्यों उत्पन्न करती है ? दूसरों को गुदगुदाने में हमें आनन्द का अनुभव क्यों होता है ? इन प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए वैज्ञानिकों ने भी बहुतेरे लोगों पर ये असभ्यतापूर्ण हमले किये हैं और बहुतों को अपने प्रश्नों की बौछार का निशाना बनाया है; उनके इन प्रयत्नों के परिणामस्वरूप कुछ इस प्रकार के निष्कर्ष निकाले जा सके हैं :

(क) बचपन में लड़के-लड़कियाँ गुदगुदी के प्रति समान रूप से संवेदनशील होते हैं, किन्तु कुछ लड़के, लड़कियों की अपेक्षा, अधिक आयु तक संवेदनशील बने रहते हैं।

(ख) गुदगुदी के प्रति एक ही व्यक्ति की प्रतिक्रिया भिन्न-भिन्न मुद्राओं और परिस्थितियों में भिन्न हो सकती है।

(ग) परिस्थिति के अनुसार प्रतिक्रिया की तीव्रता में भी अन्तर आ जाता है।

(घ) विवाहोपरान्त महिलाओं की संवे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दनशीलता, गुदगुदी के प्रति, प्रायः समाप्त हो जाती है—यद्यपि इस निष्कर्ष के अपवाद भी विद्यमान हैं।

(ङ) गुदगुदी का अनुभव गर्भस्थ भ्रूण को भी होता है—सबको नहीं, कुछ एक को।

कुछ नाड़ी-शास्त्रज्ञ गुदगुदी को नाड़ी-तंत्र का कार्य समझते हैं। उनके लिए गुदगुदी की प्रतिक्रिया अत्यन्त सीधी और सरल है: शरीर के कुछ भाग जैसे पैरों के तलुए, काँख, पसलियाँ और प्रायः गुप्तांग ऐसे होते हैं, जहाँ नाड़ियों के छोर पास-पास होते हैं अर्थात् यहाँ त्वचा में नाड़ी-जाल घना होता है। जब इन भागों को किसी भी चीज़ से स्पर्श किया जाता है, तो उसकी संवेदना चक्रवत्-नाड़ी

> **एक अविवाहिता युवती दूसरी से कहती है—"अगर तुम पुरुषों के भरोसे ही बैठी रह जाओगी, तो वे विवाह की कभी सोचेंगे ही नहीं !"**

(पेरीफ़िरल-नर्व) और सुषुम्ना (स्पाइनल कोर्ड) के माध्यम से मस्तिष्क के बाहरी भाग 'कार्टेक्स' में पहुँचती है; यहीं हमें गुदगुदी का अनुभव होता है।

स्पर्श हल्का है या भारी? खुरदरा है या कोमल? ठण्डा है या गर्म? तीक्ष्ण है या मन्द? एकाकी है या सामूहिक?—इन सब प्रश्नों के उत्तर, संवेदना के आधार पर, मस्तिष्क का यह 'कॉर्टेक्स' वाला भाग ही देता है। उल्लिखित अंगों पर गुदगुदाये जाने पर मस्तिष्क का यह भाग एक हल्के और थोड़े-थोड़े अन्तर पर, ज़रा-ज़रा अवकाश देकर होनेवाले स्पर्श की संवेदना का अनुभव करता है—यह स्पर्श, दुलार या सहलाने की अपेक्षा 'भारी' होता है: इस भारीपन की मात्रा के अनुसार ही कभी हम आनन्द का अनुभव करते हैं और कभी चिहुँक उठते हैं।........

गुदगुदी के प्रति हमारी सामान्य प्रतिक्रिया एक संकुचन भरे हास्य (स्पाज़्मोडिक लाफ़्टर) के साथ, गुदगुदानेवाले व्यक्ति को परे धकेल देने अथवा स्वयं उससे दूर भागने की एक प्रबल चेष्टा के रूप में व्यक्त होती है। मज़े की बात तो यह है कि हम स्वयं को, पाँव के तलुवों, हाथों की हथेलियों और तालू को छोड़कर, कहीं भी गुदगुदा नहीं सकते—ऐसा करने के लिए हमें किसी दूसरी चीज़ को या किसी पंख इत्यादि को 'हथियार' बनाना पड़ेगा।

उन्माद-रोग की चिकित्सा के सिलसिले में किये जानेवाले बॉबिन्स्की टेस्ट से भी उक्त निष्कर्ष की पुष्टि ही होती है। वेयन विश्वविद्यालय (संयुक्तराज्य अमरीका) के उन्माद-चिकित्सा-विभाग के अध्यक्ष डाक्टर जान. एस. मायर का मत है कि गुदगुदी की सबसे पहली शर्त स्पर्श का हल्कापन है—इसी से हँसी आती है; कठोर स्पर्श से गुदगुदी नहीं होती। यही कारण है कि इसकी प्रतिक्रिया हँसी में प्रकट नहीं होती; इसके विपरीत वह चीखों में और झल्लाहट में व्यक्त होती है। हल्का स्पर्श यदि अधिक समय तक बना रहे तो वह सुखदायक नहीं होता।

शायद आपको पता हो कि प्राचीन काल में कुछ देशों में गुदगुदी को यातना देने की एक पद्धति के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। भयंकर अपराधियों को अधिकारी-गण कठोर दंड देने के लिए हाथ-पैर बाँधकर डाल दिया करते थे और उनके तलुवों पर नमक मल दिया जाता था। इसके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उड़ीसा सिमेंट लि०

डाकघर : राजगंगपुर
जिला : सुन्दरगढ़
(उड़ीसा राज्य)

प्रबन्ध-अभिकर्त्ता

डालमिया एजेंसीज़ प्रा० लि०

अब उच्चकोटि के

डालमिया ऊष्मसहों [REFRACTORIES]

को

आपकी सेवा में प्रस्तुत कर रहे हैं

जो आयस (Iron), वज्रायस (Steel), और धातुकार्मिक (Metallurgical) शालाओं (Works) वज्रचूर्ण भट्ठियों (Cement Kilns), मृच्छिल्प (Ceramic) और अन्य उद्योगों के लिए अग्निमृद (Fireclay), संकजा, (Silica), भ्रज्त्रांगिज (Magnesite), वर्णिज (Chromite), वर्णक भ्रज्त्रांगिज (Chrome Magnesite) और विसंवाहक (Insulating) की सभी कोटियों में

समस्त मापों (Sizes) व जटिल आकारों (Intricate Shapes) में विभिन्न प्रकारों के समृदों (Mortars) के सहित प्राप्त हो सकते हैं।

Dr. C. Otto & Comp. G. M. B. H.

Bochum—Dahlhausen (W. Germany).

के

सहयोग और मार्गदर्शन में निर्मित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाद बकरियाँ छोड़ दी जाती थीं, जो इन अपराधियों के पैरों के तलुवे चाटा करती थीं। इससे होनेवाली गुदगुदी असह्य हुआ करती थी और अपराधी इस यातना को सहन न कर पाने के कारण तड़प-तड़पकर मर जाते थे। इतिहास में एक ऐसे विजेता सायमन द' मांटफ़ोर्ड का भी ज़िक्र आता है जिसने कई हज़ार क़ैदियों को उनके पाँव के तलुवे सहला-सहलाकर ही मार डाला था।

हम गुदगुदी का अनुभव क्यों करते हैं? इस संबंध में मान्यता प्राप्त सिद्धांत भी उतने ही हैं, जितने कि शरीर में गुदगुदाये जानेवाले स्थान।

एक शताब्दी पहले तक ब्रिटिश उन्माद-रोग एवं अस्थि-रचना-विशेषज्ञ डाक्टर सर जे० वाई० सिम्प्सन का मत ही सार्वभौमिक मान्यता पाये हुए था। सर सिम्प्सन के मतानुसार हमारे शरीर के गुदगुदी के प्रति संवेदनशील भाग जन्म से पहले, भ्रूणावस्था में भी ऐसे ही संवेदनशील होते हैं; उनका कहना है कि इस संवेदनशीलता के ही कारण गर्भाशय में भ्रूण अपनी स्थिति को ठीक बनाये रखता है। प्रमाणस्वरूप वे हमारी उस स्थिति की ओर संकेत करते हैं, जिसे हम आज भी गुदगुदाये जाने पर शरीर को दुहरा करके धारण करते हैं।

बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में डाक्टर लुई रॉबिन्सन ने एक मत का प्रतिपादन किया जिसके अनुसार गुदगुदी हमारे नखों और दाँतों से लड़नेवाले आदिम युगीन पूर्वजों के अवशिष्ट प्रभाव का परिणाम है। ये सज्जन (और इन्हीं की तरह इन पंक्तियों का लेखक भी) कई दिनों तक 'जुऑलॉजिकल गार्डन्स' में पलनेवाले अनेक पशुओं को विधिवत् गुदगुदाते रहे। उन्होंने जो निष्कर्ष निकाले उनके अनुसार प्रत्येक पशु के शरीर के गुदगुदी के प्रति संवेदनशील भाग प्रायः उन महत्त्वपूर्ण अंगों से सम्बद्ध हैं, जिन्हें किसी भी संघर्ष या युद्ध के समय विशेष रूप से सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाता है।

जीव-विज्ञान की दृष्टि से चिम्पांजी मनुष्य से मिलता-जुलता प्राणी है। डाक्टर रॉबिन्सन इस चिम्पांजी से लेकर घोड़े तक को अपने प्रयोगों के दौरान में गुदगुदाते रहे। इस संबंध में उन्होंने कुछ निर्देश भी तैयार किये थे। उनके निर्देशों के आधार पर (यदि आप पशुओं के शरीर के अंगों के लिए मनुष्य-शरीर के विभिन्न अंगों के नामों को प्रयोग करने का बुरा न मानें तो–) यह कहा जा सकता है कि प्रत्येक पशु के शरीर में गुदगुदी के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील भाग निम्नलिखित होते हैं :

(अ) बाँह के नीचे काँख एवं उससे मिला हुआ भाग;

(आ) पसलियाँ, विशेषतया जहाँ वे पेट के साथ मिलती हैं;

(इ) गर्दन का सामने का और दायें-बायें का भाग, विशेषतया स्कंधास्थि के ऊपर का कुछ अंश;

(ई) कूल्हे की हड्डी और उसके ऊपर गुदा के आस-पास के भाग;

(उ) जंघाओं के ऊपरी और भीतरी भाग जिन्हें अस्थि-विज्ञान-वेत्ता 'स्क्रापाज-ऐंगल' कहते हैं;

(ऊ) कुहनियों के आगे और घुटनों के पीछे के भाग।

गुदगुदी के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील प्राणी होते हैं बिल्ली के बच्चे। इन्हें सारे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रीर पर कहीं भी गुदगुदाया जा सकता है ौर ये इसके प्रति इतनी तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त रते हैं कि एक-आध बार पंजे या तों की खरोंच खाये बगैर इन्हें गुदगुदाते ना असंभव है। चिम्पांजी की संवेदनशीलता मनुष्य के ही समान होती है। इसे काँख में गुदाने पर प्रसिद्ध विकासवादी वैज्ञानिक र्विन महोदय ने कहा था–'वे भी हँसते हैं र्थात् गुदगुदी के प्रति अपनी प्रतिक्रिया ी के रूप में (बिलकुल हम मनुष्यों की तरह) क्त करते हैं–यद्यपि यह हँसी निःशब्द और स्वर होती है।' भारतीय बन्दर को यदि हीं पर गुदगुदाया जाय तो वह बड़ी तीव्र तिक्रिया का प्रदर्शन करता है। और.... र गुरिल्ला? इसे गुदगुदाने की मेरी तो म्मत हुई नहीं। वैसे पशु-मनोविज्ञान के नकारों का कहना है कि यह पशु इतने विकट र इतने विकृत स्वभाव का प्राणी है कि े गुदगुदाना जैसे मौत को बुलाना है–वह गुदी बिल्कुल पसन्द नहीं करता। यद्यपि ुमान यही है कि गुदगुदी के प्रति उसके वही अंग संवेदनशील होते हैं, जो मनुष्य होते हैं।

इसी तरह अमरीका के डेट्रायट विश्व-द्यालय के शिशु-चिकित्सा-विभाग के य अधिकारी डाक्टर क्लायड बी० सिम्प्सन ी पशुओं पर गुदगुदी के प्रयोग किये हैं। का कहना है कि जलचर जीवों में ऊद-लाव अगली टांगों के बिल्कुल नीचे अर्थात् ल में गुदगुदाया जाना पसन्द करता है; लियां गर्दन पर (काश कि मछलियों की ी होती!), मुर्गियाँ ठुड्डी पर और ान्य पक्षी डैनों के बीच गुदगुदाया जाना न्द करते हैं।

यहीं एक रोचक घटना का वर्णन कर देना असंगत न होगा। प्रसिद्ध वैज्ञानिक विलियम हार्वे वर्षों तक एक पालतू तोते को नर-तोता समझते रहे। एक दिन जब वे उसे पीठ थपथपाकर गुदगुदा रहे थे तो उसने उनके हाथ में ही अंडा दे दिया–तब उन्हें पता चला कि वह तो...........

अस्तु----

गुदगुदी के प्रति संवेदनशीलता एक जन्मजात प्रवृत्ति है–इस तथ्य के आधार पर गुदगुदी के प्रति संवेदनशीलता को वे 'छठी-इंद्रिय' की संज्ञा प्रदान कर चुके हैं : उनके मत के अनुसार दृष्टि, श्रवण, घ्राण, स्वाद एवं

एक विख्यात फ़िल्म - अभिनेत्री विदेश जाने के लिए पासपोर्ट की दरख्वास्त भर रही थी। "आप विवाहित हैं, या कुमारी, या तलाक-प्राप्त ?" का कालम पढ़कर वह क्षण-भर झिझकी, फिर लिख बैठी— "सभी कुछ !"

स्पर्श के हेतु बनी पाँच इंद्रियों की तरह गुद-गुदी के लिए भी एक पृथक-नाड़ी योजना का अस्तित्व है।.........मनोवैज्ञानिक हर-मैन स्टैन्ले का दृष्टिकोण दूसरा है–वे गुदगुदी को प्रागैतिहासिक काल में, जब पृथ्वी पर मानव का जन्म भी नहीं हुआ था–पाये जाने वाले कीड़े-पतंगों की स्पर्शेन्द्रिय-एंटेन्ना–से संबद्ध मानते हैं। प्रमाणरूप में वे कहते हैं कि आज भी गुदगुदी की सबसे तीव्र अनुभूति रोओं पर ही अधिक निर्भर है।

गुदगुदी के प्रति हमारी नासिका के बाल और तालू की सतह बहुत ही अधिक संवेदनशील होते हैं। इससे कुछ ही कम हमारी भौंहें, पलकें और कान के छिद्र होते

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। दक्षिण अमरीका और अफ्रीका की कुछ आदिम जातियों के बहुत-से लोग कानों में गुदगुदाने के लिए विशेष प्रकार के कटे हुए पंख अपने पास रखते हैं—इनसे की गई गुदगुदी की संवेदना अत्यंत तीव्र हुआ करती है।

क्या गुदगुदी का यौन (सेक्स) से भी कुछ संबंध है ? किशोरी बालिका की संवेदनशीलता बालपन की, शैशव की संवेदनशीलता नहीं है; बल्कि वह दूसरे कारण से है। किशोरावस्था में लड़कियों के कौन-कौन-से अंग अत्यंत संवेदनशील हो जाते हैं—अथवा कौन-कौन-से अंग यौन-चेतन हो जाते हैं ? इस प्रश्न का उत्तर हैवलॉक एलिस ने अपनी पुस्तक में दिया है—इन अंगों की सूची इन महोदय ने अनेक वैज्ञानिकों की रिपोर्टों के आधार पर तैयार की थी। इस सूची के अनुसार १५ से १८ वर्ष की आयु के दौरान (भारत में यह आयु-सीमा और भी कम होगी—गर्म जलवायु के कारण दो-तीन वर्ष का अन्तर अनिवार्य है) लड़कियों के वक्ष, गर्दन का पिछला भाग, पलकें, अधर और कपोल गुदगुदी के प्रति बहुत अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। इनके अतिरिक्त काँख, पसलियाँ, पेट इत्यादि पूर्ववत् संवेदनशील बने रहते हैं—यद्यपि 'अब' इस गुदगुदी का कारण और प्रभाव दोनों ही भिन्न हो चुके हैं। गुदगुदाये जाने पर 'दोहरा हो जाने' की जो क्रिया बचपन में शरीर-रक्षा का सामान्य प्रयास हुआ करती थी वह अब 'शारीरिक-मर्यादा' या 'सतीत्व' की रक्षा का साधन बन जाती है। एलिस महोदय ने अपनी पुस्तक 'सायकोलौजी आफ़ सेक्स' में अपने एक मित्र-डाक्टर के शब्दों को उद्धृत किया है—"गुदगुदी के प्रति संवेदनशीलता शायद बलात्कार और यौन संबंधी उच्छृंखलता के विरुद्ध, कुमारी बालिकाओं के हित में प्रकृति द्वारा की गई सुरक्षा-व्यवस्था ही है।....."

पता नहीं किन कारणों से, अट्ठारह वर्ष की अवस्था से आगे पैर के तलुवों और पेट की संवेदनशीलता पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों में तीव्र गति से समाप्त होती चली जाती है !

विवाहित जीवन में गुदगुदी का क्या महत्त्व हो सकता है, इस संबंध में पहले ही मैं रेवरेंड ह्यू मॉरिस हरबर्ट का मत उद्धृत कर चुका हूँ। वैज्ञानिकों का मत है कि 'विवाह अर्थात् यौनात्मक समर्पण' के बाद गुदगुदी के प्रति संवेदनशीलता समाप्त होती चली जाती है—विशेष रूप से महिलाओं में। इसी सामान्य सिद्धांत के बल पर आइसलैंड के प्राचीन निवासी लड़कियों के कौमार्य की परीक्षा लिया करते थे—गुदगुदी के प्रति संवेदनहीन लड़कियों को भ्रष्ट समझकर वे लोग जिन्दा आग में जला दिया करते थे।

इधर हैवलॉक एलिस महोदय भी इस प्राचीन मत से सहमत मालूम होते हैं। यद्यपि आज जबकि महिलायें बहुत चुस्त क़िस्म की पोशाकें पहनने लगी हैं, इस कोटि के परीक्षणों की सफलता एवं उनसे प्राप्त परिणामों की सत्यता में कम ही विश्वास किया जाना चाहिये, क्योंकि एक निश्चित काल तक इन चुस्त पोशाकों के निरन्तर संघर्षण के प्रभाव में रहकर शरीर के विभिन्न अंगों की गुदगुदी के प्रति संवेदनशीलता का नष्ट हो जाना स्वाभाविक ही है।

गुदगुदी संबंधी शोध-कार्य के क्षेत्र में सचमुच में उन साठ अज्ञातनामा बालाओं के दुस्साहस एवं ज्ञानार्जन हेतु त्याग एवं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्नेह की दाद दिये बगैर नहीं रह सकता, जिन्होंने १८६० ईस्वी में वैज्ञानिकों के समक्ष इस आश्वासन के साथ आत्मसमर्पण कर दिया था कि वे अध्ययन एवं शोधकार्य को जारी रखने के लिए अपना जीवन दे सकती हैं और उन्हें चौबीसों घंटों के बीच कभी भी, कहीं भी गुदगुदाया जा सकता है; वे बुरा नहीं मानेंगी और अपनी प्रतिक्रिया की सही-सही रिपोर्ट देंगी।.......

उनकी रिपोर्टों के अनुसार भोजन करने के बाद और नहाने के बाद जब वे अपने मन-चाहे व्यक्ति के साथ होती थीं अथवा जब वे सहज स्वाभाविक रूप से मोदमय मनःस्थिति में छेड़-छाड़ ('हार्स प्ले' शब्द का प्रयोग किया है उन्होंने) में लगी होती थीं तो वे सबसे ज्यादा गुदगुदी महसूस करती थीं। इस संवेदनशीलता की तीव्रता का पारा निम्नतम दर्जे तक उस समय पहुँचता था जब वे बीमार या परेशान या उदास हुआ करती थीं अथवा जब वे किसी अवांछित व्यक्ति के संसर्ग में होती थीं।.......

आधुनिक चिकित्सा-शास्त्र इन महिलाओं के कथन से सहमत है : वह मानता है कि गुदगुदी की संवेदना शरीर की अपेक्षा मनःस्थिति का विषय अधिक है।

आपको भी अब तक गुदगुदी हो आई होगी! तो भई, हम तो गुदगुदी के बारे में इतना ही जानते हैं कि यह गुदगुदाती है और वह भी बहुत बुरी तरह से!

हँसी : वैज्ञानिक दृष्टिकोण

आजकल वैज्ञानिक भी 'हँसने' के गुण बखानने लगे हैं। हँसने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है, हँसना टानिक का काम करता है, हँसने से शरीर की स्नायविक शक्ति बढ़ जाती है, 'हँसना' आड्रिन्याल ग्लैन्ड्स के दोष दूर करता है, रक्त की गति बढ़ जाती है, हँसने से मन में शान्ति पैदा होती है। इन सबों से भी बड़ी बात यह कि हँसा देने पर मनुष्य लड़ने के योग्य नहीं रह जाता। यह यदि 'वैज्ञानिक सत्य' है तो उन राष्ट्रनेताओं को, जो निरन्तर 'युद्धं देहि' 'युद्धं देहि' पुकार रहे हैं, हँसाना अत्यन्त आवश्यक है। युनेस्को चाहे तो शिल्पियों, साहित्यिकों एवं वैज्ञानिकों की सहायता से यह प्रयोग कर सकता है। राष्ट्रनायकों को हँसी की बात सुनाकर, हँसी के फ़िल्म दिखाकर और इनसे काम न चले तो उनके पैर पकड़कर भी हँसाना आवश्यक है। इस पर भी यदि वे हँसने से इंकार कर दें तो उन्हें मार-मार कर हँसाना चाहिए। अब युद्ध हुआ--अब युद्ध हुआ--बस इसी घपले में पड़ा रहना अच्छा नहीं लगता।

—परिमल गोस्वामी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बी० वी०

'तिम्म' जैसे व्यक्ति—
अनुभव तो कितने ही हुए होंगे, पर उनमें से तीन ही काफ़ी हैं . . .

'तिम्म' का एक पुराना मित्र उसे अचानक बीच रास्ते में मिल गया। दोनों आलिंगन-बद्ध हुए; क्षेम-कुशल की बातें हुईं; फिर . . . .

"तुम्हारी एक स्वतन्त्र पत्रिका थी ना 'तिम्म' ?" मित्र ने पूछा।

अचानक 'तिम्म' का चेहरा उतर गया। दुःखी होकर बोला, "हाँ, थी।"

"जन-प्रिय पत्रिका थी ना भैया ?"

"हाँ अत्यन्त जनप्रिय थी। एक ही पत्रिका को सैकड़ों लोग पढ़ते थे।"

"तुमने उसे क्यों बन्द कर दिया ?"

"घर बरबाद हो गया उस पत्रिका से। जमीन-जायदाद, पत्नी के ज़ेवरात सब-कुछ बिक गये। क्या करते !"

"आखिर क्या था वह कारण जिससे तुम्हें हानि उठानी पड़ी ?"

"एजेण्ट सारा पैसा खा गये। यह जात ही बड़ी ख़राब होती है।"

मित्र दुःखी होते हुए बोले, "अरेरे . . . बड़े दुःख की बात है। खैर, अब क्या कर रहे हो ?"

"यह सभी कठिनाइयाँ अब दूर हो गयी हैं। भगवान की कृपा से एक बँगला है, काफ़ी जमीन खरीद ली है, कुछ सोना-चाँदी भी . . ."

"खुशी की बात है, बहुत ही खुशी की बात है। पर यह तो नहीं बताया कि अब कर क्या रहे हो ?" मित्र ने फिर पूछा।

तिम्म के तीन अनुभव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"यही चार-छः पत्रिकाओं की एजन्सी ले ली है। अच्छा-खासा चल रहा है। ईश्वर की कृपा समझो।"

● **संसार-ताप :**

समाचार-पत्र को हाथ में लेते ही सदा की तरह 'तिम्म' ने 'नगर में आज' स्तम्भ पर नज़र दौड़ाई। छपा था : "मित सन्तान योजना, सकुटुम्ब कल्याण केन्द्र में भाषण; विषय : संसार-ताप---भाषणकर्ता : ब्रह्मऋषि जीतेन्द्रिय ब्रह्मचारी।"

'तिम्म' सबसे पहले ही आकर एक कोने में बैठ गया।

"अपना वंश ही ब्रह्मचारियों का है। तीन पीढ़ियों से, अर्थात् मेरे पिता, उनके पिता और उनके पिता सभी 'अस्खलित ब्रह्मचारी' थे।" इस वाक्य से भाषण प्रारंभ करके जीतेन्द्रिय ब्रह्मचारीजी धारा-प्रवाह तीन घंटे तक बोलते रहे, जिससे वे स्वयं थक गये और सुननेवालों को भी थका दिया।

"संसार का अर्थ केवल मोह-पाश है।"– इत्यादि कहकर अन्त में बोले, "यहाँ उपस्थित आप सब लोग विवाहित हैं। बताओ, आपमें से किस व्यक्ति को पत्नी से सुख मिला है? सभी एक-न-एक दृष्टि से संकट में ही हैं! अच्छा, जिन लोगों को कष्ट हुआ है वे कृपया अपना हाथ उठाएँ तो।"

इतना सुनना था, कि सबने अपने हाथ उठा दिये। लेकिन 'तिम्म' चुप बैठा रहा। ब्रह्मचारीजी बोले, "सन्तोष की बात है कि पत्नी से ज़रा भी कष्ट न पाने वाला एक व्यक्ति तो यहाँ उपस्थित है।"

इस पर 'तिम्म' अपनी भुजाओं को स्पर्श करते हुए बोला, "हाथ उठाने में असमर्थ हूँ स्वामीजी! परसों पति-पत्नी में झगड़ा हो गया था, इसलिए....।"

● **पत्नी की बीमारी :**

परीक्षा करने के बाद डाक्टर ने 'तिम्म' से कहा, "कुछ भी तो नहीं हुआ है तुम्हारी पत्नी को! बिलकुल अच्छी हैं।"

"नहीं डाक्टर साहब! शायद आपने अच्छी तरह जाँच नहीं की। बोलते समय बीच-बीच में रुक जाती है।"

"किसलिए?"

"साँस लेने के लिए," 'तिम्म' ने झट-से कहा।

[कन्नड़ से चन्द्रकान्त कुसनूरकर द्वारा अनूदित]

●

जो हँस नहीं सकता

उन लोगों को निकाल बाहर करो, जो जीवन-जैसी बहुमूल्य वस्तु को चीखते-चिल्लाते हुए व्यतीत करते हैं। ध्यान रहे, जो व्यक्ति हँस नहीं सकता, वह प्रसन्न एवं सुखी भी नहीं रह सकता।

—बीवर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अगर गधे के सिर पर सींग होते!

गोपालप्रसाद व्यास

•

प्रश्न है, अगर गधे के सिर पर सींग होते तो क्या होता ? सारी संभावनाएँ आप भी जान लें।

•

कुदरत ने अगर फुर्सत से किसी चौपाए को गढ़ा है तो वह है हमारा बैशाखनन्दन। क्या सूरत और सीरत पाई है मेरे प्यारे सुकुमार गधे ने ! जो मनोहरता और मासूमियत इस प्रजापति के जीवनाधार में दिखाई पड़ी, वह न तो हमें खेचरों में मिली न खच्चरों में। लोग हाथी का बड़ा मोल-तोल करते हैं। हमें तो यह लम्बकर्ण, मिचमिची आँखों वाला, निहायत थापक-थैया ही नजर आया। कहते हैं, शेर जंगल का राजा है। जाने कैसा राजा है कि जिसे देखते ही डर लगता है ? हमने जो राजा देखे हैं, न उनके मूँछ होती है, न पूँछ। न उनके खून होता है, न नाखून। निहायत ही कमसीन, बड़े ही खूबसूरत, सजे-धजे गुड्डे जैसे। और ऊँट कितना बे-तुका ! गर्दन मानो बचपन में किसी ने पकड़कर खींच ली हो। कूबड़ जैसे उसके ऊबड़-खाबड़ जीवन का प्रतीक हो। टाँगें बाँस-बाँस लम्बी, मगर पूँछ आदमी की अक्ल की तरह ही सूक्ष्म।

पशुओं में हमारे यहाँ गाय को बड़ा मान लिया गया है। हम हिन्दू माँ की तरह उसकी पूजा करते हैं। पर यह कैसी माता है, जो बिना चारे-पानी के दूध नहीं देती ? गाय मरने पर बैतरिणी पार कराती होगी। हमारे सहज सिद्ध 'गंदर्भ-राज' तो अपने आश्रयदाता को लादी सहित इसी जीवन में बैतरिणी से पार कराते रहते हैं। रहा कुत्ता, जिसके बारे में मसल मशहूर है कि :

चाटे काटे स्वान के दुहूँ भाँति विपरीत

मगर गधे के साथ यह बात नहीं है। कम दाम का और बहुत काम का। न बहुत ऊँचा, न बहुत नीचा। न काठी की जरूरत, न इसे हाँकने के लिए लाठी की जरूरत। मौज आए, उछलकर चढ़ जाइए। न बहुत लम्बा, न बहुत मोटा। थोड़ी-से-थोड़ी जगह में बाँध

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लीजिए। बाँधने को भी जगह न हो तो घर के बाहर खुला छोड़ दीजिए, खड़ा रहेगा।

भारतीय नेताओं की तरह गधे की भी खाल बहुत मोटी होती है। कोई कुछ कह दे; कोई कुछ लगा दे; मगर यह है एकदम निश्छल और निर्विकार। नेता तो मौक़े-बेमौक़े रेंककर मुसीबत भी खड़ी कर देता है, लेकिन हमारे गधे देवता की ऐसी खराब आदत नहीं है। वे कभी भी बेमौक़े भाषण नहीं देते। नेता तो ज़िम्मेदारी की कुर्सी पाते ही—यानी उनके शब्दों में सेवा का अवसर मिलते ही—आँखें भी फेर लेता है और हाथ नहीं रखने देता, मगर गधे पर जैसे-जैसे उत्तरदायित्व आता है यानी बोझ पड़ता है, वैसे-वैसे ही वह विनयी, श्रमी और सेवाभावी हो जाता है। नेता तो केवल चुनावों के वक्त में ही क़ाबू में आता है, मगर गधे को जब चाहे कान पकड़ कर खींच लाइए, वह कभी इन्कार नहीं करेगा।

गाय को चारा-पानी न दो तो वह खड़ी हो जाएगी, दूध नहीं देगी, मगर गधा भारतीय पत्नी की तरह भूखा-प्यासा रहकर भी काम में जुटा रहता है। पत्नी तो तब भी बड़बड़ाती है, यह तो मुँह से एक शब्द भी नहीं कहता। गृह-स्वामिनियाँ तो तुनक कर असहयोग-आन्दोलन भी छेड़ देती हैं, मगर यह अपने स्वामी से रूठकर कभी कोप-भवन में नहीं जाता। पत्नियों का तो मायका है, उसकी धमकी होती है, लेकिन गधा तो इन सबको तिलांजलि देकर निरंतर स्वामी-सेवा में लीन रहता है। कलियुग में शनैः शनैः पतिव्रताओं की संख्या घट रही है। एक समय शायद ऐसा भी आ जाए कि यह पवित्र शब्द केवल शब्दकोष में दिखाई पड़े। पर हमें पूरा विश्वास है चाहे संविधान बदले, नए-नए क़ानून गधे को भी तलाक़ का अधिकार प्राप्त जाए, वह भी अपने स्वामी की संपत्ति समानाधिकारी घोषित कर दिया जा लेकिन कुछ भी हो, गधा अपने शा धर्म को कदापि नहीं छोड़ेगा। भारत पतिव्रताएँ किसी समय कैसी हुआ करती आने वाले युग में रिसर्च-स्कॉलर गधे निकट से देखकर ही इसका कुछ अनु लगाया करेंगे। स्वामी चाहे बूढ़ा चाहे अबोध, काना हो या कपटी, कुरूप या कोढ़ी, गधे को सिर्फ़ सेवा से ही काम है।

हम आस्तिक रहें या नास्तिक, यह प्र तय नहीं कर पाते। ख़ुदा से हमें शिकायतें हैं। वह ख़ुदी में खोया है, दूसरों की क्या पड़ी, वह अपने चक्कर है! ख़ुदगर्ज़ कहीं का! मर्खों मालामाल कर दिया और ज्ञानियों से कहा-मरो बेटा, भूखों! यह ईश्वर का है कि गधे पर इतना बोझ लाद दिया, बेज़ुबान बना दिया, उसे दाँतों से का योग्य भी नहीं छोड़ा और न उसे लम्बे-नाखून ही दिये। सारे जानवरों के सिर सींग उगा दिए मगर गधे के वह भी नहीं कल्पना कीजिए, अगर गधे के सिर पर सीं हुए होते तो क्या होता?

क्या ख़ुदा को यह डर था कि गधा कटाकर बछड़ों में जा मिलेगा; या होने पर वह आदमी को सींग दिखा जाएगा साँढ़ ने, भैंसे ने, सींग रखकर मनुष्य क्या बिगाड़ दिया कि गधे से उसे डर होता अल्लाहताला को यह क्या मालूम कि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पनामा

सौन्दर्य प्रसाधने

पनामा सौंदर्य प्रसाधन आपके सौंदर्य को हर क्षण बढ़ाता है। 'पनामा' सौन्दर्य प्रसाधनोंसे – **फेस पावडर, टालकम पावडर, फ्रॅग्रानटालक, शेपरोन स्नो और पोमेड** – आप अधिक सुन्दर दिखाई देते हो। इतनाहि नहीं, आपकी त्वचाकी रक्षा होती है और ताजगी आती है। आपके सुन्दर बालोंके लिये पनामा ब्रिलियन्टाईन सबसे उत्तम है।

मनमोहक सौन्दर्य के लिये

पनामा प्राइवेट लिमिटेड
कलकत्ता – बम्बई – नई दिल्ली

सोल एजण्ट : **लाला गोपिकृष्ण गोकुलदास**, ११४, मिन्ट स्ट्रीट, मद्रास-१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Corrugating & Paper Processing Co.

243, BARRACKPORE TRUNK ROAD,

CALCUTTA-36.

Gram : "CASTLE", Calcutta. Phone 56-3140

MANUFACTURERS OF ALL VARIETIES OF CORRUGATED ROLLS, DOUBLE PASTED CORRUGATED SHEETS, BOTH PRINTED & PLAIN, PRINTED & PLAIN HEAT-SEALED & TWIST-SEALED MOISTUREPROOF WAXED WRAPPERS FOR PROCESSED FOODS, TOFFEE ETC. ETC.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मारनेवाले से कहीं भयानक डींग मार ने वाला होता है ! गधा सींग ही तो मारता, डींग तो न मारता कि मैं गोरा हूँ, मैं सभ्य हूँ, सशक्त हूँ, मेरे पास जी-हुजूरों के इतने पाकेट हैं, इतने बम हैं, इतने राकेट हैं।

अगर गधे के सींग होते तो दिखाने भर के होते, मारने के नहीं। साहित्य में एक उपमा और बढ़ जाती कि हाथी के दाँत ही नहीं, गधे के सींग भी दिखाने के हुआ करते हैं।

हमारा ख़याल है कि गधे के सिर पर सींग आने से सबसे बड़ी हानि तो यह हुई होती कि वह दुलत्ती मारना भूल जाता। दुलत्ती मारना रण-कौशल का एक अचूक दाँव है, जिसका प्रयोग सिर्फ़ गधों को ही आता है। अजी, दुश्मन को सामने से क्या मारना, पीछे से झाड़ना चाहिए ! मुँह-जोरी तो सभी कर लेते हैं। सामने से लात मारना भी कोई बात है, मगर पीठ दिखा करके भी दाँत तोड़ देना एक करामात है, एक कला है। इसमें कम-से-कम दुश्मन से आँखें तो नहीं बिगड़तीं, किसी पर हाथ उठाने का पाप तो नहीं आता, मिल बैठने के लिए इस विधि में हमेशा गुंजाइश रहती है। अगर गधे के सिर पर सींग आ गये होते तो आज के लोग इस अनोखी कला से वंचित ही रह जाते।

ज़रा सोचिए कि गधे के सिर पर सींग आ गए होते और वह पीछेवालों को दुलत्तियाँ न मारकर आगेवालों को सींग घुसेड़ने लगता तो धोबी-कुम्हारों के ही नहीं, बड़े-बड़े अत्ते-खाओं के भी लत्ते उड़ जाते। तब शेर को क्या, गधे को मारना बहादुरी समझा जाता। लोगों के नाम 'शेरसिंह', 'शमशेरबहादुर', 'शेरजंग' न होकर, 'गधे खाँ' होते। बच्चों के गले में बाघ-नख न पहना कर, गधे का खुर पहनाया जाता। तब नन्द-नन्दन का नहीं वैसाखनन्दन का वन्दन होता। तब गोबर-गणेश को छोड़कर भक्त लोग गर्दभ-देव को अक्षत-चन्दन चढ़ाते। सूरदास अपने पद में कह जाते :

खर को सदा अरगजा लेपन मरकट भूषण अंग
करो मन शीतला-वाहन संग !

एक खतरा और भी था : पशु-गधे के सिर पर सींग आए देखकर संसार का हर गधा सींगों की कामना करने लगता। अगर उसे असली नहीं मिलते तो किसी से उधार माँग-माँगकर ही भले आदमियों को वैसे ही डराता रहता जैसे पाकिस्तान अमेरिका से हथियार ले-लेकर हिन्दुस्तानियों को धमकाया करता है।

सर्वनाश की ओर तेज़ी से जाती हुई दुनिया में अगर गधे के सिर पर भी सींग उग आए होते तो डूबतों को तिनके का भी सहारा न मिलता। सृष्टि में केवल गधा ही तो बचा है जिसे देखकर मनुष्य में करुणा की, क्षमा की, सहानुभूति की, सहिष्णुता की, संयम की और तप की अनिर्वचनीय प्रेरणा मिलती है।

हे जगदीश्वर ! तू सब कुछ करना मगर गधे के सिर पर सींग न देना। हमें साम्यवाद मंज़ूर है, मगर गधे के सिर पर सींग स्वीकार नहीं; क्योंकि साम्यवादियों को सह-अस्तित्व सिखाया जा सकता है, मगर सींग निकलने पर गधा पंचशील का परित्याग कर देगा और सह-अस्तित्व को फिर कभी स्वीकार नहीं करेगा।

● ● ●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

FOR

P A P F R S

INDIAN OR FOREIGN

Please Contact :

Dahyabhai & Sons

51, MARUTI LANE

BOMBAY-1

Telephone Nos : OFFICE : 26-4109
GODOWN : 26-4337

Telegram : DAHYASONS

Authorised Distributors of :

Rohtas Industries Ltd.

DALMIANAGAR

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीकान्त वर्मा

एक समाचार-पत्र संवाददाता ने अलग-अलग अवसरों पर और अलग-अलग साहित्यिक समारोहों में एक कर्मठ नेता के भाषणों की जो रिपोर्टिंग की थी, वह इस प्रकार है :

कालिदास-समारोह

देवियो और सज्जनो,

मुझे प्रसन्नता है कि आपने मुझे इस महान् समारोह में आमंत्रित कर अपने उद्‌गार व्यक्त करने का अवसर दिया। मैं इसके लिए आपका आभारी हूँ।

आप इतनी बड़ी संख्या में यहाँ उपस्थित हुए हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि कालिदास जन-साधारण के कवि थे।

मैं आपसे पूछना चाहता हूँ, कालिदास कौन थे ?

बंधुओ, कालिदास एक महान् कवि थे। जितने महान् वह कवि थे उतने ही महान् वह व्यक्ति थे।

देवियो और सज्जनो ! व्यक्ति और कवि का समन्वय ही काव्य है। हमारे

साहित्यकार के प्रति
एक नेता की श्रद्धाञ्जलियाँ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
देश म हमेशा ही इस प्रकार के समन्वयवादी पैदा होते रहे हैं : वाल्मीकि, भवभूति, तुलसी, सूर, कबीर, मीरा। हमें इस पर गर्व है।

हमें अपने देश पर गर्व करना चाहिए और अपने स्वाभिमान की रक्षा करनी चाहिए! भारत हमेशा से जगद्गुरु रहा है।

आज राष्ट्रीय एकता की बात हो रही है। ठीक हो रही है। अगर एकता नहीं रहेगी तो हम कहीं के नहीं रहेंगे।

मगर देश की एकता का सबसे पहले नारा लगाने वाला कवि कालिदास था। उसने समूचे देश का भ्रमण किया और एकता की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमता रहा। हमारी पद-यात्रा की परम्परा सैकड़ों वर्ष पुरानी है। इतिहासकारों का कहना है कि वह विंध्याचल लाँघकर दक्षिण भी गये थे। वह न केवल दक्षिण गये थे बल्कि राष्ट्र के विघटन की आशंका से उन्होंने दक्षिण की संस्कृति को आत्मसात् करने की भी कोशिश की थी।

किंवदन्ती है कि जब वह दक्षिण गये तो वहाँ उन्हें 'उपमा' नामक भोजन परोसा गया। उन्होंने इस भोजन को अपना लिया और आजीवन उपमा का प्रचार करते रहे। आखिरकार हारकर पंडितों को भी कहना पड़ा--'उपमा कालिदासस्य'।

देवियो और सज्जनो! कालिदास ने वैसे तो अनेक नाटक लिखे हैं, मगर उनमें उनका सर्वश्रेष्ठ नाटक है 'मेघदूत'। मैं आपको संक्षेप में इसकी कहानी बताऊँगा।

स्वर्ग का राजा इन्द्र अपने एक यक्ष से रुष्ट होकर उसे आजीवन देश-निकाला दे देता है। वह यक्ष रामगिरि नामक एक पहाड़ पर आ बसता है। यह रामगिरि पर्वत कहाँ पर है, इस पर कई मत हो सकते हैं, मगर अन्यायी राजा इन्द्र ने यक्ष को देश-निकाला दिया था इस, पर दो मत नहीं हो सकते। विरह-विदग्ध यक्ष ने आसाढ़ के एक दिन मेघ देखा और उसे अलका नामक अपनी प्रिया याद आयी। उसके हृदय से कविता फूट पड़ी जो संसार में 'मेघदूत' के नाम से प्रसिद्ध हुई।

साथियो! राजा इन्द्र द्वारा पददलित यक्ष के जीवन को लक्ष्य कर नाटक लिखने वाले कवि कालिदास सचमुच उत्पीड़ितों, पद-दलितों के कवि थे; महान् थे। वह महान् थे, जरूर थे। मगर मैं आपसे पूछता हूँ, क्या आदमी जन्म से ही महान् होता है? नहीं, कदापि नहीं। महापुरुषों का जीवन हमें बताता है कि मनुष्य जन्म से ही महान् नहीं होता।

कालिदास आरम्भ में एक लकड़हारा थे। वह जिस डाल पर बैठे थे, उसी को काट रहे थ। मगर समय का फेर देखिये कि अपनी मेहनत के बल पर वही लकड़हारा आग चलकर संसार का महानतम कवि सिद्ध हुआ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कालिदास के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है? यही कि मूर्ख आदमी भी विद्वान् हो सकता है।

हमें अपना काम मेहनत से करना चाहिये।

प्रेमचंद-जयन्ती

साथियो,

आज हम अपने प्रिय लेखक प्रेमचन्द की जयंती मनाने के लिए उपस्थित हुए हैं! जब मेरे सामने प्रेमचन्द का चित्र आता है तो मेरा हृदय भर आता है। एक ऐसा साहित्यकार जिसने देश के लिए सब कुछ किया। मगर हमने उस के लिए क्या किया? उसे भूखों मर जाने दिया!

मैं आपसे पूछता हूँ, क्या प्रेमचन्द की अकाल-मृत्यु के लिए आप सब ज़िम्मेदार नहीं? अपने हृदय पर हाथ रखकर पूछिये।

हमारा देश शव-पूजक है। हम अपने कलाकारों को भूखों मर जाने देते हैं; और जब वह परलोक सिधार जाता है तब हम उसकी पूजा करते हैं। हमें धिक्कार है!

मगर यह स्थिति अधिक दिनों नहीं चलने की। हज़ारों प्रेमचन्द हमारे देश में बिलबिला रहे हैं, लाखों तुलसी भूखों मर रहे हैं, करोड़ों कालिदास गली-गली में घूम रहे हैं। सरकार इस तथ्य से वाक़िफ़ है। शासन इस पर विचार कर रहा है।

उपस्थित बन्धुओ! प्रेमचन्द का साहित्य हमारा आदर्श साहित्य है। जन-मानस का साहित्य है। साहित्य हमेशा वादमुक्त होता है।

प्रेमचन्द तो गये; अब उनका काम हमें पूरा करना है!

टैगोर-शती-समारोह

भाइयो और बहिनो,

टैगोर के विषय में इतना कहा जा चुका है कि कुछ कहने के लिए शेष नहीं रहा। फिर भी मैं कहूँगा।

बंधुओ! टैगोर हमारे अतीत की वाणी थे। टैगोर भारतीय संस्कृति के शिखर थे। टैगोर संत-परम्परा के संत थे। टैगोर एक महान् कवि थे। टैगोर एक महान् साहित्यकार थे। टैगोर एक सच्चे देश-भक्त थे। टैगोर एक ऋषि थे। टैगोर गुरुदेव थे। टैगोर, टैगोर थे।

शेक्सपियर-नाट्य-समारोह

सभापति महोदय, देवियो और सज्जनो,

हर्ष का विषय है कि आज हम एक विदेशी विद्वान की जन्मतिथि मनाने के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिए एकत्रित हुए हैं। आज का विचारणीय विषय है 'शेक्सपियर का नाट्य-विधान'। विषय बड़ा ही सामयिक है। विषय के सुन्दर चुनाव के लिए मैं आयोजकों को हृदय से बधाई देता हूँ।

सभापतिजी, साहित्य से हम राजनीतिज्ञों का बड़ा प्यारा मगर दूर का रिश्ता होता है। सारा समय जनता की समस्याओं को सुलझाने में ही चला जाता है। आपको स्मरण होगा, शेक्सपियर ने ही कहा था--'अनईज़ी लाइज़ द हेड दैट वियर्स द क्राउन'।

तो मैं शेक्सपियर की बात कर रहा था।

साहित्यकार बन्धुओ! मुझे शेक्सपियर का नाट्य-विधान बहुत पसंद है। मुझे शेक्सपियर के नाटक इसलिए पसंद हैं कि उनमें हमें आदर्शमूलक सुन्दर-सुन्दर कहानियाँ मिलती हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूँ, संसार में कितने ऐसे साहित्यकार हुए हैं, जिन्होंने इतनी सफल कहानियाँ लिखी हैं जिन्हें पढ़कर जन-मन का रंजन होता है?

मगर शेक्सपियर का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना न था। जो साहित्य केवल मनोरंजन करता है, वह अपने पद से गिर जाता है। शेक्सपियर के नाटकों को पढ़कर हम राजनीतिज्ञों को राजनीति की सुन्दर शिक्षा मिलती है।

आपने सुना होगा कि एक बार जब लार्ड मैकाले से पूछा गया कि यदि ब्रिटिश साम्राज्य और शेक्सपियर में से किसी एक को चुनना हो, तो आप किसे चुनेंगे? आप जानते हैं, मैकाले ने क्या उत्तर दिया? मैकाले ने कहा--'शेक्सपियर!'

बातूनी

जर्मनी में वेस्टफ़ालन इलाक़े के लोग बहुत गम्भीर और कम बोलने वाले माने जाते हैं। उनके सम्बन्ध में एक दिलचस्प घटना यों है:

वेस्टफ़ालन का एक किसान अपने एक मित्र साथ रोज़ शाम को घूमने जाया करता था। एक घण्टे तक चुपचाप चलते रहते, फिर एक बोल 'गुड मार्निंग'। आधा घन्टे के पश्चात् दूसरा उ देता, 'गुड मार्निंग'। उनकी दो-तीन घन्टे की सै

क्यों? इसलिए कि मैकाले जानता था कि शेक्सपियर ने राजनीति के जो नुस्खे सिखाये हैं उनके बल पर अंग्रेज़ फिर से अपना साम्राज्य स्थापित कर सकते हैं। शेक्सपियर अंग्रेज़ी साहित्य का चाणक्य था।

शेक्सपियर एक महान् देशभक्त भी था। उसने अनेक वीरों की कहानियाँ लिखी हैं जिनमें जूलियस कैसर, लार्ड मैकबेथ और प्रिंस हेमलेट प्रसिद्ध हैं। ये सभी इतिहास-प्रसिद्ध देशभक्त थे जो अपने देश की रक्षा के लिए हँसते-हँसते बलिवेदी पर चढ़ गये। ऐसे महापुरुषों का जीवन धन्य है। और धन्य है वह नाटककार जिसने इन्हें अपने नाटक का विषय बनाया। शेक्सपियर के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाद इतने बड़े पैमाने पर जिस नाटककार ने महापुरुषों की जीवन-गाथाएँ लिखी हैं, वह हैं बाबू गोविन्ददास ।

साहित्यकार बंधुओ, मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप शेक्सपियर और बाबू गोविन्ददास के नाटकों का तुलनात्मक अध्ययन करें । दोनों ही महान् नाटककार हैं । मगर आप जानते हैं, दोनों में मूल अंतर क्या है ? जहाँ शेक्सपियर राजनीति समझता था, हमारे बाबू साहब राजनीति नहीं समझते ।

अंत में मैं आपका ध्यान शेक्सपियर के जीवन की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । आपको मालूम होगा कि शेक्सपियर आरंभ में एक साईस था और अस्तबल की देखभाल करता था । वहीं उसने जीवन देखा और लिखा । हर आदमी शेक्सपियर हो सकता है ।

सूर-मेला

सूरप्रेमी भाइयो और बहिनो, मुझे खुशी है कि देश के कोने-कोने से आप सब इतनी बड़ी संख्या में यहाँ इकट्ठे हुए हैं । मुझे अपनी जनता पर गर्व है । सूरदास आज हमारे बीच नहीं मगर उनके पद और भजन जन-मानस पर अंकित हैं ।

"सूर सूर, तुलसी शशी,
उड्गन केशवदास :
अब के कवि खद्योत सम,
इत-उत करें प्रकाश ।"

भाइयो, सूरदास सचमुच ही भारतीय साहित्य के सूर्य थे और तुलसीदास चंद्रमा । अगर सूर्य न हो तो चंद्रमा में प्रकाश न हो और अगर चंद्रमा न हो तो सूर्य हमें कष्टदायक प्रतीत हो । इस प्रकार सूर और तुलसी एक दूसरे के पूरक हैं। हमारी संस्कृति पूरकवादी संस्कृति है । सूरदास इस पूरकवादी संस्कृति के प्रतिनिधि कवि थे ।

कहते हैं, नेत्रहीनों में विलक्षण अंतर्दृष्टि होती है । सूरदास में ऐसी ही विलक्षण अंतर्दृष्टि थी । एक बार का किस्सा है कि सूरदास कुएँ में गिर पड़े और वहाँ असहाय पड़े रहे । थोड़ी देर बाद किसी परोपकारी ने उन्हें कुएँ से उबारा । सूरदास ने फ़ौरन पहचान लिया कि यह दिव्य पुरुष और कोई नहीं स्वयं कृष्ण हैं । उन्होंने उनकी बाँह पकड़ ली । जब कृष्ण अपनी बाँह छुड़ाने लगे तब उन्होंने कहा :

यही बातचीत होती थी ।

एक दिन एक तीसरा किसान, जो बाहर से आया था, उनके साथ घूमने गया । बहुत देर तक चुपचाप चलते रहने पर वह बोला, "बहुत ठण्ड है" । दोनों में से किसी ने कोई उत्तर नहीं दिया ।

अगले दिन जब वे दोनों मित्र सैर के लिए जाने लगे तो एक बोला, "हम उस नये व्यक्ति को साथ नहीं लेंगे, वह बहुत अधिक बोलता है ।"

[मूल जर्मन से अनूदित]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

PLEASE CONTACT FOR ALL YOUR REQUIREMENTS IN

PAPER and BOARDS

MANUFACTURED IN INDIA

Purushottam Lallubhai Patel

74-78, DHANJI STREET,
BOMBAY-3.

Phone : 29887

IMPORTERS :: EXPORTERS :: MANUFACTURERS' REPRESENTATIVES

INDIAN MILL STORES TRADING CO.

PIPES — FITTINGS — MACHINERY PARTS
BOILER TUBES — STAY TUBES — VALVES

7, BIPLABI RASBEHARI BASU ROAD,
(CANNING STREET)
CALCUTTA-1.

Grams : KAUMUDI

Phone : 22-2099

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"बाँह छुड़ाए जात हो, निबल जानि के मोहि।
हिरदै से जब जाइहो, सबल जानिहौं तोहि।"

बंधुओ, हृदय से कोई नहीं जाता। हृदय तो एक सिंहासन है। एक बार सिंहासन पर बैठने के बाद सिंहासन कोई नहीं छोड़ना चाहता।

सूरदास ने राधा और कृष्ण की स्तुति में लाखों दोहे लिखे हैं, जो आज भी हमें स्मरण हैं।

मगर सूरदास हमेशा से ही कवि न थे। उन्हें कवि बनाने का श्रेय उनकी पत्नी रत्नावली को था। कहते हैं कि सूरदास अपनी पत्नी को बहुत चाहते थे और उसके बिना रह नहीं सकते थे। एक बार जब उनकी पत्नी अपने मायके चली गयी तो उनसे वियोग बरदाश्त नहीं हुआ। मैं आपसे पूछता हूँ, वियोग किससे बरदाश्त होता है? मगर ऐसा भी क्या वियोग कि आदमी पत्नी के पीछे उसके मायके चला आये। रत्नावली ने उन्हें क्रोध में बहुत फटकारा और उस दिन से सूरदास कवि हो गये। धन्य हैं ऐसी देवियाँ जो अपने पतियों को कवि बनाती हैं!

अंत में मैं आपको फिर एक बार बधाई देता हूँ कि आप इस महान् पर्व पर दूर-दूर से एकत्रित हुए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ, शासन सूरदास की स्मृति-रक्षा के लिए पूरा-पूरा यत्न करेगा। मैं मंत्रालय को सुझाव दूंगा कि वह सूरदास के भजन अधिक-से-अधिक संख्या में ब्रॉडकास्ट करे।

भारतेंदु-जयंती

देवियो और सज्जनो,

प्रसन्नता का विषय है कि आज हम प्रातःस्मरणीय श्री भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की पुण्य तिथि मनाने के उद्देश्य से यहाँ एकत्रित हुए हैं।

हमारा देश हमेशा से महापुरुषों की क्रीड़ास्थली रहा है। भारतेन्दु भी एक ऐसे ही महापुरुष थे।

उपस्थित सज्जनो! भारतेन्दु सचमुच भारतेन्दु थे।

आपमें से अनेक ने उनके नाटक पढ़े होंगे। बहुत-कुछ गुना होगा, बहुत कुछ सीखा होगा। यह एक अच्छी बात है।

भाइयो, जब मैं भारतेन्दु का स्मरण करता हूँ तो मेरा मस्तक नतमस्तक हो जाता है।

उससे बड़ा दानी संसार में कौन होगा जिसने अपनी मर्यादा की रक्षा के लिए अपनी अर्द्धांगिनी दान कर दी!

सत्य और गो की रक्षा को उन्होंने अपना धर्म माना। यही कारण है कि सत्यवादी हरिश्चन्द्र का आदर्श आज भी हमारी जनता का आदर्श है। सत्यवादी भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का नाम हिन्दी के नाट्य-साहित्य में सदैव अमर रहेगा।

इन शब्दों के साथ मैं आपसे विदा लेता हूँ।....

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कामशास्त्र का गम्भीरतम् विवेचन

कुट्टनीमतम् काव्यम्

लेखक--दामोदर गुप्त

हिन्दी अनुवादक–अत्रिदेव विद्यालंकार

भूमिका लेखक–डॉ० सूर्यकान्त

प्रिन्सिपल, भारती महाविद्यालय, बनारस हिंदू यूनीवर्सिटी

काश्मीर-नरेश जयापीड़ के प्रधान मंत्री कवि दामोदर गुप्त की बहुज्ञता संस्कृत साहित्य में विख्यात है। शृंगार रस तथा कामशास्त्र की गंभीरतम विवेचना करनेवाले अनेक ग्रंथ संस्कृत साहित्य में हैं, और उपनिषद् साहित्य के अध्यात्म ने भी इन विषयों को त्याज्य नहीं माना है। कुट्टनीमतम् काव्यग्रन्थ है और इसकी रस-रसिकता असंदिग्ध है। नवयुवती वेश्या को वृद्धा वेश्या (जो अब कुट्टनी हो गयी है) किस प्रकार व्यवसाय की शिक्षा देती है और पुरुष का सर्वस्व हरण करने की कला सिखाती है यही प्रस्तुत ग्रंथ का विषय है। ग्रंथ "शिवेतरक्षतये" उद्देश्य को सिद्ध भी करता है। इस ग्रन्थ को पढ़कर कदाचित ही कोई अनुभवहीन युवक मंगलामुखियों के मायाजाल में फँस सकेगा। कुट्टनी और शम्भली दोनों शब्द समानार्थक हैं। उन्हीं के परामर्श का सार इस ग्रंथ में दिया हुआ है। ग्रन्थ से रचयिता की काव्य-प्रतिभा ही नहीं जीवन सम्बन्धी अनुभव का भी प्रमाण मिलता है। आचार्य कल्हण ने अपनी राजतरंगिणी में इस ग्रन्थ का उल्लेख किया है; जो उस युग की दृष्टि से वहुत बड़ा सम्मान था। इसी से लेखक और उसकी रचना की प्रतिष्ठा का पर्याप्त परिचय मिल जाना चाहिए।

पूरी पुस्तक में १०५९ श्लोक हैं जिनकी टीका सरल सुस्पष्ट तथा सुरुचि पूर्ण हिन्दी में है। ऐसे ग्रंथ में शिष्टता की रक्षा जिस सीमा तक संभव है, उसमें अनुवादक को पूर्ण सफलता मिली है।

भूमिका तो बहुमूल्य सामग्री है। इतिहास और अनुसंधान की दृष्टि से उसमें शोध के छात्रों के लिये बहुत कुछ ज्ञातव्य एक स्थान पर संकलित कर दिया गया है।

पद टिप्पणियों से पुस्तक की उपयोगिता बहुत बढ़ गई है। श्लोकों का भाव अनुकरण के रूप में देकर विषय श्लोक क्रम से इंगित कर दिया गया है जिससे पाठक को सचमुच बड़ी सुविधा होगी। पुस्तक पठनीय और सुरुचिपूर्ण है। मूल्य ६)

इंडोलॉजिकल बुक हाउस

पुरातत्व-विषयक पुस्तकों के प्रकाशक व विक्रेता

सी० के० ३८।१६, बाँस फाटक

वाराणसी (उ० प्र०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पी० रामेश्वरम्

आधुनिक भरथरी को उसकी माँ ने हज़ारहा समझाया कि बेटा जोग ले ले, पटरानी के साथ सोलह सौ रानियों ने भी बेइन्तहा आरज़ू-मिन्नतें कीं कि स्वामी जोग ले लीजिये, लेकिन भरथरी ने आधुनिक ज़माने की हवा खायी थी, वे भला इन कम-अक्ल औरतों की बातों में कहाँ आने वाले थे ?

●

धारानगरी, ३० नवम्बर १९६१

महारानी मैनावती ने अपने प्रिय पुत्र राजा गोपीचन्द भरथरी को हज़ार बार समझाया, मगर राजा जोग साधने से इन्कार कर रहा है।

अब मैनावती महारानी फिर कहती हैं, "हे मेरे लाड़ले सुत छौना ! तेरी कंचन की-सी काया अमर हो जाएगी। तू योगी होकर जोग साध ले बेटा ! माता की सीख मान !"

खादी के रेशमी कुर्त्ते की ज़ेब में हाथ डालकर और उँगलियों से खादी की श्वेत धोती की नीचे वाली कोर पकड़कर राजा गोपीचन्द उत्तर देते हैं, "हे माता ! तेरे कहने से मैंने एक बार राजपाट छोड़ दिया था और गुरु गोरखनाथ जैसे फक्कड़ अवधूत से कान फड़वा डाले थे और मुझे घर-घर भिक्षा माँगने जाना पड़ा था। अब बार-बार वही मूर्खता कैसे करूँ ?"

"तेरे कर्म में राज-पाट नहीं है बेटा गोपीचन्द !" महारानी फफक उठीं।

"ठीक है—राजपाट न सही मगर जोग क्यों साधूँ ? और भी तो अनेक पेशे मौजूद हैं !" भरथरी ने उत्तर दिया।

महल के ऊपर सोलह सौ रानियाँ खड़ी, मोती-थाल भरे, भिक्षा देने की प्रतीक्षा कर रही थीं। पटरानी को गश खाकर, पछाड़ मारकर मरना था, अतः वह उसकी 'प्रैक्टिस' में व्यस्त थीं। उन अभागी पुत्र-वधूओं की ओर कातर दृष्टि से देखती हुई माता बोलीं,

जोग भरथरी का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telg. : BOARD

Tele : 4039

Baroda Stationery Stores

KHRIVAV ROAD

BARODA

AUTHORISED DISTRIBUTORS

& STOCKISTS

OF

ROHTAS INDUSTRIES LTD.

DALMIANAGAR

Special items of Manufacture :—

WHITE & COLOURED DUPLEX BOARD, M. G. POSTER, & SULPHITE M. G., MANIFOLD & TISSUE, MAP LITHO S/C & GLAZED, BANK & BOND PAPER, CHROMO BOARD S/C, AIR FINISH ART BOARD, WHITE CREAMWOVE PAPER & CHROMO PAPER ETC.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"पुत्र भरथरी ! तेरे सिर पर काल मँडरा रहा है। तू मेरी मान और जोग साध ले !"

"नहीं माता ! इस बार मैं योग-वोग के झंझट में नहीं पड़ने का ! न सोने का सुख, न भोजन का प्रवन्ध—इस बार तो मैं 'खादी' का योग साधूँगा !" राजा गोपीचन्द कहते हैं।

"खादी का योग ! यह क्या आफ़त है बेटा ?"

"कलजुग में जोगों में जोग यानी योगों में योग—खादी ग्रामोद्योग ! बड़े-बड़े गोरखनाथ गुरु अपनी धूनी-तपस्या छोड़कर ग्रामोद्योग में चले आए हैं माता !" राजा गोपीचन्द ने 'नेहरू कट' की जेब में आधा हाथ कूँचते हुए कहा।

"तो इस 'खादी ग्रामोद्योग' में भी सिद्धि हो जाती है पुत्र ? तूने पूछा है किसी से ?" महारानी शंकाकुल थीं।

"हाँ माँ ! इसमें लक्ष्मी-सिद्धि तो तुरन्त होती है। भारत की कलयुगी सरकार के यहाँ इसी योग—ग्रामोद्योग—की बड़ी मान्यता बताई गई है। इस पन्थ के अखाड़ों को करोड़ों रुपये की 'ग्रान्ट' मिलती है। बताऊँ, सन् ६०—६१ में प्रति अखाड़े को क्या मिला ?" राजा गोपीचन्द ने एक काग़ज़ निकालकर बाँचना प्रारम्भ कर दिया :

कस्तूरबा सेवा मन्दिर, राजपुरा, ज़िला पटियाला : ४५ लाख ६६ हज़ार रुपया।

पंजाब खादी ग्रामोद्योग संघ, आदमपुर, (दोआबा) : ११ लाख ५१ हज़ार रुपया।

खादी आश्रम, पानीपत : ७ लाख ७६ हज़ार रुपया।

"हे माता ! ये तो पंजाब प्रदेश के कुछ अखाड़ों की बात सुनाई। तुम्हें पता नहीं, कुल मिलाकर इन सब अखाड़ों को अर्थात् संस्थाओं को कितना रुपया मिलता है !"

"मगर पुत्र ! लक्ष्मी प्राप्त हो गई, यह माना। इससे तुझे क्या मिलेगा ? रुपया मिलेगा और मूर्त्तियाँ खा जाएँगी। परन्तु हे पुत्र ! तुझे क्या मिलेगा ?" माँ ने पूछा।

राजा गोपीचन्द 'गान्धी डायरी' का एक पृष्ठ पढ़ने लगा—'खादी पहनना और उसका प्रचार करना प्रत्येक भारतीय का धर्म है।'

महारानी बोलीं, "सो तो ठीक है बेटा ! धारानगरी के इस राजपाट को छोड़ने के बदले में तेरी काया अमर हो जाती, मैं तो इसलिए कह रही थी।"

"खादी-उद्योग में भी आदमी मरता नहीं माता ! युग-युगों तक जीता है। इस योग-साधना में रत संस्थाओं को जीवित रखने के लिए कलजुग की सरकार बड़ी प्रयत्नशील रहती है। ज़रा सुनो तो, इन संस्थाओं को जनवरी '५८ से मार्च '५६ तक संस्था-व्यय के नाम पर कितना मिला है :

१. पंजाब खादी उद्योग संघ, आदमपुर : १५ लाख

२. कस्तूरबा सेवा मन्दिर, राजपुरा : ४½ लाख

३. पंजाब प्रदेश रचनात्मक कार्य बोर्ड, जालन्धर : ३ लाख

और भी छोटी-मोटी संस्थाओं को मिला लें, तो आप सोचिये २८ लाख रुपया मिला है १४ मास में ...."

"पुत्र गोपीचन्द ! तूने आँकड़े सुनाए, बुरे नहीं हैं, मगर...."

महारानी कुछ और कहतीं कि गोपी-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टेलीफोन : कार्यालय
२५३११३ और २५४३६६
निवास : ८६७२६

तार
PANQUICK

सभी प्रकार के कागजों एवं बोर्डों के लिए
हम आपकी सेवा हेतु प्रस्तुत हैं।

मेसर्स रोहतास इण्डस्ट्रीज़ लिमिटेड

डालमियानगर
द्वारा निर्मित सामग्रियों के
अधिकृत विक्रेता

प्रहलादराय डालमिया एण्ड सन्स

५१, पोद्दार चेम्बर्स
फोर्ट, बम्बई-१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चन्द ने बात काट दी : "हे माता ! ये खेल ही आँकड़ों का है। कोई आदमी एक सेर सूत कातकर लाए तो उसका कपड़ा बुनवाने की व्यवस्था इन भंडारों पर की जाती है। जुलाहे को बुनाई के चार रुपए दिये जायँ तो सरकार उसमें से तीन रुपये खुद देगी और एक रुपया देना पड़ेगा उस व्यक्ति को। कपड़ा बुनकर तैयार हो गया, मुफ्त में ही पड़ा उसे। ऊपर से संस्था-खर्च के नाम पर प्रति गज दो आना के हिसाब से खादी-ग्रामोद्योग को मिल गया। सब नफे में! यह है वस्त्र स्वावलम्बन का योग।"

"तुम आँकड़े की बात कह रहे थे पुत्र !"

"अरे हाँ ! अब इस तैयार कपड़े की काल्पनिक क़ीमत कूती जाएगी। बीस रुपए हुई, बस एलान कर दिया जाएगा कि बीस रुपये के मूल्य की खादी तैयार की गई। इसी प्रकार करोड़ों की खादी तैयार होने की घोषणा की जाएगी। जो सुनेगा, इतने भयंकर आँकड़ों को देखकर यही समझेगा कि खादी-ग्रामोद्योग में बड़ा काम होता है।" राजा गोपीचन्द बोले।

राजरानी पिंगला ने जब यह सुना कि राजा गोपीचन्द ने जोग साधने से आनाकानी की है तो पछाड़ खाकर गिर पड़ी। राजा उसे सांत्वना देते हैं, "हे रानी ! घबड़ाना नहीं चाहिए, हम तुम्हें भी एक खादी-आश्रम खुलवा देंगे; प्रमाणित संस्था बनाने का अधिकार हमारे ही पास रहेगा। तुम चिन्ता क्यों करती हो ? अरे खादी आश्रम, अम्बाला कैन्ट को सन् ५९–६० में ४,६५००० रुपयों की ग्रान्ट मिली है; इतनी तुम्हारे भण्डार को भी दिला देंगे।"

"मगर ये सारा ठाट-बाट ख़त्म हो जाएगा प्राणनाथ !" राजरानी पिंगला होश में आ चुकी थी।

"यह क़ायम रहेगा पिंगले ! अब हमें 'प्राणनाथ' मत कहो—पाप लगता है हमारी साधना को। हमें गोपीचन्द भाई कहकर पुकारो !" भरथरी कहते हैं।

"हमसे यह नहीं होगा प्राणनाथ !" पिंगला ने नाटकीय मुद्रा में अदाकारी की।

"फिर वही प्राणनाथ ! अरे हम तुम्हारे लिए एक स्टेशन-वैगन कार का प्रबन्ध कर देंगे। और हाँ ! तुम्हारे खादी-भंडार की प्रदर्शिनी आयोजित करा देंगे, उसे 'राज्य-प्रदर्शिनी' की संज्ञा देकर एक लाख रुपये प्रति प्रदर्शिनी और दिला देंगे—बस खुश ?" राजा गोपीचन्द मूँछों में मुस्कुराए।

"और ये सोलह सौ रानियाँ क्या करेंगी ?" पिंगला ने अपनी सौत-रानियों का पक्ष लेते हुए कहा।

"पिंगला बहिन ! इतने करोड़ रुपयों को लाखों देशवासियों में बाँटने के लिए कई दफ्तर खोलने पड़े हैं—'खादी-ग्रामोद्योग-कमीशन', 'जोनल-डाइरेक्टर्स-दफ्तर' आदि। इन सबको काम मिल जाएगा—मगर ज़रा पूछ देखो, इन्हें खादी पहिननी पड़ेगी ?"

"सो कैसे ? ये कोमलांगियाँ खादी कैसे पहन सकेंगी !" पिंगला बोली।

राजा गोपीचन्द समझाते हैं—"अरे, सिर्फ़ दफ्तर के छः घण्टों की बात है। सुबह-शाम यानी दफ्तर के बाद कुछ भी पहिनें, कोई चिन्ता की बात नहीं।"

"मगर हे पुत्र ! यह खादी-ग्रामोद्योग का जोग चलेगा कितने दिनों ?" महारानी मैनावती ने शंका की।

[शेष पृष्ठ १७६ पर]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telegram : "SAHUJAIN" Telephone : 251218-19-10

Bombay Vyapar Private Ltd.

15A, HORNIMEN CIRCLE,
FORT, BOMBAY-1.

Selling Agents for Maharashtra & Gujarat States for the products of:

ROHTAS INDUSTRIES LIMITED

DALMIANAGAR

Special Items of Manufacture :

DUPLEX BOARD, M. G. POSTER PLAIN & RIBBED, MAP-LITHO WITHOUT S/C AND GLAZED, M.G. MANILLA, TEA YELLOW, CHROMO BOARD S/C T/C, AIR FINISH ART BOARD, ART PAPER AND CHROMO PAPER

Stockists and Distributors all over the States.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



'उसकी आँखें पूरी बन्द थीं। जैसे ही मैं चुप हुआ, उसने दोनों हाथ मुँह पर रखे और जम्हाई ली। उसके कपड़े बहुत ही गन्दे थे। वह शायद किसी शराबखाने से उठाकर फेंक दिया गया था और उसे अभी तक पूरी तरह होश नहीं आया था।' विश्व-प्रसिद्ध जर्मन कथाकार काफ़्का की एक व्यंग्य रचना।

फ्रांज़ काफ़्का

जैसे ही छोटे-छोटे क़दम बढ़ाता हुआ मैं घर के दरवाज़े के बाहर निकला, कि स्तब्ध रह गया—उस चन्द्रमा और तारों भरे आकाश को देखकर, उस विशाल गुम्बद और नगरपालिका भवन के पास वाले चौक को देखकर और उस मारियन-स्तम्भ और गिरजे को देखकर।

धीरे-धीरे छाँह से मैं चाँदनी में आ गया। अपने ओवरकोट के बटन खोले और अपने को ज़रा गरमाया। फिर रात्रि की गुनगुनाहट को भूलकर सोचने लगा :

"ये सब यदि जीवित हो उठें तो क्या करेंगे? क्या ये मुझे भी यह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि इस हरी पटरी पर खड़ा मैं स्वयं भी अवास्तविक हूँ? परन्तु हे आकाश! तुम तो बहुत समय से ही वास्तविक हो; और हे चौक, तुम....तुम कभी भी वास्तविक नहीं रहे।

"यह वास्तव में सच है कि तुम सब भी मेरे बारे में सोचते हो, परन्तु यह तभी सम्भव है न, जब मैं तुम्हें शान्तिपूर्वक रहने दूँ!

"भगवान का शुक्र है! हे चन्द्रमा, तुम चन्द्रमा नहीं हो; परन्तु शायद यह मेरी लापरवाही है कि मैं तुम्हें, अब भी सदैव चन्द्रमा ही कहता हूँ। तुम इतने चंचल क्यों नहीं रह पाते जब मैं तुम्हारा नाम 'चमत्कृत रंगों में विस्मृत काग़ज़

एक शराबी से वार्त्तालाप

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की लालटेन' रख देता हूँ ? और तुम, अपने-आपको पूर्णतः क्यों छिपा लेते हो जब मैं तुम्हें 'मारियन स्तम्भ' कहकर पुकारता हूँ ? और हे मारियन स्तम्भ ! मैं तुम्हारा भव्य आकार उस समय पहचान नहीं पाता जब मैं तुम्हारा नाम 'चन्द्रमा' रख देता हूँ--वह चन्द्रमा, जो पीला प्रकाश फेंकता है ।

"ऐसा लगता है कि जब मैं तुम लोगों के बारे में सोचता हूँ तो तुम्हें इससे कोई लाभ नहीं होता बल्कि इसके विपरीत तुम अपनी विशेषताएँ खो देते हो !

"हे भगवान्, यह कितना अच्छा होता यदि कोई किसी शराबी से चिन्तन करना सीखता ।

"सब कुछ शान्त क्यों हो गया है ? मेरे ख़याल से हवा बन्द हो गयी है । और ये सारे घर जो छोटी-छोटी साइकिलों की तरह चौक के सब ओर बिखरे पड़े हैं, पूरी तरह से बन्द हैं--चुप हैं ।"

फिर मैंने चलना शुरू किया । मैं बिना रुके तीन बार उस बड़े चौक के चारों ओर घूमा और यद्यपि मुझे कोई भी शराबी नहीं मिला, मैं अपनी चाल को बग़ैर धीमा किये वैसे ही घूमता रहा । मुझे थकावट महसूस नहीं हो रही थी । मैं कार्लगासे रोड के पास पहुँच गया । मेरी परछाईं, जो बहुधा मुझसे छोटी ही होती, मेरे साथ-साथ दीवार पर दौड़ रही थी ।

जैसे ही मैंने 'फायर-स्टेशन' पार किया, मुझे उस छोटे-से चौक में कुछ शोर सुनाई पड़ा । मैंने झुककर देखा तो वहाँ फव्वारे की मुंडेर पर एक शराबी बैठा था । उसके पाँव ज़मीन पर लटक रहे थे और वह खड़ाऊँ पहने था । उसके हाथ कंधों पर थे।

पहले तो मैं दम लेने के लिए खड़ा रहा, मैं उसके पास गया । मैंने अपनी टोपी से उतारी और अपना परिचय देते "गुड इवनिंग, महाशय ! मैं वर्ष का हूँ, परन्तु अभी तक मेरा कोई नहीं है । आप अवश्य ही कोई बड़े हैं और महानगर पेरिस के निवासी फ्रांस के चौकों की असाधारण गंध चारों ओर बिखरी हुई है ।

"आपने अपनी रंगीन आँखों से एक ऐसी उच्चवर्गीय महिला अवश्य होगी जो ऊँची और रौशनी से जगम अट्टालिका में रहती है और जो आँचल छितराए, बल खाती हुई, अपनी ना कमर को हिलाती है। जब कभी कुहरा प्रभात देखने की उसकी इच्छा होती है उसके वर्दीपोश नौकर चारों ओर हल्के रंग के कपड़े ऊँचे करके पकड़े हुए रहते हैं ।"

इस क्षण उसने एक हिचकी ली मैं लगभग चौंकता हुआ-सा बोला, "बा में क्या यह सच है महाशय कि आप पेरिस से ही आये हैं, उस तूफ़ानी पेरिस से

उसने दोबारा हिचकी ली तो संकोचपूर्वक फिर कहा, "मैं जानता हूँ यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है !"

और मैंने अपनी उतावली अंगुलियों अपने ओवरकोट के बटन बन्द किये और जोश के साथ कहना शुरू किया, "मैं जा हूँ कि आप मुझे उत्तर देने के योग्य नहीं सम परन्तु आज यदि मैं आपसे यह नहीं पाया तो फिर मुझे आँसुओं से भरा जीवन बिताना पड़ेगा ।

"मैं प्रार्थना करता हूँ हे ज्ञानी पुरुष

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आप मुझे बताएँ कि क्या वह सच है जो लोगों से मैंने सुना है ? क्या पेरिस में ऐसे ही लोग हैं जो केवल बहुमूल्य वस्त्र ही पहनते हैं ? क्या वहाँ के सारे मकान अट्टालिकाएँ हैं ? और क्या यह भी सच है कि ग्रीष्म के दिनों में वहाँ का आकाश स्वच्छ नीला रहता है; और उसे केवल सफेद बादल की टुकड़ियाँ अलंकृत करती हैं, ऐसी टुकड़ियाँ जो स्वयं हृदय के आकार की होती हैं। और क्या वहाँ एक विशाल और लोकप्रिय मोम-संग्रहालय भी है जहाँ केवल ऐसे वृक्ष हैं जिन पर छोटी-छोटी तख्तियाँ लटकती रहती हैं और उन तख्तियों पर सिर्फ़ प्रसिद्ध नायकों, मियों और अपराधियों के नाम ही लिखे रहते हैं ?

"है कि नहीं ? पेरिस की उन सड़कों-गलियों का अचानक जाल-सा बुन जाता है ! वे अशान्त हैं, हैं ना ? वहाँ सदा सब कुछ ठीक नहीं रहता और ऐसा हो भी कैसे सकता है ? कभी कोई दुर्घटना हो जाती है, लोग इकट्ठा हो जाते हैं। आस-पास की गलियों से लोग शहरी चाल से बढ़ आते हैं। उनके पैर शायद ही सड़क की पटरी को छूते हैं, उन सबको कौतूहल रहता है और निराश होने का डर भी। वे जल्दी-जल्दी साँसें लेते हैं और अपने सिर को भीड़ में घुसाकर देखना चाहते हैं । जब कोई एक-दूसरे से छू जाते हैं, तो विनम्र होकर क्षमा माँगते हैं —'मुझे दुख है ! यह मुझसे अनजाने ही हो गया ! भीड़ बहुत है, क्षमा कीजिएगा ! सचमुच यह मेरी ही ग़लती थी, यह मैं मानता हूँ।...मेरा नाम है..मेरा नाम जेरोमे फारोसे है। मैं खुद क़बों में पंसारी हूँ। क्या मैं आपको कल दोपहर के भोजन के लिए निमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त कर सकता हूँ ? मेरी पत्नी को इससे अत्यधिक प्रसन्नता होगी !' वे इस तरह से बातें करते हैं। सड़क पर शान्ति छा जाती है और चिमनियों का धुँआ घरों के बीच में फैल जाता है। ऐसा ही होता है।...और यह भी सम्भव हो सकता है कि कभी नगर के एक प्रमुख भाग में दो गाड़ियाँ रुकें ! नौकर गंभीर मुद्रा में दरवाजा खोले। उसमें से सबसे बढ़िया नस्ल के आठ एलसेशियन कुत्ते नाचते हुए निकलें और सड़क पर भौंकते हुए, शिकार करते हुए कूदते फिरें; और लोग कहें कि ये बहुरूपी वेश में पेरिस के उच्च वर्ग के डेंडी युवक हैं।"

उसकी आँखें पूरी बन्द थीं। जैसे ही मैं चुप हुआ, उसने दोनों हाथ मुँह पर रख लिये और जम्हाई ली। उसके कपड़े बहुत ही गंदे थे। वह शायद किसी शराबखाने से उठाकर फेंक दिया गया था और उसे अभी तक पूरी तरह होश नहीं आया था।

इस समय ऊषा बेला थी, जब रात्रि और दिन मिलते हैं और जिसके आगे अनायास ही हमारा सिर झुक जाता है; सब ओर पूर्ण निस्तब्धता रहती है और फिर बिना हमारे जाने ही सब कुछ विलीन हो जाता है। जब हम इधर-उधर देखते हैं तो कुछ दिखाई नहीं देता—हवा का चलना भी मालूम नहीं पड़ता, परन्तु अन्तस्मृति में हमें दीख पड़ते हैं ये घर—और सौभाग्यवश ये चिमनियाँ जिनके द्वारा घरों का सारा अंधकार बह जाता है। और यह भी एक सौभाग्य होगा, कि प्रातः फिर ऐसा दिन होगा, जब मनुष्य सब कुछ देख सकेगा—यह अविश्वसनीय-सा लगता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

WITH
THE
BEST COMPLIMENTS
OF

GOENKA COMMERCIAL CO.,

MERCHANTS
AND
COMMISSION AGENTS

11, CLIVE ROW,
CALCUTTA-1

PHONE 22-1271

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस समय उस शराबी ने अपनी पलकें ऊपर उठाईं—उसकी आँखों में चमक आ गई थी। वह टूटे हुए वाक्यों में बोला, "बात यह है .... बात यह है कि मैं बहुत उनींदा हूँ.....यहाँ से मैं सोने जाऊँगा, बेन्तज प्लेस में मेरा साला रहता है। मैं वहाँ जाऊँगा। क्योंकि मैं वहीं रहता हूँ और वहीं मेरा बिस्तर भी बिछा है। मैं अभी जाऊँगा; मुझे केवल यह पता नहीं है कि उसका नाम क्या है और वह कहाँ रहता है? मुझे लगता है कि मैं भूल गया हूँ, परन्तु इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता, क्योंकि मुझे यह भी मालूम नहीं कि मेरा कोई साला है भी या नहीं? फिर भी मैं अब जाता हूँ। आपके विचार से, क्या मैं उसे ढूँढ़ लूँगा?"

इस पर मैंने बिना सोचे ही कहा, "अवश्य! परन्तु आप अजनबी हैं, आपके नौकर इत्तफ़ाक़ से आपके साथ नहीं हैं, क्या मैं आपको अपने यहाँ ले चल सकता हूँ?"

उसने उत्तर नहीं दिया। मैंने उसकी ओर अपनी बाँहें बढ़ा दीं ताकि उसे सहारा मिल जाये।

[मूल जर्मन से उषा जैन द्वारा अनूदित]

●

[जोग भरथरी का : पृष्ठ १७३ का शेष]

"चलेगा माँ! हमेशा चलेगा! जब तक खादी का राज है—हज़ार मिल-कारखानों के बावजूद खादी-ग्रामोद्योग का यह घाटे का जोग चलता ही रहेगा।" भरथरी ने खादी का रूमाल निकालकर मुँह पोंछते हुए कहा।

"फिर भी देख लो पुत्र! तुम सयाने और समझदार हो! साहित्य-योग आदि लेते तो क्या ठीक न रहता?" माता बोलीं।

"अरी बावली माँ! कवि, साहित्यकार या उनकी संस्थाओं को कौन पूछता है आज-कल! बहुत हुआ हज़ार-पाँच सौ इनाम-पुरस्कार दे डाला। खादी से संबंधित इन भण्डारों-संस्थाओं आदि को जितनी धनराशि मिलती है उसका एक लाखवाँ भाग भी यदि साहित्यिक संस्थाओं या साहित्यकार को मिलता तो राष्ट्रभाषा हिन्दी ही नहीं—देश की अन्य भाषाएँ भी अंग्रेज़ी से कम नहीं रहतीं।"

"सोच ले बेटा! मेरी राय में तो गुरु गोरखनाथ का चेला बनकर तुझे सिद्धि होती। तू जोग ले-ले मेरे कुँवर कन्हैया!" माँ ने अनुरागमयी वाणी में कहा।

"नहीं माँ! मेरा निश्चय अटल है—चन्द्र टलै सूरज टलै...." कहकर गोपीचन्द राजा ध्यानमग्न हो गया।

सो सज्जनो! इस प्रकार धारानगरी के राजा गोपीचन्द भरथरी ने 'जोग' लेने से इन्कार कर दिया।

●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : DYESGLUE

SINGHANIA & SONS
PRIVATE LIMITED

15, C. I. T. ROAD, CALCUTTA.

Phone : 22-2812, 22-2813

BOMBAY ❀ **KANPUR**

DYESTUFFS	CHINA CLAY
CHEMICALS	FOR
SYNTHETIC RESINS	ALL INDUSTRIES
(AEROLITE BRANDS	MILL STORES
FOR WOOD INDUSTRY)	ETC.

Mill Agents for :

Ciba of India Limited

FOR WEST BENGAL, BIHAR, ORISSA, KANPUR & ADJOINING TOWNS

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बदहवासी योंही बेइन्तहा बुरी चीज है। फिर नशे की बदहवासी! इन्सान कैसी-कैसी हरकतें नहीं कर बैठता? लीजिए, कुछ नशे की, कुछ बे-नशे की बदहवासियों के कुछ दृष्टान्त।

सम्पादक-'ज्ञानोदय' के विनम्र अनुरोध का हम पर यह असर हुआ कि उनका पत्र मिलते ही हमने इस विषय पर लिखना तय कर लिया और हम पर उसी वक्त बदहवासी के दौरे पड़ने शुरू हो गये। हालाँकि बदहवासी लफ़्ज़ बहुत मामूली और खूब जाना-पहचाना है, फिर भी हमने 'फ़ीरोजुल्लुग़ात' उठाई और अर्थ देखना शुरू किया। लिखा था—बेहोशी, परेशानी, हैरानी! सारा मज़ा किर-किरा हो गया। जो मूड बन चुका था वह भी बिगड़ गया। बदहवासी तो जीवन की वह घटना है, जिससे मनुष्य के भीतर और बाहर रस और आनन्द का संचार होता है और वातावरण में क़हक़हे-से गूँज उठते हैं। भला लुग़ात के फीके-से शब्दों में यह रस और यह कहकहे कहाँ-से होते! हमने लुग़ात बन्द कर दी और अपने-आपको कुरेदने लगे। हमारे जीवन में ऐसी घटनाएँ बहुत घटी हैं और हर रोज़ घटित होती हैं; लेकिन इस वक्त कोई याद नहीं आ रही थी।

हम उठे; सोचा कि ज़रा घूम आयें। कुछ देखें-सुनेंगे और कुछ अपनी बातें याद आयेंगी और घर लौटकर लिख देंगे।

हम सीधे उर्दू बाज़ार पहुँचे, क्योंकि वहाँ जामा-मस्जिद के क़रीब 'चंडूख़ाना' नाम का जो सस्ता होटल है वहाँ हर वक्त ऐसे अदीबों और शायरों की भीड़ रहती है जो पैदायशी बदहवास होते हैं। उनकी हरकतें देखेंगे और बातें सुनेंगे तो काफ़ी मसाला हाथ लगेगा। लेकिन हम अभी होटल भी नहीं पहुँचे थे कि बाज़ार ही में एक शायर-दोस्त से मुलाक़ात हो गई। उनके साथ एक चिर-परिचित पाकिस्तानी अदीब थे जो दिल्ली घूमने आये थे।

"वाह, वाह, कैसी रही? हम इनसे तुम्हारी बाबत ही पूछ रहे थे!" पाकिस्तानी अदीब ने कहा और हम खूब तपाक से मिले।

हम लोग फ़्लोरा में जा बैठे और बातें क्या होतीं क्योंकि हमें तो 'ज्ञानोदय-सम्पादक' के विनम्र अनुरोध का ध्यान था। मौक़ा मिलते ही अपने शायर-दोस्त से कहा, "अपनी कोई बदहवासी की बात सुनाइये।"

"शराब पी लें तो सुनायेंगे।" दोस्त ने झट उत्तर दिया।

"फिर जो बातें करेंगे, वे सब बदहवासियाँ ही होंगी।" पाकिस्तानी अदीब बड़े प्यार-से मुस्कराते हुए बोला।

बदहवासियाँ : मेरी और उनकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्हें जल्दी थी, इसलिए वे दोनों चले गये; और हमें 'मजाज़' भाई की याद आई और कई घटनाएँ दिमाग़ में ऊधम मचाने लगीं। सब जानते हैं कि 'मजाज़' शराब बहुत पीते थे बल्कि उनकी बेवक्त मौत भी शराब के कारण ही हुई। लेकिन यह बात बहुत कम लोगों को मालूम होगी कि 'मजाज़' आम तौर पर बिल्कुल चुप रहते थे, लेकिन शराब पीकर खूब चहकते थे; मगर वह जो बातें करते थे उनमें बदहवासी कम और होशमंदी ज्यादा होती थी। मिसाल के तौर पर एक वाक़या सुनिये :

'मजाज़' दिल्ली में थे और 'आज़ाद हिंद' होटल में ठहरे हुए थे। एक बार वह शराब पीकर वहाँ से निकले और नशे में झूमते हुए एडवर्ड पार्क पहुँचे। पार्क के बीच एक बहुत बड़ी मूर्त्ति है जिसमें एडवर्ड घोड़े पर सवार है। 'मजाज़' ने मूर्त्ति के नीचे खड़े होकर

ऊपर देखा––देखते रहे और फिर बड़े जोर का क़हक़हा बुलन्द किया।

खूब हँस लेने के बाद आहिस्ता-आहिस्ता बादशाह को मुखातिब करके कहा, "साले, चढ़ तो गये! अब उतरोगे कैसे ?"

इसी तरह वह एक बार शराब के नशे में धुत्त अमीनुलदौला पार्क, लखनऊ में खड़े थे। सामने से एक साहब चले आ रहे थे, जिन्होंने हैट उलटा पहन रखा था। 'मजाज़' ने उन्हें हाथ के इशारे से पास बुलाया और हैट की तरफ़ इशारा करके पूछा, "क्यों साहब, आप जा रहे हैं या आ रहे हैं?"

देखा जाय तो यह बदहवासी की नहीं होशमन्दी की बातें हैं। और इस सिलसिले में हमारा अपना अनुभव भी यही है कि शराब का नशा बदहवास को चाहे ज्यादा बदहवास बना देता हो, लेकिन होशमन्द को और ज्यादा होशमन्द बना देता है। अलबत्ता पोस्त का नशा आदमी को ज़रूर बदहवास बना देता है क्योंकि जितने पोस्ती हैं, बदहवासी के लिए बदनाम हैं। उनके क़िस्से अगर आप शाम को सुनने बैठें तो सुनते-सुनते सुबह हो जाये और मन ज़रा भी न ऊबे; बल्कि हँसते-हँसते पेट में बल पड़ जायें। बानगी के तौर पर एक क़िस्सा तो सुन ही लीजिये :

एक पोस्ती साहब ने इत्तफ़ाक से नया जूता खरीदा। उसे पहनकर घर से निकले और चलते-चलते तरंग में आ गये। बस अब क्या था, बीच सड़क में लेट गये। किसी मनचले ने देखा कि पोस्ती साहब इस दुनियां में नहीं हैं। झट उसके नये जूते उतारकर अपने पुराने पहना दिये।

थोड़ी देर में एक तांगेवाला भी उधर आ निकला।

"हे, कहाँ लेटा है ? रास्ता छोड़ !" वह ज़ोर से चिल्लाया। पोस्ती साहब की तरंग टूटी। आँखें उघाड़कर पैरों पर नज़र डाली। नये जूतों की जगह पुराने देखकर ठाठ से कहा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Shri Bihar Orissa Colour Company

DYES, CHEMICALS AND AUXILIARY PRODUCTS

for

TEXTILE, SILK, WOOL, RAYON, JUTE, PAPER,
NYLON LEATHER, PAINT & INK INDUSTRIES

Selling Agents to :
(In Bihar, Orissa & Nepal)

THE ATUL PRODUCTS LIMITED, BULSAR

Manufacturers of :
Acid, Basic, Direct, Light Fast, Sulphur, Naphthol, Fast Bases, Fast Salts, Rapid, Vat Group of Dyes., & Optical Bleaching Agents.

and

THE ANIL STARCH PRODUCTS LTD., AHMEDABAD

Manufacturers of :
Maize Starch, Thin Boiling Chemical Starches, Dextrins, Yellow & White, British Gum, Powder & Liquid Glucose Etc.

CHOWK, PATNA CITY-8.

Phone : 8167. Grams : BAGICHA

WITH BEST COMPLIMENTS OF

Pho Numbers 23 7301
23-6436

PARTS SERVICE INDIA LIMITED

30, CHITTARANJAN AVENUE,

CALCUTTA-12.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



कालटेक्स सेल्स इन्जीनियर के बग से योजनाओं का पुलिन्दा, संगठित लुब्रिकेशन द्वारा व्यय-नियंत्रण के लिए निकल रहा है--कालटेक्स का "हानि-निरोधक" कार्यक्रम। यह कार्यक्रम शीघ्र ही प्रारंभ कीजिये। संगठित लुब्रिकेशन आपको उत्पादन, साधारण तथा ऋण हानि से बचायेगा। यह बचत आपको सीधे तौर से ४ प्रतिशत का लाभ देगी।

कम्पनियों के पदाधिकारी कालटेक्स दफ्तर से इस बकलट की निःशुल्क प्रति तथा अन्य सूचनाएँ प्राप्त कर सकते हैं कालटेक्स के संगठित लुब्रिकेशन द्वारा अपने लाभ म वृद्धि करें।

CALTEX

कालटेक्स (इण्डिया) लिमिटेड
कलकत्ता, बम्बई, दिल्ली, मद्रास

CALTEX (INDIA) LTD. BOMBAY • DELHI • CALCUTTA • MADRAS

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"ले जाओ ऊपर से, यह हमारी टांग नहीं है।"

भंग का नशा कुछ और ही ढंग से बदहवास बनाता है। हमने यह तजरबा एक बार किया है और उसके बाद कान को हाथ लगा लिया कि ज़िन्दगी में यह नशा फिर नहीं करेंगे और नहीं किया।

सात-आठ साल पहले की बात है। हम कुछ दोस्तों के साथ होली खेलने निकले। घूमते-घुमाते, रंग-गुलाल उड़ाते जब हौज काज़ी पहुँचे तो देखा, सामने दुकान पर भंग छन रही है। यार लोग लपके। बहुत आना-कानी की, लेकिन एक गिलास हमें भी पिला दिया।

थोड़ी देर बाद जब हम नई सड़क पर से गुज़र रहे थे तो यकायक ऐसी तब्दीली आई कि ज़मीन-आसमान घूमते नज़र आये और हमें अपनी क्षीण काया में महाबली नटराज की शक्ति महसूस होने लगी। बस अब क्या था, जो कोई भी सामने आया उसी से कंधा रगड़कर कहना शुरू किया, "क्यों भंग पी रखी है ? देखकर नहीं चलते !"

हालांकि भंग उस ग़रीब ने नहीं, हमने पी रखी थी। चाँदनी चौक में पहुँचते-पहुँचते तो यह हालत हो गई कि हमने हर किसी से पकड़कर कहना शुरू किया—"सुनिये साहब, हम आप को 'ग़ालिब' का नया शेर—बिलकुल नया शेर सुनाते हैं जो आज ही हम पर नाज़िल हुआ है।"

"सुनाइये !" अजनबी कौतूहल से भरकर हमारी ओर देखता और हम नाटकीय ढंग से दोनों हाथ हिलाते हुए तथाकथित शेर पढ़ते :

'जो होश में, जो होश में
वह काठ का उल्लू !'

पीछे से यार लोग क़हक़हा बुलंद करते और सुनने वाला मुस्कराते-लजाते चल पड़ता।

बहुत-सी बातें हुईं और अभी जाने

और क्या-क्या होतीं कि कम्बख्त डाक्टर ने मरफ़िया के इंजेक्शन देकर हमें सुला दिया और सारे अरमान दिल में ही रह गये। बड़ा अहंवादी नशा है यह, इसकी बदहवासियां भी ऐसी हैं कि सुनाते हुए शर्म आती है।

लेकिन किसी भी नशे की ज़रूरत क्या है! हमने सोचने-लिखने का जो मुस्तक़िल मर्ज़ पाल रखा है, उसके कारण हमेशा ही ऐसी बातें और घटनाएं हो जाती हैं कि सुनने और देखने वाले हँसते हैं। हम खुद हँसते हैं और फिर बीते दिनों की घटनाएँ भी बड़े फ़ख्र से सुनाते हैं। आप भी पहले बीते दिनों की एक बात सुनिए :

सन् १९३८ की बात है, हम लुधियाना में रहते थे और दसवीं जमात की एक ट्यूशन पढ़ाते थे। उन्हीं की तरफ़ से रिहायश का इंतज़ाम था। एक बहुत बड़ी बिल्डिंग में ऊपर की मंज़िल के हमीं हम मालिक थे पर शर्त यह थी कि जब कभी हम बाहर जायें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोहनलाल एण्ड कम्पनी

५६, सुतार चाल, बम्बई नं० २

अधिकृत विक्रेता

रोहतास इन्डस्ट्रीज़ लि०

डालमियानगर

पोस्टरपेपर, डुप्लेक्स बोर्ड, कव्हर पेपर, क्रोमो आर्ट बोर्ड, क्रोम बूत्र, क्रोम लेड आदि के व्यापारी

भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड

सफेद कोढ़ के दागों की

गुणकारी दवा, मूल्य सिर्फ ५ रुपये। डाक व्यय १ रु० २५ नए पैसे।
विशेष जानकारी के लिये विवरण पत्रिका मुफ्त मंगावें!

एक्झिमा गिला और सुका, इसब और गजकरण (दाद) भी साफ हो जाता है।
मूल्य ५ रुपये, डाक-व्यय १ रु० २५ नए पैसे।

वैद्य के. आर. बोरकर (D) आयुर्वेद भवन

मु० पो० मंगरूलपीर, जि० अकोला (महाराष्ट्र)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तो सीढ़ियों का ताला बंद करके ताली दुकान पर देते जायें।

लिखने का नया-नया शौक था। कहानी तो बाद में लिखना शुरू किया, उस वक्त उर्दू में शायरी करते थे, हर वक्त शेर उतरते रहते और हम उन्हें "मफ़ऊल फायलुन, मफ़ऊल फायलुन" की गर्दान पढ़कर तौलते रहते। कई बार इसी धुन में इतना खो जाते कि कुछ-का-कुछ कर बैठते। एक दिन जब हम ऐसे ही मूड में चाबी पकड़ाने गये तो जिस लड़की को हम ट्यूशन पढ़ाते थे, उसके पिता दीवान साहब ने कहा, "यह क्या ?"

हमने चौंककर देखा तो उनके हाथ पर चाबी की जगह ताला रखा था।

अब यह मर्ज और बढ़ गया है। कोई कहानी या लेख अधूरा छोड़कर अगर नहाने-खाने के लिए उठ जायें तो घर भर में यों घूमते हैं जैसे कोई नींद में चल रहा हो। अपनी तरफ़ से तौलिया कंधे पर रखकर गुस्लखाने की तरफ़ बढ़ते हैं, लेकिन श्रीमतीजी टोकती हैं: 'यह गुड्डी की फ़राक क्या करोगे ?" और जब नहाकर बाहर निकलते हैं तो लड़का मुस्कुराकर कहता है: "पिताजी ने बनियान उलटी पहन रखी है!"

आज ही की ताजा घटना यह है कि प्रस्तुत लेख लिखते-लिखते बीच में उठना पड़ा। 'शेव' का डिब्बा अपनी जगह पर नहीं था। हम दस मिनट तक आलमारी के सामने खड़े सूनी आँखों से ताकते और मन में डूबे सोचते रहे।

"क्या ढूंढ़ रहे हो ?" श्रीमतीजी ने पूछा।

"तौलिया कहाँ है ?" हमने पलटकर कहा।

"क्यों, शेव कर ली ?"

"ओह, हम तो शेव का डिब्बा ढूंढ़ रहे थे।"

सिर्फ़ हमारी ही बात नहीं। हर इंटलेक्चुअल को बदहवासी के दौरे पड़ते हैं और अक्सर पड़ते हैं। किसी दार्शनिक का क़िस्सा है--शायद आपने भी पढ़ा या सुना होगा, लेकिन सुन लीजिये:

दार्शनिक महोदय यूनिवर्सिटी में प्रोफ़ेसर थे। उनके हाथ में हर वक्त एक छड़ी रहती थी। जब पढ़ा कर घर लौटते तो कमरे में दाखिल होते वक्त छड़ी किवाड़ की ओट में रख देते, आप खुद पलंग पर लेटकर आराम फ़रमाते। थोड़ी देर में चाय आ जाती।

एक दिन जब नौकरानी चाय लेकर कमरे में आई तो देखती क्या है कि छड़ी पलंग पर रखी है और खुद प्रोफ़ेसर साहब किवाड़ की ओट में खड़े कुछ सोच रहे हैं।

सोचने ही से नहीं, ज्यादा खुशी और ज्यादा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With best compliments of :

Bagri Steel Industries (Private) Ltd.

Manufacturers of :

Bright Steel Bars, Bolts, Nuts, Rivets &
General Forgings etc.

138, CANNING STREET,
(Ground Floor)
CALCUTTA-1.

Factory :

TETULTOLLA, AGARPARA.

Distributors :

NATIONAL MACHINERY STORES
138, Canning St., Calcutta-1.

Phone : Office : 22-2256
,, 22-3127
Resi. 33-4734

Gram : "BAGRISTORE"

Tel : 22203 Gram : BAGICHA

SUKHANAND SHANKERLAL JAIN & CO. PRIVATE LTD.

Direct Importers of :

ACID, BASIC, DIRECT, LIGHT FAST, SULPHUR,
NAPHTHOL, FAST BASES, FAST SALTS,
INDIGOSOLS, VAT GROUP OF DYES & ALIZARINE

47, DARIASTHAN STREET,
VADGADI, BOMBAY-3.

Branches :

Pathak Habash Khan, Delhi-6. Gram : BAGICHA Phone : 225364

22, Hathipala Road, Indore. Gram : BAGICHA Phone : 7705

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रंज से भी आदमी बदहवास हो जाता है। बदहवासी हद से बढ़ जाये तो उसे पागलपन या उन्माद कहते हैं। सामान्य स्थिति में भी हरएक आदमी सोचता है, हरएक आदमी रंज या खुशी महसूस करता है, इसलिए कम या ज्यादा हरएक आदमी से बदहवासी की हरकतें होती हैं। मुहावरे सामान्य जीवन के तथ्य हैं, इसलिए सामान्य व्यक्ति की बदहवासी भी मुहावरा बन गई है। पहले न सुना हो तो अब सुन लीजिये—'बच्चा बग़ल में, ढिंढोरा शहर में।'

कई बार आप पर यह कैफ़ियत गुज़री होगी कि घड़ी हाथ में है और आप दूसरों से पूछ रहे हैं कि घड़ी कहाँ है?

लेकिन असल क़िस्सा यों है कि हज़रत शेखचिल्ली एक बार मेला देखने गये। एक पाँच-छः साल का बच्चा उनके साथ था। मेले में भीड़-भाड़ देखी तो बच्चे को बग़ल में उठा लिया। इसी हालत में सारा मेला घूम आये और घर पहुँचकर देखा कि साथ बच्चा तो है नहीं। सोचा कि मेले में खो गया।

बस अब क्या था, तुरंत ढिंढोरा पिटवा दिया। पर किसी ने देखकर कहा, "हज़रत, यह क्या, बच्चा बग़ल में, ढिंढोरा शहर में?"

हमारा खयाल है कि यह भुलक्कड़ व्यक्ति जिसका नाम शेखचिल्ली है बदहवासी का बादशाह और सहज सरलता और निरीहता का प्रतीक है। उसका कोई युग निश्चित नहीं है। वह हर ज़माने में, हर व्यक्ति के भीतर रहता है। यही कारण है कि उसके चुटकुलों में जो मज़ा है वह बीरबल के चुटकुलों में नहीं। बीरबल तो होशियार और चालाक आदमी है, चुटकुलों में भी बुद्धि का चमत्कार दिखाता है। ●

साहित्यकार बनाम टाइपिस्ट

लेखक को रचना लौटाते हुए सम्पादक बोला, "महाशय, आपकी हस्तलिपि पढ़ी नहीं जाती, कृपया इसे टाइप करके ले आयें! फिर विचार करूँगा।"

बिचारे लेखक ने अपनी रचना को जेब में रख लिया और उठते हुए कहा, "सुनिये महोदय, यदि मुझे टाइप ही करना आता तो आज साहित्यकार बनने की नौबत न आती!"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"चुप रह, सोता क्यों नहीं ?"

"नहीं दादी, कल की कहानी पूरी कहाँ हुई है। तुमने कहा था, आज....।"

"चल, चुप सो जा। बारह बज रहे हैं !"

"नहीं, मैं नहीं सो सकूँगा। पहले.... !"

दादी चिढ़ गयी। बड़ी देर तक वह झुँझलाती रही। अपने-आप न जाने क्या बड़बड़ाती रही। उसकी बड़बड़ाहट सुनकर मैं रो पड़ा। सिसकने लगा। दादी को न जाने क्या हुआ कि उसने उठकर मेरे दोनों गाल दबाये और उन्हें जोर से चूम लिया। बोली, "बड़ा हठीला है ! सुन, कहानी सुनाती हूँ।"

मेरे आँसू एक साथ सूख गये और मैं हँस पड़ा। दादी ने पूछा, "कल कहानी कहाँ छोड़ी थी ?"

"मैं क्या जानूँ दादी !"

दादी फिर झुँझलायी, "क्या सुनता है फिर ?" थोड़ी देर चुप रही। फिर उसने कहा, "हाँ, याद आ गया, सुन !"

कमरे में अँधेरा था। मेरी छाती पर दादी के बूढ़े हाथ थे और वह कहानी कहे जा रही थी :

•

ऐसे-ऐसे एक गाँव में एक बूढ़ा किसान रहता था। उसकी मिहरिया बड़ी चतुर थी। एक दिन किसान ने कहा, 'सुना है, औरतों को बड़े तिरिया-चरित्तर आते हैं। तुम जानती हो ?' वह बोली, 'तुम्हें इससे क्या मतलब ? क्यों अपना दिमाग इस तरफ़ लगाते हो ?'

'नहीं,' वह बोला, 'जरूर तुम झूठ बोल रही हो। तिरिया-चरित्तर तुम्हें आते तो जरूर दिखाती।'

यह उसके लिए चुनौती थी। बोली, 'तिरिया-चरित्तर देखना ही चाहते हो तो जरूर दिखा दूँगी। पर तब जो आफ़त आये उसके लिए दोष मुझे मत देना !' यह बात सुनकर किसान की जिज्ञासा और बढ़ी। वह सोचने लगा : जरूर यह कोई बड़ी चीज़ है। वह सब कुछ सहने के

'तिरिया-चरित्तर' की महिमा अनन्त है; इसके क़िस्से सृष्टि के आदिकाल से चले आ रहे हैं। लीजिये, इसी प्राचीन परम्परा की शृंखला में कुछ आधुनिक कड़ियाँ जो इस देश के विभिन्न अंचलों की 'तिरियागाथा' कहती हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिए तैयार हो गया।

यह बात आयी-गयी हो गयी। एक पखवारा बीत गया। किसान बराबर अपने मन-ही-मन मुस्कुराता रहा। वह सोचता रहा कि इसने चरित्तर जरूर दिखाये होंगे, पर मुझ पर वह चल नहीं सके।

एक दिन किसान की मिहरिया बाजार गयी। वहाँ से कुछ मछलियाँ ले आयी। उसके कुछ टुकड़े उसने अपने खेत में जाकर दबा दिये। दूसरे दिन सुबह जब किसान खेत जोतने पहुँचा तो एकाएक उसे मछलियों के टुकड़े मिले। वह बेहद खुश हुआ। उन टुकड़ों को बाँधकर वह घर ले आया और अपनी मिहरिया से बोला, 'आज बियारी में छकाछक हो जाय। ये ले मछरियाँ ही मछरियाँ हैं।'

रात को किसान की औरत ने वही पतली पेज बनायी। थाली देखते ही किसान आग-बबूला हो उठा और डंडा उठाकर अपनी मिहरिया को पीटने लगा। मिहरिया जोर-जोर से चीखने लगी। उसकी आवाज़ सुन कर एक खासी भीड़ वहाँ जमा हो गयी। एक ने पूछा, 'क्यों भाई, अपनी गइया जैसी सीधी मिहरिया को क्यों मारते हो?'

उसने कहा, 'यह बड़ी हरामखोर है। मैं कल मछरियाँ लाया, पर इसने वे मछरियाँ न जाने किसे दे दीं और मेरे सामने वही पेज रख दी।'

मिहरिया जो अब तक जोर-जोर से चिल्लाकर रो रही थी, बोली, 'इनसे पूछो तो ये मछरियाँ कहाँ से लाये थे?'

किसान जोर से चिल्लाया, 'खेत से, और कहाँ से।'

अब क्या था। सुनकर सब हँस पड़े। खेत में कहीं मछलियाँ होती हैं! यह जरूर पागल हो गया है! और उसी पागलपन में ही यह

तिरिया - चरित्तर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सबकी पसंद का ताश — पापुलर

सब जगह घरों में तथा क्लबों में ताश के खिलाड़ी वर्षों से पापुलर ताश के पत्तों को ही पसंद करते हैं। क्योंकि यह उच्च स्तर के बढ़िया सख्त बोर्ड से बनाया जाता है। आकर्षक डिजाइनों में मिलता है और इसे फेंटने और खिसकाने में आसानी होती है।



POPULAR

आज ही पापुलर ताश की एक गड्डी खरीदिये।

पापुलर फाइन आर्ट लिथो वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड,

१३३-सी, वकोला, सान्ताक्रुज (पूर्व)
बम्बई-५५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपनी मिहरिया को पीट रहा है। सब ने मिलकर उसे पकड़ लिया। एक कोठरी में उसे बन्द करते हुए वे बोले, 'चार दिन भूखा रहने दो, पाँचवें दिन अपने आप अक्ल दुरुस्त हो जायगी।'

किसान की मिहरिया मुँह में कपड़ा ठूँसकर चुपचाप भीतर चली गयी। जब सब चले गये तो उसने कोठरी का दरवाज़ा खोला और मछली का एक टुकड़ा किसान को दिखाकर बोली, 'लो मछरियाँ चाहिएँ ?' वह मछली लेने उचका ही था कि मिहरिया ने फिर चिल्ला दिया, 'अरे, दौड़ो रे, यह तो जान लेकर रहेगा !'

लोग फिर जमा हो गये। अब की बार उसकी खूब मरम्मत हुई और उसे लोगों ने साँकल से बाँध दिया। अब बेचारा किसान क्या करता ! उसका सारा बदन दर्द करने लगा था। वह चुपचाप एक कोने में दुबका पड़ा रहा। आधी रात के समय उसकी मिहरिया ने फिर दरवाज़ा खोला और बोली,' 'देख लिया तिरिया-चरित्तर कि अभी और देखना है ?'

किसान बेहद गिड़गिड़ाया, तब कहीं उसकी औरत ने उसकी साँकल खोली। फिर दोनों ने बैठकर बड़े प्रेम से मछलियाँ खायीं। सो जैसे दिन.... !''

●

उसके बाद की कहानी का मुझे पता नहीं। कहानी हो भी नहीं सकती। वह तो यहीं खतम हो गयी थी, पर उसके साथ ही मैं सो गया था। यह सारी कहानी मेरी दादी ने ठेठ बुंदेलखण्डी भाषा में सुनायी थी। सबेरे जब मैं उठा तो अपने-आप मुस्कुरा रहा था। कल की कहानी आज भी ताज़ा थी। मुझे लग रहा था, ज़रूर ऐसा कोई वाक़या मेरे ही सामने हुआ है।

यह कोई बीस बरस पुरानी बात है। मेरी दादी आज इस दुनिया में नहीं हैं, परन्तु उसकी बतायी ढेर-सी कहानियाँ जब-तब मुझे बराबर याद आ जाती हैं। इसी के बाद तो मेरे मन में लोक-जीवन के प्रति आकर्षण बढ़ा था। हमारे लोक-जीवन का ज़र्रा-ज़र्रा सरल और सुहावना है। हर जगह एक अजीब मस्ती-सी तैरती मिलती है। उसकी कहानियों में प्यार और मनुहार, व्यंग्य और विनोद और हास्य की इतनी अधिक मात्रा होती है कि एक बार कोई कहानी सुन भर ले, ज़िन्दगी भर भूलना कठिन होता है।

●

तब आधी रात बीत चुकी थी और दूर से 'करमा' के बोल सुनाई दे रहे थे : किसी लम्बी कथा को शायद गीत में बाँधा गया था। मैं ध्यान लगाकर सुनने लगा। हवा में तैरते बोल क़रीब आते-से लगें। गीत की लय और तान में मेरा मन खो गया। मंगलू शायद समझ गया था। बोला, ''मालिक, ये औरतें गा रही हैं, अभी मरद उसका जवाब देंगे।''

मैंने कहा, ''यह सवाल-जवाब किस बात पर है रे ?''

वह बोला, ''साहब, एक पुरानी कहानी है। कहानी लम्बी है। सार यह है कि एक दिन भरी दोपहर को एक औरत गाँव में गँवड़े से जा रही थी। नीचे झिरिया थी। वहाँ एक आदमी बैठा था। उसने कहा, 'अरी, भरी दोपहर को कहाँ जा रही है ? यहाँ जामुन के झाड़ के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नीचे छोटी-सी झिरिया है। बड़ी गहरी छाया है यहाँ। दोपहर [illegible] विरम के तब जइयो।''

उस औरत के पैर चिलचिलाती धूप में फट रहे थे। वह वहाँ चली गयी और दोपहर लौटे घर वापस आयी। तीन महीने के बाद उसे पता चला कि उसका तो पेट रह गया

है। उसने उस आदमी से यह बात कही, तो वह साफ़ टाल गया। औरत परेशान हुई। उसने अपनी सहेलियों से यह सारा क़िस्सा सुनाया। सबने मिलकर सारे गाँव के मरदों से बदला लेने की ठानी। एक औरत उसी झिरिया के नीचे हर दोपहर को छिप जाती। बाक़ी आसपास झाड़ियों में होतीं। कोई पुरुष वहाँ से निकलता तो वह औरत अपनी सुरीली आवाज़ में कहती: "मैं देवी झिरिया के तीर। जो आकर माँगे, सब मनोरथ पूरे हों।''

पहला आदमी वहीं था, जिसके पीछे यह सब झगड़ा शुरू हुआ था। वह वहाँ पहुँचा तो सारी औरतों ने मिलकर उसकी नाक काट ली।

वह बेचारा रोता-किलपता बाहर आ गया। पर गाँव में यह बात वह किससे कहे! उसी की तो हँसी होती! उसने उल्टे प्रचार करना शुरू कर दिया कि झिरिया के पास देवी है, जो मनचाहा वरदान देती है। फिर क्या था, एक-एक कर लोग वहाँ जाने लगे और औरतों ने गाँव के पूरे पचास आदमियों की नाकें काट डालीं। यह सिलसिला शायद चलता रहता यदि एक दिन उनमें से एक औरत का आदमी ही वहाँ नहीं पहुँचता। उसके बाद गाँव के मरद और औरतों में समझौता हो गया पर पचास आदमी नकटे ही रह गये।''

हे-हे, हाय-रे-हाय !

दोनों मिलेंगे रे रामा, हो हाय-रे-हाय ऽऽ

यह गीत की अंतिम टेक थी। रात गहरी होती जा रही थी। मंगलू चला गया था और मैं औरतों की इस बहादुरी के कारनामे अपने मन में एक साथ इकट्ठे करता जा रहा था।

●

...और गरमी की दोपहर ! राजस्थान का एक गाँव—बीर।

पहली बार यहाँ दो बरस पहले आया था। एक दिन ठहरा था। इस बार कुछ समय निकालकर आया; कम-से-कम तीन दिन का। यहाँ की धरती का ज़र्रा-ज़र्रा रस और उमंग से सराबोर है। सूखी रेत पर जैसे जीवन का सागर उमड़ता-सा जान पड़ता है। मुझे लगता है, ये हँसना न सीखते तो शायद यहाँ ज़िन्दा भी नहीं रहते। यहाँ के बड़े-बड़े आख्यान और वीर काव्यों में भी हास्य-व्यंग्य की अनुपम छटा देखने को मिलती है।

उस दिन सन्तराम मेरे पास आया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाँव का कोटवार ! आते ही मुझे पहचान गया। पहले भी तो उसने देखा था।

मैंने पूछा, "क्यों सन्तू, फ़ुरसत है ?"

बोला, "अपने को काम ही क्या है, हुजूर !"

"तो बैठ।" मैंने कहा और वह बैठ गया। यहाँ-वहाँ की बातें होती रहीं। मैंने उससे कहा, "तुम्हारे यहाँ तो औरतों का ही राज चलता है न ?"

वह बोला, "हुजूर, इस पूरे देश में लगता है जैसे औरतें ही राज्य करती हैं ! उनका कहाँ नहीं चलता !" फिर उसने दो क़िस्से एक में जोड़कर बखान दिये। बोला :

"बात पुरानी भी है और नयी भी, साहब ! एक घर में दो औरतें थीं। दोनों का ब्याह हो गया था। एक का पति युद्ध में बाहर गया था। दूसरे का पति घर में ही था, पर था वह बहुत बौना। जब कभी उसकी औरत पानी भरने जाती तो वह उसका आँचल पकड़ लेता और कहता, 'मुझे गोदी में ले चलो !' जब वह आटा पिसाने जाती तो वह हठ करने लगता कि पहले खाना खिला जा। जब वह खाना बनाने बैठती तो वह हठ करने लगता कि पहले उसे लकड़ी की एक गाड़ी खेलने के लिए चाहिए। कई बार वह गोद में चढ़ जाता और तब औरतें उसे उसका भाई समझतीं।

वह औरत अपने ऐसे पति से परेशान थी। दूसरी औरत भी चिन्ता में थी। उसके पति को गये तीन दिन हो गये थे। तीसरे दिन उस औरत का मन अपने-आप उतर गया, तो पहली ने कहा, 'चिन्ता मत कर, आज वह वापस लौट आयेगा, खाना बना ले।'

उसकी बात सुनकर वह तुनक गयी। बोली, 'तेरा पति घर में है, इसलिए कहती है ?' यह बात उसकी सास सुन रही थी। वह पास आ गयी और बोली, 'हाँ बहू, यह ठीक कहती है। आज मेरा बेटा ज़रूर वापस आ जाएगा। खाना बना ले।'

उसने 'पूछा कोई खबर आई है ?'

सास हँसी। बोली, 'मेरा जाया है वह, मुझे ख़बर की ज़रूरत क्या है ! मैं जानती हूँ, वह लड़ाई में हमेशा सबके पीछे रहता है और भागने वालों में सबसे आगे होता है। लड़ाई चलते आज तीसरा दिन है। इससे अधिक दिनों तक कोई लड़ाई यहाँ चली नहीं ? आज तो वह आकर रहेगा।"

जब सास यह बात कह रही थी तो बहू ने देखा, हाथ में तलवार लिये उसका पति सचमुच भागता चला आ रहा है। उसे बड़ी लाज आयी और वह चुपचाप भीतर चली गयी।

दूसरे दिन दोनों औरतों ने आपस में बातचीत की कि अपने ऐसे पतियों से कैसे मुक्ति पायी जाय--एक का पति लड़का जैसा बानबूट है और दूसरे का कायर ! आख़िर दोनों ने एक उपाय सोचा..."

यहाँ आकर सन्तराम रुक गया। वह उठकर खड़ा हो गया और ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगा। मैं उसे देखकर हैरान था। अपने-आप यह क्यों हँस रहा है ? मैंने पूछना चाहा कि वह क्यों हँस रहा है, पर वह सुने तब न। पाँच मिनट तक वह हँसता रहा, फिर बोला, "अरे साहब, यहाँ का तिरिया-चरित्तर अजब है, दूसरे दिन उन दोनों औरतों ने अपने मरदों को वह मज़ा चखाया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि फिर दोनों जिन्दगी भर के लिए सुधर गये।"

मैंने पूछा, "क्या किया, उन दोनों ने ?"

उसने कहा, "साहब क्या नहीं किया ! रात को जब वे सो रहे थे, वे उस वानबूट पति को उठाकर दूसरे के पास ले आयीं और दोनों के हाथ-पैर बाँध दिये। सवेरे गाँव भर को दोनों ने खबर कर दी कि ये रात भर झगड़ते रहे हैं और हारकर दोनों ने अपने हाथ-पैर बाँध लिये हैं। यह सुन कर एक भीड़ वहाँ जमा हो गयी। जब दोनों जागे तो देखकर हैरान हो गये और आपस में ही मारा-मारी करने लगे। अब गाँव वालों को भरोसा हो गया कि औरतों का कहना ठीक है। एक खासी भीड़ उन्हें घेरे खड़ी थी और उन पर हँस रही थी। थोड़ी देर तक तो दोनों लड़ते रहे, परन्तु फिर उन्हें अपनी ही कमजोरी का पता चला। अब क्या था, दोनों बेबस अपनी पत्नियों को देखने लगे और दोनों पत्नियाँ वहाँ खड़ी उनका मजाक उड़ाती रहीं।

एक औरत ने कहा, 'अब क्यों नहीं जीतते ! मेरा आँचल पकड़ने के लिए बहादुर बने हो ! अब अपने को छुड़ाते क्यों नहीं ?"

दूसरी बोली, 'लड़ाई के मैदान से भागने वाले हे कायर कन्त ! तुम तो एक अकेले आदमी से भी नहीं निपट सकते। हाय, मेरा भाग्य कैसा है !'

दोनों आपस में बँधे बेबस थे और गाँव भर के लोग हँस रहे थे। अन्त में दोनों ने अपने-अपने पतियों से वचन लेकर ही उन्हें छोड़ा कि वे आगे से न कभी आँचल पकड़कर पीछा करेंगे और न लड़ाई से भाग कर आयेंगे।"

सन्तराम ने एक लम्बी साँस ली और फिर हँसने लगा। बोला, "साहब, यहाँ की औरतों ने आदमियों की जिन्दगी सुधारी

है, वरना सब निकम्मे होते ! यह तिरिया-चरित्तर यहाँ बड़ा काम आया है, साहब !"

●

समय गुज़रता रहता है। यादें भूलती जाती हैं। हिन्दुस्तान के एक बड़े हिस्से में मैं घूमा हूँ—मध्य प्रदेश के बस्तर-छत्तीसगढ़, बिहार के सावरा हिस्सों में बंगाल के संथालों, हिमालय के नागाओं और दक्षिण के खोंड़ और कंधों को देखा है। कई लोकों और कई हिस्सों के गीत सुने हैं, कई कहानियों को दुहराया है, हर जगह मुझे उनमें हास्य और व्यंग्य के अद्भुत दर्शन मिले हैं। उनका यह व्यंग्य जिन्दगी का अपना एक क़तरा बनकर जैसे उनके भीतर से ही उमड़ा है और कई स्वरों में मुखरित होकर फैला है।

मैंने लगभग बीस कहानियाँ ऐसी एकत्रित की हैं, जो सब एक ही सवाल पर हैं—औरतें क्या हैं ? तिरिया-चरित्र कैसा होता है ? ऊपर की कहानियाँ कुछ मिसाल हैं। दूर-दूर होते हुए भी एक हैं। औरतों की महिमा निराली है। मुझे अपने एक पड़ोसी की याद अक्सर आ जाती है। मियाँ-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बीवी में बराबर झगड़ा होता रहता था। एक दिन झगड़कर बीवी मायके चली गयी। पति लाला जगत नारायण ने चैन की साँस ली। तय कर लिया कि कभी पहल नहीं लेंगे और किसी भी हालत में उसे मायके से जाकर नहीं लायेंगे। महीने भर तो बीवी खिंची रही, फिर उसके पत्र आने शुरू हो गये। पत्रों में अक्सर इस बात की दुहाई होती कि उसे अपनी चिन्ता नहीं, बल्कि लाला जी के स्वास्थ्य की चिन्ता है–वह कैसे

रहते होंगे, क्या खाते होंगे? उनके बिना उसका पेट नहीं भरता! लाला हर पत्र मुझे दिखाते थे और दाँत चबाते हुए कहते थे, "देखा भाई, इस औरत को! मुझसे लड़े बिना इसे वहाँ भी खाना हज़म नहीं होता!"

मैंने कहा, "नहीं लालाजी, असल में यह सब भाभी का प्रेम है, इस रूप में इसे क्यों नहीं सोचते?"

लालाजी बहुत ज़ोर से हँसे। बोले, "जाने के पहले वह क़सम खा गयी थी कि न कोई पत्र देगी, न वापस आयेगी। वापस आयेगी तो मुझसे क़सम खवाकर ही कि मैं उससे कभी झगड़ा नहीं करूँगा और बराबर उसका कहा मानूँगा। पर...."

लालाजी ने ज़ोर की साँस ली, आगे बोले, "भाई साहब, बहुत दिनों बाद मुक्ति मिली है। कम-से-कम साल भर अकेले चैन से रहेंगे! चाहे वह कितने ही पत्र क्यों न लिखे।"

लालाजी की इस प्रतिज्ञा की मैंने सराहना की। मैं उनका गृहस्थ-जीवन जानता था। भाभी के जाने के बाद लाला खुश भी रहने लगे थे।

लेकिन इस बात के चौथे दिन ही सवेरे-सवेरे उन्होंने मेरी साँकल बजायी। मैंने दरवाज़ा खोला तो लालाजी भीतर आकर कुरसी पर बैठ गये और अपना हाथ अपने कपाल पर पीटने लगे। मैं तो सकपका गया। कहीं भाभी को कुछ हो तो नहीं गया? मैंने घबराकर पूछा, "क्या बात है लालाजी, भाभी तो ठीक हैं न?" लालाजी ने अपना बायाँ हाथ ज़ोर से अपनी छाती पर मारा और दाहिने हाथ से एक तार निकालकर मेरी ओर बढ़ाकर बोले, "अब मैं क्या करूँ भइया, तुम्हीं बताओ?" मैंने तार खोलकर पढ़ा–वह भाभी का तार था। लिखा था—'मेल से रवाना हो रही हूँ। दोपहर का खाना घर पर ही खाऊँगी।'

लालाजी को वहीं बैठा छोड़कर मैं बाहर चला गया। ज़ाहिर है, इस तिरिया चरित्र के सामने मेरा भी कोई ज़ोर नहीं है। और आज मैं सोचता हूँ कि यदि लालाजी की यही कहानी मैं कहीं लोक-कथा कहकर सुना दूँ, तो निश्चय ही यह लोकसाहित्य के अथाह भंडार की ही एक कड़ी समझी जाएगी।

●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

MARUBENI-IIDA CO., LTD.

(Incorporated in Japan)

EXPORTERS, IMPORTERS & ENGINEERING
CONSULTANT & PLANTS.

Head Office :
P.O. Box Central 1000
OSAKA, JAPAN
Cable : MARUBENI
OSAKA

Calcutta Office :
P-34, India Exchange Place,
Branches in India
Bombay, New Delhi, Madras

Tokyo Office :
P.O. Box Central 595
TOKYO, JAPAN
Cable : MARUBENI
TOKYO

A VITAL LINK IN WORLD TRADE WITH MORE
THAN 65 NET-WORK OF BRANCHES
THROUGHOUT THE WORLD

BUYERS OF

Jute
Jute Goods
Oils & Oil Seeds
Minerals
Scraps
Hides & Skins
Fancy Skins
Textiles
Textile Raw Materials
Sugar Salts & other food stuffs
Various other
Indian Produces

IMPORTERS OF

Textiles
Yarns
Textile Sundries
Non-Ferrous Metal Products
Iron & Steel Products
Chemicals & Chemical Products
Paper & Pulp
Marine & Agricultural Products
Fertilizer
Electrical Goods
Precision Tools & Implements
Machineries of all Sorts & Plants
Sundries

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

FOR ALL SORTS OF

YOUR REQUIREMENTS OF COMMERCIAL AND DECORATIVE PLYWOOD, BLOCK BOARDS, TABLES, DECORATIVE VENEERS AND FLUSH DOORS :—

PLEASE WRITE, RING-OR CALL AT

Prakash Plywood Agency

56, Chittaranjan Avenue
Calcutta-12.
Phone 34-1383

Local Agents for :

THE ALBION PLYWOOD LTD.

11, Clive Row.
Calcutta-1.

MANUFACTURERS OF COMMERCIAL & DECORATIVE PLYWOODS & BOARDS FROM THE BEST QUALITY TIMBERS & FACED WITH THE DECORATIVE EXPERTLY MATCHED VENEERS OF WALNUT, TEAK, CHINAR, ROSE ETC.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



रामसरन शर्मा

स्वामी झाँसानन्दजी

जब भक्त ने सुना कि स्वामीजी ने उसके लिए सोने की जगह प्लैटिनम बनाने का प्रयोग किया है, तो उसका अन्तस् श्रद्धा-भक्ति से अभिभूत हो उठा।....लेकिन फिर स्वामीजी के लिए झाँसानन्द नाम की सार्थकता का क्या रहस्य है ?

बात सच्ची है। यह न समझिएगा कि यों ही आए दिन के छपे समाचारों से हमने यह कहानी गढ़ ली है। एक मित्र की आपबीती है। अलबत्ता कई बरस पहले की अवश्य है।

हुआ यह कि मित्र खूब धनी घर के थे। सो जवान होते ही बिगाड़ने वाले काफ़ी मित्र बन गये। मित्र को ऐसा लगा कि उनमें विशेष गुण हैं तभी तो उन पर जान देनेवाले इतने शरीफ़ लोग एक साथ उन्हें मिल सके हैं। अब ऐसे सच्चे मित्रों का संग भला पढ़ने कैसे दे सकता था! यों भी लक्ष्मी और सरस्वती का पुराना बैर चला आ रहा है। सो मित्र महोदय बहुत थोड़ा ही पढ़ पाए। पर अन्य बातें सिखाने में उनके मित्रों ने कसर न छोड़ी।

परिणाम वही हुआ जो होना था: घरवालों ने लगाम कस ली। माँ—जो अभिभावक थीं—कड़ी पड़ गयीं और मित्र महोदय का ज़ेब-खर्च बाँध दिया गया। यद्यपि यह साधारणतया काफ़ी था, पर ऐसे नवयुवक के लिए, जिसके कई वफ़ादार पुरुष तथा स्त्री मित्र हों, यह एकदम निर्धनता का प्रतीक था।

फिर ऋण का सहारा लिया गया, पर कब तक? वह राह भी बन्द होती दिखाई दी तो मित्र को दिन में तारे दीखने लगे। कैसे रुपया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हाथ आए, यह समस्या उन्हें व्याकुल करने लगी। कहते हैं कि जिस वस्तु की आन्तरिक कामना हो वह निश्चय ही प्राप्त होती है। सो भगवान की असीम अनुकम्पा से मित्र की भेंट एक परम योगी, सिद्ध पुरुष से हुई। नाम तो उनका कुछ और ही था पर आपके लिए वहीं नाम ठीक रहेगा जो मित्र ने उन्हें बाद में दिया—स्वामी झाँसानन्दजी महाराज!

स्वामीजी को समस्त सिद्धियाँ प्राप्त थीं। कामरूप देश के रहने वाले थे, बाल रेशमी तथा घने थे। आँखें मशाल के समान जलती थीं। घण्टों समाधि लगा सकते थे। और क्योंकि सिद्ध-पुरुष थे, सो खाद्य-अखाद्य तथा पेय-अपेय में भेद न मानते थे। सिगरेट हरदम पीते थे, चाय दिन में दस बार। परम तांत्रिक होने के कारण सन्ध्या को वारुणी का सेवन भी होता था। गाने के भी खूब शौक़ीन थे।

कहने का तात्पर्य यह कि वह मित्र पर छा गए। यह समझिए कि 'एक ही जलवे में वह बन गए सौदाई'। स्वामीजी को भी उनमें गुण दीखे। तो जब गुरु ने चेले को तथा चेले ने गुरु को पा लिया तब यदि घण्टों अकेले बैठकर दोनों बातों का हलवा घोटते तो आश्चर्य क्या था!

धीरे-धीरे मित्र ने अपना दुख स्वामी झाँसानन्द पर प्रगट किया। गुरु बोले, "बस इतनी-सी बात है। हम बन्दोबस्त करेगा। शोना बना देगा, शिखा भी देगा।"

भक्ति से गद्गद हो मित्र उनके चरणों में लम्बायमान हो गए।

स्वामीजी ने बताया कि सोना बनाना अति साधारण बात है। वह क्योंकि संसार-त्यागी हैं सो उसे छूते नहीं, पर मित्र को चेला बनाकर सोना बनाना सिखा देंगे। वह जब चाहे, बना लिया करेगा।

मित्र ने स्वामीजी की आदर-भक्ति और भी ज़ोरों से आरम्भ कर दी; जैसे-तैसे क़र्ज़ लेकर भी।

तय पाया कि हरिद्वार चलकर सोना बनेगा। सो दल-बल सहित चलने की तैयारी हो गयी। स्वामीजी की आज्ञानुसार अधिक भीड़ न ली गयी, बस केवल एक अनन्य प्रेमिका को ही साथ रखने की आज्ञा मिली।

हरिद्वार पहुँचकर डेरा डाला गया। एक सुनसान बाग़ हरिद्वार से दूर तलाश किया गया। कहानी यह गढ़ी गयी कि हीरे की भस्म बनाई जा रही है।

स्वामीजी के लिए रेशम के नए गैरिक वस्त्र बने। चाँदी-मढ़ा कमण्डल खरीदा गया। वारुणी, सिगरेट, चाय का धारा-प्रवाह इंतज़ाम किया गया।

झाँसानन्द ने प्रायः दो सौ रुपयों के सामान ख़रीदवाये—नाना प्रकार की औषधियाँ, गाड़ी भर उपले, लोहे के दो तवे, जो सोने के हो जाने थे। स्वामीजी द्वारा पहाड़ों से खोजकर लायी गयी औषधियाँ साथ थीं।

स्वामीजी ने कहा, "पहिले मित्र तथा देवी को चेला-चेली बनना होगा, मरघट में चलकर।" मित्र का हृदय बैठने लगा। पर सोने का लालच तथा क़र्ज़ का ध्यान उन पर हावी हो गया।

सिद्धि आधी रात को हुई—चिता की आग लेकर; पर जब मित्र की प्रेमिका को स्वामी जी भैरवी बनाने लगे तो मित्र अड़ गए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

For supply of

* PAPER * BOARDS * STRAW BOARDS
* PRINTING INKS & ALLIED LINES
* LARGEST HOUSE IN GUJARAT
* SAURASHTRA & CUTCH

Please Contact :

Kalyan Paper Mart

Importers & Wholesale Stockists :

646, CHAR RASTA,

NAVA DARWAJA ROAD,

AHMEDABAD.

Distributors

* ROHTAS INDUSTRIES LTD. DALMIANAGAR
* THE RATLAM STRAW BOARDS MILLS LTD., RATLAM
* HOOGHLY INK CO. (BOMBAY) LTD., BOMBAY
* STANDARD PULP & PAPER FACTORY, NASIK

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Phone : 31277, 78, 79
Grams : Jhaver.

LALA GOPIKRISHNA GOKULDOSS.

(Agency Department)

114, Mint Street, Madras - 1.

Sole Selling Agents for South India

for :

1. **Harbans Lal Malhotra & Sons P. Ltd. Calcutta.**
   for Bharat, 6 Morning blades, Steel files, Hacksaw blades, Bandsaw & Metal cutting bandsaw blades.
2. **Panama Private Ltd. Calcutta.**
   for Panama blades.
3. **Indian Hardware Industries Ltd. New Delhi**
   for Hinges and Tower bolts.
4. **Government Hydrogenation Factory, Calicut**
   for Vanaspathi and Refined oil.
5. **Ratlam Straw Board Mills Private Ltd. Ratlam (M.P.)**
   for Straw-boards.
6. **Medexport, Moscow, U.S.S.R.**
   for Pharmaceuticals.
   etc. etc.

Bombay Branch :

11, Western India House, Sir P. Mehta Road.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"कोई बात नहीं," झाँसानन्द ने कहा, "तुम नहीं मानता, न शही। कल तुमको दूशरा भैरवी का बन्दोबश्त करने से काम चलेगा।"

सो दुहरी चपत खाकर फिर बन्दोबस्त किया गया। किराए की भैरवी आई। मित्र को चेला बनाकर चलता कर दिया गया। और शेष सिद्धि के लिए स्वामी झाँसानन्द जी महाराज, भैरवी तथा एक अदद देसी शराब की बोतल लेकर घर के ही एक कमरे में बन्द हो गए। रात भर सिद्धि चली।

फिर सवेरे उन तवों को उपलों में रखकर चिता-सी बनाई गयी। औषधियाँ पड़ीं और आग दे दी गयी।

चूँकि प्रयोग कई दिन चलना था, सो चिता के लिए एक भैरवी, मांस, मछली, मदिरा आदि का प्रबन्ध मित्र के मत्थे पड़ा।

काम चालू हो गया।

मित्र मगन। डटकर ऐश फ़रमाने लगे। अब क्या है? कुछ दिनों में दोनों तवे सोने के हुए जाते हैं! सारा क़र्ज़ निपट जायगा। फिर जब चाहे सोना बनाया और मौज की। न व्यापार की आवश्यकता न रोज़गार की।

नित्य मुँह अँधेरे स्वामीजी उस जलती आग का परीक्षण करने स्वयं जाते। और किसी को साथ जाने की आज्ञा न थी। रात-भर बेचारे स्वामीजी भक्त के लिए भैरवी तथा मदिरा-मांस के साथ साधना करते। कुछ उस निरन्तर साधना का ही प्रताप था कि स्वामीजी की आँखें और लाल हो गयी थीं, वाणी में ओज आ गया था, शरीर की नस-नस फड़कने लगी थी।

मित्र की आस्था तथा आशा का अन्त न था। स्वामीजी साक्षात् सिद्ध थे, योगिराज थे, भगवान थे?

जब कई दिन हो गए तो एक दिन मित्र स्वामीजी के चरणों में पड़कर गिड़गिड़ाए, "प्रभो, अब सोना कब बनेगा? यहाँ तो फाँक हो गए हैं। अब कृपा कीजिए, दयालु! वह (प्रेमिका का नाम लेकर) भी कुछ बिदक रही है।"

झाँसानन्द हँसे और बोले, "दो-चार दिन में तैयार होता है। शबुर करो, तब तक हम तुमको औशधि देगा मन्त्र से बनाकर; वह उशको देने से, वह वशीभूत हो जायगा। घबराओ मत।"

मित्र ने उनके चरणों की धूल सर पर चढ़ा ली।

स्वामीजी ने इक्यावन रुपए का नुस्ख़ा और बता दिया, वशीकरण के लिए। कष्ट करके स्वयं ही दवाएँ भी लाए।

फिर दवा बनाकर मित्र को दी। कहा, "पिलाकर दिन में हमारे पूजा के कमरे में भेज देना। सब ठीक हो जायगा।"

अब मित्र मना करने की हैसियत में न थे। आकंठ श्रद्धा तथा विश्वास से भरे थे।

कोई दो घण्टे पूजा कराके उनकी प्रेयसी बाहर आ गयी। मित्र आश्वस्त हुए।

दूसरे दिन स्वामीजी सोने की भट्टी को देखकर आए तो बड़ी प्रसन्न मुद्रा में थे। मित्र का कलेजा उछलने लगा, "क्या बात है, महाराज? सोना बन गया क्या?"

स्वामीजी हँसे, "भाग्यवान हो तुम, बच्चा! हम पहिले नहीं बोला था, काहे से, हमको अपने प्रयोग पर विश्वाश नहीं था। पर हमनेशोचा कि प्रयोग कर देखें। तुम्हारा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

LALA GOPIKRISHNA GOKULDOSS

(Agency Department)

114, Mint Street, Madras-1.

Phone : 31277, 78, 79 Grams : Jhaver.

Agents for :

Quality Paper & Boards & Vulcanised Fibre products & Textile Card Cans.

Manufactured by :

M/s Rohtas Industries Ltd.
Dalmianagar (Bihar)

and

for "ALBION" Plywood

Manufactured by :

M/s Albion Plywood Ltd.,
11, Clive Row.
Calcutta-1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इतने शोने से क्या होगा ? सो प्लैटिनम का आयोजन किया था ।''

मित्र उछल पड़े, "फिर ? प्लैटिनम बन गया ?''

"लगभग," कहकर स्वामीजी चुप हो गए।

मित्र को प्लैटिनम चौंधिया रहा था। बोले, "कहिए न, कसर क्या है ?''

"उसमें एक शहस्त्र रुपयों का शोना पड़ना चाहिए ।''

मित्र चुप। स्वामीजी चुप। तभी मित्र की प्रेमिका ने उन्हें अलग बुलाकर कुछ कहा। काफ़ी देर तक ज़िद की। अपने कानों के बुन्दे, हाथ की अँगूठी उतारने लगी। क़सम देने लगी। मित्र स्वामीजी के वशीकरण का प्रभाव समझकर लहालौट हो गए।

और राय मान ली गयी।

शाम तक मोटर गिरवी रख दी गयी। कुल चौबीस घण्टों की ही तो बात थी। फिर एक क्या, चार मोटरें खरीद सकते थे।

बिचारे स्वामीजी सोना लेने भी स्वयं ही गए।

फिर रातभर मन्त्र पढ़ते रहे।

सवेरे उठकर प्रसन्नचित्त मित्र ने अपनी प्रेमिका से कहा, "लो भई, आज संकट कट गए। बस, अब तुम हो और हम हैं। सोने से लाद दूँगा।''

"सब स्वामीजी की मेहरबानी है !'' उसने कहा।

पर स्वामीजी थे कहाँ ! न कमरे में, न घर में !

कुछ देर बाद जब मित्र ने जाकर देखा—यह सोचकर कि कहीं कोई एक्सीडेंट न हो गया हो—अलाव ठण्डा पड़ा है। मित्र के पसीना छूट गया। हाथ-पाँव सनसनाने लगे। गुरु की श्रद्धा तिरोहित होने लगी।

जल्दी-जल्दी हाथ की छड़ी से पड़ी राख को कुरेदा। वहाँ कुछ न था। फिर इधर-उधर झाँका। झाड़ियों को टटोला। देखा कि दोनों तवे, एकदम लोहे के कुछ दूर, झाड़ी में पड़े थे।

मित्र को चक्कर आ गया।

प्रेयसी ने आँचल से हवा की, पसीना पोंछा।

दिन भर नगर में स्वामीजी की खोज की गयी। फिर बचा-खुचा सामान बेचकर दोनों ने घर का टिकट कटाया।

प्रेयसी ने जी भरकर स्वामीजी को गालियाँ दीं किन्तु अपने पर्स के गुप्त खाने में छिपे पाँच सौ रुपयों की चर्चा न की।

खोए-से मित्र घर आए। प्रेयसी भी रूठ गयीं क्योंकि मित्र बार-बार उस दो घंटे की गुप्त पूजा के विषय में पूछते थे, सन्देह से, कुरेद-कुरेदकर। अपने एकान्त प्रेम का यह निरादर सुन्दरी से सहन न हुआ। उसने संबंध तोड़ दिया।

और मित्र ने अपने सच्चे और प्रथम गुरु का नाम रख दिया—स्वामी झाँसानन्द।

●

हँसो, और जोर से हँसो। जीवन की गर्द झाड़ने का इससे कोई अच्छा तरीक़ा है ही नहीं।

—एडलर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

EXPORTERS, IMPORTERS

AND PAPER MERCHANTS

Gram : CREAMLAID
Phone : 22—2266
22—7904

Bengal Stationery Stores

10, JAC SON LANE,
CALCUTTA-1.

Stockist of :
THE TITAGHUR PAPER MILLS CO. LTD.
BENGAL PAPER MILLS CO., LTD.
ROHTAS INDUSTRIES LTD.
ORIENT PAPER MILLS LTD.
SIRPUR PAPER MILLS LTD.
SHREE GOPAL PAPER MILLS LTD

Sole Distributors of :
M. G. PAPERS FOR THE
STATE OF W. BENGAL FOR
STAR PAPER MILLS LTD.

Dealers in :
ALL KINDS OF INDIAN & FOREIGN
PAPERS & BOARDS

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नया क़ानून कि बेजोत ज़मीन-जंगल हरिजनों को दे दी जायेगी ! पर किसान और बिसवेदार उसे बेजोत रहने दें तब न ! बिचारा रामरखा ! जंगलात के मंत्री का भाषण सुनकर फूला न समाया था कि अब वह भी भूमिपति होगा लेकिन...

●

"वृक्ष लगाना और उनकी रक्षा करना हिन्दू शास्त्रों के अनुसार महान पुण्य कार्य है।" वन-महोत्सव के अवसर पर जंगलात के मंत्री बोल रहे थे, "रेगिस्तान अपनी बाँहें फैलाए लगातार बढ़ता आ रहा है। उसे रोकने का एकमात्र उपाय है वृक्ष लगाना। जहाँ वृक्ष होंगे वहाँ वर्षा समय पर होगी। जहाँ वृक्ष होंगे, वहाँ समृद्धि होगी और जहाँ वृक्ष होंगे वहाँ ऋद्धि-सिद्धि निवास करेंगी ! इसके प्रतीक रूप में आपके स्कूल के आँगन में मैं कीकर का यह वृक्ष आरोपित करता हूँ। मैं आप सबका आभारी हूँ जिन्होंने इस वन-महोत्सव में भाग लिया। मैं आपके गाँव के सभी लोगों का आभारी हूँ जिन्होंने मुझे अपने प्रदेश का सेवक समझकर यह शुभ अवसर प्रदान किया। मेरी कामना है कि यह वृक्ष फूले-फले और अपनी छाया से गाँव के बच्चों, बड़े-बूढ़ों को सदा आनन्दित करता रहे।"

तालियों की गड़गड़ाहट के मध्य मंत्रीमहोदय का भाषण समाप्त हुआ और उन्होंने आगे बढ़कर पहले से निश्चित स्थान पर अपने कर-कमलों द्वारा कीकर की एक कच्ची शाखा को आरोपित कर दिया। तालियों की ध्वनि पुनः गूँजी और सब शान्त हो गया।

●

रामरखा चमार अपने कच्चे खपरैल वाले मकान के द्वार पर बैठा हुक्का गुड़गुड़ा रहा था। मंत्रीजी के शब्द उसके कानों में अब तक बराबर गूँज रहे थे।

जंगल और ज़मीन

एक मंत्री, एक बाबा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसके गाँव के चारों ओर तो पीलू और कैर का भरा-पूरा जंगल ही है। किन्तु इतना घना जंगल होते हुए भी पीढ़ी-दरपीढ़ी उनकी तो दुर्दशा ही होती रही है। दो-चार वर्ष में एकाध बार समय पर वर्षा हुई तो उन्हें खेतों में काम मिल जाता है अन्यथा आकाश ताकते ही प्रायः पीढ़ियाँ बीत गई हैं। पीलू और निंजू एकत्र करके स्टेशन पर यात्रियों के हाथों बेचकर किसी प्रकार अधपेट समय काटा है। तब क्या मंत्रीजी झूठ. . .

रामरखा ने एक भरपूर कश खींचा। कुछ आनन्द नहीं आया। उसने चिलम पर हाथ रखा जो कभी की ठण्डी हो चुकी थी। फिर आवाज़ लगाई, "जीवनी की माँ ! ओ जीवनी की माँ !"

"क्या है ?" उत्तर सुनाई पड़ा और रामरखा चिल्लाया, 'अरी, थोड़ी कर्सी (उपले की आग) तो ला दे। चिलम ठण्डी हुई पड़ी है।"

जीवनी की माँ उपले की आग चिमटे में पकड़े बाहर आयी तो रामरखा उसे देख मुस्कुरा दिया। जीवनी की माँ को उसका इस प्रकार व्यर्थ मुस्कुराना भला न लगा। वह चिड़चिड़ाकर बोल उठी, "बकरियों के सामने पाल्ला (कटी हुई झाड़ी) नहीं डालना है जो बैठे चिलम-पर-चिलम ठण्डी किये जा रहे हो ?"

रामरखा ने उपले को चिमटे से तोड़ते हुए कहा, "जीवनी की माँ ! चिलम भरी पर दो कश भी पिया नहीं ! मैं इन मंत्रियों की बातें सोच रहा था। ये कहते कुछ हैं और होता कुछ है !"

"बकने दो इन्हें, तुम्हारा क्या लेते हैं !" जीवनी की माँ ने अखरते हुए कहा।

"नहीं, जीवनी की माँ ! लेने को ससुर मेरे पास धरा ही क्या है ! मुझे तो हँसी इस बात पर आ रही है कि वे कहते हैं कि जहाँ वृक्ष है वहाँ समृद्धि है। जहाँ वृक्ष हैं वहाँ 'नौ निद्धि बारह सिद्धि' रहती है। जो ऐसी ही बात होती तो मेरी धोती हमेशा फटी हुई रहती ? मेरे कुर्ते में यों पैबन्द होते, जैसे जूती गाँठ रखी हो ?" और रामरखा ने अपनी धोती और कुर्ता जीवनी की माँ को दिखाये।

"पता नहीं, क्यों बहक रहे हो ? एक चप्पा धरती पास नहीं और बिरछों के गीत गा रहे हो ! अपनी धरती होती तो अपने बिरछ होते; और तब अपने घर 'नौ निद्धि और बारह सिद्धि' होती। मैं कहती हूँ, हुक्का पीकर बकरियों के आगे पाल्ला डालो और दूध निकाल लो। खामखा इन मन्त्रियों-सन्त्रियों के चक्कर में न पड़ो। इस चक्कर में पड़े तो न घर के रहोगे, न घाट के, समझे !"

रामरखा जल्दी-जल्दी फूँक मारकर उठ खड़ा हुआ। हुक्का भीतर एक कोने में लगा दिया और बकरियों के सामने पाल्ला डालने चला गया।

●

"जीवनी की माँ ! ओ जीवनी की माँ !" रामरखा ने उतावली से घर में प्रवेश करते हुए आवाज़ लगायी।

"क्या है ?" जीवनी की माँ अन्दर से चिल्लायी।

"अरी इधर आ, तुझे एक खुशखबरी सुनाऊँ।"

और खुशखबरी के नाम जीवनी की माँ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत में अंगरेज़ी राज

(दो खंडों में)

पं० सुन्दर लाल द्वारा लिखित इतिहास प्रसिद्ध इस ग्रन्थ में अंग्रेजी राज के प्रारम्भिक १०० वर्षों के अकाट्य तथ्यों का ब्यौरा दर्ज है। दोनों खण्डों में कुल मिला कर १०१९ पृष्ठ हैं और कई एक बहुत दुर्लभ चित्र भी हैं। इस पुस्तक की कुछ ही प्रतियाँ शेष हैं। आज ही अपना आर्डर भेज कर प्राप्त कीजिए।

मूल्य :—कपड़े की जिल्द में : १० रु० प्रत्येक खण्ड
कागज की जिल्द में : ८ रु० प्रत्येक खण्ड

मिलने का पता :—

प्रकाशन विभाग

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली–६

DA 62/366

WITH BEST COMPLIMENTS FROM

Telephone : 23513
Telegram : STATIONERS

P. Moonirathinam Naidu & Sons

Established : *1913*

H. O. VELLORE
BRANCH : TIRUNELVELI

10, STRINGER STREET,
MADRAS-1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भागी हुई बाहर आयी। आते ही बोली, "मेरे भाई की सगाई आ गयी क्या ?"

"वाह-री-वाह, बिल्ली को चूहों के सपने !"

"तब और क्या नई बात हो गई ?"

'अरी, अब तू भी जमीन्दारनी होगी, जमीन्दारनी !"

"धुत्, पागल कहीं के। मैं क्यों होने लगी जमीन्दारनी। मेरे लिए बने रहें आप ! जमीन्दार के मैं आग लगा दूँ जो मेरी तरफ़ फूटी आँख भी देखे !"

"धुत्, पागल कहीं की। अरी, क़ानून बन रहा है कि जितनी बिना जोत की धरती पड़ी है, वह सब हरजनों में बाँट दी जाए।"

"राम-राम-राम, क्या बात करते हो ! दूसरों की धरती ज़बरदस्ती कब्ज़ा कर नरक में जगह बनाओगे ?"

"तुम तो भोली हो जीवनी की माँ ! हम अपने-आप थोड़े ही कब्ज़ा करेंगे ! वह सरकार अपने-आप हममें बाँट देगी ? और जितना जंगल पड़ा है वह सब हमारे हिस्से आएगा।"

"सच ?" जीवनी की माँ की आँखें मारे खुशी के फटी-की-फटी रह गईं,—"धरती अपनी होगी तो जीवनी का ब्याह जमीन्दार की बेटी जैसा धूमधाम से करूँगी ! हे राम ! कभी हम भी धरती वाले होंगे !" और जीवनी की माँ के दोनों हाथ आकाश की ओर बँध गए।

"होंगे, जीवनी की माँ ! ज़रूर होंगे। अब आई है सतयुगी सरकार। इसमें अमीर-गरीब सब एक समान होंगे। कोई बड़ा नहीं होगा, कोई छोटा नहीं होगा। चमार, चमार नहीं रहेगा और बाहमन, बाहमन नहीं होगा। सब एक हो जाएँगे।"

"तब तो मज़ा आएगा जीवनी के बापू ! तब तो देख लूँगी जमीन्दार के बच्चे को ! मैं गई पील तोड़ने और झट-से आ धमका। मेरी तोड़ी-ताड़ी आधी पील ले गया, बोला, हमारे जंगल से पील तोड़ी है ! मैं भी चुप हो गई। जिस दिन जंगल अपना होगा उस दिन दूँगी उसे खाने को पील। एक-एक पील को न तरसा दूँ, तो मेरा नाम भी करमो नहीं !"

●

'बेजोत की धरती हरिजनों में बाँट दी जाए !' इस समाचार से हरिजनों में एक स्फूर्ति का संचार हो गया। जो चर्चा चली है, वह एक-न-एक दिन क़ानून में ज़रूर आएगी ! उस दिन हरएक हरिजन के पास अपनी धरती होगी—इस विचार मात्र से उनमें स्फूर्ति दिखाई पड़ रही थी।

किन्तु समाचार-पत्र में जब इस बनने वाले क़ानून की चर्चा बिसवेदारों ने पढ़ी तो जैसे उनके घुटने टूट गए। 'यह सरकार उन्हें पामाल करके दम लेगी।' यही एक भावना सबके हृदय में उद्वेलित हो रही थी। पीढ़ी-दर-पीढ़ी ख़ाली पड़ी धरती और जंगलात का मुआवज़ा जो वे आज तक भरते आए हैं, क्या इसी दिन के लिए कि जब इलाके में नहर आए, उससे चार पैसे की आशा हो तब उसे हरिजनों के हवाले कर दिया जाए ?

उसी दिन रात को बिसवेदारों और किसानों की बैठक हुई। बैठक में सब एकमत थे—'यों एक अंगुल धरती हम किसी को न देंगे।' वाद-विवाद हुआ और निश्चय हुआ कि गाँव की एक इंच भी धरती बेजोत न छोड़ी जाए। धरती बेजोत होगी तो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हरिजनों को मिलेगी। जब होगी ही नहीं तो क़ानून कहाँ से दिलवा देगा ?

दूसरे दिन प्रातः रामरखा जंगल में गया तो क्या देखता है कि जमींदार और किसान अपने-अपने हल लिये खेतों की ओर जा रहे हैं। उसे आश्चर्य हुआ। अभी हल चलाने की कोई ऋतु, कोई अवसर नहीं। सहसा गाँववालों को आज यह क्या सूझी ! और उसने चौधरी रामरतन को 'जयराम' कह अपना आश्चर्य प्रकट किया।

"चौधरी ! बेमौसम आज यह हल किधर उठाया ?"

"हरिजनों के लिए ज़मीन बाँटने जा रहे हैं !" चौधरी रामरतन, रामरखा को देख मुस्कराया। रामरखा की समझ में कुछ न आया। वह फिर बोल उठा, "चौधरी, अभी तो क़ानून बना नहीं, अभी से क्यों बाँटने चले ?"

"कानून बनने के बाद, भगतजी, कौन बाँटने देगा ? फिर तो आप लोग कानून के ज़ोर पर बटवाएँगे। हमने कहा, क्यों तकलीफ दी जाए, पहले ही क्यों न बाँट दी जाए।"

अब रामरखा की समझ में बात आई और उसके डग अपने-आप गाँव की ओर तेज़ी से बढ़ चले। रास्ते भर आज उसे हल-बैल मिलते रहे और वह समझ गया कि कल का स्वप्न उसका कोरा स्वप्न ही रहेगा। सरकार के चाहते हुए भी वे भूमिदार न बन सकेंगे। इसके लिए उन्हें कुछ करना ही होगा। सरकार के कानों तक उन्हें यह बात पहुँचानी ही होगी।

रामरखा घर आया। उसने हरिजनों को एकत्र किया और परिस्थिति कह सुनाई। निर्णय हुआ कि दो आदमी राजधानी जाएँ और सरकार के किवाड़ खटखटाएं। सरकार चाहेगी तो बिसवेदारों के चलते हल बन्द हो जाएँगे। राजा, राजा है और प्रजा प्रजा। धरती राजा की है, वह चाहे बिसवेदारों को दे, चाहे हरिजनों को। चन्दा करके दो आदमियों के राजधानी तक आने-जाने का खर्च एकत्र कर दिया गया। इन दो आदमियों में एक रामरखा भी था।

रामरखा अपने हरिजन साथी के साथ राजधानी पहुँचा। उसने निश्चय किया था कि वह सबसे पहले जंगलात के मंत्री से ही मिलेगा।

रामरखा ने धुले हुए कपड़े साथ रख लिये थे और राजधानी में घुसते ही उसने कपड़ा बदल डाला। हाकिमों के साथ माथा लेना—साफ़-स्वच्छ वस्त्र तो होने ही चाहिएं। रास्ते के वस्त्र उतारकर थैले में रख लिये थे पर अब समस्या थी कि जंगलात के मंत्री मिलें तो कहाँ ? घर से चलते समय वे उनका नाम पूछना भी भूल गए थे। पर जंगल के

जीवित मक्खी

फ्रांस के एक छोटे-से गाँव की बात है। वहाँ के डाक-घर में जो वृद्ध महिला काम करती थी उसे दूसरों के पत्र पढ़ने में अत्यधिक आनन्द प्राप्त होता था। अतः वह डाकघर में आये सभी पत्रों को खोल-खोलकर पढ़ लिया करती। पास ही दुर्ग में एक चतुर ज़मींदार रहता था। उसे वृद्धा की इस दुर्बलता का पता था। एक दिन उसने एक 'नज़ीर' को बुलाकर उसके सामने ही अपने मित्र को पत्र लिखा :

'हमारे गाँव के डाकघर में जो वृद्ध महिला काम करती है उसे दूसरों की बातें जानने की असीम उत्सुकता रहती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मंत्री को कौन नहीं जानता होगा ? इतने बड़े आदमी ! कोई रिक्शा वाला ही वहाँ उन्हें पहुँचा देगा ।

राजधानी पहुँचते ही रिक्शावाले से डरते-डरते उन्होंने पूछा, "क्यों भई ! जानते हो, जंगलात के मंत्री कहाँ रहते हैं ?"

और रिक्शावाले ने उन्हें ऊपर से नीचे तक देखा—"पाँच रुपये होंगे चौधरी ! कोठी पहुँचा दूँगा ।"

"पाँच ?" रामरखा के मुँह से निकला,

> यहां तक कि डाकघर में आये दूसरों के पत्र वह खोलकर पढ़ लिया करती हैं ।
>
> फिर उसने आगे लिखा कि लिफ़ाफ़े में पत्र के साथ वह एक जीवित मक्खी भी भेज रहा है ।
>
> जमींदार ने यह चतुराई की कि उसने बिना मक्खी रखे ही लिफ़ाफ़ा भेज दिया । 'नज़ीर' इन सारी बातों का साक्षी था ही । उसने रिपोर्ट लिख दी ।
>
> पर जमींदार के मित्र ने जब लिफ़ाफ़ा खोला तो उसमें से सचमुच एक सुन्दर जीवित मक्खी निकलकर उड़ गयी ।
>
> [एक जर्मन लोक कथा]

"पाँच रुपये या पाँच आने ?"

"रुपये, चौधरी, रुपये !"

"तू हमें वैसे ही रास्ता बता दे ।"

"मुझे मालूम नहीं । आगे जाकर पूछो ।"

रामरखा को यह बड़ा विचित्र लगा । गाँव में कोई आता और इस प्रकार रामरखा से किसी का अता-पता पूछता तो वह उसे ठौर-ठिकाने तक भी पहुँचा देता और यह शहरी रिक्शावाला ! पाँच रुपये दो तो पहुँचायेगा, नहीं तो अता-पता देने से भी इनकारी है । और उसका मुँह कड़वाहट से भर गया ।

साथी ने कहा, "पाँच रुपया माथे मारो । कहाँ ढूँढ़ते फिरोगे रामरखाजी !"

पर यों किराये के पाँच रुपये देने लगे, तो वे लुट जाएँगे । रामरखा आगे बढ़ चला; साथी उसके पीछे हो लिया ।

अनजान स्थान । न जान न पहचान । जंगलात-मंत्री के नाम सभी सोचने लगते । कौन जंगलात मंत्री ? नाम बोलो चौधरी ! पर चौधरी थे कि बिना नाम जाने ठिकाना पूछ रहे थे । लोग दो-एक मंत्रियों का नाम लेते पर हारकर कह उठते, "किसी और से पूछो बाबा !"

दो घण्टे बीत गए पर जंगलात-मंत्री का पता न चलना था, न चला । रामरखा को अब अनुभव हो रहा था कि इससे तो रिक्शेवाले को पाँच रुपया देते तो झट-से काम हो जाता । यह शहर है जहाँ पानी भी पैसों सें मिलता है । उन्होंने एक रिक्शावाले को आवाज देकर बुलाया, "जंगलात-मंत्री की कोठी चलेगा ? क्या लेगा ?"

"दो रुपया ।"

और रामरखा कुलांच भरता रिक्शे में जा बैठा । इससे सस्ता सौदा नहीं बन सकता । रामरखा ने सोचा, कहाँ पाँच और कहाँ दो !

●

रामरखा अपने साथी सहित गाँव लौटा, तो सारे जंगल में हल फिर चुका था । अपनी-अपनी सीमा पर खेतों की मेड़ें बाँधी जा रही थीं । उसे अनुभव हुआ जैसे वे मेड़ें खेतों के टुकड़े नहीं कर रहीं उसके हृदय के टुकड़े कर रही हैं पर वह कर भी क्या सकता था !

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



Are you seeking more effective waterproofing? Do you need better acoustics control? Or do you insist on the best thermal and colder insulations. Look for the triple service.....

Contact:

R. C. ABROL & CO. (PRIVATE) LTD.

E BLOCK, CONNAUGHT PLACE,
NEW DELHI.

Branches: Calcutta, Chandigarh, Kanpur and Madras.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वह राजधानी एक-दो दिन के लिए गया था और पूरे एक सप्ताह में लौटा था। इस एक सप्ताह में न उसे जंगल-मंत्री के ठिकाने का पता चला न कोई और सहारा। रिक्शा वाला भी उन्हें गच्चा दे गया था। मुख्य-मंत्री की कोठी पर पहुँचाकर किराया ले लौट गया था। मुख्य-मंत्री तब कोठी से जा चुके थे और उनका जाना बेकार सिद्ध हुआ था; फिर भी उन्होंने भाग-दौड़ की थी पर बिना जान-पहचान किसी ने हाथ धरने न दिया था। उनका विश्वास दृढ़ होता जा रहा था कि बिना बिसवेदारों के उनका जीना दूभर है। किन्तु भाग्य से तभी उन्हें मिला था एक कार्य-कर्त्ता। बाबा का चेला, विनोबा का शिष्य। उनका दुःख उसने सुना था, सहानुभूति प्रकट की थी, एक-दो व्यक्तियों से उन्हें मिलाया था और यह आश्वासन दिलाया था कि वे उनके गाँव में आएँगे और धरती दान लेकर उन्हें बाँट देंगे।

रामरखा को गाँव लौटने का सहारा मिल गया था।

●

गाँव में ढिंढोरा फिरा था—'चौक में जलसा होगा। बड़े-बड़े देशभक्त कार्यकर्त्ता भाषण देंगे।' और साँझ पड़ते ही ढोलक और बाजे की धुन के साथ भीड़ एकत्र होने लगी थी। ऐसा लगता था जैसे गाँव उमड़ पड़ा हो।

ढोलक और बाजा समाप्त हुए। परिचय दिया गया:

'आज आपके गाँव में सर्वोदय कार्यकर्त्ता बाबा विनोदानन्द जी पधारे हैं। आपने सारे देश की यात्रा पैदल की है और ग़रीबों, हरिजनों के लिए कई लाख एकड़ धरती एकत्र करने का संकल्प किया है। वे अब आपके सामने अपना मनोहर भाषण करेंगे।'

परिचय सुन श्रोताओं में हल्की काना-फूसी हुई और तब दिव्य ललाट, सिर पर लम्बे केश, ठोढ़ी पर लम्बी दाढ़ी और मूँछ लिये बाबा विनोदानन्दजी आगे आए। उन्होंने कुछ स्तुति पाठ किया और बोले, "भाइयो! धरती हमारी माँ है—यह आप सब जानते हैं। और मैं कहता हूँ, धरती का स्वामी बनना अपनी माँ का स्वामी बनना है। यह सरासर पाप है। इसीलिए हम कहते हैं—धरती दान दो! उन ग़रीबों के लिए, उन पिछड़े हरिजनों के लिए जो धरती के लिए तरस रहे हैं। जो...."

"ए बाबाजी!" श्रोताओं में से एक आवाज़ सुनाई पड़ी। कोई खड़ा चिल्ला रहा था, "ए बाबाजी! सुनिये हमारी बात।"

श्रोताओं ने मुड़कर देखा, उनके गाँव का मुँहफट घसीटा चौधरी खड़ा बोल रहा था, "सुनो बाबाजी! धरती हमारी माँ! इसलिए आप कहते हैं कि उसका ख़सम होना पाप। धरती का ख़सम माँ के ख़सम के समान। पर यह तो बताओ कि माँ का दान कौन से बेद-सास्तर में लिखा है?"

घसीटा की युक्ति सुन बिसवेदार और किसान उठ गये। एक विचित्र प्रकार का शोर चारों ओर से उठता सुनाई पड़ने लगा था। लोग जनता को शान्त करने का यत्न कर रहे थे पर कोई कान न धर रहा था।

रामरखा और उसके साथियों को बहुत निराशा हुई।

●

स्कूल के आँगन में आज फिर भीड़-भाड़ थी। वही जंगलात के मंत्री इस बार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फिर पधारे थे। रामरखा आज भी जलसे में उपस्थित था। मंत्री ने नपे-तुले शब्दों में आज फिर वही भाषण दिया :

'वृक्ष लगाना और उनकी रक्षा करना महान् पुण्य का कार्य है। रेगिस्तान अपनी बाँहें फैलाए लगातार बढ़ता आ रहा है। उसे रोकने का एक मात्र उपाय है वृक्ष लगाना। जहाँ वृक्ष होंगे वहाँ वर्षा समय पर होगी; जहाँ वृक्ष होंगे वहाँ समृद्धि होगी और जहाँ वृक्ष होंगे वहाँ ऋद्धि-सिद्धि निवास करेंगी। इसीलिए हम वन-महोत्सव प्रति वर्ष मनाते हैं और इन्हीं सब का प्रतीक स्वरूप आपके स्कूल के आँगन में कीकर का यह दूसरा वृक्ष आरोपित करता हूँ और आप सबका आभार प्रकट करता हूँ।'

रामरखा के जी में आया कि वह सभा के बीच में चिल्लाकर कहे कि एक ओर आप वन-महोत्सव मनाते हैं, दूसरी ओर भरे-पूरे जंगलात कटवाते हैं। कहाँ हैं वे पेड़ जो पिछले वर्ष गाँव के चारों ओर फैले हुए थे? जो पराए होते हुए भी अपने फलों से गरीबों का खर्च चलाते थे? वह बीच में उठ खड़ा हुआ पर कुछ बोलने की हिम्मत न कर सका। वह धीरे-धीरे सभास्थल से बाहर आ गया। स्कूल के द्वार पर पहुँचकर उसने एक भरपूर अँगड़ाई ली। मुँह की कड़वाहट को दूर करने के लिए धरती पर थूका और दूर तक फैले रेतीले मैदान को ताका। उसे अनुभव हुआ—रेगिस्तान अपनी बाँहें फैलाए आगे बढ़ता आ रहा है। उसे भय हुआ कि कुछ ही क्षण में वह बढ़कर सभास्थल को अपने पंजों में दबोच लेगा। दूर उसे ज़ोर का एक बगूला उठता दिखाई दिया जो अपनी तीव्र गति से स्कूल के मैदान की ओर बढ़ता आ रहा था। रामरखा की दृष्टि स्कूल के आँगन की ओर गई। उसे दिखाई पड़ा, कीकर का वह कच्चा-सा पेड़ जिसकी न अभी जड़ ठीक से जमी थी न तना ही सबल हो पाया था। जिस पर अभी पक्की दातुन थी न तुक्के। छाया की तो अभी बात ही क्या!

सहसा एक ओर से हवा के तेज़ और गरम झोंके का एक थपेड़ा उसे लगा। आँख घुमाकर देखा तो बवंडर बहुत निकट आ पहुँचा था। रामरखा घबराया-सा एक ओर चल दिया जहाँ अब पिछले वर्ष की-सी छाया का नाम-निशान तक न था। थी तो केवल कड़ी धूप, बढ़ता रेगिस्तान और बगूला जो सबको लील लेने के लिए बेचैन दिखाई पड़ रहा था। ●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Block Boards, Laminated Boards, Plywoods

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



आपके मकानों में सुन्दरता और मजबूती के लिये
आज के विज्ञान की देन

एलबियन
के
फ़्लश दरवाज़े

ALBION FLUSH DOORS

ALBION

FOR ALL YOUR ABOVE
REQUIREMENTS
PLEASE CONTACT

INDUSTRIAL SUPPLIERS

13, Dalhousie Square, Calcutta-1.

Gram : TERAZFLOR

Phone : 22-2241

Selling Agents for West Bengal & Bihar

FOR

ALBION PLYWOOD LTD.
CALCUTTA-1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



बाँधने व लपेटने, लेखन व मुद्रण तथा अन्य विशेष आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिये ओरियन्ट पेपर मिल्स विभिन्न प्रकार के उच्च कोटि के कागज तथा बोर्ड बनाती है। प्रवीण टेकनीशियनों के कड़े निरीक्षण के अन्तर्गत आधुनिकतम प्रणाली व नवीनतम यन्त्रों द्वारा निर्मित ओरियन्ट के उत्पादन उत्तम व विश्वसनीय हैं।

ओरियन्ट पेपर मिल्स लिमिटेड

ब्रजराजनगर (उड़ीसा)

उत्पादनकर्ता :

* लिखने और छापने के कागज
* पोस्टर और मनीला पेपर
* वाटरप्रूफ, क्रेप और पोलिथिन-कोटेड कागजों के साथ पैकिंग और रैपिंग पेपर
* डुपलेक्स, ट्रिपलेक्स और ग्रे बोर्ड

ASP/OPM—IA HIN

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

● अहमद सलीम ●

देखिए, सुगन्ध इन ख़तों में है अवश्य, पर फूल
खिलेंगे आपके ही ओठों पर, आप पढ़ें तो सही।

●

"बख़िदमत जनाब प्यारे अब्बाजान × ख़त का जवाब जरूर देना × गली नम्बर सात, मकान नम्बर अब्बाजान से पूछ लो × जिला लाहौर, शहर भी यही है × मेरे अब्बाजान को मिले × नन्हीं रो रही है नहीं तो वह भी आपको सलाम लिखवाती × अब्बाजान, मेरी स्लेट न भूलें—बहुत-बहुत ताक़ीद है।"

यह ख़त नहीं, ख़त का पता है जो एक बच्चे ने अपने बाप के नाम ख़त पर लिखा है, ख़त के अन्त में बच्चे की माँ ने अपने पति को यह शुभ सूचना दी है :

"तुम्हें एक बड़ी खुशी की बात सुनाती हूँ कि अब अपना नन्हा माशाअल्लाह लिखना अच्छी तरह सीख गया है और मैंने इस ख़त का पता उसी को लिखने के लिए कहा है। नन्हें का लिखा हुआ देखोगे तो आँखों में ठंढक पड़ेगी। मुझे मालूम है, तुम कितने खुश होगे........"

चन्द हसीनों के ख़तूत

उर्फ़

बातें जिनमें सुगंध फूलों की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेकिन नन्हें ने जो पता लिखा उससे उसने एक माँ और एक बीवी की उम्मीद का खून कर दिया। इस ग़लत पते के कारण यह खत उस तक न पहुँच सका जिसकी आँखों में इन बेजोड़ और मासूम शब्दों को देखकर ठंडक पड़ती।

पर आप सोच रहे होंगे कि इसमें हास्य और व्यंग्य की क्या बात है भला? सो, विश्वास कीजिये, (झूठे पर खुदा की मार!) कि इतना लम्बा-चौड़ा तूमार बाँधकर मैं भी यही सोचने लगा हूँ। और फिर यहाँ तो एक उलझन भी है। वही उलझन, जो कभी 'ग़ालिब' को 'मीर सरफ़राज़ हुसैन' का खत पाकर आ पड़ी थी। 'ग़ालिब' तो खैर हँसोड़ थे और हास्य के पर्दे में व्यंग्य का बाण चलाना भी जानते थे। उन्होंने झट सरफ़राज़ हुसैन को लिख मारा :

"सुनो मियाँ सरफ़राज़ हुसैन! हजार बरसमें तुमने मुझको एक खत लिखा, वह भी ऐसा कि पढ़ता हूँ इस खत को और ढूँढ़ता हूँ कि मेरे वास्ते कौन-सी बात है? मुझको क्या पयाम है? कुछ नहीं, शायद दूसरे सफ़े में कुछ हो। उधर खात्मा-बिलखैर है। या रब! सरनामा मेरे नाम का, आग़ाज़े-तहरीर में अल्क़ाब मेरा, फिर सारे खत में मीरन साहब का झगड़ा, ये क्या सैर है? मैं ऐसे खत का जवाब क्या लिखूँ? मेरी बला लिखे। अब जो तुम खत लिखोगे और उसमें अपने भाई की खैरो-आफ़ियत न लिखोगे और मीरन साहब का नाम और उनके लिए सलाम तक भी उसमें न होगा तो मैं उसका जवाब आँखों से लिखूँगा। और हाँ मियाँ, फिर तुमने मीर अशरफ़ अली को क्या लिखा कि हमने सुना है कि चचा ने उसका मरना सुना होगा। उस ग़रीब का कहना ये है कि मेरी दोनों बहनें और पाँच भाँजियाँ पानीपत में हैं। क्या चचा को न मालूम होगा कि कौन-सी लड़की मरी? काश! उसके बाप का नाम लिखते कि मैं जानता, कौन-सी भाँजी मरी है! अब मैं किसका नाम लेकर रोऊँ और किसका फ़ातेहा दिलवाऊँ?...."

'हलवाई की दुकान और दादा का फ़ातेहा' वाली कहावत तो आपने सुनी ही होगी। मुझे फ़ातेहा दिलवानी ज़रूर है—दादा को न, सही, आपको सही। लेकिन मेरी मजबूरी यह है कि न तो मेरी आँखों में हलवाई की दुकान फिर रही है और न ही मेरे हाथों में मिठाई का दोना है। बल्कि मैं तो हास्य और व्यंग्य के इस रास्ते पर ख़ाली हाथ ही चल पड़ा हूँ। अब यह और बात है कि 'मलार्मे' के यहाँ तो 'ख़ाली' होने की कल्पना ही प्रमुख हैसियत रखती है। यह न होने की भी निशानी है और होने की भी। फिर होना भी तो न होने से ही जन्म लेता है। 'मलार्मे' के ही सिलसिले में मैंने कहीं यह भी पढ़ रखा है कि कलाकार पहले से यह तै करके नहीं चलता कि मुझे ढूँढना क्या है। वह तो एक प्रयत्न करता है। और यह प्रयत्नशीलता उसे कहीं भी ले जा सकती है—सितारों तक भी ले जा सकती है और मृत्यु के घाट भी उतार सकती है। सच्चा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दैनिक जीवन का प्रधान अंग

आज की सभ्य दुनिया में काग़ज़ दैनिक जीवन का एक प्रधान अंग बन गया है। वास्तव में यह एक ऐसा आवश्यक पदार्थ बन गया है कि जिसके बिना कोई भी कार्य नहीं चल सकता।

इस उप-महादेश के सभी शिक्षित व्यक्तियों ने स्टार (तारे) चिह्न वाले काग़ज को सबसे उत्तम, मजबूत और चिरस्थायी बताया है। आपका चाहे जो भी उद्देश्य हो, आप सदैव 'स्टार ब्रैण्ड' काग़ज को अपने मनोनुकूल पायेंगे। इसी कारण से इसके प्रशंसकों की संख्या में वृद्धि हो रही है तथा लिखने, छापने, पैकिंग, बँधाई तथा अन्य कार्यों में विशेष रूप से इसे व्यवहार में लिया जा रहा है।

स्टार पेपर मिल्स लिमिटेड

सहारनपुर (उत्तर प्रदेश)

प्रबन्धक एजेण्ट :—

बाजोरिया एण्ड कम्पनी

२७, ब्रबोर्न रोड, कलकत्ता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



Sole Agents for :

CALCUTTA : BOMBAY : MADRAS : KERAL : MYSORE : ANDHRA

Lala Gopikrishna Gokuldoss

114, MINT STREET, MADRAS-1

Bombay Branch :

11, WESTERN INDIA HOUSE,

Sir Pherozshah Mehta Road,

Phone : 3275. -55132 ESTED t 1887 Grams : JHAVER

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कलाकार सितारे ढूँढने नहीं निकलता। वह तो बस चल पड़ता है साहब !

आपको वह कहानी तो याद ही होगी कि यात्रा में 'युलिसिस' का जहाज़ एक ऐसे रास्ते से गुज़रता है जहाँ जल-परियाँ हर आते-जाते मुसाफ़िर पर अपनी आवाज़ का जादू डालती हैं और उन्हें समुद्र में कूदने और डूब जाने पर मजबूर कर देती हैं। जहाज़ के सारे मुसाफ़िर अपने कानों में रूई रख लेते हैं। लेकिन 'युलिसिस' अपनी इस ज़िद पर डटा रहता है कि वह जल-परियों का संगीत सुनेगा ही। हाँ, वह इतना प्रबन्ध कर लेता है कि अपना शरीर एक मज़बूत रस्से से जहाज़ के बादबान के साथ बाँध लेता है और अपने साथियों को कह देता है कि उसे किसी भी हालत में न खोला जाये।

तो साहब, आवाज़ों का रसिया तो मैं भी हूँ। परन्तु रस्से का प्रबन्ध न कर पाया। हाँ, इस भूल-भुलैया में यूनानी देवमाला के 'थीसियस' की तरह सूत की अन्टी ज़रूर लेकर चलता हूँ कि वापस भी आ सकूँ।

सूत की अन्टी तो उलझ भी सकती है ना। इसलिए अब आप इनके-उनके, इधर-उधर से दो-चार पत्र देख ही लें। इस बीच रस्से का प्रबन्ध हो गया तो उसका कमाल भी देख ही लेंगे आप। अब खुदा जाने, ओर मिला है कि छोर, दुम मिली है कि सर! कुछ तो ज़रूर है नहीं तो 'राजा मेंहदी अली खाँ' अपने हम-वतनों से यूं शिकायत न करते :

"माई डियर रामे साहब, तस्लीम ! मैं जब बच्चा था तो मैंने आपको एक खत लिखा। आज जब मैं जवानी की मंजिल से भी कोई दो हज़ार मील आगे निकल गया हूँ तो मेरे खत के जवाब में आपका गिरामीनामा मौसूल हो कर बाइसे-मुसर्रत हुआ। मैं एक बात पूछूँ ? लेकिन आप उसका सही जवाब नहीं देंगे, इसलिए नहीं पूछता; फिर भी चलिये, पूछ ही लेता हूँ :

क्या बात है कि पाकिस्तान के एडीटर खत का जवाब देने में बहुत सुस्त हैं ? अव्वल तो जवाब देते ही नहीं। अगर दो हज़ार खत लिखे जायें, खुशामदें की जायें, हतक-इज्जत का दावा दायर करने की धमकी दी जाये तब कहीं बड़ी मुश्किल से जवाब आता है। एक एडीटर नहीं, सब-के-सब इस मर्ज़ में मुब्तला हैं।

सनाउल्ला साहब एडीटर 'नया दौर' भी ऐसा ही करते हैं। लेकिन जवाब न देने की इस क़दर दिलचस्प वजह लिख देते हैं कि दिल और दिमाग़ उसकी दिलचस्पी में खो जाता है और गुस्सा उतर जाता है। मौलाना सलाहुद्दीन साहब मेरे बीस हज़ार खुतूत वसूल करने के बाद टेलीग्राम देते हैं कि उन्हें एक खत भी नहीं मिला।

मुहम्मद तुफ़ैल साहब, एडीटर 'नक़ूश' को मैंने जो खत लिखे उनका वज़न किया जाये तो कोई इक्कीस मन निकलेगा। वह तो सिरे से कोई जवाब ही नहीं देते। शायद इसलिए कि जब मेरे खुतूत का वज़न दो टन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With cordial good wishes for Puja-Diwali :



J. KUTHARI & CO.,

12, INDIA EXCHANGE PLACE,

CALCUTTA-1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
हो जायेगा तो 'नक़ूश' का एक ख़ास नम्बर निकाल देंगे।

अब भला राजा मेहदी अली खाँ से कौन कहे कि पत्रों का उत्तर न देने की बीमारी केवल पाकिस्तानी एडीटरों तक ही सीमित नहीं रही। इस सिलसिले में 'अबू सईद क़ुरैशी' का यह पत्र जो पाकिस्तान की सरकारी पत्रिका 'माहेनौ' के सम्पादक को लिखा गया था :

"ओ भाई माहे नौ साहब !

यूँ दिखायी देता है कि आपसे मुआविज़ा वसूल करने के लिए थाने में रपट लिखवानी पड़ेगी। लेकिन डरता हूँ कि ये कोतवाल भी आप ही का चाहने वाला निकल आये तो——? अफ़सानों की नक़लों का क्या हुआ? अब कह दीजिये कि कार्बन ख़त्म हो गया।"

जिसके जवाब में सम्पादक ने लिखा है :

"ईं जवाबे आँ ग़ज़ल, ओ भाई ! अब कहो, क्या कहूँ ? ग़ालिबन आजकल हर वक़्त रसीद, पर्चे दबाये फिरते हो ताकि कोई पूछे कि ये क्या है तो छुपाये न बने। बहरकैफ़, हमने 'नाख़ून का क़र्ज़' अदा कर दिया है अब तुम भी रपट से दरगुज़र करो। ये भी हुस्ने-तलब समझो कि न देर हो न ऐसे ख़त आयें।"

बात सम्पादकों तक आ पहुँची है तो लगे हाथों कन्हैयालाल कपूर का यह पत्र भी देख ही लें जो उसने 'फ़नकार' के सम्पादक प्रकाश पण्डित को अपनी एक रचना भेजते हुए लिखा था :

"प्यारे प्रकाश पण्डित ; प्यारे फ़नकार !

मज़मून और फ़ोटो हाज़िर हैं, जो चाहो इनके साथ सुलूक करो ! मज़मून बुरा नहीं। उम्मीद है, तुम्हें पसन्द आयेगा। फ़ोटो मज़मून से अच्छा है। अगर मज़मून पसन्द न आये तो फ़ोटो छाप दो। अगर फ़ोटो पसन्द न आये तो मज़मून। और कहो, कैसी गुज़रती है ? तुम बम्बई क्यों नहीं चले जाते ? अक्सर साहबज़ादे वहीं जाते हैं और वहीं के होकर रह जाते हैं। क्या तुम्हें कृश्नचन्दर, महेन्द्रनाथ, रामानन्द सागर वग़ैरह के ताज़ा हालात मालूम हैं ? वे इन दिनों किस हाल में हैं ?

और कहो, 'फ़नकार' कब बन्द हो रहा है, और तुम्हारी जान कब अज़ाब से छूट रही है ? सब हाल लिखो, चाहे तुम्हें मरने की भी फ़ुर्सत न हो।"

उर्दू का एक शायर है 'इब्न इन्शा', जिसकी बातचीत का कभी अन्दाज़ हुआ करता था कि "हाँ भाई, नई क़मीज़ लेंगे, पहले एक ग़ज़ल में आती थी, अब दो-डेढ़ ग़ज़ल में आयेगी।" किसी ने जूते की तारीफ़ की तो कहता—"है भी तो तीन ग़ज़ल की।" उसने अपनी हर अच्छी-बुरी रचनाओं को पाठक तक पहुँचाने का यह ढंग निकाला था कि अपनी स्वयं रचित कविताओं को भी विदेश के किसी अनजान कवि की किसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

High Class Paints & Varnishes

(Established—1921)

Telephone :
23-7626
23-7627

Telegram: "VARNISH"

MURARKA

Makers of High Class Paints, Varnishes, Enamels, Zinc Oxide Dry, Red Lead.

THE MURARKA PAINT & VARNISH WORKS P. LTD.

Regd. Office :

4E, DALHOUSIE SQUARE, 29, STEPHEN HOUSE,
CALCUTTA-1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अप्रचलित कविता का ही अनुवाद बता देता। इब्न इन्शा के पास इसका बड़ा ठोस कारण था कि एडीटर विदेशी नामों के रोब में आकर बुरी चीज़ें भी छाप देते हैं। हाँ, तो उसी 'इब्न इन्शा' ने एक लेख लिखा। (उसे भी उसने अनुवाद ही बताया) शीर्षक था 'संशोधन के बाद'। सम्पादकों पर खुली चोट थी कि कोई रचना किस तरह इनके संशोधन के बाद क्या बनकर रह जाती है। इन्शाजी ने इस लेख को अल्लाह का नाम लेकर एक पत्रिका को भेज तो दिया लेकिन साथ में सम्पादक के नाम यह पत्र भी भेजा :

"एडीटर साहब, 'नज़र सानी के बाद' आपकी बिरादरी के कुछ लोगों, खुदाई फौजदार क़िस्म के एडीटरों पर चोट है। एडीटरों पर ही नहीं, इस तरह के इरादों पर भी। जिन इरादों में ये बातें नहीं होतीं उनके बुरा मानने का सवाल पैदा नहीं होता। जहाँ होती हैं उन से मुआफ़ी ख़्वाह हूँ। किसी तरह की मुमासलत महज़ इत्तफ़ाक़ी होगी। क्योंकि ये मेरी अपनी चीज़ नहीं, एक ग़ैरमुल्की चीज़ का उर्दू रूपान्तर है।"

मैं भी सम्पादक होता तो बुरा न मानता। इतना ज़रूर करता कि इस लेख के साथ यही नोट दे देता :

"नवयुग की ढेर सारी अच्छाइयों में एक अच्छाई तो यही है कि कलाकारों पर वाह-वाह के बोल ही नहीं उछाले जाते बल्कि अब तो उन्हें हरे-हरे नोटों की पुष्पांजलि भी अर्पित की जाने लगी है। पर उस बेचारे सम्पादक को तो बस यही अधिकार प्राप्त था कि अपनी ब्लू पेंसिल को अन्धे क्युपिड की तरह जिधर चाहा घुमा दिया—सो, इन्शाजी को ये भी अखर रहा है!

इस व्यंग्य का बाण हम ही पर न चल जाये इसलिए 'संशोधन के बाद' बिना संशोधन के ही प्रकाशित किया जा रहा है. वैसे इसका दुख ज़रूर है, क्योंकि : 'और तो याँ कुछ नहीं था हाँ फ़क़त एक काटना।'

याद आया, सम्पादकों का काम ले-देकर बस एक काटना ही तो नहीं है। कुछ एक सम्पादक आपकी बहुमूल्य रचनाओं को 'अलग डाक से' वापस भिजवाने का काम भी तो करते ही रहते हैं। वैसे मुझे दुख है कि अभी सारे सम्पादकों ने इस काम को कला का रूप नहीं दिया है। जिस सम्पादक ने इस काम को कला का रूप दे रखा था वह था चीन का एक सम्पादक, जो लेख वापस करते हुए लेखक ने नाम एक बड़ा दिलचस्प पत्र भी भेजता था। मैं इस पत्र को यही सोचकर प्रस्तुत कर रहा हूँ कि भारतीय सम्पादक शायद इससे कुछ सीख सकें। यूँ आप भी आनन्दित हो लें :

"आपकी यह रचना इतनी उच्चकोटि की है कि पिछली एक शताब्दी के अन्दर कोई भी लेखक इस टक्कर का लेख नहीं लिख सका है। और हमें पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी, एक शताब्दी तक कोई नहीं लिख सकेगा। आपकी यह बहुमूल्य रचना हमारी पत्रिका में प्रकाशित हो तो हमारा स्वभाग्य दो शताब्दी तक के लिए गर्व के सबसे ऊँचे शिखर पर पहुँच जाये। लेकिन हम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With The Best Compliments Of

The Textile Waste Co.

113-C, NETAJI SUBHAS ROAD, CALCUTTA.

Gram : FLY

Phone : 33-5427

COTTON WASTE EXPORTERS, IMPORTERS, MANUFACTURERS & SUPPLIERS OF ENGINE CLEANING WASTE TO INDUSTRIES ESTABLISHMENTS, GOVT. AND RAILWAYS.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

भविष्य में, सौ बरसों तक अपने पाठकों को इतने ऊँचे दरजे का कोई दूसरा लेख नहीं दे सकेंगे और वे इसके बाद इससे [illegible] का कोई लेख पढ़ने को तैयार नहीं होंगे। ऐसे में हम अपने पाठकों से जुदा रहकर एक सौ बरस किस तरह गुज़ारेंगे ?

यही सोच-सोचकर हम परेशान हैं, और इसी चिन्ता में डूबे, अपने-आपको किसी ऊँचे शिखर पर एक सौ बरस तक चुपचाप संन्यासी की तरह अकेले बैठे रहने की भयानक स्थिति से बचाने के लिए हम आपका यह अछूता, बहुमूल्य, पवित्र, सुगन्धित और सुन्दर लेख वापस करके आत्महत्या के बराबर का दुख अनुभव कर रहे हैं। आपके पवित्र, आस्मानी सुगन्ध से सुगन्धित, होशियार और विस्तृत हृदय से इस बेचारे सम्पादक का अनुरोध है कि इस बहुमूल्य लेख की बड़ी सावधानी के साथ रक्षा की जाये कि रात का अँधेरा या दिन का उजाला इसे कोई हानि न पहुँचा सके !

बहुत दिनों से आपकी सहानुभूति और आपके सहयोग की आशा लगाये बैठा हूँ।

आपका कई पीढ़ियों से निरन्तर सेवक :

सम्पादक"

●

['जी, यह हज़रतगंज है ! पृष्ठ २३९ का शेष]

कहाँ ?—ऐशबाग़ में। युनिवर्सिटी कहाँ ?—बादशाहबाग़ में। लड़कियों का कालेज कहाँ ? —चाँद बाग़ में ! और मिनिस्टरों के बँगले कहाँ ?—बंदरिया बाग़ में।" अस्तु, यहाँ की शिष्टता, यहाँ का वार्तालाप, यहाँ का वातावरण, अन्य नगरों में तो गूलर का फूल ही है। यही कारण है कि हज़रतगंज केवल एक बाज़ार नहीं है। वास्तव में हफ्ते की हर शाम को हज़रतगंज एक विशाल क्लब में परिवर्तित हो जाता है, जहाँ कुछ सुख की, कुछ दुख की, कुछ बाहर की, कुछ घर की, कुछ जग की, कुछ अपनी, सभी बातों का आदान-प्रदान होता रहता है। इसीलिए, यह केवल एक खूबसूरत गुलदस्ता ही नहीं है, इसके हर फूल में लुभावनी महक है। तभी, जब परदेश में लखनऊ की याद सताती है, तो (तरमीम के लिए उस्ताद 'ग़ालिब' से दस्त-बस्ता माफ़ी माँगते हुए) मुँह से बेअख्तियार यही निकलता है कि :

लखनऊ का जो ज़िक्र किया तूने हमनशीं !
एक तीर जैसे सीने पे मारा कि हाय-हाय !

●

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"THERE IS HARDLY ANYTHING IN THE WORLD THAT SOME ONE CAN'T MAKE A LITTLE WORSE AND SELL A LITTLE CHEAPER—AND THE PEOPLE WHO CONSIDER PRICE ALONE ARE THEIR LAWFUL PREY."

—JHON RUSKIN—

BMS

has come to be associated with quality, reliability and steadiness in supply.

In these days of import bann and scarcity of supplies, WE take this opportunity to assure our valued clients that they will continue to get

QUALITY DYESTUFFS

at STANDARD PRICES

Bhagvandas Maganlal Shah

4, Mandir Street, CALCUTTA-7.

GRAMS : FILDCAMERA PHONE : 34-5766

FLUORESCENT BRIGHTENING AGENTS FOR TEXTILES & PAPERS

"ULTRAPHORS"

BL & BMK

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजेन्द्र नागर

'हम फ़िदाए लखनऊ' कह कर जिसकी तारीफ़ के पुल बाँधते शायर कभी थकते नहीं थे उसी लखनऊ की नाक है यह हज़रतगंज !

कोई कवि किसी अनिंद्य सुन्दरी का कितना ही सर्वांगोपांग वर्णन क्यों न कर डाले, किंतु एक वस्तु फिर भी ऐसी शेष रह जाती है, जो अलंकार-शास्त्र से भी परे है, और जो शब्दों का बंधन नहीं स्वीकारती। यही वह तत्व है जो 'इश्क' को गति तो देता है, लेकिन उसकी दृष्टि छीन लेता है। इस तत्व के सम्मुख सौंदर्य भी अक्सर फीका पड़ जाता है। और इसका एकमात्र मापदंड और आधार है अंतर की अनुभूति। यदि ऐसा न होता तो इस संसार में अब तक 'उस्ताद ग़ालिब' के कितने ही संस्करण उपज आते; और शायरी तथा मूँगफली का एक ही भाव होता। लैला और मजनूँ अपने-अपने मोहल्ले में अपना अलग-अलग जीवन बिताते होते; और बेचारी लैला गुमनाम होकर किसी घर का चूल्हा फूँकती और बरतन माँजती होती। अस्तु, यह 'अदा' ही है जो इश्क का जादू बन दो दिलों का रिश्ता बाँधती है। यही जादू लखनऊ का भी है, जिसने, ज़माना हुआ, किसी दिलदादा शायर से क़बुलवा लिया था :

लखनऊ हम पर फ़िदा है, हम फ़िदाए लखनऊ।

यों तो सितारों के आगे जहाँ और भी हैं : पैरिस के शाज़े लिज़े, लंडन के पिकेडली, और न्यूयार्क के ब्रॉडवे की बात तो छोड़िये; भारत में भी दिल्ली के कनाट-सर्कस ऐसी कितनी जगहें हैं जिनके सम्मुख लखनऊ का हज़रतगंज ऐसा ही लगता है

जी, यह हज़रतगञ्ज है !

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जैसे सौ वाट् के बिजली के लट्टू के सामने मोमबत्ती। लेकिन अगर विशालता ही आकर्षण का एकमात्र मापदंड होता, तो बड़ के दरख्त के सामने गुलाब को कौन पूछता ? यह भी एक सच है कि साज़े-लिज़े, पिकेडली और ब्रॉडवे की प्रदक्षिणा कर लखनऊ वापिस लौटने पर अक्सर लोग सुख की साँस ले यही कहते हैं : '**मय में वो मस्ती कहाँ, जो मेरे मस्ताने में है।**'

इसका एक कारण यह भी है कि यद्यपि बंबई और ब्रॉडवे की नज़र-गुज़र तो एक ही है, हज़रतगंज का लखनऊपन अपने में एक ऐसा अनूठा व्यक्तित्व लिये है, जिससे हज़रतगंज बाज़ार होते हुए भी बाज़ारू नहीं हो जाता। व्यक्तित्व के दो रुख होते हैं : सूरत और सीरत के। सूरत देखने से संबंध रखती है, सीरत अनुभव से। लखनऊ उत्तर प्रदेश का सबसे खूबसूरत शहर है, यह तय है। और लखनऊ में हज़रतगंज ऐसे ही है, जैसे किसी नायिका के नाक की सोने की कील में हीरे की कनी। वास्तव में, हज़रतगंज एक खुशनुमा गुलदस्ता भी है, एक रोमानी तस्वीर भी, और एक इन्क़लाबी किताब भी।

हज़रतगंज की शाम लखनऊ की संस्कृति का आधुनिक रूप है। लखनवी तहज़ीब से इसका वही रिश्ता है जो ग़ज़ल का शास्त्रीय संगीत से है। इसको जनमे हुए अधिक समय नहीं हुआ। पन्द्रह वर्ष कह लीजियेगा तो अत्योक्ति न होगी। इससे पूर्व हज़रतगंज अपना होते हुए भी, अपना न था। तब यहाँ विदेशियों का आतंक था। हिन्दुस्तानियों के लिए आज-सी चहल-क़दमी की गुंजाइश न थी; बल्कि ख़याल उठने तक की गुंजाइश न थी। अच्छे खाते-पीते लोगों का भी यहाँ ख़रीदारी करते दिल धड़कता था। बाज़ार केवल अंगरेज़ों और अंगरेज़ियत-परस्त हिन्दुस्तानी अफ़सरों और रईसों के लिए सीमित था। राह चलते, टामियों से घुड़की खाना या विशेषणों से संबोधित होना भी कोई अनहोनी बात न थी। क्रिसमस की रात तो हज़रतगंज की सड़क शराब पिये टामियों के लिए ही अर्पित थी। अस्तु, तब हज़रतगंज की शाम अपनी न थी। अब शत-प्रतिशत अपनी है। अस्तु, जिनकी स्मृतियाँ अभी ताज़ी हैं उनके लिए हज़रतगंज की शाम एक विशाल परिवर्तन का प्रतिरूप तो है ही।

आज हज़रतगंज की शाम लखनऊ-वासियों के लिए फ़ैशन का केन्द्र ही नहीं वरन् आदत में शामिल हो गई है। इधर सूरज ने पश्चिम की ओर डग बढ़ाए नहीं कि उधर जवान और अधेड़ उम्र के नौजवान अपनी-अपनी सजावट कर गंज की ओर चल दिये। इसी आदत ने लखनऊ की ज़ुबान को एक नया शब्द प्रदान कर दिया है 'गंजिंग'। शाम होते ही हज़रतगंज इस तरह महक उठता है कि :

देख पड़ती है हरएक रंग में फूलों की बहार,
गंज भी क्या गुलो गुलज़ार नज़र आता है!

बिजली की जगमगाहट, कपड़ों की चम-चमाहट और फूल से खिले चेहरों की रौनक़ देखकर शायर के मुँह से बेअख्तियार निकल जाता है कि :

किस-किस तरह के अंजुमो-महताब हैं यहाँ,
हज़रत का गंज क्या है, सितारों का गंज है!

लेकिन कुछ ज़ईफ़-उम्र, ज़ईफ़-दिमाग़, ज़ईफ़-दिल नासेहों और ज़ाहिदों—पवित्रता-वादियों—की निगाह में हज़रतगंज की शाम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Phone 22-4776 — Gram "KARAMPATH"

Indo Overseas Trading Co.

PRIVATE LTD.

2, Brabourne Road,
Calcutta-1.

EXPORTERS AND
DEALERS OF
ALL KINDS OF
HERBS AND
CRUDE DRUGS

Distributors for all kinds of:—

PAPER & PAPER BOARDS.

Sole selling Agents of:

Messrs Indo Flex Private Ltd.,

JAIPUR

For the Eastern Region

Manufacturers. of :—

METALLIC FLEXIBLE HOSE—APPLICABLE FOR STEAM PRESSURE, HOT OILS AND INSULATION—AUTOMOBILE SPARE PARTS AND ACCESSORIES—RIVETS ETC.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

FOR
TIMBER
AT IT'S
BEST

Talwar Brothers (P). Ltd.

Head Office

63-A, BENTINCK STREET,

CALCUTTA.

Phone : 23-4176
Grams : HIMALAFIR

SUPPLIERS OF ALL TYPES OF
INDIGENOUS TIMBERS

Branches

*

LUCKNOW
Aishbagh Road
Phone : 3552
Grams : TALWAR

●

PATHANKOTE
Thangu Road
Grams : TALWAR

*

TINSUKIA
Bhageshwar Road
Phone : 355

*

GAUHATI
Choudhury Colony
Ulubari
Phone : 537
Grams : HIMALAFIR

*

JABALPUR
192, Narbada Road
Phone : 363
Grams : TIMBER

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आँख की किरकिरी की तरह खटकती है। उन्हें यहाँ उच्छृंखलता दिखाई देती है; चारित्रिक स्खलन की संभावना, और कम-से-कम समय की बरबादी तो निश्चय ही। इसमें शक नहीं है कि हज़रतगंज के जाँ-निसारों में कुछ ऐसे भी हैं जिनका क़ौल है कि :

तेरे कूचे इस बहाने हमें दिन से रात करना,
कभी इससे बात करना, कभी उससे बात करना।

कुछ ऐसे भी हैं, जो :

गंज में कॉफ़ी पियें और चाट खायें
घर में फ़ाक़ा भी अगर हो, ग़म नहीं।

और कुछ को यह भी फ़िक्र है कि :

किस तरह अब बन-ठन के चलें सूए बज़ार हम,
गंजिंग ने तो पतलून की क़ीमत भी बढ़ा दी।

लेकिन, समाज-शास्त्री गवाह हैं कि इस व्यवहार का जितना उत्तरदायित्व उनका है, उतना ही वयोवृद्धों का भी; घर का भी, और समाज का भी है। रही रोमानियत की बात, तो इसमें वयोवृद्ध उपदेशकों की दलील ऐसी ही है जैसे कि ज़ुकाम हो जाने पर नाक काट डालने की सलाह। और सच पूछिये तो यह सलाह अपनी असमर्थता और बीते दिनों की ऊँसास का ही रूप है। वरना अगर औरंगज़ेबी ही करनी है, तो पहिले सिनेमा-घरों पर बंदिश लागू होनी चाहिए; और उससे भी अधिक, सर्वप्रथम, बिहारी, घनानन्द, और विद्यापति; मीर, मोमिन और ग़ालिब का पाठ्य-पुस्तकों से निष्कासन कर देना चाहिए। हम तो :

देख लेते हैं तपिश दिल की बुझा लेते हैं,
पसे दीवार खड़े हैं, तेरा क्या लेते हैं?

ख़ैर! हज़रतगंज की शाम इन चलते-फिरते सितारों की जगमगाहट के अलावा और भी बहुत कुछ है, और वही उसका सही मूल्यांकन है। लखनऊ तहज़ीब और तमद्दुन--शिष्टाचार और संस्कृति--का काबा समझा जाता है। यहाँ के शिष्टाचार में महज़ तक़ल्लुफ़ ही नहीं है, उसमें इंसानियत और उन्सियत दोनों हैं। लखनऊ की ज़ुबान के--जिसमें नश्तर और मल्हम दोनों घुले-मिले रहते हैं--क्या कहने! पुराने लखनऊ की ज़ुबान की चासनी तो हज़रतगंज को कैसे नसीब हो, लेकिन जो है, वह बेशक फिर ग़नीमत है। एक शाम का ज़िक्र है। स्व० 'मजाज़', जिस पर आधुनिक उर्दू कविता को नाज़ रहेगा, साथ में थे। एकाएक 'मजाज़' बोल पड़े, "आहा! क्या शेर हो गया :

मौत भी हमें इसलिये गवारा है,
कि मौत आती है न कि आता है!"

सच तो यह है कि लखनऊ वह शहर है, जहाँ बात-बात में फूल झड़ते हैं, और यहाँ की खाई चोट सही तो जा सकती है, भुलाई नहीं जा सकती। एक साहित्यकार थे। 'थे' इसलिए कि अब लखनऊ में नहीं हैं! उनकी एक विशेषता यह भी थी कि क़िसी क़दर लंबे थे। एक अमरूदवाले से मोल-तोल करने लगे। लेकिन लेना-देना था नहीं, तो कह दिया कि तुम्हारे अमरूद छोटे हैं। अमरूद वाले ने कह ही तो दिया, "हुज़ूर! उत्ती दूर से छोटे ही दिखाई दे रहे होंगे।" और ऐसी एक-दो नहीं, अनेक दास्तानें हैं। एक बानगी और देखिए: ज़िक्र छिड़ा कि लखनऊ बाग़ों का शहर है। एक मसख़रे बोले, "भई! लखनऊ के बाग़ों का जवाब कहाँ! देखिये न, मुसलमानों की क़ब्रगाह

[शेषांश पृष्ठ २३३ पर]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : STEELCO Phone 22-4492

UNITED BROTHERS

21, STRAND ROAD,
CALCUTTA-1.

WISH

A Happy Diwali to the readers

OF

GYANODAYA

•

Leading House for—

PIPES
PIPE FITTINGS
SANITARY FITTINGS &
GUN METAL FITTINGS

also for

Steam and Water Purposes.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देवेशदास



वसन्त ऋतु तो वेदना नहीं, उल्लास की प्रतीक होती है, लेकिन शैवलिनी और मालिनी स्वरूपा चक्की के दो पाटों के बीच में पिसने वाले गेहूँ रूपी लेखक के लिए उल्लास और हर्ष कहाँ !

मैंने फिर से प्यार किया है। और अपनी उसी पुरानी स्त्री से। यह बात अपने ही कानों को अजीब-सी सुनाई देती है। घर की चीज़-बस्त में शामिल की जाने वाली अबला या अचला के प्रति इस तरह प्रेम-निवेदन करने का कहीं कोई प्रमाण है ?

वह अवश्य ही इससे अवाक् हो उठी होगी। वह सोचती होगी कि नगर बान्धवी से सीखे हाव-भाव, पहनना-ओढ़ना, बातचीत, चाल-ढाल—इस सब साधना का फल इतने दिनों बाद मिला ! इसीलिए वह मन-ही-मन में प्रसन्न है। होना भी चाहिए।

आशा है, आप मुझे पहचान न सकेंगे। और मेरे पुराने ज़माने की एवं साथ ही आधुनिकतम स्त्री को भी नहीं। और यदि उसे किसी तरह पहचान भी गये तो भी मेरी सात दिनों की स्वप्न-देवी मालिनी को तो निश्चय ही पहचान न सकेंगे। युग-युग से कवि और प्रेमी नारी को छलनामयी ललना कहते रहे

वसन्त - वेदना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। किन्तु मालिनी को वे छलना न कह सकेंगे। कहने से मुझे दुःख होगा।

कारण ?

कारण बिल्कुल स्पष्ट है। मैं मालिनी की स्मृति के सहस्र नागपाशों से मुक्ति पाने के लिए तड़प रहा हूँ। उस स्मृति की ज्वाला से वर्णन ठीक किसी प्रेमी की तरह न कर सकूँगा। किन्तु कहने से उलझन में पड़ जाऊँगा। किन्तु हाय, वह सत्य है। अन्ततः मेरे सात दिन के मिथ्या प्रेम की अपेक्षा वह सत्य है।

कलकत्ते का जाड़ा समाप्त हो गया था। वायु में वसन्त की मादकता थी। और उस मादकता में अजीब मज़ा था। अपने को थोड़ा 'इन्टरेस्टिंग' बनाने की इच्छा से जैसे ही ज़ोर लगाकर तैयारी करता था कि इच्छा मिट जाती थी। मुख में थोड़ी 'वेनिशिंग क्रीम' की मालिश की, केशों में तिरछी माँग निकालकर उन्हें घुँघराला बनाया। सिल्क का चमकता हुआ सूट देखते ही बनता था। साढ़े आठ बजे के क़रीब जब आफ़िस जाने का समय हुआ तब उसे पहना। मन जाग उठा। वसन्त स्मृति की झोंके देने लगा। पंद्रह वर्ष पहिले की मुखस्थ कविता गुनगुनाने लगा।

इसी समय पान रचाये, अभ्यासवश भींगे हाथों को नई जार्जट की साड़ी के आँचल में छिपाती हुई यह कौन आ गई? शैव-लिनी तो नहीं? वसन्त के आभास से उच्छ्वसित मेरा हृदय ऐसे संकुचित हो गया जैसे पुरुष के हाथों से छू जाने पर लज्जावती लता मुरझा जाती है।

किन्तु शेड़ाडांगा के ज़मींदार घर की लड़की शैवलिनी में यह सब समझने की क्षमता नहीं थी। हमारे देश के माँ-बाप केवल यह सोचते हैं कि चार हाथ एक कर देने से काम चल जायगा। आधुनिक शिक्षित युवक के मन को खुराक मिलती है या नहीं, आधुनिक युवक अपने मन के अनुकूल हृदय की चीज़ पाता है या नहीं—इन सब बातों की उन्हें कोई परवा नहीं रहती। मेरा क्रोध शैवलिनी पर नहीं है, अपने माँ-बाप और अदृष्ट पर है। प्रेम की कविता पढ़ना ही मेरे लिए एकमात्र सान्त्वना की बात थी।

वसन्त के उस प्रभात काल में मेरा मन जो उल्लसित हो उठा था वह रोज़ की तरह उसे देखते ही बिगड़ उठा। अपने भाग्य को कोसकर धीरे-धीरे मैंने मन को दूसरी ओर लगाया। आफ़िस जाने के समय मन में जो उमंग आई थी वह समाप्त हो गई।

किन्तु पीछे नहीं हटा। नई उलझनें पैदा हो गईं। कलकत्ते में युद्ध के बाज़ार में बड़ी नौकरी पाकर सुविधा और आराम के विचार से एक फ्लैट ले रखा था। चारों ओर अन्य कई फ्लैट थे। उनमें न जाने कितनी तरुणियाँ थीं! नई मोटरकार के समान चमचमाती हुई देह और मन में उमंग लिये वे चारों ओर हँसी और प्रकाश बिखेरती रहती थीं। फिर शैवलिनी के लिए तो लज्जा का भी प्रश्न नहीं है। पता नहीं वह उन सबके साथ रात-दिन क्या सलाह-मशविरा किया करती है? यह दिनों-दिन उसकी देह और व्यवहार से मालूम होता रहता है। आज फिर उसे जार्जट पहने देखा। उसने सिर पर जूड़ा बाँधा है और होठों पर लिपस्टिक लगाई है।

वह अब शील-संकोच भी नहीं करती। थोड़ा चीखकर बोली, "तुम्हारे इस मोटे बेडौल शरीर पर जार्जट नहीं खिलता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस पर तो ढाका की देशी साड़ी ही ठीक रहेगी। जूड़ा भी ठीक नहीं लगता, सीधे-सादे कंघी किये केश ही ठीक हैं, और इन ओठों पर पान की लाली ही खिलती है, लिपस्टिक नहीं।''

किन्तु उसने तब भी लज्जा नहीं की। बल्कि लज्जा हुई तो मुझे। मैंने कुंठित होकर उससे बहुत-सी बातें कह दीं। उसने घूंघट थोड़ा आगे सरका लिया, और मुस्करा कर पान-रंजित ओठों को थोड़ा सिकोड़कर खड़ी हो गई।

उसका मुख सुन्दर था। लेकिन इन सात वर्षों के बीच वह मन को पुराना लगने लगा था। वह मधुर था किन्तु मोहक नहीं। शैवलिनी बाँसुरी की मधुर ध्वनि थी जब कि मेरे प्राण चाहते थे पियानों की झंकार, विलायती आर्केष्ट्रा की संगीत-लहरी।

वह मेरे बिल्कुल पास आकर हँसकर बोली, "लो यह तुम्हारा पान है। देखो, कैसा अच्छा शान्तिपुरी पान आज मैंने तुम्हारे लिए लगाया है!''

मैंने विशेष उत्साह नहीं दिखाया। पान तो था किन्तु उसमें प्राण नहीं थे। स्वामी को पान बनाकर दिया जाता है, इसी से वह भी लगाकर ले आई थी।

दूसरे फ्लैटों की तरुणियों की कुसंगति का प्रभाव शैवलिनी में दिखाई पड़ रहा था। यदि ऐसा न होता तो वह जबरदस्ती मेरे मुँह में पान ठूँस देने की कोशिश नहीं करती। एक बार तो मेरा मन हुआ कि दाँतों को कसकर भींच लूँ। यदि दाँत दिखते हैं, तो दिखने दो। किन्तु वह भी नहीं हो सका। मुझमें थोड़ी-बहुत शिक्षा तो है ही। इस-लिए मैं उसके प्रति बुरा व्यवहार कर न सका। थोड़ा मुस्कराकर मैंने पान जल्दी-से अपने हाथों ही मुँह में रख लिया। मैंने सोचा कि गाँव की प्रथा के अनुसार दिन को मेरे साथ एक कमरे में रहने में भी जो अत्यन्त लज्जा महसूस करती थी उसे अब आधुनिकता की सीढ़ी पर एक पग आगे देखकर मुझे प्रसन्न होना चाहिए। और शायद इसी से मैं हँस रहा हूँ।

छिः छिः, प्रोत्साहन पाकर शैवलिनी क्या काण्ड कर बैठी! गाँव की रहनेवाली यह बालिका शुरू में कितना संकोच करती थी! मेरी सारी आकुल अनुनय-विनय उसके घूँघट के सामने व्यर्थ हो जाती थी। यह वही शैवलिनी है न!—छिः छिः, अन्त में आफ़िस जाते समय दिन के प्रकाश में चुम्बन ले रही है। मैंने थोड़ा अकचकाकर मुँह हटा लिया। मगर छुटकारा नहीं मिला; चुम्बन कपाल पर जाकर पड़ा। जाने की जल्दी में होने के कारण मैं चुपचाप बाहर निकल गया।

●

सवेरे की ट्राम की ध्वनि वसन्त की सारी मादकता ही समाप्त किये दे रही थी। धीरे-धीरे लोगों ने आफ़िस जाने के लिए ट्राम की ओर बढ़ना आरंभ कर दिया था। जाते तो खैर रोज़ ही थे मगर इन दिनों जैसी विरक्ति वे कभी अनुभव नहीं करते थे। यह मालूम था कि साढ़े आठ की, अलीपुर जाने वाली ट्राम उन्हीं की अकेली संपत्ति नहीं है; तब भी यदि कहीं ज़रा एकान्त, खुली जगह मिल जाय तो अच्छा है। पिछले छः दिनों से यह बात मन में बराबर चुभ रही थी। आज तीर खाये हुए हरिण की तरह वेदना से मन छटपटा रहा था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिन्दुस्तान जनरल इन्श्योरेन्स सोसाइटी लिमिटेड

चेयरमैन

डा० एन० एन० ला०, एम्० ए०, पी-एच० डी०

मैनेजिंग डायरेक्टर

श्री पी० एन० तालुकदार, एम्०, ए० (कैन्टब)

हेडआफिस

हिन्दुस्तान बिल्डिंग, कलकत्ता-१३

शाखाएँ

बम्बई : डा० दादाभाई नौरोजी रोड, फ़ोर्ट,
मद्रास : १०५, आर्मेनियन स्ट्रीट, जी० टी०
लखनऊ : हजरत गंज,
नई दिल्ली : ६४, जनपथ,
नागपुर : इंडियन म्युचुअल बिल्डिंग, माउन्ट रोड एक्स्टेन्शन,
इन्दौर : सरदार बिल्डिंग, ट्रैफ़िक, रूट नं० २,६२२, न्यू यशवन्त रोड,
गौहाटी : पान बाज़ार,
पटना : राजेन्द्र पथ,
कटिहार : अमला टोला,
हैदराबाद : ११३, स्टेशन रोड,
कटक : गणेश घाट,
जलपाईगुड़ी : अन्जुमन बिल्डिंग,
कोचीन : १२ ।१६८, ज्यू टाउन,
आसनसोल : जानकी भवन, ईस्ट एण्ड जी० टी० रोड,
ढाका : ४, चितरंजन एवेन्यू,
बंगलौर : केम्पेगोड़ा रोड,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन छः दिनों से मैं एक ही [illegible] रोज़ दखल करता था। और इन छः दिनों से सामने की लेडीज़ सीट पर रोज़ ही एक तन्वी तरुणी बैठती थी। अलीपुर वाली नई सड़क की मोड़ से वह रोज़ ही इस ट्राम पर चढ़ा करती थी। मेरी ट्राम! किन्तु हाय! वह मेरी ट्राम नहीं थी।

ऐसे कामों के प्रति लोगों की दृष्टि बड़ी खराब होती है। किन्तु मैं तो दूसरों की दृष्टि से अपने को नहीं देखता। किसी दिन मैंने जरूर देखा था और शैवलिनी को अपना कर उसका प्रायश्चित भी कर डाला था।

मैंने किसी तरह मन को सँभाला। जो कुछ बाकी रह गया था उसे आज मालिनी की चकित भंगिमा और मृदु हास्य ने पूर्ण कर दिया। मैंने अपना मन स्थिर कर लिया।

पहले दिन जब वह अलीपुर की मोड़ पर ट्राम में लेडीज़-सीट पर आकर बैठ गई तो मैंने मन में कहा—"अहा, इतनी आशा तो नहीं थी, यह तो आकस्मिक आविर्भाव हुआ!" सौन्दर्य की तुलना में शैवलिनी से यह थोड़ा नीचे ही रहेगी। किन्तु जो शैवलिनी के पास नहीं है वह सब-कुछ इसके पास है। इसमें शिक्षा है और सप्रतिमता भी, मात्र तारुण्य ही नहीं। और यह सब कुछ देह की अनुभूतियों को उफनाकर मन को वासना का रूप देता है। यह शैवलिनी की तरह मुग्धा नहीं है, मोहिनी है!

और नाम है मालिनी!

मुझे कैसे मालूम हुआ? भाग्य ही कह लीजिए! यदि मैं यह न जान पाता तो मेरे इतने दिनों के सुप्त यौवन का सबसे बड़ा 'एडवेंचर' आज इतना आगे न बढ़ सकता। मालिनी राय 'सिविल सप्लाई' के दफ्तर में [illegible] करती थी। वह आफ़िस तड़के ही चली जाती है—यह बात मैंने छिप-छिपाकर जान ली थी। काम वह भला क्या करती होगी! उसकी साड़ी और वेशभूषा देखते ही बनती थी। काली किनारी वाली उस बादामी रंग की जार्जेट की पुरानी सामान्य साड़ी का पहनना उसके सूक्ष्म सौन्दर्य-ज्ञान और सुरुचि का परिचय देता था। मालिनी सामान्य हुई तो क्या, मेरे जीवन में वह असामान्य बनकर ही आयी थी।

इन छः दिनों से रोज़ ही मैं उसके सामने बैठता था, और उसके दृष्टिपथ में आता था। यह सोचकर मैं आत्मचेतन भी हो उठता था। अनमने-से मेरे दोनों हाथ गले में बँधी भड़कीली कान्टीनेन्टल टाई की ओर पहुँच जाते थे। मैं बाँया हाथ केशों पर फेरने लगता था। ऐसे समय हाथ सँभाले नहीं सँभलता था। सामने शीशा तो था नहीं, ट्राउजर की क्रीज ठीक है या नहीं यह भी झुककर देख लिया करता था। साथ ही चौरंगी के पथ में चारों ओर नवीन आविष्कृत ऐश्वर्य पर भी दृष्टि डाल ली जाती थी। अवगुण्ठित व्यक्तित्व में विकसित एक स्वप्न! उसकी श्याम कांतिमय तनुलता को लक्ष्य कर कवि ने गाया है:

प्रेम के प्रभात में निरख रूप-राशि तेरी,
अंग-अंग काँप उठे, नैन लगे झरने!

किन्तु उस युग में कवि आँखों से केवल रूप ही देखते थे और गुण खोजकर ही पाते थे। मेरे मत से वे व्यक्तित्व को, जिसे 'पर्सनालिटी' कहते हैं, हृदय में अनुभव नहीं कर पाते थे। यह केवल रूप नहीं होता है। रूप तो शैवलिनी के पास इससे अधिक है। यह केवल गुण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

PAPER & BOARDS
for every purpose
Always in Stock.

'phone : 39096 (Office)
: 62856 (Dir. Res.)
'gram : HOLYTRADE, BOMBAY

United Industrial & Engg. Co. (Pvt.) Ltd.

P.O. Box : 2359, 46, Sutar Chawl, Bombay-2

Authorised Distributors

for

Rohtas Industries Ltd.

DALMIANAGAR

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी नहीं है। संसार [illegible] से कम प्राप्त नहीं होता। यह क्या है, शायद मैं अच्छी तरह समझ नहीं पाऊँगा।

मेरे विवाह के सात वर्षों बाद का पुराना यौवन आज ट्राम की आवाज़ को दबाकर जाग उठा। बात क्या है, क्या ट्राम में बैठे लोग इस बात का आभास भी पा सके? मेरे मन की चंचलता ने क्या उसके मन में भी लहर पैदा की? नहीं, तो क्यों उसने एक अर्थपूर्ण लुकी-छिपी दृष्टि डालकर मैदान की ओर मुँह फेर लिया; जैसे कुछ देखा ही नहीं!

उस रात पता नहीं, मेरा मन कैसे स्थिर हो गया। मेरे मन पर मात्र अँगरेज़ी रंग ही नहीं, चढ़ा हुआ था! खास अमरीकी-मार्का शिक्षा की छाप भी रखी रह गई थी। जिसे वे लोग 'लाइफ़' कहते हैं उसका ठीक हिन्दी में अनुवाद संभवतः नहीं किया जा सकता। उसी 'लाइफ़' अर्थात् जीवन का मैं सन्धान करूँगा। याद आया कि एक बार कालेज की तर्क-प्रतियोगिता में गले की नसों को खूब फुलाकर और ऊँचे स्वरों में वक्तृता देकर जीवन का मैंने आवाहन किया था। आज मैं अन्तिम अवधि तक रूप-रस और शोभा में डूबकर उसी जीवन को जीना चाहता हूँ।

जीवन! जाग्रत-ज्वलन्त-ज्वालामय जीवन! अनार के दानों की तरह रँगा हुआ जीवन! निश्चिन्त, निरुद्देश्य विश्वजयी जीवन!

और मालिनी होगी मेरे उस जीवन की जय-माला!

किन्तु कहाँ, किस पुष्पवन में वह माला सजेगी? इस अरसिक देश की प्रपंची रसना से बड़ा भय लगता है। और इस देश में है भी क्या?

सीधी बात यह कि मोरेलिटी वालों के इस देश में माला असमय ही सूख जाया करती है। इसी से मैंने सोचा है कि मैं दक्षिण अमेरिका चला जाऊँगा। ब्रेज़िल, अर्जेन्टाइना, पेरू—जहाँ तबीयत हो, वहाँ। दक्षिण पेरू तक जाने में कोई बाधा नहीं है। चीज़ें भी सस्ती मिलती हैं और वहाँ अधिक शीत भी नहीं पड़ता। चिरवसन्त की निकटता का आभास दक्षिण अमेरिका में ही होता है। अमेज़न नदी की लहरें जीवन में सुख की तरंगें जगा देती हैं। हम दोनों के मुख के निःश्वास से आकाश में रुपहले चाँद का आलोक बिखर जायगा। मैं दक्षिण अमेरिका चला जाऊँगा! छुट जाये यह सनातन देश और इसकी सनातनी शैवलिनी! छुट जाये!

हाँ, ऐसा लगा कि ट्राम आज बड़ी तेज़ी से जा रही है; किन्तु मेरी कल्पना का पुष्पक-रथ मालिनी को लिए उससे भी तेज़ी से उड़ रहा था। क्या वह राज़ी होगी?.... राज़ी होगी?

निश्चय ही होगी। इसमें कोई संदेह नहीं। अभी मेरी अवस्था ही क्या है?.... बेहया, मूर्ख! राह चलती किसी लड़की ने ताक क्या लिया, यही समझने लगे कि वह प्रेम में डूबी निहार रही है!

किन्तु संसार में शैवलिनी के समान स्त्री के साथ विवाह के सात वर्ष काटने के बाद मैं नारी के मन और उसकी चोरी-छिपी प्रेम-दृष्टि को अच्छी तरह पहचानने लगा हूँ। इसमें कोई भूल नहीं हो सकती। वह आज विशेषकर मेरी ओर आना चाहती है। माइकेल एंजेलो की तरह मैं अरुणाभ नयनों की, रक्तिम अधरों की ओर प्रेम-रक्तिम अन्तर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की नीरव भाषा भले न जानता होऊं, पर वह मेरी ओर आना चाहती है, यह मैं अच्छी तरह जान गया।

मेरे ओंठ काँप उठे। ऐसा लगा कि मेरे हृदय की बात फूटकर मुँह से निकल पड़ेगी। किन्तु यह बात सबके सामने कही भी तो नहीं जा सकती। वैसे रसविदग्धा मालिनी के पास होने की कल्पना और अनुभूति तो है ही; इसी से मैं सोचता हूँ कि मेरा दक्षिणी अमेरिका का स्वप्न-सन्धान सफल हो जायेगा। उसके नेत्रों में रस का संकेत है, उसकी लुकी-छिपी हँसी से इस बात का थोड़ा-बहुत आभास मुझे मिल गया था।

ट्राम के एक जगह रुकते ही मालिनी मुख फेरकर उतर गई। उसके नीरव आवाहन ने मुझे ट्राम से उतार लिया। खेतों के बीच हमारी युगल यात्रा प्रारंभ हुई। ठीक साथ-साथ तो नहीं, अलबत्ता, ऊषा के पीछे चलते हुए रवि की भाँति। ट्राम के अरसिक व्यक्ति शायद सोचते होंगे——संध्या रानी के पीछे अंधकार की भाँति !

●

साधारण भारतीय की तरह मैं सिर्फ़ डींगें नहीं मारता। इसका अर्थ यह है कि जो कुछ भी मैं करता हूँ उसे 'थौरोली' अर्थात् पूरी तरह से करता हूँ। प्रेम करने के बाद प्रिया से आमना-सामना होने पर मुझे पसीना नहीं छूटता, या उससे नजरें मिलने पर मेरी आँखें नीची नहीं हो जातीं। मैं ऐसा कच्चा खिलाड़ी नहीं हूँ। स्वाभाविक प्रेम होने पर मुझमें साहस का संचार हो उठता है।

मेरा दृढ़ संकल्प जिससे ढीला पड़ जाय, इसलिए चलते-चलते मैंने अपनी टाई थोड़ी कस ली।

जो दक्षिण अमेरिका तक दौड़ जाना चाहता हो वह क्या भला रवि ठाकुर के ढीले-ढाले स्वरों में यह गाना शुरू करेगा :

और कितनी दूर मुझको ले चलोगी,
सुन्दरी इतना बता दो,
किस किनारे से लगेगी
नाव सोने की तुम्हारी ?

सोचते-सोचते पुलक से भर उठा। क्या सरदी लग रही है ? नहीं, मन की कल्पना है। यह मान मैंने पतलून को थोड़ा कस लिया।

काफ़ी समय बीत गया। मैदान से यहाँ तक काफ़ी सन्नाटा रहता है। एकान्त में हृदय-विनिमय करने में बड़ी सुविधा है। कॉलर के दोनों कोने ठीक हैं या नहीं, यह एक बार हाथ फेरकर जाँच लिया। उसे पुकारने के लिए गले को थोड़ा खाँस-खाँसकर साफ़ कर लिया। तभी मालिनी लौट पड़ी। उसका दीप्त मुख प्रेम के प्रभात में नये विकसित पद्म के समान था। आह, उसके साथ शैवाल कैसी लगेगी !

उसके कमल-मुख से मधु के समान स्वर निकले, "आप क्या मुझसे कुछ कहना चाहते हैं ?"

कुछ कहना चाहते हैं ! जिसे सब कुछ देना चाहता हूँ उससे केवल कुछ कहना ही चाहूँगा ?

उसके कंठ स्वर ने मुझे आश्वस्त किया। टाई इतनी कसकर नहीं बाँधनी थी। मेरा कंठ दबा जा रहा था। मालिनी के प्रश्न से मैं सरस हो उठा। बोलने के लिए भाषा खोजने लगा।

बोला, "देखिए, कहना तो बहुत कुछ चाहता था, आप तो सब कुछ जानती ही हैं।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

DIWALI GREETINGS

From :

Hindusthan Pilkington Glass Works Ltd

Managing Agents :

TALUKDAR LAW & CO. PVT. LTD

HINDUSTHAN BUILDINGS,
CALCUTTA-13

WORKS ❖ ASANSGL

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसके मुख पर हँसी [illegible] "वाह, मैं कैसे जानूँगी ? क्या मैं अन्तर्यामी हूँ ?"

मैंने कहा, "नहीं-नहीं, मैं यह थोड़े ही कह रहा हूँ ? तब भी आप...."

पर गले को तो जैसे किसी ने जकड़ लिया । मन-ही-मन इतनी तैयारी कर ली थी—"तब भी आप तो जानती ही हैं । याने-याने...."

'मालिनी के मुँह पर मोहमयी मुस्कान !' अर्थात् मुझे ही सब कुछ कहना पड़ेगा ।

उसके बाद पिछड़ा साहस फिर लौट पड़ा । मैंने कहा, "देखिये, यदि परिचय न होने पर भी कोई ऐसी-वैसी बात कह बैठूँ तो क्षमा कीजिएगा ।"

मालिनी और भी हँसी । बोली, "वाह, कौन-सा साहस आपने दिखाया है, उसे बिना जाने मैं क्या कह सकती हूँ ?"

मैंने कहा, "देखिए, जादू की छड़ी के स्पर्श से यदि नींद टूट जाये और जीवन जाग उठे तो दोष नींद का है, छड़ी का नहीं ।"

ठीक समझा था मैं कि मालिनी संवेदनामयी है । मेरे मन की बात को वह बिल्कुल ठीक समझ गई । संभवतः इसी से कवि ने कहा है, 'मन ही समझे मन की बात' । अहा, लाख बात की एक बात है !

मेरी बात की प्रतिध्वनि करती हुई-सी वह बोली, "हरगिज़ नहीं । किन्तु इससे जादू की छड़ी को भी तो माफ़ नहीं किया जा सकता !"

यह तो कहानी की-सी बात हो गई । मालिनी के अलावा और कोई भारतीय लड़की ऐसी बात कह ही नहीं सकती थी । साहस पाकर मैं बोला, "देखिये, अपराध जादू की छड़ी ने तो किया नहीं जो उसे क्षमा करने की बात पैदा हो, अपराध यदि किसी ने किया है तो वह मैं हूँ । आपके सान्निध्य से जिस अमृत का स्वाद मुझे मिला है उससे मेरी दुनिया बदल गई है । यदि हो सके तो क्षमा कर दीजिए । हो सके, थोड़ी सहानुभूति दीजिए ।"

फिर साहस पाकर मैं कहता गया, "देखिए, मैं आपको देखकर ही समझ गया था कि आप मुझे ठीक तरह समझ सकेंगी । इधर कई दिनों से रोज़ आपके साथ ट्राम में आता था । किन्तु लगता है, केवल मैं ही नहीं, मेरा मन भी आपके साथ-साथ रहा है । और ....और आप भी शायद मेरे प्रति विमुख नहीं हैं ।" कहकर आँखें उठाकर मने उसकी ओर देखा, यह जानने के लिए कि बात कहाँ तक जमती है । क्योंकि इसी पर बाक़ी सारी बातें और सारे 'प्लान' निर्भर थे ।

मैंने ठीक ही समझा था । मालिनी के मन में भी मेरे लिए दर्द था । मैंने सोचा कि वह निश्चय ही राज़ी हो जायगी । वह इस बात के उत्तर में केवल हँस भर दी । मेरा मन भर गया । एक वृक्ष की छाया में हम दोनों बैठ गये । मेरे अनुरोध करने पर ही वह बैठने के लिए राज़ी हुई थी ।

•

बैठकर मैंने कहा, "देखिए मालिनी देवी, जगत में परम धन दुर्लभ है । उसे जिस क्षण देखा जाय, वही क्या परम क्षण नहीं है?"

हिश् ! कैसी बात करना आरम्भ कर दिया ! इतनी देर तक मैंने कहने को जो कुछ सोचा-विचारा था, वह सब कहाँ चला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Diwali Greetings

TO OUR

PATRONS & WELLWISHERS

CALCUTTA PHOTOTONE

88 B, Durga Charan Mitter Street,

CALCUTTA-6

Process Engraver, Designer, Photographer and Printer.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया ? जो बातें मैं कहना चाहता था वे सब मुँह से निकली ही नहीं।

वह हँसते हुए बोली, "आप निश्चय ही कवि हैं !"

रवि ठाकुर को मैंने धन्यवाद दिया। उनकी पुस्तकें पढ़कर इतना जान चुका था कि ऐसे आनन्द के समय मन मयूर के समान नाच उठता है।

मैंने कहा, "जानती हैं मालिनी देवी, एक ही ट्राम में हम दोनों व्यक्ति रोज़ आते हैं; यदि आपकी स्वीकृति मिल जाय तो हम दोनों रोज़ उसी से लौट भी सकते हैं ! कहने का अर्थ यह कि मैं स्वप्नदर्शी आत्मा हूँ।"

ऐसा लगा, इस बातचीत से उसका मन थोड़ा रंग गया। उसके चेहरे से ऐसा आभास होने लगा था। तभी शायद उसने अपना मुँह फेर लिया। लगा कि हँसी भी उसने दबा ली। वाह, मेरी बातचीत ने उसके मन को लुभा लिया पर इसे स्वीकार करते हुए वह झेंप रही थी। अति आधुनिकाओं की तरह उसने लज्जा का एकदम परित्याग नहीं किया है—यह जानकर मुझे अच्छा लगा।

उसने कहा, "ठीक कहते हैं। मैं आपको देखकर ही समझ गई थी कि आप किसी स्वर्ग में विचरण करते हैं !"

इससे अधिक आत्मप्रकाश की और क्या आशा की जाय ? उत्साह पाकर मैं बोला, "जानती हैं मालिनी देवी, मैं लड़कपन ही से काव्य, साहित्य, शिल्पकला आदि बहुत पसंद करता रहा हूँ। ऐसा लग रहा है कि मेरी वह सब चेष्टाएँ आज सार्थक हो गईं !"

स्वर में थोड़ा स्नेह भरकर वह बोली, "उसकी छाप अच्छी तरह से आपके भीतर-बाहर दिखाई दे रही है।"

मैं और उत्साहित हो उठा। मन का परिचय देने का अब समय आया है। मैंने कहा, "केवल इतना ही नहीं मालिनी देवी!".. आहा, नाम उच्चारण करते ही मानो मधु टपकने लगा हो; और फिर अपना नाम बार-बार सुनकर भी वह विरक्ति नहीं दिखा रही है, इससे मुझे और भी प्रमाण मिल रहा है कि मेरे प्रति उसका थोड़ा-बहुत अनुराग भी है—"केवल इतना ही नहीं, मालिनी देवी, उस अनुराग ने मेरे मन को रंग दिया है। अपने मन में रोज़ ही वसन्त का आभास और काव्य-लोक की अरुण आभा का अनुभव कर रहा हूँ।"

वह बोली, "इस बारे में कोई सन्देह नहीं। आपका चेहरा देखकर ही यह समझा जा सकता है। फागुन का जय-तिलक आप पर खिल उठा है, यह कहा जा सकता है।"

शैवलिनी क्या इस तरह से बात कर सकती है ? मेरे अन्तर में विगत जीवन के सात वसन्त हाहाकार कर उठे।

अधीर हृदय से थोड़ा आगे बढ़ा। मेरी अग्रगति को उसने हाथ बढ़ाकर रोक दिया। मैंने सोचा—अभी नहीं ! इतनी जल्दबाज़ी अच्छी नहीं होती !

तब भी मैं बोल उठा, "ऐसा लगता है, मालिनी देवी, कि मेरे मन की बात आप ठीक तरह से जान गई हैं। जो बात सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर अब तक कोई कह न सका, आज इस भोर की वेला में मेरे मुँह से निकल पड़ना चाहती है।"

'भोर की वेला' सुनकर मालिनी का मन समय के संबंध में सचेत हो उठा। वह चंचल होकर बोली, "देखिये, भोर का प्रकाश निश्चय ही आपके मन में है। और उसका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With compliments of :

AMBADUTT & CO.

21-A, CANNING STREET,

CALCUTTA-1.

Phone : 22-3137, 22-4287

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो कुछ सन्धान संसार को मिला है, उसे मैं जानती हूँ। किन्तु सच्ची और वास्तविक बात तो यह है कि भोर तो अब रही नहीं। इसके बहुत क्षण बीत गये हैं। आपने जब मुझे जान लिया तब यह बात भी जान ही गये होंगे कि मैं आफ़िस में काम करती हूँ। अब चलती हूँ! निश्चय ही आपके जीवन में इस वसन्त का विकास दिन-दिन पूर्णता प्राप्त करता जायेगा।"

कहकर वह हँसी। उसकी रक्तिम हँसी से मेरा मन रंग उठा। ऐसा लगा मानो मैं कुहासे के भीतर से देख रहा हूँ कि मालिनी ने अपने सुन्दर वैनिटी-बैग से एक छोटा-सा शीशा निकाला और अपनी मुस्कुराहट दबाते हुए मुँह पर थोड़ा-सा पाउडर लगाया। उससे वह और भी सुन्दर हो उठी। उसकी हँसी मोनोलिज़ा की हँसी के समान रहस्य-मधुर थी।

किसी तरह मैंने अपने को सँभाला और कहा, "मालिनी देवी, मैं अपनी बात तो आप से कह ही नहीं सका। आज यदि समय नहीं है तो आप अवश्य जायें। किन्तु आपसे फिर भेंट तो होगी ही। कहिए, कल फिर इसी समय ट्राम से थोड़ी देर के लिए आयेंगी तो? बताइये, बताइये, कल निश्चय ही आपके साथ बातचीत होगी न?

एक छोटा-सा नमस्कार करके वह उठ खड़ी हुई और बोली, "देखें, कल क्या होता है! मेरी बातें यदि कल तक आपके मन में रहीं तो और बातें होंगी ही। फिर यह तो है ही कि हम दोनों एक ही ट्राम के यात्री हैं। अच्छा नमस्कार!"

वह चली गई। भविष्य के द्वार खोल कर वह चली गई। एक बार पीछे फिरकर उसने देखा। व्याकुल हृदय से मैंने उसकी दृष्टि का अनुसरण किया। मैंने देखा कि उसने अपने वैनिटी-बैग का शीशा भूल से मेरे सामने रख दिया है और मुड़कर उसने उसी ओर देखा है, किन्तु उसे लेने नहीं आई। अर्थात् कल तो फिर भेंट होगी ही!

मन-ही-मन अपने भाग्य की सराहना की। मेरी आँखों के सामने अब भी शीशा रखा था। लगा जैसे शरीर हल्का हो गया है। उन्मत्त वसन्त की तरह मन उमंगों से भर उठा है। मालिनी ने ठीक ही समझा था। मेरे जीवन में वसन्त का प्रकाश पूर्ण हो उठा है। काव्य और शिल्प-कला का विकास मेरे भीतर-बाहर, सब ओर हो उठा है। फागुन का जय-तिलक मेरे मुख पर खिल उठा है।

आवेश में विह्वल होकर मैंने मालिनी का शीशा उठा लिया। जिसके हृदय में उसका मुख नित्य ही स्पष्ट हो उठता है, उसे एक बार प्यार करने के लिए मुँह के निकट ले आया।

हठात् एक धक्का खाकर मेरी वह चाह मिट गई। दिन के आलोक में मोनोलिज़ा की मुस्कान का रहस्य लोप हो गया। शैवलिनी! शैवलिनी को लेकर ही प्यार कर सकता हूँ; और किसी को प्यार करने का कोई उपाय नहीं है —इस बात की स्पष्ट गवाही मेरे कपोल पर लगी उसकी लाल लिपस्टिक दे रही है।

●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तार : साहू जैन, बम्बई

टेलीफोन : २५१२१८-१९

सोडा ऐश यूनिट

धांगध्रा
गुजरात राज्य

तार :
केमिकल्स
धांगध्रा

टेलीफोन :
३१ और ६७

धांगध्रा केमिकल वर्क्स लिमिटेड

प्रसिद्ध 'हार्स शू' छाप हेवी केमिकल्स
के उत्पादन में अग्रसर निर्माता

- सोडा ऐश
- सोडा बाइकार्ब
- कैल्शियम क्लोराइड
- नमक और

हाइ रेयॅन ग्रेड
इलेक्ट्रोलिटिक कॉस्टिक सोडा
(९८–९९ प्रतिशत शुद्धता)

कॉस्टिक सोडा यूनिट

साहूपुरम
पोस्ट–आरूमुगनेरी
तिरुनुवेली डिस्ट्रिक्ट
मद्रास राज्य

तार :
केमिकल्स
आरूमुगनेरी

टेलीफोन :
कायलपटनम : ३०

मैनेजिंग एजेंट्स :

साहू ब्रदर्स (सौराष्ट्र) प्राइवेट लिमिटेड

१५ ए, हर्निमैन सर्किल
फोर्ट, बम्बई–१.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

र० श० केलकर

●

पुस्तक अच्छी हो या बुरी —किसी साहित्यिक देवता की भूमिका भी छप जाये, यह आपकी दिली आकांक्षा होती है। अब यह और बात है कि भूमिका लिखाने के फेर में आप भूमिका छपवाने से ही घृणा करने लगें।

●

भूमिका लिखने का यह जो आजकल फ़ैशन-सा चल पड़ा है उसके बारे में नये सिरे से विचार करने के लिए मैं उस दिन मजबूर हुआ जिस दिन अपने व्यंग्य-लेखों का संकलन छपवाने का भूत मेरे हितैषी मित्र कल्पना-विभूषण ने अपने अनेक अनोखे विचारों के साथ गरम आलू की टिकिया खाते-खाते मुझ पर सवार कर दिया और इस भूत ने मुझे ऐसा पकड़ा कि सामने आलू की टिकिया से निकलने वाली भाप में मुझे अपने संकलन की बिकी-अनबिकी सभी प्रतियाँ एक साथ दिखाई देने लगीं।

संकलन का विचार मन में दृढ़ होते ही भूमिका की आवश्यकता और अधिक प्रतीत होने लगी। क्योंकि आज के युग में पुस्तक के लिए भूमिका उतनी ही आवश्यक बन गई है जितनी 'सोशल लाइफ़' में कामयाबी के लिए खूबसूरत बीवी। म नहीं समझता कि पुस्तक के लिए भूमिका ऐसी ज़रूरी क्यों बन बैठी है। मैं उसे लेखन की कमज़ोरी समझता हूँ। पर साहित्यिक संसार मेरे समझने से तो समझेगा नहीं। यदि समझता होता तो मेरे प्रयोगवादी मित्र पुस्तक का पहला पृष्ठ तीन प्रश्न-चिह्न लगाकर ही क्यों छोड़ देते, जैसे उन तीन प्रश्न-चिह्नों में उनकी अभिव्यक्ति के तीनों 'जेण्डर' समाविष्ट हों!

भूमिका की परम्परा के निर्वाह के लिए ज़रूरी है कि मैं उसके उद्गम,

भूमिका की भूमिका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विकास और स्वरूप पर गहराई से विचार करूँ और पाठकों को अपने पांडित्य से आतंकित करूँ। हिन्दी कोश में 'भूमिका' शब्द का अर्थ यों दिया गया है—'किसी ग्रन्थ के आरम्भ का वह वक्तव्य जिससे उस ग्रन्थ की ज्ञातव्य बातों का पता चले'। इससे पता चलता है कि भूमिका भूमि-सी ही प्राचीन है। अतएव आदि कवि ने अवश्य अपने प्रथम छन्द की रचना के बाद अपने भाव को खोलकर दिखाने के लिए एक अच्छी-खासी भूमिका बाँधी होगी और यदि नहीं बाँधी होगी तो उसे यक़ीन होगा कि उसके प्रथम छंद में कोई भी ज्ञातव्य बात नहीं है; वह केवल अनुभूति का विषय है। आदि कवि से लेकर ईलियटी सम्प्रदाय के वायवी कवियों तक पहुँचते-पहुँचते भूमिका का काफ़ी कायाकल्प हुआ है। 'अपनी बात', 'प्राक्कथन', 'आमुख', 'परिचय', 'प्रस्तावना', 'दो शब्द' आदि भूमिका के ही अनेक रूप हैं जिनके द्वारा ज्ञातव्य बातों को अज्ञातव्य बनाने की सफल-असफल चेष्टा की जाती है और 'दो शब्द' बीस-पच्चीस पृष्ठों को आत्मसात् करने के बाद भी 'दो शब्द' ही बने रहते हैं।

हाँ, तो अनेक पुस्तकों की भूमिकाएँ पढ़ जाने के बाद मैं सोचता रहा कि भूमिका मैं लिखूँ या किसी आचार्य, डॉक्टर या साहित्य-शास्त्री से लिखवाऊँ। सच देखा जाए तो मेरे संकलन के लिए भूमिका अत्यन्त आवश्यक थी, क्योंकि संकलन के सभी लेख व्यंग्य-प्रधान विनोदी लेख थे और इसलिए वे सब हास्य के अन्तर्गत आने के कारण मेरे उदासी लेखक-मित्र और उदीयमान आलोचक डॉ० अनोखेलाल शर्मा उन्हें रचनात्मक साहित्य में नहीं मानते थे। उनका कहना था कि उपन्यास, कहानी, नाटक, कविता और दुरूह साहित्यिक निबन्ध ही 'रचनात्मक' साहित्य के अन्तर्गत आते हैं और इसीलिए 'फ़िल्मी गानों में शृंगार की परम्परा का निर्वाह' तथा 'जयदेव का फ़िल्मी गानों पर प्रभाव' विषय पर अपने प्रबन्धों को वे रचनात्मक साहित्य के अमूल्य ग्रन्थ मानते थे। जो हो, मुझे उससे बहस नहीं, मैं तो भूमिका द्वारा अपने आलोचकों का ध्यान बचपन की उन गुदगुदाने वाली चुटकियों की ओर या चुभने वाले तानों की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ जो उनका कैरियर बनाने के लिए मुख्य रूप से सहायक रहे हैं। यदि अपनी ही बात कहूँ तो मैं हरगिज़ मैट्रिक पास न कर सकता यदि खोमचा लगाने से मुझे सख्त नफ़रत न होती। मुझे दिन भर पतंगबाजी करते हुए देखकर एक बार मेरे पिताजी ने हताश होकर कहा था—'तू तो खोमचा लगायेगा!' यह दूसरी बात है कि आज खोमचा लगाना भी उसी तरह आदरणीय समझा जाने लगा है जैसा सिनेमा में काम करना। परन्तु उस समय इस छोटे-से वाक्य ने तो मेरे जीवन की दिशा ही बदल डाली थी।

तो जनाब, भूमिका लिखवाने के चक्कर में मैंने अनेक साहित्यिक देवताओं की उपासना की, अनेक दिग्गजों की स्तुति की, और अनेक महारथियों की 'पत्रं पुष्पं फलं तोयं' के रूप में अनेक छोटी-बड़ी सेवाएँ कीं। तब कहीं एक स्वयंभू कनफटे महात्मा प्रसन्न हुए और उन्होंने पाण्डुलिपि अपने पास रख ली। एक वर्ष उन्होंने मुझे यह बताने के लिए लिया कि मेरे लेखों में 'पत्नीवाद' काफ़ी आ गया है। उस 'वाद' को यदि मैं निकाल दूँ तो ठीक रहेगा क्योंकि 'पत्नीवाद'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काफ़ी पुराना हो गया है। मैंने कहा, "ऐसा ग़ज़ब न कीजिए, पत्नी ही से मुझे प्रेरणा मिलती है और पत्नीवाद या पत्नी पुरानी लगने से हम उसे छोड़ थोड़े ही देते हैं! परिधान बदलते रहते हैं पर पत्नी नहीं बदलती और आप बदलने की सोचें भी तो 'हिन्दू-कोड-बिल' आपसे बदला लेगा। पर वे नहीं माने। उनका दूसरा आक्षेप यह था कि मेरे लेखों में बहुत-सी बातें आ जाती हैं। अच्छा होता यदि मैं एक ही बात को आरम्भ से अंत तक कहता। मैंने कहा, "क्या ग़ज़ब कर रहे हैं! आप भला 'एसोसियेशन आफ़ थाट' का साहित्य में कोई स्थान ही नहीं मानते? और फिर 'मोनोटनी' कैसे ब्रेक हो? वही बात बार-बार करने के कारण ही तो पत्नी से मेरी खटक जाया करती है।" वे अपनी बात पर अड़े रहे। परिणाम यह हुआ कि साल भर के बाद पाण्डुलिपि जैसी गई थी वैसी लौट आई। लाल स्याही के निशान से पता लगा कि उन्होंने संकलन का केवल एक ही लेख देखा था। मुझे बाद में पता लगा कि उन दिनों वे अपनी पत्नी का उपन्यास छपवाने के प्रयत्न में लगे हुए थे।

एक दूसरे देवता के द्वार पर गया तो देवता सो रहे थे। जब भी गया वे सोते ही मिले। अन्त में एक दूसरे साहब राज़ी हो गए और उन्होंने भूमिका लिख भी डाली परन्तु उस भूमिका में उन्होंने इतनी आत्मस्तुति की थी और इतनी घटनाओं का उल्लेख किया था कि मुझे लाल क़िले के सामने पटरी पर बैठे हुए फ़ोटोग्राफ़र के परदे की याद आ गई जिसके सामने कुर्सी पर बैठाकर वह देहातियों की तस्वीरें खींचा करता है। इस पर्दे पर आपको सब कुछ मिलेगा—हवाई जहाज़, रेलगाड़ी, हवेली, उद्यान, मोटर, फव्वारे, तालाब, एक कोने में नेताओं की तस्वीरें, दूसरी ओर देवताओं की; मतलब यह कि फ़ोटोग्राफ़र महाशय की कल्पना जहाँ तक दौड़ सकती है और देहाती जिन-जिन चीज़ों को पसंद कर सकता है वे सब उस पर्दे पर मौजूद रहती हैं। इस जटिल पार्श्वभूमि में जैसे देहाती का अस्तित्व खो जाता है उसी प्रकार उस भूमिका में मेरा अस्तित्व खो गया था। बाद में पता लगा कि वे व्यवसायी भूमिका-लेखक थे। तब से मैंने भूमिका लिखवाने का विचार छोड़ दिया है। और आज अपना यह संकलन मैं बिना भूमिका के ही आपके सामने पेश कर रहा हूँ। इसे भूल से मेरी भूमिका न समझ बैठिए।

● ● ●

समय बताने वाली घड़ी

"भाई रात बहुत हो गयी जान पड़ती है। मैं चलता हूँ अब। अच्छा, अभी क्या बजा होगा?"

सुनकर मित्र ने कहा, "मेरे पास तो घड़ी नहीं है, मगर ठहरो; अभी मालूम हुआ जाता है।"

कहकर वह तबला उठा लाया और दो-चार थापें ही दी थीं कि पास के मकान की खिड़की खुली और आवाज आयी—"बन्द करो अपना यह 'ता धिन्ना, ता धिन्ना'! पता नहीं, रात के साढ़े ग्यारह बज रहे हैं?"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Jiwanram Jagannath

181-B, CHITTARANJAN AVENUE,
CALCUTTA.

DIWALI GREETINGS

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रचना के साथ लेखक की टिप्पणी है कि पानेवाले का नाम और पता नहीं जानने के कारण वह यह खुली चिट्‌ठी 'ज्ञानोदय' के मार्फ़त भेज रहा है।

केशवचन्द्र वर्मा •

समझौता : एक इन्टलेक्चुअल कलाभ्यास

•

मित्रवर,

कल आप मुझसे 'बौद्धिक' बहस करते-करते एकदम रुष्ट हो गए, उसके लिए मुझे बड़ा खेद है। खेद इस बात का विशेष नहीं है कि आप मुझसे नाराज़ हो गए––क्योंकि आप अगर बेबात नाराज़ हो सकते हैं, तो बेबात खुश भी हो सकते हैं––इसलिए उसकी चिन्ता नहीं है। हाँ, इस बात का खेद ज़रूर है और रहेगा कि आप 'कॉमन सेंस' को 'बौद्धिक' [इंटलेक्चुअल] बनाने की कला में एकदम असफल रहे जा रहे हैं और स्पष्ट ही, यदि आप अपनी बात पर डटे रहे तो आगे भी आप एकदम असफल ही रहेंगे !

आपने अपने प्रश्न का उत्तर भी पूरा नहीं सुना और उठकर चल दिए। आपने पूछा था कि संसार-व्यापार की इस जटिलता से मेरे दिमाग़ में 'कन्फ्यूज़न' (गड़बड़घोटाला) क्यों नहीं मचता ? मैंने अत्यन्त सरल भाव से आपको बताया था कि मैं 'समझौतावादी दृष्टि' का क़ायल हूँ क्योंकि यही फ़ायदेमंद है ! क्योंकि देश के भविष्य से लेकर अपने भविष्य तक मैंने जिस सफलता को आते देखा है, वह इसी 'समझौतावादी' दरवाज़े से भीतर आई है ! आप सिद्धांतवाले आदमी ठहरे ! एक सिद्धांत वाला आदमी दूसरे आदमी की बदतमीज़ी तक सह सकता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर उसका सिद्धान्त नहीं सह सकता । इसी लिए आप मेरे सिद्धांत की व्याख्या बिना सुने ही अपने सिद्धांत के अंतर्गत मुझे 'समझौतावादी', 'अवसरवादी', 'आत्माहीन' आदि अनेक बौद्धिक गालियाँ सुनाकर अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए एक कर्मठ आर्यसमाजी की भाँति चले गए !

कुछ बातें, जिन्हें अपनी सफ़ाई के लिए नहीं, आपकी भलाई के लिए निवेदन करना चाह रहा था और नहीं कर पाया, वह लिखे दे रहा हूँ ताकि 'आनेवाली पीढ़ी' (यही शब्दावली है न ?) मुझे 'समझौतावादी' या 'अवसरवादी' भले ही कह ले पर 'मित्रद्रोही', 'स्वार्थी' और 'अपने-स्वानुभूत-ज्ञान-को-वैयक्तिक-दायरे-में-बाँधकर-रखनेवाला-अहम्मन्य' न कह सके ! अपनी-अपनी बुद्धि है—आपको 'समझौतावादी' गाली लगता है, मुझे 'मित्रद्रोही' । अतः आपको उससे बचने का 'व्यक्ति-स्वातंत्र्य' है और मुझे इससे ।

शायद आपने इस बात पर कभी ध्यान नहीं दिया कि 'समझौता' शब्द 'समझ' से बना है जिसके पर्याय हैं, अक्ल, बुद्धि, तर्क और इंटलेक्ट भी ! शायद इसीलिए संसार के बहुत बड़े-बड़े अक्लमंद, बुद्धिमान, तार्किक और इंटलेक्चुअल भी 'समझ' से काम लेते हुए समझौते को पकड़ते रहे हैं । समझ का समयानुकूल प्रयोग ही समझौते का सही रूप खड़ा करता है । समझौता करके हीरो बननेवाले चूँकि 'बुद्धिमान' थे इसलिए उन्होंने जब खुद उस 'कैवल्य पद' को प्राप्त कर लिया तो दूसरों के लिए ऐसा सिद्धान्त बताया जिसमें 'समझौतावादी-दृष्टि' की निन्दा की गई थी । क्योंकि कहा गया है कि बुद्धिमान अथवा अक्लमंद मनुष्य उस रास्ते को सबको नहीं बताता जिससे वह खुद चलता रहा है। उसके लिए 'सुपात्र' देखकर ही उसका भेद खोलता है ।

हे मेरे कल शाम को नाराज़ होने वाले अज्ञानी मित्र ! संसार के समस्त नैतिक सिद्धांत दूसरों के चरित्र को ही कसौटी पर कसने के लिए अनादि काल से निर्मित किए गए हैं । जो बुद्धिमान हैं, समझदार हैं, समझौतावादी हैं, वे उन सिद्धांतों को अपने हित में तोड़कर भी, ऊपर से उसे ही सर्वोच्च आदर्श बताते रहते हैं ताकि जनता-जनार्दन उनके सिंहासन के पास भेड़ियाधसान मचाने में सब दिन असमर्थ रहे ।

आपने जिस सिद्धान्त की दुहाई देकर मुझे इंटलेक्चुअल गालियाँ दीं, उसके अंतर्गत जो कुछ लाभ मुझे दीखे, वे यूँ हैं :

(अ) मर जाने के बाद बड़ा नाम होता है।
(ब) आत्मा की हानि नहीं होती।
(स) मानवता के उज्ज्वल भविष्य का स्वप्न दिखाई पड़ता है ।
(द) 'सादा जीवन और उच्च विचार' की तरफ़ रुझान होती है ।

मुझे एक समझदार आदमी के नाते आपको सूचित करते हुए बड़ा खेद हो रहा है कि इसमें से एक भी लाभ ऐसा नहीं है जिसके लिए मैं अपने स्वर्णिम सिद्धांत को छोड़ने के लिए विवश होऊँ । यदि आप दुबारा बुरा न मानें तो मैं कहूँ कि मेरे सिद्धांत पर चलकर भी ये चारों लाभ उठाए जा सकते हैं और उनकी सहज घोषणा की जा सकती है। समझौतावादी व्यक्ति मरकर एकदम नाम मिटा जायगा—ऐसा आप किसी का उदाहरण देकर समझाइए ! और फिर जब तक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साइंस कोई ऐसा यंत्र न निकाल ले जिससे आत्मा के हानि-लाभ का स्पष्ट विवरण मिलता रहे तब तक अपनी आत्मा को जीवंत घोषित करने के लिए मैं भी उतना ही स्वतंत्र रहूँगा जितना आप अपनी आत्मा के बारे में कहने के लिए ! हाँ, रही मानवता के उज्ज्वल भविष्य की बात, तो मैं आपको सिर्फ़ यह याद दिलाना चाहता हूँ कि यह मुहावरा भी आपने उनसे ही सीखा है जो जीवन के हर क़दम पर समझौतावादी रह सकने में समर्थ रहे हैं। आखिरी दाँव के बारे में मुझे इतना ही कहना है कि अभी तो जहाँ तक 'उच्च विचार' का प्रश्न है हमारे ही साथी-संगियों के विचार 'उच्च' माने जाते हैं और कुछ दिन माने जाते रहेंगे और शेष बचा 'सादा जीवन' सो उसके विषय में निवेदन है कि वह यदि आपके ही पल्ले रहा तो भी हमारे दल की विशेष हानि न होगी।

अतः ये 'तथाकथित-लाभ' तो अपने लिए 'सूट' नहीं करते लेकिन इससे होनेवाली हानियाँ आपको कहाँ तक 'सूट' करेंगी, इस पर आपका ध्यान आकर्षित करना मैं अपने इसी कर्त्तव्य के अन्तर्गत आवश्यक समझता हूँ। संक्षेप में कहूँ तो :

(अ) किसी भी क्षेत्र में आपको यावज्जीवन मान्यता नहीं प्राप्त हो सकती। (क्योंकि आप मान्यता के सही दरवाज़े से न घुसकर उसकी दीवार से टकराते रहेंगे।)

(ब) आप सदा विद्रोही नवयुवक (एंग्री यंग मैन) ही माने जायेंगे और कभी भी 'परम संतुष्ट धवल-केशी वृद्ध' का पद न पा सकेंगे। आप 'ईमानदारी' आदि घिसे-पिटे नारों को लगायेंगे और लोग आपके नारों को बेईमान समझते हुए आपकी बढ़ती हुई टाँगों के बीच लकड़ी फँसाते रहेंगे। तब आपको बढ़ती हुई टाँगों और फँसती हुई लकड़ी के समझौते का कोई फ़ार्मूला याद नहीं आएगा।

(स) अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चलाते हुए आप जिस गर्व का अनुभव करेंगे उससे प्रेरित होकर वही कुल्हाड़ी दूसरे के पैरों पर भी आप चला देंगे !

(द) 'आत्मा', 'मानवता' तथा 'उच्च विचार' आदि अनेक निरर्थक शब्दों के जाल में फँसकर आप अपने को दूसरों से ऊँचा समझने का एक खब्त अपने अन्दर पैदा कर लेंगे और अपने को एक "ज्योतिर्मय पिण्ड' समझकर वह सब भी अपनी मूर्खता से खो देंगे जो दूसरों को सहज प्राप्त हैं !

आप चूँकि पढ़े-लिखे आदमी हैं, इसलिए मेरी दलीलों को काटने के लिए 'माया-मोह जैसी 'भक्ति-वाली' शब्दावली का प्रयोग करने में हिचकेंगे ! अतः मैं अपने तर्कों के लिए निश्चित हूँ।

'समझौते' के चार अक्षरों से चिढ़नेवाले मेरे भाई ! काश तुम किसी राजनीतिक पार्टी में होते या तुम प्रगतिशील लेखकों की जमात में होते, या तुम किसी दफ्तर की नौकरी करते होते या नौकरी के लिए चक्कर काटते होते, या तुम किसी 'बिज़नेस' को जमाने के लिए दौड़धूप कर रहे होते या तुम्हारे भीतर आगे बढ़ने की बलवती महत्वाकांक्षा ही होती तो तुम इन चार अक्षरों को मढ़वाकर तावीज़ की तरह पहने हुए घूमते। समझौता करने और उस कला की साधना करने का कुछ-कुछ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Diwali

Greetings

from :

Gunny Commercial Company,

Phone :

22-5366

6, CLIVE ROW,

CALCUTTA-1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रहस्य-रोमांच तुम्हें दिखाई पड़ता। अनेक कलाओं (और कलाकारों) की जड़ इन चार अक्षरों के खूँटे से बँधी हुई है। हर कोई समझौता नहीं कर सकता। हर स्तर के आदमी के लिए इसकी साधना गूढ़ भी है और कठिन भी। राणा प्रताप तक इसकी साधना नहीं कर सके थे; नहीं तो बड़े सहज भाव से वे भी एक मिनिस्टर होते। तब भी आपके तर्क को काटते हुए वे उतना ही जाने जाते जितना मानसिंह या मिर्जा राजा जयसिंह। आपको तो दोनों के नाम रटकर और उनके बारे में 'प्वाइंट्स' याद करके इम्तहान पास करना ही पड़ता। जहाँ तक राणा प्रताप का सवाल है, उन्हें यह सूझा ही नहीं होगा कि उनका और मानसिंह का नाम एक साथ ही चलता जायगा।

समझौता हमेशा बड़े आदमियों द्वारा ही होता है। 'समझौते' के स्वर्णिम-सिद्धांत-दल में घुसने के लिए 'बड़ा आदमी' बनना आवश्यक है। एक बार बड़ा आदमी बनकर वह किसी बड़ी परिस्थिति से, बड़ी संस्था या बड़े व्यक्ति से समझौता कर सकता है। छोटा आदमी बिना 'बड़ा आदमी' बने जब समझौता करता है तो उसका भेद खुल जाने का भय रहता है और वह 'छोटे स्वार्थों का आदमी' कहा जाने लगता है! बड़ा आदमी जब समझौता करता है तो उसका भेद खुलने का डर नहीं रहता क्योंकि वह अपने लिए किये गए समझौते को व्यापक हित में, देश के हित में, भाषा के हित में, प्रमाणित करने में सहज-सिद्ध हो जाता है! एक बड़े आदमी और दूसरे बड़े आदमी या संस्था में समझौता सबके लिए गर्व का विषय रहता है। इसलिए हे मेरे भाई! यद्यपि मैंने आपसे अपने सिद्धांत अवश्य बताए हैं पर उन पर पूरी तरह से अमल करना मेरे लिए तभी संभव होगा जब मैं 'बड़ा आदमी' की संज्ञा पा जाऊँ।

आप पूछ सकते हैं कि यह सब करने में 'इंटलेक्ट' या बुद्धि की आवश्यकता कहाँ पड़ती है? उसकी आवश्यकता निम्नांकित क्रिया-कलापों में पड़ती है :

(१) समझौता करके भी ऐसा न लगने देना कि हमने कोई समझौता किया है।

(२) मन अपने को कभी भूलकर बुरा-भला कहे, तो बुद्धि के सहज नियंत्रण और तार्किक प्रणाली से उसे मनवाना।

(३) हर महान बनने वाले व्यक्ति के जीवन से समझौता-वादी घटनाओं का चयन, मनन, अध्ययन तथा जपन।

(४) जिस किसी से समझौता करे, उसे उल्लू करके प्रचारित करे, और सबसे अपनी यही बात मनवाए कि 'देखिए; इस उल्लू ने आखिर मुझसे समझौता कर ही लिया!'

पत्र समाप्त करते-करते मुझे अब यह बात बार-बार 'स्ट्राइक' हो रही है कि जिस नाटकीय-प्यूरिटन ढंग से आप 'समझौतावादी' नाम सुनते ही उठकर चले गए थे, उससे मुझे लगता है कि आप एक अत्यन्त प्रभावकारी 'समझौता-वादी' बन सकने में सक्षम हैं! क्या पता कि आप मुझसे पहिले से ही उस रास्ते पर चल रहे हों और हर बुद्धिमान या समझदार की तरह मेरा उस रास्ते पर आना आपको नापसंद हो! पर अंत में मित्रता के नाते इतना तो कहूँगा कि 'मित्र! मुझे भी पीछे-पीछे चले आने दो!'

थोड़ा कहा बहुत समझना!

सस्नेह (जो गुरुमंत्र मिलने तक बना रहेगा!)

केशवचन्द्र वर्मा।

•

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Puja & Diwali Greetings!

Ratanlal Dalmia (Pvt.) Ltd.

(Gunny Deptt.)

6, CLIVE ROW,

CALCUTTA-1.

PHONE

◈◈

22-4273

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तो लेखक महोदय शनिश्चर-ग्रह पर पहुँच गये, वहाँ के निवासियों को 'नई कविता' में बोलते देखकर उन्हें प्रसन्नता भी कम नहीं हुई लेकिन जब उस 'नई-कविता' का अर्थ उनकी समझ में आया तो उनके होश-हवास फाख्ता हो गये !

● ● ●

सबसे पहले मैं आपको एक बात कह दूँ। कहीं आप यह न समझ लें कि मैं बूढ़ा हो गया। अभी ही तो मेरी जवानी आई है। अभी ही मैंने समझा है कि अकेली आने-जानेवाली साँस बेकार होती है। अगर दो आदमी मिलकर साँसों से खेलें, तो जीवन सार्थक मालूम होता है। चूँकि जीवन जीने के लिए है और जीवन, मृत्यु के ऑक्टोपस से खेलनेवाला विद्रोही वीर है, इसलिए मैं नष्ट होना नहीं चाहता। मैं शादी करना चाहता हूँ। शादी के लिए मैंने बहुत-सी लड़कियाँ देखीं। मैंने ललिता को देखा, जिसकी बड़ी-बड़ी आँखें उसकी जीभ से कहीं ज्यादा बोलती हैं। मैंने लावण्य को देखा, जिसके दाँत ऐसे हैं जैसे मयूराक्षी नदी के किनारे पंक्ति बनाकर बगुले बैठे हों। मैंने कान्ता को देखा, जिसकी भँवें ऐसी हैं मानो सुन्दरता ने अपना बन्दरवार लटका दिया हो। मैंने किरणप्रभा को देखा, जिसकी गर्दन सुराही की तरह है; लेकिन कुम्हार की बनाई सुराही की तरह नहीं, प्लास्टिक की फैक्टरी में बनी लचकदार सुराही की तरह। जब वह बायीं ओर चलती हुई दाहिनी ओर गर्दन घुमाकर देखती है तब पता चलता है कि 'थियोरी आफ रिलेटिविटी' समझ में आ रही है। फिर मैंने तलवार कौर को देखा जो कनकछड़ी-सी कामिनी है। रोमन-युग की तलवार की तरह लम्बी; वैसी ही लचकदार और उसी तरह मार करनेवाली। वह इस खतरनाक ढंग से चलती है कि लगता है जैसे प्रलय आ जायगा।

मगर इससे आप यह न समझ लें कि मैंने इनमें से ही किसी को अपनी जीवन-संगिनी बनाने के लिए पसन्द कर लिया है। मैं ज़रा आर्टिस्ट क़िस्म का आदमी हूँ और मेरी दृष्टि

राधाकृष्ण



एक बड़ी-सी टेढ़ी रेखा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खास सौन्दर्य चाहती है। मैं ऐसी स्त्री से विवाह करना चाहता हूँ जिसकी आँखें ललिता की तरह, दाँत लावण्य की तरह, कमर किसी अनदेखी की तरह और क़द तलवार कौर की तरह हों। ऐसी लड़की मुझे दिखाई नहीं पड़ी। तब मेरे मन में निराशा छा गई। मैं निराश हो गया। मैंने इस निराशाजनक परिस्थिति पर विचार किया, मनन किया, चिन्तन करता रह गया। उसके बाद मैंने एक काग़ज़ पर बड़ी-सी एक टेढ़ी रेखा खींच दी। टेढ़ी रेखा इसलिए खींची कि मेरा जीवन टेढ़ा हो गया था। मेरे सामने का समाज और मेरे सामने की दुनिया टेढ़ी हो गई थी। इसलिए मैंने काग़ज़ पर टेढ़ी रेखा खींच दी। यों आप मज़ाक करना चाहें तो कह सकते हैं कि तुम्हें सीधी रेखा खींचना आता भी है क्या? मगर मज़ाक छोड़िये; मैं इस समय सीरियस बात कह रहा हूँ। मैंने बहुत बड़ी टेढ़ी रेखा खींच दी। वैसी ही टेढ़ी रेखा खींची जैसी टेढ़ी रेखा भाग्य की और समय की होती है; जैसी रेखा जल की लहरों की होती है। मगर उन रेखाओं का कोई मतलब नहीं होता। हाँ, मेरी रेखा में ख़ास तरह का गहरा मतलब छुपा हुआ था। उसमें से एक अव्यक्त कला व्यक्त हो रही थी। उस टेढ़ी रेखा में जीवन की, यौवन की, अरमानों की, कल्पनाओं की कहानी थी। कला की दृष्टि से उस टेढ़ी रेखा का मूल्य बहुत बड़ा था। हाँ, यह बात दूसरी है कि मेरी उस कलाकृति का मूल्यांकन करनेवाला मूर्धन्य आलोचक नहीं मिल पाया था। मगर कलाकारों को आलोचक मिलते ही कहाँ हैं! आलोचक तो प्रकाशकों को और [illegible] उपलब्ध होते हैं! अपनी उस आँसू की तरह की टेढ़ी रेखा को देखकर मेरा हृदय भर आया। मैंने स्वयं उसकी सराहना की। सो सराहना इसलिए की कि दूसरा कोई भी उस आर्ट का मतलब नहीं समझ सकता था।

वह टेढ़ी रेखा किसी पथ की तरह लम्बी चली गई थी। वह पथ न जाने कहाँ-से-कहाँ तक चला गया था, यह न मैं जानता हूँ और न बतला सकता हूँ। जीवन-पथ भी तो वैसा ही है। जाने कहाँ से आता है और न जाने स्वर्ग-नर्क कहाँ-कहाँ तक चला जाता है। टेढ़ी रेखा! जैसे हिलती हुई गर्दन और लचकती हुई कमर; या जैसे समझौते का हस्ताक्षर। मने देखा कि आगे-आगे विचार चलते हैं और शरीर उसके पीछे-पीछे चलता है। मैंने देखा कि मैं उस टेढ़ी रेखा के पथ से चला जा रहा हूँ। सूना और वीरान, अनजाना रास्ता! न ललिता, न लावण्य, न कान्ता, न कनकप्रभा। इतना अकेलापन था कि अपनी आत्मा भी उस यात्रा का साथ नहीं दे रही थी। उस सूने रास्ते पर मैं अपना मन बहलाने के लिए तरह-तरह से चल रहा था। कभी तलवार कौर की तरह चलता, कभी हांगकांग के पहलवान की तरह चलता। कभी-कभी दिल बहलाने के लिए बिना पेंदी के बर्तन की तरह लुढ़कने लगता। न जाने मैं कितनी दूर तक आगे चला गया।

मैंने एक आदमी को देखा जो भाड़े का आकाशगामी राकेट लेकर यात्री की खोज में खड़ा था। बातचीत हुई तो मने उससे कहा, "यार, इस सूनेपन से तो अच्छा है कि तुम मुझे इस राकेट से बहुत दूर उड़ा ले चलो।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसने सिर हिलाया । बोला, "कोई बात नहीं जी ! मैं आपको इस टैक्सी-राकेट से शनिश्चर ग्रह तक पहुँचा दूँगा ।"

सुनकर तसल्ली हुई । मेरे ज्योतिषी ने कहा था कि शनिश्चर आपकी ओर वक्र दृष्टि से देख रहे हैं । अगर वहाँ पहुँच जाऊँगा तो दृष्टि की वक्रता में कमी हो जायगी ।

मैंने कहा, "ठीक है, मुझे वहाँ पहुँचा दो । वहाँ मुझे कुछ काम भी है । भाड़ा क्या लोगे ?"

टैक्सीवाले ने जवाब दिया—"भाड़ा ? पचास हज़ार रुपये दे दीजियेगा ।"

मैं डेढ़ सेर का चावल ऋण लेकर खाता हूँ । दुनियावाले मेरी क़द्र नहीं करते, इसलिए असम्मानित रहने का अभ्यास करता हूँ । पुरस्कार देने के लिए भी मुझे कोई नहीं चुनता । जब नौ नखरे के बाद कोई सम्पादक मेरी रचना छापता है, तो पंद्रह रुपये का पुरस्कार देता है । इसलिए मैं कलाकार की हैसियत से बहुत बड़ा और आदमी की हैसियत से बहुत छोटा हूँ । प्रसिद्धि की यह हालत है कि मुझे वोट देने वाले भी नहीं जानते । नेताओं में कोई मेरी बिरादरी का नहीं । थोड़े-से कलाकार क़िस्म के लोग मुझे जानते हैं और कहते हैं कि आदमी थोड़ा खफ्ती और ज्यादा घमंडी है । यानी मैं कुछ ऐसा माल हूँ जिसकी क़ीमत बहुत ही कम होती है । पैसे मेरे पास नहीं रहा करते । मैंने अपनी जेब में हाथ डालकर अठन्नी-चवन्नी का अन्दाज़ किया । उसके बाद बोला, "पैसे तो इस समय मेरे पास नहीं, इसलिए मैं तुम्हें पलाई बैंक के नाम पचास हज़ार का चेक दे दूँगा । मंजूर हो तो कहो ! वैसे मैंने सोन-इस्ट बैंक में भी अपने रुपये डाल रखे हैं; मगर वहाँ का चेकबुक मेरे पास नहीं है ।"

उसने चेक लेकर अपनी जेब में रख लिया और बोला, "ठीक है सा'ब !"

तब मैंने गौरव से उसकी ओर देखा । पचास हज़ार का गौरव, चेक का गौरव । मैं कितना बड़ा आदमी हूँ ! मेरी अमीरी को समझो !

उसके बाद उसने मुझे ज़मीन पर दे पटका और दबाकर देखने लगा कि मैं कितना प्रेशर सह सकता हूँ । इससे मुझे तकलीफ़ हुई । इसी बात से आप समझ सकते हैं कि अमीरों को भी सदा सुख नहीं मिलता । उन्हें भी दबा-दबाकर देखा जाता है कि वे कितना प्रेशर सह सकते हैं । प्रेशर देखने के बाद जब मुझे खड़ा किया गया तो मैं किसी वालंटियर की तरह लगता था जो हर परिस्थिति में अहिंसा क़ायम रखता है । उसके बाद मैं उस राकेट पर सवार हुआ और शान से बैठ गया । थोड़े ही समय में मेरी तीन तरह की गति हो गई—सुगति, दुर्गति और अधोगति ! मगर इसमें कोई सन्देह नहीं कि राकेट की गति सभी गतियों से अधिक थी । मैं शब्द की तरह उड़ता जा रहा था । उसका वेग देखकर मैंने अन्दाज़ किया कि मन कितनी तेज़ी से चलता है । अगर मन में 'माइल-मीटर' लगा दिया जाय तो ......

मैं शनिश्चर-ग्रह पर पहुँच गया । थकावट नहीं मालूम होती, क्योंकि पृथ्वी पर जो हवा का प्रेशर था वह यहाँ नहीं । मैं स्थान और काल से दूर आ गया था । वहाँ मुझे आक्सीजन से साँस लेनी पड़ती थी इसलिए मैं शनि-मानव से भिन्न मालूम होता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Phone : Office : 2…
Resi. : 33-…

WHY ARE YOU SO ANXIOUS
FOR YOUR PAPER PROBLEM?

Contact :

Shree Vishnu Stores

**10, JACKSON LANE,
CALCUTTA-1.**

Distributors of :—

The Titaghur Paper Mills Co., Ltd.

The Bengal Paper Mills Co., Ltd.

Rohtas Industries Ltd.

Orient Papar Mills Ltd.

Also Stockists of :—

ELEPHANT BRAND EXERCISE BOOK.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था। लोग मुझे देखकर हँसते थे। मैंने मन-ही-मन कहा कि जब तुम लोग मेरे ग्रह में आओगे तो हम लोग भी तुम पर इसी तरह हँसेंगे। फिर भी वहाँ के आदमी वैसे बुरे नहीं थे। वे विज्ञान में बढ़े हुए थे तो कला में भी उनकी पूरी गति थी। वे इतने अधिक कला-प्रेमी थे कि गीत गा-गाकर बोलते थे। मुझे एक गोलाकार हॉल में पहुँचाया गया जहाँ बहुत-से आदमी बैठकर विचार-विमर्श कर रहे थे। मुझे देखते ही एक आदमी ने सिर हिलाया और गाता हुआ कहने लगा, "स्वागत है आपका बन्धुवर, जो आये हैं आप यहाँ। आप आते हैं आत्महन्ता ग्रह से जहाँ की मानवता ही मानवता का नाश कर रही है, जहाँ का विज्ञान ही नाशक हो रहा है और खतरे में पड़ी है मनुष्य जाति सारी। हे बन्धु, सत्य से विमुख ज्ञान कितनी लम्बी उड़ान मारता है, इसका प्रदर्शन तुम्हीं कर सकते हो। साहित्य तुम्हारा अधोमुखी वासनाओं का मारक रूप है और हज़ारों बमों से भी ज्यादा घातक है। गुंडेबाज़ी को ही वीरता समझते हो तुम। पागलपन को ज्ञान की संज्ञा देकर भ्रम में भूले रहा करते हो। हे मित्रवर! जो नहीं समझ पाते उसी पर आस्था होती है तुम्हारी। तुम शीघ्र ही नष्ट हो जाओगे——नितान्त शीघ्र!

उसकी यह नई कविता सुनकर मैंने बीच में पूछा, "क्या कहा, पृथ्वी पर मनुष्य-जाति नष्ट हो जायगी?"

"हाँ, हे बन्धु! शीघ्रतर क्षिप्र वेग से सभी मरेंगे।"

"तब मैं किस तरह जी सकूँगा?"

"शान्त, निर्भ्रान्त पड़े रहो तुम यहीं। जाओगे नहीं, मरोगे नहीं। सब मर जायेंगे, केवल एक तुम्हीं [illegible] जीते रह जाओगे।"

मेरे तो रोंगटे खड़े हो गए। सब मानव नष्ट हो जायेंगे, तब मेरी लिखी कहानियाँ कौन पढ़ेगा? जब सभी मर जायेंगे तब उस बड़े-से कारखाने से निकला हुआ बढ़िया माल कौन खरीदेगा? जीवन-बीमा-पालिसी के रुपए किसे मिलेंगे?——यह क्या हो रहा है? हे भगवान्! सुबुद्धि दो। मुझे नहीं, उन लोगों को, जो दुनिया को नाश की ओर लिये जा रहे हैं। अब क्या होगा? मैं इधर-उधर घूमकर टोह लेने लगा।

●

"तुम लोगों ने अपनी आत्मा को शैतान के हाथ गिरवी रख दिया है। मनुष्य होकर भी तुम मानवता को प्यार नहीं करते। बुद्धि रखकर भी तुम दया, प्रेम, आदि की क़ीमत नहीं समझते, निरन्तर नाश की नई-नई चीज़ें निकालते जा रहे हो और बर्बरता, निरंकुशता के हाथ बेच रहे हो। तुमने प्रजा का अधिकार लिया और एक ही आदमी को इतना शक्तिशाली बनाया जितने शक्तिशाली सिकन्दर और नेपोलियन भी नहीं थे। नीरो भी ऐसा नहीं था।" शनिश्चर-ग्रह के निवासी मुझसे इसी तरह की बातें किया करते थे।

उन लोगों का कहना था कि शक्तिशाली एक दिन अपने मद में अन्धा हो जायगा! सो वह अन्धा हुआ; लेकिन अक्ल का अन्धा। वह पागल हो गया। मैंने देखा कि एक टेढ़ी किरण उसके मस्तिष्क में घुस गई और उसके दिमाग़ की गुत्थी से उलझ गई। वहाँ से विचार उत्पन्न होते थे। उसके विचारों की गुत्थी ही खराब हो गई।

मैंने टेलीविज़न से देखा कि वह पागल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

FOR ALL SORTS OF

DEISEL ENGINES, STONECRUSHERS GRANULATORS LATHES, ALLIED MACHINE TOOLS, PUMPING SETS SPARE PARTS FOR DEISEL OIL ENGINES, JAWS AND OTHER SPARE PARTS FOR STONECRUSHERS AND GRANULATORS ETC. ETC.

Please Write ring or call at

General Machinery & Electrical Stores Private Ltd.

138, CANNIG STREET.
CALCUTTA-1.

SHOW ROOM
AT
133, CANNIG STREET.
CALCUTTA–1.

Phone : Show Room : 22-1552 & 22-8566
Main Office : 22-1578

Gram : "KISANMASIN"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो गया था। पागल हो गया था फिर भी शासन कर रहा था। लोग नहीं समझ पाते थे कि वह पागल हो गया है। वह ज्ञान-विज्ञान और राजनीति की बातें करता था और अहंकार के साथ अपना सिर हिलाता था। टेलीविज़न से मैंने देखा कि कई जगह ऐसी बातें हो रही हैं। उनके दिमाग की गुत्थी में कोई टेढ़ी-सी रेखा अटकी हुई है। शक्ति के मद में लोग बर्बर और खूंखार हो गए थे। और जब चरम सीमा आई तब एक शक्तिशाली ने कहा, "संसार का नाश करनेवाला बम पटक दो!"

और लो, धड़ाम से वह बम पटक दिया गया। चारों ओर एक साथ ही किरण और धुआँ फैला। मैं भौंचक्का रह गया। मैं उनसे पूछना चाहता था कि 'क्यों बम पटक दो? बम पटकने से निर्माण नहीं, नाश ही होगा।' लेकिन मैं पूछ नहीं सका। क्योंकि मैं बहुत दूर पर था और टेलीविज़न से देख रहा था। अगर मैं उनसे सचमुच पूछता तो कदाचित् वह यही उत्तर देता—"तू मामूली आदमी! तुझे बोलने का क्या हक़?" मगर मैं पूछ नहीं सका और उसने बम पटाखे की तरह पटक दिया।

उस धुआँ और चमक को देखकर दूसरी जमातवालों ने कहा, "अजी वाह, यह भी क्या बम है! इससे अच्छा बम तो हम लोगों के पास है। क्यों न इस बम को पटककर उन्हें दिखला दिया जाय कि हमारे बम की मार भी तुम देख लो, वर्ना कहोगे कि मैंने कुछ देखा ही नहीं!"

और धड़ाम से दूसरा बम पटक दिया गया। प्रकाश की लहरें फैल गईं। धुएँ का अम्बार लग गया।

तीसरी जमात। उसने देखा। लो, तीसरा बम छूटा।....

उसके बाद तो लगा जैसे सारी पृथ्वी पर शबेबरात मनाई जा रही है। मालूम हुआ जैसे लंकादहन हो रहा है। मेरी आँखें झिप गईं। सिर चक्कर खाने लगा। मुझे लगा कि मैं बेहोश हो रहा हूँ।

जब मैं इस धरती पर वापस आया तो सभी आदमी नष्ट हो चुके थे। किस कारण? कारण कुछ भी हो, मगर हमने स्वयं इस संसार से मानवता का नाश किया था। अटलांटिक और पैसेफिक महासमुद्र अब कीचड़ के ढेर थे। न्यूयार्क और मास्को और पेकिंग महाश्मशान मालूम हो रहे थे। मैं उस प्रेतलोक में भटक रहा था जहाँ चारों ओर से 'विज्ञान' की आवाज़ें आ रही थीं। एक स्थान पर मैंने देखा कि मरे हुए वैज्ञानिक फिर से जीने-जिलाने का प्रयोग कर रहे हैं। मैंने उन प्रेतात्माओं से कहा, "विज्ञान में वह शक्ति नहीं जो आत्माओं को बना सके। आत्मा तो केवल साहित्य के द्वारा बनती है।"

प्रेतात्माओं ने अपनी भारी और लड़खड़ाती हुई आवाज़ में पूछा, "और विज्ञान को हम कहाँ रखें?"

मैंने कहा, "अध्यात्म और विवेक के पास उसकी बागडोर होनी चाहिए। दया और मानवता मिलकर विज्ञान का संचालन करेंगे, तब ही सुख सम्भव है।"

वैज्ञानिकों के प्रेत हँसने लगे। प्रतिध्वनि की तरह राजनीतिकों की हँसी भी सुनाई पड़ी। नष्ट होने के बाद भी वे मेरी बात सुनने को तैयार नहीं थे।

तब मैंने निराश होकर आसमान की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telephone : 22-5911
22-6461

Gram : 'ASSOCIATES'

Hind Associated Corporation Private Ltd.

23/24, RADHA BAZAR STREET,
CALCUTTA-1.

Sole Distributors for :

Messrs. Straw Products Limited

BHOPAL

FOR STRAW PAPER, STRAW BOARD AND GREY BOARD
BOTH IN SHEETS AND REELS

*

Distributors for :

Messrs. Rohtas Industries Limited

DALMIANAGAR

*

FOR ALL KINDS OF PAPER AND BOARDS

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और देखा। देखा कि एक पक्षी आसमान में उड़ता हुआ क्षितिज की ओर जा रहा है। उसके दोनों डैने हिल रहे हैं। मुझे लगा कि उसका एक डैना विज्ञान है, दूसरा डैना कला। विज्ञान और कला को समान रूप से साथ लेकर ही वह पक्षी उड़ रहा है। उसके उड़ने का मार्ग टेढ़ा-मेढ़ा था। मैंने पाया कि उसके उड़ने से भी एक अदृश्य टेढ़ी-मेढ़ी रेखा बनती जा रही है। उस रेखा को देखा नहीं जा सकता।

●

अपनी उस टेढ़ी रेखा को देखता हुआ मैं न जाने कितनी कल्पनाएँ कर गया। अन्त में ऐसा मालूम हुआ कि वह टेढ़ी रेखा भी सीधी हो गई है और उसके भीतर से लावण्य निकलकर चली आ रही है। उसके दाँत ऐसे हैं जैसे मयूराक्षी नदी के किनारे पंक्ति बनाकर बगुले बैठे हैं। लावण्य अपनी मुस्कान बिखेर रही थी। वह मुस्कान भी टेढ़ी रेखा की तरह थी। उस टेढ़ी मुस्कान को पाकर मेरा जीवन धन्य-सा हो गया। 'जो जीवन को हास से भर सके, उसका स्वागत!' ऐसा मैंने कहा। शायद कहा, शायद नहीं कहा।

मेरे सामने मेरी कलाकृति थी—एक बड़ी-सी टेढ़ी रेखा।

●

'श्री' की समस्या

बंगाल में 'श्री' की समस्या ने भयानक रूप धारण कर लिया है। अंग्रेजों के जमाने में विश्वविद्यालय की मुहर से 'श्री' हटा दिया गया था, इसलिए कि 'श्री' और पद्म एक साथ होने पर पूर्णतः हिन्दूधर्म की बात हो जाती है। रवीन्द्रनाथ ने भी अपने नाम के साथ 'श्री' लिखना छोड़ दिया था। ये 'श्री' के बुरे दिन थे।

फिर एक दिन अकस्मात् देखा गया कि 'श्री' के अच्छे दिन लौट आये हैं। 'श्री' व्यावसायिक नामों के पीछे जुट गया है। इसमें प्रतिवाद करने की कोई खास बात नहीं है, क्योंकि यदि देखा जाये तो 'श्री' ऐश्वर्य, धन एवं कमनीय भावों के साथ एक सूत्र में बँधा हुआ है। लक्ष्मी के साथ इस 'श्री' का ऐसा संबंध है कि लक्ष्मी का दूसरा नाम ही 'श्री' है।

लेकिन इधर कुश्ती लड़नेवालों, शारीरिक पौरुषवालों एवं सर्कसवालों के साथ 'श्री' को उपरोक्त अर्थ के साथ लगा देखकर अच्छा नहीं लगता। कलकत्ते की सवश्रेष्ठ सुन्दरी को 'कलकत्ता-श्री' कहने में तो कोई आपत्ति नहीं है किन्तु पौरुषशाली वीर पुरुष क्यों इस रमणीयता के लिये लालायित होते हैं? कुश्ती लड़नेवाले क्यों कार्नवालिस स्ट्रीट-श्री, हरिसन रोड-श्री, चितपुर-श्री, श्याम बाजार-श्री, दमदम-श्री, सलकिया-श्री या टालीगंज-श्री बनकर गौरव बोध करते हैं? यह क्या पौरुष का अपमान नहीं है कि वे अपना परिचय रमणीय नारी-धर्म के रूपमें दें।

और अब तो 'श्री' की समस्या राष्ट्र के हाथों और भी उछाल दी गयी है। 'श्री' को अंग्रेजी के 'मिस्टर' का समानार्थक बनाया गया है। अर्थात् यह कहा जा सकता है कि बंग-श्री का अर्थ हुआ बंग-मिस्टर, मंजु-श्री का अर्थ हुआ मंजु-मिस्टर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आइये, आप भी बेढबजी के साथ चुपके से इस बक्स में बैठ जाइये, और सैर कर आइये आज से एक सौ वर्ष आगे के भारतवर्ष की जिसके निवासी आपके लिए 'बन्दर' शब्द का प्रयोग करने वाले हैं।

• बेढ़ब बनारसी •

ज्योतिषियों के अनुसार हमारे विश्व में ऐसे लाखों नक्षत्र हैं, जहाँ पृथ्वी से प्रकाश पहुँचने में पाँच सहस्र, दस सहस्र वर्ष लगते हैं। मैं ज्योतिषी नहीं हूँ। इसलिए नाम नहीं बता सकता किंतु जिन लोगों ने बताया है उन पर मेरा उतना हीं विश्वास है जितना हमारे विश्वविद्यालयों को विलायत की डिग्रियों पर। एक नक्षत्र है जहाँ इस समय, सन् १९६२ में द्रौपदी की साड़ी खींची जाती हुई दिखायी दे रही है और भीम कैसे-कैसे पकवान बना रहे हैं इसे देखकर वहाँ के निवासियों की जीभ से लार टपक रही है। किन्तु यह सब पढ़कर मेरे मन में उत्साह का संचार नहीं हुआ। पुरानी बातों में मुझे कोई आनन्द नहीं आता। दस दिन पुरानी पूरी से पेनिसिलीन भले ही बन जाय, खाने के योग्य तो वह नहीं ही हो सकती। मुझे भविष्य की बातों की जानकारी में रस रहा है।

'रामचरित मानस' को मैंने कल्पना की एनसाइक्लोपीडिया सुन रखा था,

सन् २०६२ ई०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किन्तु इस चौपाई 'जेहि पर जेहि कर सत्य सनेहू, ताहि मिलत नहिं कछु संदेहू' की सार्थकता तब मालूम हुई जब मैं प्रोफ़ेसर भसरा की प्रयोगशाला में पहुँचा और मुझे भविष्य साकार दिखायी पड़ा।

यहाँ प्रोफ़ेसर भसरा के संबंध में कुछ बता देना आवश्यक है। डाक्टर भसरा देखने में अंग्रेज़, जन्म से पंजाबी, विचारों में रूसी, रहन-सहन में जरमन और विज्ञान की पंडिताई में रूस और अमरीका के मिक्सचर जान पड़ते थे। उन्होंने, जर्मन, इंगलैण्ड, रूस तथा अमरीका में महान वैज्ञानिकों की देख-रेख में शिक्षा पायी थी और खोज की थी। लोगों का कहना है कि न्युक्लियर' भौतिक विज्ञान का उनका ज्ञान इतना गहरा था जितना चतुर राजनीतिज्ञों का झूठ होता है।

शिवरात्रि से चार दिन पहले मैं नेपाल के लिए रवाना हुआ। वहाँ पशुपतिनाथ का दर्शन करना था और देखना था कि लोहे से सोना किस प्रकार बनता है। वर्षों तक लिखने-पढ़ने से कुछ न कमा सकने के कारण क्षण भर में सोना अर्जित करने की पिपासा तीव्र हो गयी थी। सोचा, पुजारी से आधे-आध पर तय करके कुछ लोहा महादेवजी से स्पर्श करा लूँगा। थोड़े-से लोहे के छड़ कटवाकर सूटकेस में रख लिये। इससे जो सोना मेरे हिस्से में पड़ेगा, जीवन पर्यंत काफ़ी होगा और संसार के व्यावहारिक संतुलन के बिगड़ने की भी आशंका न होगी। जीवन-भर में सरकारी टैक्स कितना भी बढ़ जाय, चुका देने के लिए इतना सोना पर्याप्त होगा।

चार बजे संध्या को गाड़ी रक्सौल पहुँची। वहाँ से काठमांडू जाना था। भाड़े का टट्टू किया और एक कुली साथ लिया। छः मील की यात्रा इसी समय हो जायगी और शेष दूसरे दिन सवेरे। दो मील हम लोग गये होंगे कि पहले हनुमानजी के पिता का क्रोध दिखायी पड़ा; फिर इन्द्र की अँगड़ाई; और इसके पश्चात् बर्फ़ गिरनी आरम्भ हुई—जैसे पहले प्रेम होता है, तब वियोग और उसके बाद टी० बी०। अँधेरा इतना हो गया कि टट्टू की लगाम तो हाथ में थी किंतु उसकी गर्दन दिखायी नहीं देती थी; यद्यपि मेरी आँखों पर चश्मा रहता है और उसका पावर भी अधिक है। विरोध होने पर भी शासन चलता है और अँधेरा होने पर भी नेपाली टट्टू चलता है। संतोष इतना था कि यद्यपि दिखलायी नहीं देता था, बोली सुनायी पड़ती थी। कुली बोला—'बाबूजी, किसी पेड़ के नीचे ठहर जाइए। जाड़े में भेड़ और राह में पेड़ ही काम आते हैं।' मैंने कहा—'पत्ती तो दिखायी नहीं देती, पेड़ कहाँ हैं?' उसने घोड़ों की लगाम पकड़ी और एक जगह खींच ले गया। जिसे असेम्बली का टिकट नहीं मिलता उसे ज़िला-परिषद् से ही संतोष करना पड़ता है। यद्यपि पेड़ के नीचे पानी टपकता था, किन्तु खुले मैदान से तो अच्छा ही था। बीच-बीच से बूँदें झड़ रही थीं जैसे हलवाई कड़ाही में मोतीचूर के दाने झाड़ता है।

आधे घंटे में ज़ोर की आँधी आयी, आकाश निर्मल हो गया और तारे निकल आये जैसे किसी श्यामल-स्निग्ध कपोल पर श्रम-सीकर झलक रहे हों। पगडंडी 'अदर्शनं लोपः' हो गयी थी। कुली ने बताया कि हमलोग रास्ता भूल गये, पता नहीं इस समय कहाँ हैं! एक स्थान पर खड़े होकर किसी बाघ या भालू का 'डिनर' बनने के बजाय 'चरैवेति-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चरैवेति' सिद्धान्त का प्रयोग करना अधिक ठीक जान पड़ा। मैंने कहा--"चलो।" कुली ने पूछा--'किधर चलूँ? कुछ समझ में नहीं आता।" उसका भी उस समय वही हाल था जो कालेज से निकले नये डिग्री-धारी का हमारे देश में होता है। मैंने सोचा, उत्तर की ओर चलना ठीक होगा; नेपाल पहुँच जायँगे। हनुमानचालीसा याद नहीं था इसलिए अनेक देवी-देवताओं को मन में पुकारते चला। चार फरलांग के लगभग जाने पर एक टिमटिमाता प्रकाश दिखायी पड़ा। लगा जैसे मरने के एक मिनट पहले धनवन्तरि सामने आ गये हैं। उसी ओर हम लोग चले।

प्रकाश पहाड़ों के नीचे से आ रहा था—और वह भी एक बिजली के लट्टू का। मन को विश्वास हो या नहीं, आँखें कैसे धोखा खा सकती थीं! वहाँ पहुँचने पर एक पहरे-दार मिला। उससे मैंने पूछा--"कहीं ठहरने की जगह मिल सकती है, और काठमांडू कितनी दूर है?" वह मौन था। ज़ोर से पूछा, फिर भी चुप। जब मैंने उसका हाथ पकड़ा, तो उसने इशारा किया कि यहाँ से चले जाओ! वह गूँगा था। मुझे इशारा करने का अभ्यास नहीं, फिर भी मैंने अपना भाव किसी प्रकार प्रकट किया। पता नहीं, उसने कुछ समझा कि नहीं। उसने पाँव से एक पत्थर का टुकड़ा दबा दिया और ज़ोर से घंटी घनघनाने लगी। पाँच मिनट बाद एक सज्जन आते दिखायी दिये। उन्हें मैंने अपना सब हाल बता दिया। उन्होंने मुझे बहुत ध्यान से देखा, फिर एक क्षण सोचा। तब बोले--'मेरे साथ चले आइए।" अंदर कुछ दूर जाकर देखा, विस्तृत मैदान है। एक ओर चार कमरे का सुन्दर बगीचा है। उसके सामने पन्द्रह फुट की दूरी पर विशाल प्रयोगशाला है जिसमें बड़ी-बड़ी मशीनें लगी हैं।

पूरा विवरण सुनने के पश्चात् उन्होंने

बेढब बनारसी का एक व्यंग्य-चित्र

हम दोनों को क़ाफ़ी पिलायी। भोजन का भी उन्होंने प्रबन्ध किया और फिर मुझसे सो जाने को कहा। दूसरे दिन पता चला कि प्रो० भसरा विज्ञान की खोज कर रहे हैं। अमरीका और दिल्ली ने भी उनकी सहायता नहीं की और उन्हें पागल समझा। इसी कारण वह निजी बल पर यहाँ प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे सुपर-मैगाटन बम बना चुके हैं, जो एक क्षण में आधी दुनिया को गलाकर पानी बना सकता है। और भी अनेक आविष्कार उन्होंने किये थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देशी दवाओं का सब से बड़ा और विश्वासी कारखाना
श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लि०
कलकत्ता · पटना · झाँसी · नागपुर · इलाहाबाद (नैनी)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्होंने एक मुट्ठी मिट्टी जमीन से ली और एक मशीन में रखी। एक स्विच दबाया। जब मशीन को खोला गया तो वह मिट्टी सोना बन चुकी थी। फिर उन्होंने एक मशीन दिखाकर कहा कि इसमें आप लेट जाइये और मैं स्विच दबाता हूं। फिर आप आज से सैकड़ों वर्ष आगे होने वाली बातें देख सकते हैं। संसार बिल्कुल जिस रूप में होगा, वैसा ही। अभी मैं चार अंशों तक सफल हुआ हूँ। पचीस साल, पचास साल, पचहत्तर साल और सौ साल। मैं चेष्टा कर रहा हूँ कि हज़ार साल आगे तक का संसार देखा जा सके।" मेरा चेहरा देखकर उन्होंने कहा—"आपको विश्वास नहीं होता? आप देखना चाहते हैं?" मैंने पूछा—"किसी प्रकार का भय तो नहीं है?" उन्होंने कहा—"कुछ नहीं। तो बोलिये, कहाँ तक का भविष्य देखियेगा?" मैंने कहा, "जब देखना ही है तो सौ साल के आगे का भारतवर्ष दिखाइये।"

उन्होंने मशीन के सोफ़ा जैसे बक्स में मुझे लिटा दिया और बक्स को ढँक दिया। मुझे ऐसा लगा मानों मैं द्रुत गति से चला जा रहा हूँ। फिर एकाएक गति बन्द हो गयी। मैंने आँखें खोलीं तो अपने सामने एक विशाल नगर देखा। सड़कें ढाई सौ फुट से कम चौड़ी न थीं। मकान सब एक-से थे और चाँदी जैसी किसी उज्ज्वल वस्तु के बने थे। दृष्टि उठाकर देखा तो ऊपर बहुत दूर तक वे आकाश में चले गये थे। मकानों पर पटरियाँ लगी थीं जिनसे पता चला कि प्रत्येक मकान तीन सौ मंज़िलों का है। मैं भी वहाँ टहलने लगा। सब लोग एक ही प्रकार के दिखायी पड़ रहे थे। पुरुष और स्त्री सबके सिर पर 'बाब्ड' बाल थे। पहनावा एक-सा था। पुरुष तथा स्त्रियाँ पतलून और बुशशर्ट पहने थीं। लोग मुझे देखते, फिर इधर-उधर चले जाते। एक विशाल भवन के अन्दर गया तो जान पड़ा कि यह होटल है। वहाँ एक स्थान पर देखा, एक मेज़ पर दो फुट के व्यास का प्याला रखा हुआ है और उसमें चाय भरी है। कुछ स्त्री और पुरुष चारों ओर बैठे हैं और उसी में से नलियों (स्ट्रा) द्वारा चाय पी रहे हैं। मुझे कपकपी आने लगी। उन लोगों ने मुझे सिर से पाँव तक देखा। जब मैं आगे बढ़ा तो एक बोला—"सौ साल पहले बन्दर इसी प्रकार का होता था! किसी 'ज़ू' से यह भाग आया है! ऐसे स्पेसिमेन अब कम मिलते हैं।" यह तो सुना था कि हम लोगों के पुरखा बंदर थे किंतु मैं भी बंदर हूँ यह सुनकर आत्म-सम्मान को बहुत ठेस लगी। मैं वहाँ से निकलकर एक दूसरे भवन में चला गया। यह पुस्तकालय था। अनेक लोग पुस्तकें तथा समाचार-पत्र पढ़ रहे थे। सबकी आँखों में एक छोटा 'माईक्रोस्कोप' लगा था। मैंने पुस्तकाध्यक्ष के पास जाकर कहा—"आज का अखबार देखना चाहता हूँ।" उसने मुझे ऊपर से नीचे तक देखा, फिर कहा—"आज का क्या मतलब? किस नक्षत्र से आप आ रहे हैं? अभी कल शुक्र से भी एक आदमी आया था। इसी प्रकार के प्रश्न पूछ रहा था। विदेशी लोगों में अभी बहुत मूढ़ता है। समाचार-पत्रों का तो हर घण्टे नया संस्करण निकलता है। आप पहले वह पुस्तक देखिये। बाहर से आने वालों को इससे सहायता मिलती है।"

मुझे उसने आँखों में लगाने का माइ-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रास्कोप दिया। मैंने पुस्तक देखी। पाकेट-डायरी के समान दिखायी पड़ी। देखने में जान पड़ा कि पृष्ठों पर चींटियाँ हैं। माइक्रास्कोप लगाने पर अक्षर स्पष्ट हो गये। पुस्तक का नाम था "बालकों के लिए साधारण ज्ञान का विश्वकोश"। मैंने इधर-उधर पन्ने उलटे। सचमुच पुस्तक ज्ञान का भण्डार थी। इधर-उधर जो देखा वह इस प्रकार था :

ईश्वर—एक खिलौना। जब मनुष्य अर्द्ध सभ्य था तब इससे खेला करता था। इसकी विशेषता यह थी कि जो मनुष्य जब चाहे इसका रूप अपनी मौज के अनुसार बना सकता था।

घी—किसी युग में असभ्य जातियों का खाद्य। पशुओं से प्राप्त दूध से बनाया जाता था। ज्यों-ज्यों मानव में सभ्यता आने लगी, पशुओं से ध्यान हटाकर वनस्पति का प्रयोग किया गया। पशु खाने की वस्तु हैं। उनसे दूध निकाल लेना उन्हें खाद्य के लिए अनुपयुक्त बनाना है। वनस्पति से तैयार किया पदार्थ प्रकृति के निकट है, इसलिए स्वास्थ्यकर। घी खाने से मनुष्य मोटा हो जाता था, इसलिए कुछ दिनों में उसके हृदय की गति बंद हो जाती थी। पचास साल हुए, क़ानून द्वारा घी बनाना बंद कर दिया गया है। वनस्पति से बनाये पदार्थ के सेवन से आयु बढ़ती है और हृदय में बल बढ़ता है।

मूँछ—कहा जाता कि किसी समय पुरुषों के होंठ के ऊपर भद्दे बाल होते थे। पहले लोग कृत्रिम ढंग से इन्हें साफ़ करते थे। अब यह उगते नहीं। सभ्यता के विकास में यह आगे की एक सीढ़ी है। इसके लिए अनेक वैज्ञानिक प्रयोग किये गये थे।

विवाह—ठीक-ठीक नहीं कहा जा सकता किन्तु पहले स्त्री और पुरुष को एक साथ रहने के लिए बाध्य किया जाता था। शायद दासता का कोई रूप रहा होगा। पुरुष को परिश्रम करके धन लाना पड़ता था और स्त्री व्यय करती थी। पुरुष के लिए यह अलाभकर—'अनएकानोमिक' व्यवस्था थी और स्त्री भी अपने मन के अनुसार व्यय नहीं कर पाती थी। जब से विद्या और ज्ञान का उदय हुआ, स्त्रियों ने इसके विरुद्ध आंदोलन किया। विश्व-लोक-तंत्र परिषद् ने कानून द्वारा इस बर्बर प्रथा का अंत कर दिया। मानसिक रोग से पीड़ित कुछ पुरुषों ने इसका विरोध किया। पागलखाने में उनकी दवा हो रही है।

शराब—एक पेय। यों तो लाखों वर्षों से इसका प्रयोग होता चला आया है किन्तु जब से वैज्ञानिक युग शुरू हुआ यह प्रमाणित हो गया कि इससे मस्तिष्क को बड़ा लाभ पहुँचता है। विधान द्वारा सरकारी कर्मचारी तथा साहित्यकार के लिये यह अनिवार्य कर दी गयी है।

इसके पश्चात् मुझे ऐसा जान पड़ा कि मुझे कोई खींच रहा है और मैं मशीन की ओर खिंचा चला जा रहा हूँ। ●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

SHALIMAR TAR



Specialists in :

WATERPROOFING OF ROOFS

DAMP-PROOFING

FLOORING & DECKING

BITUMEN EMULSIONS OF ALL TYPES

LIGHT WEIGHT ROOFS

Road Surfacing Contracts Executed

Contracts Executed Under Guarantee



Stp

SHALIMAR TAR PRODUCTS (1935) LIMITED

CALCUTTA - DELHI - BOMBAY - LUCKNOW - CHANDIGARH

Agents :

The Bombay Co. Private Ltd., Madras-1

R. C. Abrol & Co. (Private) Ltd., New Delhi-1

A TURNER MORRISON ENTERPRISE

STP 14R

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लक्ष्मीशंकर व्यास

हास्य और व्यंग्य व्यक्ति के जीवित रहने के लिए अनिवार्य तत्व हैं। भला पत्र-पत्रिकाएँ इस जीवनी-शक्ति की कैसे उपेक्षा कर सकती हैं! हिन्दी की पत्र-पत्रिकाएँ भी इसका अपवाद नहीं रही हैं। उनके हास्य और व्यंग्य के स्तम्भ पिछली अर्द्ध-शताब्दि से पाठकों का रंजन और मंगल करते आ रहे हैं।

भारतेन्दु-मण्डल के व्यंग विनोद

हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं में हास्य-व्यंग के स्तम्भ भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के समय से ही शुरू हुए। भारतेन्दु की पत्रिकाओं तथा उनकी रचनाओं में हास्य का अत्यन्त सुन्दर पुट रहा करता था। 'देखी तुमरी काशी लोगों' आदि व्यंग और विनोद के स्तम्भों के सुन्दर शीर्षक बन गये। भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र स्वयं बड़े ही विनोदी थे। एक बार उन्हें एक सहायक की आवश्यकता थी जो उनके साहित्यिक कार्यों में योग दे सके। दक्षिण के एक विद्वान पंडित श्री सप्रे उनके पास इस निमित्त पहुँचे तो उन्होंने कहा—'सप्रेजी, हम जिधर झख मारते जायँगे, उधर सदा आपको भी हमारे साथ रहना पड़ेगा।' सप्रेजी ने नम्र भाव से यही उत्तर दिया कि आश्रित तो सदा आश्रयदाता का अनुयायी रहता है।

भारतेन्दु-मण्डल के पण्डित प्रतापनारायण मिश्र और पण्डित बालकृष्ण भट्ट में भी हास्य-विनोद की यही प्रवृत्ति थी। आचार्य पण्डित रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा है: 'प्राचीन और नवीन के संघर्ष के कारण उन्हें हास्य के आलम्बन दोनों पक्षों में मिलते थे। जिस प्रकार बात-बात में बाप-दादों की दुहाई देनेवाले, धर्म के

हास्य और व्यंग्य के छींटे : एक सिंहावलोकन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आडम्बर की आड़ में दुराचार छिपानेवाले पुराने खूसट उनके विनोद के लक्ष्य थे, उसी प्रकार पश्चिमी चाल-ढाल की ओर मुँह के बल गिरने वाले फ़ैशन के ग़ुलाम भी।'[1] भट्टजी के 'हिन्दी-प्रदीप' और प्रतापनारायण मिश्र के 'ब्राह्मण' पत्र में हास्य-विनोद की उत्कृष्ट सामग्री रहती थी। पण्डित प्रतापनारायण मिश्र को 'ब्राह्मण' का चन्दा माँगने के लिए निम्नलिखित विनोदपूर्व शैली का आश्रय ग्रहण करना पड़ता था—'आठ मास बीते जजमान। अब तौ करौ दच्छिना दान।'

'ब्राह्मण' में मिश्रजी के विनोद एवं व्यंगपूर्ण लेखों का उद्देश्य देश-दशा, समाज-सुधार तथा मनोरंजन की सृष्टि हुआ करता था। 'समझदार की मौत' शीर्षक लेख के कुछ वाक्य देखिये—"सच है, 'सब तें भले हैं मूढ़ जिन्हें न व्यापै जगत-गति'। मजे से पराई जमा गपक बैठना, खुशामदियों से गप मारा करना, जो कोई तिथि-त्योहार आ पड़ा तो गंगा में बदन धो आना, गंगापुत्र को चार पैसे देकर सेंत-मेंत में धरम-औतार का खिताब पाना, संसार-परमार्थ दोनों तो बन गये, अब काहे की है-है और काहे की खै-खै?"

पण्डित बालकृष्ण भट्ट के 'हिन्दी-प्रदीप' में व्यंग और वक्रतापूर्ण लेख प्रकाशित होते थे। मुहावरों का प्रयोग कर वे हास्य एवं व्यंग के साथ ही कथन में चमत्कार उत्पन्न करते थे। एक बार भट्टजी, आचार्य शुक्ल के घर आये तो उनके छोटे भाई को आँखों पर हाथ रखे देखा। उन्होंने पूछा—'आँख में क्या हुआ है?' 'आँख आई है'—उत्तर मिलने पर वे झट कह उठे—'भैया! यह आँख बड़ी बला है। इसका आना, जाना, उठना, बैठना सब बुरा है।' हिन्दी गद्य-साहित्य के स्वरूप को सँवारने में उनकी वक्रतापूर्ण शैली ने नयी अभिव्यंजनाओं को जन्म दिया। एक उदाहरण उनके 'कल्पना' नामक निबन्ध से लीजिए—"........कल्पना पिशाचिनी का कहीं ओर-छोर किसी ने पाया है? अनुमान करते-करते हैरान गौतम से मुनि 'गौतम' हो गये। कणाद तिनका खा-खाकर किनका बीनने लगे, पर मन की मनभावनी कन्या कल्पना का पार न पाया। कपिल बेचारे पचीस तत्वों की कल्पना करते-करते 'कपिल' अर्थात् पीले पड़ गये। व्यास ने इन तीनों दार्शनिकों की दुर्गति देख मन में सोचा, कौन इस भूतनी के पीछे दौड़ता फिरे!" हास्य-व्यंग की यह परम्परा तत्कालीन तथा परवर्ती पत्र-पत्रिकाओं में भी आज तक अखण्ड रूप में चली आ रही है।

'भारतमित्र' का विचार-वैचित्र

'भारतमित्र' हिन्दी के प्राचीन और श्रेष्ठ पत्रों में प्रमुख रहा है। इसका साप्ताहिक संस्करण भारतेन्दु के जीवन-काल में हुआ था। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र इसमें लेख लिखा करते थे। पण्डित दुर्गाप्रसाद मिश्र, पण्डित छोटूलाल मिश्र, पण्डित अम्बिका प्रसाद वाजपेयी, सम्पादकाचार्य पराड़करजी तथा गर्देजी इसके सम्पादकों में उल्लेख्य रहे हैं। उन दिनों भाषा की अशुद्धियों और ग़लत प्रयोगों पर प्रायः साहित्यिक वाद-विवाद चला करते थे, जिनमें व्यंग-विनोद की शैली में एक-दूसरे पर विजय प्राप्त करने की चेष्टा की जाती थी। 'अनस्थिरता' शब्द

---

१. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल : हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृष्ठ ४१७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



महाशून्य की असीम विशालता की ओर मानव की अग्रगति में और भी एक बड़ा कदम ! धरती से १३५० मील ऊपर महाशून्य में एक विशाल स्टेशन बनाने की योजना वैज्ञानिक-गण बना रहे हैं । उसके कल-पुर्जे और अन्यान्य सामग्री महाशून्यगामी राकेट में भरकर धरती पर से उड़ाई जायेगी । फिर, महाशून्य में चलनेवाली टैक्सियां उन सब चीजों को वहाँ पहुँचायेंगी जहां वह स्टेशन बनेगा ।

अगर आप महाशून्य के उस स्टेशन पर काम करते होंगे तो उन टैक्सियों के आने की प्रतीक्षा बड़ी उतावली से करेंगे क्योंकि वे टैक्सियाँ ही आपके पास पहुंचायेंगी अत्यन्त आवश्यक कल-पुर्जे, धरती के समाचार, आपके घर के पत्र और साथ ही आपकी प्रिय सिगरेट विल्स नेवी कट ।



विल्स का मतलब है अच्छी आधुनिक सिगरेट

दि इम्पीरियल टोबाको कं० ऑफ इण्डिया लि० द्वारा प्रचारित NC/180

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को लेकर श्री बालमुकुन्द गुप्त तथा पण्डित गोविन्दनारायण मिश्र ने पक्ष और विपक्ष में अनेक लेख लिखे। गुप्तजी ने 'आत्माराम' के नाम से लिखा तो मिश्रजी ने उसका उत्तर 'आत्माराम की टें टें' शीर्षक से दिया।

आगे चलकर जब 'भारतमित्र' दैनिक हुआ तो उसमें व्यंग-विनोद का स्तम्भ 'विचार वैचित्र' नाम से चलाया गया। इस स्तम्भ के हास्य-व्यंग के छींटे 'मौजी' महाशय लिखा करते थे। हास्यरसावतार पण्डित जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी ने इस स्तम्भ में काफ़ी दिनों तक व्यंग-विनोदपूर्ण छींटे लिखे। सन् १९१५ में कलकत्ता में विदेशयात्रा-सम्बन्धी प्रायश्चित्त को लेकर अनेक पत्रों में विवाद चल रहा था। 'भारतमित्र' तथा 'कलकत्ता समाचार' में उसके पक्ष-विपक्ष में लेख निकलते थे। निम्नलिखित छींटे उस समय 'कलकत्ता-समाचार' के सम्पादक श्री अमृतलाल चक्रवर्ती को लक्ष्य कर लिखे गयें थे:[1]

"चुकन्दर की चीनी की चाशनी में चिपटे हुए चक्रवर्तीजी के चरित्र-चित्रण का चाव चित्त में चारों ओर से चमक उठा है। लाचार चटपट चौपड़ की चाल चलता हूं। क्योंकि मौजी की महिमा मौजी का मन मोहकर महीनों से 'मन्दाकिनी' बहा रही है।"

'मस्तराम के मन्तव्य' और 'ऊँट-पटांग' ये दो हास्य - व्यंग के छींटों के स्तम्भ हैं जो सन् १९२०–२१ ईस्वी में प्रसिद्ध राष्ट्रीय दैनिक 'आज' में प्रकाशित होते थे।

सन् १९२० में 'मस्तराम के मन्तव्य' शीर्षक हास्य-विनोद के स्तम्भ में तत्कालीन राजनीतिक-सामाजिक छींटे प्रकाशित हुआ करते थे। असहयोग-आन्दोलन के विरोधियों पर भी इन छींटों द्वारा गहरा व्यंग-प्रहार किया जाता था। एक नमूना लीजिये:

"मौलाना बकबक बड़े भारी नेता थे, किन्तु वे लोगों से ऐसे भड़क गये जैसे लाल तूस को देखकर देहात का बैल। जिन बातों को आप सन् १८८८ई० के अक्तूबर में निन्दनीय कहा करते थे उसे ही सन् १९२० के अक्तूबर में आप खुद कर रहे हैं। शायद काल पाकर वे ही कर्तव्य प्रशंसनीय हो गये हों। बलिहारी है हमारे नेता की समझ को!"

यह था 'आज' के प्रथम हास्य-स्तम्भ का पहला छींटा। इसके बाद सन् १९२१ में ५ मई से इस स्तम्भ का नाम 'ऊँट-पटांग' हो गया जिसमें छींटे के लेखक 'भारतीय' उपनाम से लिखते थे। वस्तुतः पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' इसके अन्तर्गत हास्य-विनोद के छींटे लिखा करते थे। दो उदाहरण लीजिये जिनसे उस समय व्यंग के प्रहार की शैली और उनके विषय सुस्पष्ट हो जाएँगे:

"हमें डर लगता है कि कहीं भारत की उन्नति दो ही चार हफ्तों में न हो जाय, क्योंकि अब 'स्टेट्समैन' के अनुसार श्रीमती लेडी रेडिंग भारत में 'समाज-सुधार' का कार्य करेंगी। उनके पति तो राजनीतिक सुधार पर डटे ही हैं। श्रीमान् और श्रीमती के संयुक्त प्रयत्न से देश का उद्धार होते कितनी देर लगती है?"

श्री गणेश शंकर विद्यार्थी के 'प्रताप' की उग्र राष्ट्रीय नीति पर सरकार की शनि-दृष्टि रहा करती थी। जब भी उस पर प्रहार

---

१. दैनिक भारतमित्र : ४ जुलाई, १९१५ ई०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

W. H. Harton & Co. Ld.

ROPE MANUFACTURERS
SINCE 1780

Head Office :

8, DALHOUSIE SQ. EAST, CALCUTTA.

Telegrams : "HARTONCO", CALCUTTA.
Telephone . Office : 22-2878
Works : 65-2011

We Specialize in 'Ropes' and 'Lines' of all descriptions viz :—

Manila Ropes	Loglines	Healed Cords
Sisal Ropes	Pilot Lead Lines	Whip Cords
Hemp Ropes	Marlines	Temperband Cords
Coir Ropes	Seizing Lines	Dobby Twines
Jute Ropes	Spun Yarns	Coir Fenders
Cotton Ropes	Oakums	Bore Springs

Cordage Howsers of any size up to 48" circumference

Registered contractors and regular suppliers to Government, Port Trusts, Railways, Mills, Mercantile Firms, Shipping and Engineering Workshops, Harbour and Dock Yards etc.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की गुंजायश मिलती, सरकार बाज न आती। ऐसी ही स्थिति पर 'ऊँट-पटांग' के अन्तर्गत 'भारतीयजी' ने यह छींटा मारा है : "'प्रताप' इधर कुछ दिनों से बहुत मोटा हो गया था। नौकरशाही की मार से अब वह दुबला होकर केवल चार पृष्ठों में प्रकाशित होगा। खुदा नौकरशाही की मातामही को खुश रखे।"

राष्ट्रीय आन्दोलन के समय ब्रिटेन की नौकरशाही सरकार की कैसी कुदृष्टि रहा करती थी, उसका निम्न छींटे में मार्मिक उल्लेख हुआ है :[1]

"ईश्वर ने लार्ड कर्जन को दो चर्म चक्षुओं के अतिरिक्त दो दिव्य चक्षु भी प्रदान किये हैं। ऐसा इसलिए प्रतीत होता है क्योंकि वे सात समुद्र पार बैठे हुए यह जान गये कि असहयोगियों के साथ लार्ड रेडिंग की सहानुभूति है। हम समझते हैं कि उन्हें दिव्य नेत्रों से सहानुभूति के प्रमाण भी नजर आते होंगे। भारतीय बन्दीगृहों और न्यायालयों में हजारों प्रमाण जीते-जागते खड़े हैं।"

भंग की तरंग

सन् १९२५ में 'आज' में हास्य-स्तम्भ का शीर्षक 'भंग की तरंग' हो गया और उसमें सर्वश्री कृष्णदेव प्रसाद गौड़ 'बेढब बनारसी', महावीर प्रसाद गहमरी, सूर्यनारायण तकरू आदि छींटे लिखने लगे। इस स्तम्भ में तत्कालीन राष्ट्रीय राजनीति पर गहरा व्यंग किया जाता था। 'आज' के १५ सितम्बर, १९२५ के 'भंग की तरंग' का यह छींटा देखिये :

"मोरक्को में अब्दुल करीम की सेना को स्वदेश प्रेम का मजा चखाने के लिए स्पेन ने जो सेना भेजी है उसमें नेटिव (काली) सेना आगे है और गोरी सेना पीछे। बहादुरी इसी को कहते हैं कि भागतों के आगे और मारतों के पीछे।"

अरबी न फ़ारसी

'भंग की तरंग' के बाद 'आज' का हास्य-स्तम्भ 'अरबी न फ़ारसी' के शीर्षक से जाने लगा और इसके छींटे लिखनेवालों में मुख्य थे 'बेढब बनारसी'। निम्नलिखित छींटों से तत्कालीन व्यंग-विनोद के विषय तथा उनकी शैली एवं शिल्प पर भी प्रकाश पड़ता है :

"श्रीमान् वेजवुड वेन फरमाते हैं कि भारतवर्ष में एक प्रकार से 'डोमिनियन स्टेटस' तो है ही। इस विचित्र आविष्कार के लिए इस साल का नोबेल-पुरस्कार आपको अवश्य मिलना चाहिए!"

"कांग्रेस का ध्येय पूर्ण स्वराज्य, सनातन धर्म का ध्येय गाली-प्रदान, हिन्दी पत्रिकाओं का ध्येय समय पर न निकलना, लेखकों का ध्येय पुरस्कार न मिलने पर रूठना, सम्पादकों का ध्येय लेखकों के यहाँ तावड़तोड़ चिट्ठियाँ लिखना और प्रकाशकों का ध्येय लेखकों से मुफ्त में पुस्तकें उड़ाना निश्चय हो चुका है।"

सन् '३८ में जब 'आज' का साप्ताहिक संस्करण निकला तो इसमें भी सन् '४३ से हास्य-व्यंग के अनेक स्तम्भ प्रकाशित हुए। व्यंग-विनोद के रेखाचित्रों तथा कार्टूनों के अतिरिक्त इसमें चुटकुले भी प्रकाशित होते थे। व्यंगात्मक चित्र-कहानी हिन्दी साप्ताहिकों में सबसे पहले 'आज' में शिष्ट एवं परिष्कृत रूप में निकली। मण्डूक मिश्र के रेखाकार हिन्दी चित्रकारों के सिरमौर श्री केदार शर्मा रहे हैं। इनकी प्रेरणा प्रायः हिन्दी-जगत के अन्यतम हास्य-लेखक

---

१ 'आज' : २० जून, सन् १९२१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Read and Advertise

IN

Vishal Rajasthan

A PROMINENT WEEKLY OF RAJASTHAN PUBLISHED FROM CALCUTTA CONTAINING ARTICLES, STORIES, SKITS FROM TOP-RANKING WRITERS OF THE COUNTRY.

VISHAL RAJASTHAN HAS ITS OWN WAY OF APPROACH TO THE VARIOUS PROBLMES OF RAJASTHAN IN PARTICULAR AND OF INDIA IN GENERAL.

IT IS AN INFORMATIVE AND EDUCATIVE WEEKLY OF RAJASTHAN DEALING WITH A VARIETY OF SUBJECTS.

IT IS CIRCULATED ALL OVER INDIA AMONG PROMINENT PEOPLE OF THE COUNTRY WITH PURCHASING POWER. IT IS A MEMBER OF AUDIT BUREAU OF CIRCULATION, BOMBAY.

Regd. Office :
104-A, GREY STREET,
CALCUTTA-5,

Office :
18-A, Brabourne Road,
CALCUTTA-1.

Phone:— Office : 22-5152
Resi. : 55-1250

Gram : VISHAL RAJASTHAN

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...तास इण्डस्ट्रीज लि० • दि जयपुर उद्योग लि० • अशोका सिमेन्ट लि० • सोन वैली पोर्टलैण्ड सिमेन्ट कं० लि

दीपावली की शुभकामनायें

...न ज्ञानोदय शुगर लि०

...ल जूट मिल्स कं० लि०

• साहू केमिकल्स ऐण्ड फर्टिलाइजर्स

• दि ऐल्बियन प्लाइउड लि०

• डेहरी रोहतास लाइट रेलवे कं० लि०

• हिन्दुस्तान वेहिकल्स लि०

...कोलियरीज़ लि०

• बेनेट कोलमैन ऐण्ड कं० लि०

साहू जैन लि०, ११, क्लाइव रो कलकत्ता-१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्री अन्नपूर्णानन्द जी देते थे। साप्ताहिक 'आज' में 'अरबी न फ़ारसी' का स्तम्भ हिन्दी में हास्य-व्यंग के प्रसिद्ध लेखक श्री मोहन लाल गुप्त 'भैयाजी बनारसी' ने शुरू किया।

सन् ४३ से 'आज' का रविवार अंक भी निकला जो 'सोमवार विशेषांक' के नाम से प्रसिद्ध था। इसमें हास्य-व्यंग का स्तम्भ 'नावक के तीर' शीर्षक से प्रसिद्ध हास्य-व्यंग-लेखक श्री बलदेवप्रसाद मिश्र लिखते थे। उनके बाद यह स्तम्भ 'बेखटक बनारसी' के नाम से बहुत दिनों तक पुराने हिन्दी साहित्यकार श्री वेणीराम त्रिपाठी श्रीमाली ने सम्भाला। स्तम्भ के लिए कभी-कभी छींटे प्रसिद्ध हिन्दी कोशकार श्री रामचन्द्र वर्मा भी लिखते थे।

पराड़करजी की एक टिप्पणी

सम्पादकाचार्य पराड़करजी थे तो बहुत गम्भीर लेखक और विचारक किन्तु पत्र की सफलता के लिए हास्य-व्यंग का स्तम्भ आवश्यक समझते थे। पराड़करजी की लेखनी कभी अग्नि-वर्षा करती थी तो कभी अमृत-वर्षा। अवसर मिलने पर वे हास्य-विनोद से भी न चूकते थे। आपकी निम्नलिखित टिप्पणी का अंश पठनीय है :

"आगामी साहित्य-सम्मेलन के सभापति का आसन वृन्दावनी स्वागत समिति ने श्री पण्डित अमृतलाल चक्रवर्ती को देने का निश्चय कर लिया है। पण्डित अमृतलालजी हिन्दी के बहुत पुराने लेखक और अखबारनवीस हैं। हम समझते हैं कि प्रायः सभी प्राचीन और प्रतिष्ठित हिन्दी समाचार-पत्रों का सम्पादन आप किसी-न-किसी समय कर चुके हैं और इसमें अच्छा यश भी कमाया है। इस निर्वाचन के लिए हम वृन्दावनी षोड़शी को (पाठक क्षमा करें, ये उन्हीं के मुहावरों के शब्द हैं!) बधाई देते हैं।"

'मतवाला' के छींटे

व्यंग-विनोद और हास तथा परिहास के लिए 'मतवाला' का नाम हिन्दी पत्रकारिता में अमर रहेगा। इसके छींटे उस समय हिन्दी-संसार में हलचल मचा देते थे। इसका सम्पादक-मण्डल भी ऐसे महारथियों का था जैसा आज तक कहीं अन्यत्र नहीं देखा गया। महाकवि निराला, उग्रजी, शिवपूजन सहायजी, मुंशी नवजादिक लाल, श्री महादेवप्रसाद सेठ इसके सम्पादक थे जिनका नाम मतवाला-मण्डल के रूप में प्रसिद्ध था।

'मतवाला' के मुखपृष्ठ पर त्रिशूलधारी भगवान शंकर की नृत्य करती हुई मूर्ति का ब्लाक छपता था और उसके नीचे यह मर्म भरा पद्य रहता था :

अमिय-गरल, शशि-सीकर, रवि कर,
राग–विराग भरा प्याला।
पीते हैं जो साधक उनका
प्यारा है यह 'मतवाला'॥

इसका मूल्य इस प्रकार अंकित रहता था: 'प्रति प्याले दो आने; वार्षिक बोतल छः रुपये।' इसके व्यंग-विनोद के स्तम्भों के नाम ये थे—'मतवाले की महक', 'चलती चक्की', 'मानो या न मानो' आदि। इसके सम्पादकीय स्तम्भ में ये पंक्तियाँ रहती थीं :

खींचो न कमानों को न तलवार निकालो!
जब तोप मुक़ाबिल हो तो अखबार निकालो!

इसी स्तम्भ में 'उग्रजी' ने 'अगर मैं राजप्रमुख होता' शीर्षक सम्पादकीय लिखा। इसकी कुछ पंक्तियाँ शैली-शिल्प तथा अभिव्यंजना, सभी दृष्टियों से अनुपम बन पड़ी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कागज़ डुप्लेक्स बोर्ड, आर्ट बोर्ड

कवर पेपर, क्राफ्ट तथा पोस्टर

*

के लिए

*



उत्तर प्रदेश एजेन्सीज़

५८–२ बिरहाना रोड

कानपुर

*

एजेन्ट :

रोहतास इण्डस्ट्रीज़ लि०

डालमियानगर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है—"मैं सच कहता हूँ, मैं अगर राज-प्रमुख होता तो एक दिन ग्वालियर के राजमहलों की सारी चीजें क़िले के मैदान में एकत्र करा डुग्गी पिटवा देता कि जिसको जो चाहिये उठा ले जाय! और तब दिखलाता मैं कि किसे कहते हैं राजप्रमुख ! मुझे मालूम है, जनता से बड़ा उदारदाता दूसरा कोई नहीं जो आज भी जवाहर को जवाहर की शान से रखती है और सरदार को सरदार के मान से।"

जब आचार्य शिवपूजनजी ने होली की हवाई डाक निकाली

सन '२७–२८ की बात है। कलकत्ते से 'मतवाला' का प्रकाशन बन्द हो गया था। 'प्रसाद' जी की दूकान पर साहित्यकारों की मण्डली एकत्र थी। होली निकट थी। चर्चा का विषय था कि इस अवसर पर हास्य-व्यंग की सामग्री प्रकाशित होनी चाहिए। 'प्रसाद' जी ने शिवपूजन सहायजी से कहा। उन्हें प्रस्ताव स्वीकार करना पड़ा।

नियत समय पर होली की हवाई डाक निकली। इसके सम्पादक थे अगड़धत्त शर्मा। 'मतवाला की महक' शैली में अन्य स्तम्भों की भाँति व्यंग-विनोद के समाचार और छींटे लिखे गये थे। साहित्यिकों की सूची के साथ उपाधि-वर्षा भी की गयी थी। छींटों के कुछ नमूने लीजिए :

"इधर हमारी सहयोगिनी सरस्वती का (मासिक) क्रम कुछ गड़बड़ है। व्यवस्थापक इसके लिए समुचित उपचार करें।"

"मुंशी प्रेमचन्दजी के 'हंस' को देखकर 'सरस्वती'-'वीणा' के तारों में द्रुत झंकार हो चली है। 'चाँद' यह सब देखता है और 'रूप-माधुरी' पर हँसकर रह जाता है।"

इस हवाई डाक में आचार्य शिवपूजनजी ने जो सम्पादकीय लिखा था उसका शीर्षक था—'आपका असली बाप मैं ही हूँ'। इसकी कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार हैं : "आप मानें या न मानें मगर सच कहता हूँ, गंगा-जल लेकर कहता हूँ, आपका असली बाप म ही हूँ। विश्वास के लिए आप सीधे बाबा विश्वनाथ के मन्दिर में चले जाइये, वहाँ आपको मेरा दर्शन होगा।...."

ख़ुदा की राह पर

काशी से 'ख़ुदा की राह पर' जो हास्य-रस का पत्र निकला वह भी व्यंग-विनोद के इतिहास में स्मरणीय रहेगा। इसके एक होली-विशेषांक का सम्पादन 'उग्रजी' ने किया था। इसका अग्रलेख था—'धोबी है!' और प्रारंभ की कुछ पंक्तियाँ यों थीं —"धोबी हैं बाबा विश्वनाथ जो अपने लक्ष-लक्ष भक्तों का मल मिनटों में ही धो देते हैं।"

काशी से दर्जनों हास्य-रस के पत्र निकले जिनमें व्यंग-विनोद के छींटों की बहार रहती थी। 'भूत' नाम का पत्र भी श्री अन्नपूर्णानन्द तथा बेढब बनारसी के सम्पादकत्व में निकला। 'नवरंग' ने हास्य-रस की धारा खूब बहायी। 'उग्र' नामक पाकेट पत्र, अलबेला, मौज, करेला, अजगर में भी व्यंग-हास्य के छींटे ही उनके प्राण थे। 'संसार' के हास्य-स्तम्भ 'धरहरे से' में व्यंग के छींटे 'बेढब बनारसी' लिखा करते थे। सन्मार्ग में 'दाँव-पेंच' अवस्थीजी, 'लस्टम-पस्टम' रुद्रजी, 'स्वतन्त्र भारत में काँव-काँव' बलदेवप्रसाद मिश्र लिखते थे। हास्य के ये स्तम्भ आज भी निकल रहे हैं।

●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

GRAM : SUGARMARK

PHONE : 33-8456 Office
55-4666 Resi.

Biswnath Fatesaria

General Merchants and Sugar Selling Agents

Stockists of :

Saurashtra Chemicals, Porbandar

*

Branch :

Siv Mandi Chowk, Katihar (Purnea)

*

Selling Agents :

Upper Ganges Sugar Mills Ltd., Seohara
The Oudh Sugar Mills Ltd., Hargaon
Govind Sugar Mills, Aira
New India Sugar Mills Ltd., Hassanpur Road
New Swadeshi Sugar Mills Ltd., Narkatiaganj
Bharat Sugar Mills Ltd., Sidhualia
Rohtas Industries Ltd., Dalmianagar
S. K. G. Sugr Ltd., Hathwa
S. K. G. Sugar Ltd., Lauriya

5/1, Ram Kumar Rakhit Lane,
CALCUTTA-7.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घनश्याम सेठी

•

और जब कागज़ पर कलेजा निकालकर रख दिया गया हो तो आप सहज ही समझ सकते हैं कि उस कागज़ के प्रति और उस कागज़ को अपनी मुट्ठी में रखने वाले के प्रति आपकी कैसी-क्या प्रतिक्रियाएँ होंगी !

•

"कितनी मूर्खता है कि मनुष्य अपना सिर एक अपरिचित व्यक्ति के सामने झुका देता है और वह व्यक्ति अपनी इच्छानुसार तलवार से भी तेज़ उस्तरा उसकी ग्रीवा और मुँह पर चलाता रहता है !"—ये शब्द बोनापार्ट के हैं जो उसने हज्जामों के सम्बन्ध में कहे थे, और जिनसे स्पष्ट हो जाता है कि नेपोलियन जैसा तलवार का धनी भी अपने नाई से डरता था। किन्तु जब जार्ज बर्नार्ड शा से यही प्रश्न पूछा गया तो कुछ देर तक सोचने के पश्चात् उन्होंने कहा—"हज्जामों का वक्त अब टल गया, मैं तो बस डाकिए से डरता हूँ !"

हम यदि अपनी डाक और डाकिए के साथ अपने सम्बन्ध के विषय में सोचें, तो इस बात की थाह पा सकेंगे।

कागज़ प' रख दिया है कलेजा निकाल कर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**FOR ALL
YOUR REQUIREMENTS
IN PAPER & BOARDS
MANUFACTURED BY**

ROHTAS INDUSTRIES LTD.
DALMIANAGAR

PLEASE CONTACT :

Hindustan Import Export Corp.

Importers, Exporters & Paper Merchants

**118, MINT STREET
MADRAS-1**

Phone : H.O. 5956
B.O. 55056

Gram : HINDEX

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बचपन में मैंने डाकिए पर एक अंग्रेजी कविता पढ़ी थी। उस कविता में उस पर प्रशंसाओं की पुष्प-वर्षा तो की गई थी लेकिन उसकी निष्ठुर 'ना' का उल्लेख कहीं भी नहीं था। डाकिया कभी हमें बड़ा ही प्यारा और भला व्यक्ति दृष्टि-गोचर होता है और कभी बड़ा बेमुरव्वत और कठोर। आप कहेंगे, इसमें डाकिए की इच्छा-अनिच्छा का क्या दखल है? हो सकता है कि इसमें उसकी इच्छा का दखल भी हो, यानी सीधी और दो टूक बात तो यह है कि अगर पोस्ट-मैन आपकी डाक ठीक समय पर न पहुँचाए या बिल्कुल ही पी जाए तो आप उसका क्या बिगाड़ सकते हैं?

हमारी डाक हम तक पहुँचने से पहले एक पोस्ट-मैन के ही नहीं वरन् कई महानुभावों के हाथों से गुज़रती है। मेरे एक मित्र 'रेलवे मेल सर्विस' में हैं। उनका कहना है कि हर वह पत्रिका, जो बाज़ार में अप्राप्य है, उनसे मिल सकती है। और अपने देश की पत्र-पत्रिकाओं की ही नहीं, उनके यहाँ तो विदेशी-पत्रों की भी रेल-पेल लगी रहती है। डाक के विषय में किसी ने ठीक ही कहा है कि जब तक यह आपके हाथों में नहीं पहुँचती, आप इसके मालिक नहीं कहला सकते। इन सब हाथों से निकलकर भी यदि आपकी डाक आपके हाथों में सही-सलामत पहुँच जाती है तो यह एक चमत्कार से कम नहीं।

यह सही है कि हम सब अपनी डाक और डाकिए के आगमन की प्रतीक्षा करते हैं। और प्रतीक्षा करने के कई तरीक़े हैं। एक व्यक्ति, जिसे कई दिनों से एक विशेष पत्र की प्रतीक्षा है, प्रतिदिन निश्चित समय पर डाकिए की राह में आँखें बिछाये मिलेगा। यदि यह साहब दूकानदारी का धन्धा करते हैं, तो अपनी दूकान के बाहर कुर्सी डालकर, या खड़े होकर मोड़ पर टकटकी बाँधे रहेंगे, कभी-कभी बड़बड़ाएँगे भी, और जब डाकिए की वर्दी दृष्टिगोचर होगी तो वह उछल पड़ेंगे—"ओ लड़के, ज़रा दौड़के जाना। देखना तो, अभी यह डाकिया पनवाड़ी की दूकान पर नज़र आया था। कहाँ ग़ायब हो गया कम्बख्त?"

लड़का भागकर जाता है और लौटकर रिपोर्ट देता है कि डाकिया अभी मोड़ वाली दूकान में ही है। वह साहब बड़ी बेसब्री से कहते हैं, "हद हो गई...यानी यह आदमी डाक बाँटने निकलता है या गप्पें हाँकने... अंग्रेज़ों के ज़माने में यह ग़ज़ब नहीं था!"

अब यह महोदय हर उस दूकान और मकान पर दृष्टि गाड़े हैं जहाँ डाकिया जाता है या जहाँ से बाहर आता है। और अब यह दम साधे खड़े हैं और अपनी उत्कंठा को छिपाने के लिए जान-बूझकर किसी फ़ालतू काम में उलझने का प्रयत्न करते हैं। डाकिया आगे चला जाता है। अब सब्र का बाँध टूट जाता है—"अरे पोस्टमैन साहब!....ऐ मुंशीजी, हमारा कोई पत्र?"

"जी नहीं!" दो टूक उत्तर सुनने को मिलता है।

उन पर जैसे बिजली-सी गिरती है, "अजी मुंशीजी, आप देखिए तो सही।"

"जी, आपका कोई पत्र नहीं है!" कहकर डाकिया आगे बढ़ जाता है।

"अरे भई, कमाल करते हो, मेरा एक बड़ा ज़रूरी पत्र आने वाला था...."

ऐसे वाक्य तो उसे पग-पग पर सुनने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : BERLIA

Phone : 4510 Office & Resi,

DULI CHAND PRAHLAD RAI

Bankers, Sugar Selling Agents, Grain Merchants & Commission Agents

Organisation throughout Important Centres.

Selling Agents :

Rohtas, Hathua, Lauriya, Anandnagar, Khalilabad, Meerut, Mohiuddinpur, Lahksar, Guraru & Other Mills.

Head Office :

NEW MANDI
MUZAFFARNAGAR
Phone : Office & Resi, 270
Gram : BERLIA

Branch :

26/3A, ARMENIAN STREET,
CALCUTTA.
Phone : 33-2282 Office
55-3875 Resi.

KISHORI BHAWAN

Collectorganj : KANPUR.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को मिलते हैं और वह [illegible] अभ्यस्त हो जाता है। किन्तु इन महोदय को विश्वास ही नहीं आता कि इनका कोई पत्र नहीं आया। यह सोचते हैं कि अवश्य डाकिए ने शरारत की है या लापरवाही बरती है। भला यह कैसे सम्भव हो सकता है कि इनका 'वह' पत्र उस दिन भी न आए? यह सब डाक वाले चार-सौ-बीस हैं! इनकी रिपोर्ट करनी पड़ेगी...

किन्तु अगले ही दिन जब इनका 'वह' पत्र आ पहुँचता है तो इनकी बाँछें खिल जाती हैं।

कुछ लोग जब दफ्तर से घर लौटते हैं, तो सबसे पहले द्वार पर लेटर-बक्स की तलाशी लेते हैं। उसे ख़ाली पाकर उसके पीछे हाथ मारते हैं, तदुपरान्त फ़र्श पर हर ओर देखते हैं।

जिनके यहाँ लेटर-बक्स नहीं होता वे बड़ी सावधानी से द्वार खोलकर बार-बार भीतर की ओर किवाड़ों के पार्श्व में देखते हैं। कभी एक पट खोलते हैं, कभी दूसरा बन्द करते हैं और जब वहाँ कोई पत्र नहीं मिलता तो बैठक के फ़र्श पर बिछी दरी के कोने उठा-उठाकर नीचे देखते हैं—फिर सारे कमरे के फ़र्नीचर की शामत आ जाती है! सम्भव है, पत्र हवा के झोंके के साथ उड़कर इधर-उधर हो गया हो। और जब इस पर भी निराशा होती है तो वह निढाल होकर बैठ जाते हैं।

घर से दो-चार दिन तक बाहर रहने के पश्चात् घर में क़दम रखते ही पहला प्रश्न होता है—"मेरी कोई डाक है?" यदि 'न' में जवाब देंगे तो इनका चेहरा लटक जाएगा।

कई लोग डाकिये की प्रतीक्षा से बचने के लिए डाक छँटने के समय स्वयम् ही डाक-घर पहुँच जाते हैं—उधर डाकिया पत्रों को क्रम से लगा रहा होता है, इधर यह साहब खिड़की या द्वार से बार-बार अपना नाम पुकारते हैं—"देखिए, मेरे नाम की कोई डाक है?" वह पोस्ट-मैन के हाथ से फिसलते हुए प्रत्येक पत्र को ललचाई हुई दृष्टि से घूरते हैं, बिल्कुल उस कौवे की तरह जो मुँडेर पर बैठा घर वालों को खाते हुए देखता है; और उनके हर कौर पर यह आशा करता है कि यह तो उसकी ओर फूँका ही जाएगा।

कई लोग डाकिए की प्रतीक्षा में सड़कों या अन्य रास्तों पर टहलते हैं और सिग्रेट पर सिग्रेट फूँके जाते हैं।

कई लोग निराशा की सूरत में अपनी झेंप मिटाने की ख़ातिर यूँ प्रश्न करते हैं—"क्यों साहब, मेरा कोई खत-वत तो नहीं है?"

●

कुछ लोगों को जिस प्रकार की डाक की प्रतीक्षा रहती है उसका संक्षिप्त-सा परिचय यों है:

नवयुवक प्रेमी को प्रेमिका के उस पत्र की, जिसमें उसने बार-बार उसके प्यार की शपथ खाई हो।

मैके गई हुई सीधी-सादी पत्नी को नन्हें के पिता के उस पत्र की, जिसमें लिखा हो कि नन्हें के पिता को इन दिनों खाने की बड़ी तकलीफ़ है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नये लेखक या कवि को सम्पादक के स्वीकृति-सूचना-पत्र की।

फ़िल्म-अभिनेता बनने के जुनून में ग्रस्त नवयुवक को किसी फ़िल्म-कम्पनी के उस पत्र की, जिसमें कहा गया हो कि वह अपने तीन फ़ोटो और आठ आने के स्टाम्प भेज दे।

होस्टल में रहने वाले विद्यार्थी को अपने पिता के उस पत्र की जिसमें लिखा हो कि अमुक राशि का मनिआर्डर भेज दिया गया है।

राजनीतिक नेता को अपने मित्र के उस पत्र की, जिसमें लिखा हो कि अमुक नगर में उसके स्वागत की तैयारियाँ पूरी हो गई हैं, जुलूस में नारे लगाने के लिए इतने किराए के टट्टू जुटा लिये गये हैं––इसलिए नेता महोदय अमुक दिन गाड़ी से (या हवाई जहाज़ द्वारा) पधारें।

●

कई लोगों को कई पत्र पाकर बड़ी निराशा और क्लेश होता है। उदाहरण के लिए किसी बेकार प्रेमी को प्रेमिका का वह पत्र पाकर जिसमें लिखा हो––"डियर.... ....डियर....डियर....अब तो कहीं नौकरी कर लो। मेरे पिताजी दिन-दहाड़े मेरे विवाह का प्रोग्राम बना रहे हैं।"

स्वतन्त्र विचारों वाले पति को घरेलू पत्नी का वह पत्र पाकर जिसमें लिखा हो–– "हे प्राणनाथ, मैं परसों रविवार को पहुँच रही हूँ––आपके चरणों की दासी...."

नये कहानीकार या कवि को सम्पादक का वह पत्र पाकर जिसमें उसकी रचना को स्थानाभाव के कारण लौटा दिये जाने की सूचना हो।

कई लोग अपनी डाक को बड़ी बेदर्दी से नष्ट कर देते हैं। कई लोग डाक को न तो नष्ट ही करते हैं और न सँभालकर ही रखते हैं। और कई लोग अपनी डाक को फ़ाइलों में सजा-सँवारकर रखते हैं।

क़िस्सा यह है कि आपकी डाक किसी तरह की भी हो, आपके लिए बड़ा महत्त्व रखती है। खाने-पहनने की तरह यह भी आपकी ज़िन्दगी की एक बड़ी ज़रूरत है। आप इसे फ़ाइलों में रखिए या अलबम में सजाइये, यथार्थ तो यह है कि आपकी डाक आपके और आपके सम्बन्धियों तथा अन्य व्यक्तियों के बीच एक अटूट कड़ी है और आपसी सम्बन्ध को मज़बूत करने के लिए आपको इस पर भरोसा करना ही पड़ेगा। इसीलिए तो हमारे बुज़ुर्गों ने कहा है: "ख़त से आधी मुलाक़ात हो जाती है।"

●

यह डाक का एक पहलू हुआ––दूसरा पहलू है वह पत्र जिन्हें हम लेटर-बक्स की नज़र करते हैं। क्योंकि डाक की निर्यात और आयात दोनों मिलकर ही आपकी या हमारी डाक बनती है। 'ग़ालिब' ने कहा है:

"ख़त लिखेंगे गरचे मतलब कुछ न हो,
हम तो आशिक़ हैं तुम्हारे नाम के।"

अब आप फ़रमाइये कि क्या ख़त लिखने के लिए 'आशिक़' होना लाज़िमी है? मेरा विचार है कि यह अनिवार्य नहीं। पत्र लिखना सिर्फ़ शग़ल भी हो सकता है, और इससे आपकी आवश्यकताएँ भी पूरी होती हैं और इसके लिए 'इश्क़' लाज़िमी नहीं है–– वैसे यह हज़रत 'ग़ालिब' भी अपने पत्रों में इश्क़ के क़रीब तक नहीं फटके।

यूँ तो आशिक़ भी कई प्रकार के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

A COMPLETE SERVICE TO PAPER MILLS

BERTRAMS-SCOTT (INDIA) LTD.	— Paper & Board Making Machines
PORRITTS & SPENCER LIMITED	— Felts & Filter Cloth
UNITED WIRE WORKS LIMITED	— Machine Wires & Covers
PRICE & PIERCE LIMITED	— Wood Pulp
SPOONER DRYER & ENGG. CO. LTD.	— Dryer Hoods
VICKERYS LIMITED	— Stock Cleaning System
DELORO STELLITE LIMITED	— Chipper Knives
G. DURRANT & SONS LIMITED	— Paper Camber Rollers
W. GREEN SON & WAITE LIMITED	— Dandy Rolls
FEDERAL MACHINERY & MEC. CO. LTD.	— Strainer Plates
H. J. G. MCLEAN LIMITED	— Stainless Steel Refiner & Beater Bars

TO OTHER INDUSTRIES :

ASBESTOS CORPORATION LIMITED	— Asbestos Fibre
BOYLES BROS. DRILLING CO. LTD.	— Diamond Core Drills & Operating Equipment
DUNLOP RUBBER COMPANY LIMITED	— Rubber Blankets for Printers & Sanforizing Machines
LANGWORTHY BROS. & CO. LTD.	— Molesin & Blowing Wrapper Cloth.

Sole Concessionaires & Selling Agents :

G. WILLIAMS & CO. PRIVATE LTD.

Post Box No. 1736
"ADVENT" 8th Floor,
12A, FORESHORE ROAD,
BOMBAY-1.

Telegrams : 'BLANWIRE'

Telephones : 213281
213282

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होते हैं, जैसे : नाम के आशिक़, काम के आशिक़ और चाम के आशिक़ ।

काम के आशिक़ बहुत कम होते हैं; अलबत्ता नाम के आशिक़ बहुत हैं और वे ऐसे अगणित पत्र लिखते हैं, जिनका मतलब सिर्फ़ वही जानते हैं। हमारे यहाँ तो अब प्रणय-पत्र बाक़ायदा साहित्य का एक रूप धारण कर चुके हैं। इस कला पर आपको बहुत-सी पुस्तकें बाज़ार से भी प्राप्त हो सकेंगी—और अब तो सुना है, ऐसी पुस्तकें लखनऊ और दिल्ली में सचित्र प्रकाशित होती हैं।

प्रणय-पत्र लिखना कोई सहज काम नहीं है। जिस प्रकार फ़रहाद को पहाड़ काटकर 'जूए शीर' लानी पड़ी थी, इसी तरह प्रेमियों को कई कवियों के ग्रंथों और कई शायरों के दीवानों, पुरानी पुस्तकों और बुज़ुर्ग 'आशिक़ों' के टकसाली ख़तों से ऐसी-ऐसी पंक्तियाँ निकालनी पड़ती हैं, जिन्हें हर दूसरे-तीसरे वाक्य के बाद फ़िट किया जा सके।

प्रणय-पत्रों की चाट बुरी होती है। एक ज़माना था, प्रेमियों के सम्राट् मजनूँ ने प्रेम-पत्र कबूतर के पाँव में बाँधकर लैला तक भेजे थे.... लेकिन आज की तरह उस वक्त के पासबाँ भी बड़े सतर्क होते थे, वह दीवारों पर कैंचियाँ लगा देते थे :

ख़त कबूतर किस तरह
ले जाय बामे यार पर ?
पर कतरने को लगीं हैं
कैंचियाँ दीवार पर !

फिर क़ासिदों की प्रथा चल निकली। हमारे प्राचीन और सनद-याफ़्ता आशिक़ों को दिन-रात क़ासिदों की मिन्नतें करनी पड़ती थीं। कई बुज़ुर्गों ने तो क़ासिदों की इस हद तक चापलूसी की है कि वह बाद में इन्हीं क़ासिदों के इश्क़ में गिरफ़्तार हो गए .... लेकिन इन क़ासिदों को भी कड़ी निगाह में रखा जाता था क्योंकि हर घड़ी यह चिन्ता जान गलाए रखती थी कि सन्देश देते-देते कहीं ख़ुद ही वह प्रेम के हाथ न बढ़ाने लगें।

जिस तरह आनेवाले ख़तों को फ़ाइलों में सजाया जाता है, उसी तरह जाने वाले ख़तों का भी बाक़ायदा हिसाब होता है— इस मक़सद के लिए बाक़ायदा बही-खाता खोला जाता है। क्रम-संख्या—तिथि— उत्तर आया या नहीं—आया तो किस तारीख़ को—कार्बन द्वारा इन पत्रों की प्रतिलिपि सुरक्षित कर ली जाती है। और प्रेमिका या प्रेमी को (जैसा भी केस हो) यह हिदायत कर दी जाती है कि पत्र पढ़ने के बाद फ़ौरन जला देना, इत्यादि।

कई लोगों को लम्बे-लम्बे पत्र लिखने का शौक़ होता है और लिखने के बाद वह अपना पत्र पढ़कर फूले नहीं समाते। कई लोगों को पत्र लिखकर न ख़ुशी होती न दुःख। वह उसे एक उपचार समझकर निभा लेते हैं। कई लोग ख़त लिखने से इतना घबराते हैं कि कभी ऐसा मौक़ा आ ही पड़े तो उनकी हालत बड़ी दयनीय हो जाती है। ऐसे लोगों में कई महान्-भाव तो तक़ाज़े बढ़ जाने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दीपावली की शुभकामनाओं सहित :

फोन :
२२-८२८१
(३ लाइनें)

एलेक्ज़ेंडर मोदी एण्ड को० प्राइवेट लि०

पी २१/२२, राधाबाज़ार स्ट्रीट,
कलकत्ता—१

वल्केनाइज्ड फॉइबर शीट, छड़ों और नलों के विक्रेता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर लम्बा-चौड़ा खत निकालकर बैठ जाते हैं और उसे यूँ घूरते हैं जैसे उस पर 'मिसमिरेज़म' कर रहे हों और फिर काग़ज़-क़लम लेकर इस तरह उत्तर लिखते हैं कि एक पृष्ठ पर सात-आठ वाक्य ही समा सकें और इस प्रकार मुक़ाबिले की चोट लगाकर वह खत बंद कर देते हैं और सीटी बजाते हुए यूँ आते हैं, जैसे कोई बड़ा मैदान मार लिया हो।

कई लोग ख़त लिखने के बाद भी सन्तुष्ट नहीं होते; खत को बार-बार पढ़ते हैं, अशुद्धियाँ ठीक करते हैं। कोई विशेष पत्र लिखना हो, तो उनकी हालत बड़ी पतली हो जाती है। एक नगर में अपने एक मित्र के यहाँ पहुँचा, तो देखा कि वह बड़ी परेशानी में थे। कहने लगे कि किसी निकट सम्बन्धी की मृत्यु हो गई है, अब उनके बेटे को पत्र लिखना है....कोई मज़मून बतलाइये! मैंने कहा, लिख दीजिए—'मुझे बड़ा दुःख हुआ है,ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति दे।'

कहने लगे, साहब!.... यह भी कोई पत्र हुआ, कोई और ज़ोरदार शब्दों वाला वाक्य बतलाइये!....दो-चार वाक्य और बतलाए, पर वह सन्तुष्ट नहीं हुए। फिर ज़ोर देकर जो दो-चार भारी-भरकम शब्द जोड़े तो खुश हो गए और क़लम लेकर लिखना आरम्भ कर दिया।

ऐसे कई लोगों को दूसरों के लिखे हुए या सुने हुए वाक्य याद करने पड़ते हैं। विभिन्न व्यक्तियों के पत्र लिखने का ढंग भी विभिन्न होता है। कई लोग हासिया नहीं रखते, कई आधे पृष्ठ का हाशिया बनाते हैं, कई काग़ज़ या कार्ड में ठीक बीच में लिखना आरम्भ करते हैं, कई बहुत बारीक लिखते हैं और कई बहुत मोटा...!

पत्र लिखने के कई टकसाली क़ायदे हैं। उनमें से एक बड़ा प्रसिद्ध है और समझिये कि सदियों से ज्यों-का-त्यों चला आ रहा है—"...को...की...राम-राम, आगे कहना यह है कि पत्र आपका मिला, उत्तर शीघ्र दिया करें, क्योंकि चिंता रहती है। (मज़मून)—शेष कुशल है....आप अपने कुशल-क्षेम से सूचित करें ताकि दिल को शांति हो; ताकीद है, अपने स्वास्थ्य के विषय में लिखना....चिन्ता रहती है....पत्र को तार समझना....ताकीद है....बड़ों को चरण-वंदना, छोटों को प्यार....सब पढ़ने वालों को राम-राम...."

अक्सर दूसरों के लिए पत्र लिखना बड़ा अजीब-सा लगता है, विशेषतः उस समय जब आपको किसी बड़ी बूआ का पत्र लिखना पड़े।

"क्या लिखना है?" आप पूछेंगे।

"लिखना क्या है बेटा,....कुशल-मंगल लिख दे।"

"कुशल-मंगल के अतिरिक्त और भी तो कुछ लिखना होगा!" आप फिर पूछते हैं।

"मेरा आशीर्वाद लिख दे! और क्या लिखना है।"

आप बहुत ख़ुश होते हैं, चलिए सस्ते छूटे! आप यह सब लिखकर पूछते हैं, "बूआ, यह तो लिख दिया... और तो कुछ नहीं लिखना है?"

"क्या लिखवाऊँ बेटा, अब तो याद ही जाती रही!"—और फिर बूआ की स्मृति जागती है, तो आपकी उँगलियाँ और काग़ज़ दोनों जवाब दे जाते हैं।

"बूआ, काग़ज़ तो खत्म हो गया!"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Contact

Carbins

For Wax & Water-proof Paper.

Specialist in :—

- CARDBOARD AND CORRUGATED BOXES, PAPER TUBE, CORE, DRUM & COMPOSITE CONTAINERS,
- ALUMINIUM & VANILYTE FACED CORK & TICKET WADS.
- QUALITY PRINTERS OF OFFSET, LETTER PRESS, SILKSCREEN PRINTING.

Phone No:
55-3013
24-3772

Offices :—

250, UPPER CHITPORE ROAD, CALCUTTA-3.

76, LOWER CIRCULAR ROAD, CALCUTTA-14.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"दूसरी तरफ़ लिख दो न बेटा !...मेरी तो याद ही मारी गई है...हाँ लिख दो कि शिब्बो की मामी की बहन की सास, जो कटड़े में रहती थी, परसों मर गई; अभी पाँच-छः रोज़ हुए भली-चंगी थी ! मेरा तो उनके घर आना-जाना था। और हाँ, बेटा, लिख दो, मँझले 'दा का छोटा लड़का, क्या नाम है उसका..... आजकल नाम भी ऊट-पटांग रखते हैं--अच्छा तो इस नन्हें ने अभी दो दाँत निकाले हैं--और यह लिख दो कि गाय का दूध नहीं रहा अब, नन्हें के लिए दूध भी बाज़ार से ही लाना पड़ता है--यह मूए दूकानदार भी दूध की जगह पतला पानी देते हैं, इन निगोड़ों को पूछने वाला भी कोई नहीं, और लिख दो बेटा...."

"बूआ, काग़ज़ तो अब बिल्कुल ख़त्म हो गया।"

"बेटा, उधर कोने में लिख दो कि परमेसरी बहन...."

लेकिन आप बुआ का साथ नहीं दे सकते। जब बड़ी बुआ आपसे पत्र पढ़वाती हैं, तो कई वाक्य आपको अपने स्मृति-कोष से निकालने पड़ते हैं। शायद इसीलिए, एक बुद्धिमान व्यक्ति ने यह कहकर अपने अपढ़ मित्र का पत्र लिखने से इन्कार कर दिया था कि "मेरे पाँव में दर्द है !"

पत्र लिखवाने वाले ने चकित होकर पूछा, "पाँव की पीड़ा का पत्र लिखने से क्या सम्बन्ध है ?"

तो वह बुद्धिमान व्यक्ति बोला, "मेरा लेख बड़ा अस्पष्ट है, और अपना लिखा हुआ पढ़ने के लिए स्वयम् मुझे ही जाना पड़ता है; और मैं चल-फिर नहीं सकता।"

DIWALI GREETINGS

The Commercial Electric Works
1815, Chandni Chowk,
DELHI-6
DIRECT IMPORTERS & DISTRIBUTORS.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पत्र प्राप्त करने में जो महत्व डाकिए का है, वही पत्र भेजने में लेटर-बक्स का है। अन्तर केवल इतना है, पोस्ट-मैन चलता-फिरता लेटर-बक्स है और लेटर-बक्स गड़ा हुआ पोस्ट-मैन।

खत डालने वाले इस गड़े हुए पोस्ट-मैन को भी बड़े प्यार से देखते हैं....शायद इसीलिए २०वीं सदी के एक मजनूँ ने अपनी प्रेमिका को लिखा था,—"काश! मैं तुम्हारी गली का लेटर-बक्स होता, क्योंकि तब मुझे हर उस घड़ी तुम्हारे कोमल हाथों का स्पर्श मिलता, जब तुम पत्र डालतीं।"

लेटर-बक्स भी कई तमाशे देखता है। 'विशेष प्राइवेट' पत्र इधर-उधर देखकर डाले जाते हैं। कई लोग खत जेब में डाले हुए आते हैं और लेटर-बक्स में डालकर आगे बढ़ जाते हैं। कई लोग दूर से ही खत पढ़ते हुए (और अगर लिफ़ाफा हो, तो पता पढ़ते हुए) आते हैं और जब तक वह लेटर-बक्स के मुँह में नहीं जाता, पढ़ते चले जाते हैं। पत्र डालने के बाद भी बक्स को ज़ोर-ज़ोर से थपथपाते हैं, जैसे कह रहे हों—"शाबाश बेटा, मेरा पत्र अवश्य पहुँचा देना!"

●

भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड

सफेद कोढ़ के दागों की पेटेन्ट दवा

इज़ारों ने इसका अनुभव करके लाभ उठाया है।
विशष जानकारी के लिये विवरण-पत्र मुफ्त मंगवा कर देखें।
मूल्य ६ रुपये। नक्कालों से सावधान रहें।

एक्जिमा (उकवत, खर्जुआ, विचर्चिका अकौता, छाजन) इस हठीली व्याधि पर यह परीक्षित दवा है। मूल्य रु० ५)। डाक खर्च रु० १)।

दमा [श्वास] अस्थमा—नया या पुराना हो उस पर लाभदायक है। हज़ारों को फायदा हुआ है। मूल्य रु० ५)।

बवाशीर की दवा—इस कष्टमय व्याधि पर बहुत गुणकारी है। मू० ५ रु०

वैद्य बी० आर० बोरकर, 'आयुर्वेद भवन' (ज्ञान०)
मु० पो० मंगरूलपीर, जिला–अकोला (महाराष्ट्र)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आधुनिक परिकर

(६ व्यंग्य कविताएँ)

दिनकर सोनवलकर

(१) युवकों का बारहमासा

जनवरी :

अभी-अभी तो शुरू हुआ है साल !
पूरा वर्ष पड़ा है—
कैसी चिन्ता, कैसा मलाल ?
अरे, अभी तो नए वर्ष के
अभिनन्दन भेजो जी भरके ।

फरवरी :

कितना छोटा-सा महीना है !
इने-गिने अट्ठाइस दिवस हैं,
सिर्फ़ इरादे करने में
योजना बनाने में ही
लो सब ख़तम हो गए ।

मार्च :

होली आई, होली आई !
ऐसे में जो काम करे
उस बौड़म की......
बाहर आओ, ढोलक लाओ,
नाचो - गाओ !
बचो दुबे जी, होली का हुड़दंग
कबिरा, छानो गहरी भंग ।

अप्रैल :

हाय परीक्षा, हाय परीक्षा !
पुस्तक देखी नहीं साल भर
पास-फेल बस, ईश्वर-इच्छा !
चलो सभी सीखें हिल - मिल के
'नकल के वैज्ञानिक तरीक़े !'
पता लगावें : कौन परीक्षक ?
और दिखावें लोभ रुपयों का
भय 'डैगर' का !

मई और जून

छुट्टी है गरमी की
फुरसत से सब काम करेंगे,
लू चलती, सड़कें जलती हैं;
खस की टट्टी में पड़े रहो दिन-दिन भर
और रात को मारो मच्छर !
या फिर जैसे
फ्री-लान्सर लेखक होता है—
वैसे ही तुम 'प्रोफ़ेशनल' बनो बराती ।
शादी का बाजार गर्म है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिना खर्च का देश-भ्रमण !
रुतबा ऊपर से।
और चकाचक माल उड़े।

जुलाई :

सावन की जलधार,
बादरवा कारे-कारे !
ऐसे में याद तुम्हारी
करती है बेकरार।
चलो दोस्त, एकाध गीत हम भी
लिख डालें विप्रलंभ का।
बरसाती मेंढक के सुर में राग मिलावें !

अगस्त :

पुण्य तिथि या सिर्फ़ जयन्ती ?
तिलक, रवीन्द्र और अरविन्द--
आज़ादी की वर्षगाँठ भी
और जनम-दिन रसिक कृष्ण का।
लम्बे-लम्बे भाषण सुनकर
शिष्टाचारी श्रद्धा की अंजलि दे-देकर
'बोर' हो गया !

सितम्बर :

कवि-सम्मेलन का सीज़न है,
हे मोदक-प्रिय !
तुमने कवियों का मान बढ़ाया,
सांस्कृतिक कार्यक्रम के शीर्षक से
सस्ते फ़िल्मी गाने सुनवाए;
लोक-नृत्य के परदे में
दिलदार प्रदर्शन भी दिखलाए !

अक्तूबर–नवम्बर :

विजयादशमी और दिवाली
उत्सव, मेले, प्रदर्शनी
ये सब तो राष्ट्रीय पर्व हैं
जल्दी से दर्जन भर रचनाएँ
लिखनी हैं !

विशेषांक का पारिश्रमिक भी तो
विशेष है !
या रात-रात भर पत्ते खेलो
दिन भर हार-जीत का
जोड़ लगाओ !

दिसम्बर :

बड़ी ग़ज़ब की ठंड पड़ी है !
नौ के पहले उठना मुश्किल
और रात को जमती महफ़िल।
खाने-पीने की बहार है !

परिशिष्ट :

अरे, अरे, उड़ चला साल यह;
पकड़ो ! पकड़ो !
कुछ भी तो कर नहीं सके हम,
फिर भी कितने व्यस्त रहे हैं !
अफसोस ! अगर होता कोई
महीना तेरहवाँ ?
तो हम अपने जीते-जी
अपनी तेरहवीं भी कर लेते !



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिन्द पॉकेट बुक्स

लोकप्रिय लेखकों के श्रेष्ठ उपन्यास

शहीद	मुल्कराज आनन्द
धर्मपुत्र	चतुरसेन शास्त्री
त्यागपत्र	जैनेन्द्रकुमार
बर्फ़ का दर्द	उपेन्द्रनाथ 'अश्क'
भूल	गुरुदत्त
गद्दार	कृश्नचन्दर
एक सवाल	अमृता प्रीतम
घोंसला	किशोर साहू
जाल	मन्मथनाथ गुप्त
एक स्वप्न एक सत्य	यज्ञदत्त
गीता	यशपाल
धरती की आँखें	लक्ष्मीनारायण लाल

प्यार की पुकार	ख्वाजा अहमद अब्बास
विष-वृक्ष	बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय
अधिकार	प्रेमेन्द्र मित्र
शिकारी	वनफूल
हरकारा	ताराशंकर बंद्योपाध्याय
दो बहनें	रवीन्द्रनाथ ठाकुर
चरित्रहीन	शरतचन्द्र
कुलटा	राजेन्द्र यादव
रात और प्रभात	भगवतीप्रसाद वाजपेयी
गजरा	जयन्त
पाखण्डी	देवीप्रसाद धवन
हम सब गुनहगार	राधाकृष्णप्रसाद
मृगतृष्णा	नानकसिंह

अपने नगर के पुस्तक विक्रेताओं से लीजिये

प्रत्येक उपन्यास का मूल्य १.००

अपने नगर के रेलवे बुकस्टाल से लीजिये

विस्तृत सूचीपत्र के लिये हमें लिखिये

हिन्द पॉकेट बुक्स प्राइवेट लिमिटेड

जी. टी. रोड शाहदरा, दिल्ली-३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बास
याय
मित्र
फूल
याय
ाकुर
चन्द्र
ादव
वेदी
यन्त
धवन
साद
सिंह

के
ल

९६२

...त के ...ष्ट्रपति ...धाकृष्णन् के महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ

...ौर
...पश्चिम
...ीय संस्कृति
...मी सभ्यता
...त की प्रगति
...निक दर्शन
... उदय
...य ५.००

धर्म और समाज

- धर्म की आवश्यकता
- धर्म और नई विश्व व्यवस्था
- हिन्दू धर्म और समाज
- युद्ध और शान्ति

मूल्य ८.००

भगवद्गीता

भगवद्गीता को युगों से भारतीय धर्म और दर्शन की मूल प्रेरणा का स्थान प्राप्त रहा है। यही नहीं, संसार के आध्यात्मिक चिन्तन पर गीता का गहरा प्रभाव पड़ा है। यहाँ डाक्टर राधाकृष्णन् ने नये आलोक में भगवद्गीत के संदेश की अधिकारिक और प्रेरणाप्रद व्याख्या प्रस्तुत की है। उनका यह ग्रंथ भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक यात्रा के लिए मार्ग दर्शक सिद्ध होगा।

मूल्य १२.००

राजपाल एण्ड सन्ज
कश्मीरी गेट, दिल्ली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(२) हिन्दी का प्रश्न:

जो कभी राष्ट्र की बिन्दी थी,
आज राह की चिन्दी है !
हर ऐरा-गैरा
(उत्तर का हो या दक्षिण का)
उसे कुचलता हुआ मज़े से बढ़ जाता है !
इसका बेहद अफसोस
हमारे मन में है !
पर हम क्या करें भाई ?
रेडियो की नौकरी का लोभ
छोड़ा नहीं जाता,

सरकारी विभागों से मुँह
मोड़ा नहीं जाता ।
वैसे हिन्दी के समर्थन में
निबन्ध : जितने चाहे लिखवा लो;
भाषण : चाहे करवा लो;
पर कफ़न बाँधकर
मैदान में कूद पड़ने की बात
ना बाबा !
हमसे न कहो :
कि कूदो तुम !
घर-बार, बीवी-बच्चे, बँगला-मोटर
कुछ तो रहम करो।
अच्छा यूँ करो--
और आश्वस्त रहो
कि अगर हो गए शहीद
तो सबसे पहला शोक-गीत
हम ही लिखेंगे,
श्रद्धांजलि का प्रस्ताव
हम ही रखेंगे,
और लगवा देंगे प्लेट
तुम्हारे नाम की
किसी चौराहे पर !

(३) हालचाल

कुछ अजीब रवैया है ।
आजकल अपने राम का।
कि जिन बातों पै बिगड़ना चाहिए
जैसे गाली, अपमान
या झूठी तोहमत;
उनको सुनते रहते हैं ।
बड़े मज़े से चुपचाप;
जसे सुन रहे हों कोई
प्यारी - सी धुन;
और
जिन बातों पर रहना चाहिए खामोश
जैसे गिलास का फूट जाना,
चाय का देर से बनना,
या खतों का न आना,
उन पर बिगड़ते हैं इस ज़ोर-शोर से
जैसे ये ही प्रश्न हों
जीवन-मरण के ।
इस तरह एक अच्छे - खासे
सैनिक की ज़िन्दगी
जी रहे हैं हम !

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) घोषणा

दो करोड़ महिलाओं ने
कर लिया निश्चय
कि हम अपने ही पैरों पर
खड़ी रहेंगी अब;
और कर दी यह घोषणा :
"कि अब हम हैं स्वतन्त्र
पुरुषों की आज्ञानुसार
नहीं चलेंगी हम।"
और वे सब
बन गईं स्टेनोग्राफ़र !

(५) समझौता

तुम मुझे कान दो,
मैं तुम्हें भाषण दूँगा।
तुम मुझे वोट दो,
मैं तुम्हें आश्वासन दूँगा।
तुम उगाओ अन्न मेरे लिए
मैं तुम्हें भखा तन दूँगा।
तुम मरो-खपो राष्ट्र के लिए।
मैं तुम्हें शहीदों का मन दूँगा !

(६) प्रतीक्षा

हैंगर प्रतीक्षा-रत है
कि कोई उस पर नया सूट टाँगे।
बेल्ट प्रतीक्षा-रत है
कि कोई पतली कमर उसे माँगे।
पत्रिकाएँ प्रतीक्षा-रत हैं
कि लोग उन्हें पढ़ें !
अच्छी फ़िल्में प्रतीक्षा-रत हैं
कि वे बाक्स आफ़िस पर चढ़ें।
प्रोफ़ेसर प्रतीक्षा-रत हैं
कि विद्यार्थी उनसे कठिनाइयाँ पूछें।
नेता प्रतीक्षा-रत हैं
कि वोट मिलें ताकि वे ऐंठ सकें मूँछें।
जनता प्रतीक्षा-रत है
कि सभा हो और वो हुल्लड़ करे !
नौजवान प्रतीक्षा-रत हैं
कि लाइट गुम हो,
और वे इश्क का कुल्हड़ भरें !
और कवि प्रतीक्षा-रत हैं
कि खाना बने और खा लें,
बिस्तर लगे और सो लें;
और मुँह ढाँककर
देखते रहें
दुनिया को बदलने के सपने
(सपने, जिन्हें देखने में
न लगती है अक्ल
न ताकत
न पैसा !)

• • •

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Diwali Greetings From :

NARSINGH DAS AGARWALA & SONS

65/1, Maharshi Debendra Road,

CALCUTTA-6.

Timber, Charcoal Merchants & Saw Mill Owner

Phone : 33-2806 Gram : SPARE PARTS

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : HINDSUGCO

Phone : 33–5221
33–5224
33–7002

HIND SUGAR CO., LTD.

Sugar & Rice Merchants & Commission Agents

9, Ram Kumar Rakhit Lane,
CALCUTTA-7.

Sugar Selling Agents to:

- Rohtas Industries Ltd.
  DALMIANAGAR
- S. K. G. Sugar Ltd.
  HATHWA
- S. K. G. Sugar Ltd.
  LAURIYA

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुस्कानें

(६ मिलीमीटर)

(१) काफी हाउस

कविजी ने पानी का पाँचवाँ गिलास लिया,
घण्टे भर सिप किया, ख़ाली कर रख दिया;
मैनेजर बोर हुआ,
कहा-सुना शोर हुआ,
कविजी तब टले, जब बैरे ने टिप किया !

(२) प्रतिज्ञा

लता-कुंज-तले मिला एक तरुण जोड़ा ।
क़समें खाने में उसने कुछ भी न छोड़ा,
बोले अलग हुए कहीं,
तो हम जियेंगे नहीं;
अलग-अलग जिये दोनों, सत्तर से कुछ थोड़ा !

(३) अस्पताल

मैट्रन नूर को बड़ा ही ग़रूर था;
कि 'हर मरीज़ उनका ज़िक्र करता ज़रूर था'
एक दिन ध्यान लगा
सुना जो कान लगा
चर्चा का विषय बस 'नैट्रम मूर' था!

(४) बँटवारा

एक ही दफ्तर में थीं दो स्पिनस्टर,
कभी हुआ उनमें कोई गड़बड़ न रत्ती भर,
जितने भी पुरुष दिखे
थे सबके नाम लिखे
'एम' तक थे इधर, 'जेड' तक थे उधर!

• राजनारायण बिसारिया •

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(५) रूपाम्बरा : बीसवीं सदी

श्रीमती कटारी हैं !
टायलेट पर
पाउडर की
एक परत और,
एक परत और,
एक परत और ।
बिछ गयी
चेहरे पर
रूप-पिपासु
भौंरों के लिए
डनलोपिलो ।
दरपन ने
कनखी मार
कहा—
एक परत और !

● भैयाजी बनारसी ●

(६) मैं और तुम

तुम हो
शुद्ध घी - सी
अति दुर्लभ !

मैं हूँ
डालडा-सा
अति सुलभ !

संभव है :
ईश्वर कभी
हमें मिक्स कर दे !

● चन्द्रकान्त सोनवलकर ●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

GRAM : BHALOTIA

Phone :
Dalmianagar-25

BENARSILAL SATYANARAYAN

Sugar Merchants and Commission Agents
P.O. Dehri-On-Sone
(SHAHABAD)

Agents/Distributors to :

* Ashoka Marketing Ltd. Calcutta
* Rohtas Industries Ltd. Dalmianagar
* S. K. G. Sugar Ltd., Lauriya
* S. K. G. Sugar Ltd., Hathwa
* Guraru Chini Mill, Guraru
* Seksaria Sugar Mills (P.) Ltd., Babhuan
* Sasamusa Sugar Works (P.) Ltd., Sasamusa
* Standard Vacuum Oil Co., Calcutta
* Vishnu Sugar Mills Ltd., Harkhua
* Hanuman Sugar Mills (P.) Ltd., Motihari

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत भूषण अग्रवाल
चित्र : प्रभाकर माचवे



घूम-फिर पहुँचे वात्स्यायन अन्त में प्रयाग
गाड़ दिया चीमटा, उठाया त्याग-याग-राग
शिष्यगण आ जुटे
गुरूजी पिसे-कुटे
चीमटा गड़ा ही रहा, और सब गये भाग !

जंगल में जा रहे थे जब कवि शमशेर
सामने दिखाई पड़ा भारी-भरकम शेर
बैठ ऊँची डाल पर
अपने हवाल पर
कहने लगे वे एक गरमागरम शेर !

और अन्त में ये तुक्तक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



मित्र थे हमारे एक : प्रभाकर माचवे
काफ़ी दिन करते रहे थे तीन-पांच ;
खोज ली गली-गली
एक भी नहीं चली
हारकर वर्धा गए मारकर कुलाँच वे !



मित्र थे हमारे एक : महाकवि गिरजा
विधाता ने ऐसा कोई दूजा नहीं सिरजा
मध्य बाथ-रूम के
गाते थे झूम के :
'धै देत्यौ राम हमारे मन घिरजा !'



मित्र थे हमारे एक : गजानन मुक्तिबोध
भारत के नगरों की करने लगे वे शोध
अन्त में कटक पै अटक कर
हाथ-पैर जोर से पटक कर
बोले : आ गया समुद्र हुआ अब गतिरोध !

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और ये हैं भारत भूषण

डॉ० प्रभाकर माचवे

●

मित्र थे हमारे एक मथुरा के भारत
सिगरेट के धुएँ से बनाते थे इमारत
सम्पादकी, मिल की मुकादमी,
रेडियो से पहुँचे वे अकादमी
तुक में तुक जोड़कर हो गये गारत !

● पुनश्च : (१)

एक थे हमारे मित्र भारत
बनाई उन्होंने इक इमारत
नींव थी नदारद
आये वहाँ नारद
बोले : त्रिशंकु होंगे कृपा-रत !

(२)

मित्र थे हमारे एक श्री बी० बी० अग्रवाल
रेडियो में नाटक लिखे, उनकी थी वक्रचाल
'अप्रस्तुत मन' से कहो :
सदा 'जागते रहो !'
मथुरा के पेड़ों का खाते समग्र थाल !

(३)

भारत की उम्र ज्यों-ज्यों चढ़ती गई
कल्पना क़िले पै क़िले गढ़ती गई
बुद्धि तो अड़ती गई
भावना उमड़ती गई
—'और खाई बढ़ती गई', बढ़ती गई !

●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्जीनिया
आयात की हुई
तम्बाकू नहीं है

वर्जीनिया तो तम्बाकू का एक प्रकार-मात्र है जो दुनिया के कुछ भागों में पैदा होती है। आन्ध्र में इसकी पैदावार बड़े पैमाने पर होती है और भारत में तथा विदेशों में सिगरेटें बनाने के लिए इसे आधुनिक पद्धति द्वारा सुखाया तथा पकाया जाता है। भारतीय वर्जीनिया तम्बाकू ने, जिसका निर्यात विदेशों को और खासकर इंग्लैण्ड के लिए होता है, १९५९ में १६ करोड़ रुपये से भी अधिक की विदेशी मुद्रा अर्जित की।

अच्छी तम्बाकुओं से
अच्छी सिगरेट बनती है!

पनामा एक अच्छी सिगरेट है

GTC GOLDEN TOBACCO COMPANY PRIVATE LTD.

विशेषरूप से संमिश्रणकर्ता
गोल्डन टोबॅको कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड, बम्बई ५७.
भारत में इस प्रकार का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्योग

GT. 903 Greens' Advtg.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दीपावली की शुभकामनाओं सहित

जवाहिर प्रेस

(कला-प्रभावक मुद्रणालय)

मुद्रण-सम्बन्धी समस्याओं के समाधान-हेतु निर्भरशील प्रतिष्ठान

हमारी विशेषताएँ :--

- हिन्दी-अंग्रेजी-बंगला भाषा की छपाई
- समय की विशेष पाबन्दी
- मूल्य का उचित सन्तुलन
- परिणयोत्सव के आकर्षक निमन्त्रण-पत्र
- दीपावली-अभिनन्दन की मनमोहक पत्रिकाएँ
- क्रिसमस की नवीनतम बधाई-पत्रिकाएँ
- ...अन्य समस्त मुद्रण-कार्य

परीक्षा के लिए आपको हमारा सादर आमन्त्रण !

फोन : ३३-३५९३

१६१/१, महात्मा गांधी रोड, कलकत्ता-७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gokal Chand Jagan Nath Nahar

Telegram : 'GOKALSON.'

Paper Deptt. Phone No. : 22-6535

Plywood Deptt. Phone No. : 44759

Paper Department :

28, CHAWRI BAZAR,

DELHI-6.

LERGEST STOCKISTS OF ROHTAS PAPER & BOARDS IN INDIA

Plywood Department :

5/7, Desh Bandhu Gupta Road,

Pahar Gunj, New-Delhi.

Biggest Agents of

MYSORE COMMERCIAL UNION LTD. **Mysore.**

ANIL HARD BOARD — — **Bombay.**

WOOD CRAFTS ASSAM — — **Calcutta.**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय ज्ञानपीठ काशी

उद्देश्य

ज्ञान की विलुप्त,
अनुपलब्ध और अप्रकाशित
सामग्री का अनुसन्धान और प्रकाशन
तथा लोक-हितकारी मौलिक साहित्य का निर्माण

विशिष्टता

सांस्कृतिक जागरण
साहित्यिक विकास-उन्नयन
राष्ट्रीय ऐक्य एवं राष्ट्र-प्रतिष्ठा
की साधिका संस्था

संस्थापक : साहू शान्ति प्रसाद जैन
अध्यक्षा : श्रीमती रमा जैन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नये प्रकाशन

तेल की पकौड़ियाँ : डॉ० प्रभाकर माचवे

माचवे जी की एक विशेष भाव-स्वरवाली प्रिय रचनाएँ जिनकी विशेषता पुस्तक के नाम से प्रकट है। और किसे प्रिय नहीं लगेंगी साँझ के नाश्ते में पकौड़ियाँ जो एक ही प्लेट में चटनी के साथ सजी हों : चार प्याज़ की तो दो आलू की और तीन लौकी या केले की तो सात पालक या टमाटर की, और सब कुरकुर करती, चरपरी, तेल में तली हुई ? बेशक, पकौड़ी अच्छी गरम-गरम ही लगती है। डॉ० माचवे की ये तेल की पकौड़ियाँ इस अतिरिक्त विशेषता से युक्त हैं कि ये समय से प्रभावित नहीं। ऐसी पकौड़ियाँ ये ही हैं, और इसी संकलन में। **मूल्य २·००**

बोस्ताँ : मूल—शेख सादी, रूपान्तरकर्त्ता—जहूरबख्श

किसी भी सच्ची और जाग्रत चेतना के लिए साहित्य में सहज ऋजुता और प्रभावकता तो होती ही है, कम-बढ़ती मात्रा में सार्वकालिकता और सार्वदेशिकता भी रहती है। शेख सादी की दोनों कृतियाँ, गुलिस्ताँ और बोस्ताँ, इसका उदाहरण हैं; और यही कारण है कि संसार की प्रायः सभी भाषाओं में इनका अनुवाद हुआ। बोस्ताँ के हिन्दी गद्य रूपान्तर की चयनिका यह प्रस्तुत है। छोटी-छोटी और बिल्कुल सीधी-सादी आचार-व्यवहार विषयक नीतिकथाएँ इसमें संगृहीत हैं, जो सात शती पूर्व के और एक भिन्न परिस्थितियों के जीवन तथा समाज को सम्बोधन करके लिखी गयीं पर जिनकी प्राणात्मा आज भी जीती है और छूती है। **मूल्य २·५०**

शाइरी के नये मोड़ ३ : अयोध्याप्रसाद गोयलीय

'मोड़ : १' और 'मोड़ : २' के बाद यह अब 'मोड़ : ३' जिसमें 'मजाज़' और 'फ़ैज़' आये हैं। इन तीनों की विशेषता यही नहीं कि इनमें उन सभी चुने हुए समसामयिक उर्दू शाइरों का बेहतरीन कलाम और जीवन-परिचय दिया गया है जो इस युग को प्रतिबिम्बित करते हैं, बल्कि यह है कि यहाँ 'नयी' शाइरी का भी प्रामाणिक परिचय मिलेगा और उन तमाम घटनाओं और चेतनाओं के प्रभाव भी उर्दू कलाम पर देखने को मिलेंगे जो इस युग की विशेषता है। **मूल्य ३·००**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नये प्रकाशन

भारतीय ज्योतिष : पं० नेमिचन्द्र जैन

अपने विषय का प्रामाणिक ग्रन्थ। सबसे बड़ी विशेषता इसकी सरल और सुबोध शैली की है जिसके फलस्वरूप अब इस शास्त्र का व्यावहारिक ज्ञान कोई भी घर बैठे कर सकेगा! इसकी सहायता से वर्षफल बनाना, जन्मपत्री तैयार करना, सभी प्रकार के मुहूर्त और शुभाशुभ देखना, लाभ-हानि की सम्भावनाएँ परखना आदि तो सुगम होगा ही; इस विषय के सभी मूलभूत सिद्धान्त, उसका इतिहास और विकासक्रम भी जाना जा सकेगा। इस प्रकार, यह ग्रन्थ समान रूप से गृहस्थों, ज्योतिष के विद्यार्थियों और पण्डितों-आचार्यों के उपयोग का है। तृतीय संस्करण। मूल्य ६·००

प्रमाणप्रमेयकलिका : आचार्य नरेन्द्रसेन

तर्कशास्त्र की एक अप्रतिम कृति जो पहली बार प्रकाश में आ रही है। प्रमाण और प्रमेय का विशद एवं प्रामाणिक विवेचन, जो जैनदर्शन-जिज्ञासुओं के लिए ही नहीं इतर दार्शनिकों के लिए भी उपादेय है। प्रस्तुत प्रकाशन के अतिरिक्त आकर्षण है पं० हीरावल्लभ शास्त्री का विद्वतापूर्ण प्राक्कथन और पं० दरबारीलालजी कोठिया की महत्त्वपूर्ण प्रस्तावना। मूल्य १·५०

मयणपराजय : मूलकर्ता—कवि हरिदेव; सम्पादक—डॉ० हीरालाल जैन

अपभ्रंश भाषा का एक ग्रन्थरत्न जो पहली बार प्रकाश में आ रहा है। कई शती पूर्व के प्रतीक शैली में लेखन का एक अप्रतिम उदाहरण जिसमें मनुष्य की पाशविक वृत्ति पर परमात्मवृत्ति की विजय का प्रतिपादन किया गया है। कथा में कामदेव, रति, प्रीति, मोह, मिथ्यात्व, तत्त्व, धर्म, सम्यक्त्व आदि भाव और मनोविकार पात्रों के रूप में प्रस्तुत होकर पाठक का मनोविनोद ही नहीं करते, बल्कि हृदय-तन्त्री के तारों को झनझनाकर उसमें एक ऐसा स्वर भी भर देते हैं जिससे अध्यात्म का संगीत फूट पड़ता है और पाठक रस-विभोर होकर झूमने लगता है। मूल अपभ्रंश, हिन्दी अनुवाद तथा हिन्दी-अंगरेज़ी प्रस्तावना सहित। मूल्य ८·००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महत्त्वपूर्ण प्रकाशन

उपन्यास

पीले गुलाब की आत्मा	विश्वम्भर मानव	४.००
अपने-अपने अजनबी	अज्ञेय	३·००
गुनाहों का देवता	डॉ० धर्मवीर भारती	५·००
शह और मात	राजेन्द्र यादव	४·००
राजसी	देवेशदास, I.C.S.	२·५०
रक्त-राग	देवेशदास, I.C.S.	३·००
मुक्तिदूत	वीरेन्द्रकुमार जैन	५·००
ग्यारह सपनों का देश	सं०—लक्ष्मीचन्द्र जैन	४·००
शतरंज के मोहरे	अमृतलाल नागर	६·००
तीसरा नेत्र	आनन्दप्रकाश जैन	२.५०

कहानी

जय-दोल	अज्ञेय	३·००
प्यार के बन्धन	रावी	३·२५
ज़िन्दगी और गुलाब के फूल	उषा प्रियंवदा	२·५०
मेरे कथागुरु का कहना है [१–२]	रावी	६·००
कर्मनाशा की हार	डॉ० शिवप्रसाद सिंह	३·००
सूने अँगन रस बरसै	डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल	३·००
एक परछाईं दो दायरे	गुलाबदास ब्रोकर	३·००
ऑस्कर वाइल्ड की कहानियाँ	डॉ० धर्मवीर भारती	२·५०
लो कहानी सुनो	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	२·००
जिन खोजा तिन पाइयाँ	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	२·५०
आकाश के तारे : धरती के फूल	कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'	२·००
नये बादल	मोहन राकेश	२·५०
नये चित्र	सत्येन्द्र शरत्	३·००
काल के पंख	आनन्दप्रकाश जैन	३·००
खेल खिलौने	राजेन्द्र यादव	२·००
हरियाणा लोकमंच की कहानियाँ	राजाराम शास्त्री	२·५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय ज्ञानपीठ

महत्त्वपूर्ण प्रकाशन

अपराजिता	भगवतीशरण सिंह	२·५०
अतीत के कम्पन	आनन्दप्रकाश जैन	३·००
गहरे पानी पैठ	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	२·५०

कविता

आँगन के पार द्वार	अज्ञेय	३·००
रूपाम्बरा	सं०—अज्ञेय	१२·००
वेणु लो गूँजे धरा	माखनलाल चतुर्वेदी	३·००
कनुप्रिया	डॉ० धर्मवीर भारती	३·००
देशान्तर	डॉ० धर्मवीर भारती	१२·००
सात गीत वर्ष	डॉ० धर्मवीर भारती	३·५०
वाणी	सुमित्रानन्दन पन्त	४·००
अरी ओ करुणा प्रभामय	अज्ञेय	४·००
तीसरा सप्तक	सं०—अज्ञेय	५·००
अनुक्षण	डॉ० प्रभाकर माचवे	३·००
आवाज़ तेरी है	राजेन्द्र यादव	३·००
वीणापाणि के कम्पाउण्ड में	केशवचन्द्र वर्मा	३·००
लेखनी-बेला	वीरेन्द्र मिश्र	३·००
सौवर्ण	सुमित्रानन्दन पन्त	२.५०
आधुनिक जैन कवि	रमा जैन	३.७५
पंच प्रदीप	शान्ति एम० ए०	२.००
मेरे बापू	हुकुमचन्द्र बुखारिया	२.५०

उर्दू-शायरी

गंगो-जमन	नज़ीर बनारसी	३·००
नग़मए-हरम	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	४·००
शाइरी के नये दौर [भाग १–५]	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	१५·००
शाइरी के नये मोड़ [भाग १–३]	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	९·००
मीर	रामनाथ 'सुमन'	६·००
ग़ालिब	रामनाथ 'सुमन'	८·००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महत्त्वपूर्ण प्रकाशन

एकांकी-नाटक

तीन ऐतिहासिक नाटिकाएँ	परिपूर्णानन्द बर्मा	४.००
कहानी कैसे बनी	कर्तारसिंह दुग्गल	२.५०
चेखव के तीन नाटक	राजेन्द्र यादव	४.००
बारह एकांकी	विष्णु प्रभाकर	३.५०
कुछ फ़ीचर कुछ एकांकी	डॉ० भगवतशरण उपाध्याय	३.५०
सूखा सरोवर	डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल	२.००
नाटक बहुरंगी	डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल	४.५०
भूमिजा	सर्वदानन्द	१.५०
सुन्दर रस	डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल	१.५०
तरकश के तीर	श्रीकृष्ण	३.००

विधा-विविधा

खुला आकाश : मेरे पंख	शान्ति, एम. ए.	४.५०
अंकित होने दो	अजितकुमार	४.००
सीढ़ियों पर धूप में	रघुवीर सहाय	४.००
काठ की घण्टियाँ	सर्वेश्वरदयाल सक्सेना	७.००
पत्थर का लैम्प-पोस्ट	शरद देवड़ा	३.००

ललित रचना, सांस्कृतिक निबन्धादि

आँगन का पंछी और बनजारा मन	विद्यानिवास मिश्र	३.५०
फिर बैतलवा डाल पर	विवेकी राय	३.००
नये रंग : नये ढंग	लक्ष्मीचन्द्र जैन	२.००
अमीर इरादे : ग़रीब इरादे	माखनलाल चतुर्वेदी	२.००
सांस्कृतिक निबन्ध	डॉ० भगवतशरण उपाध्याय	३.००
ठूंठा आम	डॉ० भगवतशरण उपाध्याय	२.००
काग़ज़ की किश्तियाँ	लक्ष्मीचन्द्र जैन	२.५०
ज़िन्दगी मुसकराई	कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'	४.००
बाजे पायलिया के घुंघरू	कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'	४.००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महत्त्वपूर्ण प्रकाशन

क्या मैं अन्दर आ सकता हूँ	रावी	२·५०
ग़रीब और अमीर पुस्तकें	रामनारायण उपाध्याय	१·००
बना रहे बनारस	विश्वनाथ मुखर्जी	२·५०
हिन्दू विवाहों में कन्यादान का स्थान	डॉ० सम्पूर्णानन्द	१.००
माटी हो गयी सोना	कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'	२.००
वृन्त और विकास	शान्तिप्रिय द्विवेदी	२.५०

यात्रा-विवरण

एक बूँद सहसा उछली	अज्ञेय	७·००
हरी घाटी	डॉ० रघुवंश	४·५०
सागर की लहरों पर	डॉ० भगवतशरण उपाध्याय	४·००
पार उतरि कहँ जइहौं	प्रभाकर द्विवेदी	३·००

संस्मरण, रेखाचित्र, जीवनी आदि

आत्मनेपद	अज्ञेय	४·००
माखनलाल चतुर्वेदी	'बरुआ'	६·००
पराड़करजी और पत्रकारिता	लक्ष्मीशंकर व्यास	५·५०
दीप जले : शंख बजे	कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'	३·००
रेखाचित्र	बनारसीदास चतुर्वेदी	४·००
द्विवेदी पत्रावली	बैजनाथसिंह विनोद	२.५०
जैन जागरण के अग्रदूत	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	५.००

आलोचना, अनुसंधान, रचना-शिल्प आदि

ध्वनि और संगीत	प्रो० ललित किशोर सिंह	४.००
रेडियो नाट्य शिल्प	सिद्धनाथ कुमार	२·५०
रेडियो वार्ता शिल्प	सिद्धनाथ कुमार	२·००
संस्कृत का भाषाशास्त्रीय अध्ययन	भोलाशंकर व्यास	५·००
हिन्दी नवलेखन	रामस्वरूप चतुर्वेदी	४·००
मानव मूल्य और साहित्य	डॉ० धर्मवीर भारती	२·५०
प्राचीन भारत के प्रसाधन	अत्रिदेव विद्यालंकार	३·५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय ज्ञानपीठ

महत्त्वपूर्ण प्रकाशन

हिन्दी जैन साहित्य परिशीलन, [भाग १ और २]	नेमिचन्द्र शास्त्री	५·००
संस्कृत साहित्य में आयुर्वेद	अत्रिदेव विद्यालंकार	३.००
भारतीय ज्योतिष	नेमिचन्द्र जैन ज्योतिषाचार्य	६.००
शरत् के नारी पात्र	डॉ० रामस्वरूप चतुर्वेदी	४.५०

इतिहास-राजनीति

भारतीय इतिहास : एक दृष्टि	डॉ० ज्योतिप्रसाद जैन	८.००
चौलुक्य कुमारपाल	लक्ष्मीशंकर व्यास	४.५०
पलासी का युद्ध	तपनमोहन चट्टोपाध्याय	३·५०
समाजवाद	डॉ० सम्पूर्णानन्द	५·००
कालिदास का भारत (१–२)	डॉ० भगवतशरण उपाध्याय	८·००
एशिया की राजनीति	परदेशी	६·००
खण्डहरों का वैभव	मुनि कान्तिसागर	६·००
इतिहास साक्षी है	डॉ० भगवतशरण उपाध्याय	३·००

दार्शनिक, आध्यात्मिक

वैदिक साहित्य	पं० रामगोविन्द त्रिवेदी	६·००
अध्यात्म पदावली	डॉ० राजकुमार जैन	४·५०
भारतीय विचारधारा	मधुकर, एम० ए०	२·००

सूक्तियाँ

सन्त विनोद	नारायणप्रसाद जैन	२·००
कालिदास के सुभाषित	डॉ० भगवतशरण उपाध्याय	५·००
ज्ञानगंगा (भाग १–२)	नारायणप्रसाद जैन	१२.००
शरत की सूक्तियाँ	रामप्रकाश जैन	२.००

हास्य-व्यंग्य

हास्य मन्दाकिनी	नारायणप्रसाद जैन	६·००
आधुनिक हिन्दी हास्य-व्यंग्य	सं०–केशवचन्द्र वर्मा	४·००
अंगद का पाँव	श्रीलाल शुक्ल	२·५०
मुर्ग़ाछाप हीरो	केशवचन्द्र वर्मा	२·००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० प्र० सरकार द्वारा पुरस्कृत प्रकाशन

उर्दू शायरी		
शेरो शाइरी	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	८.००
शेरो सुख़न (भाग १–५)	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	२०.००
कविता		
वर्द्धमान (महाकाव्य)	अनूप शर्मा	६.००
मिलन-यामिनी	डॉ० बच्चन	४.००
धूप के धान	गिरिजाकुमार माथुर	३.००
कहानियाँ		
कुछ मोती कुछ सीप	अयोध्याप्रसाद गोयलीय	२.५०
संघर्ष के बाद	विष्णु प्रभाकर	३.००
पहला कहानीकार	रावी	२.५०
मोतियों वाले	कर्तारसिंह दुग्गल	२.५०
उपन्यास		
संस्कारों की राह	राधाकृष्ण प्रसाद	२.५०
शतरंज के मोहरे	अमृतलाल नागर	६.००
इतिहास		
खण्डहरों का वैभव	मुनि कान्तिसागर	६.००
खोज की पगडण्डियाँ	मुनि कान्तिसागर	४.००
चौलुक्य कुमारपाल	लक्ष्मीशंकर व्यास	४.५०
कालिदास का भारत (भाग १–२)	डॉ० भगवतशरण उपाध्याय	८.००
एकांकी - नाटक		
जनम क़ैद	गिरिजाकुमार माथुर	२.५०
पचपन का फेर	विमला लूथरा	३.००
रजत रश्मि	डॉ० रामकुमार वर्मा	२.५०
और खाई बढ़ती गई	भारतभूषण अग्रवाल	२.५०
संस्मरण - रेखाचित्र		
हमारे आराध्य	बनारसीदास चतुर्वेदी	३.००
संस्मरण	बनारसीदास चतुर्वेदी	३.००
रेखाचित्र	बनारसीदास चतुर्वेदी	४.००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सांस्कृतिक प्रकाशन

१	जैन-शासन (जैनधर्म का परिचय तथा विवेचन प्रस्तुत करनेवाली पुस्तक)	३.००
२	कुन्दकुन्दाचार्य के तीन रत्न (आचार्य कुन्दकुन्द के ग्रंथों का संक्षिप्त सार)	२.००
२	धर्मशर्माभ्युदय (पन्द्रहवें तीर्थंकर धर्मनाथ का चरित)	३.००
४	आधुनिक जैन कवि (वर्तमान जैन कवियों का परिचय एवं संकलन)	३.७५
५	हिन्दी जैन साहित्य का संक्षिप्त इतिहास	२.८८
६	महाबन्ध—भाग १–७ (कर्म सिद्धान्त का महान् ग्रन्थ)	७८.००
७	सर्वार्थसिद्धि (विस्तृत प्रस्तावना और हिन्दी अनुवाद सहित)	१२.००
८	तत्त्वार्थ राजवार्तिक—भाग १, २ (संशोधित और हिन्दी सार सहित)	२४.००
९	तत्त्वार्थ वृत्ति (हिन्दी सार और विस्तृत प्रस्तावना सहित)	१६.००
१०	समय सार—अंग्रेजी (आध्यात्मिक ग्रन्थ)	८.००
११	मदन पराजय (जिनदेव द्वारा काम-पराजय का सुन्दर सरस रूपक)	८.००
१२	न्यायविनिश्चय विवरण—भाग १, २ (जैन दर्शन)	३०.००
१३	आदिपुराण—भाग १, २ (भगवान ऋषभदेव का पुण्य चरित)	१०.००
१४	उत्तरपुराण (तेईस तीर्थंकरों का चरित)	१०.००
१५	वसुनन्दि-श्रावकाचार (श्रावकाचारों का संग्रह : हिन्दी अनुवाद सहित)	५.००
१६	जिनसहस्रनाम (भगवान् के १००८ नामों का अर्थ : हिन्दी अनुवाद सहित)	४.००
१७	केवलज्ञानप्रश्नचूड़ामणि (ज्योतिष ग्रन्थ)	४.००
१८	करलक्खण (सामुद्रिक शास्त्र) हस्तरेखा विज्ञान का अपूर्व प्राचीन ग्रन्थ	०.७५
१९	नाममाला सभाष्य (कोश)	३.५०
२०	सभाष्य रत्नमंजूषा (छन्दशास्त्र)	२.००
२१	कन्नड़ प्रान्तीय ताड़पत्रीय ग्रन्थ-सूची	१३.००
२२	पुराणसार संग्रह—भाग १-२ (छह तीर्थंकरों का जीवन-चरित्र)	४.००
२३	जातकट्ठ कथा (बौद्धकथा-साहित्य)	९.००
२४	थिरुकुरल (अंग्रेजी प्रस्तावना सहित तमिल भाषा का पंचम वेद)	५.००
२५	व्रततिथि निर्णय (विधि-विधानों एवं तिथि-निर्णय का विवेचन)	३.००
२६	जैनेन्द्रमहावृत्ति (व्याकरण शास्त्र का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ)	१५.००
२७	मंगल-मन्त्र णमोकार : एक अनुचिन्तन	२.००
२८	पद्मपुराण (भाग १, २, ३)	३०.००
२९	जीवन्धर चम्पू (हिन्दी टीका सहित)	८.००
३०	जैन धर्मामृत	३.००

भारतीय ज्ञानपीठ, दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी-५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Gram : BENGPRINT

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दि बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स

की भव्य, कलापूर्ण अनुपम डायरियाँ १९६३

१.	हिन्दुस्तान डायरी	–मू० रेक्सिन जिल्द १–२० न० पैसे, प्लास्टिक कवर १–५० न० पैसे
२.	कांग्रेस डायरी	–मू० रेक्सिन जिल्द १–२० न० पैसे, प्लास्टिक कवर १–५० न० पैसे
३.	गांधी डायरी	–मू० रेक्सिन जिल्द १–२० न० पैसे, प्लास्टिक कवर १–५० नये पैसे
४.	नव-जीवन डायरी	–मू० रेक्सिन जिल्द १–२० नये पैसे, प्लास्टिक कवर १–५० न० पैसे
५.	पोपुलर डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर १–६५ नये पैसे
६.	जनता डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर १–१२ नये पैसे
७.	फैन्सी डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर १ रु०
८.	एवरेस्ट डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर १–१५ नये पैसे
९.	लोटस डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर १–२५ नये पैसे
१०	कमर्शियल डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर बिना इण्डेक्स का २–७० न० पैसे, इण्डेक्स के साथ ३० न० पैसे अतिरिक्त ।
११.	डेस्क डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर बिना इण्डेक्स का २–२० न० पैसे, इण्डेक्स के साथ ३० न० पैसे अतिरिक्त ।
१२.	वीक ऐट ग्लान्स	–मू० प्लास्टिक कवर बिना इण्डेक्स १–७० न०पैसे, इण्डक्स के साथ ३० न० पैसे अतिरिक्त ।
१३.	वीक ऐट साइट	–मू० प्लास्टिक कवर बिना इण्डेक्स का २–६० न०पैसे, इन्डेक्स के साथ ४० न०पैसे अतिरिक्त ।
१४.	गुप्ता डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर बिना इण्डेक्स का ३ रु०, इण्डेक्स के साथ ५० न० पैसे अतिरिक्त ।
१५.	हेण्ड डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर २–२५ न० पैसे
१६.	एम्बासडर डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर बिना इण्डेक्स का ३–६० न०पैसे, इण्डेक्स के साथ ४० न० पसे अतिरिक्त ।
१७.	लोटस टेबल डायरी	–मू० रेक्सिन जिल्द ३ रु०, प्लास्टिक कवर ४ रु०
१८.	इंगेजमेन्ट डायरी	–मू० प्लास्टिक कवर ७–५० न० पैसे
१९.	इन्डेक्स टेबल डायरी	–मू० रेक्सिन जिल्द ६ रु० एवं प्लास्टिक कवर ७–२५ न० पैसे

के तथा

दि स्टार मेन्यूफेक्चरिंग कम्पनी लिमिटेड, सहारनपुर

तथा

रोहतास इण्डस्ट्रीज़ लिमिटेड, डालमियाँनगर

के स्टाकिस्ट एवं लवली बांड (बैंक पेपर स्वीडन में बना) के एकमात्र विक्रेता

हिन्दुस्तान पेपर एण्ड बोर्ड कम्पनी

१, सिनागाग स्ट्रीट, कलकत्ता–१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telephone : 22-5196 Telegram—STOPVALVE.

Indian Stores Supplying Co.,

137, CANNING STREET,

CALCUTTA-1.

Dealers of :—"FERODO" BA Brake Lining

Agents for :—"GREASEAID" Grease Cups.

&

Established Importers and stockist of Asbestos Mfgs., Tools & Alloy Steels, Beltings, Ball Bearings, Roller Bearings, Belt Lacings, EN' Bright Steel, Carborundum & Emery Powder, Chain Pulley Blocks, etc., etc.

Phone : 74 SATNA

Chandra Bhan Madan Mohan

General merchants and suppliers to P.W.D

SATNA (M.P.)

Agents & Distributors :

*** Rohtas Industries Ltd. * Satna Cement Works. * Dhrangadhra Chemical Works Ltd. * Kalinga Tubes Ltd. * Blurdell Eomite Paints Ltd., * Good-year India Ltd.**

Stockists :

Hardware, Paints and Enamels. Iron and Steel, Tata Agrico Tools, All kinds of pipes. A.C. Pipe, Flour Mill, Electric Motor and Belts, Hose, Asbestos Sheet, Hard Board ETC.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : MAHALAXMI

Phone : 395 Lohabada
: 225 Papershop

Seth Saligram Laxminarayan Nathani

SADAR BAZAR,

RAIPUR.

Stockists :

Asbestos Cement Private Ltd.
Rohtas Industries Limited.

Gram : DHAKALA, Cal.
Phone | Sonepat : 108
| Banaras : 3317

Phone | Office : 22-6957-58
| Guddi : 33-6540
Ware House : 67-2406
„ : 67 4066
Factory : 66-2846

SOORAJMULL BAIJNATH

Government Controlled Stockists
IRON & STEEL & A. C. C. CEMENT STOCKISTS.
138, CANNING STREET, CALCUTTA-1.

Branches :

Calcutta Hardware Stores
Baraganesh.
Banaras,
Soorajmull Baijnath Industries
Private Ltd.
Industrial Area, Sonepat.

Factory :

Shree Dhakalia Industries
104/25, Foreshore Road,
Howrah.
Ashoka Steel Industries
13/1, Belur Road,
Howrah.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : GLAZE Phone : 3007

With Best Compliments from :

JEYAM & COMPANY

General Merchants, Dealers & Importers of Paper,
Manufacturers of Envelopes, Etc.,

Sub Distributors of :

Rohtas Industries Ltd., Sripur Paper Mills Ltd.,
Bengal Papar Mills Ltd., Mysore Paper Mills Ltd.,
Orient Paper Mills Ltd., Andra Paper Mills Ltd.,
Guarat Paper Mills Ltd., Papar and Pulps Ltd.,
Punalur Paper Mills Ltd., West Coas Paper Mills Ltd.,
Straw Products Ltd., Meerut Straw Board Mills Ltd.,
Bhor Industries (Calico) Ltd., Ruby Mills (Calico Cloth) Ltd..
National News Print & Paper Mills Ltd.,
Arivind Straw Boards & Papar Mills Ltd.,

Post Box No : 148 **43-44, ANDERSON STREET, MADRAS-1.**

HAPPY GREETINGS AND HEARTY CONGRATULATIONS TO THE READERS OF GYANODAYA ON THE VIVID OCCASION OF PUJA & DIWALI

Steel Linkers Private Ltd.,

23/1, TAGORE CASTLE STREET,
CALCUTTA-7.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Phone : 25-4247 Grams : PADDY

PAPERS & BOARDS

Manufactured by

ROHTAS INDUSTRIES LTD.

(DALMIANAGAR)

SUPERFINE GLAZED MAP LITHO
POSTER PAPERS
CHROMO BOARDS
DUPLEX BOARDS
M. G. PINK MANILA
AIR FINISH ART BOARDS
ALL ITEMS AVAILABLE

STAR

TRADING

COMPANY

Paper Dept.

Please Contact at :

31-34, GHOGA STREET, FORT, BOMBAY-1.

Cable—**BLUE SKY** Phone—22-3820

Insist on GYAN Products

* Loose Leaf Binders
* Lever Arch File
* Auto-Clip File
* Ring Binder File
* Scmi Ring File
* Screw Binder
* Double Boa File
* Board Clip File
* Four Cover File
* Index Box File
* Box File
* Board File
* Half Cover Trey
* Open Trey
* Flat File
* Lace File
* Folder File
* Guard File

GYAN & CO.

Wholesale Stationers, Office file Manufacturers & Order Suppliers

105, Old China Bazar Street,

CALCUTTA-1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Grams : METROFFSET
Phone : 80387

METRO
CARDS
THEY ARE
DURABLE
ECONOMICAL
AND ABOVE ALL OF
GOOD QUALITY

Manufactured by
Metro Playing Card Co.
METRO ESTATE
Central Salsette Road, Kalina,
BOMBAY-29.

FOR ALL TYPES OF GENERAL INSURANCE

Please write to or call at

The Jayabharat Insurance Co., Ltd.

French Bank Building
Homji Street
Bombay-1.

Calcutta Office :
CHOPRA HOUSE
133, Canning Street,
Calcutta-1.
Phone : 22-1144.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कागज़

प्रकाशक तथा व्यावसायिक उपयोग

के लिए

भोलानाथ पेपर हाउस प्राइवेट लिमिटेड

स्टॉक में सदा प्रस्तुत :

कागज़, बोर्ड, छपाई की स्याही

देशी कागज़ और छपाई की स्याही के सबसे बड़े

वितरक और विदेशी कागज़ के आयातकर्त्ता

सोल सेलिंग एजेण्ट :

यूनाइटेड पेपर्स स्टेशनरीज़ प्राइवेट लि०

कलकत्ता

"पेपर हाउस"

३२-ए, ब्रैबोर्न रोड — कलकत्ता-१

फ़ोन : २२-१५३२ (२ लाइनें) — पो० बॉ० ९९५

तार : "BIDYASEVA" कलकत्ता

शाखाएँ

६४, महात्मा गान्धी रोड — फ़ोन : ३४-४९८९

१३४-३५ ओल्ड चीनाबाजार स्ट्रीट और १६७ ओल्ड चीनाबाजार स्ट्रीट

इलाहाबाद— १ हेवेट रोड

—पटना— नया टोला

कटक— बालू बाजार

राँची— अपर बाजार

सारे भारत में एजेन्सियाँ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Cable : SHARAFAT Phone : 22-5111

PLEASE CONTACT

MARFATIA & CO.

(Newly Constituted in 1956)

GENERAL HARDWARE MACHINERY
TOOLS MERCHANTS & ORDER SUPPLIERS

Specialist in

CHAIN-PULLEY BLOCKS & JACKS

Authorised Sole distributors

For

"ALPHA"

JUBILEE PATTERN HOSE CLIPS

67/A, Netaji Subhas Road.
Calcutta–1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With the best compliments of :—

Motor & Machinery Manufacturers Ltd.

Head office & Factory :
10, Jawpore Road,
Calcutta-30
Phone 57-2479

Regd. Office :
31, Chittaranjan Avenue,
Calcutta-12.
Phone 23-2704

Branches at

BOMBAY : DELHI : MADRAS

Manufacturers of Electric Motors, Special Motors for Textile & Jute Industries, Fractional Motors, Flame Proof motors, Electrical Pumping sets, Petrol/Kerosene Driven Pumping sets, Polishing and Buffing Motors, Motorised Grinders etc.

The finest in :

* CARBON PAPERS.
* TYPEWRITER RIBBONS.
* TELEPRINTER TAPES & ROLLS.
* PAPER ROLLS ALL TYPES.
* BOUND STATIONERY.
* DIARIES, GREETING CARDS.
* ADVERTISING AIDS.
* TABLE TOP STATIONERY.
* LOOSE LEAF EQUIPMENTS

at

General Equipment Merchants Ltd.

9, Mission Row, CALCUTTA-1
Phone : 23-1284

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पी.एन.बी. ट्रेवलर्स चैक

* यात्रा में नकदी लेजाने का संकटहीन उपाय
* देश भर में हमारे ४२६ कार्यालाओं व अनेक एजन्सियों से इनके बदले नकदी प्राप्त करें
* १००), ५०) व २५) की सुविध राशियों में बैंक के सभी प्रतिष्ठित कार्यालाओं से प्राप्य

दि पंजाब नैशनल बैंक लिमिटेड

स्थापित : १८९५

प्रधान कार्यालयः पार्लियामैंट स्ट्रीट, नई दिल्ली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telegram : THRIBANGLO Telephone : 22-2021

With best compliments of :—

Popatlal Ghelabhai & Co. (Cal.)

Importers of Ball, Roller & Taper Roller Bearings.
P-7, OLD CHINA BAZAR STREET.
CALCUTTA-1.

Associated Concern :
United Bearing Corporation
CALCUTTA-1.

Seles Tax { (U.P.) Ka-11 (Central) AD-53 Tele { 5201 Paper Store

AGRAWAL PAPER STORES

98, ZERO ROAD,
ALLAHABAD-3. (U. P.)

Agents :
ROHTAS INDUSTRIES LIMITED
DALMIANAGAR (Bihar)

(Makers of high Grade Porters, Duplex, M.G. Covers etc.)

Whole Sale & retail dealers of all kinds of Paper, Straw Board, Binding cloth copies & Registers.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With Best Compliments of :

Sitaram Farmania & Son.

135, CANNING STREET,

CALCUTTA-1.

Telephones { Office : 22-1838
Guddi : 55-5066

For Your Own Safety Get Your Electrical Installation

However Large or Small
High or Low Voltage
Checked & Erected By

*

UNIVERSAL ENGINEERS

2, Clive Ghat Street

CALCUTTA-1

Phone 22-3945

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With Best Compliments of :

Lalchand Damodar Dass & Co.

PAPER & GENERAL MERCHANTS

VIJAYAVADA.

Dealers for :

Paper & Nepa Newsprint of

ROHTAS INDUSTRIES LTD.

DALMIANAGAR.

FOR ALL YOUR REQUIREMENTS IN PAPER & BOARDS AND PRINTING INKS

PLEASE CONTACT :

Messrs. Govindaraju Mudaliar & Sons

STOCKISTS :

INDIAN AND IMPORTED PAPERS, BOARDS & PRINTING INKS.

No. 64-65, Long Bazar, Vellore.

North Arcot District.

MADRAS STATE.

Phone | Office : 105
Residence : 223

GRAMS :
"GRMSONS"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

KHANNA ELECTRIC CO.

34, EZRA STREET, CALCUTTA-1. Phone 34-1972

We are authorised dealer and distributors for the following :—

1. Philips India Ltd.
2. General Electric Co. of India Ltd.
3. Associated Electrical Industries (India) P. Ltd.
4. Bird & Co. Private Ltd.
5. Balmer Lawrie & Co. Ltd.
6. Gillander Arbuthnote & Co. Ltd.
7. Voltas Ltd.
8. Brihat Varat Trading Co. Ltd.
9. Henely Products.
10. Kiron Lamps.
11. Orient Fans.
12. I. C. C Wires.
13. Havells I/C Switches & Meters.
14. I. T. C. (Voltas) Condute Pipes.
15. H. G. E. C. Electrical Accessories.
16. We deal in G. E. C., A. E. I. & Siemens, Zenith Qount and all others make Fans.
17. Direct Importers of M. E. M. Switches & other Materials.

THE VIJAY ENGINEERING COMPANY LTD.

Head & Regd. office :
66/1, Dewangazi Road,
Bally, Howrah.

Branch Office :—
25, Dalal Street,
Fort, BOMBAY

Phone : Uttarpara—1198,
Gram : DASUDYOG—Bally.

MANUFACTURERS OF :—

CHILLED IRON SHOTS & GRITS.

GRINDING MEDIA BALLS & CYLPEBS FOR CEMENT MILLS.

AGRICULTURAL IMPLEMENTS AND

ALL SORTS OF FERROUS AND NON-FERROUS CASTINGS.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Manufacturers of

QUALITY TRANSFERS & TRANSPARENCIES

INDIA'S PIONEERS

SIGNOGRAPH CO.

(Estd. 1938)

SIGNOGRAPH BUILDINGS

BARNAGORE, CALCUTTA-36

Phone 56-2616

Gram : UPMA Phone : 682

For all your requirements of

Paper & Board

MANUFACTURED IN INDIA

PLEASE CONTACT

UNITED PAPER MART

NEAR PANCH NATH

RAJKOT

Authorised distributors :

Messrs. Rohtas Industries Ltd.

DALMIANAGAR.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With Compliments

from :

VIJAY ART PRINTING PRESS

VERSATILE PACKAGING FOR INDUSTRY

22, KELEWADI, GIRGAON,

BOMBAY-4

Phone : **28642**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

UNITED METAL MART

ENGINEERS & MANUFACTURERS

58, NETAJI SUBHAS ROAD, CALCUTTA-1.

For all sorts of cocks & valves :—

Gun Metal Wheel valves, Gate valves, Plug Cocks, Gland Cocks, Cocks, Check valves, all Flange Type valves & Cocks, Ball Valves, Instantenous Type Couplings & Nozels, High Pressure Cocks & Valves, Stainless Steel Valves & Renuable Seat Valves, etc., etc.

CAST IRON SLUICE VALVES, REFLUX VALVES, AIR VALVES, BALL VALVES, HIGH PRESSURE STEEL VALVES, ETC. ETC.

SPECIAL JOB WORKS AS PER CUSTOMER'S REQUIREMENTS & DRAWINGS OUR SPECIALITY. PROMPT DELIVERY & SERVICE AFTER SALES GUARANTEED.

Phone : 22-5834

F. M. Ahmed & Co.

40, NETAJI SUBHAS ROAD,

CALCUTTA-1.

Stockists & Importers of :

HARDWARE, METAL & MACHINERY MERCHANT, EXPORTERS & IMPORTERS, DEALERS, STOCKIST, MANUFACTURERS & SUPPLIERS TO THE FACTORIES, MILLS, MINES, MARINES, WORKSHOPS & TEA GARDEN REQUISITES. SPECIALIST IN ALL KINDS OF REPAIRING JOB UNDER TAKEN

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

We Invite Enquiries For—

Cast iron, Cast Steel & Semi Steel Sluice Valves, Stop Valves & Parallel Slide Valves.

Cast iron Reflex Valves, Relief Valves, Reducing Valves, Foot Valves, Angle Valves, Air Valves and Glandless Lubricated Plug Cocks.

Temperature Reducing Valves, Pressure Gauges and Steam Traps. Gun metal Steam Valves with renewable disc and Nickel Alloy Seat for High Pressure Saturated and Superheated Steam Services. Seamless Steel Boiler Tubes, Hydraulic Pipe, Galvanished and Copper Flexible tubing.

Chain Pulley Blocks, Crab Winches, Wire Rope and Manila Rope Pulley Blocks. AVAILABLE

IN EVERY SIZE, DESCRIPTION & MAKE.

The Calcutta Iron & Steel Co., Private Ltd.

Bombay Phone 322182

65A, Netaji Subhas Road, Calcutta-1.
&
68D, Mohamedally Road, Bombay-3.

Phone 224744

Gram :—"FRETSAWS,'

Telephone .—22-6574

S. F. Ismail & Co.

General Hardware, Machinery & Metal Merchants.

10, CLIVE ROW, CALCUTTA-1.

Stockists and Dealers in :—

ENGINEERING, PRECISION, BLACKSMITH, CARPENTARY TOOLS, TEA GARDEN, SHIP BUILDING, DOCK YARD REQUISITES, WORKSHOP EQUIPMENTS, MILL GIN STORES ETC. ETC.

Specialists in :—SMALL TOOLS.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Grams : "BAHRI" Phone : 2719 & 2719A

BAHRI BROTHERS PRIVATE LIMITED

Importers, Wholesale Dealers and

Manufacturer's Representative

ALAM KOTHI

Bari Road, Nayatola

PATNA-4.

Grams : VEECEE Phone : 208

Ved Parkash Gian Chand

BOARD & PAPER MERCHANTS,

BAGH : Khazanchian,

LUDHIANA.

*

Sole Agents for :

ROHTAS INDUSTRIES LTD. DALMIANAGAR.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Steel Pipes & Tubes

ON D. G. S, & G. RATE CONTRACT FOR G. I. PIPES ON APPROVED LIST OF ALL GOVERNMENT OF INDIA DEPARTMENTS.

SHIVMONI & CO.

85, NETAJI SUBHAS ROAD, CALCUTTA-1.

Grams : ESMANEE

Phone : 22-1283
22-6173

Branches :

NEW DELHI * MADRAS

Offer Common Sizes From Ready Stocks

ENQUIRIES SOLICITED

RETAIL SALES DEPTT.

42, Netaji Subhas Road,
Calcutta-1.
Phone : 22-4210

WARE HOUSE

67, Howrah Road, Salkia,
Howrah.
Phone : 66-2616

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : JALANCO"

Phane { Shop : 306
Resi :

Hiralall Bhagwati Prasad

PAPER MERCHANTS & GROCERS

UPPER BAZAR,

RANCHI (Bihar)

Sole Distributors of :

Star Paper Mills Ltd.
Rohtas Industries Ltd. (Paper)
Soda-Ash of D. C. W. Nal Chhap
Soda Ash of S. C. Hathi Chhap
Ganges Prtg. Ink Facy. Ltd.
Exporters & Importers
Swadeshi Manufacturing Co.,
Vegetable Products Ltd. (Pratap)

WITH BEST COMPLIMENTS FROM :

The Hindustan Paper Co.,

PAPER & BOARD MARCHANTS,

Guru Bazar,

AMRITSAR.

*

Sole Selling Agents for :

Rohtas Industries Ltd., Dalmianagar.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telegram : 'MATACANTOS' CALCUTTA.

Telephone : Office 22-3226 Resi : 55-1825

ASUTOSH MOOKERJEE & COMPANY PRVT. LTD.

ESTD. 1900

SHIP CHANDLERS & ENGINEERS
IMPORTERS, EXPORTERS & MFG., REPRESENTATIVE

12, RAJA WOODMUNT ST., CALCUTTA-1.

Use 'BUFFALO' brand WIRE ROPES
For Shipping Engineering and Collieries

Manufactured by

DIXON CORBITT LTD., England

CRANE CHAINS, PULLEY CHAINS, LIFTING TACKLES, STUDLINK CHAINS, ANCHORS

Manufactured by

HENRY WOOD & CO. LTD., U.K.
KENDRICK MOLE LTD. U.K.

Sole selling Agents :

J. C. Coondoo & Sons

22, RAJA WOODMUNT STREET, CALCUTTA-1.

Phone : 22-3548 Gram : "Ironmonger"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Phone No : 41

Grams : "PAPER"

The National Paper Company

POST BOX No. 54

SIVAN SANNATHI STREET,

SIVAKASI.

DEALERS IN ALL SORTS OF PAPERS & BOARDS

(INDIAN & FOREIGN)

Sub-Distributors :

ROHTAS INDUSTRIES LTD.

DALMIANAGAR.

DIARIES

&

ADVERTISING

GIFTS

BY

Telephone :
228681

Telegram :
UNITISER

Universal Advertisers

4, Jamna Bhawan, Asaf Ali Road,

NEW-DELHI

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Phone : Delhi—220251
Meerut-16

Grams : 'SATISHCO,
Delhi & Meerat

SATISH BROTHERS AND COMPANY

Distributors for
PAPERS & BOARDS
Manufactured by
ROHTAS INDUSTRIES LTD.
DALMIANAGAR

WHOLESALE PAPER MERCHANTS
& REPRESENTATIVES.
Head Office : Thapernagar, Meerut.
Please Contact at :
3930/8, PRAKASH MARKET,
Chawri Bazar,
DELHI-6.

तार : महावीर मिल

फोन : १६४

श्री महावीर मिल

जेनरल मर्चेन्ट एण्ड कमीशन एजेन्ट
गया

शूगर सेलिंग एजेन्ट्स

- **रोहतास इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, डालमियानगर**
- **श्रीकृष्ण ज्ञानोदय शूगर लिमिटेड, हथवा**
- **श्रीकृष्ण ज्ञानोदय शूगर लिमिटेड, लौरिया**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telephone : 387 Telegram : ZINDAL

ROHTAS

Agents : **PAPER & BOARD**

ROHTAS INDUSTRIES LIMITED

DALMIANAGAR.

Jagannath Prasad Om Prakash

STATIONERS, PAPER & BOARD MERCHANTS & GENERAL ORDER SUPPLIERS,

RAFATGANJ, ALIGARH.

KAPOOR & KAPOOR

56, Chowrighee Rood, Calcutta-16.

Distributors for :

WILLIAM JACKS & CO. LTD.

Khira's Steel & K-Plan

Wooden Furniture for : Home, Office and Hospitals.

Show-room

56, CHOWRINGHEE ROAD, CALCUTTA-16.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CHETANA LTD.

PUBLISHERS AND INTERNATIONAL BOOKSELLERS,
PAPER MERCHANTS.

- Authorised dealers for papers and boards manufactured by Rohtas Industries Ltd., Dalmianagar.
- Publishers of standard philosophical literature, commanding world wide market.
- Owners of CHETANA magazine, a monthly devoted to enlightenment.

34, RAMPART ROW, BOMBAY-1.

Gram : STUDLINK Phone : 22-4763 (2 lines)

Everything in

NON-FERROUS METALS

AND

BRASS AND ALUMINIUM ARCHITECTURAL FITTINGS

FROM EXTD. SECTION

S. LAHIRI & CO.

12-2, CLIVE ROW **CALCUTTA.**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With Best Compliments :

JUTE SUPPLY COMPANY,

7G, CLIVE ROW, CALCUTTA-1.

Phone :22-7669

Gaddi :

49, Nalini Sett Road,

Calcutta-7.

Phone : 33-4740

Residence :

72, Nalini Sett Road,

Calcutta-7.

Phone : 33-8640



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Many pebbles on the beach

But for the discriminating traveller there is only EVERETT TRAVEL SERVICE who offer free-from-trouble service for pleasure, comfort and economy in travel.

Backed by experienced and knowledgeable staff who know what you want and are ever ready to satisfy your distinctive requirements, EVERETTS have become a household word amongst our discriminating clientele for dependability, devoted and last but not the least a round the clock service.

Why not join the happy band of discriminating travellers.

LET EVERETTS DO IT FOR YOU

EVERETT TRAVEL SERVICE

GREAT EASTERN HOTEL ARCADE,

1, Old Court House Street,

CALCUTTA-1

Telephone : 23-6651 (3 lines) Cables : TRAVERETT

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिवाली का अभिनन्दन

शिवबक्स सत्यनारायण

३०।३१,. कलाकार स्ट्रीट,

कलकत्ता-७

तार : SHESATYA

फोन : ३६-४४८८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Phone : 33-2805

BIHAR SUGAR COMPANY

Sugar Merchants and Commission Agents

4, Ram Kumar Rakhit Lane,

CALCUTTA-7.

Sole Selling Agents to :

* Rohtas Industries Limited, Dalmianagar
* S.K.G. Sugar Ltd., Hathua,
* S.K.G. Sugar Ltd., Lauriya

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Phone : 22-8596 Grams : "JITBROS'

Authorised Dealers in :

SARABHAI MERCK & B. D. H. CHEMICALS

THE DELHI SCIENTIFIC WORKS

(Estd. 1943)

AJMERI GATE,

DELHI-6.

Direct Importers, Stockists & Dealers in :

CHEMICALS, STAINS, SCIENTIFIC APPARATUS, THERMOMETERS & HYDROMETERS, PORCELAIN & SILICA WARES, FILTER PAPERS ETC., ETC.

On Approved Lists of Central & Provincial Govts.

Branch Office :

P.O. Box 2410

KALBADEVI,

BOMBAY-2.

Phone : 6056

Gram : 'AUTOGUIDE'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Ess-En-Son Trade Chambers

NEW UPPERLA BAZAR

JAMMU

Wholesale Paper Merchants, Stationers and Contractors

Branch office and Depot.

17, Gogji Bagh, Srinagar

Grams : PRINTINKS

Phone { Office : 4320
Residence : 2603

HARSHARAN & CO.

29, Raja Street,

COIMBATORE-1.

Dealers in

all kinds of Paper and Boards

of

Rohtas Industries Limited.

Branch :

58-59, Court Street, ERODE.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कपूर सन्स

पाचो पांडवा

वाराणसी

फोन नं० ८६४

रोहतास इण्डस्ट्रीज़, डालमियानगर

के

सभी प्रकार के कार्डबोर्ड तथा कागज के विक्रेता

एवं

हर प्रकार के कार्डबोर्ड बक्सों के निर्माता

उच्चकोटि के लेखकों की

○ कला ○ विज्ञान ○ संस्कृति ○ दर्शन ○ राजनीति

○ पुरातत्त्व ○ हास्य-व्यंग्य ○ निबन्ध......!! ○ विभिन्न विषयों पर

आपकी प्रिय पुस्तकों का अपूर्व संग्रह!

वर्ष के नवीनतम, मनोहर, सुन्दर उपहार!!

प्रदर्शन करने योग्य––उपयोगी––मनोमुग्धकारी स्टेशनरी के विक्रेता––विश्वसनीय

और सौ वर्षों के अनुभवी, डाई-प्रिंटिंग में विशेषज्ञ

W. Newman & Co. Ltd.,

3, Old Court House Street

Calcutta–1

Phone : 23–4888

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

GRAMS : JEASONS PHONE : 150 P.P.

Please Contact for Paper & Boards

Vidarbha Paper Mart

TAJNAPETH, AKOLA (M.S.)

Agents for :

ROHTAS INDUSTRIES LTD.,
DALMIANAGAR. (Bihar)

Gram 'GANESH' Phone : 81

Ganesh School Book Depot

Printers, Publishers, Wholesale Book Sellers, Stationers & Indian & Foreign Paper Merchants.

ESTD. 1918

CHOWK, FAIZABAD.

Branch :

Rekabganj, Faizabad.

Telephone

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telephone : 22-6500

Telegram - SUKHSANTI

Puja-Diwali Greetings to the readers of Gyanodaya

Saraogi Jute Supply Co.

JUTE MERCHANTS & BROKERS.

4, RAJA WOODMUNT'S STREET, CALCUTTA.

पुस्तकालय
077990

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तार का पता : फोन, ऑफिस : २३-२६२६

KOALGENTS निवास-स्थान : ३५-४६००

सी० रतन एण्ड कम्पनी

१, मैंगो लेन, कलकत्ता-१

कागज, गत्ते, कोयले एवं सिलीनियम

के

थोक विक्रेता व आयातकर्त्ता

अधिकृत वितरक :

- रोहतास इण्डस्ट्रीज लि०
- ओरियण्ट पेपर मिल्स लि०
- सिरपुर पेपर मिल्स लि०
- लिबिग पेपर एक्सपोर्ट कं०
  गोटेंबर्ग (स्वीडन)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्वीय क्षेत्र का अन्यतम मुद्रण प्रतिष्ठान

आनन्द प्रेस

भागलपुर-२ (बिहार)

मोमयुक्त बहुरंगा साबुन लेबुल व पावरोटी, बीड़ी, तेल आदि के लेबुल तथा हाफटोन की उत्तम छपाई आटोमेटिक मशीनों पर होती है।

वितरक { रोहतास के प्रसिद्ध कागज और बोर्ड्स कोट्स प्रिन्टिंग इंक्स

बच्चों के लिए सुन्दर और उपयोगी पुस्तकें भी प्रकाशित होती हैं :

प्रत्येक प्रकार के कागज़ के लिये कृपया सम्पर्क स्थापित करें

मूलचन्द्र प्रेमचन्द्र जैन

अधिकृत कागज़-विक्रेता

रोहतास इन्डस्ट्रीज़ लि०

डालमियानगर,

गुजराती बाजार,

सागर (म० प्र०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Grams : PAPERMALL Phone : 25166 & 23075

GENERAL PAPERS LIMITED

Registered Office : No. 16, Armenian Street, Madras-1.

LARGEST STOCKISTS OF PAPER & BOARDS & BOOK CLOTH

Branches :	*Telegrams* :	*Telephone* :
BANGALORE CITY	"KAGAZMALL"	4917
COIMBATORE	"PAPERMALL"	3647
MADURAI	"PAPERMALL"	2619
TIRUNELVELI	"PAPERMALL"	201
TIRUCHIRAPALLI	"PAPERMALL"	2065
SIVAKASI	"PAPERMALL"	100
SALEM	"PAPERMALL"	
KUMBAKONAM	"PAPERMALL"	
MADRAS CITY	"PAPERMALL"	24662

Managing Agents:-

GANY & CO.

Phone : 85552 **MADRAS-1.** Post Box No. 1773

IN THE SERVICE OF THE NATION'S WATER WORKS
AND CEMENT INDUSTRY

Dalmia Iron & Steel Limited

WITH :

CAST IRON SPUN PIPE, GRINDING MEDIA,
STEEL CASTINGS

STEPHEN HOUSE,
4, Dalhousie Square (East),
Calcutta-1.

Gram : DALMIAIRON
Phone : 23-5192, 23-4609

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

For all your Requirements In—

C. I. Spun pipes, Specials, Manhole Covers, Road Boxes, Sluice Valves etc.

Please Refer us :

M/S SATILAL C. CHOKSHI & CO ,
2355, Manek Chowk,
AHMEDABAD.

M/S SPUN PIPE TRADING CORPN.,
44, Cawasji Patel Street,
Fort, BOMBAY-1.

Sole Selling Agents of :

DALMIA IRON & STEEL LTD.

for

Gujarat State & Maharashtra Regions.

ALSO DEAL IN ROHTAS PAPER.

Phone { 785
785A.

EASTERN AGENCIES

Bankabazar, CUTTACK-2.

Distributors :—

ROHTAS INDUSTRIES LTD.
NATIONAL NEWSPRINT & PAPER MILLS LTD.
SHREE MAHALAKSHMI WEAVING FACTORY.

Stockists :—

ORIENT PAPER MILLS LTD.
SIRPUR PAPER MILLS LTD.
ORISSA CEMENTS LTD.
GANGES PRINTING INKS.

THE FOREMOST PAPER DEALERS IN ORISSA.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Tetephone No:—223576

DHARAM DAS TARA CHAND JAIN
CHAWRI BAZAR, DELHI.

*

Stockists & Dealers for
All kinds of
PAPER & BOARD
of
Rohtas Industries Ltd.
DALMIANAGAR

S. P. Raniwala & Co.
BEAWAR
Sole Distributors for
RAJASTHAN
for
M/S. ROHTAS INDUSTRIES LTD.,
for Paper & Board, in attractive colours

VIZ :—

1. M. G. Cover Paper Coloured
2. M. G. Poster white & Coloured
3. M. G. R. Kraft
4. Map Litho
5. Cream Wove & White Printing
6. Chromo & Art Paper
7. Duplex, Chromo & Art Board white & Coloured and various other qualities.

Please write us for your requirements.

S. P. RANIWALA & CO.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With Best Compliments from :

Indo-American Commerce Private Ltd.

35, CHITTARANJAN AVENUE,
CALCUTTA-12.

Phone : 23-1597 Gram : WESTIDAX
23-1709

HOOSEIN BROTHERS

14, Chittaranjan Avenue,
Calcutta-13.

Importers & Exporters
and
Manufacturer's Representatives

Rolled steel, Pipes, Wire Products, Tinplates Primes and Secondaries, Tool and Alloy Steel, Stainless Steel, Shafting Bars, Freecutting Bright Bars, Hand/Garage and Precision Tools.

ENQUIRIES SOLICITED.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

BCR

BHARAT (SALES) LTD.
RIBBONS AND
CARBONS PAPERS

For Typewriter Buy
'TYPIX"

THE BHARAT CARBON & RIBBON MFG. CO. LTD.

BOMBAY : CALCUTTA : DELHI : MADRAS :

ALL PURPOSE

STEELS

SUCH AS

HIGH CARBON STEELS, HIGH SPEED STEELS, STAINLESS STEELS, NON SHRINKING, OIL HARDENING, DIE STEELS, NICKEL STEELS, BRIGHT SHAFTING, ETC., ETC.,

EXTENSIVE STOCKS AVAILABLE

D. A. MEHRA

STEELS SPECIALISTS AND IMPORTERS
89, NETAJI SUBHAS ROAD, CALCUTTA-1.

Phone: 22—6192, 22—3278

Gram : "DAMEHRA"

WE ALSO MAKE SPRINGS TO REQUIRED SPECIFICATIONS

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

SOME POINTS
YOU DON'T SEE
BUT DO NOTICE
WHEN YOU
ENTRUST

To Quality Printers :

The Calcutta
Phototype Co.
Private Ltd.

—Y-O-U-R—

6, CHOWRINGHEE RD.,

CALCUTTA-13.

Phone : 23-3077

PRINTING
BLOCK—
MAKING
BOOK—
BINDING

P.

Gram

ज्ञानोदय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



Diwali Greetings

from :

P. P. Kabra & Company,

JUTE & GUNNY SALES,

2, INDIA EXCHANGE PLACE,

CALCUTTA-1.

Phones :
Office : 22-6732
22-5323
Resi. : 46-3047
23-3196

Grams : 'BENEFACTOR'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telephone : No. 369 Telegrams : KHEMKA

KHEMKA PAPER AGENCY

Bazar Kharadian, Ludhiana.

DEALERS IN ALL KINDS OF PAPER & BOARDS.

BRANCHES :

CHAWRI BAZAR, DELHI.
GURU BAZAR, AMRITSAR.
ADDA HOSHIARPUR, JULLUNDUR CITY.

Distributors for :

ROHTAS INDUSTRIES LTD.

DALMIANAGAR
for PUNJAB

Gram : Rani Satiji (Dehari) Phone : 97 Dalmianagar

Gobardhandass Sagar Mall

Sugar Selling Agents

DEHRI-ON-SONE
(SHAHABAD)
BIHAR

AGENTS TO :

S. K. G. Sugar Ltd., Hathwa
S. K. G. Sugar Ltd., Lauriya
Rohtas Industries Ltd., Dalmianagar
Kusum Products Ltd. Calcutta.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

A. L. J. PUBLICATIONS

We are thankful to members of the bar for their overwhelming support and patronage extended to the regular edition of

ALLAHABAD LAW JOURNAL & BIHAR LAW JOURNAL REPORTS

Quality weekly journals for every lawyer with minimum annual subscription of Rs. 18/- and Rs. 15/- respectively.-

Digest or Allahabad Law Journal (1904-1931)	Rs. 20.00
Criminal Rulings of Allahabad High Court, Vol. IV (1947-1951)	,, 20.00
Insurance In India by Dr. A. N. Agarwala	,, 27.50
Letters from a Father to his Daughter by Jawahar Lal Nehru ...	,, 1.75
Religion and Rational Outlook by late Dr. S. N. Das Gupta	,, 15.00
Nava Bharat Nirmata by P. D Tandon ... ... (Bound)	Rs. 2.50
(Unbound)	,, 2.00
Human Nehru by P. D. Tandon (Delux Edition)	,, 6.00
(Popular Edition)	,, 4.00
Pita Ke Patra Putri Ke Nam by Jawahar Lal Nehru	,, 0.75
Himalaya Parichaya (Garhwal) by Rahul Sankritayan	,, 10.00

Write to :

ALLAHABAD LAW JOURNAL CO., LTD.

Reg. Office : 5, PRAYAG STREET, ALLAHABAD.

TelePhone : 2262 Telegram : LAWJOURNAL

With Best Compliments of

Excel Sales Corporation

Engineering & Precision Tools
and Milling Cutters

67-B, NETAJI SUBHAS ROAD,
CALCUTTA-1.

GRAM : 'EXCESCO' PHONE : 22-6400

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुमारेश का नियमित प्रयोग आपकी पाचन शक्ति ठीक रखेगा और पेट की विभिन्न प्रकार की बीमारियों से आप को बचायेगा। जैसे अतिसार, अजीर्ण, वायुविकार, बेस्वादपन, भूख न लगना तथा शक्ति क्षीण होना।

कुमारेश

दी ओरियण्टल रिसर्च एण्ड केमिकल लेबोरेटरी लि०

With Best Compliments :

Plastichemicals Company,

71, GANESH CH. AVENUE,

CALCUTTA-13.

Phone : 24-1623

Gram : 'PLASCHUM'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Grams "SRINIVASCO"

PHONE : OFFICE : 225
RESI. : 425

The Central News Agency

Estd. 1934

174,/1, LONG BAZAR, VELLORE, N. A.

NEWS AGENTS, CORRESPONDENT & ADVERTISING CONSULTANTS

Largest Suppliers of : PAPER & BOARD

Manufactured by :

ROHTAS INDUSTRIES LTD., DALMIANAGAR.

With Compliments from :

Phone : 34-1320

ARORA & SONS

PHARMACEUTICAL DISTRIBUTORS

44, EZRA STREET, CALCUTTA-1.

Distributors :

* I.C.I. (I) PVT LTD.
* HOECHST
* E. MERCK
* SQUIBB
* JOHNSON & JOHNSON
* BRITISH SCEHERING
* BHARAT IMMUNITY LABS.
* HIMALAYAN REMEDIE WORKS.
* ORTHO PHARMACEUTICALS

Suppliers to Mills, Factories & Tea gardens.

ENQUIRIES SOLICITED.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

SIEMENS
INDIA

★ Motors
★ Transformers
★ PVC Wires and Cables
★ Paper-insulated Cables
★ Switchgear
★ Meters

SIEMENS ENGINEERING & MANUFACTURING CO. OF INDIA LTD.
BOMBAY • CALCUTTA • NEW DELHI • MADRAS • BANGALORE • VISAKHAPATNAM
AHMEDABAD • LUCKNOW • NAGPUR • HYDERABAD • TRIVANDRUM • ROURKELA

Gram : "Ramshiw" PHONE : 163

With Best Compliments from :

RAMCHANDRA SHIWDATTROY

General Merchants and Commission Agents
Exporters and Importers
Govt. approved Cement stockist

GAUHATI (ASSAM)

H. O. 161/1, Mahatma Gandhi Road, Calcutta-7.
PHONE : 33-6005

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With Best Compliments of :

THE CENTRAL TRADING COMPANY

137, CANNING STREET,

CALCUTTA-1.

Sole Distributors for :

RIV BEARINGS Throughout India.

Other Agencies handled by us :

PRODUCTS	MAKE	TERRITORY
1. Diesel Injection Equipment and Spare Parts.	'FERA' ITALY,	Throughout India
2. Espresso Coffee Machines and Mills.	LA-CHARIMALI ITALY.	—do—
3. Lathe Machines.	'MORANDO'-ITALY	—do—
4. Surface Grinders	'CAMUT' -ITALY	—do—
5. 'Sampre' Textile Accessories	'ROBERTS' -ITALY	—do—
6. Textile Machines.	MARZOLI SANT ANDREA -ITALY.	—do—

Sales & Show Room :

7, Clive Row, Calcutta-1.

Branches :

154, Narayan Dhuru St, **Bombay-3.**

3-A, Asaf Ali Rd., **New Delhi.**

36-B, Mount Road, **Madras-2.**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : BOMBHOLA, Calcutta.

Phone: 33-3832, 33-1963 — Office; 33-1374, 33-4463 — Resi.

Gopiram Parasram & Sons

Merchants and Commission Agents

4, Ram Kumar Rakhit Lane,

CALCUTTA-7.

Sugar Selling Agents to :

* Rohtas Industries Ltd., Dalmianagar
* S.K.G. Sugar Ltd., Hathwa
* S.K.G. Sugar Ltd., Lauriya

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Please Contact
For all kinds of
Paper & Boards
of
ROHTAS INDUSTRIES LTD.,
DALMIANAGAR.

THE CENTRAL
PAPER MART
43, ALLIMAL STREET.
TIRUCHIRAPALLI-8.
Phone : 799

Phone : Office : 4580
Resi : 6331

Munney Lal Kagzi Jinendra Chand
Paper Merchants and Stationers
Ramkrishna Park (Aminabad)
LUCKNOW.

*

Distributors to
M/S. ROHTAS INDUSTRIES LTD.,
DALMIANAGAR

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Telegram : MAGNOLIA Telephone : 225703

Shree Nursing Sahay Mudungopal Electric Co., (P). Ltd.

Electric Market, Chandni Chowk, DELHI-6.

Registered Office :
55, EZRA STREET, CALCUTTA-1.

Branches at :
BOMBAY, MADRAS, NAGPUR, AHMEDABAD,
KANPUR, JAIPUR & MEERUT

For all your requirements of
TOOLS AND IMPLEMENTS SUCH AS DRILLS, TAPS,
REAMERS, CUTTERS, CHASERS & DIES.
Asbestos Goods such as Steamjointings, Rope Packing
& Lagging Asb. Cloth & Tapes etc.

Please Write to or Call at :

A. K. Jain & Brothers

67-B, Netaji Subhas Road
(Room No. 18)
CALCUTTA.

Distributors of :
I. T. M. PRODUCTS
Telephone : 22—3394

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : 'Mahacom' Phone : 1133

Mahakoshal Commercial COMPANY

Manufacturers Representative & Commission Agents

698, Jawaharganj

JABALPUR (M.P.)

*

Distributors for :

ROHTAS PAPER & BOARD

Cycles : HINDUSTAN VEHICLES LTD.

PRODUCTS OF OUTSTANDING VALUE

SAFEX : Laminated Safety Glass & Toughened Safety Glass

TWINBIRD Polished Plate Mirror

WELDING GLASSES to BSS 679

Manufactured by :

HINDUSTHAN SAFETY GLASS WORKS PRIVATE LTD.

Sole Selling Agents

India Trades Agency

7, Chittaranjan Avenue,

CALCUTTA-13.

Phone : 23-9092

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Parasramka Commercial Co. Pr. Ltd.

135, Canning Street, Calcutta-1.

Gram : Cherymery | Phones : 33-5610, 22-5544

Manufacturers of :

Steel Stay Wires, Galvd. Barbed Wires, Wire Nails, Tinmen Rivets, Bolts & Nuts, Aluminium & Copper Conductors,

Importers and Stockists of

All Types of Iron & Steel Materials

Factory :

421, Grand Trunk Road,
HOWRAH.

पूरनमल्ल पोद्दार

बेतिया (चम्पारण)

बिहार

अधिकृत विक्रेता :

चीनी, सीमेन्ट, वनसदा वनस्पति
गेहूँ उत्पादन, मैट्रीक बाँट

सेलिंग एजेन्ट्स

श्रीकृष्ण ज्ञानोदय शूगर लिमिटेड
हथवा, लौरिया।
रोहतास इण्ड्रस्ट्रीज लिमिटेड, डालमियानगर

संचालक

पोद्दार खांडसारी चीनी उद्योग, चौमुखा
पोद्दार तेल एवं आटा मिल्स, बेतिया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

GRAM : SAPEMA

Phone { Office : 6673
Press : 7872

SAMAJ PAPER MART

6, Ranipura Main Road

INDORE CITY

Agents :

ROHTAS INDUSTRIES LIMITED

DALMIANAGAR

PHONE : 26238

BHARAT TRADERS

58/2, Birhana Road,
KANPUR

SELLING AGENTS TO :

Ashoka Marketing Ltd., (For Trishul Brand Cement)

And

SUGAR SELLING TO :

Rohtas Industries Ltd., Dalmianagar
S. K. G. Sugar Ltd., Hathwa
S.K.G. Sugar Ltd., Lauriya.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

WITH BEST COMPLIMENTS OF :

D. WREN & COMPANY

WARDLEY HOUSE

25, SWALLOW LANE, CALCUTTA-1.

Gram : "TROLLEY" Phone : 22-7408-9

Telephone : 62927

CITY PLYWOOD DEPOT.

DR. AMBEDKAR ROAD,

DADAR, BOMBAY-14.

Stockists for :

Hardboard, Insulex Insulation Boards, Cement Sheets, Decorative Plywood and Block Boards, Flush Doors and Decorlam Hylam Sheets.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Phone 1259 P.P.

J. Gupta & Company

Manufacturers, Bankers and Commission Agents

906, Belanganj

AGRA.

Distributors and Regional Chief Agents for :

ROHTAS INDUSTRIES LTD.
ASHOKA MARKETING LTD.

With Best Compliments from :

Frontier Paper Dealers

Wholesale Paper Merchants

near B.D. High School

AMBALA-CANTT.

Agents to :

Rohtas Industries Ltd.

DALMIANAGAR

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : SANMATI

Phone : 1064

ROHTAS

CHOUDHARY PAPER MART

Jawaharganj, JABALPUR

Distributors :

ROHTAS PAPAR & BOARD MILLS

(for Ashoka Marketing Ltd.)

DALMIANAGAR

Phone 689

for

All Kinds of Paper

Board and Printing

Ink

Please Contact :

Jagdish Stationery Stores

Naya Bazar

LASHKAR (GWALIOR)

Distributors :

ROHTAS INDUSTRIES LTD..

ASHOKA MARKETING LTD.,

GANGES PRINTING INK FACTORY PRIV. LTD.,

 CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

GRAM : 'PAPER' PHONE : 213

V. Krishnasami

Paper and General Merchants
ERODE (S. I.)

Distributors for :

● **Tata Chemicals** ● **Tomco Products**

With best compliments of :—

KRISHNA PAPER TUBE & BOX MFG. CO.,

185, Mahatma Gandhi Road.,
CALCUTTA-7

Manufacturers—Paper Tubes, Cores.

Gram : BASRADHA Phone : 33-2463

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Grams : 'DHODY SONS'

PHONE : 4405
Varanasi

A.R. Dhody & Sons

Paper and Strawboard Merchants and Manufacturing Stationers

Swarajya Puri Road,
GAYA.

Distributors for :

Star Paper Mills Ltd., for Gaya & Varanasi
Rohtas Industries Ltd., Dalmianagar
Capital Stationery Works, Calcutta.

Phone : City 2750-B

With Best Compliments from :

PRINTERS
AND
PAPER MERCHANTS

THE MERCANTILE PRESS

Sakchi P. O.,

JAMSHEDPUR-1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

PLEASE CONTACT
FOR
ALL KINDS OF
PAPER & BOARDS
OF
ROHTAS INDUSTRIES LTD.,
DALMIANAGAR

G. Seetharama Chettiar

131, Big Bazar Street,

KUMBAKONAM

Branch Office :
20, Arunachala, Asari Street,
SALEM-1.

GRAMS : "PRINTING"

PHONE { Office : 5497
Factory : 5908

For all kinds of

Paper and Stationery

Please Contact

Annamalai & Co.,

23, BADRIAN STREET.

MADRAS-1.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : PENACHANA

Phone { Office : 403
Resi. : 403A

M. C. Swaminatha Chettiar,

EXPORTER, IMPORTER & PAPER MERCHANT

Alumkadavu

ERNAKULAM-1.

Agencies

- **Madras**
- **Bombay**
- **Coimbatore**
- **Tirupur**

GRAM : PAPERKING

PHONE : { 4561
23361

Solisar & Company

Dealers in :

Paper and Stationery

11/285, Malayaperumal Street,

MADRAS-1.

Stockists & Agents For

Paper & Boards Manufactured by

ROHTAS INDUSTRIES LIMITED,

DALMIANAGAR.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gram : KALANI Phone : 5092

Kalani Trading Corporation

Engineers, Contractors and Agents

11, TUKOGANJ ROAD,

INDORE.

Paper, C.I. Spun, Castings, Water Meters, House service Meters, Insulators, Pumps and Motors, Transformers and All type of Electrical and Mechanical Equipments.

Phone : Office : 4058 Phone Resi. { 3474 4210

Kejdiwal Agencies

KA

Manufacturers Representatives

PAPER, BOARDS, CEMENT, STRAW BOARDS, SUGAR & CHEMICALS

ITWARI
NAGPUR-2.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Jinendra Kumar & Bros.,

BAZAR BUDH,

MORADABAD (U. P.)

Manufacturers of :—

All kinds of Exercise Books & Examination Answer Books

Distributors of :

ROHTAS INDUSTRIES LIMITED.,

DALMIANAGAR.

With The Best Compliments Of :

THE E. I. D. PARRY

GROUP OF COMPANIES

Dare HOUSE,

MADRAS-1

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Cable :
"BOLTSWALA" Cal.-1
,, Delhi-

Ramjilal Ramsaroop

62-1A, NETAJI SUBHAS ROAD,
CALCUTTA.

MANUFACTURERS' REPRESENTATIVES
IMPORTERS & EXPORTERS

Phone : { 33-4441
22-6262

HEAD OFFICE
HAUZ KAZI, DELHI

STOCKISTS OF :
BOLTS, NUTS, RIVETS, WASHERS, WOOD-SCREWS, HINGES & COACH SCREWS ETC.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

The Precision Engineering Co.,

Founders and Mechanical Engineers

Regd. Office

103-B, S.N. Banerjee Road,
CALCUTTA-14.

Manufacturers of :

C.I. CASTING. NON-FERROUS ALLOY CASTING, GRAVITY DIE CASTNG, AND VARIOUS TYPES OE COCKS & VALVES ETC.

With Best Compliments of :

BATLIBOI & COMPANY

(Props : BHOGILAL LEHERCHAND Pr. Ltd.)

ENGINEERS & MACHINERY MERCHANTS

(H. O. FORBES STR. FORT, BOMBAY)

Show Room & Administrative Office

P-10, Mission Row Extension,
CALCUTTA-1.

*

Branches :

DELHI * MADRAS * COIMBATORE * KANPUR
AHMEDABAD * VIJAYAWADA

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



We are at your service from the last decade & we invite you to contact us for your Stationery requirements.

Specialist in :

Looseleaf Equipment and Office Steel Furniture.

The Modern Equipment Corporation

7, SWALLOW LANE, CALCUTTA-1.

Telephone No. : 22-4957, 22-9087, 22-5332

भारत में प्रथम—एकमात्र अग्रणी
टैण्डम और आयर नॉन-फ़ेरस एलॉय

◆

० टैण्डम व्हाइट ऐण्टी-फ्रिक्शन बेयरिंग मेटल्स ०

गन मेटल्स

फ़ास्फ़र ब्रान्ज

स्टिक और कोर्ड सोल्डस

◆

सोल्डरिंग फ्लक्स

◆

सोल्डर पेण्ट्स और क्रीम

दी आयर स्मेल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड

कलकत्ता—४३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

WITH BEST COMPLIMENTS FROM

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

INDEQUIP PRIVATE LIMITED.

INDUSTRIAL AND TEXTILE ENGINEERS
NATIONAL TOBACCO BUILDINGS,

2, OLD COURT HOUSE CORNER, CALCUTTA-1.

SOLE SELLING AGENTS FOR :

1. MECHANICAL STOKERS for Boilers : Mfd. by M/s. Cornel Schmidt, W.Germany.
2. INDETAN BOILER COMPOUND for Internal Treatment of Boilers : Mfd. by Messrs. Indetan Private Ltd.
3. MACHINERY CLOTH, C.C.S. BLANKETS, FELTS etc. for Paper Industries : Mfd. by Messrs. Thomas Josef Heimbach G.m.b.H. & Co. West Germany.
4. WIRES for Paper Industries : Mfd. by Messrs. F. Oberdorfer, West Germany.
5. TEXTILE MACHINERIES :
   (a) SIZING MACHINE M/s. West Point Foundry and Machine Co., U.S.A.
   (b) SANFORIZING MACHINES, TEXTILE FINISHING MACHINERY & CONTINUOUS BLEACHING RANGES M/s. H.W. Butterworth & Sons Co., U.S.A. OTHER MACHINES : WARPING MACHINES, AUTOMATIC & SINGLE SHUTTLE RIBBON LOOMS COVERS. CALENDAR BOWLS, ETC.
6. BELTINGS :
   (a) Leather Beltings : M/s. Surisons & Company, Kanpur.
   (b) Cone Drum Belts : INDEQUIP BRAND
   (c) V-BELTS : INDEQUIP BRAND
7. MILL STORES (MANUFACTURED BY OUR SISTER CONCERNS) :
   (a) HLP Pickers,Tuggers,Buffers and Picking Bands for Textile and Jute Industries
   (b) 'JOHN ROBERTS' Ring Travellers and Shuttles : (c) Wire Healds, Steel Reeds ;
8. MACHINE TOOLS : M/s. Hahn & Kolb, West Germany.
9. DYESTUFFS & CHEMICALS :
   (a) Paper Industries : M/s. Sandoz (India) Ltd., Bombay.
   (b) Textile and Jute Industries : M/s. Indequip Chemdyes P. Ltd., Ahmedabad.
10. Fabrication and Erection jobs are undertaken. We are already in the field and completed fabrication and supply of M.S. Pipes, Tanks, Chimneys, etc.
11. We supply Air/Oil-Cooled Transfcrmears Wolding Transfermer Sets, Insulators, Air Brake Switches, etc.
12. Radiators and other Machine Shop jobs including heavy castings, etc.
13. HEAVY INDUSTRIAL MACHINERY : M/s. Allis Chalmers Mfg. Co., U.S.A.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैकलियॅड एण्ड कंपनी लिमिटेड

मैकलियॅड हाउस,

३, नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता-१

मैनेजिंग एजेन्ट्स, सेक्रेटरी और कोषाध्यक्ष

जूट मिल्स

- अलेक्जेण्डर जूट मिल्स कं०लि०
- एलायन्स जूट मिल्स कं० लि०
- नेल्लीमारला जूट मिल्स कं०लि०
- चितावलसाह जूट मिल्स कं०लि०
- ईस्टर्न मन्यूफैक्चरिंग कं० लि०
- एम्पायर जूट मिल्स कं० लि०
- केलविन जूट कं० लि०
- प्रेसिडेन्सी जूट मिल्स कं० लि०
- वेवरली जूट मिल्स कं० लि०

चाय के बगीचे

- असलुकी टी कं० लि०
- बागमारी टी कं० लि०
- भतकावा टी कं० लि०
- बोरमाह जान टी कं०(१९३६)लि०
- डिब्रूगढ़ कं० लि०
- दैजू वेली कं० लि०
- मार्गरेट्स होप टी कं० लि०
- राजभात टी कं० लि०
- रानीचेरा टी कं० लि०
- रूपचेरा टी कं० लि०
- सुंगमा टी कं० लि०
- तेलोईजान टी कं० लि०
- तिंगामीरा टी सीड कं० लि०
- तिर्रिहन्ना कं० लि०
- तीयरून टी कं० लि०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

GYANODAY, November,
Price Annual Rs. 10/- per copy Rs. 1/- for abroad postage extra 18 nP. This Copy Rs. 2/

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मालोत्पादन की हर अवस्था में
सूक्ष्म से सूक्ष्म रीति से देखरेख की गई है—
इस बात का द्योतक है

ब्रि टे नि या

इंजिनीयरिंग कम्पनी लि० की छाप।

कम्पनी के कार्यक्रम का दायरा बहुत विस्तृत है
जिसमें मालोत्पादन की पूर्व परिकाल्पनिक
अवस्था से लेकर माल तैयार होने की अन्तिम
अवस्था तक की व्यवस्था है। कम्पनी द्वारा
नाना तरह के सामान तैयार होते हैं,
जैसे—पाट व चाय सम्बन्धी मशीनें
रेलवे सिगनलिंग के सामान व
इस्पात के सामान इत्यादि।

ब्रिटेनिया इंजिनीयरिंग कं० लि०

मैनेजिंग एजेन्ट
मैकिलओड ऐण्ड कं० लि०
१ नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता

Licensed to post without prepayment of postage. REGD. No. C. 4173

Published by Shri Munishwarlal for Bhartiya Jnanpith Calcutta from 18-A, Brabourne Road Calcutta-1 and Printed by him at United Commercial Press Ltd., 1, Raja Gurudass Street, Calcutta-6

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Compiled
1999-2000

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar